<u>आप</u> बाइबल को समझ सकते हैं!

बाइबल व्याख्या सेमिनार पाठ्यपुस्तक

बॉब अटले
प्रोफेसर ऑफ़ हेर्मेनेयुटिक्स
(बाइबल संबंधी व्याख्या)

बाइबल लेसंस इंटरनेशनल, मार्शल, टेक्सस

विषयसूची

इस पाठ्यपुस्तक और टिप्पणियों में प्रयुक्त संक्षिप्त नाम....1

लेखक की ओर से एक शब्द: इस व्याख्यात्मक पद्धति का संक्षिप्त सारांश....3

प्रस्तावना

I. हेर्मेनेयुटिक्स में विशेषज्ञताओं के प्रति बाइबल व्याख्या प्रवृत्ति के बारे में एक शब्द....5
II. लेखक के हेर्मेनेयुटिक्स के शिक्षण के अनुभव....10
III. अधिकार का मुद्दा....12
IV. गैर-तकनीकी हेर्मेनेयुटिकल (व्याख्यात्मक) प्रक्रियाओं की आवश्यकता....13
   A. विश्वासियों के बीच उदासीनता
   B. विश्वासियों के बीच हठधर्मिता
V. बाइबल के बारे में मूलभूत पूर्वधारणाएँ....15
VI. प्रासंगिक पद्धति के बारे में सामान्य कथन....16
VII. पाठक के लिए कुछ सामान्य टिप्पणियाँ....17

बाइबल

I. कैनन....19
II. प्रेरणा के दावे....21
III. बाइबल का उद्देश्य....21
   A. कोई नियम की पुस्तक नहीं
   B. कोई विज्ञान की पुस्तक नहीं
   C. कोई जादू की पुस्तक नहीं

IV. बाइबल के बारे में लेखक की पूर्वधारणाएँ....23

V. एक अलौकिक, प्रेरित और आधिकारिक बाइबल के प्रमाण....24
   A. भावी सूचक भविष्यवाणी
   B. पुरातत्त्व संबंधी खोजें
   C. संदेश की स्थिरता
   D. स्थायी रूप से परिवर्तित लोग

VI. बाइबल की हमारी व्याख्या से संबंधित समस्याएँ....25

VII. हमारी आधुनिक बाइबल के प्रमुख पाठ्य स्रोत....26
   A. पुराना नियम
   B. नया नियम
   C. पाठ्य समीक्षा के सिद्धांतों का संक्षिप्त वर्णन
   D. पाठ्य समीक्षा के मूल सिद्धांत
   E. हाथ से प्रतिलिपि बनाई गई पांडुलिपियों की समस्या के कुछ उदाहरण
   F. एक भाषा से दूसरी भाषा में अनुवाद करने की समस्या
   G. परमेश्वर का वर्णन करने में मानवीय भाषाओं की समस्या।

बाइबल का अधिकार

I. लेखक की पूर्वकल्पित परिभाषा 36
II. सत्यापन योग्य व्याख्या की आवश्यकता 36
III. व्याख्यात्मक दुरुपयोग के उदाहरण 38

व्याख्याकार

I. पूर्वकल्पित अनुकूलन 39
II. सुसमाचार-प्रचार संबंधी अनुकूलन के कुछ उदाहरण 40
III. क्या किया जा सकता है? 44
IV. व्याख्याकार की जिम्मेदारियाँ 45

बाइबल की व्याख्या करने की प्रासंगिक पद्धति

I. इसका इतिहास और विकास 46
A. यहूदी व्याख्या
B. अलेक्जेंड्रियाई शिक्षा
C. अन्ताकियाई शिक्षा
D. अन्ताकियाई शिक्षा के मूल सिद्धांत

II. व्याख्यात्मक प्रश्न 50
A. मूल लेखक ने क्या कहा?
B. मूल लेखक का क्या अर्थ था?
C. मूल लेखक ने उसी विषय पर कहीं और क्या कहा?
D. अन्य बाइबल लेखकों ने उसी एक विषय पर क्या कहा?
E. मूल श्रोताओं ने संदेश को कैसे समझा और उस पर प्रतिक्रिया कैसे दी?
F. यह सत्य मेरे दिन पर कैसे लागू होता है?
G. यह सत्य मेरे जीवन पर कैसे लागू होता है?
H. व्याख्याकार की ज़िम्मेदारी
I. कुछ सहायक पुस्तकें

कुछ संभावित व्याख्यात्मक कठिनाइयाँ

I. व्याख्या में एक तर्कसंगत प्रक्रिया और एक पाठ्य केन्द्र बिंदु दोनों की आवश्यकता 72
A. साहित्यिक संदर्भ
B. ऐतिहासिक संदर्भ
C. साहित्यिक शैली
D. व्याकरण/वाक्यविन्यास
E. मूल शब्द अर्थ और लक्ष्यार्थ
F. समानांतर अवतरणों का उपयुक्त उपयोग

II. पहले पाँच व्याख्यात्मक प्रश्नों के दुरुपयोग के उदाहरण 73

व्याख्या के लिए व्यावहारिक प्रक्रियाएँ

I. आत्मिक पहलू 79
   A. आत्मा की सहायता के लिए प्रार्थना करें
   B. व्यक्तिगत शुद्धि के लिए प्रार्थना करें
   C. एक बड़े ज्ञान और परमेश्वर के प्रेम के लिए प्रार्थना करें
   D. नये सत्य को तुरंत अपने व्यक्तिगत जीवन में लागू करें

II. तर्कसंगत प्रक्रिया 80
   A. इसे कई अनुवादों में पढ़ें
   B. पूरी पुस्तक या साहित्यिक इकाई को एक बैठक में पढ़ें
   C. अपने अवलोकनों को लिखें
      1. अवतरण का मुख्य उद्देश्य
      2. अवतरण की शैली
   D. इन बिंदुओं के लिए अन्य बाइबल अध्ययन संसाधन देखें
   E. पूरी पुस्तक या साहित्यिक इकाई को फिर से पढ़ें और प्रमुख साहित्यिक इकाइयों (यानी, सत्य) की रूपरेखा तैयार करें और ऐतिहासिक मुद्दों (जैसे, लेखक, तिथि, प्राप्तकर्ता, अवसर) की तलाश करें
   F. अन्य बाइबल अध्ययन संसाधन देखें
   G. महत्त्वपूर्ण समानांतर अवतरण देखें
   H. पूर्वी लोग तनाव से भरे जोडों में सत्य को प्रस्तुत करते हैं
   I. सुनियोजित धर्मशास्त्र
   J. समानांतर अवतरणों का प्रयोग

III. शोध साधनों के प्रयोग के लिए प्रस्तावित क्रम 87

नोट्स तैयार करने के लिए नमूना श्रेणियाँ

I. वाचन चक्र 88
II. टीका-संबंधी प्रक्रियाएँ 91
III. नये नियम के एक शैक्षणिक शब्द अध्ययन के लिए मूलभूत प्रक्रियाएँ 93
IV. हेर्मेनेयुटिकल सिद्धांतों का संक्षिप्त सारांश 94

श्रेणी के आधार पर प्रस्तावित शोध साधनों की चयनित सूची

I. बाइबल 96
II. शोध कैसे करें 96
III. हेर्मेनेयुटिक्स 96
IV. बाइबल की पुस्तकों की मूल प्रस्तावनाएँ 97
V. बाइबल विश्वकोश और शब्दकोश 97
VI. टिप्पणी संग्रह 98
VII. शब्द अध्ययन 98
VIII. सांस्कृतिक विन्यास 99
IX. धर्मशास्त्र 100
X. पाशंसक विद्या 100
XI. बाइबल की कठिनाइयाँ 101
XII. पाठ्य – समीक्षा 101

XIII. शब्द- संग्रह....101
XIV. रियायती पुस्तकें खरीदने के लिए वेबसाइट्स....102

अच्छे बाइबल वाचन के लिए एक मार्गदर्शिका: सत्यापन योग्य सत्य के लिए एक व्यक्तिगत खोज....103

इब्रानी क्रिया के रूपों की संक्षिप्त परिभाषाएँ जो टीका पर प्रभाव डालती हैं

I. इब्रानी का संक्षिप्त ऐतिहासिक विकास....112
II. विशेषण के रूप....113
  A. क्रियाएँ
  B. मूल शब्द
  C. भाव (रीति)
  D. *Waw*
  E. क्रिया का साधारण रूप
  F. प्रश्नवाचक
  G. नकारात्मक
  H. प्रतिबंधात्मक वाक्य

यूनानी व्याकरणिक रूपों की परिभाषाएँ जो टीका पर प्रभाव डालती हैं

I. काल....119
II. वाच्य....121
III. भाव (रीति)....121
IV. यूनानी शोध साधन....122
V. संज्ञा....122
VI. समुच्चयबोधक और योजक....123
VII. प्रतिबंधात्मक वाक्य....125
VIII. निषेध....126
IX. एक शब्द वर्ग....126
X. महत्त्व दिखाने के तरीके....127

नोट्स तैयार करने के नमूने

I. एक साहित्यिक इकाई का नमूना – रोमियों 1-3....131
II. नये नियम की एक पुस्तक का नमूना – तीतुस....136
III. डॉ. अटले की टिप्पणियों से विस्तृत नोट्स तैयार करने का नमूना
  A. इफिसियों 2....143
  B. रोमियों 5....164
  C. रोमियों 6....180

परिशिष्ट

परिशिष्ट एक, इतिहास के रूप में पुराना नियम....193

परिशिष्ट दो, पुराने नियम की इतिहास-विद्या समकालीन निकट पूर्वी संस्कृतियों की तुलना में....197

परिशिष्ट तीन, पुराने नियम की कथा....199

परिशिष्ट चार, पुराने नियम की भविष्यवाणी....202

परिशिष्ट पाँच, नये नियम की भविष्यवाणी....207

परिशिष्ट छह, इब्रानी कविता.....210
परिशिष्ट सात, इब्रानी बुद्धि साहित्य.....213
परिशिष्ट आठ, भविष्यसूचक.....217
परिशिष्ट नौ, दृष्टान्तों की व्याख्या.....219
परिशिष्ट दस, हेर्मेनेयुटिक्स में प्रयुक्त शब्दों की शब्दावली.....223
परिशिष्ट ग्यारह, उद्धृत और प्रस्तावित पुस्तकों की ग्रंथसूची.....232
परिशिष्ट बारह, मत-संबंधी कथन.....236
हेर्मेनेयुटिक्स की कविता (एक पूर्व विध्यार्थी द्वारा).....237

इस टिप्पणी में उपयोग किये गए संक्षिप्त रूप

AB	Anchor Bible Commentaries, ed. William Foxwell Albright and David Noel Freedman
ABD	Anchor Bible Dictionary (6 vols.), ed. David Noel Freedman
AKOT	Analytical Key to the Old Testament by John Joseph Owens
ANET	Ancient Near Eastern Texts, James B. Pritchard
BDB	A Hebrew and English Lexicon of the Old Testament by F. Brown, S. R. Driver and C. A. Briggs
BHS	Biblia Hebraica Stuttgartensia, GBS, 1997
IDB	The Interpreter's Dictionary of the Bible (4 vols.), ed. George A. Buttrick
ISBE	International Standard Bible Encyclopedia (5 vols.), ed. James Orr
JB	Jerusalem Bible
JPSOA	The Holy Scriptures According to the Masoretic Text: A New Translation (The Jewish Publication Society of America)
KB	The Hebrew and Aramaic Lexicon of the Old Testament by Ludwig Koehler and Walter Baumgartner
LAM	The Holy Bible From Ancient Eastern Manuscripts (the Peshitta) by George M. Lamsa
LXX	Septuagint (Greek-English) by Zondervan, 1970
MOF	A New Translation of the Bible by James Moffatt
MT	Masoretic Hebrew Text
NAB	New American Bible Text
NASB	New American Standard Bible
NEB	New English Bible
NET	NET Bible: New English Translation, Second Beta Edition
NRSV	New Revised Standard Bible

NIDOTTE	New International Dictionary of Old Testament Theology and Exegesis (5 vols.), ed. Willem A. VanGemeren
NIV	New International Version
NJB	New Jerusalem Bible
OTPG	Old Testament Passing Guide by Todd S. Beall, William A. Banks and Colin Smith
REB	Revised English Bible
RSV	Revised Standard Version
SEPT	The Septuagint (Greek-English) by Zondervan, 1970
TEV	Today's English Version from United Bible Societies
YLT	Young's Literal Translation of the Holy Bible by Robert Young
ZPBE	Zondervan Pictorial Bible Encyclopedia (5 vols.), ed. Merrill C. Tenney

लेखक की ओर से एक शब्द:
इस व्याख्यात्मक पद्धति का एक संक्षिप्त सारांश

बाइबल की व्याख्या एक तर्कसंगत और आत्मिक प्रक्रिया है जो एक प्राचीन प्रेरित लेखक को इस तरह से समझने का प्रयास करती है कि परमेश्वर की ओर से संदेश को हमारे दिन में समझा और लागू किया जा सके।

आत्मिक प्रक्रिया महत्त्वपूर्ण है लेकिन इसे परिभाषित करना मुश्किल है। इसमें परमेश्वर के प्रति एक समर्पण और खुलापन शामिल है। एक भूख होनी चाहिए (1) उसके लिए, (2) उसे जानने के लिए, और (3) उसकी सेवा करने के लिए। इस प्रक्रिया में प्रार्थना, अंगीकार और जीवनशैली में बदलाव की इच्छा शामिल है। व्याख्यात्मक प्रक्रिया में आत्मा महत्त्वपूर्ण है, लेकिन क्यों ईमानदार, धार्मिक मसीही बाइबल को अलग तरह से समझते हैं, यह एक रहस्य है।

तर्कसंगत प्रक्रिया का वर्णन करना आसान है। हमें पाठ के अनुरूप और निष्पक्ष होना चाहिए और हमारे व्यक्तिगत, सांस्कृतिक, या साम्प्रदायिक पूर्वाग्रहों से प्रभावित नहीं होना चाहिए। हम सभी ऐतिहासिक रूप से प्रतिबंधित हैं। हममें से कोई भी निष्पक्ष, तटस्थ व्याख्याकार नहीं हैं। यह टिप्पणी एक सावधानीपूर्वक तर्कसंगत प्रक्रिया प्रदान करती है जिसमें तीन व्याख्यात्मक सिद्धांतों की संरचना की गई है जिससे हमें अपने पूर्वाग्रहों पर विजय पाने का प्रयास करने में मदद मिलेगी।

पहला सिद्धांत

पहला सिद्धांत यह है कि जिस ऐतिहासिक वातावरण में बाइबल की पुस्तक लिखी गई थी और उसके लेखन के लिए जो विशेष ऐतिहासिक अवसर थे, उन पर ध्यान देना। मूल लेखक का एक उद्देश्य था, व्यक्त करने के लिए एक संदेश था। पाठ्य हमारे लिए ऐसा कुछ अर्थ नहीं रखता है जो मूल, प्राचीन, प्रेरित लेखक के लिए कभी था ही नहीं। उसका इरादा- न कि हमारी ऐतिहासिक, भावनात्मक, सांस्कृतिक, व्यक्तिगत या सांप्रदायिक आवश्यकता - यह कुंजी है। अनुप्रयोग, व्याख्या का एक अभिन्न भागीदार है, लेकिन अनुप्रयोग से पहले हमेशा योग्य व्याख्या होनी चाहिए। यह दोहराया जाना चाहिए कि प्रत्येक बाइबल पाठ का एक और केवल एक अर्थ है। यह वह अर्थ है जो कि मूल बाइबल लेखक, आत्मा के नेतृत्व के माध्यम से अपने दिन में व्यक्त करना चाहता हैं। इस एक अर्थ के विभिन्न संस्कृतियों और स्थितियों के लिए कई संभावित अनुप्रयोग हो सकतें हैं। इन अनुप्रयोगों को मूल लेखक की केंद्रीय सच्चाई से जोड़ा जाना चाहिए। इस कारण से, इस अध्ययन मार्गदर्शक टिप्पणी को बाइबल की प्रत्येक किताब के लिए एक परिचय प्रदान करने के लिए योजनाबद्ध किया गया है।

दूसरा सिद्धांत

दूसरा सिद्धांत साहित्यिक इकाइयों की पहचान करना है। प्रत्येक बाइबल पुस्तक एक एकीकृत दस्तावेज़ है। व्याख्याकारों को दूसरे पहलुओं को छोड़कर सत्य के एक पहलू को अलग करने का कोई अधिकार नहीं है। इसलिए, हमें व्यक्तिगत साहित्यिक इकाइयों की व्याख्या करने से पहले हमें पूरी बाइबल पुस्तक का उद्देश्य समझने की कोशिश करनी चाहिए। अलग-अलग भागों- अध्यायों, अनुछेदों या छंदों- का मतलब वो नहीं हो सकता जो कि पूरी इकाई का मतलब नहीं है। व्याख्या को संपूर्ण के लिए एक निगनात्मक दृष्टिकोण से चल कर भागों के लिए एक विवेचनात्मक दृष्टिकोण से आगे बढ़ना चाहिए। इसलिए, यह अध्ययन मार्गदर्शक टिप्पणी छात्रों को अनुच्छेदों द्वारा प्रत्येक साहित्यिक इकाई के ढांचे का विश्लेषण करने में सहायता करने के लिए रची गई है। अनुच्छेद और अध्याय विभाग प्रेरित नहीं है, लेकिन वे विचार इकाइयों की पहचान करने में निश्चय हमारी सहायता करते हैं।

अनुच्छेद के स्तर पर व्याख्या करना - वाक्य, खंड, वाक्यांश या शब्द स्तर पर नहीं - बाइबल के लेखक के इच्छित अर्थ का पालन करने की कुंजी है। अनुच्छेद एक एकीकृत विषय पर आधारित हैं, जिसे अक्सर विषय या प्रासंगिक वाक्य कहा जाता है। अनुच्छेद में प्रत्येक शब्द, वाक्यांश, खंड और वाक्य किसी तरह से इस एकीकृत विषय से संबंधित है। वे इसे सीमित करते हैं, विस्तृत करते हैं, इसे समझाते हैं, और/या प्रश्न करते हैं। उचित व्याख्या के लिए एक वास्तविक कुंजी बाइबल की पुस्तक को बनाने वाले व्यक्तिगत साहित्यिक इकाइयों के माध्यम से अनुच्छेद-से-अनुच्छेद के आधार पर मूल लेखक के विचारों का पालन करना है। यह अध्ययन मार्गदर्शक टिप्पणी आधुनिक अंग्रेजी अनुवादों की तुलना करके छात्र को यह करने में मदद करने हेतु बनाई गई है। इन अनुवादों का चयन किया गया है क्योंकि वे विभिन्न अनुवाद सिद्धांतों को प्रयोग करते हैं:

A. The New King James Version (NKJV) यूनानी पांडुलिपि परंपरा पर आधारित एक शब्दश: शाब्दिक अनुवाद है जिसे टेक्स्टस रिसेप्टस के रूप में जाना जाता है। इसके अनुच्छेद विभाग अन्य अनुवादों की तुलना में अधिक लंबे हैं। ये लंबी इकाइयाँ छात्र को एकीकृत विषयों को देखने में मदद करती हैं।
B. The New Revised Standard Version (NRSV) एक संशोधित शब्द-से-शब्द का अनुवाद है। यह निम्न दो आधुनिक संस्करणों के बीच मध्य बिंदु बनाता है। इसके अनुछेद विभाग विषयों की पहचान करने में काफी सहायक हैं।
C. The Today's English Version (TEV) यूनाइटेड बाइबल सोसाइटी द्वारा प्रकाशित एक सक्रिय समकक्ष अनुवाद है। यह इस तरह बाइबल का अनुवाद करने की कोशिश करता है कि एक आधुनिक अंग्रेजी पाठक या वक्ता यूनानी पाठ के अर्थ को समझ सकें।
D. The Jerusalem Bible (JB) एक फ़्रांसीसी कैथोलिक अनुवाद पर आधारित एक सक्रिय समकक्ष अनुवाद है। यूरोपीय परिप्रेक्ष्य से अनुछेद लेखन की तुलना करने में यह बहुत उपयोगी है।
E. मुद्रित पाठ 1995 में नवीनीकृत New American Standard Bible (NASB) है, जो कि शब्द-से-शब्द अनुवाद है। इस अनुच्छेद लेखन के बाद छंद-से-छंद टिप्पणियाँ आती हैं।

तीसरा सिद्धांत

तीसरा सिद्धांत है, बाइबल के शब्दों या वाक्यांशों के जितने व्यापक अर्थ हो सकते हैं, (अर्थगत क्षेत्र) उन्हें समझने के लिए अलग-अलग अनुवादों में बाइबल को पढ़ना। अक्सर एक यूनानी वाक्यांश या शब्द कई मायनों में समझा जा सकता है। ये अलग-अलग अनुवाद इन विकल्पों को लाते हैं और यूनानी पांडुलिपि विभिन्नताओं को पहचानने और समझाने में सहायता करते हैं। ये सिद्धांत को प्रभावित नहीं करते हैं, लेकिन वे हमें एक प्रेरित प्राचीन लेखक द्वारा लिखे गए मूल पाठ में वापस ले जाने की कोशिश करते हैं।

चौथा सिद्धांत

चौथा सिद्धांत साहित्यिक शैली पर ध्यान देना है। मूल प्रेरित लेखकों ने अपने संदेशों को विभिन्न रूपों में दर्ज़ करना पसन्द किया (जैसे, ऐतिहासिक कथा, ऐतिहासिक घटनाचक्र, काव्य, भविष्यवाणी, सुसमाचार [दृष्टांत], पत्र, सर्वनाश-सूचक)। इन विभिन्न रूपों में व्याख्या करने की विशेष कुँजियाँ है (देखें Gordon Fee and Doug Stuart, *How to Read the Bible for All Its Worth*, D. Brent Sandy and Ronald L. Giese, Jr., *Cracking Old Testament Codes*, or Robert Stein, *Playing by the Rules*)।

यह पाठ्यपुस्तक छात्र को अपनी व्याख्याओं की जाँच करने का एक त्वरित तरीका प्रदान करती है। ये निर्णायक नहीं है, बल्कि जानकारीपूर्ण और विचारशील है। अक्सर, अन्य संभावित व्याख्याएँ हमें इतना संकुचित, हठधर्मी और संप्रदायवादी नहीं होने में मदद करती हैं। प्राचीन पाठ कितना अस्पष्ट हो सकता है, यह समझने के लिए व्याख्याकारों को व्याख्यात्मक विकल्पों की एक बड़ी श्रृंखला की आवश्यकता होती है। यह चौंकाने वाला है कि उन मसीहियों के बीच, जो बाइबल को सत्य का स्रोत मानते हैं, कितनी कम सहमति है।

इन सिद्धांतों ने मुझे प्राचीन पाठ के साथ संघर्ष करने के लिए मजबूर करके अपने ऐतिहासिक अनुकूलन पर विजय पाने में मदद की है। मेरी आशा है कि यह आपके लिए भी आशीर्वाद होगा।

बॉब अटले
ईस्ट टेक्सास बैपटिस्ट यूनिवर्सिटी
27 जून, 1996

प्रस्तावना

I. हेर्मेनेयुटिक्स में विशेषज्ञताओं के प्रति बाइबल व्याख्या प्रवृत्ति के बारे में एक शब्द

मुझे याद है, एक नए विश्वासी के रूप में, मैं मसीह, मसीही जीवन और बाइबल के बारे में और अधिक समझने के लिए कितना उत्साहित था। मुझे बताया गया कि बाइबल का अध्ययन करना हर विश्वासी का आनंद और काम है। मुझे याद है कि जब मैंने बाइबल पढ़ना शुरू किया था, तो यह कितना निराशाजनक था। जिसे मैंने सोचा कि एक रोमांचक साहसिक कार्य होगा, वह एक भ्रमित करनेवाले दुःस्वप्न में बदल गया।

> "व्यक्तिगत बाइबल अध्ययन का विचार अधिकतर मसीहियों को डरा देता है। यह किसी औपचारिक प्रशिक्षण के बिना इतना कठिन प्रतीत होता है। फिर भी भजनसंहिता 119 प्रत्येक मसीही को पवित्रशास्त्र से आत्मिक पोषण लेने के लिए लगातार संकेत करता है" (मेह्यु 1986, 45)।

लेकिन एक आशा थी। मुझे बताया गया था कि अपने आप से बाइबल को समझने के लिए धार्मिक प्रशिक्षण आवश्यक साधन और तकनीक प्रदान करेगा, लेकिन यह एक अर्धसत्य निकला। यह सच था कि धार्मिक प्रशिक्षण ने बाइबल को मेरे लिए कई अद्भुत तरीकों से खोला। हालाँकि, मेरे लिए यह बहुत जल्दी स्पष्ट हो गया था कि बाइबल को समझने के लिए और अधिक शिक्षा और विशेषज्ञता की आवश्यकता थी। अचानक मुझे एहसास हुआ कि बाइबल को पूरी तरह से समझने के लिए कई वर्षों की भाषा-संबंधी, अर्थ-संबंधी, टीका-संबंधी, व्याख्यात्मक और धर्मशास्त्रीय विशेषज्ञता की आवश्यकता थी। इस समय तक, मेरी शिक्षा का स्तर ऐसा था कि मैंने पहचाना कि जो विशेषज्ञ मुझे प्रशिक्षित कर रहे थे, उन्होंने भी एकरूपता के साथ बाइबल की व्याख्या नहीं की थी (सिल्वा 1987, 2-3)। उनमें से प्रत्येक ने दावा किया कि उनके विशेष क्षेत्र में शैक्षिक कौशल उचित बाइबल व्याख्या के लिए महत्त्वपूर्ण था और फिर भी इस बात पर उनकी असहमति बनी रही कि कुछ कठिन अवतरणों की व्याख्या किस प्रकार की जाए।

ये टिप्पणियाँ मसीही शिक्षा की दृढ़ता से आलोचना करने के लिए नहीं हैं, लेकिन एक स्वीकृति है कि यह वह सब कुछ नहीं दे सकती जिसका उसने वादा किया है। किसी तरह, कहीं न कहीं, किसी न किसी रीति से शिक्षा से ज्यादा कुछ होना चाहिए।

> "बाइबल इतनी सरल है कि कम से कम शिक्षित भी इसके मूल संदेश को समझ सकता है और फिर भी इतना गहरा है कि सबसे अच्छा विद्वान कभी भी इसका पूरा अर्थ नहीं निकाल सकता है" (शुल्ट्ज़ और इंच 1976, 9)।

किसी तरह हमने बाइबल की व्याख्या को अकादमिक विशेषज्ञों के विशिष्ट अधिकार-क्षेत्र में बदल दिया है। हमने बाइबल ली, जिसे आम व्यक्ति के लिए लिखा गया था, और इसे विशेषाधिकार प्राप्त, उच्च प्रशिक्षित विशेषज्ञ को दिया है।

> विक्लिफ ने लिखा: "मसीह और उसके प्रेरितों ने लोगों को सबसे अच्छी तरह से ज्ञात भाषा में सिखाया। यह निश्चित है कि मसीह विश्वास की सच्चाई अधिक स्पष्ट हो जाती है और अधिक विश्वास स्वयं ही ज्ञात हो जाता है। इसलिए, सिद्धांत केवल लैटिन में नहीं होना चाहिए, लेकिन आम भाषा में भी और, जैसा कि कलीसिया का विश्वास पवित्रशास्त्र में समाहित है, जितना इसे सही अर्थ में जाना जाए उतना बेहतर है। जन साधारण द्वारा विश्वास को समझने की आवश्यकता है, और जैसा कि हमारे विश्वास के सिद्धांत पवित्रशास्त्र में हैं, विश्वासियों के पास पवित्रशास्त्र एक ऐसी भाषा में होना चाहिए, जिसे वे पूरी तरह से समझते हों" (मेह्यु 1986, 106)।

हमने व्याख्याओं के सिद्धांतों के साथ क्या किया है जो (1) यहूदियों ने अपने कानूनी विशेषज्ञों, शास्त्रियों के साथ किया; (2) ज्ञानवादियों ने अपने बौद्धिक जोर और गुप्त ज्ञान के साथ किया था, जिसे केवल उन्होंने प्रदान किया; और (3) मध्य युग की रोमन कैथोलिक कलीसिया ने पादरी वर्ग बनाम जन-साधारण द्विभाजन के साथ किया, जो आज तक जारी है। हमने फिर से बाइबल को आम व्यक्ति की पकड़ से लिया है ताकि विशेषज्ञ को उसकी सच्चाइयाँ उपलब्ध कराई जा सकें। हमने बाइबल की व्याख्या के साथ वह किया है जो कि चिकित्सा पद्धति ने चिकित्सकों के साथ किया है: मानव शरीर के प्रत्येक तंत्र के लिए एक विशेषज्ञ, फिर भी ये विशेषज्ञ अक्सर निदान और उपचार पर असहमत होते हैं। यही प्रवृत्ति आधुनिक जीवन के लगभग हर क्षेत्र में दिखती है, जिसमें मसीही कॉलेज और सेमिनरी के अकादमिक अभ्यास शामिल हैं।

आज उपलब्ध जानकारी की प्रचुरता के कारण, विशेषज्ञ अपने स्वयं के क्षेत्रों में भी बने नहीं रह पा रहे हैं। इसलिए, औसत मसीही से यह उम्मीद कैसे की जा सकती है कि वह बाइबल की विद्वता के साथ बना रहे जबकि "विशेषज्ञ" भी ऐसा नहीं कर सकते? Gordon Fee, *Interpreting the Word of God* नामक एक पुस्तक में यह कहते हैं:

> "इस पत्र में दिए गए सुझाव आम आदमी के लिए, जिन्हें बाइबल ने मूल रूप से संबोधित किया, बहुत चौंका देने वाले लग सकते हैं कि यह व्याख्या केवल एक विशेषज्ञ का मामला बन जाती है। सौभाग्य से, आत्मा, हवा, 'जिधर चाहती है उधर चलती है' (यूहन्ना 3:8), और इस उदाहरण में, उसके पास विशेषज्ञ को शालीनतापूर्वक दरकिनार कर हमें सीधे संबोधित करने का एक शानदार तरीका है" (शुल्ट्ज और इंच 1976, 126)।

मुझे लगता है कि हम इस बात पर सहमत होंगे कि हेर्मेनेयुटिक्स (बाइबल की व्याख्या के सिद्धांत) और टीका (व्याख्या का अभ्यास) के क्षेत्र में हमने अनजाने में बाइबल को उन लोगों से लिया है जिन्हें यह दी गई थी। डैनियल वेबस्टर ने इस क्षेत्र में टिप्पणी की।

> "मेरा मानना है कि बाइबल को उसके अवतरणों के सादे, स्पष्ट अर्थ में समझा और ग्रहण किया जाना चाहिए, क्योंकि मैं खुद को इस बात के लिए राजी नहीं कर सकता कि पूरी दुनिया के उद्धार और धर्मांतरण के लिए एक पुस्तक एक ऐसे रहस्य और संदेह में इसके अर्थ को समाविष्ट करे कि केवल आलोचक और दार्शनिक इसे खोज सकें" (मेह्यु 1986, 60)।

ऐसा लगता है कि बाइबल की व्याख्या करने की आवश्यकता के रूप में उन्नत शिक्षा पर आग्रह को निश्चित रूप से इस तथ्य से गलत साबित किया जाना चाहिए कि सकता है, प्रबोधन के समय से यूरोप और अमेरिका द्वारा उपभोग किए गए धर्मशास्त्रीय प्रशिक्षण का स्तर दुनिया के अधिकांश लोगों के पास न कभी था, और न कभी हो सकता है।

> "ज्यादातर लोग शायद सोचते हैं कि संदर्भ पुस्तकें, जैसे कि टिप्पणियाँ और बाइबल शब्दकोश, बाइबल अध्ययन के लिए आवश्यक साधन हैं। इसमें कोई शक नहीं कि वे सहायक हैं, क्योंकि वे हमें बाइबल के विद्वानों की अंतर्दृष्टि देते हैं। लेकिन कई मसीही, विशेष रूप से गरीब परिस्थितियों में, ये मदद प्राप्त नहीं कर सकते। क्या उन्हें बाइबल का अध्ययन करने के लिए तब तक इंतजार करना चाहिए जब तक कि वे उन्हें प्राप्त नहीं कर लें? यदि ऐसा है, तो बहुतों को हमेशा के लिए इंतजार करना होगा" (स्टिरेट 1973, 33)।

> "इस बात पर भरोसा किया जा सकता है कि बाइबल लेखन को समझने के लिए आवश्यक व्याकरणिक घटकों में से अधिकांश को देशी भाषा व्यक्त कर सकेगी। यदि यह सच नहीं होता, तो मसीहीजगत का बड़ा हिस्सा बाइबल अध्ययन के लिए अयोग्य हो जाता, और बाइबल केवल कुछ सौभाग्यशाली लोगों के लिए सुलभ ही होगी" (ट्राएना 1985, 81)।

कलीसिया को (1) शिक्षा और (2) अलौकिक वरदानों के बीच एक संतुलित स्थिति में आ जाना चाहिए। बाइबल के संदेश को उचित रूप से समझने में कई घटक शामिल हैं, जिनमें से व्याख्याकार की आत्मिक प्रेरणा, प्रतिबद्धता और वरदान भी कम नहीं है। जाहिर है, एक प्रशिक्षित व्यक्ति कार्य के कुछ पहलुओं पर अधिक निपुण होगा, लेकिन जरूरी नहीं कि वे महत्त्वपूर्ण हो।

> "पवित्र आत्मा की उपस्थिति और सत्य को प्रस्तुत करने भाषा की क्षमता, मिलकर वह सबकुछ देते हैं जो आपको अपने आप बाइबल का अध्ययन और व्याख्या करने में आवश्यक है" (हेनरिकसन 1973, 37)।

क्या यह हो सकता है कि बाइबल की व्याख्या एक आत्मिक वरदान है, साथ ही साथ एक सीखा गया अध्ययन का विषय भी है? इसका यह अर्थ नहीं लगाया जाना चाहिए कि सभी मसीहियों को अपने आप पवित्रशास्त्र की व्याख्या करने का अधिकार और जिम्मेदारी नहीं है, लेकिन क्या ऐसा कुछ हो सकता है जो शिक्षा से भी परे है? एक अच्छी समरूपता सुसमाचार प्रचार करने में वरदान हो सकती है। साक्षी देने की स्थितियों में जब यह मौजूद होती है तब इसका प्रभाव और फलवन्तता स्पष्ट होती है। हालाँकि, कुछ वरदान प्राप्त किए हुए चुनिंदा लोगों की साक्षी देने की बाइबल की जिम्मेदारी को यह निश्चित रूप से हटाती या कम नहीं करती है। सभी विश्वासी प्रशिक्षण और व्यक्तिगत अनुभव के माध्यम से हमारे विश्वास को बाँटने का एक बेहतर, अधिक प्रभावी काम करना सीख सकते हैं। मेरा मानना है कि यह बाइबल की व्याख्या के लिए भी सच है। हमें शिक्षा की अन्तर्दृष्टि और व्यावहारिक अनुभव के लाभ के साथ आत्मा पर अपनी निर्भरता (सिल्वा 1987, 24-25) को जोड़ना चाहिए।

> "अब तक ऐसा लग सकता है कि मैं बाइबल की व्याख्या के लिए एक गैर-बौद्धिक दृष्टिकोण की वकालत कर रहा हूँ। सुनिश्चित रूप से मामला यह नहीं है। स्पर्जन ने हमें इसके बारे में चेतावनी दी है, जब वह कहता है, 'यह अजीब लगता है कि कुछ ऐसे लोग जो बहुत सारी बातें करते हैं कि पवित्र आत्मा उन्हें क्या बताता है, इस बात को तुच्छ समझे कि उसने दूसरों पर क्या प्रकट किया'" (हेनरिकसन 1973, 41)।

यह हमें इस सवाल पर ले आता है कि हम इन दो स्पष्ट सत्यों को कैसे संतुलित करते हैं: परमेश्वर की उसके वचन के माध्यम से अशिक्षित से सम्पर्क करने की योग्यता और शिक्षा कैसे इस प्रक्रिया को सुविधाजनक बना सकती है।

सबसे पहले, मैं यह दावा करना चाहूँगा कि शिक्षा के हमारे अवसरों को निश्चित रूप से ध्यान में रखा जाना चाहिए। जिसे बहुत कुछ दिया जाता है, उसे और अधिक आवश्यकता है (लूका 12:48)। कई मसीहियों में सुधार के लिए प्रेरणा की कमी है, अवसरों की नहीं। न केवल हम अपने अवसरों, बल्कि अपनी प्रेरणा और रवैये के भी भंडारी हैं।

> "परमेश्वर अपना स्वयं का व्याख्याकार है, लेकिन पवित्रशास्त्र के छात्र का अपने कार्य में एक अनुशासित दिमाग के साथ-साथ एक नेक दिल भी होना चाहिए । विश्वास बाइबल को जिम्मेदारी से पढ़ने के लिए कोई शॉर्टकट प्रदान नहीं करता है। और न ही हम कुछ विशेषज्ञों पर बाइबल की व्याख्या का काम छोड़ सकते हैं। हममें से कोई भी व्याख्या के कार्य से बच नहीं सकता है। हर बार जब हम किसी को बोलते हुए सुनते हैं, या जब भी हम वह पढ़ते हैं जो किसी ने लिखा है, हम व्याख्या करते हैं कि क्या कहा जा रहा है। जब हम बाइबल खोलते हैं तब यह कोई अलग बात नहीं है। सवाल यह नहीं है कि क्या हमें व्याख्या करने की आवश्यकता है, लेकिन हम इसे कितनी अच्छी तरह या कितनी बुरी तरह से करते हैं" (जानसन 1968, 17)।

नेक दिल की जरूरत के लिए, मैं यह जोड़ना चाहूँगा कि हालाँकि हमारे दिल नेक हो सकते हैं लेकिन वे अभी भी पापी हैं (सिल्वा 1987, 23, 118)। हमें बाइबल की अपनी समझ को परमेश्वर की समझ के साथ जोड़ने से सावधान रहने की आवश्यकता है। हम सभी पाप से प्रभावित होते रहे हैं और होते रहते हैं। आखिरी विश्लेषण में न तो सर्वश्रेष्ठ

व्याख्यात्मक सिद्धांत या टीका-संबंधी प्रक्रियाएं और न ही नेक दिल पाप के प्रति हमारी प्रवृत्ति पर विजय प्राप्त कर सकते हैं। हमारी व्याख्याएँ विनम्रता के साथ होनी चाहिए।

> "उचित हेर्मेनेयुटिक्स विनम्रता के एक रवैये की माँग करता है। इसमें न केवल दूसरों से सीखने की विनम्रता, बल्कि अधिक महत्त्वपूर्ण रूप से, उस वचन के न्याय के अधीन जिसकी व्याख्या की जा रही है आने की विनम्रता भी शामिल है । यद्यपि व्याख्याकार के कार्य में अध्ययन और विवेक की आवश्यकता होती है, उसका अंतिम कार्य यह है कि जिस वचन का अध्ययन वह कर रहा है, उस वचन को उसे संबोधित करने और उसे आज्ञापालन के लिए प्रेरित करने दे।" (गॉर्डन फी ने शुल्त्स और इंच 1976, 127 में उद्धृत किया)।

एक अन्य संभावित समाधान है व्याख्या की अलग-अलग डिग्री या स्तर की अवधारणा। यह मुझे स्पष्ट प्रतीत होता है कि अप्रशिक्षित आम लोगों में अंतर्दृष्टि की वह गहराई नहीं होगी जो एक प्रशिक्षित व्याख्याकार में सकती है। हालाँकि, इसका मतलब यह नहीं है कि अधूरा ज्ञान दोषपूर्ण ज्ञान है।

> "यह कहना कि हम परमेश्वर के वचन को समझते हैं, का अर्थ यह नहीं है कि हम इसमें से सब कुछ समझ सकते हैं, व्याख्या की सभी समस्याओं को हल कर सकते हैं और हमारे सभी सवालों के जवाब पा सकते हैं। कुछ बातों का सटीक अर्थ अभी भी गुप्त प्रतीत होता है" (स्टिरेट 1973, 16)।

यदि ऐसा है, तो सभी मानव ज्ञान एक ही श्रेणी में हैं। परमेश्वर की संतानों को सच्चाई में ले जाने का आत्मा का कार्य (यूहन्ना 14:26; 16:13-14; 1 यूहन्ना 2:20-21) केवल हमारे बौद्धिक कौशल द्वारा विस्तृत हो जाता है। मसीहत की मूल बातें बाइबल को सीधे-सीधे पढ़ने के द्वारा कोई भी जान सकता है। परिपक्वता और संतुलन के क्षेत्र में मसीही शिक्षा एक अमूल्य सहायता बन जाती है। हम व्याख्या के क्षेत्र में आत्मा पर भरोसा कर सकते हैं। निश्चित रूप से गलत व्याख्याएँ और धर्मशास्त्रीय समस्याएँ होंगी, लेकिन क्या ये विद्वानों में नहीं हैं?

आधुनिक कलीसिया के लिए महत्त्वपूर्ण आवश्यकता यह है कि हम सभी विश्वासियों को अपने स्वयं के लिए सार्थक, व्यक्तिगत, दैनिक बाइबल अध्ययन में शामिल करना शुरू करें। इसमें कलीसिया द्वारा उन्हें ऐसी व्याख्यात्मक तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाना शामिल है जिन्हें वे समझ सकें और कार्यान्वित कर सकें ।

> "बाइबल को मानने वालों के बीच बाइबल के व्यक्तिगत अध्ययन पर जोर देना कलीसिया के लिए चुनौती है" (ओसबोर्न और वुडवर्ड 1979, 13)।

इस पर और जोर दिया गया है:

> "गहराई से बाइबल अध्ययन, जैसा कि हमने देखा है, हर विश्वासी के लिए होता है, चाहे वह वचन का विद्यार्थी हो या एक पेशेवर मसीही कार्यकर्ता। हमें यह याद रखना चाहिए कि परमेश्वर यह नहीं चाहता कि हम प्रतिभाशाली हों, लेकिन वह चाहता है कि हम विश्वासयोग्य हों। पवित्रशास्त्र के विस्तृत अध्ययन में व्यापक समय व्यतीत करने के लिए प्रतिभावान होना आवश्यक नहीं है, परंतु एक अनुशासित विश्वासी होना आवश्यक है। विश्वासयोग्यता और अनुशासन एक ही सिक्के के दो पहलू हैं" (ओसबोर्न और वुडवर्ड 1979, 82)।

हेरमेंयूटिकल (व्याख्यात्मक) तकनीकों में व्यावहारिक ज्ञान अवधारणाओं का उपयोग किया जाना चाहिए, वास्तव में उनमें मानवीय विवेकबुद्धि और भाषा कौशल के सामान्य अनुप्रयोग से अधिक कुछ भी शामिल नहीं होना चाहिए (फी 1982, 16; सायर 1980, 51)। जितना अधिक विश्वासी परमेश्वर के संदेश को समझना चाहते हैं, उतना ही अधिक परमेश्वर हमसे संवाद करना चाहता है। तकनीकों द्वारा प्रक्रिया के लिए जितनी जल्दी हो सके अच्छी, विश्वसनीय संदर्भ सामग्री प्रदान करते हुए व्यक्ति की स्वयं की विश्लेषणात्मक प्रक्रियाओं को संतुलित किया जाना चाहिए। यह

ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि सामग्री के लिए विशेष रूप से सही है। गॉर्डन फी ये उपयोगी सुझाव प्रदान करता है।

> "जो निपुण नहीं है उसे निराशा न होने दें; लेकिन उसे भी अध्ययन के लिए तैयार रहने दें, न कि केवल भक्ति करने के लिए। अध्ययन के लिए उन्हें इन मूल साधनों का उपयोग करना चाहिए: (a) एक से अधिक अच्छे समकालीन अनुवाद। इसे कभी-कभी समस्याओं की ओर इंगित करना चाहिए । उसे उन अनुवादों का उपयोग करना सुनिश्चित करना चाहिए जो गद्य और काव्य के बीच अंतर को पहचानते और अनुच्छेदों के बारे में जानते हैं। (b) कम से कम एक अच्छी टिप्पणी, विशेष रूप से एक जो इस पत्र में दिए गए व्याख्यात्मक सिद्धांतों को ध्यान में रखती है (जैसे, सी. के. बैरेट, 1 कुरिन्थियों पर; एफ. एफ. ब्रूस, इब्रानियों पर; आर. डी. ब्राउन यूहन्ना पर)। फिर से, कईयों से परामर्श करना आमतौर पर विभिन्न विकल्पों में से एक से अवगत कराएगा। (c) उसका अपना व्यावहारिक ज्ञान। पवित्रशास्त्र अंधेरे गुफाओं में खनिकों द्वारा खोदे जाने वाले छिपे अर्थों से नहीं भरा है। यह जानने की कोशिश करें कि बाइबल के लेखक का सरल अभिप्राय क्या है। यह अभिप्राय आम तौर पर सतह के करीब होता है और दृश्यमान बनने के लिए केवल व्याकरण या इतिहास में थोड़ी अंतर्दृष्टि की आवश्यकता होती है। बहुत बार यह सतह पर ही होता है और विशेषज्ञ इसे चूक जाता है क्योंकि वह पहले खोदने और बाद में देखने में उन्मुख है। इस स्थान पर अविशेषज्ञ के पास विशेषज्ञ को सिखाने के लिए बहुत कुछ है (Gordon Fee, *Interpreting the Word of God* में," शुल्ट्ज़ और इंच 1976, 127 में उद्धृत)।

जन साधारण के लिए एक शब्द

कई आम लोगों में व्यक्तिगत बाइबल अध्ययन के प्रति बढ़ती विरक्ति और उदासीनता है। कई लोग इच्छा रखते हैं कि कोई और उनके लिए बाइबल की व्याख्या करे। यह "विश्वासी के याजकपन" के बाइबल सिद्धांत के विपरीत है, जो कि सुधार के द्वारा बहुत उत्साह से प्रबलित किया गया था। हम सभी मसीह के माध्यम से परमेश्वर को जानने और अपने जीवन के लिए उसकी इच्छा को समझने के लिए जिम्मेदार हैं (अर्थात, आत्मा क्षमता)। हम इस अद्भुत जिम्मेदारी को दूसरे को सौंपने की हिम्मत नहीं कर सकते हैं, चाहे हम उस व्यक्ति का कितना भी सम्मान करें। हम सभी बाइबल के बारे में अपनी समझ के लिए और हमने इसे कैसे जिया है, दोनों बातों का हिसाब परमेश्वर को देंगे (तुलना 2 कुरिन्थियों 5:10)।

पहले से तैयार बाइबल अध्ययन (उपदेश, टिप्पणियाँ) के प्रति प्रचलन आज क्यों स्पष्ट दिखाई देता है? पहली बात, मुझे लगता है कि पश्चिमी संस्कृति में इतनी आसानी से उपलब्ध व्याख्याओं ने बड़ी उलझन पैदा की है। ऐसा लगता है कि कोई भी बाइबल के बारे में सहमत नहीं है। सुनिश्चित रूप से मामला यह नहीं है। हालाँकि, हमें प्रमुख, ऐतिहासिक मसीही सत्यों और परिधीय मुद्दों के बीच अंतर करना चाहिए। मसीहत के प्रमुख स्तंभ सभी मसीही संप्रदायों द्वारा साझा किए जाते हैं। इससे मेरा मतलब है मसीह के व्यक्तित्व और कार्य से संबंधित सिद्धांत, परमेश्वर की बचाने की इच्छा, और बाइबल का केंद्रीय स्थान और अन्य समान सत्य जो सभी मसीहियों के लिए सामान्य हैं। आम लोगों को गेहूँ और भूसे के बीच अंतर करने के लिए प्रशिक्षित किया जाना चाहिए। सिर्फ इसलिए कि बहुत सारी व्याख्याएँ हैं हम उन व्याख्याओं को चुनने की ज़िम्मेदारी से मुक्त नहीं हो जाते हैं जो बाइबल के संदर्भ में व्यक्त प्रेरित लेखक के अभिप्राय के अनुरूप हैं।

न केवल व्याख्याओं की विविधता एक बाधा है, बल्कि व्याख्याकार की सांप्रदायिक परंपराएँ भी हैं। अक्सर, इससे पहले कि वे खुद बाइबल का अध्ययन करें या पढ़ें आम लोगों को लगता है कि वे जानते हैं कि बाइबल का क्या मतलब है। अक्सर, हम एक धर्मशास्त्रीय प्रणाली में इतने सहज हो जाते हैं कि हम उन समस्याओं को भूल जाते हैं जो इन मानव निर्मित प्रणालियों ने कलीसिया के इतिहास में पैदा की हैं। इसके अलावा, हम यह भूल जाते हैं कि मसीही समुदाय में कितनी अलग-अलग, बहुधा परस्पर विरोधी, व्यवस्थाएँ हैं। हम खुद को उस से सीमित न रखें जिससे हम परिचित हैं!

हमें अपने आपको साम्प्रदायिक और सांस्कृतिक परंपरा के चश्मे को हटाने के लिए मजबूर करना चाहिए और बाइबल को उसके दिन के प्रकाश में देखना चाहिए। साम्प्रदायिक और सांस्कृतिक परंपराएँ सहायक हो सकती हैं, लेकिन उन्हें हमेशा बाइबल के अधीन होना चाहिए, न कि इसके विपरीत। जो हमें बताई गईं हैं उन बातों को फिर से परखना कष्टदायक है, लेकिन यह महत्त्वपूर्ण है कि हम व्यक्तिगत रूप से, माता-पिता, पादरी, शिक्षक, जीवनसाथी या दोस्तों के अलावा ऐसा करें।

हमें अहसास होना चाहिए कि हम सभी प्रभावित हुए हैं, न केवल हमारे माता-पिता, हमारे जन्म स्थान, हमारे जन्म के समय के द्वारा, बल्कि हमारे व्यक्तिगत अनुभवों और व्यक्तित्व प्रकार के द्वारा भी। ये सभी इस बात को बहुत प्रभावित करते हैं कि हम बाइबल की व्याख्या कैसे करते हैं। हम इन घटकों को बदल या मिटा नहीं कर सकते हैं, लेकिन हम उनकी उपस्थिति को पहचान सकते हैं, जो हमें उनसे अनावश्यक रूप से प्रभावित नहीं होने में मदद करेगा। हम सभी ऐतिहासिक रूप से अनुकूलित हैं।

अमेरिका में एक समय था जब आम लोग बाइबल के साथ-साथ प्रचारकों को भी जानते थे, लेकिन विशेषज्ञता के हमारे दिन और हमारे समय पर बड़े पैमाने पर मीडिया के अतिक्रमण के कारण, हमने विशेषज्ञ को चुन लिया है। हालाँकि, बाइबल की व्याख्या में हमें इसे स्वयं अपने लिए करना चाहिए। इसका अर्थ यह नहीं है कि हम वरदान प्राप्त, बुलाए गए और प्रशिक्षित धार्मिक अगुवों की सलाह न लें, लेकिन हमें उनकी व्याख्या को प्रार्थनापूर्ण, व्यक्तिगत, बाइबल विश्लेषण के बिना अपनी व्याख्या नहीं बना लेना चाहिए। हमारे उद्धार के बावजूद भी हम सभी पाप से प्रभावित हैं। यह परमेश्वर और उसके उद्देश्यों के बारे में हमारी समझ के हर पहलू को प्रभावित करता है। हमें इस प्रमुख सत्य को मान लेना चाहिए कि हमारी समझ कभी भी परमेश्वर की समझ के समान नहीं है। हमें मसीहत के प्रमुख स्तंभों को पकड़े रहना चाहिए, लेकिन परिधीय या गैर-आवश्यक क्षेत्रों में व्याख्या और अभ्यास की अधिकतम अभिव्यक्ति की अनुमति देनी चाहिए। हमें प्रत्येक को यह तय करना चाहिए कि सीमाएँ कहाँ हैं और उचित रूप से, विश्वास से, प्रेम से, उस ज्योति में जो हम पवित्रशास्त्र से पाते हैं, जीना चाहिए।

सारांश में, मुझे ऐसा लगता है कि कलीसिया को बाइबल की प्राचीन, प्रेरित लेखक के अभिप्राय को पर्याप्त रूप से समझने के लिए सिद्धांतों का प्रसार करने के लिए अधिक शक्ति लगानी चाहिए। बाइबल के पाठकों के रूप में हमें अपनी अनुभवात्मक, संकीर्ण, संप्रदायात्मक, परंपरा-बद्ध पूर्वधारणाओं को भी कम करना चाहिए ताकि बाइबल के प्रेरित लेखकों के संदेश को वास्तव में खोज सकें, भले ही ये हमारी व्यक्तिगत पूर्वाग्रहों या संप्रदायगत परंपराओं का उल्लंघन करते हों। हमें बाइबल के मूल लेखकों की सच्ची प्रासंगिक व्याख्या के लिए अपनी लोकप्रिय "प्रूफ टेक्स्टिंग" तकनीकों को छोड़ना चाहिए। बाइबल की व्याख्या में एकमात्र प्रेरित व्यक्ति मूल लेखक है (हैं)।

विश्वासियों को इफिसियों 4:11-16 के प्रकाश में अपने लक्ष्यों और उद्देश्यों को फिर से जाँचना चाहिए। परमेश्वर हमें विचार और कर्म में उसके वचन की पूर्णता में जाने में मदद करें।

II. स्थानीय कलीसियाओं, कक्षाओं और सेमिनारों में हेर्मेनेयुटिक्स सीखने में लेखक के अनुभव,

पंद्रह वर्षों से एक पादरी, सोलह साल से एक विश्वविद्यालय के प्रोफेसर के रूप में, मुझे कई प्रमुख समूहों के मसीहियों के साथ व्याख्यात्मक मुद्दों का निरीक्षण करने और उन पर चर्चा करने का पर्याप्त अवसर मिला है। मैंने दक्षिणी बैपटिस्ट कलीसियाओं में पादरी की सेवा की है और तीन दक्षिणी बैपटिस्ट स्कूलों (वेलैंड बैपटिस्ट यूनिवर्सिटी एक्सटेंशन, ल्यूबॉक, टेक्सास; द हिस्पैनिक स्कूल ऑफ थियोलॉजी, ल्यूबॉक, टेक्सास; और ईस्ट टेक्सास बैपटिस्ट यूनिवर्सिटी, मार्शल, टेक्सास) और एक करिश्माई जूनियर कॉलेज स्तर के बाइबल स्कूल (ट्रिनिटी बाइबल इंस्टीट्यूट, ल्यूबॉक, टेक्सास) में पढ़ाया है । रिटायरमेंट के बाद से मैंने कैप हाईटियन, हैती में ओ एम एस एम्मस सेमिनरी; येरेवान, आर्मेनिया में बैपटिस्ट

अर्मेनियन सेमिनरी, और नोवी सोद, सर्बिया में इंटरडोमिनेशनल सेमिनरी में कई वर्षों तक पाठ्यक्रम पढ़ाए हैं। साथ ही, मैं यूनाइटेड मेथोडिस्ट चर्च और अमेरिका के प्रेस्बिटेरियन चर्च का एक सहयोगी सदस्य हूँ। मैंने शिकागो क्षेत्र में एक टरडोमिनेशनल सेमिनरी, ट्रिनिटी इवेंजेलिकल डिविनिटी स्कूल में डॉक्टरेट की पढ़ाई की। इससे कई वर्षों तक विभिन्न सम्प्रदायों में सेवकाई करना मेरे लिए सम्भव हो सका। इन चर्चाओं में एक सामान्य विषय विकसित हो गया है और वह है व्याख्यात्मक अवधारणाओं और प्रक्रियाओं में प्रशिक्षण का स्पष्ट अभाव। अधिकांश मसीही, बाइबल की व्याख्या करने के लिए, इन पर निर्भर हैं

1. प्रूफ-टेक्सटिंग
2. शाब्दिक रूप देना
3. अन्योक्ति/नैतिक शिक्षा देना
4. सम्प्रदाय आधारित विचार
5. व्यक्तिगत अनुभव
6. सांस्कृतिक अनुकूलन

बाइबल की व्याख्या के लिए एक सुसंगत, सत्यापन योग्य, पाठ-उन्मुख व्याख्यात्मक दृष्टिकोण की एक सख्त आवश्यकता है। यह महत्त्वपूर्ण है कि व्याख्यात्मक सिद्धांतों को (1) गैर-पारिभाषिक भाषा; (2) सामान्य वर्णित सिद्धांतों; और (3) उन सिद्धांतों में जो बाइबल के कई प्रासंगिक उदाहरणों के साथ प्रदर्शित किए जा सकते हैं, में प्रस्तुत किया जाए।

आम लोग आसानी से एक ऐसे सरलीकृत व्याख्यात्मक दृष्टिकोण का प्रत्युत्तर देते हैं जिसे पवित्रशास्त्र की व्यक्तिगत रूप से व्याख्या करने के लिए एक अधिक सुसंगत, सत्यापन योग्य प्रक्रिया प्रदान करने के लिए प्रदर्शित किया जा सकता है। अधिकांश आम लोग बाइबल अध्ययन के अधिकांश भाग की सापेक्षता को, जिसके साथ वे स्थानीय कलीसियाओं, मसीही साहित्य और प्रसारण मीडिया (रेडियो और टेलीविजन) से भी प्रस्तुत किए जाते हैं, समझते हैं। मैंने कई व्यवस्थाओं में हेर्मेनेयुटिक्स सिखाया है।

1. शहरव्यापी सेमिनार
2. स्थानीय कलीसिया सेमिनार
3. सन्डे स्कूल कक्षाएँ
4. जूनियर कॉलेज कक्षाएँ
5. विश्वविद्यालय कक्षाएँ

इनमें से प्रत्येक व्यवस्था में मैंने आम लोगों को खुला और बाइबल अध्ययन के लिए एक सुसंगत, सत्यापन योग्य दृष्टिकोण का प्रत्युत्तर देने के लिए उत्सुक पाया है। बाइबल को समझने और उसकी शिक्षाओं के प्रकाश में जीने की एक वास्तविक भूख है। इनके कारण वास्तविक निराशा भी है

1. व्याख्याओं की बहुलता
2. व्याख्याओं की सापेक्षता
3. कुछ व्याख्याओं के साथ जुड़ा सम्प्रदाय-संबंधी अहंकार
4. जो कुछ परमेश्वर के नाम में उन्हें बताया गया है, उसे सत्यापित करने की क्षमता की कमी

इस पाठ्य पुस्तक को हेर्मेनेयुटिक्स की एक तकनीकी, संपूर्ण, अकादमिक प्रस्तुति के लिए नहीं, लेकिन एक औसत विश्वासी को पाठात्मक रूप से उन्मुख व्याख्या की शिक्षा (यानी, सीरिया के एंटिओक) के लिए प्रासंगिक/पाठीय दृष्टिकोण से परिचित कराने और दैनिक अध्ययन और जीवन में इन सिद्धांतों के व्यक्तिगत प्रयोग के लिए तैयार किया गया है। यह परिचय पाँच विशिष्ट क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करेगा।

1. व्याख्यात्मक प्रशिक्षण की आवश्यकता
2. बाइबल हेर्मेनेयुटिक्स के प्रासंगिक/पाठीय सिद्धांत
3. समकालीन हेर्मेनेयुटिक्स में कुछ प्रमुख कठिनाइयाँ

4. कुछ मार्गदर्शक कार्यप्रणाली संबंधी प्रक्रियाएँ, और
5. बाइबल अध्ययन के संसाधन जो आधुनिक अंग्रेजी बोलने वाले आम लोगों के लिए उपलब्ध हैं।

यह पाठ्यपुस्तक खुद पवित्रशास्त्र की व्याख्या करने में मसीहियों की रुचि और इच्छा को बढ़ाने के लिए तैयार की गई है। यह वास्तव में केवल एक शुरुआती कदम है, लेकिन फिर भी एक महत्त्वपूर्ण कदम है। बाइबल अध्ययन तकनीकों में आगे के अध्ययन के लिए ग्रंथ सूची कई अतिरिक्त स्रोत प्रदान करता है। यह स्वीकार करना कि बाइबल की व्याख्या के हमारे मौजूदा लोकप्रिय तरीकों में एक समस्या है और यह कि अधिक सुसंगत, सत्यापन योग्य दृष्टिकोण आम लोगों के लिए उपलब्ध है, इस पाठ्यपुस्तक का प्रमुख लक्ष्य है। क्योंकि एक हजार मील की यात्रा एक कदम से शुरू होती है, उम्मीद है कि यह परिचय आम लोगों को जीवन शैली, दैनिक, व्यक्तिगत बाइबल अध्ययन के रोमांचक और पूर्ण कार्य के सही रास्ते पर चलाने की शुरुआत करेगा।

III. अधिकार का मुद्दा

यह सवाल कि क्या कोई परमेश्वर है या नहीं, वास्तव में मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से कोई विचार-विषय नहीं रहा है। मैंने, बाइबल के लेखकों का अनुसरण करते हुए, परमेश्वर के अस्तित्व को माना है। मैंने इस विषय पर अपने विश्वास को सहारा देने के लिए कभी दार्शनिक तर्क की आवश्यकता महसूस नहीं की। थॉमस एक्विनास के परमेश्वर के लिए पाँच प्रमाण तर्कवाद से सबूत लेने वालों के लिए मददगार हैं। हालाँकि, यहाँ तक कि दार्शनिक आवश्यकता के तर्क वास्तव में बाइबल के परमेश्वर, हमारे प्रभु यीशु मसीह के पिता के अस्तित्व को साबित नहीं करते हैं। ज्यादा से ज्यादा वे एक तर्कसंगत आवश्यकता, एक अनमोल प्रेमी, या एक प्रमुख कारण को मानते हैं।

साथ ही, इस बारे में प्रश्न कि क्या हम परमेश्वर को जान सकते हैं (ग्रीक दर्शन), मेरे लिए कभी भी बड़ी चिंता का विषय नहीं रहा है। मैंने मान लिया है कि परमेश्वर हमसे संवाद करने की कोशिश कर रहा है। यह केवल प्राकृतिक प्रकटीकरण में ही नहीं: (1) सृष्टि में परमेश्वर की गवाही (भजनसंहिता 19:1-6; रोमियों 1:19-20) और (2) मानव जाति की आंतरिक नैतिक गवाही (रोमियों 2:14-15), लेकिन परमेश्वर के लिखित प्रकाशन में विशिष्ट रूप से सच है (2 तीमुथियुस 3:15-17)। परमेश्वर ने घटनाओं, नियमों और भविष्यद्वक्ताओं के माध्यम से हमसे बात की है (तुलना मत्ती 5:17-19)। उसने अपने पुत्र में सर्वोच्चता से बात की है (यूहन्ना 1:1-14; इब्रानियों 1:1-3; मत्ती; 5:21-48)।

मेरे लिए प्रमुख प्रश्न इस बात के चारों ओर घूमता है कि परमेश्वर क्या कह रहा है। यह चिंता मेरे मसीही जीवन में बहुत जल्दी विकसित हो गई। बाइबल को जानने की इच्छा से मैं पवित्रशास्त्र की सभी विभिन्न व्याख्याओं से स्तंभित हुआ। ऐसा लगता था कि बाइबल के बारे में सभी की अपनी राय थी, जो अक्सर व्यक्तिगत व्यक्तित्व प्रकार, साम्प्रदायिक पृष्ठभूमि, व्यक्तिगत अनुभव या माता-पिता के प्रशिक्षण पर आधारित थी। वे सभी इतने आश्वस्त और आश्वस्त करनेवाले थे। मैं आश्चर्य करने लगा कि क्या कोई वास्तव में जान सकता है,निश्चितता की किसी भी सीमा तक, कि परमेश्वर क्या कह रहा है।

सेमिनरी में अंततः मैं "बाइबल के अधिकार" की अवधारणा से परिचित हुआ। मुझे यह स्पष्ट हो गया कि बाइबल विश्वास और अभ्यास का एकमात्र आधार थी। यह अपनी पारंपरिक पद्धतियों और धर्मशास्त्रों का बचाव करने के लिए एक रूढ़ोक्ति नहीं था। यह वास्तव में अधिकार के मुद्दे का एक विशिष्ट जवाब था।

इस बात को स्वीकार करने के बाद भी कि बाइबल के अधिकार की व्याख्या ठीक से की गई है, अभी भी यह बात मुश्किल मुद्दा बनी हुई है कि कौन सी व्याख्यात्मक प्रणाली सबसे अच्छी है। वही हैरानी जो मैंने व्याख्याओं के चक्रव्यूह में महसूस की थी, मुझे हेर्मेनेयुटिक्स के क्षेत्र में भी मौजूद पाई। तथ्य की बात के रूप में, हेर्मेनेयुटिक्स के सिद्धांतों की व्यक्त या अव्यक्त, सचेतन या अचेतन की भिन्नता, वास्तव में व्याख्याओं की बहुलता का कारण हो सकती है। हर्मेनिटिकल सिद्धांतों का विश्लेषण करना बहुत मुश्किल था क्योंकि वे स्वयं प्रेरित नहीं थे, लेकिन अलग-अलग

धर्मशास्त्रीय परंपराओं के अंतर्गत और ऐतिहासिक संकट काल के बाद विकसित किए गए थे। सभी अलग-अलग प्रणालियों में धार्मिक व्याख्याकार हैं। कोई कैसे तय कर सकता है कि किस प्रणाली का उपयोग करना है? मेरे लिए मूल मुद्दा "सत्यापन योग्यता" और "सुसंगतता" पर आ गया। मुझे यकीन है कि यह इसलिए है क्योंकि मैं एक ऐसे दिन में रहता हूँ जिसमें वैज्ञानिक पद्धति का प्रभुत्व है। हालाँकि, व्याख्या पर कुछ सीमाएँ अवश्य होनी चाहिए। हेर्मेनेयुटिक्स के अंतर्गत दुविधा अवश्य मौजूद है क्योंकि यह एक वरदान (कला) और मानव भाषाओं को समझने के लिए तार्किक दिशानिर्देशों का एक संग्रह है (विज्ञान)। किसी के व्याख्या के जो भी सिद्धांत हों, उन्हें इन दोनों दृष्टिकोणों को संतुलित करना होगा।

एंटिओकियन (सीरियन) स्कूल ऑफ इंटरप्रिटेशन ने सर्वोत्तम उपलब्ध संतुलन प्रस्तुत किया है। इसका प्रासंगिक/पाठीय केंद्रबिंदु कम से कम कुछ हद तक सत्यापन की अनुमति देता है। कभी भी एकमतता नहीं होगी, लेकिन कम से कम इसने पवित्रशास्त्र की व्याख्या को उसके स्पष्ट, सामान्य अर्थ में करने के महत्त्व पर जोर दिया।

यह स्वीकार किया जाना चाहिए कि दृष्टिकोण मूल रूप से अलेक्जेंड्रिया (मिस्र) की अन्योक्ति संबंधी शिक्षा के प्रति एक ऐतिहासिक प्रतिक्रिया है। यह एक अति सरलीकरण है (सिल्वा 1987, 52-53), लेकिन कलीसिया का बाइबल की व्याख्या के प्रति दो बुनियादी दृष्टिकोणों का विश्लेषण करने में इसका उपयोग करना अभी भी मददगार है। अन्ताकियाई शिक्षा, अपनी अरस्तू-संबंधी पद्धति के साथ, सुधार/पुनर्जागरण व्याख्या के लिए एक पर्याप्त औचित्य प्रदान करती है, जो हमारे आधुनिक वैज्ञानिक अभिविन्यास के लिए मंच तैयार करती है। व्याख्या के लिए प्रासंगिक/पाठीय दृष्टिकोण बाइबल को पहले उसके दिन (एक अर्थ) और फिर हमारे दिन (कई अनुप्रयोगों) के लिए बोलने देता है। यह हमारे दिन के बौद्धिक समुदाय को स्वीकार्य पद्धति में समय और संस्कृति के अंतर को पाटता है। वे इसे स्वीकार करते हैं क्योंकि यह मूल रूप से वही पद्धति है जिसका प्रयोग सभी प्राचीन साहित्य की व्याख्या करने के लिए किया जाता है और यह हमारी आधुनिक अकादमिक मानसिकता के विचार रूपों में ठीक बैठता है।

जब हेर्मेनेयुटिक्स मेरी सेवकाई की एक प्रमुख चिंता बन गया, मैंने उपदेश, शिक्षण और धार्मिक लेखन का अधिक सावधानी से विश्लेषण करना शुरू किया।परमेश्वर के नाम पर होने वाले दुरुपयोगों को देखना भयावह था। कलीसिया बाइबल की स्तुति करती हुई और फिर उसके संदेश को विकृत करती हुई प्रतीत हुई। यह न केवल आम लोगों के बारे में सच था, बल्कि कलीसिया के नेतृत्व के बारे में भी। यह धर्मनिष्ठता का मुद्दा नहीं था, लेकिन व्याख्या के बुनियादी सिद्धांतों की सच्ची अज्ञानता थी। मूल लेखक के उद्देश्य (अभिप्राय) के माध्यम से बाइबल को जानने में मुझे जो खुशी मिली, वह कई अद्भुत, प्रतिबद्ध, प्यार करने वाले विश्वासियों के लिए एक अस्तित्वहीन वस्तु थी। मैंने अंताकिया के बुनियादी सिद्धांतों, प्रासंगिक/पाठ-केंद्रित पद्धति से आम लोगों का परिचय कराने के लिए एक पाठ्यपुस्तक विकसित करने का निर्णय लिया। उस समय (1977) हेर्मेनेयुटिक्स पर बहुत अधिक किताबें उपलब्ध नहीं थीं। यह विशेष रूप से जन साधारण के लिए सच था। मैंने हमारी दोषपूर्ण व्याख्याओं के साथ-साथ हमारे सचेतन पूर्वाग्रहों को उजागर करके रुचि विकसित करने की कोशिश की। इसे प्रासंगिक/पाठीय विधि की संक्षिप्त व्याख्या और व्याख्या में सामने आई सामान्य धर्मशास्त्रीय त्रुटियों की एक सूची के साथ जोड़ा गया था। अंत में, एक प्रक्रियात्मक क्रम प्रस्तावित किया गया ताकि वह किसी को विभिन्न व्याख्यात्मक कार्यों और अनुसंधान साधनों से परामर्श करने के लिए उचित समय में से होकर जाने करने में मदद करे।

IV. गैर-तकनीकी हेरमेंयूटिकल (व्याख्यात्मक) प्रक्रियाओं की आवश्यकता

A. विश्वासियों के बीच उदासीनता

यह समस्या कई वर्षों से एक पादरी और प्रोफेसर के रूप में मेरे दिल पर बनी हुई है। हमारे दिन में विश्वासियों के बीच सामान्य बाइबल ज्ञान में गिरावट के बारे में मुझे कष्टपूर्वक अवगत कराया गया है। ज्ञान की यह कमी

समकालीन कलीसिया में कई समस्याओं का मूल कारण रही है। मुझे पता है कि आधुनिक विश्वासी परमेश्वर से उतना ही प्रेम करते हैं, जितना कि पिछली पीढ़ियों ने उससे और उसके वचन से प्रेम किया है, इसलिए हमारी समझ में पतन का क्या कारण है, न केवल पवित्रशास्त्र की विषय वस्तु का, बल्कि इसका क्या अर्थ है और यह आज कैसे लागू होता है?

मेरी राय में निराशा की भावना के कारण अधिकांश मसीही बाइबल के अध्ययन और व्याख्या के बारे में निरुत्सुक और उदासीन हो गए हैं। आधुनिक जीवन के कई क्षेत्रों में यह उदासीनता प्रत्यक्ष दिखाई देती है। हमारी समस्याओं में से एक उपभोक्तावाद का हमारा सांस्कृतिक दृष्टिकोण है। हम लोगों के रूप में हमारी हर जरूरत की तुरंत संतुष्टि पाने के आदी है। हमारी संस्कृति ने "फास्ट फूड" उद्योग की मानसिकता को एक सांस्कृतिक आदर्श में बदल दिया है। हम एक उत्पाद के आसानी से उपलब्ध होने और तुरंत खपत होने के आदी हैं। बाइबल के ज्ञान और दैनिक जीवन शैली पर आधारित मसीही परिपक्वता इस सांस्कृतिक अपेक्षा को समायोजित नहीं कर सकती है। बाइबल का ज्ञान केवल प्रार्थना, दृढ़ता, प्रशिक्षण, नियमित अध्ययन और व्यक्तिगत अनुप्रयोग की निजी कीमत चुकाकर ही उपलब्ध होता है। वास्तव में, अधिकांश आधुनिक विश्वासी इक्कीसवीं सदी के, भौतिकवादी अमेरिका के फ़ास्ट ट्रैक पर हैं और इस तरह का व्यक्तिगत मूल्य चुकाने के इच्छुक नहीं हैं।

इसके अलावा, पादरी और जन साधारण के बीच गैर-बाइबल द्विभाजन ने समस्या को बढ़ा दिया है। यह लगभग ऐसा लगता है कि हमारी "किराए की बंदूक" मानसिकता ने व्यक्तिगत रूप से बाइबल का अध्ययन करने और समझने की आवश्यकता से अधिकतर आम लोगों को राहत दी है। "उपदेशक को इसे करने दो" हमारी मानसिकता बन गई है। इस मानसिकता के साथ समस्या यह है कि "क्या होगा अगर पादरी गलत व्याख्या करे?" या "क्या होगा यदि आप पादरी बदलते हैं?" यह उदासीन रवैया बाइबल की सच्चाई और "आत्मा की सामर्थ्य" के सिद्धांत के सुधार का पुनःजोर (लूथर) को दरकिनार कर देता है (1 पतरस 2:5,9; प्रकाशितवाक्य 1:6)। यह हमारे "झुंड समाज" की प्रवृत्ति को मजबूत करता है। यह खुद से से दूर और दूसरों पर आत्मिक ज़िम्मेदारी डालने पर ध्यान केंद्रित करता है।कलीसिया के अगुवे "खिलाड़ी प्रशिक्षक" (इफिसियों 4:11-12) के बजाय मध्यस्थ या गुरु बन जाते हैं। न केवल हमने एक संस्कृति होने के नाते जीवन को सांसारिक और पवित्र में विभाजित किया है, बल्कि हमने पवित्रों को स्थानपन्नों को सौंप दिया है।

बाइबल अध्ययन के क्षेत्र में अधिकांश आधुनिक विश्वासियों के बीच उदासीनता का एक और प्रमुख कारण विशेषज्ञता के प्रति हमारी बढ़ती आधुनिक प्रवृत्ति है। बाइबल अध्ययन प्रशिक्षित विशेषज्ञों का तकनीकी कार्यक्षेत्र बन गया है। सिद्धांत और प्रक्रियाएँ इतनी जटिल और अंतर्निहित हैं कि कोई भी तब तक असमर्थ महसूस करता है जब तक कि उसके पास कई पीएचडी डिग्रियाँ: भाषा विज्ञान, यूनानी, इब्रानी, हेर्मेनेयुटिक्स, और धर्मशास्त्र न हों। यह "आधुनिक ज्ञानवाद" के खतरे का आरम्भ करता है, जो कि मात्र एक बौद्धिक अभिजात वर्ग से प्राप्त आत्मिक सत्य है। बेशक, कुलीन भी सहमत नहीं हैं। ऐसा लगता है कि तकनीकी कौशल भी आम सहमति नहीं ला पाता है।

यह हमें उदासीनता के अगले कारण तक लाता है, जो है व्याख्याओं की बहुलता। हमें न केवल साम्प्रदायिक मतभेदों का सामना करना पड़ता है, बल्कि संप्रदायों के भीतर भी एक मतभेद है। इसमें कोई आश्चर्य नहीं है कि अधिकांश विश्वासी इस तरह के असहमति के कारण, जो आमतौर पर इस तरह के एक जबरदस्त, हठधर्मी तरीके से प्रस्तुत की जाती है, भ्रमित हैं।

B. विश्वासियों के बीच हठधर्मिता

क्या यह कोई आश्चर्य की बात है कि व्याख्यात्मक प्रक्रिया में शामिल होने के लिए भ्रम और अनिच्छा है? इन पहले उल्लेखित बाहरी घटकों के अलावा, कई आंतरिक घटक हैं । यदि बाइबल अध्ययन में शामिल होने के बारे में उदासीनता है, तो यह लगभग लगता है कि एक बार उस उदासीनता को दूर करने के लिए निर्णय लिया जाता है, तो उसका परिणाम तत्काल ध्रुवीकरण और एकान्तिकता होता है। आधुनिक पश्चिमी बाइबल छात्रों के बीच हठधर्मिता

का स्तर बहुत ऊँचा है।

ऐसा प्रतीत होता है कि इसमें कई घटक शामिल हैं। पहला अक्सर उस आध्यात्मिक परंपरा से संबंधित होता है जिसमें किसी की परवरिश होती है। अक्सर हठधर्मिता हमारे माता-पिता या कलीसिया के शिक्षकों की सीखी हुई प्रतिक्रिया होती है। यह या तो उनके विचारों और प्रथाओं के साथ पूर्ण सहमति या उनकी स्थिति की पूरी अस्वीकृति हो सकती है। यह स्थानांतरण, समावेश या नकारात्मक प्रतिक्रिया आमतौर पर व्यक्तिगत बाइबल अध्ययन से असंबंधित है। अक्सर हमारे पूर्वाग्रह, पूर्वधारणाएँ और प्रमाण रहित ज्ञान परिवारों के माध्यम से आगे बढ़ते हैं।

अगर माता-पिता हम पर अपने आध्यात्मिक विचारों की मुहर नहीं लगाते हैं, तो निश्चित रूप से हमारा संप्रदाय ऐसा करेगा। बहुत कुछ जो हम विश्वास करते हैं एक व्यक्तिगत बाइबल अध्ययन का परिणाम नहीं है, बल्कि साम्प्रदायिक रूप से दिमाग भरे जाने के कारण है। आज बहुत कम कलीसियाएँ इस बात को व्यवस्थित रूप से सिखाते हैं कि वे क्या मानते हैं और क्यों। यह समस्या न केवल संप्रदायवाद से प्रभावित है, बल्कि सम्प्रदायिक कलीसिया की भौगोलिक स्थिति से भी प्रभावित है। जैसा कि यह स्पष्ट है कि हम जिस युग (उत्तर-आधुनिकता) में रहते हैं, वह हमारी विश्वास प्रणाली को प्रभावित करता है, इसी के साथ, हमारी भौगोलिक स्थिति भी प्रभावित करती है। संकीर्णता भी उतनी ही महत्त्वपूर्ण है जितना कि माता-पिता की या परंपरावादी परंपरा। तीस वर्षों से मैं साझेदारी के सुसमाचार प्रचार में शामिल रहा हूँ और विदेशों में अपने संप्रदाय की कलीसियाओं के साथ काम करने के लिए कलीसिया के सदस्यों और छात्रों को मिशन यात्राओं पर ले गया हूँ। मैं आश्चर्यचकित हूँ कि एक ही साम्प्रदायिक परंपरा की कलीसियाएँ अपने विश्वास को कितना अलग-अलग प्रकार से व्यवहार में लाती हैं! इसने वास्तव में, साम्प्रदायिक, संकीर्ण रूप से दिमाग में भरे जाने (बाइबल पढ़ना नहीं) जिसने हम सभी को प्रभावित किया है, के प्रति मेरी आँखों को खोल दिया।

विश्वासियों के बीच हठधर्मिता का दूसरा प्रमुख कारण व्यक्तिगत घटकों से संबंधित है। जिस प्रकार हम समय, स्थान और माता-पिता से प्रभावित होते हैं, वैसे ही क्या हम अपने स्वयं के व्यक्तित्व से भी समान रूप से प्रभावित होते हैं। इस अवधारणा को इस पाठ्यपुस्तक के बाद के खंड में कुछ विस्तार से विकसित किया जाएगा, लेकिन शुरुआत में यह उल्लेख करने की आवश्यकता है कि हमारे व्यक्तित्व का प्रकार, व्यक्तिगत अनुभव और आत्मिक वरदान हमारी व्याख्याओं को कितना प्रभावित करते हैं। अक्सर हमारी हठधर्मिता को इस प्रकार व्यक्त किया जा सकता है "यदि मेरे साथ हुआ तो आपके साथ भी ऐसा होना चाहिए" और "यदि मेरे साथ ऐसा कभी नहीं हुआ है, तो यह आपके साथ भी नहीं होना चाहिए"। दोनों गलत हैं!

V. बाइबल के बारे में मूलभूत पूर्वधारणाएँ

इस बिंदु पर मुझे यथासंभव पारदर्शी होना चाहिए और अपनी खुद की कार्यरत मान्यताओं को समझाने की कोशिश करनी चाहिए। अगर हम गैर-बाइबल घटकों से इतना प्रभावित हैं, तो यह पाठ्यपुस्तक श्रृंखला में सिर्फ एक और क्यों नहीं है? मैं आपको मेरे साथ सहमत होने के लिए नहीं, बल्कि व्यक्तिगत, गैर-तकनीकी बाइबल अध्ययन के लिए एक अधिक सुसंगत, सत्यापन योग्य कार्यपद्धति प्रदान करने का प्रयास कर रहा हूँ। कार्यपद्धति प्रेरित नहीं है, लेकिन यह एक विकसित प्राचीन मसीही आदर्श है। मेरी मूल पूर्वधारणाएँ हैं

A. बाइबल, पुराना और नया नियम दोनों, एकमात्र सृष्टिकर्ता, उद्धारक परमेश्वर की ओर से है। उसने इसे मानवीय साधन के माध्यम से हमें दिया ताकि हम अपने जीवन के लिए उसे और उसकी इच्छा को जान सकें और समझ सकें (तुलना 2 तीमुथियुस 3:15-17)। यह पूरी तरह से आधिकारिक है।

B. बाइबल, हेर्मेनेयुटिक्स की तरह, अपने आप में एक अंत नहीं है, लेकिन परमेश्वर के साथ एक व्यक्तिगत मुलाकात का साधन है (ग्रांट और ट्रेसी 1984, 177; कार्सन 1984, 11; सिल्वा 1987, vi) । परमेश्वर ने बाइबल में हमसे स्पष्ट रूप से बात की है और उससे भी अधिक स्पष्ट रूप से अपने पुत्र, यीशु मसीह में (इब्रानियों 1:1-3) । मसीह संपूर्ण पवित्रशास्त्र का केंद्रबिंदु है। वह इसकी सर्वोच्च पूर्ति और लक्ष्य है। वह पवित्रशास्त्र का प्रभु है। उसमें प्रकटीकरण पूर्ण और अंतिम है (यूहन्ना 1:1-18; 1 कुरिन्थियों 8:6; कुलुस्सियों 1:13-20)।

C. बाइबल सामान्य, गैर-तकनीकी मानव भाषा में लिखी गई है। इसका केंद्रबिंदु शब्दों, खंड़ों, वाक्यों का स्पष्ट, सामान्य अर्थ है (सिल्वा 1987, 42)। पवित्र आत्मा ने सत्य के सरल कथन दिए। कहने का अर्थ यह नहीं है कि बाइबल असंदिग्ध है, कि इसमें सांस्कृतिक मुहावरे नहीं हैं, या यह कि इसमें कठिन अवतरण और, इस समय, शास्त्रीय त्रुटियाँ नहीं हैं। हालाँकि, इसमें गुप्त या रहस्यमय अर्थ नहीं है। यह विरोधाभासी (विश्वास की समरूपता) नहीं है, हालाँकि इसमें सत्यों के बीच विरोधाभास या द्वंद्वात्मक तनाव शामिल है।

D. बाइबल का संदेश मुख्य रूप से छुटकारा देनेवाला है और यह सभी मनुष्यों के लिए है (यहेजकेल 18:23,32; यूहन्ना 4:42; 1 तीमुथियुस 2:4; 4:10; 2 पतरस 3:9)। यह संसार के लिए है, विशेष रूप से सिर्फ इस्राएल के लिए ही नहीं (उत्पत्ति 3:15; 12:3; निर्गमन 19:5-6)। यह न केवल कलीसिया के लिए, परंतु "खोए हुए" (पतित) संसार के लिए है। यह आम, औसत मनुष्य के लिए है, न केवल आत्मिक या बौद्धिक वरदान प्राप्त लोगों के लिए।

E. पवित्र आत्मा उचित समझ के लिए एक अनिवार्य मार्गदर्शक है।
   1. मानव प्रयास और धर्मनिष्ठता (2 तीमुथियुस 2:15) और आत्मा की अगुवाई (यूहन्ना 14:26; 16:13-14; 1 यूहन्ना 2:20-21,27) के बीच संतुलन होना चाहिए।
   2. "बाइबल की व्याख्या संभवतः एक आत्मिक वरदान है (जैसे सुसमाचार प्रचार, दान देना या प्रार्थना करना), फिर भी यह हर विश्वासी का कार्य भी है। यद्यपि यह एक वरदान है, लेकिन वरदान प्राप्त लोगों का विश्लेषण करके, हम सभी एक बेहतर कार्य कर सकते हैं।
   3. मानवीय बौद्धिक पहुँच से परे एक आत्मिक पहलू है। मूल लेखकों ने अक्सर जो समझा उससे अधिक दर्ज़ किया (भविष्य की घटनाएँ, प्रगतिशील प्रकटीकरण के पहलू और विविध पूर्ति करने वाली भविष्यवाणी) । मूल श्रोता अक्सर प्रेरित संदेश और इसके निहितार्थों को समझ नहीं पाते थे। आत्मा हमें बाइबल के लेखकों के मूल संदेश को समझने के लिए प्रकाशित करती है। हम हर विस्तृत जानकारी को समझ नहीं सकते हैं, लेकिन फिर, कौन समझ सकता है? आत्मा सारे पवित्रशास्त्र का सच्चा लेखक है।

F. बाइबल हर आधुनिक सवाल पर सीधे बात नहीं करती है (स्पायर 1980, 82-82)। यह कई क्षेत्रों में अस्पष्ट है। इसमें से कुछ को मूल ऐतिहासिक विन्यास में बंद है (जैसे, 1 कुरिन्थियों 15:29) और अन्य भाग इतिहास के "अभी तक नहीं" के पीछे छिपे हुए हैं (जैसे, दानिय्येल 12:4)। यह याद रखना चाहिए कि बाइबल साम्यपूर्ण सत्य है, विस्तृत सत्य नहीं। यह विश्वास और जीवन के लिए पर्याप्त है। हम परमेश्वर के बारे में या पवित्रशास्त्र के एक विशिष्ट सिद्धांत के बारे में सब कुछ नहीं जान सकते हैं, लेकिन हम उसे जान सकते हैं जो आवश्यक है (सिल्वा 1987, 80)।

VI. प्रासंगिक पद्धति के बारे में सामान्य कथन

यह पाठ्यपुस्तक मूल रूप से बाइबल की व्याख्या करने के लिए प्रासंगिक/पाठीय या शाब्दिक पद्धति का परिचय है। यह विधि अन्योक्ति संबंधी पद्धति की प्रतिक्रिया में जो पहले मिस्र के अलेक्जेंड्रिया में विकसित हुई थी, सीरिया के अन्ताकिया में तीसरी शताब्दी में विकसित की गई थी। इस प्राचीन पद्धति के ऐतिहासिक विकास और स्पष्टीकरण को

बाद के सत्र में विकसित किया जाएगा। इस परिचयात्मक सत्र में मुझे अन्ताकिया की विधि के बारे में कुछ सामान्य कथन करने दें।

A. यह एकमात्र ऐसी उपलब्ध कार्यप्रणाली है जो व्याख्या पर नियंत्रण प्रदान करती है जो अन्य लोगों को, किसी दी गई व्याख्या को पाठ से सत्यापित करने में सक्षम बनाती है। यह बड़े प्रमाण में सुसंगतता और आश्वासन प्रदान करती है कि किसी ने मूल प्रेरित लेखक के अभिप्राय के प्रकाश में अवतरण की व्याख्या ठीक से की है। जैसा कि गॉर्डन फ़ी कहते हैं, "एक बाइबल जिसका अर्थ कुछ भी हो सकता है, उसका कुछ भी अर्थ नहीं।"
B. यह केवल विद्वानों या कलीसियाओं के अगुवों के लिए ही एक विधि नहीं है, बल्कि मूल श्रोताओं के पास वापस जाने का एक साधन है। इन मूल श्रोताओं ने संदेश को अपने अस्तित्वगत संदर्भ और सांस्कृतिक परिवेश में समझा होगा। समय, भाषा, और संस्कृति के कारण मूल विन्यास और संदेश को समझने का कार्य तेजी से कठिन हो जाता है (विर्कलर 1981, 1920)। जो सहजता से स्पष्ट था वह अक्सर इतिहास, संस्कृति या मुहावरे में खो जाता है। इसलिए, इतिहास और संस्कृति का ज्ञान महत्त्वपूर्ण बन जाता है। मूल भाषा, इसकी संरचना और इसके मुहावरों का ज्ञान बहुत सहायक हो जाता है। सांस्कृतिक और भाषाई अंतर के कारण हम शोधकर्ता, या कम से कम, सक्षम शोधकर्ताओं के पाठक बन जाते हैं।
C. व्याख्या में हमारा पहला और अंतिम कार्य है जितना संभव हो उतना इस बात को स्पष्ट रूप से समझना कि बाइबल लेखक अपने दिन में क्या कह रहे थे, मूल श्रोताओं ने क्या समझा होगा, और ये सत्य हमारी संस्कृति और हमारे व्यक्तिगत जीवनों पर कैसे लागू होते हैं। इन मानदंडों के अलावा कोई सार्थक व्याख्या नहीं है!

    इस स्थान पर मुझे कई संदर्भ और विषयवस्तु से संबंधित उन प्रश्नों का वर्णन करने दीजिए जो प्रत्येक बाइबल पाठ से पूछे जाने चाहिए।

    1. मूल लेखक ने क्या कहा? (पाठ्य समीक्षा)
    2. मूल लेखक का क्या अर्थ है? (टीका)
    3. मूल लेखक ने उसी विषय पर कहीं और क्या कहा? (समानांतर अवतरण)
    4. अन्य बाइबल लेखकों ने उसी विषय पर क्या कहा? (समानांतर अवतरण)
    5. मूल श्रोताओं ने संदेश को कैसे समझा और उस पर प्रतिक्रिया दी? (मूल अनुप्रयोग)
    6. मूल संदेश मेरे दिन पर कैसे लागू होता है? (आधुनिक अनुप्रयोग)
    7. मूल संदेश मेरे जीवन पर कैसे लागू होता है? (व्यक्तिगत आवेदन)

VII. पाठक के लिए कुछ सामान्य टिप्पणियाँ

A. पाप सभी की व्याख्या (उद्धार के बाद भी), शिक्षा, प्रार्थना और व्यवस्थितकरण को प्रभावित करता है। मुझे पता है कि यह मेरी इन बातों को प्रभावित करता है, लेकिन मुझे हमेशा यह समझ में नहीं आता कि कहाँ और कैसे। इसलिए, हम में से प्रत्येक को हमारे अध्ययन को पवित्र आत्मा के माध्यम से छान लेना चाहिए। मेरे उदाहरणों को देखें, मेरे तर्क पर चिंतन करें, मुझे आपकी अवधारणाओं को विस्तृत करने की अनुमति दें।
B. जो कुछ आपने हमेशा सुना या माना है, पूरी तरह से उसी आधार पर कृपया इस पाठ्यपुस्तक का न्याय या प्रतिक्रिया न करें । मुझे अपनी पारंपरिक समझ को कम से कम चुनौती देने का अवसर दें। मैं अक्सर अपनी कक्षाओं को

बताता हूँ, "सिर्फ इसलिए कि मैं कुछ ऐसा कहता हूँ जो आपने कभी नहीं सुना, इसका अर्थ यह नहीं है कि मैं अजीब हूँ!"

C. मेरे द्वारा प्रयोग किए गए उदाहरण विवादास्पद हैं। वे आपको अपने व्यक्तिगत धर्मशास्त्र और बाइबल अध्ययन तकनीकों के बारे में सोचने और पुनर्परीक्षण करने के लिए दिए गए हैं। कृपया इन व्याख्यात्मक सिद्धांतों या टीका संबंधी प्रक्रियाओं के उदाहरणों में इतने अधिक लिप्त न हो जाएँ कि आप उस कार्यपद्धति को जिसे मैं प्रस्तुत करने की कोशिश कर रहा हूँ, चूक जाएँ। उदाहरण इसलिए लिए दिए गए हैं
   1. वैकल्पिक व्याख्याएँ दिखाने के लिए
   2. व्याख्याओं की अनुपयुक्तता दिखाने के लिए
   3. व्याख्यात्मक सिद्धांतों को समझाने के लिए
   4. आपका ध्यान आकर्षित करने और बनाए रखने के लिए

D. कृपया याद रखें कि मैं आपको अपना व्यक्तिगत धर्मशास्त्र प्रदान करने की नहीं, लेकिन एक प्राचीन मसीही व्याख्यात्मक कार्यपद्धति और उसके अनुप्रयोग का परिचय देने कोशिश कर रहा हूँ। मैं आपकी सहमति की माँग नहीं कर रहा हूँ, लेकिन आपको ऐसी व्याख्यात्मक प्रक्रियाओं को लागू करने की चुनौती देने का प्रयास कर रहा हूँ, जो शायद हमेशा हमारे सभी सवालों का जवाब न दे सके, लेकिन जो यह पहचानने में मदद करेंगे कि कोई कब पवित्रशास्त्र के अवतरण के बारे में बहुत अधिक या बहुत कम कहने की कोशिश कर रहा है।

E. यह पाठ्यपुस्तक मुख्य रूप से नए मसीहियों के लिए नहीं बनाई गई है। यह उन विश्वासियों के लिए है जो परिपक्वता के साथ संघर्ष कर रहे हैं और बाइबल श्रेणियों में अपने विश्वास को व्यक्त करना चाहते हैं। परिपक्वता स्व-परीक्षण और जीवन शैली के विश्वास की एक तनाव से भरी प्रक्रिया है। यह एक ऐसा तीर्थ है जो कभी भी रुकता नहीं है।

बाइबल

I. कैनन

क्योंकि यह पाठ्यपुस्तक मूल रूप से बाइबल की व्याख्या करने के लिए प्रासंगिक और पाठीय सिद्धांतों की प्रस्तावना है, इसलिए यह स्पष्ट प्रतीत होता है कि हमें पहले बाइबल को ही देखने की आवश्यकता है। इस अध्ययन के उद्देश्य से हम केननिज़ैषण (सबसे बड़ी पूर्वधारणा) में आत्मा के मार्गदर्शन को मानने वाले हैं।

A. लेखक की सामान्य पूर्वधारणाएँ
   1. परमेश्वर विद्यमान है और वह चाहता है कि हम उसे जानें।
   2. उसने स्वयं को हम पर प्रकट किया है।
      a. उसने इतिहास में काम किया (प्रकटीकरण)
      b. उसने कुछ लोगों को अपने कामों को दर्ज़ करने और समझाने के लिए चुना (प्रेरणा)
      c. उसका आत्मा इस लिखित प्रकटीकरण के पाठक (श्रोता) को इसके मुख्य सत्य (प्रकाशन) को समझने में मदद करता है।
   3. बाइबल परमेश्वर के बारे में सत्य का एकमात्र विश्वासयोग्य स्रोत है (मैं यीशु के जीवन और शिक्षाओं के बारे में केवल बाइबल के माध्यम से जानता हूँ)। यह विश्वास और पालन करने के लिए कुल मिलाकर हमारा एकमात्र स्रोत है। विशिष्ट अवसरों और समयों के लिए लिखी गई पुराने नियम और नये नियम की पुस्तकें अब सभी अवसरों और युगों के लिए प्रेरित मार्गदर्शिका हैं। हालाँकि, उनमें कुछ सांस्कृतिक सत्य है कि उनके अपने समय और संस्कृति से श्रेष्ठ नहीं हैं (जैसे कि, बहुविवाह, पवित्र युद्ध, गुलामी, ब्रह्मचर्य, स्त्रियों का स्थान, घूँघट पहनना, पवित्र चुम्बन, आदि)।

B. मुझे अहसास है कि कुछ दुर्भाग्यपूर्ण प्रसंगों और घटनाओं के साथ केननिज़ैषण प्रक्रिया एक ऐतिहासिक प्रक्रिया है, लेकिन यह मेरी पूर्वधारणा है कि परमेश्वर की अगुवाई में इसका विकास हुआ। प्रारंभिक कलीसिया ने पुराने नियम की उन मान्यता प्राप्त पुस्तकों को स्वीकार किया जो यहूदी धर्म के भीतर स्वीकार की गईं थीं। ऐतिहासिक शोध से ऐसा लगता है कि प्रारंभिक कलीसियाओं ने, न कि केवल प्रारंभिक महासभाओं ने, नए नियम के कैनन को निश्चित किया। जाहिर तौर पर निम्नलिखित मानदंड शामिल थे, या तो सचेतन या अवचेतन रूप से।
   1. प्रोटेस्टेंट कैनन में सभी प्रेरित पुस्तकें हैं; कैनन बंद है! (यानी, "विश्वास," प्रेरितों के काम 6:7; 13:8; 14:22; गलातियों 1:15; 6:10; यहूदा पद 3,20)
      a. यहूदियों से पुराना नियम स्वीकार किया
      b. नये नियम में सत्ताईस पुस्तकें (एक प्रगतिशील ऐतिहासिक प्रक्रिया)
   2. नये नियम के लेखक यीशु या एक प्रेरित से जुड़े हैं (एक प्रगतिशील ऐतिहासिक प्रक्रिया)
      a. याकूब और यहूदा यीशु से (उसके सौतेले भाई)
      b. मरकुस पतरस से (रोम में उसके धर्मोपदेशों को सुसमाचार में बदल दिया)
      c. लूका पौलुस से (मिशनरी साथी)
      d. इब्रानियों पारंपरिक रूप से पौलुस से

3. प्रेरितीय प्रशिक्षण के साथ धर्मशास्त्रीय एकता (बाद में "विश्वास का नियम" कहलाया)।सुसमाचार नये नियम की अधिकांश अन्य पुस्तकों के बाद लिखे गए थे
   a. विधर्म के उदय के कारण (अर्थात, अभिग्रहणवाद, ज्ञानवाद, मार्सिओनिज़्म और मोंटेनिज़्म)
   b. दूसरे आगमन में विलंब होने के कारण
   c. बारह प्रेरितों की मृत्यु के कारण
4. श्रोताओं के स्थायी रूप से और नैतिक रूप से बदले हुए जीवन जिनके द्वारा इन पुस्तकों को पढ़ा और स्वीकार किया गया
5. कैनोनिकल पुस्तकों की प्रारंभिक सूचियों में प्रारंभिक कलीसियाओं और बाद की कलीसिया परिषदों की आम सहमति को देखा जा सकता है।
   a. ओरिजन (A.D. 185-254) का दावा है कि कलीसियाओं में चार सुसमाचार और प्रेरितों की पत्रियाँ प्रचलन में थीं।
   b. रोम से म्यूराटोरियन फ्रैगमेंट जिसकी कालावधि A.D. 180-200 के बीच है (आज उपलब्ध एकमात्र कॉपी एक क्षतिग्रस्त, बाद का लैटिन पाठ है)। इसमें प्रोटेस्टेंट नये नियम के समान ही 27 पुस्तकें सूचीबद्ध हैं (लेकिन एपोकैलिप्स ऑफ पीटर और शेफर्ड ऑफ हरमास भी सम्मिलित हैं) ।
   c. कैसरिया के यूसीबियस (A.D. 265-340) ने मसीही लेखन का वर्णन करने के लिए एक तिगुना पदनाम (जैसा कि ओरिजन किया) पेश किया: (1) "ग्रहण किया" और इस तरह स्वीकार किया गया; (2) "विवादित" और इस तरह इसका अर्थ है सभी ने नहीं, कुछ कलीसियाओं उन्हें स्वीकार किया; और (3) "कल्पित" और इस तरह अधिकांश कलीसियाओं द्वारा अस्वीकार्य और पढ़ा नहीं जाने वाला। विवादित श्रेणी में जो अंततः स्वीकार किए गए वे थे: याकूब, यहूदा, 2 पतरस, और 2 और 3 यूहन्ना।
   d. उत्तरी अफ्रीका से चेल्टेनहैम सूची (लैटिन में) (360 ई.) में प्रोटेस्टेंट नये नियम के समान, लेकिन एक असामान्य क्रम में वही 27 पुस्तकें हैं (इब्रानियों, याकूब और यहूदा के अलावा [इब्रानियों का विशेष रूप से उल्लेख नहीं किया गया है, लेकिन पौलुस के पत्रों में शामिल किया जा सकता है])।
   e. सर्वप्रथम 367 ई. के अथानासियस के ईस्टर पत्र में उन्हीं 27 पुस्तकों को प्रोटेस्टेंट नये नियम के रूप में अचूकता से सूचीबद्ध किया गया (न कम, न ज्यादा) ।
   f. अद्वितीय पुस्तकों की एक आधिकारिक सूची की अवधारणा और विषयवस्तु एक ऐतिहासिक और धर्मशास्त्रीय विकास थी।
6. वाचन के सुझाव
   a. *The Canon of the New Testament* by Bruce Metzger, published by Oxford Press
   b. Articles on canon in *Zondervan Pictorial Bible Encyclopedia*, Vol. 1, pp. 709-745
   c. *Introduction to the Bible* by William E. Nix and Norman Geisler, published by Moody Press, 1968 (esp. the chart on p. 22)
   d. *Holy Writings – Sacred Text: The Canon in Early Christianity* by John Barton, published by Westminster John Knox Press.
7. पुराना और नया नियम प्राचीन निकट पूर्व की एकमात्र साहित्यिक प्रस्तुतियों हैं जिन्हें विशेष रूप से दिव्य प्रयोजनों की ओर से आने और प्रकट करने के रूप में "canonized" किया गया था। कोई अन्य धार्मिक सूचियाँ नहीं है जो विहित के बीच अंतर करती है (यानी, आधिकारिक) बनाम। गैर-विहित धार्मिक लेखन। यह

ऐतिहासिक प्रक्रिया कैसे, क्यों और कब हुई?

a. क्या यह तीसरी और चौथी शताब्दी ई. की कलीसिया महासभाओं के फैसलों द्वारा हुई?
b. क्या यह दूसरी शताब्दी के मसीही लेखकों के द्वारा प्रयोग से हुई ?
c. क्या यह पहली शताब्दी के अंत से चौथी शताब्दी तक की कलीसियाओं द्वारा हुई?

II. प्रेरणा के दावे

बाइबल, बाइबल के अधिकार और व्याख्या के बारे में परस्पर विरोधी दावों और कथनों के हमारे दिन में, यह अत्यंत महत्त्वपूर्ण हो जाता है कि हम इस बात पर ध्यान केंद्रित करें कि बाइबल स्वयं के लिए क्या दावा करती है। धर्मशास्त्रीय और दार्शनिक चर्चाएँ और उनके दावे दिलचस्प हैं, लेकिन प्रेरित नहीं हैं। मानव श्रेणियों और नियमनों को हमेशा अतिशियोक्तिपूर्ण कथन का दोषी माना गया है। यह महत्त्वपूर्ण है कि हम बाइबल को अपने विषय में बोलने दें।

चूँकि यीशु हमारी आस्था और सिद्धांत का केंद्रबिंदु है, अगर हम उसे इस विषय पर बोलते हुए पा सकते हैं तो यह बहुत जानकारीपूर्ण होगा। उसने मत्ती 5:17-19 के तथाकथित "पहाड़ी उपदेश" के एक आरम्भिक खंड में (मत्ती 5-7) में ऐसा किया। वह स्पष्ट रूप से पवित्र साहित्य के मुख्य भाग के बारे में अपना दृष्टिकोण बताता है जिसे हम पुराना नियम कहते हैं। विश्वासियों के जीवन और विश्वास के लिए इसकी अनन्तता और महत्त्व पर उसके जोर पर ध्यान दें। इसके उद्देश्य और पूर्ति में उसके केंद्रीय स्थान पर भी ध्यान दें। यह अवतरण न केवल एक दैवीय रूप से प्रेरित पुराने नियम का समर्थन करता है, बल्कि स्वयं में उस प्रकटीकरण का एक सर्वोच्च ध्यान केंद्रित करता है (मसीह-केंद्रित प्रारूप विज्ञान)। हालाँकि, यह भी आसानी से ध्यान देने योग्य है कि 21-26, 37-31,33-37, और 38-40 पदों में वह अपने दिन के रब्बियों के यहूदी धर्म के बीच पुराने नियम की पारंपरिक व्याख्या का पुनर्विन्यास करता है। पवित्रशास्त्र स्वयं ही प्रेरित, अनन्त और मसीह-केंद्रित है, लेकिन हमारी मानवीय व्याख्याएँ नहीं। यह एक अत्यंत मूल्यवान मूलभूत सत्य है।वह बाइबल है जो अनन्त और प्रेरित है, न कि इसके बारे में हमारी समझ। यीशु ने तोराह के पारंपरिक, नियम-केंद्रित अनुप्रयोग को तीव्र बना दिया और इसे दृष्टिकोण, प्रेरणा और अभिप्राय के असंभव स्तर तक उठा दिया।

बाइबल प्रेरणा का उत्कृष्ट कथन अन्यजातियों के प्रेरित, तरसुस के शाऊल से आता है। 2 तीमुथियुस 3:15-16 में पौलुस विशेष रूप से पवित्रशास्त्र की "ईश्वर-प्रदत्तता" (शाब्दिक रूप से, परमेश्वर द्वारा फूँका गया) बताता है। इस स्थान पर यह पाठीय रूप से अनिश्चित है कि उसने नये नियम के सभी लेखनों को, जिन्हें हम इस कथन में जानते हैं, शामिल किया होगा। हालाँकि, निहितार्थ से, वे निश्चित रूप से शामिल हैं। इसके अलावा, 2 पतरस 3:15-16 में "पवित्रशास्त्र" की श्रेणी में पौलुस के लेखन शामिल हैं।

पौलुस की ओर से प्रेरणा से संबंधित पवित्रशास्त्र का एक और पुष्टिकारक अवतरण 1 थिस्सलुनीकियों 2:13 में पाया जाता है। यहाँ, पहले की तरह, परमेश्वर प्रेरितों के शब्दों का वास्तविक स्रोत है, इसपर ध्यान केंद्रित किया गया है। इसी बात को प्रेरित पतरस ने 2 पतरस 1:20-21 में दोहराया है।

न केवल पवित्रशास्त्र की उत्पत्ति को बल्कि उसके उद्देश्य को भी दैवीय रूप में प्रस्तुत किया गया है। सम्पूर्ण पवित्रशास्त्र विश्वासियों को उनके विश्वास और जीवन के लिए दिया गया है (रोमियों 4:23-24; 15:4; 1 कुरिन्थियों 10: 6,11; 1 पतरस 1:10-12)।

III. बाइबल का उद्देश्य

A. कोई नियम की पुस्तक नहीं

पवित्रशास्त्र के विषय में हमारी गलतफहमी बहुत कुछ इसके उद्देश्यों से संबंधित हमारी गलत धारणाओं से शुरू होती है। किसी बात के विषय में यह सिद्ध करने का, कि वह क्या है, एक तरीका यह बताना है कि वह क्या नहीं

है। विधिपरायणता के प्रति पथभ्रष्ट मानव प्रवृत्ति, फरीसियों के बीच में बहुत स्पष्ट, जीवित और ठीक है और आपके घर की कलीसिया में रहती है। यह प्रवृत्ति बाइबल को नियमों के एक व्यापक संग्रह में बदल देती है। आधुनिक विश्वासियों ने पवित्रशास्त्र को एक विधिपरायण नियम पुस्तक, एक प्रकार के "मसीही तल्मूद" में बदल दिया है। यह बलपूर्वक कहा जाना चाहिए कि पवित्रशास्त्र का प्राथमिक केंद्रबिंदु छुटकारा है। इसका उद्देश्य है, स्वच्छंद मानवजाति का सामना करना, उन्हें विश्वास दिलाना और परमेश्वर के पास वापस ले जाना (मैकक्लिकिन 183, 49)। प्राथमिक केंद्रबिंदु उद्धार है (2 तीमुथियुस 3:15), जिसका परिणाम है मसीह समान होना (2 तीमुथियुस 3:17)। यह मसीह समान होना भी एक प्रमुख लक्ष्य है (रोमियों 8:28-29; 2 कुरिन्थियों 3:18; गलातियों 4:17; इफिसियों 1:4; 1 थिस्सलुनीकियों 3:13; 4:3; 1 पतरस 1:15), लेकिन यह पहले लक्ष्य का परिणाम है। बाइबल की संरचना और प्रकृति के लिए कम से कम एक संभावना इसका छुटकारे का उद्देश्य है और न कि एक सुनियोजित की गई नियम पुस्तक या सिद्धांत पुस्तक (यानी, मसीही तल्मूद नहीं)। बाइबल हमारे सभी बौद्धिक सवालों पर चर्चा नहीं करती है। कई मुद्दों को अस्पष्ट या अपूर्ण तरीके से संबोधित किया गया है। बाइबल प्राथमिक रूप से एक व्यवस्थित धर्मशास्त्र पुस्तक के रूप में नहीं, लेकिन परमेश्वर के उसकी विद्रोही सृष्टि के साथ व्यवहार के चयनात्मक इतिहास के रूप में तैयार की गई थी । इसका उद्देश्य केवल नियम नहीं है, बल्कि संबंध है। यह क्षेत्रों को खुला छोड़ देती है ताकि हम नियमों से नहीं, (कुलुस्सियों 2:16-23) प्रेम से चलने के लिए मजबूर हो जाते हैं (1 कुरिन्थियों 13)। हमें उसके स्वरूप में बनाए गए लोगों (तुलना उत्पत्ति 1:26-27) की प्राथमिकता को देखना चाहिए, नियमों को नहीं। यह नियमों का एक संग्रह नहीं है, बल्कि एक नया चरित्र, एक नया ध्यान, एक नया जीवन है जो प्रस्तुत किया गया है।

इसका मतलब यह नहीं है कि बाइबल में नियम नहीं हैं, क्योंकि इसमें हैं, लेकिन वे हर क्षेत्र के लिए पर्याप्त नहीं हैं।मानव जाति के द्वारा परमेश्वर की खोज में नियम अक्सर पुलों के बजाय बाधाएँ बन जाते हैं। बाइबल हमें परमेश्वर को प्रसन्न करने वाला जीवन जीने के लिए पर्याप्त जानकारी प्रदान करती है; यह हमें कुछ दिशानिर्देश या सीमाएँ भी प्रदान करती है। हालाँकि, इसका प्राथमिक दान "मार्गदर्शक" है, न कि दिशानिर्देश। मार्गदर्शक को जानना और उसका तब तक अनुसरण करना जब तक कि आप उसके समान नहीं हो जाते, यह पवित्रशास्त्र का दूसरा लक्ष्य है।

B. कोई विज्ञान की पुस्तक नहीं

आधुनिक मानव जाति के द्वारा पवित्रशास्त्र के उन प्रश्नों को पूछने के प्रयास का, जिनका उत्तर देने के लिए इसे तैयार नहीं किया गया है, एक और उदाहरण, आधुनिक वैज्ञानिक जाँच के क्षेत्र में है। कई लोग पवित्रशास्त्र को प्राकृतिक नियम के दार्शनिक ढांचे पर लागू करना चाहते हैं, विशेष रूप से प्रेरक विवेक बुद्धि की "वैज्ञानिक पद्धति" के संबंध में। बाइबल प्राकृतिक नियम पर एक दिव्य पाठ्यपुस्तक नहीं है। यह वैज्ञानिक-विरोधी नहीं है; यह पूर्व-वैज्ञानिक है! इसका प्राथमिक उद्देश्य इस क्षेत्र में नहीं है। हालाँकि बाइबल इन सवालों के बारे में सीधे नहीं बोल रही है, लेकिन यह भौतिक वास्तविकता के बारे में बोलती है, हालाँकि, ऐसा यह वर्णनात्मक भाषा में करती है (यानी, घटनात्मक भाषा), विज्ञान की भाषा में नहीं। यह वास्तविकता का वर्णन अपने दिन के संदर्भ में करता है। यह एक "विश्व दृश्य" से अधिक "विश्व दृष्टिकोण" को प्रस्तुत करता है। इसका अर्थ यह है कि यह "कैसे" की तुलना में "किसने" पर अधिक ध्यान केंद्रित करता है। बातों का वर्णन उस प्रकार किया जाता है जैसी वे आम व्यक्ति को प्रतीत होती हैं (यानी, पाँच इंद्रियां)। कुछ उदाहरण हैं

1. क्या मृतक वास्तव में जमीन में रहते हैं? इब्रानी संस्कृति, हमारी तरह, अपने मृतकों को दफन करती है। इसलिए, वर्णन की भाषा में, वे भूमि में थे (पाताल या अधोलोक)।
2. क्या वास्तव में भूमि पानी पर तैरती है? यह अक्सर तीन-मंजिला ब्रह्मांड मॉडल से जोड़ा जाता है। पूर्वजों को पता था कि पानी भूमि के नीचे मौजूद था (यानी नखलिस्तान)। उनका निष्कर्ष काव्यात्मक भाषा में व्यक्त किया गया।
3. यहाँ तक कि हम, हमारे दिन में, इन श्रेणियों में बोलते हैं।
    a. "सूरज उगता है"

b. "ओस गिरती है"

कुछ पुस्तकें जिन्होंने वास्तव में इस क्षेत्र में मेरी मदद की है

1) *Religion and the Rise of Modern Science* by R. Hooykaas
2) *The Scientific Enterprise and the Christian Faith* by Malcolm A. Jeeves
3) *The Christian View of Science and Scripture* by Bernard Ramm
4) *Science and Hermeneutics* by Vern S. Poythress
5) *Darwinism on Trial* by Phillip Johnson
6) Several good books by Hugh Ross, Pensacola Bible Church, Pensacola, FL
7) *Science and Faith: An Evangelical Dialogue* by Henry Poe and Jimmy Davis
8) *The Battle of Beginnings* by Del Ratzsch
9) *Coming to Peace with Science* by Daniel Falk
10) *Mere Christianity: Science and Intelligent Design* by William Demoski

C. कोई जादू की पुस्तक नहीं

न तो बाइबल कोई नियम की पुस्तक या कोई विज्ञान की पुस्तक है, लेकिन कोई जादू की पुस्तक भी नहीं है। बाइबल के प्रति हमारे प्रेम के कारण हम कुछ बहुत ही अजीब तरीकों से इसके साथ व्यवहार करते हैं। क्या आपने कभी प्रार्थना करके और फिर आपकी बाइबल का कोई भी पृष्ठ अपने आप खुलने पर किसी एक पद पर अपनी उँगली रख कर परमेश्वर की इच्छा को जानना चाहा? यह सामान्य प्रथा बाइबल को इस प्रकार समझती है जैसे कि वह एक क्रिस्टल बॉल या दिव्य "ओइजा बोर्ड" हो। बाइबल एक संदेश है, आधुनिक उरीम और तुम्मीम नहीं (निर्गमन 28:30)। इसका मूल्य इसके संदेश में है, इसकी भौतिक उपस्थिति में नहीं।मसीही होने के नाते, हम अपनी बाइबल को अपने साथ अस्पताल में ले जाते हैं, इसलिए नहीं कि हम इसे पढ़ सकें, क्योंकि हम बहुत बीमार हैं। हम ऐसा इसलिए करते हैं क्योंकि यह हमें परमेश्वर की उपस्थिति को दर्शाती है। कई आधुनिक मसीहियों के लिए बाइबल एक भौतिक मूर्ति बन गई है। इसकी भौतिक उपस्थिति इसकी सामर्थ्य नहीं है, लेकिन मसीह में परमेश्वर के बारे में इसका संदेश है। अपने शल्यक्रिया के घाव पर अपनी बाइबल रखने से यह उसे तेजी से ठीक होने में मदद नहीं करेगा। हमें सिर्फ अपने बिस्तर के पास बाइबल की आवश्यकता नहीं है; हमें अपने हृदय में इसके संदेश की जरूरत है।

मैंने यह भी सुना है कि अगर कोई बाइबल गिराता है या कोई उसमें लिखता है तो लोग परेशान हो जाते हैं। बाइबल गाय की त्वचा (यदि आपके पास एक महँगी वाली है), पेड़ की लुगदी और स्याही से ज्यादा कुछ नहीं है। यह केवल परमेश्वर के साथ उसके संबंध में पवित्र है। बाइबल तब तक बेकार है जब तक उसे पढ़ा और उसका अनुसरण नहीं किया जाता। हमारी संस्कृति बाइबल के प्रति श्रद्धालु और परमेश्वर के प्रति विद्रोही है। पहले के समय में हमारी अदालत की व्यवस्था में बाइबल पर अपना हाथ रखते हुए सच्चाई बताने की कसम खानी पड़ती थी। यदि कोई विश्वासी है तो वह वैसे भी झूठ नहीं बोलेगा। यदि कोई एक ऐसी प्राचीन पुस्तक पर शपथ ले रहा है जिसमें वह विश्वास नहीं करता और जिसकी विषयवस्तु वह नहीं जानता तो हम यह कैसे सोच सकते हैं कि वह झूठ नहीं बोलेगा?

बाइबल कोई जादुई आकर्षण नहीं है। यह प्राकृतिक घटनाओं पर एक विस्तृत, पूर्ण, भरी-पूरी पाठ्यपुस्तक नहीं है और यह हर क्षेत्र में विस्तृत निर्देशों के साथ जीवन के खेल पर "हॉयल की" नियम पुस्तक नहीं है। यह परमेश्वर का संदेश है जो मानव इतिहास में कार्य करता है। यह उसके पुत्र की ओर संकेत करती है और यह हमारे विद्रोह पर उँगली उठाती है।

IV. बाइबल के बारे में लेखक की पूर्वधारणाएँ

भले ही मानवजाति की अपेक्षाओं और उपयोगों के द्वारा बाइबल के साथ दुर्व्यवहार किया गया है, फिर भी यह विश्वास और पालन के लिए हमारा एकमात्र मार्गदर्शक है। मैं बाइबल के बारे में अपनी पूर्वधारणाओं को बताना चाहूँगा।

मेरा मानना है कि बाइबल, पुराना और नया नियम दोनों ही, परमेश्वर का एकमात्र स्पष्ट स्व-प्रकाशन है। नया नियम पुराने नियम की सिद्ध पूर्ति और व्याख्याकार है (हमें पुराने नियम को यीशु के नये प्रकटीकरण और नये नियम के माध्यम से देखना चाहिए, जो मूल रूप से इस्राएल से किए गए वादों को सार्वभौमिक बनाता है)। मेरा मानना है कि केवल एकमात्र सनातन, सृष्टिकर्ता, उद्धारक परमेश्वर ने कुछ विशिष्ट व्यक्तियों को व्यक्तियों और राष्ट्रों के जीवन में उसके कृत्यों को दर्ज़ करने और समझाने के लिए प्रेरित करके हमारे कैनॉनिकल पवित्रशास्त्र के लेखन की शुरुआत की। परमेश्वर और उसके उद्देश्यों (मैं केवल नये नियम के पृष्ठों से यीशु के बारे में जानता हूँ) के बारे में जानकारी का हमारा एकमात्र स्पष्ट स्रोत बाइबल है। प्राकृतिक प्रकटीकरण (तुलना अय्यूब 38-39; भजनसंहिता 19:1-6; रोमियों 1:19-20; 2:14-15) मान्य है, लेकिन पूरा नहीं है। यीशु मसीह स्वयं के बारे में परमेश्वर के प्रकटीकरण आच्छादन शिला है (तुलना यूहन्ना 1:18; कुलुस्सियों 1:14-16; इब्रानियों 1:2-3)। बाइबल को सही ढंग से समझने के लिए (इसके आत्मिक आयाम में) इसे पवित्र आत्मा (तुलना यूहन्ना 14:23; 16:20-21; 1 कुरिन्थियों 2:6-16) द्वारा प्रकाशित किया जाना चाहिए। इसका संदेश सभी विश्वासियों के लिए आधिकारिक, पर्याप्त, अनन्त, अचूक और विश्वसनीय है। इसकी प्रेरणा का सटीक साधन हम पर प्रकट नहीं किया गया है, लेकिन विश्वासियों के लिए यह स्पष्ट है कि बाइबल एक अलौकिक पुस्तक है, जो सामान्य लोगों द्वारा विशेष नेतृत्व में लिखी गई है।

V. एक अलौकिक, प्रेरित और आधिकारिक बाइबल के प्रमाण

हालाँकि उपरोक्त कथन पूर्वकल्पित है, सम्पूर्ण मानव ज्ञान के समान, इसका अर्थ यह नहीं है कि कोई विश्वसनीय सहायक प्रमाण नहीं है। इस स्थान पर आइए हम इस प्रमाण की कुछ जाँच करें।

A. बाइबल में भविष्य की घटनाओं के बारे में बहुत सटीक भविष्यवाणियाँ (ऐतिहासिक, प्रतीकात्मक नहीं [होशे 11:1] या सर्वनाश सूचक [जकर्याह 9]) हैं, जो अस्पष्ट संविन्यास में नहीं, बल्कि विशिष्ट और प्रायः चौंका देने वाली सटीकता में हैं। आगे दो अच्छे उदाहरण हैं।
   1. यीशु की सेवकाई का क्षेत्र गलील होने की भविष्यवाणी यशायाह 9:1 में की गई थी। यह यहूदिया के यहूदी समुदाय के लिए बहुत अप्रत्याशित था क्योंकि गलील को मंदिर से प्राकृतिक दूरी के कारण विधिसम्मत नहीं माना जाता था। फिर भी, इसी भौगोलिक क्षेत्र में यीशु की सेवकाई का अधिकांश भाग बीता।
   2. यीशु के जन्म का स्थान विशेष रूप से मीका 5:2 में दर्ज किया गया है। बैतलहम एक बहुत छोटा गाँव था जिसकी प्रसिद्धि का एकमात्र दावा यह था कि यिशै का परिवार वहाँ रहता था। फिर भी, यीशु के जन्म से 750 साल पहले बाइबल विशेष रूप से इसे मसीहा के जन्मस्थान के रूप में दर्शाती है। यहाँ तक कि हेरोदेस के दरबार के रब्बी विद्वानों को भी यह पता था (मत्ती 2: 4-6)। कुछ लोगों ने यशायाह और मीका दोनों की तिथि का अनुमान 8वीं शताब्दी ई.पू लगाया होगा , हालाँकि, सेप्टुआजिंट (जो इब्रानी पवित्रशास्त्र का यूनानी अनुवाद है, जो लगभग 250-200 ई.पू. शुरू हुआ था) के कारण, ये भविष्यवाणियाँ उनकी पूर्ति के कम से कम 200 से भी अधिक वर्ष पहले की गईं थी ।

B. एक अन्य प्रमाण पुरातत्व के आधुनिक वैज्ञानिक शिक्षण से संबंधित है। पिछले कुछ दशकों में पुरातात्विक खोज जबरदस्त मात्रा में देखी गई है। मेरे ज्ञान में ऐसी कोई भी खोज नहीं हुई है, जिसने बाइबल की ऐतिहासिक सटीकताओं का अस्वीकार नहीं किया हो (Nelson Glueck, *Rivers in the Desert*, p. 31, "कोई पुरातात्विक खोज कभी भी नहीं की गई है जो कि पवित्रशास्त्र के ऐतिहासिक कथनों का विरोध या खंडन करती हैं"), काफी विपरीत है। पुरातत्व ने बाइबल की ऐतिहासिकता में बार-बार विश्वास जगाया है।
   1. एक उदाहरण दूसरी सहस्राब्दी ई.पू. के नुज़ी और मारी पटियाओं में मेसोपोटामियाई नामों का प्रयोग है, जो उत्पत्ति में भी देखे जाते हैं। अब ये वही लोग नहीं हैं, लेकिन नाम वही हैं । नाम एक विशेष समय और स्थान की विशेषता है। "तेरह" और "नाहोर" नाम बाइबल के विवरणों और इन प्राचीन पटियाओं में आम हैं।

2. एशिया माइनर में हित्ती सभ्यता का अस्तित्व एक और उदाहरण है। कई वर्षों (19 वीं शताब्दी) के धर्मनिरपेक्ष इतिहास में इस नाम से ज्ञात स्थिर, विकसित संस्कृति का कोई संदर्भ नहीं था (आर्चर 1982, 96-98, 210)। हालाँकि, उत्पत्ति 10 और बाइबल की ऐतिहासिक पुस्तकों में कई बार उनका उल्लेख है (2 राजाओं 7:6,7; 2 इतिहास 1:17)। पुरातत्व ने पुष्टि की है, न केवल उनके अस्तित्व, बल्कि उनकी दीर्घायु और शक्ति की (यानी, 1950 के पुरातत्ववेत्ताओं को 2,000 फ़ानाकार पटियाओं का शाही पुस्तकालय मिला जहाँ राष्ट्र को अनातोलिया और हित्ती दोनों कहा जाता था)।
3. बेबीलोन के आखिरी राजा बेलशस्सर (दानिय्येल 5) के अस्तित्व को अक्सर नकार दिया गया है। बेबीलोन के दस्तावेजों से लिए गए धर्मनिरपेक्ष इतिहास में बेबीलोन के राजाओं की दस सूचियाँ हैं, लेकिन किसी में भी बेलशस्सर का नाम नहीं है। आगे की पुरातात्विक खोजों से यह स्पष्ट हो गया कि उस समय के दौरान बेलशस्सर सह-शासक और प्रभारी अधिकारी था। उसका पिता, नाबोनिदस, जिसकी माँ चाँद देवी, ज़िन, की उच्च याजकिन थीं, ज़िन (नाना) की पूजा में इतना व्यस्त हो गया कि वह उसके पवित्र शहर तेमा (अरब) चला गया, जब वह मिस्र के खिलाफ दस साल के सैन्य अभियान पर था। उसने अपने पुत्र बेलशस्सर को उसकी अनुपस्थिति में बेबीलोन शहर पर राज्य करने के लिए छोड़ दिया।

C. एक अलौकिक बाइबल का एक और प्रमाण इसके संदेश की एकरूपता है। कहने का यह अर्थ नहीं है कि बाइबल में कुछ विरोधाभासी सामग्री नहीं है, लेकिन यह स्वयं अपनी विरोधी भी नहीं है। यह आश्चर्यजनक है जब कोई यह सोचता है कि इसे 1600/1400 वर्ष की अवधि में (निर्गमन की तारीख पर निर्भर करते हुए, अर्थात, 1495, 1290 ई.पू.) मेसोपोटामिया से मिस्र तक के मौलिक रूप से विभिन्न शैक्षिक और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि के लेखकों द्वारा लिखा गया था। इसे विभिन्न साहित्यिक शैलियों में रचित है और इसे तीन अलग-अलग भाषाओं (इब्रानी, अरामी और कोइन यूनानी) में लिखा गया है। फिर भी, इस सारी विविधता के साथ, एक एकीकृत संदेश (यानी, कथानक) प्रस्तुत किया गया है।

D. अंत में, बाइबल की अनूठी प्रेरणा के लिए सबसे अद्भुत प्रमाणों में से एक है इतिहास में विभिन्न संस्कृतियों, विभिन्न शैक्षिक स्तरों और विभिन्न सामाजिक-आर्थिक स्तरों के पुरुषों और स्त्रियों के स्थायी रूप से नैतिक रूप से परिवर्तित जीवन। जहाँ कहीं भी बाइबल सिर्फ ऐसे ही पढ़ी गई है, जीवन शैली में पूर्ण, स्थायी परिवर्तन हुए हैं। बाइबल अपनी स्वयं की सर्वश्रेष्ठ समर्थक है।

VI. बाइबल की हमारी व्याख्या से संबंधित समस्याएँ

उपरोक्त का अर्थ यह नहीं है कि इसे समझना आसान है या यह कि बाइबल से जुड़ी कुछ समस्याएँ नहीं हैं। मानव भाषा की प्रकृति, हाथ की नकल की गई पांडुलिपियों और साथ ही साथ अनुवाद की समस्या के कारण, हमारी आधुनिक बाइबलों की व्याख्या विश्लेषणात्मक रूप से की जानी चाहिए।

आधुनिक बाइबल पाठक का सामना करने में पहली समस्या है पांडुलिपि भिन्नताएँ जो अस्तित्व में हैं। यह केवल इब्रानी पुराने नियम के लिए ही नहीं, बल्कि यूनानी नये नियम के लिए भी सच है। इस विषय पर बाद के अध्याय में अधिक व्यावहारिक तरीके से चर्चा की जाएगी, लेकिन आइए अब हम इस समस्या पर ध्यान दें। इसे अक्सर पाठ्य समीक्षा कहा जाता है। यह मूल रूप से बाइबल के मूल शब्द को तय करने की कोशिश करता है। इस समस्या के बारे में कुछ अच्छी किताबें हैं:

A. *Biblical Criticism: Historical, Literary and Textual* by B. K. Walke, D. Guthrie, Gordon Fee, and R. H. Harrison
B. *The Text of the New Testament: Its Transmission, Corruption and Restoration* by Bruce M. Metzger
C. *Introduction to New Testament Textual Criticism* and *Scribes, Scrolls, and Scriptures*, by J. H. Greenlee
D. *The Books and the Parchments* by F. F. Bruce
E. *The Early Versions of the New Testament* by Bruce Metzger
F. *The New Testament Documents: Are They Reliable?* by F. F. Bruce
G. *The King James Version Debate: A Plea for Realism* by D. A. Carson
H. *Ancient Orient and Old Testament* by K. A. Kitchen
I. *The Orthodox Corruption of Scripture* by Bart D. Ehrman
J. *Rethinking New Testament Textual Criticism* edited by David Alan Beach

VII. हमारी आधुनिक बाइबल के प्रमुख पाठ्य स्त्रोत

इब्रानी में पुराने नियम के आधुनिक पाठ को मैसोरेटिक टेक्स्ट कहा जाता है (100 ई. में रब्बी एक्विबा द्वारा निर्धारित व्यंजनिक पाठ)। यह शायद यीशु के दिन के फरीसियों, जो एकमात्र धार्मिक समूह थे जो 70 ई. में तीतुस द्वारा यरूशलेम के विनाश से बचे थे, द्वारा प्रयोग किया जाने वाला पाठ था। इसका नाम यहूदी विद्वानों के एक समूह के नाम पर पड़ा है जिन्होंने स्वरांकन बिंदुओं, विराम चिह्नों और कुछ पाठ्य टिप्पणियों को प्राचीन, अनपॉन्डेड (स्वर रहित) इब्रानी पाठ (9 वीं शताब्दी ई. में पूर्ण) में डाला। निम्नलिखित पुराने नियम और नये नियम के स्रोतों की एक संक्षिप्त रूपरेखा है।

A. पुराना नियम
   1. मैसोरेटिक टेक्स्ट (MT) - इब्रानी व्यंजन पाठ का रूप रब्बी एक्विबा द्वारा 100 ई. में निर्धारित किया गया था। स्वरांकन बिंदुओं, उच्चारणों, पार्श्व टिप्पणियों, विराम चिह्नों और तंत्र टिप्पणियों को मैसोरेटिक विद्वानों द्वारा जोड़ने का कार्य 9 वीं शताब्दी ई. में समाप्त हो गया था। इस पाठ रूप को मिश्नाह, तल्मूद, तरगुम्स (अरामी अनुवाद), पेशित्ता (सिरियाई अनुवाद) और वुल्गेट (लैटिन अनुवाद) में उद्धृत किया गया है।
   2. सेप्टुआजिंट (LXX) - परंपरा का कहना है कि इसे अलेक्जेंड्रिया, मिस्र के पुस्तकालय के लिए 70 दिनों में 70 यहूदी विद्वानों द्वारा प्रस्तुत किया गया था। अलेक्जेंड्रिया (285-246 ई.पू.) में रहने वाले राजा टॉलेमी द्वितीय को यहूदी अगुवे के द्वारा यह अनुरोध किया गया था। मिस्र के टॉलेमी शासकों को दुनिया के सबसे बड़े पुस्तकालय का अभिमान था। यह परम्परा " अरिस्तियास के पत्र" से आती है। LXX रब्बी एक्विबा के पाठ (MT) से एक अलग इब्रानी पाठ परंपरा प्रदान करता है। दोनों परंपराएँ मृत सागर चीरकों में प्रस्तुत की गईं हैं।

      समस्या तब आती है जब ये दोनों पाठ एकमत नहीं होते हैं। और, यिर्मयाह और होशे जैसी पुस्तकों में, वे मौलिक रूप से अलग हैं। 1947 में मृत सागर चीरकों की खोज के बाद से, यह स्पष्ट हो गया है कि मैसोरेटिक टेक्स्ट और सेप्टुआजिंट दोनों में प्राचीन पांडुलिपि सत्यापन है। आमतौर पर मैसोरेटिक टेक्स्ट को पुराने नियम के मूल पाठ के रूप में स्वीकार किया जाता है और सेप्टुआजिंट को कठिन अवतरणों या अनुपयोगी वाचनों में इसकी पूर्ति करने दिया जाता है।

a. LXX ने अनुवादकों और विद्वानों की MT को समझने में मदद की है (एक उदाहरण):
   (1) यशायाह 52:14 का LXX, "कई <u>उसे</u> देखकर आश्चर्यचकित होंगे"
   (2) यशायाह 52:14 का MT, "बहुत-से लोग तुझे देखकर चकित हुए"
b. DSS ने अनुवादकों और विद्वानों की MT को समझने में मदद की है (एक उदाहरण):
   (1) यशायाह 21:8 का DSS (IQ यशायाह) - "तब पहरेदार दहाड़ा, मैं बुर्ज पर खड़ा हूँ. . ."
   (2) यशायाह 21:8 का MT - "और मैं एक सिंह के समान दहाड़ा! हे प्रभु, मैं प्रतिदिन लगातार बुर्ज पर खड़ा रहा. . ."
c. LXX और DSS दोनों ने यशायाह 53:11 को स्पष्ट करने में मदद की है
   (1) LXX और DSS - "अपनी आत्मा की मनोव्यथा वह प्रकाश देखेगा, वह संतुष्ट होगा"
   (2) MT - "वह देखेगा उसकी आत्मा की मनोव्यथा को। वह संतुष्ट होगा" (MT में क्रिया दोहराई गई है, परंतु पहला कर्म छोड़ दिया गया है)

हमारे पास बाइबल के मूल लेखकों में से किसी के भी स्वहस्त लेख या मूल पांडुलिपियाँ नहीं हैं, केवल प्रतियों की प्रतियों की प्रतियाँ हैं।

3. डेड सी स्क्रॉल (DSS) मृत सागर चीरक - रोमी ई.पू. अवधि में, यहूदी अलगाववादियों के एक संप्रदाय (इन्होंने मंदिर की आराधना को छोड़ दिया क्योंकि वर्तमान महायाजक हारून के वंश का नहीं था) जिसे "एसेनेस" कहा जाता है, के द्वारा नए नियम के समय के आसपास लिखे गए। इब्रानी पांडुलिपियों (MSS) को 1947 में मृत सागर के आसपास कई गुफा स्थलों में पाया गया था। वे MT और LXX दोनों के पीछे इब्रानी पाठीय वर्ग रखते हैं।

इस क्षेत्र में एक अन्य समस्या मैसोरेटिक टेक्स्ट और नये नियम में पुराने नियम के उद्धरणों के बीच की विसंगति है। एक अच्छा उदाहरण होगा गिनती 25:9 और 1 कुरिन्थियों 10:8 की तुलना। पुराने नियम का संदर्भ बताता है कि 24,000 की मृत्यु हो गई, जबकि पौलुस का कहना है कि 23,000 की मृत्यु हो गई। यहाँ हमें एक प्राचीन पाठ की, जिसकी हाथ से नकल की गई थी, समस्या का सामना करना पड़ा है। यह हस्तांतरण में एक लेखकीय त्रुटि हो सकती है या यह पौलुस या एक रब्बियों की परंपरा का स्मृति से एक उद्धरण हो सकता है। मुझे पता है कि इस तरह की विसंगतियों को खोजना हमारे लिए पीड़ादायक है(प्रेरणा के बारे में हमारी पूर्वधारणाओं के कारण), लेकिन इस मामले की सच्चाई यह है कि बाइबल के हमारे आधुनिक अनुवादों में इस प्रकार की कुछ मामूली समस्याएँ हैं।

इसी तरह की एक समस्या मत्ती 27:9 में पाई जाती है, जहाँ पुराने नियम का उद्धरण यिर्मयाह का उल्लेख करता है, जबकि यह जकर्याह की ओर से प्रतीत होता है। आपको यह दिखाने के लिए कि इससे कितनी असहमति हुई है कि मैं आपको इस विसंगति के कुछ संभावित कारण बताता हूँ।

1. 5 वीं शताब्दी के सिरियाई संस्करण जिसे पेशित्ता कहा जाता है, सरलता से "यिर्मयाह" नाम को हटा दिया है
2. अगस्तीन, लुथर, और केइल मत्ती के पाठ में त्रुटि का दावा करते हैं।
3. ओरिजन और यूसीबियस एक नकल उतारने वाले द्वारा एक त्रुटि का दावा करते हैं।
4. जेरोम और एवल्ड ने दावा किया कि यह एक खोए हुए अप्रमाणिक लेखन से एक उद्धरण है जिसका श्रेय यिर्मयाह को दिया गया है और यह जकर्याह की ओर से एक उद्धरण बिल्कुल नहीं था।
5. मेदे का दावा है कि यिर्मयाह ने जकर्याह 9-11 लिखा
6. लाइटफुट ने कहा कि यिर्मयाह को भविष्यद्वक्ताओं में से सबसे प्रथम के रूप में सूचीबद्ध किया गया था; इस पदनाम में अन्य सभी भविष्यद्वक्ता निहित थे।

7. हेंगस्टनबर्ग ने कहा कि जकर्याह ने यिर्मयाह को उद्धृत किया।
8. केल्विन ने दावा किया कि एक अज्ञात तरीके से पाठ में एक त्रुटि हुई है।

शिक्षित, धर्मी पुरुषों से इतने सारे सिद्धांतों के बाद, यह स्पष्ट है कि हम बस नहीं जानते हैं। समस्या से इनकार करने के लिए (#1) भी कोई जवाब नहीं है। रूढ़ोक्तियों या पूर्वधारणाओं की आड़ लेना भी समस्या का समाधान नहीं है। हमारे बाइबल के आधुनिक अनुवादों में कुछ समस्याएँ हैं जिन्हें हमें हल करने की कोशिश करनी चाहिए। आम लोगों द्वारा यह अक्सर आधुनिक अनुवादों की तुलना करके किया जा सकता है। एक सरल व्यावहारिक सुझाव होगा, यदि आपके आधुनिक अध्ययन बाइबल के मार्जिन में यह कहता है, "सबसे पुरानी और सबसे अच्छी यूनानी पांडुलिपियों में नहीं पाया जाता," बस इस पाठ पर एक सिद्धांत न बनाएँ। समानांतर अवतरण खोजें जहाँ सिद्धांत स्पष्ट रूप से सिखाया गया है।

B. नया नियम

यूनानी नए नियम की 5,300 से अधिक पांडुलिपियाँ (संपूर्ण या खंड) आज भी अस्तित्व में हैं। इनमें से 85 पपीरस पर लिखीं हैं। 268 (बृहदक्षर) पांडुलिपियाँ सम्पूर्ण बड़े अक्षरों में लिखी गई हैं। बाद में, नौवीं शताब्दी ई. के आसपास, एक रनिंग लिपि (छोटा अक्षर) विकसित की गई। इस लिपि में लिखी गईं लगभग 2,700 यूनानी पांडुलिपियाँ हैं। हमारे पास आराधना में प्रयोग किए जाने वाले पवित्रशास्त्र के पाठों की सूचियों की लगभग 2,100 प्रतियाँ हैं जिन्हें भजन पुस्तिकाएँ कहा जाता है। नये नियम के स्रोतों की एक संक्षिप्त रूपरेखा निम्नलिखित है।

1. पपीरस - लगभग 85 यूनानी पांडुलिपियाँ जिनमें नए नियम के कुछ अंश हैं, जो पपीरस पर लिखी हुई, विद्यमान हैं जो दूसरी शताब्दी ई. से दिनांकित हैं, लेकिन अधिकांश तीसरी और चौथी शताब्दी ई. की हैं। इनमें से किसी भी पांडुलिपि में पूरा नया नियम नहीं है। कुछ पेशेवर लेखकों द्वारा तैयार की गई हैं, लेकिन इनमें से कई जल्दबाजी में त्रुटिपूर्ण प्रतिलिपिकारों द्वारा की गई हैं। सिर्फ पुराना होना, अपने आप में और अपने लिए, इसे और अधिक सटीक नहीं बनाता है।
2. कोडेक्स सिनैटिकस - इब्रानी "A" (*aleph*), א, या (01) द्वारा जाना जाता है। यह सीनै पर्वत पर सेंट कैथरीन मठ में टिसचेन्डोर्फ द्वारा पाया गया था। यह चौथी शताब्दी ई. से दिनांकित है। इसमें पुराना और नया नियम दोनों शामिल हैं। यह कोडेक्स B के समान "अलेक्जेंड्रियाई पाठ" प्रकार का है।
3. कोड्स एलेक्जेंड्रिनस - को "A" (*alpha*) या (02) के रूप में जाना जाता है। यह पाँचवीं शताब्दी ई. की पांडुलिपि है जो मिस्र के अलेक्जेंड्रिया में पाई गई थी। केवल सुसमाचार "अलेक्जेंड्रियाई पाठ" प्रकार के हैं।
4. कोडेक्स वैटिकनस - को "B" या (03) के रूप में जाना जाता है, जिसे रोम में वेटिकन के पुस्तकालय में पाया गया था और चौथी शताब्दी ई. के मध्य से दिनांकित है। इसमें पुराना और नया दोनों नियम शामिल हैं। यह कोडेक्स א के रूप में, "अलेक्जेंड्रियाई पाठ" प्रकार का है। इसका मूल दूसरी शताब्दी के P^{75} से है।
5. कोडेक्स एफ्रेमी - को "C" या (04) के रूप में जाना जाता है, एक पाँचवीं शताब्दी ई. की पांडुलिपि है जिसे आंशिक रूप से नष्ट कर दिया गया था। इसका मूल तीसरी शताब्दी के P^{45} से है। पाँचवीं शताब्दी की कोडेक्स W भी इसी पाठ्य वर्ग की है।
6. कोडेक्स बीज़ेई - को "D" या (05) के रूप में जाना जाता है, एक पाँचवीं या छठी शताब्दी ई. की पांडुलिपि है। एल्डन जे इप के अनुसार, इसका मूल, पुराने लैटिन और पुराने सिरियाई अनुवादों, साथ ही साथ कई पपीरस टुकड़ों के आधार पर दूसरी सदी से है। हालांकि, कर्ट और बारबरा एलांड इस पाठ्य वर्ग से जुड़े किसी भी पपीरस को सूचीबद्ध नहीं करते हैं और वे इसे चौथी शताब्दी में रखते हैं और इससे पहले नहीं, लेकिन वे कुछ पूर्वसूचक पपीरसों (जैसे, P^{38}, P^{48}, P^{69}) को सूचीबद्ध करते हैं। जो "पश्चिमी पाठ" कहलाता है, उसका यह प्रमुख

प्रतिनिधि है। इसमें कई परिवर्धन हैं और इरास्मस के यूनानी नये नियम के तीसरे संस्करण, जो किंग जेम्स वर्जन के लिए यूनानी गवाह था, के पीछे मुख्य यूनानी गवाह था ।

नये नियम की पांडुलिपियों को पांडुलिपियों के तीन, संभवतः चार ऐसे वर्गों में वर्गीकृत किया जा सकता है, जो कुछ विशेषताओं को साझा करते हैं।

1. अलेक्जेंड्रियन "स्थानीय" पाठ, जिसमें शामिल हैं
   a. P^{75}, P^{66} (लगभग 200 ई.) सुसमाचार
   b. P^{46} (लगभग 225 ई.) पौलुस के पत्र
   c. P^{72} (लगभग 225-250 ई.) पतरस और यहूदा
   d. कोडेक्स B, जिसे वेटिकनस (लगभग 325 ई.) कहा जाता है, जिसमें पुराना नियम और नया नियम शामिल हैं
   e. ओरिजन द्वारा उद्धृत
   f. अन्य पांडुलिपियाँ जो इस पाठ प्रकार को दिखाती हैं א, L, W, 33
2. उत्तरी अफ्रीका का पश्चिमी पाठ जिसमें एक शामिल हैं
   a. उत्तरी अफ्रीका के उद्धरण: टर्टुलियन, साइप्रियन और पुरानी लैटिन
   b. इरेनुयस के उद्धरण
   c. टाटियन और पुरानी सीरियाई भाषा के उद्धरण
   d. कोडेक्स D "बीज़ेई"
3. बीजान्टिन पाठ
   a. 5,300 पांडुलिपियों में से 80% से अधिक में परिलक्षित (ज्यादातर छोटे अक्षरों में)
   b. सीरिया के अन्ताकिया के अगुवों: कप्पदुकियों, क्राइसोस्टॉम, और थेरडोरेट द्वारा उद्धृत
   c. कोडेक्स A केवल सुसमाचारों में
   d. कोडेक्स E (आठवीं शताब्दी) पूर्ण नये नियम के लिए
4. चौथा संभावित प्रकार "सीजेरियन" है
   a. मुख्य रूप से मरकुस में देखा गया है
   b. इसके कुछ गवाह हैं P^{45}, W, H

C. समस्याओं की संक्षिप्त व्याख्या और "लघु समीक्षा" के सिद्धांत, जिन्हें "पाठ्य समीक्षा" भी कहा जाता है।
   1. पाठभेद कैसे बने?
      a. असावधानीवश या आकस्मिक (अधिकतर घटनाएँ)
         (1) नज़र चूकना
            (a) हाथ की नकल करते समय, जिसमें दो समान शब्दों के दूसरे उदाहरण को पढ़ लिया जाता है और इस तरह बीच के सभी शब्द छूट जाते हैं (होम्योटाइलूटोन)
            (b) एक दोहरे अक्षर शब्द या वाक्यांश को छोड़ने में (हैप्लोग्राफ़ी)
            (c) यूनानी पाठ के वाक्यांश या पंक्ति को दोहराने में दिमागी चूक (डिट्टोग्राफ़ी)
         (2) मौखिक श्रुतलेख द्वारा नकल करने में सुनने में चूकना जिसमें वर्तनी गलत हो जाती है (इटासिस्म)। अक्सर गलत वर्तनी का तात्पर्य या वर्तनी, एक समान दिखने वाला यूनानी शब्द होता है।

(3) आरंभिक यूनानी ग्रंथों में कोई अध्याय या पद्य विभाजन नहीं था, शब्दों के बीच बहुत कम या कोई विराम चिह्न और कोई विभाजन नहीं था। अक्षरों को विभिन्न स्थानों पर विभाजित करके अलग-अलग शब्द बनाना संभव है।

b. साभिप्राय

(1) नकल किए गए पाठ के व्याकरणिक रूप में सुधार करने के लिए परिवर्तन किए गए

(2) पाठ को अन्य बाइबल पाठों की अनुरूपता में लाने के लिए परिवर्तन किए गए (समानान्तरों का सामंजस्य)

(3) दो या दो से अधिक पाठभेद वाचनों को एक लंबे संयुक्त पाठ में जोड़कर परिवर्तन किए गए (सम्मिश्रण)

(4) पाठ में एक कथित समस्या को ठीक करने के लिए परिवर्तन किए गए (तुलना Bart Ehrman, *The Orthodox Corruption of Scripture,* pp. 146-50, इब्रानियों 2:9 के संबंध में)

(5) पाठ को और अधिक सैद्धांतिक रूप से रूढ़िवादी बनाने के लिए परिवर्तन किए गए (तुलना 1 यूहन्ना 5:7-8)

(6) ऐतिहासिक विन्यास या पाठ की उचित व्याख्या के संबंध में कुछ अतिरिक्त जानकारी एक लेखक के द्वारा हाशिये में रखी गई, लेकिन एक दूसरे लेखक द्वारा पाठ में रखी गई (तुलना यूहन्ना 5:4)

D. पाठ्य समीक्षा के मूल सिद्धांत (प्रतिलिपि संबंधी संभावनाएँ)

1. सबसे अजीब या व्याकरणिक रूप से असामान्य पाठ शायद मूल पाठ है क्योंकि लेखक पाठ को सुगम बनाने के लिए प्रवृत्त थे।
2. सबसे छोटा पाठ संभवत: मूल पाठ है क्योंकि लेखक समानांतर अनुच्छेदों से अतिरिक्त जानकारी या वाक्यांश जोड़ने के लिए प्रवृत्त थे (इसे हाल ही में पपीरस तुलनात्मक अध्ययनों द्वारा चुनौती दी गई है)
3. पुराने पाठ को मूल पाठ के साथ उसकी ऐतिहासिक निकटता के कारण अधिक वजन दिया जाता है, जब बाकी सब समान हो
4. जो पांडुलिपियाँ भौगोलिक रूप से विविध हैं आमतौर पर उनमें मूल पाठ होते हैं
5. इस बात को समझाने के प्रयास कि पाठभेद कैसे हुए। यह अधिकांश विद्वानों द्वारा सबसे महत्त्वपूर्ण सिद्धांत माना जाता है।
6. किसी विशेष बाइबल लेखक की साहित्यिक शैली, शब्दावली और धर्मशास्त्र का विश्लेषण संभावित मूल शब्दों को तय करने के लिए किया जाता है।
7. सैद्धान्तिक रूप से कमजोर पाठ, विशेष रूप से पांडुलिपि परिवर्तन की अवधि के दौरान प्रमुख धर्मशास्त्रीय चर्चाओं से संबंधित, जैसे कि 1 यूहन्ना 5:7-8 में त्रिएकत्व, को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। इस स्थान पर मैं J. Harold Greenlee's book, *Introduction to New Testament Textual Criticism* से उद्धृत करना चाहुँगा।

> "कोई मसीही सिद्धांत एक बहस योग्य पाठ पर आधारित नहीं है; और नए नियम के छात्र को अपने पाठ को प्रेरित मूल की तुलना में अधिक रूढ़िवादी या सैद्धांतिक रूप से मजबूत होने की इच्छा से सावधान रहना चाहिए।" (पृ. 68)।

8. W. A. Criswell ने THE BIRMINGHAM NEWS के Greg Garrison को बताया कि वह (क्रिसवेल) इस बात को नहीं मानते कि बाइबल का हर शब्द प्रेरित है, "कम से कम हर शब्द जो सैकड़ों अनुवादकों द्वारा आधुनिक जनता को दिया गया है।" क्रिसवेल ने कहा: "मैं पाठ्य समीक्षा में बहुत विश्वास करता हूँ। जैसा कि, मुझे लगता है, मरकुस के 16 वें अध्याय का अंतिम आधा भाग कुपन्थ है: यह प्रेरित नहीं है, यह सिर्फ मनगढ़ंत है. . .जब आप उन पांडुलिपियों की तुलना करते हैं बहुत पुराने समय में, मरकुस की पुस्तक के उपसंहार के जैसी कोई बात नहीं थी। किसी ने इसे जोड़ा. . ."

SBC त्रुटिहीनतावादियों के कुलपिता ने यह भी दावा किया कि यूहन्ना 5 में बैतहसदा के कुण्ड पर यीशु के विवरण में "प्रक्षेप" भी स्पष्ट है। और उन्होंने यहूदा की आत्महत्या के दो अलग-अलग विवरणों पर चर्चा की (तुलना मत्ती 27 और प्रेरितों के काम 1), "यह आत्महत्या का सिर्फ एक अलग दृष्टिकोण है," क्रिसवेल ने कहा। "अगर यह बाइबल में है, तो इसके लिए एक स्पष्टीकरण है। और यहूदा की आत्महत्या के दो विवरण बाइबल में हैं।" क्रिसवेल ने कहा, "पाठ्य समीक्षा अपने आप में एक अद्भुत विज्ञान है। यह अल्पकालिक नहीं है, यह असंगत नहीं है। यह गतिशील और केंद्रीय है. . ."

बाइबल की हमारी आधुनिक अंग्रेजी प्रतियों के साथ एक अतिरिक्त समस्या यह है कि मूल लेखकों के समय से लेकर प्रिंटिंग प्रेस के आविष्कार तक, बाइबल की प्रतिलिपि हाथ से बनाई जाती थी। अक्सर इन प्रतिलिपिकारों ने जिस पांडुलिपि की वे प्रतिलिपि बना रहे थे उसमें अपने स्वयं के विचारों को जोड़ दिया या उसे "सही" किया । इसने नए नियम में कई गैर-मौलिक परिवर्धन कर दिए हैं।

E. यूनानी नये नियम में हाथ से प्रतिलिपि बनाई गई पांडुलिपियों की समस्या के कुछ उदाहरण।

1. मरकुस 16:9ff - मरकुस की यूनानी पांडुलिपियों में चार अलग-अलग उपसंहार हैं। किंग जेम्स में पाया जाने वाला बारह पदों का सबसे लंबा उपसंहार א और B पांडुलिपियों में गायब है! क्लेमेंट ऑफ अलेक्जेंड्रिया, ओरिजन, यूसेबियस और जेरोम द्वारा प्रयोग किए जाने वाले यूनानी पाठों में भी इस लंबे उपसंहार का अभाव है। लंबा उपसंहार पांडुलिपियों A, C, D, K, U और א^{c} में मौजूद है। कुलपिताओं में लंबे उपसंहार का सबसे पहला गवाह इरेनुयस (177-190 ई. तक सेवकाई की) और डायटेसरोन (180 ई) है। अवतरण स्पष्ट रूप से गैर-मरकुसीय (यानी, प्रेरित नहीं) है।

   इन पदों में ऐसे शब्द और धर्मशास्त्र है जो मरकुस में और कहीं नहीं पाए जाते हैं। यहाँ तक कि उनमें विधर्म शामिल है (यानी, जहर पीना और सांपों को पालना)।

2. यूहन्ना 5:4 - यह पद P^{66}, P^{75} में नहीं है, न ही बृहदक्षर पांडुलिपियों א, B, C, या D में है। हालाँकि, यह A में पाया जाता है। यह स्पष्ट रूप से एक लेखक द्वारा ऐतिहासिक विन्यास को समझाने के लिए जोड़ा गया था। यह एक यहूदी लोककथा के समान है जो इस प्रश्न का उत्तर देती है कि इस कुंड के आसपास इतने बीमार लोग क्यों थे। परमेश्वर इस प्रकार से चंगा नहीं करता है कि स्वर्गदूतों के द्वारा पानी हिलाए जाने पर सबसे पहले उतरने वाले को शारीरिक चंगाई का दान प्राप्त हो।
3. यूहन्ना 7:53-8:11- यह अवतरण छठी शताब्दी ई. की पांडुलिपि "D" जिसे बीज़ेई कहा जाता है, तक किसी भी प्राचीन यूनानी पांडुलिपि या आरंभिक कलीसिया पिताओं में से किसी में नहीं दिखता है। बारहवीं शताब्दी ई. तक, कोई भी कलीसिया पिता इस अवतरण पर टिप्पणी नहीं करता। यह विवरण यूहन्ना की यूनानी पांडुलिपियों में कई अन्य स्थानों पर पाया जाता है 7:36 के बाद, 7:44 के बाद और 21:25 के बाद। यह लूका के सुसमाचार

में लूका 21:38 के बाद भी दिखाई देता है। यह स्पष्ट रूप से गैर-यूहन्नाई (यानी, प्रेरित नहीं) है। यह शायद यीशु के जीवन से एक मौखिक परंपरा है। यह बहुत कुछ उसी के समान प्रतीत होती है, लेकिन यह एक प्रेरित प्रेरित की कलम से नहीं है, इसलिए, मैं इसे पवित्रशास्त्र के रूप में स्वीकार नहीं करता हूँ।

4. मत्ती 6:13 - यह पद पांडुलिपियों א, B, या D में नहीं मिलता है यह पांडुलिपियों K, L, और W में मौजूद है, लेकिन विविधताओं के साथ। यह प्रभु की प्रार्थना पर प्रारंभिक कलीसिया पिताओं की टिप्पणियों में भी नहीं है (यानी, टर्टुलियन [150-230 ई.], ओरिजन [182-251 ई.], और साइप्रियन [सेवकाई 248-258 ई.])। यह किंग जेम्स अनुवाद में पाया जाता है क्योंकि यह इरास्मस के यूनानी पाठ के तीसरे संस्करण में शामिल किया गया था।
5. लूका 22:43-44 - ये पद प्राचीन यूनानी बृहदक्षर पांडुलिपियों א*, א^{2}, D, K, L, X और डेल्टा में पाए जाते हैं! ये जस्टिन मार्टियर, इरेनुयस, हिप्पोलिटस, यूसीबियस और जेरोम के उद्धरणों में भी पाए जाते हैं। हालाँकि, वे MSS P$^{69\ [शायद],75}$, א^{C}, A, N, T, और W, साथ ही क्लेमेंट ऑफ अलेक्जेंड्रिया और ऑरिजन के द्वारा प्रयुक्त पांडुलिपियों में हटा दिए गए हैं। UBS^{4} उनके हटाये जाने को "निश्चित" (A) का दर्ज़ा देता है।

   Bart D. Ehrman, *The Orthodox Corruption of Scripture,* pp. 187-194, मानता है कि ये पद डोसेटिक (अज्ञेयवादी) मसीह-ज्ञानियों, जिन्होंने मसीह की मानवता और पीड़ा का इनकार किया था, का खण्डन करने के लिए किए दूसरी सदी के आरंभ के परिवर्धन हैं। मसीहज्ञान संबंधी विधर्मों के साथ कलीसिया का संघर्ष कई आरंभिक पांडुलिपि परिवर्तनों का स्रोत था।

   NASB और NRSV ने इन पदों को कोष्ठक में दिया है, जबकि NKJV, TEV और NIV में एक पाद टिप्पणी है, जो कहती है, "कुछ प्राचीन पांडुलिपियाँ पद 43 और 44 को हटा देती हैं।" यह जानकारी लूका के सुसमाचार के लिए अद्वितीय है।
6. 1 यूहन्ना 5:7-8 - ये पद न पांडुलिपियों א, A, या B में और न ही बारहवीं शताब्दी से दिनांकित चार पांडुलिपियों के अलावा कोई अन्य यूनानी पांडुलिपि में पाए जाते हैं। यह पाठ किसी भी यूनानी पिता द्वारा उद्धृत नहीं किया गया है, यहाँ तक कि मसीह के देवत्व या त्रिएकत्व की अवधारणा के उनके बचाव में भी नहीं। वे जेरोम के वुल्गेट सहित सभी प्राचीन अनुवादों से अनुपस्थित हैं। वे कथित रूप से सही अर्थ निकालने वाले प्रतिलिपिकारों द्वारा त्रिएकत्व के सिद्धांत को आधार देने के लिए बाद में जोड़े गए थे। यूनानी नए नियम के इरास्मस के तीसरे संस्करण (और केवल इस संस्करण) में शामिल होने के कारण वे किंग जेम्स अनुवाद में पाए जाते हैं।

हमारे बाइबल के आधुनिक अनुवादों में कुछ पाठीय समस्याएँ हैं। हालाँकि, ये एक प्रमुख सिद्धांत को प्रभावित नहीं करती हैं। जो कुछ विश्वास और पालन के लिए आवश्यक है उन सब बातों के लिए हम बाइबल के आधुनिक अनुवादों पर भरोसा कर सकते हैं। RSV के अनुवादकों में से एक, एफ. सी. ग्रांट ने कहा, "मसीही धर्म का कोई सिद्धांत संशोधन से प्रभावित नहीं हुआ है, इसका साधारण सा कारण है कि, पांडुलिपियों में हजारों प्रकार के वाचनों में से, इस तरह का कोई भी नहीं हुआ है जिसमें मसीही सिद्धांत के संशोधन की आवश्यकता हो।" "यह उल्लेखनीय है कि अधिकतर विद्वानों के लिए नये नियम के पाठ के सभी प्रकारों के 90% से अधिक दृढ़ हैं, क्योंकि अधिकांश उदाहरणों में जो संस्करण दूसरों की उत्पत्ति के बारे में सबसे अच्छा समझाता है, वह भी आरम्भिक और सर्वश्रेष्ठ गवाहों द्वारा समर्थित है" (Gordon Fee, *The Expositor's Bible Commentary,* Vol. 1, p. 430)।

मैंने इन उदाहरणों को आपको यह दिखाने के लिए उद्धृत किया है कि हमें अपने अंग्रेजी अनुवाद का विश्लेषण करना चाहिए (फी और स्टुअर्ट 1982, 30-34) । उनमें पाठ संबंधी समस्याएँ अवश्य हैं। मैं इन पाठीय प्रकारों के साथ सहज महसूस नहीं करता, लेकिन वे एक वास्तविकता हैं। यह अहसास आश्वस्त करने वाला है कि वे

दुर्लभ हैं और किसी भी प्रमुख मसीही सिद्धांत को प्रभावित नहीं करते हैं। साथ ही, अन्य प्राचीन साहित्य की तुलना में, बाइबल के उल्लेखनीय रूप से कुछ ही प्रकार हैं।

F. एक भाषा से दूसरी भाषा में अनुवाद करने की समस्या।

पांडुलिपि विविधताओं की समस्या के अलावा एक भाषा को अन्य भाषा में अनुवाद करने की एक अतिरिक्त समस्या है। वास्तव में सभी अनुवाद संक्षिप्त टिप्पणियाँ हैं। संभवतः अनुवाद सिद्धांत की एक समझ (1) हमें अपने अध्ययन में एक से अधिक अनुवादों का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करेगी और (2) हमें यह जानने में मदद करेगी कि किन विभिन्न अनुवादों की तुलना की जाए। अनुवादकों के लिए तीन बुनियादी तरीके उपलब्ध हैं।

1. एक शाब्दिक पद्धति शब्दश: अनुरूपता का प्रयोग करने का प्रयास करता है।
2. एक मुहावरे के लिए मुहावरे की पद्धति प्राचीन पाठ को प्रस्तुत करने के आधार के रूप में शब्दों नहीं, खण्ड़ों या वाक्यांशों का प्रयोग करने का प्रयास करती है।
3. एक विचार-के लिए-विचार पद्धति मूलपाठ के शब्दों और वाक्यांशों के स्थान पर अवधारणाओं का प्रयोग करने का प्रयास करती है।

हम इसे निम्नलिखित ग्राफ पर अधिक स्पष्ट रूप से देख सकते हैं।

KJV	NIV	Amplified Bible
ASV	NAB	Phillips Translation
NASB	TEV	LB
RSV	JB	
	NEB	
	Williams Translation	

अक्षरशः	मुहावरे के लिए मुहावरा	सुझाव के लिए सुझाव
शब्दशः	खण्ड के लिए खण्ड	मुक्त प्रस्तुतीकरण
औपचारिक पत्राचार	सक्रिय समतुल्य	संक्षिप्त व्याख्या

अनुवाद सिद्धांत की अच्छी चर्चा Gordon Fee and Douglas Stuart's *How To Read the Bible for All Its Worth,* pp. 34-41 में पाई जाती है। इसके अलावा, अनुवाद सिद्धांत और पालन पर यूजीन ए. निदा द्वारा यूनाइटेड बाइबल सोसायटी के प्रकाशनों में इस क्षेत्र में बहुत मदद मिली है।

G. परमेश्वर का वर्णन करने में मानवीय भाषाओं की समस्या।

न केवल कुछ स्थानों पर हमें अनिश्चित पाठ मिलते हैं, बल्कि, अगर हम प्राचीन इब्रानी और कोइन यूनानी को सहजता से समझने वाले नहीं हैं, तो हमें विभिन्न प्रकार के अंग्रेजी अनुवाद देखने पड़ते हैं। मानवीय सीमाबद्धता और पाप समस्या को और जटिल बना देते हैं। मानव भाषा स्वयं ही ईश्वरीय प्रकाशन की श्रेणियों और दायरे को सीमित और निर्धारित करती है। परमेश्वर ने हमसे उपमाओं में बात की है। मानवीय भाषा परमेश्वर के बारे में बोलने के लिए

पर्याप्त है, लेकिन यह विस्तृत या सर्वश्रेष्ठ नहीं है। हम परमेश्वर को जान सकते हैं, लेकिन कुछ सीमाओं में। इस सीमा का एक अच्छा उदाहरण मानवीकरण है, अर्थात्, मानवीय, भौतिक या मनोवैज्ञानिक शब्दों में परमेश्वर के बारे में बोलना। हमारे पास उपयोग करने के लिए और कुछ नहीं है। हम दावा करते हैं कि परमेश्वर एक व्यक्ति है और जो कुछ हम उसके व्यक्तित्व के बारे में जानते हैं वह मानव श्रेणियों में है। इस कठिनाई के कुछ उदाहरण निम्नलिखित हैं।

1. मानवीकरण (मानव शब्दों में वर्णित परमेश्वर)
    a. मानव शरीर में परमेश्वर
        (1) चलना – उत्पत्ति 3:8; 18:33; लैव्यव्यवस्था 26:12; व्यवस्थाविवरण 23:14
        (2) आँखें - उत्पत्ति 6:8; निर्गमन 33:17
        (3) सिंहासन पर मनुष्य – यशायाह 6:1; दानिय्येल 7:9
    b. स्त्री के रूप में परमेश्वर
        (1) उत्पत्ति 1:2 (मादा पक्षी के रूप में आत्मा)
        (2) व्यवस्थाविवरण 32:18 (माँ के रूप में परमेश्वर)
        (3) निर्गमन 19:4 (मादा उकाब के रूप में परमेश्वर)
        (4) यशायाह 49:14-15; 66:9-13 (दूध पिलाने वाली माँ के रूप में परमेश्वर और संभवतः होशे 11:4)
    c. झूठ बोलने का समर्थन करने वाले परमेश्वर के रूप में (तुलना 1 राजाओं 22:19-23)
    d. "परमेश्वर के दाहिनी ओर" के नये नियम के उदाहरण (तुलना लूका 22:69; प्रेरितों के काम 7:55-56; रोमियों 8:34; इफिसियों 1:20; कुलुस्सियों 3:1; इब्रानियों 13:1; 8:1; 10:12; 12:2; 1 पतरस 3:22)
2. परमेश्वर के वर्णन के लिए प्रयुक्त मानवीय शीर्षक
    a. चरवाहा (तुलना भजनसंहिता 23)
    b. पिता (तुलना यशायाह 63:16; भजनसंहिता 103:13)
    c. Go'el – छुड़ानेवाला रिश्तेदार (तुलना निर्गमन 6:6)
    d. प्रेमी - पति (तुलना होशे 1-3)
    e. अभिभावक, पिता और माता (तुलना होशे 11:3-4)
3. परमेश्वर के वर्णन के लिए प्रयुक्त भौतिक वस्तुएँ
    a. चट्टान (तुलना भजनसंहिता 18)
    b. गढ़ और दृढ़ गढ़ (तुलना भजनसंहिता 18)
    c. ढाल (तुलना उत्पत्ति 15:1; भजनसंहिता 18)
    d. उद्धार का सींग (तुलना भजनसंहिता 18)
    e. वृक्ष (तुलना होशे 14:8)
4. भाषा मानवजाति में परमेश्वर के स्वरूप का हिस्सा है, लेकिन पाप ने भाषा सहित हमारे अस्तित्व के सभी पहलुओं को प्रभावित किया है।
5. परमेश्वर विश्वासयोग्य है और हमें यदि विस्तृत रूप से नहीं, परंतु पर्याप्त रूप से, स्वयं के बारे में हमें ज्ञान देता है। यह आमतौर पर इन्कार, समरूपता या रूपक के रूप में होता है।

बाइबल की व्याख्या करने में, अन्य उल्लेखित समस्याओं के साथ जो सबसे बड़ी समस्या है, वह है हमारा पाप। हम अपनी इच्छा को पूरा करने और पाने के लिए, बाइबल सहित, सब कुछ मोड़ लेते हैं। हमारा परमेश्वर, अपने संसार या स्वयं के विषय में कभी कोई निष्पक्ष, अप्रभावित दृष्टिकोण नहीं है। फिर भी, इन सभी बाधाओं के बावजूद, परमेश्वर विश्वासयोग्य है। हम परमेश्वर और उसके वचन को जान सकते हैं क्योंकि वह चाहता है कि हम जानें (सिल्वा 1987, 118)। जो कुछ हमें चाहिए वह सब उसने पवित्र आत्मा के प्रकाशन से प्रदान किया है (केल्विन)। हाँ, समस्याएँ हैं, लेकिन भरपूर प्रावधान भी हैं। समस्याओं के द्वारा हमारी हठधर्मिता सीमित हो जानी चाहिए और प्रार्थनामय, एकाग्रचित्त बाइबल अध्ययन के माध्यम से हमारी कृतज्ञता बढ़ानी चाहिए। राह आसान नहीं है, लेकिन वह हमारे साथ चलता है। लक्ष्य मात्र एक सही व्याख्या ही नहीं, बल्कि मसीह समान होना है। व्याख्या उसको जानने, सेवा करने, और उसकी स्तुति करने के लक्ष्य का एक माध्यम है, जिसने हमें उसके पुत्र के माध्यम से अंधकार से बाहर बुलाया है (कुलुस्सियों 1:13)।

बाइबल का अधिकार

I. लेखक की पूर्वकल्पित परिभाषा

कई मसीही इस बात से सहमत होंगे कि बाइबल विश्वास और पालन का एकमात्र स्रोत है। यदि ऐसा है, तो कई अलग-अलग व्याख्याएँ क्यों हैं? बहुत सारे लोग परमेश्वर के नाम में परस्पर विरोधी व्याख्याएँ बोल रहे हैं। हम कैसे जान सकते हैं कि किस पर विश्वास किया जाए? ये प्रश्न आधुनिक मसीही समुदाय की उलझन को दर्शाते हैं और एक महत्त्वपूर्ण मुद्दा हैं। औसत विश्वासी लोग जो कुछ सुनते या पढ़ते हैं उसका मूल्याँकन कैसे कर सकते हैं - यह सब परमेश्वर के सत्य होने का दावा करता है। मेरे लिए, इसका उत्तर मेरी पूर्वकल्पित परिभाषा में आया है कि "बाइबल के अधिकार" में क्या शामिल है। मुझे यह एहसास है कि मैं अपनी अस्तित्ववाद संबंधी परिस्थितियों पर प्रतिक्रिया कर रहा हूँ, फिर भी मेरे पास कोई अन्य विकल्प नहीं है। यह आपको परेशान कर सकता है कि मैं "पूर्वकल्पना" की बात कर रहा हूँ। फिर भी, जीवन के अधिकतर, यदि सभी नहीं, महत्त्वपूर्ण प्रश्नों से हमारी मानवीय स्थिति की प्रकृति के कारण इस तरीके से निपटा जाता है। पूर्ण निष्पक्षता असंभव है। हम आशा करते हैं कि हमने गैर-आलोचनात्मक रूप में अपने सांस्कृतिक "प्रदत्तों" को आत्मसात नहीं किया है। न केवल मेरे अपने, बल्कि दूसरों के "प्रदत्तों" को भी, सीमित करने के प्रयास में, मैंने बाइबल की व्याख्या की कुछ सीमाएँ बनाने की कोशिश की है। मुझे एहसास है कि इसका अर्थ यह हो सकता है कि मैं कुछ सच्चाइयों को नहीं पा सकूँगा, लेकिन मुझे लगता है कि यह मुझे सांस्कृतिक, साम्प्रदायिक और अनुभवात्मक रूप से गलत व्याख्या करने से बचाएगा। सही मायने में, प्रासंगिक/पाठ्य पद्धति हमें बाइबल के बारे में कम कहने के लिए मजबूर करेगी, लेकिन हमें मसीही धर्म के प्रमुख स्तंभों के लिए प्रतिबद्ध होने में मदद करेगी।

मेरे लिए, "बाइबल के अधिकार" को आम तौर पर बाइबल की ईश्वर-प्रदत्तता, और इस प्रकार, इसके अधिकार में विश्वास के रूप में परिभाषित किया गया है। मेरे अनुसार यह इस बात को भी समझना है कि बाइबल लेखक अपने दिन में क्या कह रहा था और फिर उस सत्य को मेरे दिन में लागू करना। इसका अर्थ यह है कि मुझे स्वयं को उसके दिन, उसके तर्क और उसके उद्देश्य(यों) में रखने की कोशिश करनी चाहिए। मुझे उस प्रकार सुनने की कोशिश करनी चाहिए जैसे मूल श्रोताओं ने सुना था। मुझे बाइबल लेखक, पुस्तक, घटना, दृष्टान्त आदि के "तत्कालीन" से संघर्ष करना चाहिए। मुझे दूसरों को बाइबल के पाठ में से, अपनी व्याख्या के कैसे, क्यों, और कहाँ को दिखाने में समर्थ होना चाहिए। मुझे इस बात की स्वतंत्रता नहीं है कि जो मैं चाहता हूँ कि वह बोले, वह उसे बोलने दूँ या उससे बुलवाऊँ (लिफेल्ड 1984, 6)। उसे बोलने की स्वतंत्र होनी चाहिए; मुझे इस सच्चाई को सुनने और अपने दिन के लोगों तक पहुँचाने के लिए तैयार होना चाहिए। केवल जब मैं मूल लेखक को समझ लूँ और केवल जब इस अनंत सत्य को अपने दिन और अपने जीवन को हस्तांतरित कर दूँ तभी मैंने सच्चे "बाइबल के अधिकार" में भाग लिया है। व्याख्या के "तत्कालीन" और "वर्तमान" पहलुओं पर निश्चित रूप से कुछ असहमति होगी, लेकिन हमें अपनी व्याख्याओं को बाइबल तक सीमित रखना चाहिए और इसके पृष्ठों से अपनी समझ को सत्यापित करना चाहिए।

II. सत्यापन योग्य व्याख्याओं की आवश्यकता

प्रोटेस्टेंट सुधार के विपत्तियों में से एक व्याख्याओं की बहुलता है (जिसका परिणाम आधुनिक संप्रदायवाद है), जो उसके "वापस बाइबल की ओर" आंदोलन के फलस्वरूप हुई। मुझे स्वर्ग के इस तरफ एकमतता की कोई वास्तविक उम्मीद नहीं है, लेकिन हमें, लगातार और सत्यापित रूप से व्याख्या किए गए पवित्रशास्त्र की ओर लौटना चाहिए। हम सभी को अपने स्वयं के प्रकाश में चलना चाहिए, लेकिन उम्मीद है कि हम पवित्रशास्त्र से अपने सिद्धांत (विश्वास) और पालन (जीवन) का बचाव करने में सक्षम होंगे। पवित्रशास्त्र को बोलने देना चाहिए; उसके साहित्यिक, व्याकरणिक और ऐतिहासिक संदर्भ के प्रकाश में बोलने देना चाहिए। हमें अपनी व्याख्याओं का इनके प्रकाश में बचाव करना चाहिए

A. मानवीय भाषा का सामान्य प्रयोग
B. मूल लेखक अभिप्राय
C. सम्पूर्ण पवित्रशास्त्र का संतुलन
D. मसीह समान होना

प्रूफ-टेक्सटिंग और आध्यात्मिककरण के समकालीन अभिशाप ने कलीसिया को तबाह कर दिया है। पंथों ने हमारी तकनीकों और उन्हें बड़ी प्रभावशीलता से प्रयोग करना सीख लिया है (Sire, 1980, *Scripture Twisting*; Carson 1984, *Exegetical Fallacies*; Silva 1983, *Biblical Words and Their Meanings*)। इस पाठ्यपुस्तक की आशा न केवल व्याख्या के लिए एक पद्धति देना है, बल्कि आपको अन्य व्याख्याओं का मूल्यांकन करने की क्षमता प्रदान करना भी है। हमें अपनी व्याख्याओं का बचाव करना चाहिए और अन्य व्याख्याओं का विश्लेषण करने में सक्षम होना चाहिए। हम यह इस प्रकार से कर सकते हैं।

A. पवित्रशास्त्र के लेखकों ने सामान्य मानवीय भाषा का प्रयोग किया और उसे समझे जाने की उम्मीद की।
B. आधुनिक व्याख्याकार कई प्रकार की सूचनाओं का दस्तावेजीकरण करके मूल लेखक के अभिप्राय को खोजते हैं।
    1. उनके दिन का ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विन्यास
    2. साहित्यिक संदर्भ (सम्पूर्ण पुस्तक, साहित्यिक इकाई, अनुच्छेद)
    3. शैली (ऐतिहासिक कथा, भविष्यवाणी, व्यवस्था, काव्य, दृष्टांत, सर्वनाश-संबंधी)
    4. पाठीय प्रारूप (उदाहरण के लिए, यूहन्ना 3 - श्री धार्मिक और यूहन्ना 4 – सुश्री अधार्मिक)
    5. वाक्य विन्यास (व्याकरणिक संबंध और रूप)
    6. मूल शब्द के अर्थ
        a. पुराना नियम
            (1) सजातीय भाषाएँ (सामी भाषाएँ)
            (2) मृत सागर चीरक
            (3) सामरी पेंटाट्यूच
            (4) रब्बियों के लेखन
        b. नया नियम
            (1) सेप्टुआजिंट (नये नियम के लेखक आम यूनानी में लिखने वाले इब्रानी विचारक थे)
            (2) मिस्र से प्राप्त पपीरस
            (3) यूनानी साहित्य
C. सम्पूर्ण पवित्रशास्त्र का शेष भाग (समानांतर अवतरण) क्योंकि इसका एक ही दिव्य लेखक है (आत्मा)।
D. मसीह समान होना (यीशु पवित्रशास्त्र का लक्ष्य और पूर्ति है। वह देवत्व का सिद्ध प्रकाशन और सच्ची मानवता का सिद्ध उदाहरण है)।

यह एक मूल पूर्वधारणा है कि प्रत्येक पाठ की केवल एक और एक ही उचित व्याख्या है और वही मूल लेखक का अभिप्राय है। इस आधिकारिक अर्थ में एक मूल अनुप्रयोग था। इस अनुप्रयोग (महत्त्व) को अलग-अलग स्थितियों में गुणित किया जा सकता है, लेकिन प्रत्येक को अभिन्न रूप से मूल अभिप्राय से जुड़ा होना चाहिए (तुलना *The Aims of Interpretation* by E. D. Hirsch)।

III. व्याख्यात्मक दुरुपयोग के उदाहरण

अनुचित हेर्मेनेयुटिक्स (धर्मप्रचार पुस्तकों में भी) की व्यापकता के बारे में मेरी बात को समझाने के लिए, निम्नलिखित चयनित उदाहरणों पर विचार करें।

A. व्यवस्थाविवरण 23:18 का प्रयोग यह साबित करने के लिए किया जाता है कि विश्वासियों को अपने कुत्तों को "बेचना" नहीं चाहिए। व्यवस्थाविवरण में कुत्ते कनानी प्रजनन पंथ के पुरुष वेश्या हैं।

B. 2 शमूएल 9 का प्रयोग हमारे पापों को ढाँकने वाले अनुग्रह के रूपक के रूप में किया जाता है क्योंकि मपीबोशेत के अपंग पैरों को "हमारे पाप" का रूपक बनाया है और दाऊद की मेज़ को उन्हें नज़र से बचाने वाले परमेश्वर के अनुग्रह का रूपक बनाया है (प्राचीन लोग अपने पैरों को मेज के नीचे रखकर नहीं बैठते थे) ।

C. यूहन्ना 11:44 का प्रयोग "बाँध कर रखने वाली चीजों" अनुचित आदतों, उद्देश्यों और कार्यों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है।

D. 1 कुरिन्थियों 13:8 का प्रयोग यह साबित करने के लिए किया जाता है कि भाषाएँ पहले और अपने आप जाती रहेंगी, जबकि संदर्भ में, लेकिन प्रेम के अलावा सब समाप्त हो जाएगा।

E. कुलुस्सियों 2:21 का प्रयोग पूर्ण संयम को साबित करने के लिए किया जाता है, जब यह झूठे शिक्षकों का एक उद्धरण है!

F. प्रकाशितवाक्य 3:20 का प्रयोग एक प्रचार-संबंधी अवतरण के रूप में किया जाता है, जबकि यह सात कलीसियाओं में से एक को संबोधित किया गया है।

प्रूफ-टेक्सटिंग और आत्मिक बनाने का प्लेग प्रचुर मात्रा में है।

A. "वाक्यों, विचारों और सुझावों को उनके तत्काल संदर्भ से अलग करने का चलन जब पौलुस पर लागू करने पर लगभग घातक है। प्रोफेसर एच. ए. ए. केनेडी कहते हैं, 'अकेले प्रूफ-टेक्स्ट्स' ने सारे विधर्मों की तुलना में धर्मशास्त्र में अधिक विध्वंस किया है,'' *A Man in Christ* by James Steward, p. 15.

B. "पौलुस के पत्रों की व्याख्या करने का प्रमाण-पाठ विधि, जो उन्हें परमेश्वर की अलौकिक इच्छा के प्रत्यक्ष प्रकटीकरण के रूप में देखती है, जो मनुष्यों को उन अनंत, कालातीत सत्यों से अवगत कराती है, जिन्हें एक संपूर्ण धर्मशास्त्र का निर्माण करने के लिए सुनियोजित करने की आवश्यकता है, जाहिर रूप से उस माध्यम की जिसके द्वारा परमेश्वर ने मनुष्यों को अपना वचन देने की कृपा की है,'' G. E. Ladd, *Theology of the NT,* p. 379.

तो, क्या किया जा सकता है? हम सभी को बाइबल के अधिकार की अपनी परिभाषा का पुनर्निरीक्षण करना चाहिए। यदि हमारी व्याख्या मूल लेखक या श्रोताओं को आश्चर्यचकित करती है, तो यह शायद परमेश्वर को आश्चर्यचकित करती है। यदि हम उसके नाम में बात करते हैं, तो हमें निश्चित रूप से व्यक्तिगत अंगीकार, प्रार्थना और परिश्रमपूर्ण अध्ययन की कीमत चुकानी चाहिए थी। हम सभी को विद्वान होने की आवश्यकता नहीं है, लेकिन हमें बाइबल के गंभीर, नियमित, सक्षम छात्र होने की आवश्यकता है (यानी, अच्छे बाइबल पाठक, विषय सूची, "अच्छे बाइबल अध्ययन के लिए एक मार्गदर्शिका" देखें)। विनम्रता, सीखने की योग्यता और प्रतिदिन विश्वास में चलना हमें कई संकटों से बचाएगा। याद रखें, हर अनुच्छेद में एक मुख्य सत्य होता है (शब्दों का अर्थ केवल वाक्यों में होता है; वाक्यों का अर्थ केवल अनुच्छेदों में होता है; अनुच्छेद एक विशिष्ट साहित्यिक इकाई से संबंधित होने चाहिए)। विवरणों की व्याख्या करने में अति आत्मविश्वास से सावधान रहें (आत्मा विश्वासियों को अनुच्छेदों के मुख्य सत्य खोजने में मदद करेगी)!

व्याख्याकार

I. पूर्वकल्पित अनुकूलन

हम सभी ऐतिहासिक रूप से अनुकूलित हैं। सम्पूर्ण निष्पक्षता संभव नहीं है (Carson, *Biblical Interpretation and the Church* 1984, 12)। हालाँकि, अगर हम अपने पूर्वाग्रहों की पहचान कर लें, या कम से कम उन क्षेत्रों की जिनमें वे पाए जाते हैं, तो हम उनके प्रभाव को नियंत्रित करने में बेहतर रूप से सक्षम हैं। Duncan Ferguson's Biblical Hermeneutics, pp. 6-22 में हमारी पूर्व समझ की उत्कृष्ट चर्चा है।

> "क्योंकि हम सभी के अपने स्वयं के पूर्वाग्रह और भ्रांतियाँ हैं, इसलिए पवित्रशास्त्र में केवल वही देखना जो हम देखना चाहते हैं, और संपूर्ण सत्य के नए और शिक्षाप्रद प्रकटीकरण को, जो हमारे लिए परमेश्वर का उद्देश्य है, चूक जाना आसान है। पवित्रशास्त्र में से हमारे अपने ही विचारों को पढ़ना बहुत आसान है, बजाय उस बात को समझने के जो पवित्रशास्त्र हमें सिखाता है जो संभवतः हमारे विचारों को उखाड़ फेंक सकता है" (स्टिब्स 1950, 10-11)।

ऐसे कई क्षेत्र हैं, जहाँ से हमारी पूर्वकल्पनाएँ आ सकती हैं।

A. एक प्रमुख घटक हमारे व्यक्तित्व का प्रकार है। यह विश्वासियों के बीच कई भ्रांतियों और असहमतियों का कारण बनता है। हम उम्मीद करते हैं कि हर कोई हमारी ही तरह सोचे और विश्लेषण करे। इस क्षेत्र में एक बहुत ही मूल्यवान पुस्तक है, *Why Christians Fight Over the Bible* by John Newport and William Cannon। कुछ विश्वासी अपनी विचार प्रक्रियाओं में बहुत तर्कसंगत और संरचित होते हैं, जबकि अन्य बहुत अधिक भावनात्मक होते हैं और विवरण और पद्धतियों के प्रति कम उन्मुख होते हैं। फिर भी सभी विश्वासी बाइबल की व्याख्या करने और उसके सत्य के प्रकाश में रहने के लिए जिम्मेदार हैं।

B. एक अन्य घटक हमारी दुनिया के बारे में हमारी व्यक्तिगत धारणा और इसका अनुभव है। न केवल व्यक्तित्व घटक, बल्कि हमारा पुरुषत्व और नारीत्व भी हमें प्रभावित करता है। हम मस्तिष्क की कार्य प्रणाली के अध्ययन से सीख रहे हैं कि पुरुष और स्त्रियाँ अपनी दुनिया को कैसे अलग-अलग प्रकार से अनुभव करते हैं। यह प्रभावित करेगा कि हम बाइबल की व्याख्या कैसे करते हैं। साथ ही, हमारे व्यक्तिगत अनुभव या हमारे करीबी लोगों के अनुभव हमारी व्याख्याओं को प्रभावित कर सकते हैं। यदि हमें कोई अनोखा आत्मिक अनुभव हमें हुआ है, तो हम निश्चित रूप से बाइबल के पन्नों पर और दूसरों के जीवन में उसकी तलाश करेंगे।

C. आत्मिक वरदान व्यक्तित्व की विभिन्नता से करीब से संबंधित है (1 कुरिन्थियों 12-14; रोमियों 12:3-8; इफिसियों 4:7,11-12)। अक्सर हमारा वरदान हमारे व्यक्तित्व प्रकार से सीधे-सीधे संबंधित होता है (भजनसंहिता 139:13-16)। वरदान उद्धार प्राप्त करने पर आता है (1 कुरिन्थियों 12:4,7,11), शारीरिक जन्म के समय नहीं। हालाँकि, वे एक दूसरे से संबंधित हो सकते हैं। आत्मिक वरदान हमारे संगी विश्वासियों की उदार सेवा (1 कुरिन्थियों 12:7) के लिए होते हैं, लेकिन यह अक्सर विवादों में बदल जाते हैं (1 कुरिन्थियों 12:12-30), विशेषकर बाइबल की व्याख्या के क्षेत्र में। हमारा व्यक्तित्व प्रकार यह भी प्रभावित करता है कि हम किस प्रकार पवित्रशास्त्र के समीप आते हैं। कुछ पवित्रशास्त्र में सुनियोजित श्रेणियों की तलाश करते हैं, जबकि अन्य इसे अधिक अस्तित्ववादी, भक्तिपूर्ण तरीके से देखते हैं। बाइबल के समीप आने का हमारा कारण अक्सर हमारी समझ को प्रभावित करता है। पाँच साल के बच्चों की सण्डे स्कूल की कक्षा को पढ़ाने और एक विश्वविद्यालय के लिए एक व्याख्यान श्रृंखला तैयार करने के बीच अंतर है। हालाँकि, व्याख्या करने की प्रक्रिया एक समान होनी चाहिए।

D. एक और महत्त्वपूर्ण घटक है हमारा जन्म स्थान। संयुक्त राज्य अमेरिका के भीतर भी कई सांस्कृतिक और धर्मशास्त्रीय मतभेद हैं और यह अन्य संस्कृतियों और राष्ट्रीयताओं के कारण गुणित हुए हैं। अक्सर हम बाइबल से

नहीं, अपनी संस्कृति से मजबूत पूर्वाग्रह सीख लेते हैं। इसके दो अच्छे समकालीन उदाहरण अमेरिकी व्यक्तिवाद और पूंजीवाद हैं।

E. जिस प्रकार हमारे जन्म का स्थान, वैसे ही हमारे जन्म का समय भी हमें प्रभावित करता है। संस्कृति एक तरल घटक है। यहाँ तक कि वे जो एक ही संस्कृति और भौगोलिक क्षेत्र से हैं "पीढ़ी के अंतर" से प्रभावित हो सकते हैं। यदि कोई इस सदियों और संस्कृतियों के पीढ़ी के अंतराल को बाइबल के दिनों में गुणित कर देता है, तो त्रुटि की संभावना महत्त्वपूर्ण हो जाती है। हम इक्कीसवीं सदी के वैज्ञानिक मानसिकता और हमारे सामाजिक रूप और मानदंडों से प्रभावित हैं। हर युग का अपना "स्वाद" होता है। हालाँकि, जब हम बाइबल की बात करते हैं, तो हमें व्याख्या के उद्देश्य के लिए इसकी सांस्कृतिक रूपरेखा को समझना चाहिए।

F. यह न केवल भूगोल, समय और संस्कृति है जो हमें प्रभावित करती है, बल्कि हमारे माता-पिता का प्रशिक्षण भी प्रभावित करता है। माता-पिता इतने प्रभावशाली हैं और कभी-कभी यह एक नकारात्मक अर्थ में है। उनके पूर्वाग्रह अक्सर उनके बच्चों को दिए जाते हैं या फिर बच्चे माता-पिता की शिक्षा और जीवन शैली को पूरी तरह से नकार देते हैं। जब कोई इस मिश्रण में साम्प्रदायिक घटक जोड़ता है, तो यह स्पष्ट है कि हम कितने पूर्वकल्पित बन सकते हैं। मसीही जगत का अलग अलग दलों में दुःखद विभाजन, प्रत्येक अन्य सभी पर अधिकार और उत्कर्ष का दावा करते हुए, ने बाइबल की व्याख्या करने में बहुत समस्याएँ पैदा की हैं। व्यक्तिगत रूप से पढ़ने या अध्ययन करने से पहले कई लोग जानते हैं कि वे क्या मानते हैं कि बाइबल कहती है, क्योंकि वे एक विशेष दृष्टिकोण से प्रेरित हो चुके हैं। परंपरा न अच्छी है, न बुरी। यह निष्पक्ष है और बहुत मददगार हो सकती है। हालाँकि, विश्वासियों की प्रत्येक पीढ़ी को बाइबल के प्रकाश में इसका विश्लेषण करने की अनुमति दी जानी चाहिए; परंपरा हमारी रक्षा कर सकती है या हमें बाँध सकती है (फिल्म "फ़िडलर ऑन द रूफ")।

G. हम में से हर एक, पाप और विद्रोह से, दोनों प्रकट रूप से और अनजाने में, जानबूझकर-बिना जानेबुझे दोनों से प्रभावित हुआ है और हो रहा है। हमारी व्याख्याएँ हमेशा हमारी आध्यात्मिक परिपक्वता या उसके अभाव से प्रभावित होती हैं। यहाँ तक कि अधिकतर मसीही-समान विश्वासी पाप से प्रभावित होते हैं और अधिकतर सांसारिक विश्वासियों में अंदर निवास करनेवाले आत्मा का प्रकाश है। हम सभी, आशा है, आत्मा के द्वारा मसीह के माध्यम से परमेश्वर के साथ हमारे रिश्ते में बढ़ते रहेंगे। हमें आत्मा के द्वारा पवित्रशास्त्र से अधिक प्रकाश पाने के लिए हमेशा उन्मुक्त रहते हुए उस प्रकाश में चलना चाहिए जो हमारे पास है। जितना अधिक हम परमेश्वर के लोगों और स्वयं परमेश्वर के साथ जीएँगे और जितना अधिक संपर्क में रहेंगे, निश्चित रूप से हमारी व्याख्या बदलेगी और अधिक संशोधित होगी।

यदि कई वर्षों से आपके मन में परमेश्वर के बारे में एक नया विचार नहीं आया है, तो आप "मृत मष्तिष्क" हैं!

II. सुसमाचार- प्रचार संबंधी अनुकूलन के कुछ उदाहरण

इस बिंदु पर मैं सापेक्षता के कुछ ठोस उदाहरण देना चाहूंगा जो उपरोक्त कारकों से उत्पन्न होते हैं।

A. मिश्रित तैराकी (लड़कों और लड़कियों की एक साथ तैराकी) कुछ कलीसियाओं में एक वास्तविक मुद्दा है, आमतौर पर उनका जो भौगोलिक रूप से उन जगहों से हटा दिए गए हैं जहाँ तैराकी आसानी से हो सकती है।

B. कुछ कलीसियाओं (विशेष रूप से दक्षिण अमेरिका) में तंबाकू का प्रयोग एक वास्तविक मुद्दा है, आमतौर पर उन भौगोलिक स्थानों में जहाँ यह एक प्रमुख नकदी फसल नहीं है (विश्वासी, अक्सर जिनकी स्वयं की शारीरिक अवस्था ठीक नहीं है, तंबाकू का प्रयोग, दूसरों पर यह आरोप लगाने के लिए कि वे अपने शरीर को नुकसान पहुँचाते हैं, एक बहाने के रूप में करते हैं।

C. अमेरिका में मदिरा का सेवन कई कलीसिया समूहों में एक महत्त्वपूर्ण मुद्दा है, जबकि यूरोप और दक्षिण अमेरिका के कुछ हिस्सों में यह एक मुद्दा नहीं है। बाइबल की तुलना में 1920 के आंदोलन से अमेरिका अधिक प्रभावित है। यीशु निश्चित रूप से किण्वित दाखमधु पीता था। क्या आप यीशु से अधिक "आत्मिक" हैं?

निम्नलिखित डॉ. अटले की टिप्पणियों से लिया गया एक विशेष विषय है। आप उन सभी को www.freebiblecommentary.org पर निःशुल्क देख सकते और डाउनलोड कर सकते हैं।

विशेष विषय: मदिरा (किण्वन) और अतिमदिरापान (व्यसन)

I. बाइबल के शब्द

A. पुराना नियम

1. *Yayin* - यह "दाखमधु" के लिए सामान्य शब्द है, जिसका उपयोग 141 बार (BDB 406, KB 409) किया गया है। व्युत्पत्ति अनिश्चित है क्योंकि यह एक इब्रानी मूल से नहीं है। इसका मतलब हमेशा किण्वित फलों का रस होता है, आमतौर पर अंगूर का। कुछ विशिष्ट अनुच्छेद हैं उत्पत्ति 9:21; निर्गमन 29:40; गिनती 15:5,10।
2. *Tirosh* - यह "नया दाखमधु" (BDB 440, KB 1727) है। हालाँकि, निकट पूर्व की जलवायु संबंधी परिस्थितियों के कारण
   रस निकालने के छह घंटे के अन्दर ही किण्वन शुरू हो जाता है। यह शब्द किण्वन की प्रक्रिया में दाखमधु को संदर्भित करता है। कुछ विशिष्ट अनुच्छेदों के लिए देखें: व्यवस्थाविवरण 12:17; 18:4; यशायाह 62:8-9; होशे 4:11।
3. *Asis* - यह स्पष्ट रूप से मादक पेय है ("मीठा दाखमधु," BDB 779,KB 860, उदा. योएल 1:5;यशायाह 49:26)
4. *Sekar* - यह शब्द "मदिरा" (BDB 1016, KB1500) है। । इब्रानी मूल का उपयोग "मदहोश" या "मतवाला" शब्द में किया जाता है। इसे और अधिक नशीला बनाने के लिए इसमें और कुछ मिलाया जाता है। यह yayin (तुलना नीतिवचन 20:1; 31:6; यशायाह 28:7) के समानांतर है।

B. नया नियम

1. *Onios* – यूनानी शब्द *yayin* के समतुल्य।
2. *Neos onios* (नया दाखमधु) – यूनानी शब्द *tirosh* का समतुल्य (तुलना मरकुस 2:22)।
3. *Gleuchos vinos* (मीठा दाखमधु, asis) - किण्वन के शुरुआती चरणों का दाखमधु (तुलना प्रेरितों के काम 2:13)।

II. बाइबल में उपयोग

A. पुराना नियम

1. दाखमधु परमेश्वर का उपहार है (तुलना उत्पत्ति 27:28; भजनसंहिता 104:14-15; सभोपदेशक 9:7; होशे 2:8-9; योएल 2:19,24; आमोस 9:13; जकर्याह 10:7)।
2. दाखमधु एक बलिदान अर्पण का हिस्सा है (तुलना निर्गमन 29:40; लैव्यव्यवस्था 23:13; गिनती 15:7,10; 28:14; न्यायियों 9:13)।
3. दाखमधु का उपयोग दवा के रूप में किया जाता है (तुलना 2 शमूएल 16:2; नीतिवचन 31:6-7)।
4. दाखमधु एक वास्तविक समस्या हो सकती है (नूह - उत्पत्ति 9:21; लूत - उत्पत्ति 19:33,35; शिमशोन - न्यायियों; 16; नाबाल: 1 शमूएल 25:36; ऊरिय्याह - 2 शमूएल 11:13; अम्नोन - 2 शमूएल 13:28; एला- 1 राजा 16:9; बेन्हदद -1 राजा 20:12; शासक -आमोस 6:6; स्त्रियाँ: आमोस 4)।
5. दाखमधु के साथ दुर्व्यवहार के खिलाफ चेतावनी है (तुलना नीतिवचन 20:1; 23:20-21, 29-21; 31:4-5; यशायाह 5:11,22; 19:14; 28:7-8; होशे 4:11)।
6. कुछ समूहों के लिए दाखमधु निषिद्ध था (काम पर याजक, लैव्यव्यवस्था 10:9; यहेजकेल 44:21; नाज़ीर; गिनती 6; शासक, नीतिवचन 31:4-5; यशायाह 56:11-12; होशे 7:5)।

7. दाखमधु का उपयोग एक युगांत विषयक विन्यास में किया गया है (तुलना आमोस 9:13; योएल 3:18; जकर्याह 9:17)।

B. अंतर-बाइबल
   1. संयमन में दाखमधु बहुत मददगार है (सभोपदेशक 31:27-30)।
   2. रब्बियों का कहना है कि "दाखमधु सभी दवाओं में सबसे बड़ी है, जहाँ दाखमधु की कमी है, फिर औषधियों जरूरत होती है "(BB 58b)।

C. नया नियम
   1. यीशु ने बड़ी मात्रा में पानी को दाखरस में बदल दिया (यूहन्ना 2:1-11)।
   2. यीशु ने दाखरस पिया(मत्ती 11:16, 18-19; लूका 7:33-34; 22:17ff)
   3. पतरस ने पिन्तेकुस्त में "नई मदिरा" पर नशे का आरोप लगाया (प्रेरितों के काम 2:13)।
   4. दाखरस दवा के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है मरकुस15:23; लूका 10:34; 1तीमुथियुस 5:23)।
   5. अगुवों को नशे की लत नहीं होनी चाहिए। इसका मतलब संपूर्ण परहेजगार नहीं है (1 तीमुथियुस 3: 3,8; तीतुस 1:7; 2:3; 1 पतरस 4:3)।
   6. दाखरस का उपयोग युगांत विषयक विन्यास में किया गया है (मत्ती 22:1ff; प्रकाशितवाक्य 19:9)।
   7. मतवालेपन की निंदा की जाती है (मत्ती 24:49; लूका 11:45; 21:34 1 कुरिन्थियों 5:11-13; 6:10; गलातियों 5:21; 1 पतरस 4:3; रोमियों 13:1-14)

III. धर्मशास्त्रीय अंतर्दृष्टि

A. द्वंद्वात्मक तनाव
   1. दाखरस परमेश्वर की भेंट है.
   2. मतवालापन एक बड़ी समस्या है
   3. कुछ संस्कृतियों में विश्वासियों को सुसमाचार की भलाई के लिए,अपनी स्वतंत्रता को सीमित रखना चाहिए (मत्ती 15:1-20; मरकुस 7:1-23; रोमियों 14; 1 कुरिन्थियों 8-10)।

B. परमेश्वर प्रदत्त सीमाओं से परे जाने की प्रवृत्ति
   1. परमेश्वर सभी अच्छी चीजों का स्रोत है।
      a. भोजन- मरकुस 7:19; लूका 11:44; 1 कुरिन्थियों 10:25-26
      b. सभी स्वच्छ वस्तुएँ- रोमियों14:14,20; 1 तीमुथियुस 4:4
      c. सभी न्यायोचित वस्तुएँ -1 कुरिन्थियों 6:12; 10:23
      d. सभी शुद्ध वस्तुएँ -तीतुस 1:15
   2. पतित मनुष्य ने परमेश्वर की सभी भेंटों को सीमाओं से परे ले जाकर दुरुपयोग किया है।

C. कुरीति हममें है, वस्तुओं में नहीं। भौतिक सृष्टि में कोई भी दुष्टता नहीं है (ऊपर B.1.देखें)

IV. पहली शताब्दी की यहूदी संस्कृति और किण्वन

A. किण्वन बहुत जल्द शुरू होता है, अक्सर पहले दिन रस निकालने के 6 घंटे बाद।

B. जब सतह पर एक हल्का झाग दिखाई देता है,(किण्वन का संकेत) तो यहूदी परंपरा कहती है कि यह दाखमधु दशमांश के लिए उत्तरदायी है (*Ma aseroth*1:7)।इसे "नया दाखमधु" या "मीठा दाखमधु" कहा जाता था।

C. प्राथमिक किण्वन एक सप्ताह में खत्म हो जाता है।

D. द्वितीयक किण्वन में लगभग 40 दिन लगते हैं। इस स्तर पर इसे "परिपक्व दाखमधु" माना जाता है और वेदी पर चढ़ाया जा सकता है (*Edhuyyoth* 6:1)।

E. दाखमधु जो अपने "लीस" (परिपक्व तलछट) के स्तर पर हो, अच्छा माना जाता है, लेकिन दाखमधु को उपयोग करने से पहले अच्छी तरह से छान लिया जाना चाहिए।

F. किण्वन के एक साल बाद दाखमधु को सही तौर पर परिपक्व माना जाता है। तीन साल सबसे लंबी अवधि है जब तक शराब को संग्रहीत किया जा सकता है। इसे "पुराना दाखमधु" कहा जाता है। और इसे पानी मिला कर पतला किया जाता है।

G. केवल पिछले 100 वर्षों में, जीवाणुरहित परिस्थितियों और रासायनिक योजकों के साथ, किण्वन प्रक्रिया को स्थगित करना संभव हो गया है। प्राचीन संसार किण्वन की प्राकृतिक प्रक्रिया को रोक नहीं सका।

V. समापन कथन
   A. सुनिश्चित करें कि आपका अनुभव, धर्मशास्त्र, और बाइबल की व्याख्या यीशु और पहली शताब्दी के यहूदी/ईसाई संस्कृति का अवमूल्यन न करे! वे स्पष्ट रूप से पूर्ण- परहेजगार नहीं थे।
   B. मैं शराब के सामाजिक प्रयोग की वकालत नहीं कर रहा हूँ। हालाँकि, कई लोगों ने इस विषय पर बाइबल के दृष्टिकोण को बढ़ा-चढ़ा कर कहा है और अब एक सांस्कृतिक/साम्प्रदायिक पूर्वाग्रह के आधार पर बेहतर धार्मिकता का दावा करते हैं।
   C. मेरे लिए, रोमियों 14 और 1 कुरिन्थियों 8-10 ने हमारे साथी विश्वासियों के लिए और हमारी संस्कृति में सुसमाचार के प्रसार के लिए प्रेम और सम्मान के आधार पर अंतर्दृष्टि और दिशानिर्देश प्रदान किए हैं, व्यक्तिगत स्वतंत्रता या आलोचनात्मक समीक्षा नहीं। अगर विश्वास और अभ्यास के लिए बाइबल एकमात्र स्रोत है, तो शायद हम सभी को इस मुद्दे पर पुनर्विचार करना चाहिए।
   D. यदि हम परमेश्वर की इच्छा के अनुसार पूर्ण संयम का प्रयास करते हैं, तो हम यीशु के बारे में क्या अर्थ निकालते हैं, साथ ही साथ उन आधुनिक संस्कृतियों के बारे में भी जो नियमित रूप से दाखरस का उपयोग करते हैं (उदाहरण, यूरोप, इस्राएल, अर्जेंटीना)

D. दशमांश प्रायः घोषित किया जाता है (1) व्यक्तिगत संपत्ति के लिए एक तरीके के रूप में, लेकिन केवल उन संस्कृतियों में जहाँ संपत्ति की संभावना है या (2) परमेश्वर के न्याय से बचने का एक तरीके के रूप में।

निम्नलिखित डॉ. अटले की टिप्पणियों से लिया गया एक विशेष विषय है।

विशेष विषय: दशमांश देना

नये नियम में दशमांश देने के कुछ ही संदर्भ हैं। मैं यह नहीं मानता कि नया नियम दशमांश देना सिखाता है क्योंकि यह पूरी व्यवस्था "मीन मेख निकालने वाले" यहूदी कर्मकाण्डवाद और आत्म-धार्मिकता (यानी, मत्ती 23: 13-36) के खिलाफ है। मेरा मानना है कि नियमित देने के लिए नये नियम के दिशानिर्देश (यदि कोई हैं) 2 कुरिन्थियों 8 और 9 में पाए जाते हैं (यानी, यरूशलेम में मातृ कलीसिया के गरीबों के लिए अन्यजाति कलीसियाओं द्वारा एक ही बार दिए जाने वाले दान का उल्लेख करते हुए), जो दशमांश देने से कहीं बढ़कर है! यदि केवल पुराने नियम की जानकारी रखने वाले एक यहूदी को दस से तीस प्रतिशत देने की आज्ञा थी (पुराने नियम में दो, संभवतः तीन, आवश्यक दशमांश हैं; विशेष विषय: मूसा के विधान में दशमांश देखें), तो मसीहियों को इससे कहीं बढ़कर देना चाहिए; दशमांश पर चर्चा करने के लिए समय भी नहीं लगाना चाहिए!

नये नियम विश्वासियों को मसीहत को एक नए कानूनी कार्य-उन्मुख कोड (मसीही तल्मूद) में बदलने से सावधान रहना चाहिए। परमेश्वर को प्रसन्न करने की उनकी इच्छा उन्हें जीवन के हर क्षेत्र के लिए दिशा-निर्देश खोजने का प्रयास करने का कारण बनती है। हालाँकि, धर्मशास्त्रीय रूप से पुरानी वाचा के उन नियमों को घसीटते रहना जिनकी नये नियम में पुन: पुष्टि नहीं की गई है (यानी, द जेरूसलम काउंसिल ऑफ एक्ट्स 15) और उन्हें हठधर्मी मानदंड बनाना खतरनाक है, खासकर जबकि उनके विषय में दावा किया गया है (आधुनिक उपदेशकों द्वारा) कि वे विपत्ति के कारण या समृद्धि के वादे हैं (तुलना मलाकी 3)।

यहाँ Frank Stagg, *New Testament Theology*, pp. 292-293 का एक अच्छा उद्धरण है।

"नया नियम एक बार भी दशमांश को देने के अनुग्रह के रूप में प्रस्तुत नहीं करता है। नए नियम में केवल तीन बार दशमांश का उल्लेख किया गया है:

1. बाग की उपज का दशमांश देने में अति सावधान रहते हुए न्याय, दया, और विश्वास की उपेक्षा करने के लिए फरीसियों को रोकने में (मत्ती 23:23; लूका 11:42)

2. अभिमानी फरीसी को प्रकट करने के लिए जिसने 'स्वयं से प्रार्थना की,' शेखी बघारते हुए कि उसने प्रत्येक सप्ताह में दो बार उपवास रखा और अपनी सारी संपत्ति का दशमांश दिया (लूका 18:12)
3. मलिकिसिदक की, और अतः मसीह की, लेवी से श्रेष्ठता के लिए तर्क करने में (इब्रानियों 7:6-9)।

"यह स्पष्ट है कि यीशु ने मंदिर की व्यवस्था के एक भाग के रूप में दशमांश देने को मंजूरी दी, ठीक उसी तरह जैसे सिद्धांत और व्यवहार में उसने मंदिर और आराधनालय की सामान्य प्रथाओं का समर्थन किया था। लेकिन कोई संकेत नहीं है कि उसने अपने अनुयायियों पर मंदिर की उपासना विधि के किसी भी भाग को थोपा। दशमांश मुख्य रूप से उपज होती थी, जिसे पवित्र स्थान में पहले दशमांश देनेवाले के द्वारा खाया जाता था और बाद में याजकों द्वारा खाया जाता था। पुराने नियम के अनुसार दशमांश एक ऐसी धार्मिक व्यवस्था में दिया जा सकता था जो केवल पशु के बलिदान की व्यवस्था के आधार पर विकसित थी।"

"कई मसीही दशमांश को देने की एक उचित और व्यावहारिक योजना समझते हैं। इसलिए जब तक इसे एक अनिवार्य या विधिसम्मत व्यवस्था नहीं बना दिया जाता है, यह एक खुशहाल योजना साबित हो सकती है। हालाँकि, कोई भी मान्य रूप से यह दावा नहीं कर सकता है कि दशमांश देना नये नियम में सिखाया जाता है। यह यहूदी धार्मिक क्रिया के लिए उचित माना जाता है (मत्ती 23:23; लूका 11:42), लेकिन यह मसीहियों पर नहीं थोपा जाता है। वास्तव में, यहूदियों या मसीहियों के लिए अब पुराने नियम के अभिप्राय से दशमांश देना असंभव है। आज दशमांश देना यहूदियों की बलिदान प्रथा से संबंधित प्राचीन अनुष्ठान के चलन से बहुत कम समानता रखता है।"

स्टैग ने सार प्रस्तुत किया है।

"जबकि दशमांश को एक मसीही आवश्यकता के रूप में कठोरतापूर्वक दूसरों पर लागू किये बिना, स्वेच्छा से देने के एक मानक के रूप में अपनाने के लिए बहुत कुछ कहा जा सकता है, एक इस तरह के चलन को अपनाने में यह स्पष्ट है कि कोई पुराने नियम के चलन को जारी नहीं रख रहा है। ज्यादा से ज्यादा पुराने नियम के दशमांश के प्रचलन के सदृश्य थोड़ा सा कुछ कर रहा है, जो मंदिर और याजकीय व्यवस्था, सामाजिक और धार्मिक व्यवस्था को सहयोग करने के लिए एक कर था, जो अब मौजूद नहीं है। यहूदीवाद में 70 ई में मंदिर के नष्ट होने तक दशमांश कर के रूप में अनिवार्य था, लेकिन यह इसलिए मसीहियों के लिए बंधनकारक नहीं है।

"यह दशमांश को बदनाम करने के लिए नहीं है, बल्कि यह नये नियम से उसके संबंध को स्पष्ट करने के लिए है। यह इस बात से इन्कार करना है कि नया नियम अनिवार्यता, वैधता, लाभ के उद्देश्य और समझौते का समर्थन करता है, जो अक्सर आज की दशमांश अपील की विशेषता है।" एक स्वैच्छिक व्यवस्था के रूप में, दशमांश देना बहुत कुछ प्रदान करता है, लेकिन एक मसीह के द्वारा इसे अनुग्रह से प्राप्त किया जाना चाहिए । यह कहना कि यह 'काम करता है' केवल संसार के व्यावहारिक परीक्षणों को अपनाने जैसा है। बहुत कुछ जो 'काम करता है' मसीही नहीं है। दशमांश, यदि इसे नये नियम के धर्मशास्त्र के अनुरूप होना है, तो परमेश्वर के अनुग्रह और प्रेम पर आधारित होना चाहिए।"

III. क्या किया जा सकता है?

उपरोक्त सूची इसी प्रकार आगे चलती जा सकती है। जाहिर है, यह कहा जाना चाहिए कि ये व्यक्तित्व घटक आमतौर पर केवल परिधीय क्षेत्रों को प्रभावित करते हैं। यह हम में से प्रत्येक को उनका विश्लेषण करने में सहायक है जिन्हें हम विश्वास करते हैं कि वे मसीही धर्म का अलघुकरणीय न्यूनतम हैं। हर युग और किसी भी संस्कृति में कलीसिया के प्रमुख स्तंभ क्या हैं? यह एक आसान सवाल नहीं है, लेकिन मुझे लगता है कि यह एक आवश्यक सवाल है। हमें ऐतिहासिक मसीही धर्म के आवश्यक सार के प्रति प्रतिबद्ध होना चाहिए, लेकिन हमारे सांस्कृतिक और व्यक्तिगत मतभेदों पर उन क्षेत्रों में प्रेम से चर्चा करें जो महत्त्वपूर्ण नहीं हैं (तुलना रोमियों 14:1-15:13; 1 कुरिन्थियों 8-10)। जितना अधिक मैं अपने आप को और बाइबल को समझता हूँ, मेरा अलघुकरणीय सार उतना ही छोटा हो गया है। मुख्य रूप से, मेरे लिए, इसमें त्रिएक परमेश्वर का व्यक्तित्व और कार्य और कैसे कोई उसके साथ सहभागिता में आता है, यह शामिल है। इन प्रमुख मुद्दों के प्रकाश में अन्य सभी कम महत्त्वपूर्ण हो जाते हैं। परिपक्वता हमें कम हठधर्मी और आलोचनात्मक बना देगी!

हम सभी में पूर्वधारणाएँ हैं, लेकिन हम में से कुछ ने ही कभी उन्हें परिभाषित, विश्लेषित या वर्गीकृत किया है। हालाँकि, हमें उनकी उपस्थिति को पहचानना चाहिए। हम सभी एक या दूसरे प्रकार के चश्मे या फिल्टर पहनते हैं। पवित्रशास्त्र में दर्ज़ अनन्त और सांस्कृतिक पहलुओं के बीच अंतर करने में मेरी मदद करने वाली पुस्तक है, Gordon Fee and Doug Stuart, *How To Read the Bible For All Its Worth,* विशेष रूप से अध्याय 4 और 5। बाइबल कुछ बातों को दर्ज़ करती है जिनका वह समर्थन नहीं करती!

IV. व्याख्याकार की जिम्मेदारी

उपरोक्त चर्चा के प्रकाश में, व्याख्याकार के रूप में हमारी जिम्मेदारी क्या है? इसमें निम्नलिखित शामिल हैं।

1. मसीही स्वयं अपने लिए बाइबल की व्याख्या करने के लिए व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार हैं। इसे अक्सर विश्वासी का याजकपन कहा जाता है (प्राण योग्यता)। यह वाक्यांश बाइबल में कभी भी एकवचन में नहीं दिखाई देता, लेकिन हमेशा बहुवचन में दिखता है (तुलना निर्गमन 19:5; 1 पतरस 2:5,9; प्रकाशितवाक्य 1:6)। व्याख्या विश्वास के समुदाय का कार्य है। पश्चिमी व्यक्तिवाद पर अधिक जोर देने से सावधान रहें। हम इस जिम्मेदारी को किसी अन्य व्यक्ति को सौंपने का साहस न करें (1 कुरिन्थियों 12:7)।
2. बाइबल एक पुस्तक है जिसे व्याख्या की आवश्यकता है (यानी, मत्ती 5:29-30)। इसे ऐसे नहीं पढ़ा जा सकता है जैसे यह सुबह का अखबार हो। इसका सत्य ऐतिहासिक रूप से ठीक वैसे ही अनुकूलित है, जैसे हम हैं। हमें "तब" और "अब" के बीच की खाई को पाटना चाहिए।
3. हमने जो कर सकते थे, वह सर्वश्रेष्ठ किया है उसके बाद भी हमारी व्याख्याएँ कुछ हद तक दोषक्षम होंगी। हमें उस प्रकाश में चलना चाहिए जो हमारे पास है। हमें अन्य विश्वासियों से प्रेम और सम्मान करना चाहिए, जिनकी एक अलग समझ है (यानी, रोमियों 14:1-15:13; 1 कुरिन्थियों 8-10)।
4. "अभ्यास परिपूर्ण बनाता है।" यह व्याख्या के क्षेत्र में सच है। प्रार्थना और अभ्यास से लोगों की व्याख्या करने की क्षमता में सुधार होगा।
5. हेर्मेनेयुटिक्स सटीक रूप से यह नहीं बता सकता कि हर पाठ का अर्थ क्या है, लेकिन यह दिखा सकता है कि इसका अर्थ क्या नहीं हो सकता है!

बाइबल की व्याख्या करने की प्रासंगिक पद्धति

I. इसका इतिहास और विकास

A. यहूदी व्याख्या

ऐतिहासिक-व्याकरणिक-शाब्दिक विधि (इस पाठ्यपुस्तक में जिसे प्रासंगिक/पाठ्य पद्धति कहा जाता है) के रूप में जाना जाने वाली बाइबल अध्ययन की पद्धति का सबसे अधिक प्रयोग अन्ताकिया, सीरिया में शुरू हुआ। यह तीसरी शताब्दी में अन्योक्तिपरक विधि की प्रतिक्रिया में, जो मिस्र के अलेक्जेंड्रिया में कई सौ साल पहले विकसित हुई थी, आरम्भ हुआ। अलेक्जेंड्रियन विधि एक यहूदी व्याख्याकार, फिलो, जो 20 ई.पू. से 55 ई. तक जीए, की पद्धति का एक अनुरूपण था। फिलो भी अलेक्जेंड्रिया में रहते थे। वह, प्रवासी यहूदी होने के नाते, रब्बियों के बीच बहुत प्रभावशाली नहीं थे, लेकिन अलेक्जेंड्रिया, जो उस समय का अध्ययन का प्रमुख स्थान था, के हेलेनिस्टिक बुद्धिजीवियों के बीच उनका बहुत प्रभाव था। फिलो रब्बियों से सहमत था कि पुराना नियम परमेश्वर द्वारा दिया गया था। उनका मानना था कि परमेश्वर ने इब्रानी शास्त्र और यूनानी दार्शनिकों, खासकर प्लेटो के माध्यम से विशिष्ट रूप से बात की थी। इसलिए, पाठ के हर पहलू का अर्थ था- पाठ का प्रत्येक वाक्य, खंड, शब्द, अक्षर और यहाँ तक कि पाठ का सबसे छोटा अलंकरण या विलक्षणता।

रब्बियों की व्याख्या की विशेषता है "कैसे करें" पर ध्यान केंद्रित करना, विशेष रूप से मूसा की व्यवस्था के संबंध में। फिलो ने, हालाँकि व्याकरण और वर्तनी की कुछ समान विलक्षणताओं का प्रयोग करते हुए, पाठ में छिपे अर्थ पाए जिस प्रकार वे प्लैटोवाद से संबंधित है। रब्बियों को दैनिक जीवन में मोज़ेक कानून को लागू करने में रुचि थी, जबकि फिलो अपने प्लेटो के विश्वदृष्टिकोण के प्रकाश में इस्राएल के इतिहास को फिर से स्थापित करना चाहता था। ऐसा करने के लिए उसे अपने ऐतिहासिक संदर्भ से पुराने नियम को पूरी तरह से हटाना पड़ा।

> "उसके मन में यहूदी धर्म की कई अंतर्दृष्टि, जिन्हें ठीक से समझा जाता है, यूनानी दर्शन की उच्चतम अंतर्दृष्टि से अलग नहीं हैं। परमेश्वर ने खुद को इस्राएल के चुने हुए लोगों पर प्रकट किया, लेकिन उसने खुद को उस तरीके के अलावा किसी अलग तरीके से प्रकट नहीं किया, जिसमें वह खुद को यूनानी पर प्रकट करता है" (ग्रान्ट और ट्रेसी 1984, 53-54)।

उसका मूल दृष्टिकोण, पाठ की अन्योक्ति करना था यदि:

1. पाठ ऐसी बात करता है जो परमेश्वर के योग्य नहीं (परमेश्वर की दैहिकता)
2. पाठ में कोई कथित विसंगतियाँ हों
3. पाठ में कोई कथित ऐतिहासिक समस्याएँ हों
4. पाठ को उसके दार्शनिक विश्वदृष्टिकोण (ग्रांट और ट्रेसी 1984, 53) के रूप में अनुकूलित (अन्योक्ति) किया जा सकता हो।

B. अलेक्जेंड्रियाई शिक्षा

फिलो की व्याख्या की मूल बातें क्रिश्चियन स्कूल ऑफ इंटरप्रिटेशन में, जो इसी शहर में विकसित हुआ था, जारी रहीं। इसके प्रथम अगुवों में से एक क्लेमेंट ऑफ अलेक्जेंड्रिया (150-215 ई.) था। उसका मानना था कि बाइबल में विभिन्न प्रकार के लोगों, संस्कृतियों, और समयों के लिए पवित्रशास्त्र को प्रासंगिक बनाने के लिए विभिन्न स्तरों के अर्थ हैं। ये स्तर थे

1. ऐतिहासिक, शाब्दिक अर्थ
2. सैद्धान्तिक अर्थ
3. बोधात्मक या प्रारूपिक अर्थ
4. दार्शनिक अर्थ
5. गुप्त या अलंकारिक अर्थ (ग्रान्ट और ट्रेसी 1984, 55-56)

यह मूल दृष्टिकोण ओरिजन द्वारा जारी रखा गया (185-254 ई.), जो संभवतः प्राचीन कलीसिया का सबसे बड़ा विद्वान था (सिल्वा 1987, 36-37) । वह सबसे पहला पाठ्य समीक्षक, समर्थक, टिप्पणीकार और पद्धतिबद्ध धर्मशास्त्री था। उसके दृष्टिकोण का एक अच्छा उदाहरण नीतिवचन 22:20-21 की उसकी व्याख्या में पाया जा सकता है। वह इसे 1 थिस्सलुनीकियों 5:23 के साथ जोड़ता है। इस प्रकार बाइबल में हर अवतरण की व्याख्या के तीन स्तर हैं।

1. एक "शरीर-संबंधी" या शाब्दिक अर्थ
2. एक "प्राण- संबंधी" या नैतिक अर्थ
3. एक "आत्मिक या अलंकारिक/गुप्त" अर्थ (ग्रान्ट और ट्रेसी 1984, 59)

अलेक्जेंड्रिया के हेर्मेनेयुटिक्स का प्रोटेस्टेंट सुधार के समय तक अधिकांश कलीसिया पर व्याख्या के क्षेत्र में बोलबाला था। अगस्तीन (354-430 ई.) द्वारा इसकी चार स्तरों की व्याख्या में विकसित रूप में इसकी विशेषता बताई जा सकती है।

1. शाब्दिक- ऐतिहासिक घटनाओं को सिखाता है
2. अलौकिक- सिखाता है कि आपको क्या विश्वास करना चाहिए
3. नैतिक- सिखाता है कि आपको क्या करना चाहिए
4. गुप्त- सिखाता है कि आपको क्या आशा करनी चाहिए

समग्र रूप में कलीसिया के लिए, गैर-शाब्दिक (#2,3,4) में शुद्ध आत्मिक अंतर्दृष्टि थी। हालाँकि, गैर-ऐतिहासिक, गैर-व्याकरणिक पद्धति के दुरुपयोग ने व्याख्या के एक और पद्धति का निरूपण किया। सीरिया के अन्ताकिया (तीसरी शताब्दी) की ऐतिहासिक-व्याकरणिक पाठ-केंद्रित पद्धति ने अन्योक्ति का प्रयोग करने वालों को इनका दोषी ठहराया

1. पाठ में बाहर से अर्थ लाना
2. हर पाठ में एक गुप्त अर्थ को बलपूर्वक डालना
3. काल्पनिक और असुगम व्याख्या प्रस्तुत करना
4. शब्दों और वाक्यों को उनके स्पष्ट, सामान्य अर्थ प्रकट नहीं करने देना (सायर 1980, 107)
5. मानवीय आत्मवाद को मूल लेखक के सादे संदेश पर हावी होने देना

अन्योक्ति, जब एक अच्छी तरह से प्रशिक्षित, धर्मी व्याख्याकार द्वारा की जाती है, तो इसका बहुत मूल्य हो सकता है। यह स्पष्ट है कि यीशु (मत्ती 13:18-23) और पौलुस (1 कुरिन्थियों 9:9-10; 10:1-4; गलातियों 4:21-31) दोनों ने इस दृष्टिकोण के लिए एक बाइबल की मिसाल कायम की। हालाँकि, जब किसी के प्रिय वैज्ञानिक सिद्धांत को साबित करने के लिए या किसी अनुचित कार्यों का बचाव करने के लिए एक साधन के रूप में प्रयोग किया जाता है, तो यह एक बड़ी बाधा बन जाता है। मुख्य समस्या यह है कि स्वयं पाठ से ही अर्थ को सिद्ध करने का कोई साधन नहीं है (सिल्वा 1987, 74)। मानव जाति की पापपूर्णता ने इस पद्धति (और कुछ हद तक सभी तरीकों को) को लगभग कुछ भी साबित करने और फिर उसे बाइबल संबंधी कहने के एक साधन में बदल दिया है।

"हमेशा स्वैर भाष्य का ख़तरा रहता है, बाइबल में उन विचारों को पढ़ना, जो हमें कहीं और से मिले हैं और फिर उनमें से प्रत्येक को उस अधिकार से ग्रहण करना जिसके साथ हम पुस्तक को घेरने आए हैं" (वर्ल्ड काउंसिल ऑफ चर्चस सिम्पोजियम ऑन बाइबल अथॉरिटी फॉर टुडे, ऑक्सफोर्ड, 1949)।
"ओरिजन, और उसके साथ कई अन्य लोगों ने, सच्चे अर्थ से दूर, हर संभव तरीके से पवित्रशास्त्र को यातना देने के अवसर को ले लिया है। उन्होंने निष्कर्ष निकाला कि शाब्दिक अर्थ बहुत तुच्छ और घटिया है, और यह कि पत्र के बाहरी हिस्से के नीचे, गहन रहस्य हैं, जिन्हें अन्योक्तियों को बाहर निकाले बिना समझा नहीं जा सकता। और इसे पूरा करने में उन्हें कोई कठिनाई नहीं हुई; जो अटकलें सरल लगती हैं उन्हें हमेशा पसंद किया गया है, और हमेशा संसार के द्वारा ठोस सिद्धांत के स्थान पर उन्हें पसंद किया जाएगा....समर्थन के साथ मनमानी व्यवस्था ने धीरे-धीरे इतनी ऊँचाई हासिल कर ली, कि वह जिसने अपने स्वयं के मनोरंजन के लिए पवित्रशास्त्र का प्रयोग किया, न केवल कोई सज़ा पाए बिना छूट गया, बल्कि उसने सर्वोच्च प्रशंसा भी प्राप्त की। कई शताब्दियों तक किसी भी व्यक्ति को, जिसके पास परमेश्वर के पवित्र वचन को विभिन्न प्रकार के जिज्ञासु के रूप में बदलने के लिए कौशल और साहस नहीं था, प्रतिभावान नहीं माना जाता था। यह निस्संदेह पवित्रशास्त्र के अधिकार का अवमूल्यन करने, और इसे पढ़ने कर इसका सही फायदा उठाने से दूर रखने की शैतान की एक युक्ति थी। जब उसने पवित्र शास्त्र के शुद्ध अर्थ को गलत व्याख्याओं के नीचे दबा दिया, परमेश्वर ने इस अपवित्रीकरण का निष्पक्ष न्याय किया। कहा जाता है, पवित्रशास्त्र, फलदायक है, और यह विभिन्न प्रकार के अर्थ पैदा करता है। मैं स्वीकार करता हूँ कि पवित्रशास्त्र समस्त ज्ञान का सबसे समृद्ध और अपार सोता है; लेकिन मैं इस बात से इनकार करता हूँ कि इसकी फलदायकता उन विभिन्न अर्थों में समाहित है, जो कोई भी व्यक्ति, अपनी इच्छा से, उसे प्रदान करता है। तो आइए जानते हैं, कि पवित्रशास्त्र का सही अर्थ सामान्य और स्पष्ट अर्थ है; और हम इसे ग्रहण करें और संकल्पपूर्वक उसका पालन करें। आइए हम संदेहपूर्ण समझकर उपेक्षा न करें, बल्कि साहसपूर्वक घातक भ्रष्टता के रूप में अलग कर दें, उन ढ़ोंगपूर्ण व्याख्याओं को, जो हमें सामान्य अर्थ से दूर ले जाती हैं" (John Newport dissertation, N. D.,16-17)।

C. अन्ताकियाई शिक्षा

यह स्पष्ट है कि अलेक्जेंड्रियाई शिक्षा इस आरोप को उचित रूप से स्वीकार करती थी कि उसकी व्याख्याएँ मूल प्रेरित लेखक के अभिप्राय की तुलना में व्याख्याकार की चतुराई पर अधिक निर्भर थीं। कोई भी, किसी भी व्याख्या का दावा कर सकता है और इस पद्धति का प्रयोग करके बाइबल से "सिद्ध" कर सकता है। अन्ताकियाई पद्धति पवित्रशास्त्र के पाठ के सामान्य, स्पष्ट अर्थ पर केंद्रित है (कोल 1964, 87)। इसका मूल केंद्रबिंदु मूल लेखक के संदेश को समझना है। यही कारण है कि इसे हेर्मेनेयुटिक्स का ऐतिहासिक-व्याकरणिक दृष्टिकोण कहा जाता है। अन्ताकियाई ने एक ऐतिहासिक संदर्भ और मानव भाषा के सामान्य प्रयोग दोनों पर जोर दिया। इसने अलंकार, भविष्यवाणी या प्रतीकों को हटा नहीं दिया, बल्कि मूल लेखक की शैली की पसंद के साथ उन्हें मूल लेखक के उद्देश्य, ऐतिहासिक विन्यास और शैली से जोड़ने के लिए मजबूर किया।

"अन्ताकियाई पद्धति ने बाइबल के प्रकटीकरण की ऐतिहासिक वास्तविकता पर जोर दिया। वे इसे प्रतीकों और प्रतिबिंबों की दुनिया में खोने को तैयार नहीं थे। वे प्लैटोवादी से अधिक अरस्तुवादी थे" (ग्रान्ट और ट्रेसी 1984, 66)।

व्याख्या की इस पद्धति के कुछ आरंभिक नेता थे: लूसियन, तरसुस के डियोडोरस, मोपसुस्तिया के थियोडोर और जॉन क्राइसोस्टोम। यह पद्धति यीशु की मानवता पर अत्यधिक बल देने में शामिल हो गई है। इसे नेस्टोरियन हेरेसी के नाम से जाना जाता है (यीशु के दो स्वभाव थे, एक दैवीय और एक मानवीय) - और यह एक विधर्म था (तुलना 1 यूहन्ना 4:1-3)। इस कारण पद्धति ने अपना प्रभाव और अपने कई अनुयायियों को खो दिया। इसका मुख्यालय सीरिया से फारस में चला गया ताकि रोमी कलीसिया के अनुशासन से परे हो जाए।

D. अन्ताकियाई शिक्षा के मूल सिद्धांत

हालाँकि अन्ताकियाई शिक्षा के मूल सिद्धांत कुछ जगहों पर जारी थे, यह मार्टिन लूथर और जॉन कैल्विन में फिर से पूरे जोर पर था, क्योंकि यह पहले लाइरा के निकोलस में प्रारम्भिक चरण में था। यह मूल रूप से यह हेर्मेनेयुटिक्स के प्रति ऐतिहासिक और पाठ्य-केंद्रित दृष्टिकोण है जो यह पाठ्यपुस्तक प्रस्तुत करने का प्रयास कर रही है। अनुप्रयोग पर अतिरिक्त जोर देने के साथ-साथ, जो ओरिजन गुणों में से एक था, अन्ताकियाई दृष्टिकोण स्पष्ट रूप से टीका और अनुप्रयोग के बीच भिन्नता दर्शाता है (सिल्वा 1987, 101)। क्योंकि यह पाठ्यपुस्तक मुख्य रूप से गैर-धर्मशास्त्रीय रूप से प्रशिक्षित विश्वासियों के लिए है, इसलिए पद्धति अनुवाद में मूल भाषाओं के बजाय पवित्रशास्त्र के पाठ पर केंद्रित होगी। अध्ययन के लिए सहायक सामग्री प्रस्तुत की जाएगी और उसकी सिफारिश की जाएगी, लेकिन मूल लेखक के स्पष्ट अर्थ का, अधिकतर मामलों में, व्यापक बाहरी सहायता के बिना पता लगाया जा सकता है। धर्मी, परिश्रमी विद्वानों का काम हमें पृष्ठभूमि सामग्री, कठिन अवतरणों और व्यापक अर्थ समझने में मदद करेगा, लेकिन पहले हमें स्वयं पवित्रशास्त्र के सामान्य अर्थ को खोजना होगा। यह हमारा सौभाग्य, हमारी जिम्मेदारी, और हमारी सुरक्षा है। बाइबल, आत्मा और आप प्राथमिकता हैं! एक गैर-तकनीकी स्तर पर मानवीय भाषा का विश्लेषण कैसे करें, इस बारे में अन्तर्दृष्टि, और इसके साथ अंदर वास करने वाले पवित्र आत्मा की सामर्थ्य इस प्रासंगिक/पाठीय दृष्टिकोण के दो स्तम्भ हैं। अपने लिए बाइबल की व्याख्या के लिए कुछ हद तक स्वतंत्र होने की आपकी क्षमता इस पाठ्यपुस्तक का प्राथमिक लक्ष्य है। जेम्स डब्ल्यू. सायर ने अपनी पुस्तक *Scripture Twisting* में दो अच्छे तथ्य बताए हैं।

> "प्रकाशन परमेश्वर लोगों के मन में आता है - न केवल आत्मिक रूप से अभिजात वर्ग के लोगों के। बाइबल की मसीहत में कोई गुरु वर्ग नहीं है, कोई सिद्ध पुरुष नहीं है, कोई भी ऐसा व्यक्ति नहीं है जिसके माध्यम से सभी उचित व्याख्याएँ प्राप्त होनी चाहिए। और, इसलिए, जबकि पवित्र आत्मा बुद्धि, ज्ञान और आत्मिक विवेक के विशेष वरदान देता है, वह इन वरदान प्राप्त मसीहियों को केवल उसके वचन का एकमात्र आधिकारिक व्याख्याकार होने का अधिकार नहीं देता। यह उसके लोगों में से प्रत्येक व्यक्ति पर निर्भर है कि वह सीखे, जाँचे और परखे, बाइबल के संदर्भ से, जो उन लोगों पर भी अधिकार रखता है, जिन्हें परमेश्वर ने विशेष योग्यताएँ दी हैं।"
>
> "संक्षेप में, मैं पूरी पुस्तक में जो धारणा बना रहा हूँ वह यह है कि बाइबल पूरी मानवता के लिए परमेश्वर का सच्चा प्रकटीकरण है, कि यह उन सभी मामलों पर, जिनके बारे में वह बोलता है, हमारा अंतिम अधिकार है, कि यह एक पूर्ण रहस्य नहीं है, लेकिन हर संस्कृति में सामान्य लोगों द्वारा पर्याप्त रूप से समझा जा सकता है" (पृ. 17-18)।

हम पवित्रशास्त्र की व्याख्या के लिए किसी अन्य व्यक्ति या संप्रदाय पर भोलेपन से भरोसा न करें, जो न केवल जीवन को प्रभावित करता है, बल्कि आने वाले जीवन को भी प्रभावित करता है। इस पाठ्यपुस्तक का दूसरा लक्ष्य दूसरों की व्याख्याओं का विश्लेषण करने की क्षमता हासिल करना है। यह पाठ्यपुस्तक हर विश्वासी को व्यक्तिगत बाइबल अध्ययन के लिए एक पद्धति और दूसरों की व्याख्या के प्रति एक ढाल प्रदान करने की इच्छा रखती है। विद्वत्तापूर्ण सहायता की सिफारिश की जाएगी, लेकिन उसे उचित विश्लेषण और पाठीय प्रलेखन के बिना स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए।

II. व्याख्यात्मक प्रश्न

ऐतिहासिक रूप से सूचित और पाठ्य-केंद्रित कार्यप्रणाली की हमारी चर्चा सात व्याख्यात्मक प्रश्नों के इर्द-गिर्द घूमेगी, जो हमें पवित्रशास्त्र के प्रत्येक संदर्भ के अध्ययन में पूछने चाहिए।

1. मूल लेखक ने क्या कहा? (पाठ्य समीक्षा)
2. मूल लेखक का क्या अर्थ था? (टीका)
3. मूल लेखक ने उसी विषय पर कहीं और क्या कहा? (समानांतर अवतरण)
4. बाइबल के अन्य लेखक उसी विषय पर क्या कहते हैं? (समानांतर अवतरण)
5. मूल श्रोताओं ने संदेश को किस प्रकार समझा और उस पर प्रतिक्रिया दी? (ऐतिहासिक अनुप्रयोग)
6. यह सत्य मेरे दिन पर किस प्रकार लागू होता है? (आधुनिक अनुप्रयोग)
7. यह सत्य मेरे जीवन पर किस प्रकार लागू होता है? (व्यक्तिगत अनुप्रयोग)

A. पहला व्याख्यात्मक प्रश्न

1. पवित्रशास्त्र की व्याख्या करने के लिए इब्रानी और यूनानी को पढ़ने की आवश्यकता।
   प्रारंभिक चरण मूल पाठ को स्थापित करना है। यहाँ प्राचीन इब्रानी, अरामी और कोइन यूनानी की मूल भाषाओं के विषय के साथ हमारा सामना होता है। क्या किसी को पवित्रशास्त्र की व्याख्या करने से पहले इन भाषाओं और उनके सभी पाठ भेदों की जानकारी होनी चाहिए? मुझे फिर से बाइबल के बारे में अपनी पूर्वधारणाओं को बाँटने दीजिए।
   a. परमेश्वर चाहता है कि मानवजाति उसे जाने (सृजन का एकमात्र उद्देश्य, उत्पत्ति 1:26-27)।
   b. उसने हमें उसके स्वभाव, उद्देश्य और कृत्यों का लिखित प्रमाण प्रदान किया है।
   c. उसने हमें सर्वोच्च प्रकटीकरण, उसके पुत्र, यीशु नासरी को भेजा है। नए नियम में उसके जीवन और शिक्षाओं के साथ-साथ उनकी व्याख्याएँ भी शामिल हैं।
   d. परमेश्वर आम व्यक्ति से बात करता है। वह चाहता है कि सभी मनुष्यों का उद्धार हो (यहेजकेल 18:23,32; यूहन्ना 3:16; 1 तीमुथियुस 2:4; 2 पतरस 3:9)।
   e. अनुवाद के बिना संसार का एक बड़ा भाग परमेश्वर के प्रकटीकरण को कभी नहीं जान पाएगा (स्टेर्रेट 1973, 28)।
   f. हमें विद्वानों को अचूक व्याख्याकारों के रूप में नहीं देखना चाहिए। यहाँ तक कि विद्वानों को अन्य विद्वानों पर निर्भर रहना चाहिए। समान क्षेत्र के विद्वान भी हमेशा सहमत नहीं होते हैं (ट्रायना 1985, 9)।
   g. विद्वान हमारी सहायता कर सकते हैं। मसीही विद्वान कलीसिया को दिए गए परमेश्वर के वरदान हैं (1 कुरिन्थियों 12:28; इफिसियों 4:11)। फिर भी, उनकी मदद के बिना भी विश्वासी पवित्रशास्त्र के स्पष्ट, सरल सत्य को जान सकते हैं। उन्हें संपूर्ण या विस्तृत ज्ञान नहीं होगा। वे जानकारी के उस भण्डार को नहीं देखेंगे जो एक बाइबल का विद्वान अनुभव कर सकता है, लेकिन विश्वासी उतना जान सकते हैं जो विश्वास और पालन करने के लिए पर्याप्त है।
2. आधुनिक अनुवादों का प्रयोग
   आधुनिक अनुवाद विद्वानों की शोध का परिणाम है। वे अनुवाद में विभिन्न दर्शनों का प्रयोग करते हैं। कुछ लोग शब्दों (शब्दशः) या खण्डों (गतिशील समतुल्य) के बजाय अवधारणाओं का अनुवाद (संक्षिप्त व्याख्या) करने में बहुत स्वच्छंद हैं। अनुसंधान और प्रयास के इस भण्डार के कारण, विश्वासियों के लिए, इन अनुवादों की तुलना करने के द्वारा, विभिन्न प्रकार की तकनीकी जानकारी उपलब्ध है, भले ही विश्वासियों को उनके पीछे की

तकनीकी प्रक्रिया या सिद्धांत समझ में न आए। आधुनिक अनुवादों की तुलना करके वे मूल लेखक के संदेश को पूरी तरह से समझने में सक्षम हैं। इसका तात्पर्य यह नहीं है कि खतरे नहीं हैं।

"जो व्यक्ति केवल अंग्रेजी में बाइबल पढ़ता है, वह अनुवादक (कों) के भरोसे पर है, और अनुवादकों को अक्सर चुनाव करना पड़ता है कि वास्तव में मूल इब्रानी या यूनानी का कहने का अभिप्राय क्या है" (फ़ी और स्टुअर्ट 1982, 29)।

"बाइबल विद्यार्थी बेहतर टिप्पणियों के एक शिक्षित प्रयोग के द्वारा इस बाधा (मूल न जानना और अनुवाद का प्रयोग करना) को दूर कर सकता है। इन सबसे ज्यादा, सभी को खतरों से अवगत होना चाहिए। छात्र को अनुवाद की तुलना करनी चाहिए जब वह अवतरण का अध्ययन करता है, और उनमें से किसी को भी ऐसे ही नहीं मान लेना चाहिए" (ओसबोर्न और वुडवर्ड 1979, 53)।

मुझे आशा है कि आपको अंग्रेजी अनुवाद की पर्याप्तता के बारे में उपरोक्त चर्चा द्वारा प्रोत्साहन मिला है। मैं आपको सुझाव दूँगा कि बाइबल अध्ययन के उद्देश्यों से आप कम से कम ऐसे दो अलग-अलग अनुवादों का प्रयोग करें जो अनुवाद सिद्धांत में भिन्न हैं। मुख्य रूप से आप प्रयोग करना चाहेंगे वह जो बिल्कुल शाब्दिक है (यानी, शब्दशः) और इसकी तुलना एक मुहावरेदार अनुवाद (गतिशील समकक्ष) के साथ करें। इन दोनों प्रकार के अनुवादों की तुलना करने पर, शब्द अर्थ, वाक्य संरचना और पाठीय भेदों की अधिकांश समस्याएँ स्पष्ट हो जाती हैं। जब मुख्य विभिन्नताएँ होती हैं, तब तकनीकी टिप्पणियों और शोध साधनों के संदर्भ देखें।

3. इब्रानी और यूनानी पांडुलिपि पाठभेद

"मूल लेखक ने क्या कहा?" के क्षेत्र में एक और कठिन समस्या से निपटना मूल पांडुलिपियों की चिंता का कारण है। हमारे पास बाइबल लेखकों के मूल लेखन (स्वहस्त-लेखों) में से कोई भी नहीं है। तथ्य यह है कि, हम उन मूल (स्वहस्त-लेखों) से सैकड़ों वर्ष दूर कर दिए गए हैं। 1947 में मृत सागर चीरकों की खोज तक, हमारे सबसे पुराने पुराने नियम की पांडुलिपि नौवीं शताब्दी ईस्वी से थी, जिसे मैसोरेटिक टेक्स्ट कहा जाता था। मासेरेट्स यहूदी विद्वानों का एक समूह था जिन्होंने स्वरों (स्वरांकन बिंदुओं) को एक व्यंजनिक, इब्रानी पाठ में रखा। यह प्रकल्प नौवीं शताब्दी ई. तक पूरा नहीं हुआ था। मृत सागर चीरक हमें इस इब्रानी पाठ को ई.पू. युग में सत्यापित करने देते हैं। उन्होंने MT पर आधारित हमारे पुराने नियम की सटीकता की पुष्टि की। यह विद्वानों को इब्रानी पांडुलिपियों की तुलना उनके यूनानी अनुवादों: सेप्टुआजिंट, और एक्विला, सिम्माचस और थियोडोटियन, के साथ करने में सक्षम बनाता है। इस सब का अर्थ यह है कि इन सभी प्रतियों में कई अंतर हैं।

नया नियम भी उसी कठिनाई में शामिल है। हमारे पास प्रेरितों का लेखन नहीं है, वास्तव में, हमारी प्रतियाँ उनसे कई सौ साल दूर हैं। यूनानी नये नियम की उपलब्ध सबसे पुरानी पांडुलिपियाँ पपीरस पर लिखी कुछ पुस्तकों के टुकड़े हैं।ये दूसरी और तीसरी शताब्दी ई. से दिनांकित हैं और किसी में भी सम्पूर्ण नया नियम नहीं है। यूनानी पांडुलिपियों का अगला सबसे पुराना समूह चौथी से छठी शताब्दी के बीच से आता है। वे बिना किसी विराम चिह्न या अनुच्छेद विभाग के सारे बृहद अक्षरों में लिखे गए हैं। इसके बाद बाद की शताब्दियों से हजारों पांडुलिपियाँ हैं, जिनमें से अधिकतर 12वीं - 16वीं से हैं (छोटे अक्षरों में लिखी गई)। इनमें से कोई भी पूरी तरह से एकमत नहीं है। हालाँकि, इस बात पर ज़ोर देने की ज़रूरत है कि कोई भी पाठ भेद प्रमुख मसीही सिद्धांतों को प्रभावित नहीं करता है (ब्रूस 1969, 19-20)।

यह वह जगह है जहाँ पाठ्य समीक्षा का विज्ञान दृश्य में आता है। इस क्षेत्र के विद्वानों ने इन विभिन्न पाठों का विश्लेषण और वर्गीकरण "वर्गों" में किया है, कुछ सामान्य त्रुटियाँ या परिवर्धन जिनकी विशेषता है। यदि आप इस विषय पर अधिक जानकारी चाहते हैं तो पढ़ें।

a. *The Books and the Parchments* by F. F. Bruce
b. "Texts and Manuscripts of the Old Testament," *Zondervan's Pictorial Encyclopedia of the Bible*, vol. 5, pp. 683ff
c. "Texts and Manuscripts of the New Testament," *Zondervan's Pictorial Encyclopedia of the Bible*, vol. 5, pp. 697ff
d. *Introduction to New Testament Textual Criticism* by J. H. Greenlee

पाठ्य समीक्षा की समस्या हल नहीं हुई है, लेकिन इस प्रकार अब तक के काम ने निश्चित रूप से इस क्षेत्र में बहुत से भ्रम को दूर करने में मदद की है।

> "जब तक आम तौर पर प्रयोग किए जाने वाले संस्करण में एक वैकल्पिक पठन का फुटनोट के रूप में उल्लेख नहीं किया जाता है, शायद ही कोई पाठ्य समीक्षकों के परिश्रम को दोहराएगा" (लिफेल्ड 1984, 41)।

मैंने पाया है कि इन पांडुलिपि समस्याओं को हमारे आधुनिक अंग्रेजी अध्ययन बाइबलों में हाशिये की टिप्पणियों पर ध्यान देकर आसानी से पाया जा सकता है। रिवाइज्ड स्टैण्डर्ड वर्ज़न और न्यू इंग्लिश बाइबल कई दिलचस्प वैकल्पिक अनुवाद प्रदान करते हैं। सभी आधुनिक अनुवाद कुछ हद तक वैकल्पिक पठन प्रदान करते हैं। इस स्थान पर एक अन्य सहायक संसाधन एएमजी पब्लिशर्स द्वारा प्रकाशित कर्टिस वॉन द्वारा संपादित नई *Twenty-Six Translations of the Bible* है। यह तीन खंड का संग्रह किंग जेम्स वर्ज़न को बड़ी छपाई में और छब्बीस अनुवादों के समूह में से तीन से पाँच वैकल्पिक अनुवाद प्रदान करता है। यह साधन पाठ्य विविधताओं को जल्दी से दिखाता है। इन विविधताओं को तब टिप्पणियों और अन्य शोध साधनों में पर्याप्त रूप से खोजा जा सकता है।

4. मानवीय भाषा की सीमा

अभी भी एक अन्य घटक जो इस सवाल, "मूल लेखक ने क्या कहा?" में सम्मिलित है, मानव भाषा की अस्पष्टता से संबंधित है। जब मानवीय भाषा को, जो मूल रूप से शब्दों और अवधारणाओं के बीच अनुरूप संबंधों का एक संग्रह है, परमेश्वर और आत्मिक बातों का वर्णन करने के लिए मजबूर किया जाता है, तो बड़ी समस्याएं पैदा होती हैं। हमारी सीमाबद्धता, हमारी पापबुद्धि, हमारी भौतिकता, और समय का हमारा अनुभव (भूत, वर्तमान, भविष्य) सभी हमारी भाषा को प्रभावित करते हैं जब हम अलौकिक का वर्णन करने का प्रयास करते हैं। हम इन अवधारणाओं को मानव श्रेणियों में व्यक्त करने के लिए मजबूर हैं (फर्ग्यूसन 1937, 100)। इन रूपक श्रेणियों में से एक प्रकार मानवीकरण (मानव-रूप) है। ये श्रेणियां एक कारण थीं कि रब्बी, फिलो और ऑरिजन अन्योक्ति का प्रयोग करने लगे (सिल्वा 1987, 61)। वास्तव में, परमेश्वर और अलौकिक के विषय में हमारा वर्णन और समझ केवल समरूप है (यानी, नकार, उपमा और रूपक)। यह कभी भी पूर्ण या विस्तृत नहीं हो सकती है। यह पूर्वकल्पित है, लेकिन विश्वास से मसीही मानते हैं कि यह पर्याप्त है।

लिखित रूप में आने पर मानवीय भाषा की यह समस्या और जटिल हो जाती है। अतः अक्सर वाणी की लचक या कोई शारीरिक हाव-भाव हमें मानव संपर्क की सूक्ष्मताओं को समझने में मदद करता है, लेकिन ये लिखित पाठ में मौजूद नहीं होते हैं। फिर भी, इन स्पष्ट सीमाओं के बावजूद भी, हम अभी भी, अधिकतर, एक दूसरे को समझने में सक्षम हैं। बाइबल का हमारा अध्ययन इन अस्पष्टताओं के साथ-साथ तीन अलग-अलग भाषाओं (इब्रानी, अरामी और कोइन यूनानी) के अनुवाद की अतिरिक्त समस्या के कारण सीमित हो जाएगा। हम निश्चित रूप से हर अवतरण के पूर्ण अर्थ को नहीं जान पाएँगे। इस क्षेत्र में एक अच्छी पुस्तक *God's Word in Man's Language* by Eugene Nida है। पवित्र आत्मा की मदद से हम अधिकांश पवित्रशास्त्र के सामान्य अर्थ को समझ पाएँगे। हो सकता है कि अस्पष्टताएँ हमें विनम्र करने और हमें परमेश्वर की दया पर आश्रित होने का कारण हों।

B. दूसरा व्याख्यात्मक प्रश्न (टीका संबंधी प्रक्रियाओं पर एक पत्रक के लिए, पृ 96 और 97 देखें)

1. साहित्यिक इकाइयों की रूपरेखा तैयार करें

एक लिखित आलेख को समझने का एक तरीका, संभवतः सबसे अच्छा तरीका है, लेखक की प्रस्तुति में उसके उद्देश्य और प्रमुख विभागों (यानी, साहित्यिक इकाइयाँ) को पहचानना। हम एक उद्देश्य और लक्ष्य को ध्यान में रखकर लिखते हैं। बाइबल के लेखकों ने भी ऐसा ही किया। इस अति महत्त्वपूर्ण उद्देश्य और इसके प्रमुख विभागों की पहचान करने की हमारी क्षमता इसके छोटे भागों (अनुच्छेद और शब्द) की हमारी समझ को बहुत सुविधाजनक बनाएगी। इस निगमनात्मक दृष्टिकोण (ओसबोर्न और वुडवर्ड 1979, 21) की एक कुंजी रूपरेखा बनाना है (टेनी 1950, 52)। इससे पहले कि कोई बाइबल की पुस्तक के एक अनुच्छेद की व्याख्या करने की कोशिश करे, आसपास के अवतरणों और पूरी पुस्तक की संरचना के प्रकाश में उसे उस साहित्यिक इकाई के उद्देश्य को जानना होगा, जिसका वह एक हिस्सा है। मुझे पता है कि जहाँ तक इसे व्यवहार में लाने का प्रश्न है, यह प्रक्रिया आरम्भ में अपरिहार्य लगती है, लेकिन जहाँ तक व्याख्या का संबंध है, यह महत्त्वपूर्ण है।

> "बाइबल या साहित्य के दृष्टिकोण से, पढ़ने में सबसे सरल त्रुटि प्रश्नागत पद या अवतरण के तत्काल संदर्भ पर विचार करने में विफलता है" (सायर 1980, 52)।
>
> "प्रासंगिक व्याख्या का नियम है, कम से कम इस सिद्धांत में, कुछ सार्वभौमिक रूप से स्वीकार किए जाने वाले दिशानिर्देशों में से एक, भले ही सिद्धांतों का सुसंगत अनुप्रयोग एक प्रत्यक्ष रूप से कठिन उद्यम है" (सिल्वा 1983, 138)।
>
> "संदर्भ केवल अर्थ को समझने में हमारी मदद नहीं करता है - यह वस्तुतः अर्थ बनाता है" (सिल्वा 1983, 139)।
>
> "अवतरण उसमें किस प्रकार उपयुक्त बैठता है - यह उस पुस्तक के संपूर्ण प्रवाह में क्या योगदान देता है और उस पुस्तक की संरचना इसमें क्या योगदान देती है - टीका में साहित्यिक संदर्भ चरण का एक सर्वोपरि प्रभाव तैयार करता है" (स्टुअर्ट 1980, 54)।

इस कार्य को बहुत ही सरल तरीके से पूरा किया जा सकता है। कोई भी एक समय में व्याख्या के कई चरण पूरे कर सकता है। यह स्पष्ट है कि अगर कोई मूल लेखक के अभिप्राय के प्रकाश में एक अवतरण की व्याख्या करना चाहता है, तो उसे लेखक के पूरे संदेश (पुस्तक) को पढ़ने और उससे परिचित होने की आवश्यकता है। जब कोई उसकी विषयवस्तु से परिचित होने के लिए बाइबल की पुस्तक कई बार पढ़ता है, उसे अपने अवलोकन की टिप्पणियाँ तैयार कर लेनी चाहिए। पहले वाचन में पुस्तक के प्रमुख उद्देश्य और इसकी शैली को समझने का प्रयास करना चाहिए। दूसरे वाचन में संबंधित सामग्री के बड़े खण्डों को जिन्हें हम साहित्यिक ईकाइयाँ कहते हैं, नोट करना चाहिए। रोमियों की पुस्तक के एक उदाहरण से प्रमुख विषयों का पता चलता है।

a. संक्षिप्त परिचय और विषय (1:1-17)
b. सभी मनुष्यों की पापमय दशा (1:18-3:21)
c. धर्मी ठहराया जाना एक वरदान है (4:1-5:21)
d. धर्मी ठहराया जाना हमारी जीवन शैली को प्रभावित करता है (6:1-8:39)
e. धर्मी ठहराया जाने से यहूदियों का संबंध (9:1-11:36)
f. धर्मी ठहराया जाने को दैनिक रूप से जीने का व्यावहारिक खंड (12:1-15:3)
g. अभिवादन, विदाई और चेतावनी (16:1-2)

"एक रूपरेखा की संरचना करने का प्रयत्न करें जो वास्तव में जानकारी की प्रमुख इकाइयों को प्रस्तुत करती हो। दूसरे शब्दों में, रूपरेखा अवतरण का एक कृत्रिम नहीं, प्राकृतिक परिणाम होनी चाहिए। प्रत्येक विषय (मात्रात्मक) के अन्तर्गत कौन से घटक शामिल किए गए हैं और घटकों की गहनता या महत्त्व (गुणात्मक) पर भी ध्यान दें। अवतरण को स्वयं को प्रकट करने दें। जब आप एक नया विषय, प्रसंग, मुद्दा, अवधारणा या सदृश, देखते हैं तो आपको अपनी रूपरेखा के लिए एक नया विषय शुरू करना चाहिए। प्रमुख विभाजनों की रूपरेखा बनाने के बाद और अधिक छोटे विभाजनों जैसे वाक्यों, खण्ड़ों और वाक्यांशों पर काम करें। इसकी रूपरेखा उतनी ही विस्तृत होनी चाहिए जितनी कि आप इसे बिना ज़बरदस्ती या कृत्रिम रूप से बना सकते हैं" (स्टुअर्ट 1980, 32-33)।

मूल लेखक को बोलने की अनुमति देने के लिए अनुच्छेद स्तर (और उससे परे) की रूपरेखा बनाना एक कुंजी है। यह हमें लघु विषयों को मुख्य बनाने या एक अलग दिशा में जाने से बचाएगा। फिर आपकी तैयार रूपरेखा की तुलना एक अध्ययन बाइबल के साथ की जा सकती है, जैसे कि NIV स्टडी बाइबल या NASB स्टडी बाइबल, एक बाइबल विश्वकोश, या एक टिप्पणी, लेकिन इसके बाद ही कि जब आप कई बार पुस्तक पढ़ चुके हों और अपनी खुद की प्रयोगात्मक रूपरेखा विकसित की हो।

"यह टीका में महत्त्वपूर्ण कार्य है, और सौभाग्य से यह कुछ ऐसा है जो कोई भी 'विशेषज्ञों' के परामर्श के बिना अच्छी तरह से कर सकता है" (फ़ी और स्टुअर्ट 1980, 24)।

एक बार जब बड़े साहित्यिक खण्डों को अलग कर लिया जाता है, तो छोटी इकाइयों की पहचान की जा सकती है और उन्हें संक्षेप में प्रस्तुत किया जा सकता है। विचार की ये छोटी इकाइयाँ कई अनुच्छेद या एक या अधिक अध्याय भी हो सकती हैं। अधिकांश साहित्यिक शैलियों में अनुच्छेद व्याख्या करने के लिए एक कुंजी है (लिफेल्ड 1984, 90)। एक अनुच्छेद से कम व्याख्या करने का प्रयास कभी नहीं करना चाहिए। जिस प्रकार एक वाक्य शब्दों के लिए संदर्भ बनाता है, अनुच्छेद वाक्यों के लिए संदर्भ बनाता है। उद्देश्यपूर्ण लेखन की मूल इकाई अनुच्छेद है। हाई

स्कूल में हमें सिखाया जाता था कि किसी अनुच्छेद के सामयिक वाक्य को कैसे अलग किया जाए। यही सिद्धांत हमें बाइबल की व्याख्या में काफी मदद करेगा। लेखक की सत्य की समग्र प्रस्तुति में हर अनुच्छेद का एक प्रमुख उद्देश्य होता है। यदि हम इस उद्देश्य को अलग कर सकें और इसकी सत्यता को एक सरल, घोषणात्मक वाक्य में सारांशित कर सकें, तो हम लेखक की संरचना की हमारी रूपरेखा को पूरा कर सकते हैं। यदि हमारी व्याख्या मूल लेखक के उद्देश्य या जोर से अलग है, तो हम बाइबल का दुरुपयोग कर रहे हैं और बाइबल का कोई अधिकार नहीं रखते हैं!

> "अध्याय और कविता विभाजनों पर भरोसा न करें। वे मूल नहीं हैं और अक्सर पूरी तरह से गलत होते हैं" (स्टुअर्ट 1980, 23)।

> "अनुच्छेद लेखन के बारे में निर्णय कभी-कभी व्यक्तिपरक होते हैं, और आप पाएँगे कि विभिन्न संपादकों के द्वारा विषयवस्तु का समूहीकरण हमेशा एक समान नहीं होता है। लेकिन अगर आप अपना अवतरण उस जगह से शुरू करने का फैसला करते हैं, जहाँ किसी संपादक ने एक अनुच्छेद शुरू नहीं किया है या एक अनुच्छेद को उस जगह पर समाप्त करना चाहते हैं, जहाँ किसी संपादक ने एक अनुच्छेद को समाप्त नहीं किया है, तो यह आपकी जिम्मेदारी है कि आप अपने निर्णय को पूरी तरह से समझाएँ।" (स्टुअर्ट 1980, 45)।

2. ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विन्यास पर ध्यान दें

साहित्यिक इकाइयों की पिछली चर्चा मूल्यवान है, न केवल पहले प्रश्न, "मूल लेखक ने क्या कहा" (पाठ्य समीक्षा) के लिए, बल्कि दूसरे, "मूल लेखक का क्या अर्थ था?" (टीका) के लिए भी। ये सवाल आपस में संबंधित, लेकिन अलग हैं। पहला मूल लेखक के शब्दों पर केंद्रित है (पाठ्य समीक्षा)। दूसरा व्याख्या के तीन बहुत महत्त्वपूर्ण पहलुओं पर केंद्रित है जो अर्थ से संबंधित हैं।

a. लेखक और/या पुस्तक की घटनाओं की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि
b. साहित्यिक रूप (शैली) का प्रकार जिसमें संदेश दिया गया है
c. पाठ के मूल व्याकरणिक और भाषाई पहलु

अन्योक्ति की विशेषताओं में से एक यह है कि यह एक पाठ की व्याख्या को इसके ऐतिहासिक विन्यास से पूरी तरह से अलग कर देता है। यह प्रासंगिक/पाठीय या अन्ताकियाई शिक्षा का एक प्रमुख सिद्धांत है कि ऐतिहासिक संदर्भ को सिद्ध किया जाए। इस सिद्धांत पर मार्टिन लूथर ने फिर से जोर दिया। व्याख्या में पृष्ठभूमि की जानकारी पर इस जोर को व्यापक अर्थ में, "उच्च समीक्षा" कहा जाता है; जबकि मूल पाठ के बारे में जानकारी को "लघु समीक्षा" कहा जाता है। उच्च समीक्षा में व्यक्ति आंतरिक (स्वयं बाइबल की पुस्तक) और बाहरी (धर्मनिरपेक्ष इतिहास, पुरातत्व, आदि) दोनों से निम्नलिखित बातों का पता लगाने की कोशिश करता है।

a. लेखक के बारे में जानकारी
b. लेखन की तिथि के बारे में जानकारी
c. लेखन के प्राप्तकर्ताओं के बारे में जानकारी
d. लेखन के अवसर के बारे में जानकारी
e. लेखन के स्वयं के बारे में जानकारी

(1) आवर्तक या विशिष्ट शब्द
(2) आवर्तक या विशिष्ट अवधारणाएँ
(3) संदेश का मूल प्रवाह
(4) वह रूप जिसमें संदेश प्रकट होता है (शैली)

"विश्व दृष्टिकोण भ्रम. . .यह तब होता है जब पवित्रशास्त्र का एक पाठक बाइबल के बौद्धिक और सांस्कृतिक ढांचे के भीतर बाइबल की व्याख्या करने में विफल रहता है, लेकिन संदर्भ के एक बाह्य ढांचे का प्रयोग करता है। जिस सामान्य तरह से यह प्रकट होता है वह पटकथा विवरण, कहानियों, आदेशों या प्रतीकों के लिए होता है, जिसका बाइबल के संदर्भ के ढांचे के भीतर एक विशेष अर्थ या संबंधित अर्थों का समूह होता है, जिसे उठाकर संदर्भ के दूसरे ढांचे में रखा जाता है। परिणाम यह होता है कि मूल इच्छित अर्थ खो जाता या विकृत हो जाता है, और एक नया और काफी अलग अर्थ प्रतिस्थापित हो जाता है" (सायर 1980, 128)।

इस प्रकार की जानकारी अक्सर (लेकिन हमेशा नहीं) लेखन की व्याख्या करने में सहायक होती है। व्याख्या का यह ऐतिहासिक पहलू, रूपरेखा बनाने के समान, कुछ हद तक "विशेषज्ञों" की सहायता के बिना किया जा सकता है। जब आप बाइबल की पुस्तक पढ़ते हैं, तो बाइबल से ही ऐतिहासिक पृष्ठभूमि की जानकारी लिख लें और यह आपको चकित कर देगा कि आपने कितनी जानकारी बटोर ली है। वास्तव में, यह जानकारी केवल बाइबल की पुस्तक से ही उपलब्ध हो जाती है (आमतौर पर पहले कुछ पद)। टिप्पणी में अक्सर कई सिद्धांत व्यक्त किए जाते हैं जो वास्तव में पूर्वधारणाएँ होती हैं जिनका बाइबल संबंधी या ऐतिहासिक प्रमाण बहुत कम होता है। एक बार जब आप बाइबल की पुस्तक से वह सारी जानकारी प्राप्त कर लेते हैं जो आपको स्पष्ट दिखाई देती है, तो इन निम्न प्रकार के शोध सहायकों में से एक का उपयोग करके अपनी अंतर्दृष्टि का विस्तार करने का समय है:

a. परिचयात्मक पुस्तकें जो आमतौर पर पुराने और नए नियमों पर अलग-अलग पुस्तकों में विभाजित होती हैं।
b. बाइबल विश्वकोश, शब्दकोशों, या विवरण पुस्तिका में लेख, आमतौर पर बाइबल की पुस्तक के नाम के तहत
c. टिप्पणियों में पाई जाने वाली प्रस्तावनाएँ
d. अध्ययन बाइबलों में पाई जाने वाली प्रस्तावनाएँ

इस प्रकार के शोध साधन आपको कम अध्ययन समय में ऐतिहासिक विन्यास की जानकारी देने के लिए हैं। बहुधा ये सामग्रियाँ अपेक्षाकृत संक्षिप्त होंगी क्योंकि हमें प्राचीन इतिहास के कई पहलुओं के बारे में अधिक जानकारी नहीं है। साथ ही, इस प्रकार की सामग्री आमतौर पर गैर-तकनीकी भाषा में लिखी जाएगी। फिर, जैसा कि आप को स्पष्ट हो गया है, व्याख्या के लिए मेरा मूल दृष्टिकोण पहले बड़ी तस्वीर को देखना और फिर भागों का विस्तार से विश्लेषण करना है।

3. साहित्य का प्रकार (शैली)

मूल लेखक के अर्थ से संबंधित व्याख्या का अगला क्षेत्र साहित्यिक शैली से संबंधित है। यह एक फ्रांसीसी शब्द है जिसका अर्थ है साहित्य की एक विशेष श्रेणी जिसकी विशेषता है शैली, रूप, या विषयवस्तु। यह महत्त्वपूर्ण है क्योंकि वह शैली जिसमें कोई लिखना पसंद करता है, इस बात को प्रभावित करता है कि हम उसे

कैसे समझें। भविष्यवाणी या काव्य की अक्सर हास्यास्पद व्याख्याओं को उस पद्धति पर प्रतिपादित किया गया है जिसे व्याख्या की "शाब्दिक" पद्धति कहा जाता है। हालाँकि, अन्ताकिया की "शाब्दिक" पद्धति का अर्थ है कि हम मानवीय भाषा की व्याख्या उसके सामान्य अर्थ में करते हैं। यदि यह सर्वनाश-संबंधी साहित्य है, तो इसकी व्याख्या शाब्दिक रूप से नहीं होनी चाहिए। यह काव्य, मुहावरों और अलंकारों के बारे में भी सही है।

विचार की मूल इकाई, जो गद्य में सामान्य रूप से अनुच्छेद है, शैली द्वारा संशोधित की जाती है। व्याख्या के प्रयोजनों से विचार की इकाइयों की पहचान में इस महत्त्वपूर्ण घटक के कुछ उदाहरण।

a. काव्य के लिए मूल इकाई छंद या श्लोक है, जिसे एक नमूने वाली इकाई के रूप में एक साथ क्रमबद्ध लाइनों की एक श्रृंखला के रूप में परिभाषित किया गया है (परिशिष्ट छह देखें)।
b. एक कहावत के लिए मूल इकाई, उसी पुस्तक में, उसी लेखक द्वारा एक अन्य पुस्तक में, या अन्य ज्ञान साहित्य में उसी विषय के संबंध में पद का केंद्रीय या सारांश विषय है। यहाँ, पृथक कहावत से अधिक, विषयगत विषय, व्याख्या की कुंजी है। केवल पर्यायवाची विषय (समान) ही नहीं, बल्कि एक ही विषय के प्रतिपक्षीय विषय (विपरीत) या वाक्यगत विकास (अतिरिक्त जानकारी) इब्रानी ज्ञान साहित्य की उचित व्याख्या के लिए महत्त्वपूर्ण हैं (परिशिष्ट सात देखें)।
c. भविष्यवाणी के लिए मूल इकाई को संपूर्ण भविष्यवाणी होना चाहिए। यह एक अनुच्छेद, एक अध्याय, कई अध्यायों, से लेकर एक पूरी पुस्तक भी हो सकती है। फिर से, मूल विषय और शैली भविष्यसूचक इकाई को अलग करेगी (परिशिष्ट चार और पांच देखें)।
d. सुसमाचार समानांतरों के लिए मूल इकाई साहित्य के निहित प्रकार से संबंधित होगी। आमतौर पर इकाई एक घटना, एक शिक्षण सत्र, एक विषय, आदि से संबंधित होगी। इसमें एक घटना या घटनाओं की एक श्रृंखला, दृष्टांत या दृष्टांतों की एक श्रृंखला, एक भविष्यवाणी या भविष्यवाणियों की एक श्रृंखला शामिल हो सकती है, लेकिन सभी एक मुख्य विषय पर केंद्रित होंगे। आमतौर पर प्रत्येक सुसमाचार के साहित्यिक प्रवाह को देखना अन्य सुसमाचारों में समानांतर अवतरणों पर जाने से बेहतर है।
e. पत्रों और ऐतिहासिक कथाओं के लिए आमतौर पर मूल इकाई अनुच्छेद है। हालाँकि, कई अनुच्छेद आमतौर पर बड़ी साहित्यिक इकाइयाँ बनाते हैं। छोटे भागों की सही व्याख्या की जाए, इससे पहले उन्हें एक संपूर्ण साहित्यिक इकाई के रूप में पहचाना और वर्णित किया जाना चाहिए। इन बड़ी साहित्यिक इकाइयों के कुछ उदाहरण आगे दिए गए हैं।
   (1) मत्ती 5-7 (पहाड़ी उपदेश)
   (2) रोमियों 9-11 (अविश्वासी इस्राएल के बारे में क्या)
   (3) 1 कुरिन्थियों 12-14 (आत्मिक वरदान) [या 1 कुरिन्थियों 11-14 सार्वजनिक आराधना के लिए दिशा-निर्देश]
   (4) प्रकाशितवाक्य 2-3 (कलीसियाओं को पत्र) या 4-5 (स्वर्ग)

   साहित्यिक प्रकार का विश्लेषण उनकी उचित व्याख्या के लिए महत्त्वपूर्ण है (फ़ी और स्टुअर्ट 1982, 105)। जैसा कि रूपरेखा बनाने में, और कुछ हद तक, ऐतिहासिक पृष्ठभूमि में, यह औसत पाठक द्वारा अनुवाद की मदद से जो काव्य और अनुच्छेद की पहचान करता है किया जा सकता है (फ़ी और स्टुअर्ट 1982, 24)। साहित्यिक शैली का वर्गीकरण इतना महत्त्वपूर्ण इसलिए है क्योंकि व्याख्या के लिए सामान्य दिशानिर्देशों के अलावा, प्रत्येक साहित्यिक प्रकार की विशेष आवश्यकताएँ होती हैं। यह केवल तर्कसंगत

है। यदि प्रत्येक प्रकार मानव संचार के एक अलग तरीके को प्रस्तुत करता है, तो यह स्पष्ट है कि लेखक के अभिप्राय पर पहुँचने के लिए विशेष व्यवहार की आवश्यकता है। यह बाइबल लेखक के अभिप्राय में कुछ जोड़ना उतना ही निंदनीय है जितना उसमें से कुछ निकाल देना।

4. शैली से संबंधित विशेष व्याख्यात्मक प्रक्रियाएँ

मुझे इन विशेष शैलियों में शामिल कुछ विशिष्ट दिशानिर्देशों को सारांश में बताने दें।

a. काव्य

(1) संरचना महत्त्वपूर्ण है। प्राचीन इब्रानी ने अपनी काव्य संरचना या स्वरूप को विचार के अनुसार विकसित किया (प्रति पंक्ति ताल में व्यक्त), तुकबंदी के अनुसार नहीं।

(a) पर्यायवाची (समान विचार)

(b) द्वंदात्मक (एक विपरीत विचार)

(c) संश्लेषित (विचार का विकास)

(2) काव्य आमतौर पर आलंकारिक होता है, शाब्दिक नहीं। यह हमारी सामान्य मानवीय इच्छाओं और अनुभवों से बात करने का प्रयास करता है। अलंगकारों की पहचान करने की कोशिश करें (स्टेरेट 1973, 93-100) और उनके कार्य या उद्देश्य को समझें।

(3) साहित्यिक इकाई की समग्र धारणा को समझने का प्रयास करें और विवरणों या अलंगकारों को सिद्धांतवादी विन्यासों में न धकेलें।

b. नीतिवचन

(1) क्योंकि वे दैनिक जीवन से संबंध रखते हैं, उनके व्यावहारिक अनुप्रयोग की तलाश करें।

(2) संदर्भ या ऐतिहासिक विन्यास की तुलना में समानांतर अवतरण यहाँ बहुत अधिक सहायक होंगे। एक ही व्यावहारिक अनुप्रयोग वाले नीतिवचन, साथ ही साथ अन्य अवतरणों की जो इस समान, विपरीत या विकसित सत्य को संशोधित या विकसित कर सकते हैं, एक सूची को संकलित करने की कोशिश करें

(3) अलंकारों को अलग करने और कहावत में उनके उद्देश्य की पहचान करने की कोशिश करें।

(4) सुनिश्चित करें कि आप नीतिवचन की व्याख्या किसी विशेष रूप से नहीं, बल्कि एक सामान्य सत्य के अर्थ में करें।

c. भविष्यवाणी

(1) इस प्रकार की शैली को पहले उसके स्वयं के ऐतिहासिक विन्यास के प्रकाश में देखा जाना चाहिए। यह मुख्य रूप से अपने दिन और उस दिन के तत्काल इतिहास से संबंधित है। इस शैली में ऐतिहासिक विन्यास महत्त्वपूर्ण है।

(2) हमें केंद्रीय सत्य की तलाश करनी चाहिए। कुछ विवरणों पर ध्यान केंद्रित करना जो हमारे दिन या आखिरी दिनों के लिए यथायोग्य हो सकते हैं और भविष्यवाणी के समग्र संदेश को अनदेखा करना एक सामान्य गलती है।

(3) अक्सर भविष्यद्वक्ता, संभवतः कई, भविष्य की परिस्थितियों की बात करते हैं। भविष्यवाणी के दुरुपयोग के कारण मुझे लगता है कि पुराने नियम की व्याख्या को नए नियम में दर्ज किए गए विशिष्ट विवरणों तक सीमित रखना सबसे अच्छा है। नए नियम की भविष्यवाणी की व्याख्या इनके प्रकाश में की जानी चाहिए

(a) इसके पुराने नियम के प्रयोग या उल्लेख
(b) यीशु के उपदेश
(c) नये नियम के अन्य समानांतर अनुच्छेद
(d) अपना स्वयं का प्रासंगिक विन्यास

(4) याद रखें कि बाइबल की अधिकांश भविष्यवाणी, विशेष रूप से पुराने नियम की मसीहाई भविष्यवाणी, के दो केंद्रबिंदु हैं: देहधारण और दूसरा आगमन (सिल्वा 1987, 104-108)।

d. चार सुसमाचार

(1) हालांकि हमारे पास चार सुसमाचार हैं और हम उनकी तुलना करने में सक्षम हैं, यह हमेशा एक विशेष सुसमाचार लेखक के उद्देश्य या अर्थ को खोजने की कोशिश में सबसे अच्छा तरीका नहीं है। हमें इस बात पर ध्यान देना चाहिए कि वह किस तरह से जानकारी का उपयोग करता है, न कि दूसरे सुसमाचार लेखकों ने कैसे इसका उपयोग किया है या इसे विकसित किया है। तुलना सहायक होगी, लेकिन आपके द्वारा किसी विशेष लेखक का अर्थ निर्धारित कर लेने के बाद ही।

(2) सुसमाचारों की व्याख्या करने में साहित्यिक या ऐतिहासिक संदर्भ महत्त्वपूर्ण है।जिस सामान्य विषय की चर्चा की जा रही है, उसकी साहित्यिक सीमाओं की पहचान करने की कोशिश करें न कि उसके अलग-अलग हिस्सों की। पहली शताब्दी के पलस्तीनी यहूदी धर्म के प्रकाश में इस विषय को देखने का प्रयास करें।

(3) यह याद रखना महत्त्वपूर्ण है कि सुसमाचारों में यीशु के शब्द और कृत्य दर्ज़ हैं, लेकिन ये पत्रियाँ है जो विशिष्ट कलीसिया के संदर्भ में उनकी व्याख्या करती हैं। पत्रियों में समानान्तरों को जाँचें।

(4) यीशु ने कुछ अस्पष्ट और कठिन बातें कही, जिनमें से कुछ हम शायद पूरी तरह से तब तक नहीं समझ सकेंगे जब तक कि हम उसे देख न लें। उसने बहुत कुछ ऐसा भी कहा जो सादा और स्पष्ट है - वहाँ शुरू करें। आप जो जानते हैं उस पर कार्य करें और अक्सर बाकी चीजें आपको स्पष्ट कर दी जाएँगी। यदि नहीं, तो संदेश संभवतः हमारे लिए, हमारे दिन के लिए नहीं है (दानिय्येल 12:4)।

(5) दृष्टान्तों के संबंध में

(a) संदर्भ के बारे में निश्चित रहें। ध्यान दें (1) यीशु ने दृष्टान्त किसे संबोधित किया; (2) दृष्टांत बताने का यीशु का उद्देश्य और (3) एक श्रृंखला में कितने दृष्टांत बताए गए हैं। आगे पढ़ें यह देखने के लिए कि क्या वह इसकी व्याख्या करता है।

(b) विवरणों में अधिक न जाएँ। मुख्य बिंदु (ओं) पर ध्यान दें। आमतौर पर प्रति दृष्टान्त या मुख्य पात्रों में सिर्फ एक केंद्रीय सत्य होता है।

(c) दृष्टान्तों पर प्रमुख सिद्धांतों का निर्माण न करें। सिद्धांत स्पष्ट विस्तारित शिक्षण अवतरणों पर आधारित होना चाहिए।

e. पत्र और ऐतिहासिक कथाएँ

(1) अन्य प्रकार की साहित्यिक शैलियों की तुलना में इनकी व्याख्या करना सबसे आसान है।

(2) प्रासंगिक विन्यास, ऐतिहासिक और साहित्यिक, दोनों की कुंजी है।

(3) साहित्यिक इकाई और अनुच्छेद प्रमुख साहित्यिक इकाई होगी।

साहित्यिक प्रकारों से जुड़े इन विशेष हेर्मेनेयुटिक्स पर निम्नलिखित उत्कृष्ट पुस्तकों में विस्तार से चर्चा की गई है।

1. *How to Read the Bible for All Its Worth* by Gordon Fee and Douglas Stuart
2. *Protestant Biblical Interpretation* by Bernard Ramm
3. *Linguistics and Bible Interpretation* by Peter Cotterell and Max Turner
4. *Literary Approaches to Biblical Interpretation* by Tremper Longman III
5. *Exegetical Fallacies* by D. A. Carson
6. *Plowshares and Pruning Hooks* by D. Brent Sandy
7. *A Basic Guide to Interpreting the Bible* by Robert H. Stein

5. वाक्य विन्यास और व्याकरणिक विशेषताएँ

लेखक के मूल अभिप्राय या अर्थ को समझने में एक और पहलू को वाक्यविन्यास या व्याकरणिक संरचना कहा जाता है। बाइबल की भाषाओं और हमारी अपनी मातृभाषा के बीच मुहावरेदार और संरचनात्मक भिन्नताओं के कारण यह अक्सर मुश्किल होता है। हालाँकि, यह व्याख्या में एक लाभदायक क्षेत्र है और इसे कुछ विस्तार से प्रयोग करने की आवश्यकता है। सामान्य तौर पर आधुनिक अनुवादों की तुलना और व्याकरण के बुनियादी ज्ञान से काफी मदद मिलेगी।

> "व्याकरण संभवतः हमें हमेशा वास्तविक अर्थ नहीं दिखा सकता है, लेकिन यह हमें संभावित अर्थ दिखाएगा। हम किसी भी ऐसे अर्थ को स्वीकार नहीं कर सकते हैं जो इसे हानि पहुँचाता है। बाइबल को समझने में यह व्याकरण महत्त्वपूर्ण है। यह अजीब नहीं है। अनिवार्य रूप से इसका अर्थ है कि हम बाइबल को मानवीय भाषा के सामान्य नियमों के अनुसार समझते हैं" (स्टेर्रेट 1973, 63)।

व्याकरण एक ऐसी चीज है जिसका आम व्यक्ति प्रयोग जानता है, लेकिन तकनीकी परिभाषा नहीं। जब हम बोलना सीखते हैं तो हम व्याकरण सीखते हैं। विचारों को संप्रेषित करने के लिए वाक्य बनाना व्याकरण है। बाइबल की व्याख्या करने के लिए हमें व्याकरणिक संबंधों में निपुण होने की ज़रूरत नहीं है, हालाँकि, हमें यह समझने की कोशिश करने की ज़रूरत है कि मूल लेखक ने इसे जिस तरह से कहा, क्यों कहा। अक्सर एक वाक्य की संरचना हमें दिखाती है कि लेखक किस पर जोर दे रहा है। यह कई तरीकों से पता लगाया जा सकता है।

a. जब आप अवतरण को कई अंग्रेजी अनुवादों में पढ़ते हैं, शब्द क्रम पर ध्यान दें। इसका एक अच्छा उदाहरण इब्रानियों 1:1 में है। किंग जेम्स वर्ज़न में वाक्य का कर्त्ता "परमेश्वर" पहले आता है, लेकिन रिवाइज्ड स्टैण्डर्ड वर्ज़न में वर्णनात्मक वाक्यांश, "बार बार और अनेक प्रकार से" पहले आता है। यह महत्त्वपूर्ण है क्योंकि यह लेखक के सही अभिप्राय को दर्शाता है। क्या इस पाठ का मुख्य जोर वह है जो परमेश्वर ने बोला है (प्रकटीकरण) या यह कि परमेश्वर ने कैसे बोला है (प्रेरणा)? उत्तरार्द्ध सच है क्योंकि रिवाइज्ड स्टैण्डर्ड वर्ज़न कोइन यूनानी शब्द क्रम को दर्शाता है (एक अंतःपंक्तिक का प्रयोग करें)। साथ ही, एक तकनीकी टिप्पणी इन शब्द क्रम और व्याकरणिक मुद्दों में मदद करेगी।
b. जब आप अवतरण को कई अंग्रेजी अनुवादों में पढ़ते हैं, क्रियाओं के अनुवाद पर ध्यान दें। व्याख्या में क्रियाएँ बहुत महत्त्वपूर्ण हैं। एक अच्छा उदाहरण है 1 यूहन्ना 3:6,9। जब कोई किंग जेम्स वर्ज़न की तुलना आधुनिक अनुवादों से करता है तो अंतर स्पष्ट हो जाता है। यह एक वर्तमान काल क्रिया है। ये पद "पापहीनता" नहीं, लेकिन "कम पाप करना" सिखा रहे हैं । इस पाठ्यपुस्तक के उपसंहार में इब्रानी और यूनानी व्याकरणिक शब्दों की एक संक्षिप्त परिभाषा शामिल है (विषय सूची देखें)।

c. जब आप अवतरण को कई अंग्रेजी अनुवादों में पढ़ते हैं, विचार संयोजकों पर ध्यान दें। अक्सर ये हमें एक खंड के उद्देश्य को या वाक्य और संदर्भ कैसे संबंधित हैं, जानने में मदद करते हैं। निम्नलिखित संयोजनों पर ध्यान दें (ट्राइना 1985, 42-43)।

(1) सामयिक या कालानुक्रमिक संयोजक

(a) पश्चात (प्रकाशितवाक्य 11:11)

(b) जब (प्रेरितों के काम 16:16)

(c) इससे पहले (यूहन्ना 8:58)

(d) अब (लूका 16:25)

(e) तो (1 कुरिन्थियों 15:6)

(f) जब तक (मरकुस 14:25)

(g) जब (यूहन्ना 11:31)

(h) जब (मरकुस 14:43)

(2) स्थानीय या भौगोलिक संयोजक (जहाँ, इब्रानियों 6:20)

(3) तर्कसंगत संयोजक

(a) कारण

क्योंकि (रोमियों 1:25)

क्योंकि (रोमियों 1:11)

जब (रोमियों 1:28)

(b) परिणाम

अतः (रोमियों 9:16)

तो (गलातियों 2:21)

अतः (1 कुरिन्थियों 10:12)

इस प्रकार (1 कुरिन्थियों 8:12)

(c) उद्देश्य

इस कारण (रोमियों 4:16)

कि (रोमियों 5:21)

(d) विरोधाभास

यद्यपि (रोमियों 1:21)

लेकिन (रोमियों 2:8)

कहीं अधिक (रोमियों 5:15)

फिर भी (1 कुरिन्थियों 10:5)

अन्यथा (1 कुरिन्थियों 14:16)

तथापि (रोमियों 5:14)

(e) तुलना

भी (2 कुरिन्थियों 1:11)

जैसा (रोमियों 9:25)

जिस प्रकार - उसी प्रकार (रोमियों 5:18)

जिस प्रकार - इसी प्रकार (रोमियों 11:30-31)

इसी प्रकार (रोमियों 1:27)

भी (रोमियों 4:6)

(f) तथ्यों की श्रृंखला

और (रोमियों 2:19)

सबसे पहले (1 तीमुथियुस 2:1)

सबसे अंत में (1 कुरिन्थियों 15:8)

या (2 कुरिन्थियों 6:15)

(g) नियम (जैसे, "जो," रोमियों 2:9)

(4) प्रभावी संयोजक

(a) जैसा (रोमियों 9:25)

(b) परन्तु (1 कुरिन्थियों 8:9)

इन विचार संयोजकों के वर्णनों को *Methodical Bible Study* by Robert A. Traina, pp. 42-43 से लिया गया था। हालाँकि उनके वर्णन ज्यादातर पौलुस के लेखन से हैं और मुख्य रूप से रोमियों की पुस्तक से, वे इस बात के अच्छे उदाहरणों के रूप में कार्य करते हैं कि हम इन विचार संयोजकों के साथ अपने विचारों को कैसे जोड़ते हैं। पुराने और नए नियम दोनों के आधुनिक अनुवादों की तुलना करने से ये निहित और व्यक्त संबंध स्पष्ट हो जाते हैं। ट्राएना में भी पृ. 63-68 पर व्याकरणिक संरचना के बारे में एक उत्कृष्ट सारांश है। एक सचेत बाइबल पाठक बनें!

d. जब आप अवतरण को कई अंग्रेजी अनुवादों में पढ़ते हैं, शब्दों और वाक्यांशों की पुनरावृत्ति पर ध्यान दें। यह मूल लेखक की संरचना का पता लगाने का एक और तरीका है, जो उसके इच्छित अर्थ को संप्रेषित करने के उद्देश्य से है। कुछ उदाहरण हैं:

(1) उत्पत्ति में दोहराया वाक्यांश, "यह. . .की वंशावली है," (2:1; 5:1; 6:9; 10:1; 11:10,27; 25:12,19; 36:1,9; 37:2)। यह वाक्यांश हमें दिखाता है कि लेखक ने स्वयं पुस्तक को कैसे विभाजित किया है।

(2) इब्रानियों 3-4 में "विश्राम" का बार-बार प्रयोग। इस शब्द का प्रयोग तीन अलग-अलग अर्थों में किया गया है।

(a) उत्पत्ति 1-2 के समान सब्त का विश्राम

(b) निर्गमन से यहोशू तक की प्रतिज्ञा की भूमि

(c) स्वर्ग

यदि कोई इस संरचना को समझ नहीं पाता है, तो वह शायद लेखक के अभिप्राय को समझ नहीं पाएगा और शायद यह सोचेगा कि जंगल में मरने वाले सभी लोग आत्मिक रूप से अचेत थे।

6. मुहावरे और शब्द का अध्ययन

अवतरण को कई अंग्रेजी अनुवादों में, विशेष रूप से जो शब्दश: हो, जैसे कि न्यू अमेरिकन स्टैंडर्ड वर्ज़न को, एक सक्रिय समकक्ष के साथ, जैसे कि न्यू इंटरनेशनल वर्ज़न पढ़ें। इस तरह से मुहावरों को पहचाना जा सकता है। हर भाषा की अपनी विशिष्टताएँ या भाव होते हैं। एक मुहावरे की शाब्दिक रूप से व्याख्या करने पर अर्थ को पूरी तरह से चूक सकते हैं। एक अच्छा उदाहरण इब्रानी शब्द "अप्रिय" है। यदि हम नए नियम में इसके प्रयोग को देखते हैं, विशेष रूप से रोमियों 9:13; लूका 14:26; या यूहन्ना 12:25, हम देखते हैं कि इस मुहावरे को गलत समझा जा सकता है। हालाँकि अगर इसकी इब्रानी पृष्ठभूमि और प्रयोग को उत्पत्ति 29:31,33 या व्यवस्थाविवरण 21:15 के आधार पर समझा जाए, तो यह स्पष्ट है कि इसका अर्थ हमारे अंग्रेजी शब्द के अर्थ में "अप्रिय" नहीं है, लेकिन यह तुलना का एक मुहावरा है।पारिभाषिक टिप्पणियाँ इन मामलों में वास्तविक रूप से सहायक होंगी। इस प्रकार की टिप्पणी के दो अच्छे उदाहरण हैं (1) *The Tyndale Commentary Series* और (2) *The New International Commentary Series* ।

इस दूसरे प्रश्न का अंतिम पहलू, "मूल लेखक का क्या अर्थ था?" शब्द अध्ययन है। मैंने इसे अंत में समझाना पसंद किया है क्योंकि शब्द अध्ययनों का अत्यधिक दुरुपयोग किया गया है! अक्सर व्युत्पत्ति अर्थ का एकमात्र ऐसा पहलू रहा है जिसका एक अवतरण की व्याख्या करने के लिए प्रयोग किया जाता है। James Barr, *The Semantics of Biblical Language*; D. A. Carson, *Exegetical Falacies;* लेखनों के साथ Moises Silva's *Biblical Words and Their Meanings*, से आधुनिक व्याख्याकारों को अपने शब्द अध्ययन तकनीकों का पुनर्मूल्यांकन करने में मदद मिली है। एक समूह के रूप में बाइबल के व्याख्याकार कई भाषाई भ्रांतियों के दोषी हैं।

> "शायद इसका मुख्य कारण है कि क्यों शब्द अध्ययन, विशेष रूप से टीका संबंधी भ्रांतियों के लिए एक समृद्ध स्रोत हैं, यह है कि कई प्रचारक और बाइबल शिक्षक केवल इतनी ही यूनानी जानते हैं कि जो शब्दानुक्रमणिका का उपयोग करने के लिए पर्याप्त है, या शायद थोड़ा और अधिक। यूनानी को एक भाषा के रूप में बहुत कम महसूस किया जाता है, और इसलिए अध्ययन में जो सीखा गया है उसे प्रदर्शित करने का प्रलोभन होता है" (कार्सन 1984, 66)।

यह सशक्त रूप से कहा जाना चाहिए कि व्युत्पत्ति नहीं, संदर्भ, अर्थ निर्धारित करता है!

> "मूल भ्रांति की पूर्वधारणा है कि हर शब्द का अर्थ उसके आकार या उसके घटकों से जुड़ा होता है। इस दृष्टि से अर्थ व्युत्पत्ति द्वारा निर्धारित किया जाता है" (कार्सन 1984, 26)।

> "हमें स्पष्ट तथ्य पर सहमत होना चाहिए कि किसी भाषा के बोलने वाले को इसके विकास के बारे में कुछ भी नहीं पता है; और यह निश्चित रूप से पवित्रशास्त्र के लेखकों और तत्काल पाठकों के साथ यही स्थिति थी. . .हमारी वास्तविक रुचि बाइबल लेखकों की चेतना में यूनानी या इब्रानी का महत्त्व है; इसे निर्भीकता से इस प्रकार कहा जा सकता है, ऐतिहासिक विचार अप्रासंगिक हैं मसीह के समय कोइन की स्थिति की जाँच" (सिल्वा 1983, 38)।

"चूंकि प्रयोग बहुत महत्त्वपूर्ण है, इसलिए व्याख्याकार के लिए एक सुरक्षित नियम है व्युत्पत्ति को विशेषज्ञ के हाथों में छोड़ देना और संदर्भ और प्रयोग में लगन से स्वयं का अर्थ लगाना" (मिकलसेन 1963, 121-122)।

हमें मूल प्रयोग की तलाश करनी चाहिए, या इसे दूसरे शब्दों में कहें तो- मूल लेखक द्वारा समझा गया और इच्छित और मूल श्रोताओं द्वारा आसानी से समझा गया अर्थ। बाइबल के शब्दों के कई अलग-अलग प्रयोग हैं (शब्दार्थ क्षेत्र)। D. A. Carson's *Exegetical Fallacies,* pp. 25-66, इस स्थान पर बहुत उपयोगी है - पीड़ादायक, लेकिन सहायक। यह समझने के लिए, ध्यान दें कि समय के साथ अंग्रेजी के अर्थ कैसे बदलते हैं।

a. 1 थिस्सलुनीकियों 4:15 में, किंग जेम्स वर्ज़न में "सोए हुओं से आगे नहीं बचेंगे।" अमेरिकन स्टैंडर्ड वर्ज़न में इस शब्द का अनुवाद "बढ़ेंगे" है। ध्यान दें कि "बचेंगे" का अर्थ कैसे बदल गया है।
b. इफिसियों 4:22 में किंग जेम्स वर्ज़न में "पिछली बातों में पुराने मनुष्यत्व को उतार डालो. . ." अमेरिकन स्टैंडर्ड वर्ज़न में इस शब्द का अनुवाद "चालचलन" के रूप में किया गया है। ध्यान दें कि "बातों" का अर्थ कैसे बदल गया है।
c. 1 कुरिन्थियों 11:29 किंग जेम्स में "क्योंकि जो खाते-पीते समय प्रभु की देह को न पहिचाने, वह इस खाने और पीने से अपने ऊपर दण्ड लाता है। अमेरिकन स्टैंडर्ड वर्ज़न में "दण्ड" शब्द का अनुवाद "न्याय" के रूप में किया गया है। ध्यान दें कि शब्द बदल गया है।

हम में से अधिकांश लोगों में बाइबल के शब्दों को अपने संप्रदाय या धर्मशास्त्रीय प्रणाली में उस शब्द की समझ के प्रकाश में परिभाषित करने की प्रवृत्ति है। इसके साथ एक दोहरी समस्या है।

a. हमें सावधान रहना चाहिए कि हम मूल लेखक के अभिप्राय के अनुसार परिभाषा का प्रयोग कर रहे हैं न कि अपनी सांप्रदायिक या सांस्कृतिक पृष्ठभूमि के अनुसार ।
b. हमें इस बात से सावधान रहना चाहिए कि हम किसी शब्द का अर्थ बताने के लिए हर संदर्भ में, जहाँ- जहाँ वह आता है, अपनी तकनीकी धार्मिक परिभाषा को लागू न करें। अक्सर एक ही लेखक अलग-अलग अर्थों में एक ही शब्द का प्रयोग करता है।
c. इसके कुछ उदाहरण आगे दिए गए हैं।
    (1) यूहन्ना का "संसार" का प्रयोग
        (a) भौतिक ग्रह (यूहन्ना 3:16;1 यूहन्ना 4:1,14)
        (b) परमेश्वर से अलग होकर संगठित और कार्यरत मानव समाज (1 यूहन्ना 2:15; 3:1; 5:4-5)
    (2) पौलुस का "शरीर" का प्रयोग
        (a) भौतिक शरीर (रोमियों 1:3)
        (b) पाप प्रकृति (रोमियों 8:3-4)
    (3) पौलुस "मंदिर" का प्रयोग
        (a) एक पूरी कलीसिया (1 कुरिन्थियों 3:16-17)
        (b) व्यक्तिगत रूप में विश्वासी (1कुरिन्थियों 6:19)
    (4) याकूब का "बचाएगा" शब्द का प्रयोग
        (a) आत्मिक उद्धार (याकूब 1:21; 2:14)
        (b) भौतिक उद्धार (याकूब 5:15,20)

किसी शब्द के अर्थ को निर्धारित करने में आगे बढ़ने का तरीका है कई अनुवादों की जाँच करना और भिन्नताओं को लिख लेना। *Analytical Concordance to the Bible* by Robert Young या *The Exhaustive Concordance of the Bible* by James Strong की एक विस्तृत शब्दानुक्रमणिका में शब्द को देखें। उसी बाइबल पुस्तक में जिसका आप अध्ययन कर रहे हैं, अन्य सभी प्रयोगों को देखें; उसी लेखक द्वारा अन्य सभी प्रयोगों को देखें। उसी नियम में अन्य प्रयोगों का नमूना लेने की कोशिश करें। Walter Henricksen, *A Layman's Guide to Interpreting the Bible*, 1973, pp. 54-56, में ये चरण दिए गए हैं:

a. लेखक द्वारा शब्द का प्रयोग।
b. शब्द का उसके तात्कालिक संदर्भ से संबंध।
c. लेखन के समय शब्द का प्राचीन प्रयोग।
d. शब्द का मूल अर्थ

दूसरे नियम से (याद रखें कि नये नियम के लेखक कोइन यूनानी लिखने वाले इब्रानी विचारक थे) मूल अर्थ को सत्यापित करने का प्रयास करें। फिर यह आपकी परिभाषा की जाँच करने के लिए एक धर्मशास्त्रीय शब्द पुस्तक, बाइबल विश्वकोश, शब्दकोश, या टिप्पणी में देखने का समय है (सूची VI। पृष्ठ 103 पर देखें)। मैंने यह स्पष्ट करने के लिए कि किसी विशिष्ट संदर्भ में किसी शब्द के अर्थ का पता लगाने के लिए कितना प्रयास किया जाना चाहिए, पृष्ठ 98 पर नये नियम के शब्द अध्ययन पर एक नमूना अकादमिक मार्गदर्शिका लिखी है।

C.-D. तीसरा और चौथा व्याख्यात्मक प्रश्न

अगला प्रश्न जिसका व्याख्याकार उत्तर देने की कोशिश करता है, "उसी लेखक ने उसी विषय पर और क्या कहा?" यह चौथे मूल प्रश्न से निकटता से संबंधित है, "अन्य प्रेरित लेखकों ने उसी विषय पर क्या कहा?" इन दो प्रश्नों को समानांतर अवतरणों के संकेंद्रित वृत्तों की वर्णनात्मक अवधारणा से जोड़ा जा सकता है। मूल रूप से हम इस बारे में बात कर रहे हैं कि किसी प्रेरित लेखक द्वारा शब्द या धर्मशास्त्रीय अवधारणा का अन्यत्र कैसे प्रयोग किया गया है। व्याख्या के इस सिद्धांत को "पवित्रशास्त्र की समरूपता" कहा गया है।

> "पवित्रशास्त्र की व्याख्या का अचूक नियम पवित्रशास्त्र ही है; और इसलिए, जब किसी पवित्रशास्त्र (जो कि बहुविध नहीं, लेकिन एक है) के सही और पूर्ण अर्थ के बारे में कोई प्रश्न होता है तो उस तक उन स्थानों के द्वारा पहुँचा और जाना जा सकता है जहाँ अधिक स्पष्ट रूप से बताया गया है" (वेस्टमिंस्टर कन्फेशन, अध्याय 9)।

यह तीन धारणाओं पर आधारित है।

- कि सम्पूर्ण पवित्रशास्त्र ईश्वर प्रेरित हैं (1 तीमुथियुस 3:15-17, फ़ी और स्टुअर्ट 1982, 209 की तुलना करें)
- कि पवित्रशास्त्र खुद का खंडन नहीं करता है
- कि पवित्रशास्त्र का सबसे अच्छा व्याख्याकार पवित्रशास्त्र है (सिल्वा 1987, 68,93,94)

यदि ये सच हैं, तो एक अवतरण को समझने का सबसे अच्छा तरीका प्रेरित लेखनों के प्रासंगिक संकेंद्रित वृत्त हैं।

1. उसी तात्कालिक संदर्भ (अनुच्छेद या साहित्यिक इकाई) में वही विषय या शब्द
2. उसी बाइबल पुस्तक में वही विषय या शब्द

3. उसी लेखक द्वारा वही विषय या शब्द
4. उसी अवधि, शैली, या नियम में वही विषय या शब्द
5. पूरी की पूरी बाइबल में वही विषय या शब्द

हम जिस विशिष्ट अवतरण की व्याख्या करने का प्रयास कर रहे हैं, उससे जितना दूर जाते हैं, समानांतर की प्रभावशीलता उतनी ही अधिक सामान्य और कुछ हद तक, अनिश्चित हो जाती है।

> "व्यापक से पहले संकीर्ण संदर्भ के अनुसार व्याख्या करें। यह आम सहमति है कि पवित्रशास्त्र को पवित्रशास्त्र की व्याख्या करनी चाहिए। हालाँकि, यह समझने की आवश्यकता है कि किसी शब्द या अवतरण की व्याख्या उसके तात्कालिक संदर्भ में की जानी चाहिए, इससे पहले कि उसका सम्पूर्ण बाइबल के लिए उसके व्यापक अनुप्रयोग के प्रकाश में अध्ययन किया जाए" (ओसबोर्न और वुडवर्ड 1979, 154)।

व्याख्या का यह क्षेत्र यह देखने में बहुत सहायक हो सकता है कि हमारा अवतरण संपूर्ण प्रकाशन से कैसे जुड़ा हुआ है (मैक क्किलकिन 1983, 43; सिल्वा 1987, 83; स्टेर्रेट 1973, 86)। मूल रूप से हम बढ़ रहे हैं

1. टीका (ऊपर नंबर 1) से
2. बाइबल के धर्मशास्त्र (ऊपर नंबर 2, 3, और 4) से
3. सुनियोजित सिद्धांत (ऊपर नंबर 5) की ओर

हम आवर्धक काँच से दूरबीन की ओर बढ़ रहे हैं। हमें सुनियोजित सिद्धांत की ओर बढ़ने से पहले अपने केंद्रीय अवतरण के अर्थ के बारे में पूर्णतया निश्चित होना चाहिए। यह एकमात्र नहीं, हालाँकि धर्मशास्त्र की सुनियोजित पुस्तकों का एक उद्देश्य है, "सूची IX धर्मशास्त्र पृ. 105 देखें)। यह कदम आवश्यक, लेकिन खतरनाक है। हमारी पृष्ठभूमि, पूर्वाग्रह, और संप्रदायों के अंतर्विरोध हमेशा तैयार और घुसपैठ करने में सक्षम हैं। यदि हम समानांतर अवतरण का प्रयोग करते हैं (और हमें करना चाहिए) तो हमें निश्चित कर लेना चाहिए कि वे मात्र समान शब्द या वाक्यांश ही नहीं, सच्चे समानांतर हैं।

यह अधिकतर सच है कि समानांतर अवतरण हमारी व्याख्या में एक समग्र संतुलन लाते हैं। यह व्याख्या करने में मेरा अनुभव रहा है कि बाइबल अक्सर विरोधाभासी या द्वंद्वात्मक जोड़ियों (पूर्वी मानसिकता) में लिखी गई है। सादगीपूर्ण कथन लिखने, सत्य को श्रेणीबद्ध करने, या पोषित धर्मशास्त्रीय पदों की रक्षा करने के उद्देश्य से इसे हटाये बिना विषयों के बीच बाइबल के तनाव को पहचानना चाहिए। एक प्रेरित पाठ का प्रयोग दूसरे प्रेरित पाठ को नकारने या उसका अवमूल्यन करने के लिए नहीं किया जा सकता है! बाइबल की सच्चाइयों के बीच तनाव के कुछ उदाहरण इस प्रकार हैं।

1. पूर्वनियति बनाम मानव की स्वतंत्र इच्छा
2. विश्वासी की सुरक्षा बनाम दृढ़ता की आवश्यकता
3. मूल पाप बनाम स्वैच्छिक पाप
4. यीशु परमेश्वर के रूप में बनाम यीशु मनुष्य के रूप में
5. यीशु पिता के समतुल्य के रूप में बनाम यीशु पिता के सहायक के रूप में,
6. बाइबल परमेश्वर के वचन के रूप में बनाम मानवीय साहित्यिक कार्य के रूप में
7. पापहीनता बनाम कम पाप करना
8. प्रारंभिक तात्कालिक धर्मी ठहराया जाना और पवित्रीकरण बनाम प्रगतिशील पवित्रीकरण

9. आस्था द्वारा धर्मी ठहराया जाना (रोमियों 4) बनाम कार्यों द्वारा धर्मी ठहराया जाना (तुलना याकूब 2:14-26)
10. मसीही स्वतंत्रता (तुलना रोमियों 14:1-23; 1 कुरिन्थियों 8:13; 10:23-33) बनाम मसीही ज़िम्मेदारी (तुलना गलातियों 5:16-21; इफिसियों 4:1)
11. परमेश्वर की श्रेष्ठता बनाम उसकी स्थिरता
12. परमेश्वर अंततः अज्ञात के रूप में बनाम परमेश्वर पवित्र शास्त्र और मसीह में ज्ञात
13. पौलुस की उद्धार के लिए कई उपमाएँ
    a. लेपालकपन
    b. पवित्रीकरण
    c. धर्मी ठहराया जाना
    d. छुटकारा
    e. महिमान्वित होना
    f. पूर्व नियति
    g. मेलमिलाप
14. वर्तमान में परमेश्वर का राज्य बनाम भविष्य में परिपूर्ण होने वाला परमेश्वर का राज्य
15. पश्चाताप परमेश्वर के एक वरदान के रूप में बनाम पश्चाताप उद्धार के लिए एक अनिवार्य प्रत्युत्तर के रूप में
16. पुराना नियम स्थायी है बनाम पुराना नियम बीत चुका है और अमान्य है (तुलना मत्ती 3:1-19 बनाम 5:21-48; रोमियों 7 बनाम गलातियों 3)
17. विश्वासी सेवक/दास या संतान/वारिस हैं

मोइज़ सिल्वा पवित्रशास्त्र की हमारी समझ में मौजूद तनावों को सूचीबद्ध करने में बहुत मददगार रहे हैं।

1. बाइबल दिव्य है, फिर भी यह मानव रूप में हमारे पास आई है।
2. परमेश्वर की आज्ञा परम है, फिर भी लेखों का ऐतिहासिक संदर्भ कुछ तत्वों को सापेक्षीकृत करता प्रतीत होता है।
3. दिव्य संदेश स्पष्ट होना चाहिए, फिर भी कई अवतरण अस्पष्ट प्रतीत होते हैं।
4. हम निर्देशों के लिए केवल आत्मा पर निर्भर हैं, फिर भी विद्वत्ता निश्चित रूप से आवश्यक है।
5. पवित्रशास्त्र की एक शाब्दिक और ऐतिहासिक वाचन के रूप में पूर्वधारणा है, फिर भी हम इसमें आलंकारिक और गैर- ऐतिहासिक (जैसे, दृष्टान्तों) पाते हैं।
6. उचित व्याख्या के लिए व्याख्याकार की व्यक्तिगत स्वतंत्रता की आवश्यकता होती है, फिर भी कुछ हद तक बाहरी, सामाजिक अधिकार अनिवार्य है।
7. बाइबल के संदेश की वस्तुनिष्ठता आवश्यक है, फिर भी हमारी पूर्वधारणाएँ व्याख्या की प्रक्रिया में कुछ हद व्यक्तिपरकता को लाती है (सिल्वा 1987, 36-38)।

इन विरोधाभासों में से कौन सा पक्ष सत्य है? इन सभी का जवाब मैं "हाँ" दूँगा, क्योंकि वे सभी सच हैं। दोनों पक्ष बाइबल से संबंधित हैं। एक व्याख्याकार के रूप में हमारा काम बड़ी तस्वीर को देखना और उसके सभी हिस्सों को एकीकृत करना है, न कि हमारे पसंदीदा या सबसे परिचितों को। व्याख्या की समस्याओं के उत्तर तनाव को दूर करने में नहीं पाए जाते हैं ताकि द्वंदात्मक के केवल एक पक्ष की पुष्टि हो सके (सिल्वा 1987, 38)। यह संतुलन एक शब्दानुक्रमणिका या सुनियोजित धर्मशास्त्र पुस्तकों के उचित प्रयोग से प्राप्त किया जा सकता है। सावधान रहें कि

आप केवल उस सामाजिक दृष्टिकोण के सुनियोजित धर्मशास्त्रों से सम्मति न लें जिस से आप संबंधित हैं या जिसके साथ आप सहमत हैं। बाइबल को आपको चुनौती देने दें, आप पर दहाड़ने दें – मात्र कराहने न दें। यह आपके पोषित धारणाओं को अस्थिर करेगा।

यह सच है कि सिद्धांत को सुनियोजित करने, या विरोधाभासी प्रतीत होने वाली बाइबल सामग्री से संबंध करने का प्रयास, पूर्वनिर्धारित है और आमतौर पर एक सैद्धान्तिक स्थिति के अनुरूप है। यह बाइबल के धर्मशास्त्र के लिए, जो मुख्य रूप से वर्णनात्मक है, पूरी तरह से सच नहीं है। अध्ययन का यह तरीका (बाइबल धर्मशास्त्र) बाइबल सामग्री का एक छोटा भाग लेता है। यह खुद को एक लेखक, एक अवधि या एक शैली तक सीमित रखता है। यह केवल संदर्भ के बाइबल के प्रतिबंधित ढाँचे से अपनी धार्मिक श्रेणियाँ बनाने की कोशिश करता है। अक्सर, बाइबल की सामग्री को सीमित करने के कृत्य में, हम अन्य पदों का उल्लेख करके उनके अर्थ को समझाए बिना पवित्रशास्त्र के कठिन कथनों को गंभीरता से लेने के लिए मजबूर हो जाते हैं। यह हमें गंभीरता से लेने के लिए मजबूर करता है कि एक लेखक ने क्या कहा। यह एक संतुलन को नहीं, लेकिन बाइबल लेखक के जीवंत, स्पष्ट कथन को खोजता है। बाइबल के विरोधाभास के दोनों ध्रुवों की पुष्टि करने के लिए यह एक पीड़ादायक संघर्ष है। हम इन तीनों समांतर अवतरणों के संकेंद्रित वृत्त की सलाह लेते हैं।कोई भी प्रत्येक संदर्भ में प्रत्येक चरण में आगे बढ़ने की उम्मीद करता है।

1. लेखक ने क्या कहा और उसका क्या अर्थ है? (टीका)
2. उसने उसी विषय पर कहीं और क्या कहा? उसी अवधि के अन्य लोगों ने क्या कहा? (बाइबल धर्मशास्त्र)
3. बाइबल संपूर्ण रूप में इस विषय और संबंधित विषयों पर क्या कहती है? (सुनियोजित सिद्धांत)

समानांतर अवतरणों के प्रयोग में एक और संभावित समस्या को "सिकुड़ते हुए संदर्भों की भ्रांति" कहा जाता है।

> “जब दो या अधिक असंबंधित पाठों को ऐसे माना जाता है जैसे कि वे एक साथ हैं, तो यह सिकुड़ते हुए संदर्भों की भ्रांति है। यह पढ़ने की त्रुटि विशेष रूप से जटिल हो सकती है क्योंकि यह पढ़ने के एक अच्छे सिद्धांत: पवित्रशास्त्र की पवित्र शास्त्र के साथ तुलना करना, का विकार है। हम जिस विषय को समझना चाहते हैं, उस का अभिप्राय प्रकट करने वाले हर पाठ का प्रयोग करने के लिए बाइबल के अच्छे पाठक के रूप में जिम्मेदार हैं” (सायर 1980, 140)।

> “कौन सी बात व्याख्याकारों को कुछ पदों को एक साथ जोड़ने का अधिकार देती है और कुछ को नहीं? मुद्दा यह है कि ऐसे सभी जोड़ अंततः एक ढाँचे का निर्माण करते हैं जो अन्य पाठों की व्याख्या को प्रभावित करता है” (कार्सन 1984, 140)।

इस समस्या का एक अच्छे उदाहरण का पहले से ही इस पाठ्यपुस्तक में उल्लेख किया गया है - ओरिजन का नीतिवचन में एक अवतरण का 1 थिस्सलुनीकियों की पुस्तक में एक असंबंधित पाठ के साथ जोड़ा जाना।

E. मूल श्रोताओं ने संदेश को कैसे समझा और उस पर कैसे प्रतिक्रिया दी? यह चौथा व्याख्यात्मक प्रश्न है। यह केवल कुछ प्रकार की शैलियों से संबंधित है (यानी, ऐतिहासिक कथा, सुसमाचार, और प्रेरितों के काम की पुस्तक)। यदि जानकारी उपलब्ध है तो यह बहुत सहायक है क्योंकि यह एक व्याख्याकार के रूप में हमारा लक्ष्य है, "जैसा सुना था वैसा ही सुना जाए।"

F.-G. पाँचवे और छठे व्याख्यात्मक प्रश्न

1. अनुप्रयोग

इस स्थान तक हम मूल लेखक के अभिप्राय से संबंधित व्याख्यात्मक प्रश्नों को देख रहे हैं। अब हमें अपने दिन और अपने जीवन में उसके अर्थ से संबंधित उतने ही महत्त्वपूर्ण केंद्रबिंदु पर ध्यान देना चाहिए। जब तक यह चरण पूरा नहीं हो जाता और पर्याप्त रूप से शामिल नहीं किया जाता है, तब तक कोई व्याख्या पूरी नहीं होती है। बाइबल अध्ययन का लक्ष्य मात्र ज्ञान नहीं है, बल्कि प्रतिदिन मसीह के समान होना है। बाइबल का लक्ष्य त्रिएक परमेश्वर के साथ गहरा, घनिष्ठ संबंध है। धर्मशास्त्र व्यावहारिक होना चाहिए।

> "किर्केगार्ड के अनुसार बाइबल का व्याकरणिक, शाब्दिक और ऐतिहासिक अध्ययन आवश्यक था लेकिन बाइबल के सही पठन में प्राथमिक था। 'बाइबल को परमेश्वर के वचन के रूप में पढ़ने के लिए, दिल जुबान पर, पंजों के बल पर, उत्सुकता के साथ, परमेश्वर के साथ वार्तालाप करते हुए पढ़ना चाहिए। बाइबल को बिना सोचे-समझे या लापरवाही से या अकादमिक या व्यावसायिक रूप से पढ़ना बाइबल को परमेश्वर के वचन के रूप में पढ़ना नहीं है। जब कोई इसे ऐसे पढ़ता है जैसे प्रेम पत्र को पढ़ा जाता है, तब वह इसे परमेश्वर के वचन के रूप में पढ़ता है" (*Protestant Biblical Interpretation* by Ramm, p. 75 से)।

अनुप्रयोग एक विकल्प नहीं है (ओसबोर्न और वुडवर्ड 1979, 150)। हालाँकि, व्याख्या (यह वह जगह है जहाँ व्याख्याकार और घोषणाकार की रचनात्मकता और जीवन के अनुभव केन्द्रस्थान में आते हैं) की तुलना में अनुप्रयोग कम संरचित है। आदर्श रूप से पवित्रशास्त्र में केवल एक मूल अभिप्राय है। इसे दो (भविष्यवाणी की विविध पूर्ति या विस्तारित दृष्टांत) तक विस्तारित किया जा सकता है। अक्सर मूल लेखक का अभिप्राय सही होता था, लेकिन आत्मा के अभिप्राय से व्यापक नहीं। अनुप्रयोग अक्सर निर्धारित किया जाता है किसी की व्यक्तिगत

a. आवश्यकता
b. परिस्थिति
c. परिपक्वता के स्तर
d. परमेश्वर जानने और उनका अनुसरण करने की इच्छा
e. सांस्कृतिक और संप्रदायगत परंपराएँ
f. वर्तमान ऐतिहासिक स्थिति

यह स्पष्ट है कि "तब" से "अब" तक की छलांग अस्पष्ट है। ऐसे कई घटक हैं जिन्हें पहचाना या नियंत्रित नहीं किया जा सकता है। अन्योक्ति पद्धति के विकास का एक कारण था वर्तमान जरूरतों पर बाइबल को लागू करने की इच्छा। कुछ लोग कहेंगे कि अनुप्रयोग के लिए अन्योक्ति आवश्यक है (सिल्वा 1987, 63,65), लेकिन मैं इससे इनकार करूंगा। आत्मा अनुप्रयोग में हमारा अनिवार्य मार्गदर्शक है जिस प्रकार वह व्याख्या में है। अनुप्रयोग मूल प्रेरित लेखक के इच्छित अर्थ से अभिन्न रूप से संबंधित होना चाहिए!

2. कुछ सहायक दिशानिर्देश
    a. सुनिश्चित करें कि बाइबल के लेखक के प्रमुख अभिप्राय को प्रयोग में लाया जाए, न कि केवल अवतरण के मामूली विवरणों को।
    b. अपनी वर्तमान स्थिति के हर पहलू को विस्तार से संबोधित करने का प्रयत्न न करें। अधिकतर बाइबल के "सिद्धांत" हमारे एकमात्र मार्गदर्शक हैं। हालाँकि, हमारे द्वारा किया गया इनका सूत्रीकरण प्रेरणा से हटाए गए एक और स्तर हैं। इसके अलावा, उनका अनुप्रयोग अक्सर पूर्वकल्पित होता है। कुछ व्याख्याकारों को हर पाठ में बाइबल के सिद्धांत मिलते हैं। किसी के सिद्धांतों को विस्तारित शिक्षण अवतरणों तक सीमित रखना सुरक्षित है, अन्यथा सिद्धांत प्रमाण-पाठ बन सकते हैं।
    c. सभी सत्य तत्काल या व्यक्तिगत अनुप्रयोग के लिए नहीं होते हैं। बाइबल अक्सर वह दर्ज़ करती है जिसका वह समर्थन नहीं करती है। इसके अलावा, बाइबल के सारे सत्य हर उम्र, हर स्थिति और हर विश्वासी पर लागू नहीं होते हैं।
    d. अनुप्रयोग कभी भी बाइबल के अन्य स्पष्ट अवतरणों के विपरीत नहीं होना चाहिए।
    e. अनुप्रयोग कभी भी मसीह समान आचरण के विपरीत नहीं होना चाहिए। अनुप्रयोग में चरम सीमाएं उतनी ही खतरनाक हैं जितनी कि वे व्याख्या में हैं।
    f. Richard Mayhue, *How To Interpret the Bible for Yourself*, 1986, p. 64 में बाइबल के हर अवतरण में पूछने के लिए कुछ बुनियादी अनुप्रयोग प्रश्न सुझाए गए हैं।
        (1) क्या अनुसरण करने के लिए कोई उदाहरण हैं?
        (2) क्या पालन करने के लिए कोई आज्ञाएँ हैं?
        (3) क्या टालने के लिए कोई त्रुटियाँ हैं?
        (4) क्या त्यागने के लिए कोई पाप हैं?
        (5) क्या दावे करने के लिए कोई वादे हैं?
        (6) क्या परमेश्वर के बारे में नए विचार हैं?
        (7) क्या ऐसे सिद्धांत हैं जिनके आधार पर जीना है?

H. व्याख्याकार की ज़िम्मेदारी

इस स्थान पर, बाइबल सनातन, सुसंगत सत्यों के उपयुक्त अनुप्रयोग के संबंध में व्याख्याकार की व्यक्तिगत ज़िम्मेदारी पर चर्चा करना मददगार होगा। यह पहले ही कहा जा चुका है कि यह प्रक्रिया अस्पष्ट है और पवित्र आत्मा हमारा मार्गदर्शक होना चाहिए। मेरे लिए इस क्षेत्र का एक प्रमुख घटक हमारा प्रयोजन और प्रवृत्ति है। हमें उस प्रकाश में चलना चाहिए जो हमारे पास है। मैं आपके विश्वास के लिए जिम्मेदार नहीं हूँ, न ही आप मेरे। हम प्रेम से और उम्मीद है कि पवित्रशास्त्र के विशिष्ट अवतरणों की हमारी समझ से अपने दृष्टिकोण को बाँट सकते हैं । हम सभी को पवित्रशास्त्र से नई रोशनी पाने के लिए तैयार होना चाहिए, लेकिन हम केवल उसी के लिए जिम्मेदार हैं जो हम समझते हैं। यदि हम उस प्रकाश में विश्वास में चलते हैं जो हमारे पास है, तो अधिक प्रकाश दिया जाएगा (रोमियों 1:17)। हमें यह भी याद रखने के लिए सचेत रहना चाहिए कि हमारी समझ हमेशा दूसरों की समझ से बेहतर नहीं होती है। रोमियों 14:1-15:13 इस क्षेत्र में बहुत महत्त्वपूर्ण है, लेकिन मुझे हमेशा आश्चर्य होता है कि हम आमतौर पर सोचते हैं कि हमारा समूह सबसे शक्तिशाली भाई है और जो हमारे साथ सहमत नहीं है, वह कमजोर समूह का सदस्य है और उसे हमारी सहायता की जरूरत है। हम सभी को मदद की जरूरत है। हम सभी के अपनी आत्मिक

सत्य की समझ और अनुप्रयोग के मजबूत और कमजोर क्षेत्र हैं। मैंने ऐसा कहते हुए सुना है कि बाइबल बेचैन को सान्त्वना देती है और स्वच्छंद को बेचैन करती है। हमें आत्मिक विकास के तनाव से भरे मार्ग पर चलना चाहिए। हम सभी पाप से प्रभावित हैं और हम स्वर्ग के इस तरफ पूर्ण परिपक्वता पर कभी नहीं पहुंचेंगे। आपके पास जो ज्योति है, - बाइबल की ज्योति में चलें। "ज्योति में चलें जैसा वह स्वयं ज्योति में है" (1 यूहन्ना 1:7)। चलते रहो।

I. ये कुछ सहायक किताबें हैं

1. *Applying the Bible* by Jack Kuhatschek
2. *Understanding and Applying the Bible* by J. Robertson McQuilkin
3. *Living By the Book* by Howard G. Hendricks
4. *Why Christians Fight Over the Bible* by John Newport

कुछ संभावित व्याख्यात्मक कठिनाइयाँ

I. व्याख्या में एक तर्कसंगत प्रक्रिया और पाठ्य केंद्रबिंदु दोनों की आवश्यकता

यह स्पष्ट है कि व्याख्या के इन सिद्धांतों का दुरुपयोग किया जा सकता है, क्योंकि हेर्मेनेयुटिक्स एक शुद्ध विज्ञान नहीं है। यह महत्त्वपूर्ण है कि हम इस पाठ्यपुस्तक में पहले प्रस्तुत किए गए प्रासंगिक/पाठ-केंद्रित सिद्धांतों के अनुचित उपयोग या अनुपयोग में शामिल कुछ स्पष्ट कठिनाइयाँ बताएँ। यह प्रासंगिक/पाठ्य पद्धति कुछ हद तक वैज्ञानिक पद्धति की तरह है। इसका परिणाम दूसरों द्वारा समर्थन किए जाने और दोहराये जाने के लिए हैं। हमारी प्रक्रियात्मक पद्धति, व्याख्या के बिंदु और तर्क में स्पष्ट प्रभाव होना चाहिए। प्रमाण के ये अंश कई प्रासंगिक और पाठ-केंद्रित क्षेत्रों से मिलेंगे।

A. अवतरण का साहित्यिक संदर्भ
   1. निकटतम (अनुच्छेद)
   2. कई संबंधित अनुच्छेद
   3. बड़ी साहित्यिक इकाई (विचार खंड)
   4. संपूर्ण बाइबल पुस्तक (लेखक का उद्देश्य)

B. अवतरण का ऐतिहासिक संदर्भ
   1. लेखक की पृष्ठभूमि और परिस्थिति
   2. श्रोता या पाठक की पृष्ठभूमि और परिस्थिति
   3. उनकी संस्कृति की पृष्ठभूमि और परिस्थिति
   4. अवतरण में संबोधित किसी भी समस्या की पृष्ठभूमि और परिस्थिति

C. साहित्यिक शैली (साहित्य का प्रकार)

D. व्याकरण/वाक्यविन्यास (वाक्य के भागों का एक दूसरे और आसपास के वाक्यों से संबंध)

E. मूल शब्द के अर्थ और लक्ष्यार्थ (महत्त्वपूर्ण शब्दों की परिभाषाएँ)
   1. शब्दार्थ क्षेत्र
   2. लेखक द्वारा प्रयोग
   3. उसी अवधि के अन्य लेखक
   4. बाइबल के अन्य लेखक

F. समानांतर अवतरणों का उपयुक्त प्रयोग (महत्त्व के संकेंद्रित वृत्त)
   1. वही साहित्यिक इकाई
   2. वही पुस्तक
   3. वही लेखक
   4. वही अवधि
   5. वही नियम
   6. बाइबल सम्पूर्ण रूप में

कोई भी दूसरे की व्याख्या का इस आधार पर विश्लेषण कर सकता है कि वे इन घटक भागों का प्रयोग कैसे करते हैं। फिर भी असहमति होगी, लेकिन कम से कम यह पाठ से ही होगा। हम परमेश्वर के वचन की इतनी भिन्न व्याख्याएँ सुनते और पढ़ते हैं कि यह महत्त्वपूर्ण हो जाता है कि हम सत्यापन की संभावना और उचित प्रक्रियाओं के

आधार पर गुण-दोष की दृष्टि से उनका मूल्यांकन करें, न कि केवल इस आधार पर कि क्या हम व्यक्तिगत रूप से उनसे सहमत हैं।

जिस प्रकार सभी मानवीय भाषा संचार (मौखिक और लिखित) में, यहाँ गलतफहमी की संभावना है। क्योंकि हेर्मेनेयुटिक्स प्राचीन साहित्य की व्याख्या करने के सिद्धांत हैं, यह स्पष्ट है कि उनका दुरुपयोग भी संभव है। व्याख्या के हर मूल सिद्धांत की जानबूझकर या अनजाने में दुरुपयोग की संभावना है। यदि हम अपने स्वयं के पूर्वधारणाओं के संभावित क्षेत्रों को अलग कर सकें, तो जब हम अपनी व्यक्तिगत व्याख्याएँ करते हैं, तो हमें उनके बारे में जागरूक होने में मदद मिलेगी।

II. पहले पाँच व्याख्यात्मक प्रश्नों के दुरुपयोगों के उदाहरण

A. हमारी पूर्वधारणाएँ - अक्सर हमारा व्यक्तित्व, हमारा अनुभव, हमारा संप्रदाय या हमारी संस्कृति हमें चश्मे या फिल्टर के माध्यम से बाइबल की व्याख्या करवाती है। हम उसे केवल वह कहने देते हैं जो हम कहलवाना चाहते हैं। यह अस्तित्वगत पूर्वाग्रह हम सभी को प्रभावित करता है, लेकिन अगर हम इसके बारे में जानते हैं तो हम अपनी और अपनी संस्कृति पर संदेश लागू करने का प्रयास करने से पहले बाइबल और उसके दिन को बोलने देने की कोशिश करके इसकी भरपाई कर सकते हैं। इस कठिनाई के कुछ उदाहरण देखे जा सकते हैं

1. विलियम बार्कले की मत्ती 15:37-39 की व्याख्या में, जहाँ यीशु द्वारा भोजन का चमत्कारी गुणन केवल अपने साथ लाया हुए भोजन को एक दूसरे के साथ बाँटने वाली भीड़ बन जाता है। बार्कले की तर्कसंगत सकारात्मकता का दार्शनिक निस्पंदन मत्ती के स्पष्ट अभिप्राय को मौलिक रूप से बदल देता है। याद रखें कि रोटी के टुकड़ों से भरी हुई सात टोकरियाँ बची हुई थीं (मत्ती 16:37)।
2. निर्गमन 15:20; न्यायियों 4:4ff; 2 राजाओं 22:14; 2 इतिहास 2:22; यशायाह 8:3; लूका 2:36; प्रेरितों के काम 21:9; रोमियों 16:1; 2 कुरिन्थियों 11:5; और 1 तीमुथियुस 3:11 में सेवकाई में स्त्रियों के विवरण देखे जा सकते हैं। आधुनिक प्रचारक को जो इसके बारे में असहज हैं, या तो पूर्वकल्पित विचारों या 14:34 और 1 तीमुथियुस 2: 11-15 के प्रबल कथनों के कारण, इन अन्य अवतरणों की उचित और स्पष्ट व्याख्या को बदलना नहीं चाहिए।

इस विषय पर मेरी टिप्पणियों से एक विशेष विषय निम्नलिखित है।

विशेष विषय: बाइबल में स्त्रियाँ

I. पुराना नियम
   A. सांस्कृतिक रूप से स्त्रियों को संपत्ति माना जाता था
      1. संपत्ति की सूची में शामिल (निर्गमन 20:17)
      2. गुलाम स्त्रियों के साथ व्यवहार (निर्गमन 21:7-11)
      3. सामाजिक रूप से जिम्मेदार पुरुष द्वारा स्त्रियों की मन्नतों को निरस्त करना (गिनती 30)
      4. युद्ध की लूट के रूप में स्त्रियाँ (व्यवस्थाविवरण 20:10-14; 21:10-14)
   B. व्यावहारिक रूप से एक पारस्परिकता थी
      1. परमेश्वर के स्वरूप में बने नर और नारी (उत्पत्ति 1:26-27)
      2. पिता और माता का आदर करें (निर्गमन 20:12 [व्यवस्थाविवरण 5:16])
      3. माता और पिता का आदर (लैव्यव्यवस्था 19:3; 20:9)
      4. पुरुष और स्त्री नाज़ीर हो सकते हैं (गिनती 6:1-2)
      5. बेटियों का विरासत में भाग है (गिनती 27:1-11)
      6. वाचा के लोगों का हिस्सा (व्यवस्थाविवरण 29:10-12)

7. पिता और माता की शिक्षा का पालन करें (नीतिवचन 1:8; 6:20)
8. हेमान (लेवी परिवार) के पुत्र और पुत्रियों ने यहोवा के भवन में संगीत की सेवा की (1 इतिहास 25:5-6)
9. बेटे और बेटियाँ नए युग में भविष्यद्वाणी करेंगे (योएल 2:28-29)

C. स्त्रियाँ नेतृत्व वाली भूमिकाओं में थीं
1. मूसा की बहन, मरियम, एक नबिया कहलाती है (निर्गमन 15: 20-21 मीका 6: 4 पर भी ध्यान दें)
2. स्त्रियों को तम्बू के लिए सामग्री बुनने के लिए परमेश्वर ने दान दिया (निर्गमन 35: 25-26)
3. एक विवाहित स्त्री, दबोरा, एक नबिया ने (तुलना न्यायियों 4: 4), सभी जनजातियों का नेतृत्व किया (न्यायियों 4:4-5; 5:7)
4. हुल्दा, जिसे राजा योशिय्याह ने नव-प्रकाशित "व्यवस्था की पुस्तक" को पढ़ने और व्याख्या करने के लिए आमंत्रित किया था (2 राजाओं 22:14; 2 इतिहास 34:22-27)।
5. एक धार्मिक स्त्री, रानी एस्तेर ने फारस के यहूदियों को बचाया

II. नया नियम

A. यहूदी धर्म और यहूदी-रोमी जगत दोनों में स्त्रियाँ सांस्कृतिक रूप से कुछ अधिकारों या विशेषाधिकारों के साथ दूसरी श्रेणी की नागरिक थीं (मकदूनिया एक अपवाद था)

B. नेतृत्व की भूमिकाओं में स्त्रियाँ
1. इलीशिबा और मरियम, परमेश्वर के लिए उपलब्ध स्त्रियाँ (लूका 1-2)
2. हन्नाह, एक भविष्यवक्तिन जो मंदिर में सेवा करती थी (लूका 2:36)
3. लुदिया, विश्वासी और एक घर कलीसिया की अगुवा (प्रेरितों के काम 16:14,40)
4. फिलिप्पुस की चार कुँवारी पुत्रियाँ भविष्यवक्ता थीं (प्रेरितों के काम 21:8-9)
5. फीबे, किंख्रिया में कलीसिया की सेविका (रोमियों 16:1)
6. प्रिस्का (प्रिस्किल्ला), पौलुस के सहकर्मी और अपुल्लोस की शिक्षक (प्रेरितों के काम 18:26; रोमियो 16:3)।
7. मरियम, त्रूफेना, त्रूफोसा, पिरसिस, यूलिया, नेर्युस की बहन,पौलुस की महिला सहकर्मी।
8. यूनियास (KJV), संभवतः एक महिला प्रेरित (रोमियों 16:7)
9. यूआदिया और सुन्तुखे, पौलुस के साथ सहकर्मी (फिलिप्पियों 4:2-3)

III. एक आधुनिक विश्वासी कैसे अलग-अलग बाइबल के उदाहरणों को संतुलित करता है?

A. सभी कलीसियाओं, सभी युगों के सभी विश्वासियों के लिए मान्य अनंत सत्यों से कोई कैसे ऐतिहासिक या सांस्कृतिक सत्य को, जो केवल मूल संदर्भ पर लागू होता है, निर्धारित करता है?
1. हमें मूल प्रेरित लेखक के अभिप्राय को बहुत गंभीरता से लेना चाहिए। बाइबल परमेश्वर का वचन और विश्वास और अभ्यास का एकमात्र स्रोत है।
2. हमें स्पष्ट रूप से ऐतिहासिक रूप से अनुकूल प्रेरित पाठों पर चर्चा करनी चाहिए।
   a. इस्राएल के आराध्य (यानी, अनुष्ठान और पूजन पद्धति) (तुलना प्रेरितों के काम 15; गलतियों 3)
   b. पहली सदी का यहूदी धर्म
   c. 1 कुरिन्थियों में पौलुस के स्पष्ट रूप से ऐतिहासिक रूप से अनुकूल कथन
      (1) मूर्तिपूजक रोम की कानूनी प्रणाली (1 कुरिन्थियों 6)
      (2) एक दास बने रहना (1 कुरिन्थियों 7:20-24)
      (3) ब्रह्मचर्य (1 कुरिन्थियों 7:1-35)
      (4) कुँवारियाँ (1 कुरिन्थियों 7:36-38)
      (5) एक मूर्ति को चढ़ाया गया भोजन (1 कुरिन्थियों 8; 10:23-33)
      (6) प्रभुभोज में अनुचित व्यवहार (1 कुरिन्थियों 11)
3. परमेश्वर ने पूरी तरह से और स्पष्ट रूप से खुद को एक विशेष संस्कृति, एक विशेष दिन पर प्रकट किया। हमें प्रकटीकरण को गंभीरता से लेना चाहिए, लेकिन इसके ऐतिहासिक अनुकूलन के हर पहलू को नहीं।

परमेश्वर का वचन,एक विशेष समय में एक विशेष संस्कृति को संबोधित करते हुए मानवीय शब्दों में लिखा गया था।

B. बाइबल की व्याख्या के लिए मूल लेखक के अभिप्राय को खोजना चाहिए। वह अपने दिन के लिए क्या कह रहा था? यह उचित व्याख्या के लिए मूलभूत और महत्वपूर्ण है। लेकिन फिर हमें इसे अपने दिन पर लागू करना चाहिए। वास्तविक व्याख्यात्मक समस्या शब्द को परिभाषित करने में हो सकती है। क्या उन पादरियों के मुकाबले, जिन्हें नेतृत्व के रूप में देखा गया था, और भी सेवकाइयाँ थीं? क्या सेविकाएँ या भविष्यवक्तिनें अगुवों के रूप में देखीं गईं? यह स्पष्ट है कि पौलुस, 1 कुरिन्थियों 14:34-35 और 1 तीमुथियुस 2:9-15, इस बात पर जोर दे रहा है कि स्त्रियों को सार्वजनिक आराधना में हिस्सा नहीं लेना चाहिए! लेकिन आज मैं इसे कैसे लागू करुँ? मैं नहीं चाहता कि पौलुस की संस्कृति या मेरी संस्कृति परमेश्वर के वचन और इच्छा को चुप कर दे। संभवतः पौलुस का दिन बहुत सीमित था, लेकिन मेरा दिन अति मुक्त हो सकता है। मैं यह कहते हुए असहज महसूस करता हूँ कि पौलुस के वचन और उपदेश नियमबद्ध हैं, पहली शताब्दी के, स्थानीय स्थितिजन्य सत्य। मैं कौन हूँ कि मैं अपने मन या अपनी संस्कृति को एक प्रेरित लेखक को नकारने दूँ?

हालाँकि, मैं क्या करूँ जब महिला अगुवों के बाइबल उदाहरण हैं (पौलुस के लेखन में भी, तुलना रोमियों 16)? इसका एक अच्छा उदाहरण 1 कुरिन्थियों 11-14 में पौलुस की सार्वजनिक आराधना की चर्चा है। 1 कुरिन्थियों 11:5 वह सार्वजनिक आराधना में स्त्रियों को उनके सिर ढक कर उपदेश और प्रार्थना की अनुमति देता दिखाई दे रहा है, फिर भी 14:34-35 में वह उनसे चुप रहने की माँग करता है! वहाँ सेविकाएँ (तुलना रोमियों 16:1) और भविष्यद्वक्तिने थीं (तुलना प्रेरितों के काम 21:9)। यह वह विविधता है जो मुझे पहली सदी के कुरिन्थ और इफिसुस तक सीमित पौलुस की टिप्पणियों (स्त्रियों पर प्रतिबंध से संबंधित) की पहचान करने की स्वतंत्रता देती है। दोनों कलीसियाओं में स्त्रियों को अपनी नई-नवेली आजादी (तुलना Bruce Winter, *After Paul Left Corinth*), का इस्तेमाल करने में समस्या थी, जिससे कलीसिया को मसीह के लिए अपने समाज तक पहुँचने में कठिनाई हो सकती थी। उनकी स्वतंत्रता को सीमित करना था ताकि सुसमाचार अधिक प्रभावी हो सके।

मेरा दिन पौलुस के दिन के विपरीत है। मेरे दिन में सुसमाचार सीमित हो सकता है यदि स्पष्ट, प्रशिक्षित स्त्रियों को सुसमाचार बाँटने, नेतृत्व करने की अनुमति न हो! सार्वजनिक आराधना का सर्वोच्च लक्ष्य क्या है? क्या प्रचार और शिष्यत्व नहीं है? क्या परमेश्वर को स्त्री अगुवों के द्वारा सम्मानित और प्रसन्न किया जा सकता है? बाइबल सम्पूर्ण रूप से "हाँ" कहती प्रतीत होती है!

मैं पौलुस के अधीन होना चाहता हूँ; मेरा धर्मशास्त्र मुख्य रूप से पौलुस आधारित है। मैं आधुनिक नारीवाद से अधिक प्रभावित होना या हेरफेर करना नहीं चाहता हूँ! हालाँकि, मुझे लगता है कि बाइबल की स्पष्ट सच्चाइयों जैसे दासत्व, जातिवाद, कट्टरता और लैंगिकवाद की अनुपयुक्तता का प्रत्युत्तर देने के लिए कलीसिया धीमा हो गई है। आधुनिक दुनिया में स्त्रियों के साथ दुर्व्यवहार के लिए उचित रूप से प्रतिक्रिया देने में भी धीमी हो गई है। मसीह में परमेश्वर ने दास और स्त्री को मुक्त कर दिया। मैं एक संस्कृति-बद्ध पाठ को फिर से उन्हें बेड़ियों में बाँधने देने की हिम्मत भी नहीं कर सकता।

एक और बात: एक व्याख्याकार के रूप में मुझे पता है कि कुरिन्थ एक बहुत ही विच्छेदित कलीसिया थी चमत्कारिक दानों को महत्व दिया जाता था और उन्हें घमण्ड से दिखाया जाता था। हो सकता है कि स्त्रियाँ इसमें फँस गई हों। मेरा यह भी मानना है कि इफिसुस झूठे शिक्षकों से प्रभावित हो रहा था जो स्त्रियों का फायदा उठा रहे थे और इफिसुस की घर कलीसियाओं में स्थानापन्न वक्ता के रूप में उनका प्रयोग कर रहे थे।

C. आगे पढ़ने के लिए सुझाव

1. *How to Read the Bible For All Its Worth* by Gordon Fee and Doug Stuart (pp. 61-77)
2. *Gospel and Spirit: Issues in New Testament Hermeneutics* by Gordon Fee
3. *Hard Sayings of the Bible* by Walter C. Kaiser, Peter H. Davids, F. F. Bruce, and Manfred T. Branch (pp. 613-616; 665-667)

3. रोमन कैथोलिक धर्म, एक राज्य शासन विधि की एपिस्कॉपिकल प्रणाली का समर्थन करने की चाहत में, यूहन्ना 21:15-17 के पाठ का प्रयोग करता है। पाठ से ही बिशप और पादरियों और उनकी सेवकाई के नियुक्त कार्य के संबंध में "मेमना" और "भेड़" शब्द का प्रयोग करना अनुचित है।

B. संदर्भ का हमारे द्वारा दुरुपयोग – यह अवतरण के ऐतिहासिक संदर्भ और साहित्यिक संदर्भ दोनों को संदर्भित करता है। यह हमारे दिन में पवित्रशास्त्र का संभवतः सबसे आम दुरुपयोग हो सकता है। लेखक के दिन और लेखक के निर्धारित उद्देश्य से एक अवतरण को हटाकर, कोई भी बाइबल का कुछ भी अर्थ निकाल सकता है। यदि यह इतना सामान्य और जानलेवा नहीं होता, तो इस कठिनाई के उदाहरण हास्यास्पद होते।
   1. बीते दिनों के एक उपदेशक ने व्यवस्थाविवरण 23:18 के आधार पर कुत्तों की बिक्री के खिलाफ प्रचार किया था। ऐतिहासिक और साहित्यिक विन्यास को नजरअंदाज किया गया था। "कुत्ता" शब्द को पुरुष, साम्प्रदायिक वेश्यावृत्ति (व्यवस्थाविवरण) से एक जानवर (आज) में बदल दिया गया था।
   2. जब आधुनिक विधिवादी इस बात का एहसास किए बिना कि यह पद पौलुस का झूठे शिक्षकों के संदेश का उद्धरण है, कुछ गतिविधियों को नियमविरोधी घोषित करने के लिए कुलुस्सियों 2:21 का प्रयोग करता है, तब यह समस्या स्पष्ट हो जाती है।
   3. आत्मा जीतने वालों द्वारा "उद्धार की योजना" के समापन की अपील के रूप में प्रकाशितवाक्य 3:20 का आधुनिक प्रयोग, यह एहसास भी नहीं है कि यह मसीही कलीसियाओं (प्रकाशितवाक्य 2-3) के संदर्भ में है। यह पाठ प्रारंभिक उद्धार को नहीं, लेकिन एक कलीसिया के पुनःवचनबद्ध होने को संबोधित कर रहा है, जो उस मंडली के व्यक्तियों के साथ शुरू होता है।
   4. मॉर्मनवाद का आधुनिक पंथ 1 कुरिन्थियों 15:29 को "मृतकों के लिए बपतिस्मा" के प्रमाण के रूप में उद्धरित करता है। इस पद के लिए कोई समानांतर अवतरण नहीं हैं। निकटतम संदर्भ पुनरुत्थान की वैधता है और यह पद इस सत्य की पुष्टि करने के लिए प्रयोग किए जाने वाले कई उदाहरणों में से एक है।
   5. सी. आई. स्कोफील्ड का 2 तीमुथियुस 2:15 का उद्धरण, "सत्य के वचन को सही रूप से विभाजित करना," बाइबल को सात अलग-अलग वाचाओं में विभाजित करने के लिए पवित्रशास्त्रीय समर्थन के रूप में प्रयोग किया जाता है।
   6. रोमन कैथोलिक धर्म द्वारा तत्व-परिवर्तन के सिद्धांत (कि प्रभु भोज के तत्व वास्तव में मसीह की देह और लहू बन जाते हैं) का समर्थन करने के लिए यूहन्ना 6:52ff का प्रयोग इस कठिनाई का एक और उदाहरण है। यूहन्ना वास्तव में प्रभु भोज को नहीं, बल्कि केवल ऊपरी कक्ष के अनुभव के संवाद को दर्ज़ करता है (यूहन्ना 13-17)। यह अवतरण पाँच हज़ार के भोजन के संदर्भ में है, न कि प्रभु भोज के।
   7. गलातियों 2:20 से पवित्रीकरण पर उपदेश देना, यह एहसास न होना कि संदर्भ का केंद्रबिंदु धर्मी ठहराए जाने की पूर्ण प्रभावशीलता पर है।

C. हमारे द्वारा साहित्यिक शैली का दुरुपयोग - इसमें उस साहित्यिक रूप की पहचान करने में, जिसमें लेखक ने बात की थी, हमारी विफलता के कारण मूल लेखक के संदेश को सही ढंग से न समझ पाना शामिल है प्रत्येक साहित्यिक रूप में व्याख्या के कुछ अनूठे तत्व हैं। इस दुरुपयोग के कुछ उदाहरण निम्नलिखित हैं।
   1. कुछ साहित्यकार भजनसंहिता 114:3-6 के काव्य को ऐतिहासिक कथा में बदलने का प्रयास करते हैं- अक्सर अपनी शाब्दिक व्याख्या द्वारा दूसरों को जाँचते हुए।
   2. कुछ लोग प्रकाशितवाक्य 12 और 13 के सर्वनाश से संबंधित वर्गों की शाब्दिक रूप से व्यक्तियों और प्राणियों के रूप में व्याख्या करने की कोशिश करते हैं।

3. कुछ लोग लूका 16:19-31 के दृष्टांत से "नरक" का वर्णन करने का प्रयास करते हैं। यह पाँच दृष्टान्तों की श्रृंखला में पाँचवाँ है, जो कि लूका 15:1-2 में धार्मिक अगुवों (फरीसियों) को संबोधित करने में यीशु के एक केंद्रीय अभिप्राय से संबंधित हैं। इसके अलावा, इस्तेमाल किया गया शब्द *Hades* है न कि *Gehenna*।

D. अलंगकारों या सांस्कृतिक मुहावरों का हमारा दुरुपयोग एक और कठिनाई है। हम सभी प्रतीकात्मक भाषा में बात करते हैं। फिर भी, क्योंकि जो लोग हमें सुनते हैं वे उसी संस्कृति में रहते हैं, वे हमारे मुहावरेदार वाक्यांशों को समझते हैं। हमारे मुहावरे और अलंगकार अन्य संस्कृतियों के लोगों के लिए कितने विचित्र होते होंगे। मुझे एक भारतीय पादरी की याद आती है जिसने मुझे बताया था कि उसे इस बात का बहुत अफ़सोस है कि "मुझे मौत के घाट उतार दिया गया"। हमारे लिए अच्छा है कि हम अपने स्वयं के रंगीन वाक्यांशों पर विचार करें, जैसे कि "यह बुरी तरह से अच्छा था"; "मैं कान दे रहा हूँ"; "जो मुझे मार डालता है"; या "प्रार्थना करके मरने की आशा करूं।"
   1. बाइबल में मुहावरे भी हैं।
      a. लूका 14:26; यूहन्ना 12:25; रोमियों 9:13, और मलाकी 1:2-3 में "अप्रिय" शब्द तुलना का एक इब्रानी मुहावरा है, जैसा कि उत्पत्ति 29:31,33 और व्यवस्थाविवरण 21:15 में देखा जा सकता है। लेकिन अगर हम यह नहीं जानते हैं तो यह बहुत गलतफहमी पैदा कर सकता है।
      b. मत्ती 5:29-30 में वाक्यांश, "अपने अंगों को काटकर" और "अपनी आँख को निकाल कर" पूर्वी अतिशयोक्तिपूर्ण कथन हैं, न कि शब्दशः आदेश।
      c. पवित्र आत्मा मरकुस 1:10 में एक कबूतर के रूप में है; हालाँकि, पवित्रशास्त्र कहता है, "एक कबूतर की तरह" या "एक कबूतर के रूप में," तुलना लूका 3:22

E. अतिसरलीकरण द्वारा हमारा दुरुपयोग। हम कहते हैं कि सुसमाचार सरल है और इसका मतलब है कि इसे समझना आसान है, हालाँकि, सुसमाचार के कई सरल सारांश दोषपूर्ण हैं क्योंकि वे पूर्ण नहीं हैं।
   1. परमेश्वर प्रेम है, लेकिन यह परमेश्वर के कोप की अवधारणा को छोड़ देता है (रोमियों 1:18-2:16)।
   2. हम अकेले अनुग्रह से बचाये गए हैं, लेकिन यह इस अवधारणा को छोड़ देता है कि व्यक्तियों को पश्चाताप करना चाहिए और विश्वास करना चाहिए (मरकुस 1:15; प्रेरितों के काम 20:21)।
   3. उद्धार मुफ्त है (इफिसियों 2:8-9), लेकिन यह पूरी तरह से इस विचार को छोड़ देता है कि यह जीवन शैली में बदलाव की माँग करता है (इफिसियों 2:10)।
   4. यीशु परमेश्वर है, लेकिन इस अवधारणा को छोड़ देता है कि वह वास्तव में मनुष्य है (1 यूहन्ना 4:2)।

F. चयनात्मकता द्वारा हमारा दुरुपयोग – यह अति सरलीकरण और प्रूफ-टेक्सटिंग (प्रमाण-पाठ) के समान है। हम अक्सर केवल उन शास्त्र-भागों का चयन या संयोजन करते हैं जो हमारे धर्मशास्त्र का समर्थन करते हैं।
   1. एक उदाहरण यूहन्ना 14:13-14; 15:7,16; 16:23 में, वाक्यांश "तुम प्रार्थना में जो कुछ माँगोगे, तुम पाओगे" में देखा गया है। उचित संतुलन के लिए इस विषय से संबंधित बाइबल के अन्य मानदंडों पर जोर देना चाहिए।
      (a) "माँगो, ढूँढो, खटखटाओ," मत्ती 7:7-8
      (b) "परमेश्वर की इच्छा के अनुसार," 1 यूहन्ना 5:14-15, वास्तव में जो तात्पर्य "यीशु के नाम में" का है
      (c) "बिना किसी संदेह के," याकूब 1:6
      (d) "बुरी इच्छा के बिना," याकूब 4:1-3
   2. गिनती 6:5; लैव्यव्यवस्था 19:27, और यीशु के दिन की संस्कृति पर ध्यान दिए बिना उन पुरुषों की आलोचना करने के लिए जो लंबे बाल रखते हैं, 1 कुरिन्थियों 11:6 पाठ का प्रयोग करना अनुचित है।

3. 1 कुरिन्थियों 14:34 के आधार पर, 1कुरिन्थियों 11:5 पर विचार किए बिना, जो उसी साहित्यिक इकाई में है, कलीसिया में स्त्रियों को बोलने या सिखाने की अनुमति न देना, एक अतिशयोक्तिपूर्ण कथन है।
4. 1 कुरिन्थियों 14:5,18,39 की शिक्षा पर ध्यान दिए बिना, 1 कुरिन्थियों 13:8 के आधार पर अन्यभाषा को अस्वीकार या उसका अवमूल्यन करना (1 कुरिन्थियों 13 का दावा है कि प्रेम के अलावा सब कुछ जाता रहेगा), अनुचित है।
5. मत्ती 15:11 और अप्रत्यक्ष रूप से, प्रेरितों के काम 10:10-16, पर ध्यान दिए बिना लैव्यव्यवस्था 11 के भोजन संबंधी नियमों पर जोर देना, अनुचित है।

G. गौण विषयों को प्रमुखता देने का हमारा दुरुपयोग - अक्सर हम मूल लेखक के अभिप्राय को चूक जाते हैं क्योंकि हम एक दिलचस्प, लेकिन केंद्रीय नहीं, मुद्दे में उलझ जाते हैं। इसे निम्नलिखित में देखा जा सकता है।
1. कैन ने किससे विवाह किया था? उत्पत्ति 4:17
2. कई लोग इस बारे में चिंतित हैं कि पाताल लोक में यीशु ने किन्हें उपदेश दिया। 1 पतरस 3:19
3. एक और प्रश्न यह है कि परमेश्वर पृथ्वी को कैसे नष्ट करेगा। 2 पतरस 3:10

H. इतिहास के रूप में बाइबल का हमारा दुरुपयोग - बाइबल अक्सर वह दर्ज़ करती है जिसका वह समर्थन नहीं करती (फ़ी और स्टुअर्ट 1982, 85)। हमें अपने धर्मशास्त्र और नैतिकता के लिए स्पष्ट शिक्षण अवतरणों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, न कि केवल ऐतिहासिक विवरणों पर।

I. हमारा पुराने और नए नियम, इस्राएल और कलीसिया, व्यवस्था और अनुग्रह के बीच के संबंधों का दुरुपयोग। पूर्वकल्पित रूप से, मसीह पवित्रशास्त्र का प्रभु है (ग्रांट और ट्रेसी 1984, 95)। सारे पवित्रशास्त्र को अंततः उसे इंगित करना चाहिए। वह मानवता के लिए परमेश्वर की योजना की पूर्ति है (कुलुस्सियों 1:15-23)। इसका मतलब यह है कि यद्यपि पुराना नियम का अपना अस्तित्व होना चाहिए, यह मसीह की ओर इशारा करता है (स्टेर्रेट 1973, 157-171)। मुझे लगता है कि हमें नए नियम के नए प्रकटीकरण के माध्यम से पुराने नियम की व्याख्या करनी चाहिए। पुराने नियम की प्रमुखताएँ बदल गईं हैं और उनका सार्वभौमिकरण हो गया है। नई वाचा ने मूसा की वाचा (तुलना इब्रानियों की पुस्तक और गलातियों 3) का स्थान ले लिया है।

इनमें से प्रत्येक कठिनाई के उदाहरण विशाल संख्या में हैं। हालाँकि, सिर्फ इसलिए कि कुछ अति- व्याख्या और कुछ कम- व्याख्या और कुछ गलत-व्याख्या करते हैं, इसका अर्थ यह नहीं है कि कोई व्याख्या ही नहीं होनी चाहिए। यदि हम मूल लेखक के एक संदर्भ में व्यक्त किए गए प्रमुख अभिप्राय के साथ बने रहते हैं और यदि हम प्रार्थना और विनम्रता के से बाइबल के पास आते हैं तो हम बहुत सी कठिनाइयों से बच सकते हैं।

"ऐसा क्यों है कि लोग अक्सर बाइबल के आख्यानों में ऐसी बातें ढूँढते हैं, जो वास्तव में वहाँ हैं ही नहीं - बाइबल में से वो पढ़ने के बजाय जो परमेश्वर चाहता है कि वे जाने, बाइबल में अपनी स्वयं की धारणाओं को पढ़ते हैं?
1. वे बेताब हैं, उस जानकारी के लिए बेताब हैं जो उनकी स्वयं की स्थिति पर लागू होगी
2. वे अधीर हैं; वे अभी इस पुस्तक से, इस अध्याय से, अपने उत्तर चाहते हैं
3. वे गलत उम्मीद करते हैं कि बाइबल में सब कुछ सीधे तौर से उनके स्वयं के व्यक्तिगत जीवन के लिए निर्देश के रूप में लागू होता है" (फ़ी और स्टुअर्ट 1980, 84)।

व्याख्या के लिए व्यावहारिक प्रक्रियाएँ

I. आत्मिक पहलू

बाइबल का अध्ययन पवित्र आत्मा पर निर्भरता और बोध और विश्लेषण की आपकी ईश्वरीय क्षमताओं को बेहतर करने का एक संयोजन है। धर्मी, शिक्षित, ईमानदार विश्वासियों द्वारा पुष्टि की गई विभिन्न व्याख्याओं के विशाल श्रृंखला के कारण बाइबल अध्ययन के आत्मिक पहलू पर चर्चा करना मुश्किल है। यह एक रहस्य है कि विश्वासियों के बीच इतनी असहमति, यहाँ तक कि शत्रुता क्यों है, सभी पवित्रशास्त्र को समझने और पुष्टि करने की कोशिश कर रहे हैं। आत्मा महत्त्वपूर्ण है, लेकिन सभी विश्वासियों के पास आत्मा है। हर व्याख्याकार के आवश्यक आत्मिक दृष्टिकोण को संबोधित करने का मेरा प्रयास निम्नलिखित है।

A. व्याख्या और अनुप्रयोग में प्रार्थना "प्राथमिकता पहली" होनी चाहिए। प्रार्थना न तो सही व्याख्या के लिए एक स्वचालित लिंक है, न ही इसकी गुणवत्ता या मात्रा में, बल्कि यह पहला अनिवार्य कदम है। आत्मा के बिना बाइबल अध्ययन में जाना पानी के बिना तैरने जैसा है। फिर, इसका अर्थ यह कहना नहीं है कि प्रार्थना का संबंध सीधे हमारे टीका - जो अतिरिक्त कारकों द्वारा निर्धारित किया जाता है, की गुणवत्ता से है। लेकिन एक बात निश्चित है — बिना परमेश्वर की सहायता के कोई भी व्यक्ति आत्मिक सत्य को नहीं जान सकता (केल्विन)। प्रार्थना परमेश्वर की हम पर उसकी पुस्तक को प्रकट करने की किसी प्रकार की अनिच्छा पर विजय प्राप्त करना नहीं है, लेकिन यह हमारी उस पर निर्भरता की एक स्वीकृति है। आत्मा हमें परमेश्वर के वचन को समझने में मदद करने के लिए दिया गया था (यूहन्ना 14:26; 16:13-14; 1 कुरिन्थियों 2:10-16) ।

B. व्यक्तिगत शुद्धिकरण भी महत्त्वपूर्ण है। ज्ञात, स्वीकार नहीं किया गया पाप परमेश्वर के साथ हमारे रिश्ते को अवरुद्ध करता है। बाइबल को समझने के लिए उसे पापहीनता की आवश्यकता नहीं है, लेकिन बाइबल आत्मिक सत्य है और पाप आत्मिक बातों के लिए एक बाधा है। हमें ज्ञात पाप को स्वीकार करने की आवश्यकता है (1 यूहन्ना 1:9)। हमें परखे जाने के लिए प्रभु के समक्ष स्वयं को खोलने की जरूरत है (भजनसंहिता 139:1,23-24)। हमारे विश्वास की प्रतिक्रिया पर उसके कई वादे प्रतिबंधित हैं, उसी प्रकार, बाइबल को समझने की हमारी क्षमता भी।

C. हमें परमेश्वर और उसके वचन को जानने की इच्छा को विकसित करने की आवश्यकता है (भजनसंहिता 9:7-14; 42:1ff; 119:1ff)। जब हम परमेश्वर को गंभीरता से लेते हैं, तो वह हमारे पास आने में सक्षम होता है और हमारे जीवन के लिए उसकी इच्छा को प्रकट करने में सक्षम होता है (जकर्याह 1:3-4; याकूब 4:8)।

D. हमें अपने बाइबल अध्ययन से बटोरे सत्य को तुरंत अपने जीवनों में लागू करने की आवश्यकता है (जिसे हम सही मानते हैं उसे व्यवहार में लाना)। हम में से बहुत से लोग जितना हम जी रहे हैं, बाइबल के सत्य को पहले से ही उससे अधिक जानते हैं (1 यूहन्ना 1:7)। अधिक सत्य का मानदंड यह है कि हम उस सत्य में चलें जो हमारे पास पहले से है। अनुप्रयोग वैकल्पिक नहीं है, लेकिन यह दैनिक है। आप अपने प्रकाश में चलें और अधिक प्रकाश दिया जाएगा (रोमियों 1:17)।

> "यह समझता है कि बाइबल की कोई भी मात्र बौद्धिक समझ, कितनी भी पूर्ण क्यों न हो, इसके सम्पूर्ण खजाने को प्राप्त नहीं कर सकती है। यह इस तरह की समझ का तिरस्कार नहीं करता है, क्योंकि यह पूरी समझ के लिए आवश्यक है। लेकिन अगर इसे पूरा होना है तो इसे इस पुस्तक के आत्मिक खजाने की आत्मिक समझ की ओर ले जाना वाला होना चाहिए । और उस आत्मिक समझ के लिए बौद्धिक सतर्कता से अधिक कुछ आवश्यक है। आत्मिक बातें आत्मिक रूप से पहचानी जाती हैं, और बाइबल के छात्र को आत्मिक ग्रहणशीलता के दृष्टिकोण, परमेश्वर को खोजने की एक उत्सुकता की आवश्यकता है ताकि वह अपने आप को उसे समर्पित कर सके, यदि वह अपने वैज्ञानिक अध्ययन से परे इस सभी पुस्तकों में से महानतम पुस्तक की समृद्ध विरासत में जाना चाहता है।" *The Relevance of the Bible*, H. H. Rowley (p. 19)।

II. तर्कसंगत प्रक्रिया

बाइबल को पढ़ें! कोई यह नहीं जान सकता कि इसका क्या अर्थ है यदि वह नहीं जानता कि यह क्या कहती है। विश्लेषणात्मक पठन और रूपरेखा समझने की कुंजी है। इस चरण में एक बैठक में बाइबल की संपूर्ण पुस्तक को पढ़ने के कई चक्र (चार) शामिल हैं।

A. कई अनुवादों में पढ़ें।यह आशा की जाती है कि आप उन अनुवादों को पढ़ेंगे जो अनुवाद के विभिन्न सिद्धांतों का प्रयोग करते हैं।
   1. औपचारिक पत्राचार (शब्दश:) जैसे कि
      a. the King James Version
      b. the American Standard Version
      c. the New American Standard Bible
      d. the Revised Standard Version
   2. सक्रिय समतुल्यता अनुवाद जैसे कि
      a. the New International Version
      b. the New American Bible
      c. Good News for Modern Man (Today's English Version)
      d. the Jerusalem Bible
      e. the New English Bible
      f. Williams translation
   3. अवधारणा आधारित अनुवाद जैसे कि
      a. the Amplified Bible
      b. Phillips translation
      c. the Living Bible

   आपकी व्यक्तिगत अध्ययन बाइबल श्रेणी (1) या (2) में से होनी चाहिए। साथ ही, एक समानांतर बाइबल जो एक ही पृष्ठ पर कई अनुवादों का उपयोग करती है, बहुत सहायक है।

B. संपूर्ण पुस्तक या साहित्यिक इकाई को एक बैठक में पढ़ें
   1. जब आप पढ़ते हैं, तो अपने आप को अध्ययन के लिए एक लंबी अवधि, एक निर्धारित या नियमित समय दें और एक शांत जगह ढूंढें। पढ़ना किसी अन्य व्यक्ति के विचारों को समझने का एक प्रयास है। आप एक व्यक्तिगत पत्र को विभागों में पढ़ने के बारे में नहीं सोचेंगे। एक बैठक में बाइबल की पूरी पुस्तकें पढ़ने की कोशिश करें।
   2. इस गैर-तकनीकी, पाठ-केंद्रित पद्धति की एक कुंजी पढ़ना और फिर से पढ़ना है। यह आपको विस्मित करेगा कि समझ अच्छी जानकारी से कैसे संबंधित है। यह पाठ्यपुस्तक का व्यावहारिक तरीका इन प्रक्रियाओं के आसपास केंद्रित है।
      a. सात व्याख्यात्मक प्रश्न
      b. असाइनमेंट के साथ पढ़ने के चार चरण
      c. उपयुक्त स्थानों पर शोध साधनों के प्रयोग

C. अपनी पाठ्य टिप्पणियों को लिखें (यानी, अच्छी तरह से नोट्स बनाना)

   जो आप पढ़ते हैं उसके नोट्स लें। इस खंड में कई चरण हैं। ये इसलिए नहीं हैं कि हमारे लिए कष्टदायक बनें, लेकिन हमें दूसरों की व्याख्याओं पर बहुत अधिक निर्भर होकर त्वरित बाइबल ज्ञान प्राप्त करने की हमारी इच्छा को नियंत्रित करना चाहिए। व्यक्तिगत बाइबल अध्ययन के लिए प्रार्थना, समय, प्रशिक्षण और दृढ़ता चाहिए।

यह एक आसान राह नहीं है, लेकिन इसके लाभ उत्कृष्ट हैं।

1. जिस पुस्तक का आप अध्ययन करना चाहते हैं उसे एक ही बार में पढ़ लें। मेरा सुझाव है कि आप पहले नये नियम की एक छोटी पुस्तक चुनें। एक पूरी पुस्तक का अध्ययन करना सबसे अच्छा है। यह आपके समय का बेहतर प्रबंधन है और अध्ययन के समय के बीच पृष्ठभूमि की जानकारी और संदर्भ को याद रखना आसान है। समय के साथ पुस्तक अध्ययन, आपको एक बाइबल-संबंधी संतुलन प्रदान करेगा। यह आपको कठिन, अपरिचित और विरोधाभासी सत्यों का सामना करने के लिए विवश करेगा।

   एक संक्षिप्त, सटीक वाक्य में, पुस्तक लिखने के लिए लेखक का अतिव्यापी उद्देश्य क्या था, अपने शब्दों में समझाने की कोशिश करें। इसके अलावा, एक प्रमुख पद, अनुच्छेद या अध्याय में इस केंद्रीय विषय को अलग करने का प्रयास करें। याद रखें कि उद्देश्य अक्सर प्रयोग की गई साहित्यिक शैली के प्रकार द्वारा व्यक्त किया जाता है। यदि पुस्तकें ऐतिहासिक कथाओं के अलावा अन्य शैलियों से रचित हैं, तो साहित्यिक शैली के विषय में विशेष हेर्मेनेटल प्रक्रियात्मक खंड से परामर्श करें (*How to Read The Bible For All Its Worth* by Fee and Stuart देखें)।
2. उसी अनुवाद में इसे फिर से पढ़ें। इस बार लेखक के विचारों के प्रमुख विभाजनों (साहित्यिक इकाइयों) पर ध्यान दें। इन्हें विषय, समय, विषय, स्वर, स्थान, शैली, आदि में परिवर्तन द्वारा पहचाना जाता है। इस स्थान पर पुस्तक की संरचना की रूपरेखा बनाने की कोशिश न करें, केवल इसके स्पष्ट विषय में परिवर्तन की। अपनी अंग्रेजी बाइबल के अध्याय और पदों के आधार पर अपने विभाजन न बनाएं। ये मूल नहीं हैं और अक्सर भ्रामक और गलत होते हैं। अपने प्रत्येक विभाजन को ऐसे संक्षिप्त, वर्णनात्मक वाक्यों का प्रयोग करके संक्षेप में लिखें, जो अनुभाग के विषय या प्रसंग की विशेषता बताते हों। एक बार जब आपके पास अलग-अलग अनुभाग होते हैं, तो देखें कि क्या आप उन्हें संबंधित विषयों, विरोधाभासों, तुलनाओं, व्यक्तियों, घटनाओं आदि में एक साथ जोड़ सकते हैं। यह कदम असंबद्ध प्रतीत होने वाली सामग्री जो वास्तव में, लेखक की अतिव्यापी संरचना की साहित्यिक इकाइयाँ हैं, के बड़े खण्डों को अलग करने और संबंधित करने का एक प्रयास है। ये साहित्यिक इकाइयाँ हमें मूल लेखक के विचारों का प्रवाह दिखाती हैं और हमें उसके मूल अभिप्राय की ओर संकेत करती हैं।

D. इस स्थान पर आपकी रूपरेखा और अतिव्यापी उद्देश्य की अन्य विश्वासियों के साथ जाँच करना सहायक होगा।

> "जब आपकी निजी व्याख्या आपको एक ऐसे निष्कर्ष पर ले जाती है, जो परमेश्वर के जनों द्वारा एक अवतरण को दिए गए ऐतिहासिक अर्थ से अलग है, तो आपके दिमाग में सावधान होने की एक पीली बत्ती चमकनी चाहिए" (हेनरिकसेन 1973, 38)।
>
> "टीका आपका स्वयं का काम हो और न केवल दूसरों के विचारों का एक बुद्धिरहित संकलन, इसके लिए स्वयं सोचना और इस चरण से पहले जितना संभव हो अपने निष्कर्ष पर पहुँचना बुद्धिमानी है" (स्टुअर्ट 1980, 39) ।
>
> "पवित्र शास्त्र की हमारी समझ की इनसे लगातार जाँच करवाते रहें:
> 1. अपने पादरी
> 2. अपने साथी मसीही
> 3. रूढ़िवादी मसीहियों द्वारा पवित्रशास्त्र की ऐतिहासिक समझ" (सायर 1980, 15)

अधिकतर आपके अध्ययन बाइबल में प्रत्येक पुस्तक की शुरुआत में एक रूपरेखा होगी। यदि नहीं, तो अधिकांश में पृष्ठ के शीर्ष पर या पाठ में किसी जगह पर प्रत्येक अध्याय का विषय होता है। जब तक आप अपना खुद का न लिख

लें, तब तक उनका न देखें। आपको अपना संशोधित करना पड़ सकता है, लेकिन इस चरण में शॉर्टकट अपने आप साहित्यिक इकाइयों का विश्लेषण करने की आपकी क्षमता को निर्बल कर देंगे।

अध्ययन बाइबलों में न केवल बाइबल की पुस्तकों की रूपरेखा होती है, बल्कि होती हैं

1. टिप्पणियाँ
2. पुराने या नए नियम की प्रस्तावना की पुस्तकें
3. बाइबल की पुस्तक के नाम के तहत विश्वकोश या शब्दकोश

E. बाइबल की पूरी पुस्तक को फिर से पढ़ें और

1. कागज के एक अलग पन्ने पर, उन साहित्यिक इकाइयों (अलग-अलग विषयों) के तहत, जिनको आपने अलग किया और उनकी रूपरेखा बनाई है, अपनी बाइबल के अनुच्छेद विभागों को लिखें। रूपरेखा मूल लेखक के विचारों और उनके एक-दूसरे के संबंध को पहचानने से ज्यादा कुछ नहीं है। अनुच्छेद साहित्यिक इकाइयों के अंतर्गत अगले तर्कसंगत विभाग की रचना करेंगे। जब आप प्रत्येक साहित्यिक इकाई के अंतर्गत अनुच्छेद की पहचान करते हैं, संदर्भ की एक वाक्य में विशेषता लिखें जैसा कि आपने पहले पुस्तक के बड़े विभाग में किया था। यह सरल रूपरेखा प्रक्रिया आपको गौण विषयों को प्रमुखता देने से दूर रखने में मदद करेगी।

   इस स्थान तक आपने केवल एक अनुवाद के साथ काम किया है। अब, अपने विभागों की अन्य अनुवादों से तुलना करें।

   a. बड़ी इकाइयाँ
   b. अनुच्छेद विभाग

   भिन्नता वाले स्थानों को अंकित कर लें।

   a. विषय विभाग
   b. अनुच्छेद विभाग
   c. शब्द चयन
   d. वाक्य संरचना
   e. हाशिये के नोट्स (इसमें आमतौर पर पांडुलिपि विविधताएं शामिल हैं। इस तकनीकी जानकारी के लिए टिप्पणियों की सहायता लें)
2. इस स्थान पर इन प्रश्नों का उत्तर देने के लिए बाइबल पाठ में पद देखें (ऐतिहासिक विन्यास)।
   a. किसने अवतरण लिखा
   b. अवतरण किसे संबोधित करके लिखा गया
   c. अवतरण उनके लिए क्यों लिखा गया
   d. अवतरण कब लिखा गया
   e. कौन सी ऐतिहासिक परिस्थितियाँ शामिल थीं

   इस प्रकार की सामग्री को पुस्तक से ही बटोरा जा सकता है। अक्सर जो कुछ हम बाइबल की पुस्तकों के ऐतिहासिक विन्यास के बारे में जानते हैं वह पुस्तक के भीतर (आंतरिक प्रमाण) या बाइबल के समानांतर अवतरणों के भीतर पाया जाता है। निश्चित रूप से इस स्थान पर "पेशेवर" टिप्पणीकार से सहायता लेना ज्यादा आसान है, लेकिन आपने आप को ऐसा करने से रोकें। आप अपने आप ऐसा कर सकते हैं। यह आपको आनंद देगा, आपका आत्मविश्वास बढ़ाएगा, और आपको "विशेषज्ञों" पर निर्भर न रहने में मदद करेगा (ओसबोर्न और वुडवर्ड 1979, 139, जेन्सेन 1963, 20)। आप उन प्रश्नों को लिखिए जो आपको लगते है कि उपयोगी हो सकते

हैं जैसे कि: क्या कोई दोहराए गए शब्द या वाक्यांश हैं? क्या कोई ध्यान देने योग्य संरचना है? क्या बाइबल की एक अन्य विशिष्ट पुस्तक से समानांतर अवतरणों की एक श्रृंखला है? आपने सवालों को अपने सामने रखकर, पूरी पुस्तक को फिर से पढ़ें। जब आपको पाठ में कोई भाग मिले, जो इनमें से किसी भी प्रश्न से संबंधित हो, तो उसे उस अनुभाग के नीचे लिखें। अभ्यास और सावधानीपूर्वक पढ़ने के साथ यह आपको आश्चर्य होगा कि आप पाठ से ही कितना कुछ सीख सकते हैं।

F. अपने अवलोकनों की जाँच करें

अब समय आ गया है कि आप बाइबल की पुस्तको के अपने अवलोकनों को अतीत और वर्तमान के परमेश्वर के वरदान प्राप्त पुरुषों और स्त्रियों के अवलोकनों के साथ जाँचें।

> "व्याख्या एक सामाजिक प्रक्रिया है। कई दिमागों के सहयोग से ही उत्तम परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। एक युग के विद्वानों के परिणाम उन लोगों की प्राकृतिक और सही विरासत हैं जो आनेवाले युगों तक एक ही क्षेत्र में श्रम करते हैं, और उनके द्वारा उनका प्रयोग किया जाना चाहिए। नए नियम का कोई भी व्याख्याकार पहले की पीढ़ियों द्वारा प्राप्त किए गए परिणामों को समझदारी से अनदेखा नहीं कर सकता और न ही सभी बिंदुओं पर पूरी तरह से स्वतंत्र और मूल निष्कर्षों के बदले हटा सकता है। उसे जितना संभव हो उतना जो पहले पूरा हो चुका है उससे परिचित हो जाना चाहिए. . .टिप्पणियाँ जो भूतकाल के विद्वानों द्वारा प्रस्तुत की गईं हैं, व्याख्या के लिए सामग्रियों का एक बहुत ही आवश्यक हिस्सा है" (दाना 1946, 237)।
>
> "चार्ल्स एच. स्पर्जन. . .'यह अजीब लगता है कि कुछ पुरुष जो इस बारे में बहुत सारी बातें करते हैं कि पवित्र आत्मा ने उन्हें क्या बताया, इस बारे में बहुत कम सोचें कि उसने दूसरों पर क्या प्रकट किया'" (हेनरिकसेन 1973, 41)।
>
> "अध्ययन के प्रत्यक्ष अनुभव की प्रधानता पर इस जोर का अर्थ यह नहीं है कि टिप्पणियों का निरीक्षण करने की सलाह नहीं दी जा रही है। इसके विपरीत, जब उचित स्थान पर किया जाता है, तो इसे एक रीतिबद्ध दृष्टिकोण में एक अनिवार्य कदम के रूप में मान्यता दी जाती है। सर्जन ने ठीक ही इंगित किया है कि 'दो विपरीत त्रुटियाँ पवित्रशास्त्र के छात्र को घेर लेती हैं: हर बात को दूसरे से लेने की प्रवृत्ति, और दूसरों से कुछ भी लेने से इंकार करना'" (ट्रायना 1985, 9)।

जिन लोगों के पास अपनी भाषा में टिप्पणी या शोध साधन उपलब्ध नहीं हैं, उनके लिए अपने क्षेत्र के अन्य परिपक्व मसीहियों के साथ उसी बाइबल पुस्तक का अध्ययन करके और नोट्स की तुलना करके इस कदम को पूरा करना संभव है। अलग-अलग दृष्टिकोण के लोगों के साथ अध्ययन करना सुनिश्चित करें।

व्याख्याकार के ऐतिहासिक विन्यास बनाम ऐतिहासिक परिस्थितियों के लिखित प्रमाण के बारे में, या तो बाइबल से या ऐतिहासिक स्रोतों से ध्यान दें। यदि कोई सावधानी नहीं बरतता है तो लेखक के उद्देश्य और विन्यास के बारे में उसकी अवधारणा उसकी व्याख्या को प्रभावित कर सकती है। इब्रानियों की पुस्तक की कथित पृष्ठभूमि इसका एक अच्छा उदाहरण हो सकती है। अध्याय छह और दस बहुत कठिन हैं। अक्सर, एक व्याख्या केवल तथाकथित ऐतिहासिक परिस्थितियों या ऐतिहासिक परंपराओं के आधार पर प्रस्तावित की जाती है।

G. महत्त्वपूर्ण समांतर अवतरणों की जाँच करें

व्याख्यात्मक महत्त्व के संकेंद्रित वृत्तों (समानांतर अवतरणों) पर ध्यान दें। व्याख्या में महान खतरों में से एक बाइबल के अन्य हिस्सों को यह निर्धारित करने देना कि किसी विशेष पाठ का क्या अर्थ है, लेकिन साथ ही, यह हमारी सबसे

बड़ी सहायताओं में से एक है। यह समय की बात है। किस स्थान पर क्या आप बाइबल के सत्य के व्यापक अभिप्राय को देखते हैं? इस स्थान पर असहमति है (फर्ग्यूसन 1937, 101), लेकिन मेरे लिए ध्यान देने की बात सबसे पहले मूल लेखक और आपके द्वारा पढ़ी जा रही संदर्भ पुस्तक होनी चाहिए। परमेश्वर ने बाइबल के लेखकों को अपने दिन के लिए कुछ कहने के लिए प्रेरित किया। इस संदेश को पहले हमें पूरी तरह से समझना चाहिए, इससे पहले कि हम इसे बाइबल के उन अन्य अवतरणों से जोड़ें जिन्हें हम जानते हैं। यदि नहीं, तो हम हर अवतरण में अपने पसंदीदा, परिचित और साम्प्रदायिक विचारों को पढ़ना शुरू कर देते हैं। हम अपने व्यक्तिगत सुनियोजित धर्मशास्त्र या साम्प्रदायिक पूर्वाग्रहों को प्रेरित पाठों को चूर-चूर करने और बदलने देते हैं! पाठों को प्राथमिकता प्राप्त है! ये संकेंद्रित वृत्त, जैसा कि मैं उन्हें कहता हूँ, एक विशिष्ट अवतरण से पूरी बाइबल में चले जाते हैं, लेकिन केवल वर्गीकृत, चिह्नित चरणों में।

1. बाइबल की पुस्तक के अन्तर्गत अपने अवतरण की तर्कसंगत और साहित्यिक स्थिति का ध्यानपूर्वक निरीक्षण करें। बाइबल की एक संपूर्ण पुस्तक का अध्ययन महत्त्वपूर्ण है। भागों का महत्त्व स्पष्ट होने से पहले हमें पूरे को देखना चाहिए। हमें लेखक को उसकी स्थिति में और उसके उद्देश्य के लिए बोलने देना चाहिए। जब तक आप इसे अपने स्वयं के बल पर बोलने नहीं देते तब तक कभी भी विशिष्ट अवतरण और उसके तत्काल संदर्भ से परे न जाएँ। अक्सर इससे पहले कि हम उसे गंभीरता से लें जो एक विशेष रूप से प्रेरित बाइबल लेखक द्वारा कहा जा रहा है, हम सभी समस्याओं को हल करना चाहते हैं। हम अक्सर अपने धर्मशास्त्रीय पूर्वाग्रह की रक्षा करने की कोशिश करते हैं!
2. एक बार जब हम महसूस करते हैं कि हम मूल संदेश को समझने के लिए पर्याप्त रूप से पाठ के साथ जूझ लिए हैं, तब हम अगले तर्कसंगत चरण पर जाएँ, जो है वही लेखक उसके अन्य लेखन में। यह जुड़वाँ लेखनों में बहुत सहायक है, जैसे कि एज्रा और नहेम्याह; मरकुस और 1 और 2 पतरस; लूका और प्रेरितों के काम; यूहन्ना और 1 यूहन्ना; कुलुस्सियों और इफिसियों; गलातियों और रोमियों।
3. अगला संकेंद्रित वृत्त अलग-अलग लेखकों, लेकिन जिन्होंने उसी ऐतिहासिक विन्यास में लिखा था, से संबंधित है जैसे कि आमोस और होशे या यशायाह और मीका, या हाग्गै और जकर्याह। यह संकेंद्रित वृत्त एक ही विषय पर एक ही प्रकार की साहित्यिक शैली से भी संबंधित हो सकता है। मत्ती 24, मरकुस 13 और लूका 21 को दानिय्येल, जकर्याह और प्रकाशितवाक्य की पुस्तक के साथ जोड़ना एक उदाहरण है। ये सभी, हालाँकि विभिन्न लेखकों द्वारा लिखे गए हैं, अंत समय से संबंधित हैं और एक सर्वनाश-संबंधी शैली में लिखे गए हैं। इस वृत्त को अक्सर "बाइबल के धर्मशास्त्र" के रूप में पहचाना जाता है। यह पवित्रशास्त्र के विशिष्ट वर्गों को नियंत्रित आधार पर एक दूसरे से जोड़ने का एक प्रयास है। यदि टीका केक का एक कौर है, तो बाइबल का धर्मशास्त्र एक भाग है। यदि टीका एक अकेला है, तो बाइबल का धर्मशास्त्र एक समूह है। हम एक निश्चित अवधि, साहित्यिक शैली, विषय, या लेखक की प्रवृत्तियों, विषयों, रूपांकनों, विशिष्ट शब्दों, वाक्यांशों या संरचनाओं की तलाश कर रहे हैं।
4. चूँकि सम्पूर्ण बाइबल प्रेरित है (2 तीमुथियुस 3:16) और चूँकि हमारी मूल पूर्वधारणा यह है कि यह अपने आप में विरोधाभासी नहीं है (पवित्रशास्त्र की समानता), तो हमें बाइबल को किसी दिए गए विषय पर पूरी तरह से समझाने देना चाहिए। यदि टीका एक कौर है और बाइबल का धर्मशास्त्र एक भाग है, तो सुनियोजित सिद्धांत पूरा केक है। यदि टीका एक अकेला और बाइबल का धर्मशास्त्र एक समूह है, तो सुनियोजित सिद्धांत पूर्ण गायनवृन्द है। सावधान रहो, कभी यह कहने की कोशिश न करें, "बाइबल कहती है. . ." जब तक कि आप व्याख्या के प्रत्येक संकेंद्रित वृत्त से सावधानीपूर्वक न गुजर चुके हों।

H. पूर्व के लोग तनाव से भरे जोड़े में सत्य को प्रस्तुत करते हैं।

बाइबल अक्सर द्वंद्वात्मक जोड़ियों में सत्य को प्रस्तुत करती है। अगर हम संतुलन करनेवाले सत्य (विरोधाभास) को खो देते हैं, तो हमने बाइबल के अतिव्यापी संदेश को पलट दिया है। सत्य की असंतुलित प्रस्तुति आधुनिक संप्रदायों की विशेषता है। हमें बाइबल के लेखकों को बोलने देना चाहिए, लेकिन बाइबल को समग्र रूप से भी (अन्य प्रेरित लेखक)। व्याख्या के इस चरण में एक प्रासंगिक समानांतर अवतरण, चाहे पुष्टि करनेवाला, संशोधन करनेवाला या विरोधाभासी प्रतीत होनेवाला, अत्यंत सहायक होता है। यह सशक्त रूप से कहा जाना चाहिए कि बाइबल के संदेश में कुछ जोड़ना उतना ही हानिकारक है जितना इसमें से कुछ हटाना। बाइबल के सत्य को स्पष्ट, सरल कथनों में प्रस्तुत किया गया है, लेकिन इन स्पष्ट कथनों के बीच का संबंध अक्सर काफी जटिल होता है। व्याख्या की सर्वोच्च महिमा बड़ी तस्वीर, संतुलित सत्य है।

I. सुनियोजित धर्मशास्त्र

कोई सिद्धांत को सुनियोजित रूप से कैसे प्रस्तुत करता है? यह बाइबल के धर्मशास्त्र के समान है जिसमें हम अवधारणाओं, विषयों और शब्दों को हमें इनकी ओर ले जाने देते हैं

1. अन्य संबंधित अवतरण (पक्ष और विपक्ष)
2. उस विषय पर निश्चित शिक्षण अवतरण
3. उसी सत्य के अन्य तत्व
4. दो नियमों का परस्पर विनिमय

बाइबल सत्य बोलती है, लेकिन हमेशा किसी दिए गए विषय पर दिए गए संदर्भ में पूरी तरह से नहीं। हमें किसी दिए गए सत्य की बाइबल की सबसे स्पष्ट प्रस्तुति ढूँढनी चाहिए। यह कुछ शोध साधनों का प्रयोग करके किया जाता है। फिर से, आपको पहले कम से कम व्याख्यात्मक मदद के साथ काम करने की कोशिश करनी चाहिए। बाइबल की एक विस्तृत अनुक्रमणिका बहुत सहायक हो सकती है। यह आपको शब्द समानान्तर खोजने में मदद करेगा। अक्सर विचार या अवधारणा समानान्तर की खोज करने के लिए हमें इतना ही आवश्यक है। अनुक्रमणिका हमें बाइबल के अलग-अलग शब्द दिखाएगी, जिनका अंग्रेजी में अनुवाद किया गया है। किंग्स जेम्स वर्जन, न्यू अमेरिकन स्टैंडर्ड बाइबल और न्यू इंटरनेशनल वर्जन के लिए अनुक्रमणिकाएँ अब उपलब्ध हैं। हमें यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि हम इब्रानी या यूनानी समानार्थी शब्दों के साथ अंग्रेजी शब्दों को भ्रमित नहीं कर रहे हैं। एक अच्छी अनुक्रमणिका, विभिन्न मूल शब्दों और उनकी घटना के स्थानों को सूचीबद्ध करेगी। संकेंद्रित वृत्त (समानांतर अवतरण) यहाँ फिर से प्रासंगिकता में आते हैं। प्राथमिकता का क्रम होगा

1. साहित्यिक इकाई का निकतम संदर्भ
2. पूरी पुस्तक का बड़ा संदर्भ
3. वही लेखक
4. वही कालखंड, साहित्यिक शैली, या नियम
5. सम्पूर्ण बाइबल

सुनियोजित धर्मशास्त्र की पुस्तकों का प्रयास होता है मसीही सत्य को श्रेणियों में विभाजित करें और फिर उस विषय पर सभी संदर्भों की खोज करें। अक्सर वे इन्हें बहुत ही साम्प्रदायिक तरीकों से जोड़ते हैं। सुनियोजित धर्मशास्त्र सभी संदर्भ पुस्तकों में से सबसे पक्षपाती हैं। कभी भी सिर्फ एक से परामर्श न लें। हमेशा दूसरे धर्मशास्त्रीय दृष्टिकोण का उपयोग करें जो आपको पुनर्विचार करने के लिए मजबूर करें, कि आप क्या मानते हैं, आप क्यों इसे मानते हैं, और आप इसे पवित्रशास्त्र में कहाँ सिद्ध कर सकते हैं, पर करते हैं।

J. समानांतर अवतरणों का प्रयोग

जिस शब्द का आप अध्ययन कर रहें हैं यदि उसके के लिए केवल कुछ संदर्भ हैं, तो उन सभी को पढ़ें और जिसमें वे आते हैं, उस पूरे अनुच्छेद को भी पढ़ें । यदि बहुत सारे संदर्भ हैं, तो साहित्यिक इकाई के निकटतम संदर्भ और संपूर्ण पुस्तक के बड़े संदर्भ में आने वाले संदर्भों को पढ़कर फिर से संकेंद्रित वृत्तों को देखें और उसी लेखक द्वारा या उसी अवधि, साहित्यिक शैली की अन्य बाइबल की पुस्तकों, नियम, या संपूर्ण बाइबल में पढ़ने के लिए कईयों का चयन करें। सावधान रहें कि अक्सर एक ही शब्द का प्रयोग अलग-अलग संदर्भों में अलग-अलग अर्थों में किया जाता है। सुनिश्चित करें कि आपने बाइबल के पाठों को अलग-अलग रखा है। बाइबल के सभी शैलियों के पाठों को कभी भी प्रत्येक के संदर्भ को ध्यान से जाँचे बिना कभी भी मिश्रण न करें! बल्कि समानांतर सत्यों (पक्ष और विपक्ष) को खोजने की कोशिश करें । इसके कुछ उदाहरण निम्नलिखित हैं।

1. इफिसियों की पुस्तक में "स्वर्गीय स्थानों" शब्द का प्रयोग। पहले देखने पर इसका अर्थ "स्वर्ग हमारे मरने पर," प्रतीत होता है, लेकिन जब सभी पाँच प्रयोगों की तुलना की जाती है, तो इसका अर्थ है "अब हमारे साथ अस्तित्व में रहनेवाला आत्मिक क्षेत्र" (इफिसियों 1:3,20; 2:6; 3:10; 6:12)।
2. वाक्यांश "आत्मा से परिपूर्ण होना" का प्रयोग इफिसियों 5:18 में किया गया है। यह एक महान विवाद का केंद्र बिंदु रहा है। कुलुस्सियों की पुस्तक हमें एक सटीक समानांतर के साथ मदद करती है। कुलुस्सियों के समानांतर में "मसीह के वचन को आपने हृदयों में बहुतायत से बसने दो" (कुलुस्सियों 3:16)।

इस प्रकार के सार्थक समानांतरों का पता लगाने में मदद का अगला स्रोत एक अच्छी संदर्भ अध्ययन बाइबल है। सभी अच्छी बातों की तरह, अभ्यास सिद्ध बनाता है। जैसे जैसे आप इन प्रक्रियाओं का अभ्यास करगें, वे आसान हो जाएँगी। यह बात शोध साधनों के लिए भी सही है।

इस स्तर पर मैं आपके साथ एक प्रकार के शोध साधन का प्रयोग करने के लिए एक व्यावहारिक तरीका बाँटना चाहुँगा जो कि अधिकांश विश्वासी कभी भी प्रयोग नहीं करते हैं - सुनियोजित धर्मशास्त्र की पुस्तकें। इन पुस्तकों को आमतौर पर पाठ और विषय दोनों के आधार बड़े पैमाने पर अनुक्रमित किया जाता है। अपने पाठ के लिए अनुक्रमणिका की जाँच करें। पृष्ठ संख्याएँ लिख लें। ध्यान दें कि वे किस "धर्मशास्त्रीय श्रेणी" में हैं। पृष्ठ देखें और अपना पाठ ढूँढें। अनुच्छेद को पढ़ें; अगर यह सहायक और विचार-उत्तेजक है तो पृष्ठ (पूरा अनुभाग) पढ़ें।

अपने पाठ के लिए अनुक्रमणिका की जाँच करें। पृष्ठ संख्याएँ लिख लें। ध्यान दें कि वे किस "धर्मशास्त्रीय श्रेणी" में हैं। पृष्ठ देखें और अपना पाठ ढूँढें। अनुच्छेद को पढ़ें यदि यह सहायक और विचार-उत्तेजक है, तो पृष्ठ (संपूर्ण अनुभाग) पढ़ें। पता करें कि आपका संदर्भ पूरे मसीही धर्मशास्त्र में कैसे उपयुक्त बैठता है। यह इस विषय पर एकमात्र पाठ या कई पाठों में से एक हो सकता है। यह दूसरे सिद्धांत के लिए द्वंद्वात्मक विरोधाभास हो सकता है। ये पुस्तकें बड़ी तस्वीर को देखने में बहुत सहायक हो सकती है यदि उन्हें गुण-दोष की दृष्टि से और कई लेखकों, संप्रदायों, सुनियोजित धर्मशास्त्रों के साथ सामंजस्य स्थापित करते हुए प्रयोग किया जाता है! इस पाठ्यपुस्तक के उपसंहार (IX p. 105) पर बेहतर पुस्तकों की पूरी सूची मिलती है। ये पुस्तकें हल्के, भक्तिपूर्ण वाचन के लिए नहीं हैं, लेकिन ये बड़ी तस्वीर के आपके सूत्रीकरण की जाँच करने में सहायक हैं। यहाँ पर सतर्कता की सूचना दी जानी चाहिए। ये पुस्तकें बहुत व्याख्यात्मक हैं। जब भी हम अपने धर्मशास्त्र को एक संरचना में रखते हैं तो यह पक्षपातपूर्ण और पूर्वनिर्धारित हो जाता है। यह अपरिहार्य है। इसलिए, केवल एक नहीं, लेकिन कई लेखकों की सम्मति लें (यह बात टिप्पणियों के लिए भी सही है)। उन लेखकों के सुनियोजित धर्मशास्त्र पढ़ें जिनसे आप असहमत हैं या जो अन्य संप्रदायों की पृष्ठभूमि से हैं। उनके प्रमाणों को देखें और उनके तर्क पर विचार करें। संघर्ष से विकास होता है। उन्हें बाइबल से दिखाने के लिए मजबूर करें जो वे कह रहे हैं:

1. संदर्भ (निकटतम और बड़ा)
2. वाक्य रचना (व्याकरणिक संरचना)
3. व्युत्पत्ति और वर्तमान प्रयोग (शब्द अध्ययन)
4. समानांतर अवतरण (संकेंद्रित वृत्त)
5. इतिहास और संस्कृति का मूल विन्यास

परमेश्वर ने इस्राएल, यीशु और प्रेरितों, के माध्यम से बातचीत की है, और एक कम तरीके से, उसने कलीसियाओं को पवित्रशास्त्र समझने के लिए प्रकाशन देना जारी रखा है (सिल्वा 1987, 21)। विश्वास करने वाला समुदाय निरंकुश, कट्टरपंथी व्याख्याओं के खिलाफ एक रक्षक है। भूतकाल और वर्तमान के वरदान-प्राप्त पुरुषों और स्त्रियों के लेखनों को पढ़ें। उन सभी बातों पर विश्वास न करें जो वे लिखते हैं, लेकिन उन्हें अपने आत्मा-आधारित फिल्टर के माध्यम से सुनें। हम सभी ऐतिहासिक रूप से अनुकूलित हैं।

III. शोध साधनों के प्रयोग के लिए प्रस्तावित क्रम

इस पाठ्यपुस्तक में आरम्भ से अंत तक आपको अपना विश्लेषण करने के लिए प्रोत्साहित किया गया है, लेकिन एक बिंदु आता है जिसके आगे हममें से कोई भी व्यक्तिगत रूप से नहीं जा सकता है। हम सभी क्षेत्रों में विद्वान विशेषज्ञ नहीं हो सकते। हमें अपनी सहायता करने के लिए सक्षम, धर्मी, वरदान-प्राप्त शोधकर्ताओं को खोजना चाहिए। इसका तात्पर्य यह नहीं है कि हम उनकी और उनके निष्कर्षों की समीक्षा न करें। अंग्रेजी भाषा में आज इतने शोध साधन उपलब्ध हैं कि इन साधनों की बहुतायत भारी पड़ सकती है। यहाँ एक प्रस्तावित क्रम दिया गया है। जब आप स्वयं अवतरण के सभी प्रारंभिक अवलोकन कर चुके हों, तब अपनी जानकारी को निम्न के साथ पूरक करें (अपने नोट्स के लिए और प्रत्येक क्षेत्र में सहायता लेने के लिए अलग-अलग रंगीन स्याही का उपयोग करें)।

A. ऐतिहासिक पृष्ठभूमि से आरम्भ करें
   1. बाइबल प्रस्तावनाएँ
   2. बाइबल विश्वकोश, हैंडबुक, या शब्दकोशों के लेख
   3. टिप्पणियों के आरंभिक अध्याय
B. कई प्रकार की टिप्पणियों का उपयोग करें
   1. लघु टिप्पणियाँ
   2. पारिभाषिक टिप्पणियाँ
   3. धार्मिक टिप्पणियाँ
C. पूरक विशिष्ट संदर्भ सामग्री का उपयोग करें
   1. शब्द अध्ययन पुस्तकें
   2. सांस्कृतिक पृष्ठभूमि की पुस्तकें
   3. भौगोलिक रूप से उन्मुख पुस्तकें
   4. पुरातत्व की पुस्तकें
   5. पाशंसक-विद्या की पुस्तकें
D. अंत में, बड़ी तस्वीर पाने की कोशिश करें

   याद रखें कि हम धीरे-धीरे बढ़ते हुए सत्य को प्राप्त करते हैं; अपने अध्ययन में शॉर्टकट न लें - तात्कालिक परिणामों की अपेक्षा न करें - कार्यक्रम के साथ रहें। व्याख्या में तनाव और असहमति की अपेक्षा करें। याद रखें कि व्याख्या एक आत्मा की अगुवाई के कार्य के साथ-साथ एक तर्कसंगत प्रक्रिया है।

   बाइबल को विश्लेषणात्मक रूप से और शोध साधनों को गुण-दोष की दृष्टि से पढ़ें। अभ्यास सिद्ध बनाता है। अभी शुरू करें। एक दिन में कम से कम तीस मिनट की प्रतिबद्धता बनाएँ, एक शांत जगह ढूंढें और एक समय निर्धारित करें, पहले नये नियम की एक छोटी पुस्तक चुनें, कई बाइबल अनुवादों और अध्ययन बाइबलों को इकट्ठा करें, कागज़ और पेंसिल लें, प्रार्थना करें, शुरुआत करें।

नोट्स तैयार करने के लिए नमूना श्रेणियाँ

पहला सुझाव है एक लिखित कार्य पत्र या फॉर्म का प्रयोग। यह बाइबल की पुस्तक को पढ़ने के दौरान आपको कुछ प्रकार की जानकारी दर्ज़ करने में सहायता करेगा। यदि आप एक रंग की स्याही से अपने व्यक्तिगत अवलोकन नोट करते हैं, तो विभिन्न शोध साधनों से अंतर्दृष्टि के लिए अन्य रंगों का प्रयोग करें। निम्नलिखित कार्यपत्रक नमूने के रूप में है, लेकिन यह वह है जो मेरे लिए उपयोगी है। आप अपना खुद का क्रम और शीर्षकों को विकसित करने की इच्छा रख सकते हैं। निम्नलिखित कार्यपत्रक केवल सूचनाओं की श्रेणियों की एक सूची है जो व्याख्या में सहायक हो सकती है। आपको अपने कार्यपत्रक पर विषयों के बीच अधिक स्थान छोड़ने की आवश्यकता होगी। संलग्न नमूना प्रपत्र मुख्य रूप से विषयों और वाचन के चार चक्रों के साथ उनके संबंध के लिए है। इस पाठ्यपुस्तक के अंत में रोमियों की पुस्तक अध्याय 1-3 (साहित्यिक इकाई) और तीतुस की पुस्तक (पुस्तक सारांश) का एक नमूना है।

नोट्स तैयार करना

I. वाचन चक्र

A. पहला वाचन

1. पूरी पुस्तक का अतिव्यापी विषय या उद्देश्य है: (संक्षिप्त विवरण)

2. यह विषय का उदाहरण दिया गया है (एक को चुनें)
   a. पद

   b. अनुच्छेद

   c. अध्याय

3. साहित्यिक शैली का प्रकार है

B. दूसरा वाचन

1. प्रमुख साहित्यिक इकाइयाँ या विषयवस्तु विभाग हैं
   a.
   b.
   c.
   आदि।

2. प्रत्येक प्रमुख विभाग के विषय को (एक वर्णनात्मक वाक्य में) सारांशित करें और एक-दूसरे से उनके संबंध को लिख लें (कालानुक्रमिक, तर्कसंगत, धर्मशास्त्रीय, आदि)

3. उन स्थानों की सूची दें जिनसे आपने अपनी रूपरेखा की जाँच की थी।

C. तीसरा वाचन

1. ऐतिहासिक विन्यास के विषय में आंतरिक जानकारी (अध्याय और पद)
    a. पुस्तक के लेखक
        (1)
        (2)
        (3)
    b. उसके लेखन की तारीख या घटना की तारीख
        (1)
        (2)
        (3)
    c. पुस्तक के प्राप्तकर्ता
        (1)
        (2)
        (3)
    d. लेखन का अवसर

2. अनुच्छेद विभागों को जोड़कर अपनी कार्यशील विषयवस्तु की रूपरेखा भरें। विभिन्न अनुवाद सिद्धांत समूहों से अनुवाद की तुलना करें, विशेष रूप से शाब्दिक और मुहावरेदार (सक्रिय समकक्ष) से। फिर अपनी खुद की रूपरेखा लिखें।

3. एक वर्णनात्मक वाक्य में प्रत्येक अनुच्छेद को सारांशित करें।

4. प्रत्येक प्रमुख विभाग और/या अनुच्छेदों के साथ संभावित अनुप्रयोग बिंदुओं को सूचीबद्ध करें।

D. चौथा वाचन

1. महत्त्वपूर्ण समानांतर अवतरणों पर ध्यान दें (सकारात्मक और नकारात्मक दोनों)। महत्त्व के इन संकेंद्रित वृत्तों का निरीक्षण करें
    a. वही पुस्तक या साहित्यिक इकाइयाँ
    b. वही लेखक
    c. वही अवधि, विषय या साहित्यिक शैली
    d. वही नियम
    e. संपूर्ण बाइबल

2. सुनियोजित धर्मशास्त्र पुस्तकों की जाँच करें।

3. संरचना को समझने के लिए विशिष्ट सूचियों का विकास करें।
    a. प्रमुख और गौण पात्रों की सूची बनाएँ।

b. प्रमुख शब्दों की सूची बनाएँ (धर्मशास्त्रीय, आवर्तक या असामान्य शब्द)।

c. प्रमुख घटनाओं की सूची बनाएँ।

d. भौगोलिक गतिविधियों की सूची बनाएँ।

4. कठिन अवतरणों पर ध्यान दें।
   a. पाठ संबंधी समस्याएँ
      (1) अपनी अंग्रेजी बाइबल के हाशिये से

      (2) अंग्रेजी अनुवादों की तुलना करने से

   b. ऐतिहासिक समस्याएँ और विशिष्टता

   c. विशिष्टता की सैद्धान्तिक समस्याएँ

   d. वे पद जो आपको भ्रम में डालते हैं।

E. अनुप्रयोग सत्य
   1. एक पन्ने के बाईं ओर अपनी विस्तृत रूपरेखा लिखें।

   2. दाईं ओर नीचे (पेंसिल में) प्रमुख साहित्यिक इकाइयों और/या अनुच्छेदों के लिए संभावित अनुप्रयोग सत्य लिखें।

F. शोध साधनों का प्रयोग
   1. शोध साधनों को उचित क्रम में पढ़ें। "कार्य पत्रक" पर नोट्स लिखें। ढूँढें
      a. सहमति के बिंदु
      b. असहमति के बिंदु
      c. नए विचार या अनुप्रयोग
      d. कठिन अवतरणों पर संभव व्याख्याओं को दर्ज़ करें

   2. शोध साधनों से अंतर्दृष्टि का विश्लेषण करें और अनुप्रयोग बिंदुओं के साथ एक अंतिम विस्तृत रूपरेखा विकसित करें। इस मूल रूपरेखा से आपको मूल लेखक की संरचना और उद्देश्य को समझने में मदद मिलनी चाहिए।
      a. गौण विषयों को प्रमुख न बनाएँ।
      b. संदर्भ न भूलें।
      c. मूल लेखक के अभिप्राय से अधिक, या उससे कम पाठ में न पढ़ें।

d. अनुप्रयोग बिंदु तीन स्तरों पर किए जाने चाहिए:
   (1) पूरी पुस्तक का विषय- पहला वाचन
   (2) प्रमुख साहित्यिक इकाइयाँ- दूसरा वाचन
   (3) अनुच्छेद - तीसरा वाचन
e. अंतिम चरण के रूप में समानांतर अवतरण को आपकी व्याख्या की पुष्टि करने और उसे स्पष्ट करने दें। इससे बाइबल खुद को व्याख्यायित कर सकती है। हालाँकि, इसे अंत में करने से हम बाइबल की अपनी समग्र व्यवस्थित समझ को कठिन अवतरण को मौन, अनदेखा, या तोड़ने-मरोड़ने से बचा पाते हैं।

G. धर्मशास्त्रीय अंतर्दृष्टि

1. यह जानने के लिए सुनियोजित धर्मशास्त्र पुस्तकों का प्रयोग करें कि आपका पाठ बाइबल की प्रमुख सच्चाइयों से कैसे संबंधित है।

2. अपने शब्दों में अपने अवतरण के प्रमुख सत्य (सत्यों) का वर्णन करें। आपका उपदेश या शिक्षण पाठ इस सत्य को प्रतिबिंबित करना चाहिए!

II. टीका-संबंधी प्रक्रियाएँ

A. पाठ (अंग्रेजी में कम से कम एक अनुच्छेद)

1. मूल पाठ को स्थापित करें (किसी भी पांडुलिपि पाठभेद को देखें)

2. अनुवाद विकल्प
   a. शब्दश:(केजेवी, एएसवी, एनएएसबी, आरएसवी, एनआरएसवी)
   b. सक्रिय समतुल्य (एनआईवी, एनईबी, यरुशलम बाइबल, विलियम्स, टीईवी)
   c. अन्य प्राचीन अनुवाद (LXX, वालगेट, पेशिटा, आदि)
   d. इस स्तर पर कोई संक्षिप्त व्याख्या अनुवाद (यानी, टिप्पणियाँ) नहीं

3. अनुवादों में किसी भी महत्त्वपूर्ण प्रभावित करनेवाले कारकों की जाँच करें और क्यों
   a. यूनानी पांडुलिपि समस्या (एँ)
   b. कठिन शब्द (शब्दों)
   c. अद्वितीय संरचना (एँ)
   d. धर्मशास्त्रीय सत्य (ओं)

B. जाँच करने के लिए टीका-संबंधी वस्तुएँ

1. निकटतम संदर्भ इकाई पर ध्यान दें (साहित्यिक इकाई से आपका अनुच्छेद कैसे संबंधित है और यह आसपास के अनुच्छेदों से कैसे संबंधित है)

2. संभव संरचनात्मक तत्वों को लिख लें
    a. समानांतर संरचनाएँ
    b. उद्धरण/उल्लेख
    c. अलंगकार
    d. चित्रण
    e. काव्य/भजन/गीत

3. व्याकरणिक तत्वों को लिख लें (वाक्य रचना)
    a. क्रियाएँ या क्रियापद से बना हुआ (काल, वाच्य, भाव, वचन, लिंग)
    b. विशेष संरचना (प्रतिबंधात्मक वाक्य, निषेध आदि)
    c. शब्द या खंड क्रम

4. प्रमुख शब्द लिख लें
    a. पूर्ण शब्दार्थ क्षेत्र दें
    b. कौन सा अर्थ संदर्भ में सबसे उचित बैठता है
    c. नियत धर्मशास्त्रीय परिभाषाओं से सावधान रहें

5. शब्दों, विषयों या उद्धरणों के महत्त्वपूर्ण बाइबल समानांतरों को लिख लें
    a. समान संदर्भ
    b. समान पुस्तक
    c. समान लेखक
    d. समान शैली
    e. समान अवधि
    f. संपूर्ण बाइबल

C. ऐतिहासिक सारांश
1. लेखन का विशिष्ट अवसर सत्य कथनों को कैसे प्रभावित करता है।

2. सांस्कृतिक परिवेश सत्य कथनों को कैसे प्रभावित करता है।

3. प्राप्तकर्ता सत्य कथनों को कैसे प्रभावित करते हैं।

D. धर्मशास्त्रीय सारांश
1. धर्मशास्त्रीय सत्य
    a. लेखक के धर्मशास्त्रीय दावे को स्पष्ट रूप से बताएँ:
        (1) विशेष शब्दावली
        (2) महत्त्वपूर्ण खंड या वाक्यांश
        (3) वाक्य (यों) या अनुच्छेद (दों) का केंद्रीय सत्य

b. यह साहित्यिक इकाई के विषय या सत्य से कैसे संबंधित है?

c. यह पूरी पुस्तक के विषय या सत्य से कैसे संबंधित है?

d. यह पवित्रशास्त्र में प्रकट किए गए विषय या सत्य से कैसे संबंधित है?

2. रुचि के विशेष बिंदु

3. व्यक्तिगत अंतर्दृष्टि

4. टिप्पणियों से अंतर्दृष्टि

E. अनुप्रयोग सत्य

1. साहित्यिक इकाई न अनुप्रयोग सत्य

2. अनुच्छेद स्तर का (के) अनुप्रयोग सत्य

3. पाठ के भीतर धर्मशास्त्रीय तत्वों के अनुप्रयोग सत्य

III. नये नियम के एक शैक्षणिक शब्द अध्ययन के लिए मूल प्रक्रियाएँ

A. मूल अर्थ और अर्थ क्षेत्र को स्थापित करें
A Greek-English Lexicon by Bauer, Arndt, Gingrich, Danker का उपयोग करें

B. समकालीन प्रयोग (कोइन यूनानी) को स्थापित करें

1. *The Vocabulary of the Greek Testament* by Moulton, Milligan for Egyptian papyri का उपयोग करें
2. Septuagint and Redpath's Concordance of the LXX for Palestinian Judaism का उपयोग करें

C. अर्थ-संबंधी कार्यक्षेत्र स्थापित करें
Greek-English Lexicon of the New Testament by Louw, Nida or *Expoistory Dictionary of New Testament Words* by Vine का उपयोग करें

D. इब्रानी पृष्ठभूमि स्थापित करें
Strong's Concordance with its numbers linked to the *Hebrew and English Lexicon of the Old Testament* by Brown, Driver, Briggs; *New International Dictionary of Old Testament Theology and Exegesis*, edited by Van Gemneren (5 vols.) or *Synonyms of the Old Testament* by Girdlestone का उपयोग करें

E. संदर्भ में शब्द के व्याकरणिक रूप को स्थापित करें ।
Interlinear Greek-English New Testament and an analytical lexicon or *Analytical Greek New Testament* by Timothy and Barbara Friberg का उपयोग करें

F. शैली, लेखकों, विषय, आदि द्वारा उपयोग की आवृत्ति को जाँचें।
एक शब्दानुक्रमणिका का उपयोग करें

G. अपने अध्ययन की जाँच करें
– एक बाइबल विश्वकोश – *Zondervan's Pictorial Bible Encyclopedia* (5 vols) or *The International Bible Encyclopedia* (5 vols) का उपयोग करें

– एक बाइबल शब्दकोश – *Anchor Bible Dictionary* or *Interpreter's Bible Dictionary* का उपयोग करें

– एक धर्मशास्त्रीय शब्द पुस्तक – *The New International Dictionary of New Testament Theology* (3 vols) edited by Colin Brown, या *Theological Dictionary of the New Testament* (abridged) by Bromiley का उपयोग करें

– एक सुनियोजित धर्मशास्त्रीय पुस्तक – *Systematic Theology* by Berkhof; *A Theology of the New Testament* by Ladd; *New Testament Theology* by Stagg; या अन्य कईयों का उपयोग करें

H. महत्त्वपूर्ण व्याख्या निष्कर्ष का सारांश लिखें।

IV. हेर्मेनेयुटिकल सिद्धांतों का एक संक्षिप्त सारांश

A. हमेशा पहले प्रार्थना करें। आत्मा जरूरी है। परमेश्वर चाहता है कि आप समझें।

B. मूल पाठ को स्थापित करें
1. यूनानी पांडुलिपि पाठभेद के लिए अपने अध्ययन बाइबल के हाशिये में नोट्स की जाँच करें।
2. विवादित पाठ पर एक सिद्धांत की रचना न करें, एक स्पष्ट समानांतर अवतरण की तलाश करें।

C. पाठ को समझना
1. पूरा संदर्भ पढ़ें (साहित्यिक संदर्भ महत्त्वपूर्ण है)। साहित्यिक इकाई का निर्धारण करने के लिए एक अध्ययन बाइबल या टिप्पणी में रूपरेखा की जाँच करें।
2. कभी भी एक अनुच्छेद से कम की व्याख्या करने की कोशिश न करें। साहित्यिक इकाई में अनुच्छेद के मुख्य सत्यों की रूपरेखा बनाने का प्रयास करें। इस तरह हम मूल लेखक के विचारों और उनके विकास को समझ सकते हैं।
3. कई ऐसे अनुवादों में जो विभिन्न अनुवाद सिद्धांतों का उपयोग करते हैं, अनुच्छेद को पढ़ें।

4. पहले स्वयं पाठ का अध्ययन करने के बाद ही अच्छी टिप्पणियों और अन्य बाइबल अध्ययन साधनों की सहायता लें (याद रखें बाइबल, आत्मा, और आप बाइबल की व्याख्या में प्राथमिकता हैं)।

D. शब्दों को समझना
   1. नये नियम के लेखक कोइन (बोलचाल) यूनानी में लिखनेवाले, इब्रानी विचारक थे।
   2. हमें आधुनिक अंग्रेजी परिभाषाओं को नहीं, बल्कि समकालीन अर्थ और लक्ष्यार्थों को खोजना होगा (सेप्टुआजिंट और मिस्र के पपीरस देखें) ।
   3. शब्दों का अर्थ केवल वाक्यों में होता है। वाक्य का अर्थ केवल अनुच्छेदों में होता है। अनुच्छेदों का अर्थ केवल साहित्यिक इकाइयों में होता है। शब्दार्थ क्षेत्र (यानी, शब्दों के विभिन्न अर्थ) की जाँच करें।

E. समानांतर अवतरणों का प्रयोग करें
   1. बाइबल बाइबल की सबसे अच्छी व्याख्याकार है। इसका केवल एक लेखक है, पवित्र आत्मा।
   2. अपने अनुच्छेद की सच्चाई पर स्पष्ट शिक्षण पाठ देखें (संदर्भ बाइबल या शब्दानुक्रमणिका)।
   3. विरोधाभासी सत्य खोजें (पूर्वी साहित्य के तनाव से भरे जोड़े)।

F. अनुप्रयोग
   1. आप अपने दिन पर बाइबल को तब तक लागू नहीं कर सकते जब तक आप यह नहीं समझते कि प्रेरित लेखक अपने दिन में क्या कह रहा था (ऐतिहासिक संदर्भ महत्त्वपूर्ण है) ।
   2. व्यक्तिगत पूर्वाग्रहों, धर्मशास्त्रीय प्रणालियों या कार्यसूची से सावधान रहें। बाइबल को स्वयं के लिए बोलने दें!
   3. हर पद पर सिद्धांत बनाने से बचे रहें। सभी पाठों की सार्वभौमिक प्रासंगिकता नहीं है। सभी पाठ आधुनिक व्यक्तियों पर लागू नहीं होते हैं।
   4. नये सत्य या अंतर्दृष्टि का तुरंत प्रत्युत्तर दें। बाइबल के ज्ञान का उद्देश्य है प्रतिदिन मसीह समानता और राज्य सेवा उत्पन्न करना।

श्रेणी के आधार पर प्रस्तावित शोध साधनों की एक चयनित सूची

I. बाइबल

A. अनुवाद करने की प्रक्रिया को समझना।

1. J. Beekman and J. Callow, *Translating the Word of God*
2. Eugene Nida, *God's Word in Man's Language* (William Carey, N.D.)
3. Sakae Kubo and Walter Specht, *So Many Versions* (Zondervan, 1983)
4. F. F. Bruce, *The Book and the Parchments* (Revell, 1963)

B. अंग्रेज़ी बाइबल का इतिहास

1. F. F. Bruce *The English Bible: A History of Translations From the Earliest Versions to the New English Bible* (Oxford, 1970)
2. Ira Maurice Price, *The Ancestry of Our English Bible* (Harper, 1956)

II. शोध कैसे करें

A. Walter J. Clark, *How To Use New Testament Greek Study Aids* (Loizeaux Brothers, 1983)

B. F.W. Danker, *Multipurpose Tools for Bible Study* (Concordia, 1970)

C. R.T. France, *A Bibliographic Guide to New Testament Research* (JSOT Press, 1979)

D. D. W. Scholer, *A Basic Bibliographic Guide for New Testament Exegesis* (Eerdmans, 1973)

III. हेर्मेनेयुटिक्स

A. James Braga, *How to Study the Bible* (Multnomah, 1982)

B. Gordon Fee and Douglas Stuart, *How to Read the Bible for All Its Worth* (Zondervan, 1982)

C. Richard Mayhue, *How to Interpret the Bible for Yourself* (Moody, 1986)

D. J. Robertson McQuilkin, *Understanding and Applying the Bible* (Moody, 1983)

E. A. Berkeley Mickelsen, *Interpreting the Bible* (Eerdmans, 1963)

F. John MacArthur, Jr., *Rediscovering Expository Preaching* (Word, 1992)

G. Bruce Corley, Steve Lemke, and Grant Lovejoy, *Biblical Hermeneutics* (Broadman & Holman, 1996)

H. Robert Stein, *A Basic Guide to Interpreting the Bible*

IV. बाइबल की पुस्तकों की मूल प्रस्तावनाएँ

A. पुराना नियम

1. R. K. Harrison, *Introduction to the Old Testament* (Eerdmans, 1969)
2. William Sanford LaSor, David Allen Hubbard and Frederic Wm. Bush, *Old Testament Survey* (Eerdmans, 1982)
3. Edward J. Young, *An Introduction to the Old Testament* (Eerdmans, 1949)
4. T. Arnold and Bryan E. Beyer, *Encountering the Old Testament* (Baker, 1998)
5. Peter C. Craigie, *The Old Testament: Its Background, Growth and Context* (Abingdon, 1990)

B. नया नियम

1. Donald Guthrie, *New Testament Introduction* (IVP, 1970)
2. Bruce M. Metzger, *The New Testament: Its Background, Growth and Content* (Abingdon, 1965)
3. D. A. Carson, Douglas J. Moo, and Leon Morris, *An Introduction to the New Testament* (Zondervan 1992)
4. Walter A. Elwell and Robert W. Yarbrough, *Encountering the New Testament* (Baker 1998)
5. Robert H. Gundry, *A Survey of the New Testament* (Zondervan, 1994)

V. बाइबल विश्वकोश और शब्दकोश (बहुखण्डीय)

A. M. Tenney, ed., *The Zondervan Pictorial Bible Encyclopedia*, 5 vols. (Zondervan, 1976)

B. G. A. Buttrick, ed., *The Interpreter's Dictionary of the Bible and Supplement*, 5 vols. (Abingdon, 1962-1977)

C. Geoffrey W. Bromiley, ed., *The International Standard Bible Encyclopedia*, 5 vols., rev. ed. (Eerdmans, 1979-1987)

D. Joel B. Green, Scot McKnight and J. Howard Marshall editors, *Dictionary of Jesus and the Gospels* (IVP, 1992)

E. Gerald F. Hawthorne, Ralph P. Martin and Daniel G. Reid editors, *Dictionary of Paul and His Letters* (IVP, 1993)

F. David Noel Freedman, ed., *The Anchor Bible Dictionary*, 6 vols. (Doubleday, 1992)

VI. टिप्पणी संग्रह

A. पुराना नियम

1. D. J. Wiseman, ed., *The Tyndale Old Testament Commentaries* (InterVarsity, 1970)
2. *A Study Guide Commentary Series* (Zondervan, 1977)
3. R. K. Harrison, ed., *The New International Commentary* (Eerdmans, 1976)
4. Frank E. Gaebelein, ed., *The Expositor's Bible Commentary* (Zondervan, 1958)
5. Bob Utley, www.freebiblecommentary.org

B. नया नियम

1. R. V. G. Tasker, ed., *The Tyndale New Testament Commentaries* (Eerdmans, 1959)
2. *A Study Guide Commentary Series* (Zondervan, 1977)
3. Frank E. Gaebelein, *The Expositor's Bible Commentary* (Zondervan, 1958)
4. *The New International Commentary* (Eerdmans, 1976)
5. Bob Utley, www.freebiblecommentary.org

VII. शब्द अध्ययन

A. पुराना नियम

1. Robert B. Girdlestone, *Synonyms of the Old Testament* (Eerdmans, 1897)
2. Aaron Pick, *Dictionary of Old Testament Words* (Kregel, 1977)
3. R. Laird Harris, Gleason L. Archer, Jr. and Bruce K. Waltke, *Theological Wordbook of the Old Testament* (Moody, 1980)
4. William A. Van Gemeren, editor, *Dictionary of Old Testament Theology and Exegesis,* 5 vols. (Zondervan, 1997)

B. नया नियम

1. A. T. Robertson, *Word Pictures in the New Testament* (Broadman, 1930)
2. M. R. Vincent, *Word Studies in the New Testament* (MacDonald, 1888)
3. W. E. Vine, *Vine's Expository Dictionary of New Testament Words* (Revell, 1968)
4. William Barclay, *A New Testament Wordbook*, (SCM, 1955)
5. _____, *More New Testament Words* (Harper, 1958)
6. C. Brown, et. al., *The New Dictionary of New Testament Theology*, 5 vols. (Zondervan, 1975-1979)

C. धर्मशास्त्रीय

1. Alan Richardson, ed., *A Theological Word Book of the Bible* (MacMillan, 1950)
2. Everett F. Harrison, ed., *Baker's Dictionary of Theology* (Baker, 1975)

VIII. सांस्कृतिक विन्यास

A. रीति-रिवाज

1. Adolf Deissman, *Light From the Ancient East* (Baker, 1978)
2. Roland de Vaux, *Ancient Israel*, 2 vols. (McGraw-Hill, 1961)
3. James M. Freeman, *Manners and Customs of the Bible* (Logos, 1972)
4. Fred H. Wright, *Manners and Customs of Bible Lands* (Moody, 1953)
5. Jack Finegan, *Light From the Ancient Past*, 2 vols. (Princeton University Press, 1974)
6. Victor H. Matthews, *Manners and Customs in the Bible* (Hendrickson, 1988)

B. इतिहास

1. John Bright, *A History of Israel* (Westminster, 1981)
2. D. J. Wiseman, ed., *Peoples of Old Testament Times* (Oxford, 1973)
3. P. R. Ackroyd and C. F. Evans, ed., *The Cambridge History of the Bible*, vol. 1 (Cambridge, 1970)

C. नया नियम

1. Adolf Deissmann, *Light From the Ancient East* (Baker, 1978)
2. F. F. Bruce, *New Testament History* (Doubleday, 1969)
3. Edwin M. Yamauchi, *Harper's World of the New Testament* (Harper and Row, 1981)
4. Alfred Edersheim, *The Life and Times of Jesus the Messiah* (Eerdmans, 1971)
5. A. N. Sherwin-White, *Roman Society and Roman Law in the New Testament* (Oxford, 1963)
6. J. W. Shepard, *The Christ of the Gospels* (Eerdmans, 1939)

D. पुरातत्व

1. Jack Finegan, *Light From the Ancient Past,* 2 vols. (Princeton University Press, 1946)
2. H. T. Vos, *Archaeology of Bible Lands* (Moody, 1977)
3. Edwin M. Yamauchi, *The Stones and the Scriptures* (Holman, 1972)
4. K. A. Kitchen, *Ancient Orient and the Old Testament* (InterVarsity Press, 1966)
5. John H. Walton, *Ancient Israelite Literature in Its Cultural Context* (Zondervan, 1989)

E. भूगोल

1. C. F. Pfeiffer and H. F. Vos, *The Wycliffe Historical Geography of Bible Lands* (Moody, 1967)
2. Barry J. Beitzel, *The Moody Atlas of Bible Lands* (Moody, 1985)
3. Thomas V. Brisco ed., *Holman Bible Atlas* (Broadman and Holman, 1998)

IX. धर्मशास्त्र

A. पुराना नियम

1. A. B. Davidson, *The Theology of the Old Testament* (Clark, 1904)
2. Edmond Jacob, *Theology of the Old Testament* (Harper & Row, 1958)
3. Walter C. Kaiser, *Toward an Old Testament Theology* (Zondervan, 1978)
4. Paul R. House, *Old Testament Theology* (IVP, 1998)

B. नया नियम

1. Donald Guthrie, *New Testament Theology* (InterVarsity, 1981)
2. George Eldon Ladd, *A Theology of the New Testament* (Eerdmans, 1974)
3. Frank Stagg, *New Testament Theology* (Broadman, 1962)
4. Donald G. Bloesch, *Essentials of Evangelical Theology*, vol. 2 (Harper & Row, 1978)

C. संपूर्ण बाइबल

1. Geerhardus Vos, *Biblical Theology* (Eerdmans, 1948)
2. L. Berkhof, *Systematic Theology* (Eerdmans, 1939)
3. H. Orton Wiley, *Christian Theology* (Beacon Hill Press, 1940)
4. Millard J. Erickson, *Christian Theology*, 2nd ed. (Baker, 1998)

D. सिद्धांत - ऐतिहासिक रूप से विकसित

1. L. Berkhof, *The History of Christian Doctrines* (Baker, 1975)
2. Justo L. Gonzales, *A History of Christian Thought*, vol. 1 (Abingdon, 1970)

X. पाशंसक-विद्या

A. Norman Geisler, *Christian Apologetics* (Baker, 1976)

B. Bernard Ramm, *Varieties of Christian Apologetics* (Baker, 1962)

C. J. B. Phillips, *Your God Is Too Small* (MacMillan, 1953)

D. C. S. Lewis, *Mere Christianity* (MacMillan, 1978)

E. Colin Brown, ed., *History, Criticism and Faith* (InterVarsity, 1976)

F. F. F. Bruce, *Answers to Questions* (Zondervan, 1972)

G. Walter C. Kaiser Jr., Peter H. Davids, F. F. Bruce and Manfred T. Brauch, *Hard Sayings of the Bible* (IVP, 1996)

XI. बाइबल की कठिनाइयाँ

A. F. F. Bruce, *Questions and Answers*

B. Gleason L. Archer, *Encyclopedia of Bible Difficulties* (Zondervan, 1982)

C. Norman Geisler and Thomas Howe, *When Critics Ask* (Victor, 1992)

D. Walter C., Kaiser, Jr., Peter H. Davids, F. F. Bruce and Manfred F. Baruch, *Hard Sayings of the Bible* (IVP, 1996) and *More Hard Sayings of the Bible*

XII. पाठ्य समीक्षा

A. Bruce M. Metzger, *The Text of the New Testament, Its Transmission, Corruption and Restoration* (Oxford, 1964)

B. J. Harold Greenlee, *Introduction to New Testament Textual Criticism* (Eerdmans, 1964)

C. Bruce M. Metzger, *A Textual Commentary on the Greek New Testament*, (United Bible Societies.)

XIII. शब्द-संग्रह

A. पुराना नियम (इब्रानी)

1. Francis Brown, S. R. Driver, and Charles A. Briggs, *Hebrew and English Lexicon*, (Clarendon Press, 1951)
2. Bruce Einspahr, *Index to Brown, Driver and Briggs Hebrew Lexicon*
3. Benjamin Davidson, *Analytical Hebrew and Chaldee Lexicon* (MacDonald)
4. Ludwig Koehler and Walter Baumgartner, *The Hebrew and Aramaic Lexicon of the Old Testament*, 2 vols.

B. नया नियम (यूनानी)

1. Walter Bauer, William F. Arndt, F. Wilbur Gingrich and Frederick W. Danker, *A Greek-English Lexicon* (University of Chicago Press, 1979)

2. Johannes P. Louw and Eugene A. Nida, eds., *Greek-English Lexicon*, 2 vols. (United Bible Societies, 1989)

3. James Hope Moulton and George Milligan, *The Vocabulary of the Greek Testament* (Eerdmans, 1974)

4. William D. Mounce, *The Analytical Lexicon to the Greek New Testament* (Zondervan, 1993)

XIV. प्रिंट आउट, प्रयुक्त और रियायती पुस्तकों को खरीदने के लिए उपलब्ध वेब साइट्स

A. www.Christianbooks.com
B. www.Half.com
C. www.Overstock.com
D. www.Alibris.com
E. www.Amazon.com
F. www.BakerBooksRetain.com
G. www.ChristianUsedBooks.net

अच्छे बाइबल वाचन के लिए एक मार्गदर्शक:
प्रमाणयोग्य सत्य के लिए एक व्यक्तिगत खोज

क्या हम सत्य को जान सकते हैं? यह कहाँ पाया जाता है? क्या हम तर्क-संगत रूप से इसे सत्यापित कर सकते हैं? क्या कोई सर्वोच्च अधिकार है? क्या ऐसे पूर्ण हैं जो हमारे जीवन, हमारी दुनिया का मार्गदर्शन कर सकते हैं? क्या जीवन का कोई अर्थ है? हम यहाँ क्यों हैं? हम कहाँ जा रहे है? ये प्रश्न -प्रश्न, जिन पर सभी तर्कसंगत लोग चिंतन करते हैं – समय के आरम्भ से ही मानव बुद्धि को परेशान करते रहें हैं (सभोपदेशक 1:13-18; 3:9-11)। मुझे अपने जीवन के लिए एक एकीकृत केंद्र के लिए अपनी व्यक्तिगत खोज याद है। मैं कम उम्र में मसीह में विश्वास करने वाला बन गया, मुख्य रूप से मेरे परिवार के अन्य महत्त्वपूर्ण लोगों की गवाहियों के आधार पर। जैसे-जैसे मैं वयस्कता की ओर बढ़ा, मेरे और मेरी दुनिया के बारे में प्रश्न भी बढ़ते गए। सरल सांस्कृतिक और धार्मिक रूढ़ोक्तियों से उन अनुभवों को, जिन्हें मैंने पढ़ा या सामना किया, कोई अर्थ नहीं मिला । यह असंवेदनशील, कठिन दुनिया, जिसमें मैं रहता था, के सामने असमंजस, खोज, लालसा और अक्सर निराशा की भावना थी ।

कई लोगों ने उनके पास इन परम् प्रश्नों के उत्तर होने का दावा किया , लेकिन शोध और आत्मचिंतन के बाद मैंने पाया कि उनके उत्तर (1) व्यक्तिगत दर्शन, (2) प्राचीन कल्पित कथाओं, (3) व्यक्तिगत अनुभवों या (4) मनोवैज्ञानिक कल्पनाओं पर आधारित थे। मुझे कुछ हद तक सत्यापन, कुछ प्रमाण, कुछ तर्कसंगतता की आवश्यकता थी, जिन पर मैं मेरे विश्व-दृष्टिकोण, मेरे एकीकृत केंद्र, मेरे जीने के कारण का आधार रख सकूँ।

मैंने अपने बाइबल के अध्ययन में इन्हें पाया। मैंने इसकी विश्वनीयता के प्रमाण खोजना शुरू किया, जो मुझे (1) पुरातत्व की पुष्टि के अनुसार बाइबल की ऐतिहासिक विश्वसनीयता, (2) पुराने नियम की भविष्यवाणियों की सटीकता, (3) बाइबल बाइबल के उत्पादन के सोलह सौ वर्षों में उसके संदेश की एकता, और (4) ऐसे लोगों की व्यक्तिगत गवाही, जिनके जीवन बाइबल के साथ संपर्क में आने से स्थायी रूप से बदल गए थे। मसीहत, विश्वास और आस्था की एक एकीकृत प्रणाली के रूप में, मानव जीवन के जटिल प्रश्नों से निपटने की क्षमता रखती है। इसने न केवल एक तर्कसंगत ढाँचा प्रदान किया, बल्कि बाइबल के विश्वास के अनुभवात्मक पहलू ने मुझे भावनात्मक आनंद और स्थिरता प्रदान की।

मैंने सोचा कि मुझे अपने जीवन के लिए एकीकरण केंद्र – मसीह मिल गया है, जैसा कि पवित्रशास्त्र के माध्यम से। यह एक मादक अनुभव था, एक भावनात्मक अभिव्यक्ति। हालाँकि, मुझे अभी भी वह आघात और पीड़ा याद है, जब यह मुझ पर प्रकट होने लगा था कि इस पुस्तक की कितनी अलग-अलग व्याख्याओं की वकालत की गई थी, कभी-कभी एक ही कलीसिया और विचारधारा के अंतर्गत भी। बाइबल की प्रेरणा और विश्वासयोग्यता की पुष्टि अंत नहीं, बल्कि केवल आरम्भ थी। मैं उन लोगों द्वारा पवित्रशास्त्र में कई कठिन अवतरणों की विविध और परस्पर विरोधी व्याख्याओं को कैसे सत्यापित या अस्वीकार कर सकता हूँ, जो इसके अधिकार और विश्वसनीयता का दावा कर रहे थे?

यह कार्य मेरे जीवन का लक्ष्य और विश्वास का तीर्थ बन गया। मुझे पता था कि मसीह में मेरी आस्था ने (1) मुझे बहुत शांति और आनन्द दिया। मेरा मन अपनी संस्कृति (आधुनिकता के पश्चात) के सापेक्षता के बीच कुछ निरपेक्षता के लिए तरस रहा था; (2) परस्पर विरोधी धार्मिक व्यवस्था (विश्व धर्म) की हठधर्मिता; और (3) साम्प्रदायिक अहंकार। प्राचीन साहित्य की व्याख्या के लिए मान्य दृष्टिकोण के लिए मेरी खोज में, मुझे अपने स्वयं के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, साम्प्रदायिक और अनुभवात्मक पूर्वाग्रहों को खोज निकालने पर आश्चर्य हुआ। मैंने अक्सर बाइबल को अपने विचारों को पुष्ट करने के लिए पढ़ा। मैंने अपनी खुद की असुरक्षाओं और अपर्याप्तताओं की पुष्टि करते हुए दूसरों पर हमला करने के लिए रूढ़ि के स्रोत के रूप में इसका प्रयोग किया। मुझे यह एहसास कितना पीड़ादायक था!

हालाँकि मैं कभी भी पूरी तरह से वस्तुनिष्ठ नहीं हो सकता, मैं बाइबल का एक बेहतर पाठक बन सकता हूँ। मैं अपने पूर्वाग्रहों को पहचान कर और उनकी उपस्थिति को स्वीकार करके सीमित कर सकता हूँ। मैं अभी तक उनसे मुक्त नहीं हूँ, लेकिन मैंने स्वयं अपनी कमजोरियों का सामना किया है। व्याख्याकार अक्सर अच्छे बाइबल वाचन का सबसे बड़ा दुश्मन होता है!

मैं बाइबल के मेरे अध्ययन में लाई गईं कुछ पूर्वधारणाओं को सूचीबद्ध करता हूँ ताकि आप, पाठक, मेरे साथ उनकी जाँच कर सकें:

I. पूर्वधारणाएँ

A. मेरा मानना है कि बाइबल एकमात्र सच्चे परमेश्वर का प्रेरित आत्म-प्रकाशन है। इसलिए, एक विशिष्ट ऐतिहासिक विन्यास में एक मानव लेखक के माध्यम से मूल दिव्य लेखक (आत्मा) के अभिप्राय के प्रकाश में इसकी व्याख्या की जानी चाहिए।

B. मेरा मानना है कि बाइबल आम व्यक्ति के लिए लिखी गई थी - सभी लोगों के लिए! परमेश्वर ने हम से स्पष्ट रूप से बात करने के लिए स्वयं को एक ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संदर्भ में समायोजित किया। परमेश्वर सत्य को नहीं छिपाता है - वह चाहता है कि हम समझें! इसलिए, इसकी व्याख्या हमारे नहीं, हमारे दिन के प्रकाश में होनी चाहिए। हमारे लिए बाइबल का वह अर्थ नहीं होना चाहिए जो अर्थ उन लोगों के लिए कभी नहीं था जिन्होंने इसे पहले पढ़ा या सुना है। यह औसत मानव मस्तिष्क द्वारा समझा जा सकता है और सामान्य मानव संचार रूपों और तकनीकों का उपयोग करता है।

C. मेरा मानना है कि बाइबल का एक एकीकृत संदेश और उद्देश्य है। यह स्वयं का खण्डन नहीं करती है, हालाँकि इसमें कठिन और विरोधाभासी अवतरण शामिल हैं। इस प्रकार, बाइबल का सबसे अच्छा व्याख्याकार बाइबल ही है।

D. मेरा मानना है कि हर अवतरण (भविष्यवाणियों को छोड़कर) का मूल, प्रेरित लेखक के अभिप्राय के आधार पर एक और केवल एक अर्थ होता है। यद्यपि हम कभी भी पूरी तरह से निश्चित नहीं हो सकते हैं कि हम मूल लेखक के अभिप्राय को जानते हैं, कई संकेतक इसकी दिशा में इंगित करते हैं:
    1. संदेश को व्यक्त करने के लिए चुनी गई शैली (साहित्यिक प्रकार)
    2. ऐतिहासिक विन्यास और/या विशिष्ट अवसर जो लेखन का कारण बना।
    3. संपूर्ण पुस्तक के साथ-साथ प्रत्येक साहित्यिक इकाई का साहित्यिक संदर्भ
    4. साहित्यिक इकाइयों का पाठीय प्रारूप (रूपरेखा) जिस प्रकार से वे पूरे संदेश से संबंधित हैं।
    5. संदेश को संप्रेषित करने के लिए नियोजित विशिष्ट व्याकरणिक विशेषताएँ
    6. संदेश प्रस्तुत करने के लिए चुने गए शब्द
    7. समानांतर अवतरण

इन क्षेत्रों में से प्रत्येक का अध्ययन हमारे अवतरण के अध्ययन का उद्देश्य बन जाता है। इससे पहले कि मैं अच्छी बाइबल पढ़ने के लिए अपनी कार्यप्रणाली की व्याख्या करूँ, मुझे कुछ ऐसे अनुचित तरीकों की रूपरेखा बनाने दें, जिनसे व्याख्या में इतनी विविधता पैदा हो गई है, और इसके परिणामस्वरूप बचा जाना चाहिए:

II. अनुचित तरीके

A. बाइबल की पुस्तकों के साहित्यिक संदर्भ को नजरअंदाज करना और लेखक के अभिप्राय या बड़े संदर्भ से संबंधित सत्य के बयान के रूप में हर वाक्य, खंड, या यहाँ तक कि व्यक्तिगत शब्दों का प्रयोग करना। इसे अक्सर "प्रूफ-टेक्सटिंग" कहा जाता है।

B. पुस्तकों के ऐतिहासिक विन्यास को अनदेखा करके ऐसे कथित ऐतिहासिक विन्यास से प्रतिस्थापित करना, जिसका स्वयं पाठ से बहुत कम या कोई समर्थन प्राप्त नहीं है।

C. पुस्तकों के ऐतिहासिक विन्यास को अनदेखा करके और सुबह के गृहनगर समाचार पत्र के रूप में, जो मुख्य से आधुनिक व्यक्तिगत मसीहियों को लिखा गया है, इसे पढ़ना ।

D. पाठ का अन्योक्ति के रूप में वर्णन करके एक दार्शनिक/धर्मशास्त्रीय संदेश में बदलना जो सबसे पहले श्रोताओं और मूल लेखक के अभिप्राय से पूर्ण रूप से असंबंधित है, पुस्तकों के ऐतिहासिक विन्यास को अनदेखा करना।

E. मूल लेखक के उद्देश्य और घोषित संदेश से असंबंधित अपनी स्वयं की धर्मशास्त्र प्रणाली, मनपसंद सिद्धांत, या समकालीन मुद्दे की अपनी प्रणाली को प्रतिस्थापित करके मूल संदेश को अनदेखा करना। यह प्रायः बाइबल के प्रारंभिक पठन को एक वक्ता के अधिकार को स्थापित करने के साधन के रूप में अनुसरण करता है। इसे अक्सर "पाठक प्रतिक्रिया" ("पाठ-का-मेरे-लिए-क्या-अर्थ-है" व्याख्या) के रूप में संदर्भित किया जाता है।

सभी लिखित मानव संचारण में कम से कम तीन संबंधित घटक पाए जा सकते हैं:



भूतकाल में, विभिन्न वाचन तकनीकों के द्वारा तीन घटकों में से एक पर ध्यान केंद्रित किया है। लेकिन बाइबल की अनोखी प्रेरणा की सच में पुष्टि करने के लिए, एक संशोधित आरेख अधिक उपयुक्त है:



सच में सभी तीन घटकों को व्याख्यात्मक प्रक्रिया में शामिल किया जाना चाहिए। सत्यापन के उद्देश्य के लिए, मेरी व्याख्या पहले दो घटकों पर केंद्रित है: मूल लेखक और पाठ। मैं संभवतः उन दुरूपयोगों पर प्रतिक्रिया कर रहा हूँ जो मैंने देखे हैं (1) पाठों का अन्योक्ति के रूप में वर्णन या आत्मिकीकरण और (2) "पाठक प्रतिक्रिया" व्याख्या ("पाठ-का-मेरे-लिए-क्या-अर्थ-है")। प्रत्येक चरण में दुरूपयोग हो सकता है। हमें हमेशा अपने उद्देश्यों, पूर्वाग्रहों, तकनीकों और अनुप्रयोगों की जाँच करनी चाहिए। लेकिन हम उनकी जाँच कैसे करते हैं अगर व्याख्या की कोई सीमाएँ नहीं हैं, कोई प्रतिबंध नहीं है, कोई मानदंड नहीं है? यह वह जगह है जहाँ लेखक का अभिप्राय और पाठ्य संरचना संभव मान्य व्याख्याओं के दायरे को सीमित करने के लिए मुझे कुछ मानदंड प्रदान करती है।

इन अनुपयुक्त पठन तकनीकों के प्रकाश में, अच्छे बाइबल वाचन और व्याख्या के लिए कुछ संभावित दृष्टिकोण क्या हैं जो कुछ हद तक सत्यापन और स्थिरता प्रदान करते हैं?

III. अच्छे बाइबल वाचन के लिए संभावित दृष्टिकोण

इस बिंदु पर मैं विशिष्ट शैलियों की व्याख्या करने की अनूठी तकनीकों पर चर्चा नहीं कर रहा हूं, लेकिन सभी प्रकार के बाइबिल ग्रंथों के लिए सामान्य सामान्य सिद्धांत मान्य हैं। शैली-विशिष्ट दृष्टिकोणों के लिए एक अच्छी पुस्तक है, *How To Read The Bible For All Its Worth*, by Gordon Fee and Douglas Stuart, published by Zondervan.

मेरी कार्यप्रणाली इस बात पर केंद्रित है कि आरम्भ में पाठक चार व्यक्तिगत वाचन चक्रों के माध्यम से पवित्र आत्मा को बाइबल को प्रकाशित करने दे । यह आत्मा, पाठ और पाठक को प्राथमिक बनाता है, दूसरे दर्जे का नहीं। यह भी पाठक को टीकाकारों से अवांछित रूप से प्रभावित होने से बचाता है। मैंने यह सुना है: "बाइबल टिप्पणियों पर बहुत प्रकाश डालती है।" इसका मतलब यह नहीं है कि अध्ययन साधनों के बारे में एक तुच्छ टिप्पणी है, बल्कि उनके प्रयोग के एक उपयुक्त समय के लिए एक अनुरोध है।

हमें पाठ से ही अपनी व्याख्याओं का समर्थन करने में सक्षम होना चाहिए। कम से कम तीन क्षेत्र सीमित सत्यापन प्रदान करते हैं:

1. मूल लेखक का
    a. ऐतिहासिक विन्यास
    b. साहित्यिक संदर्भ
2. मूल लेखक की पसंद की
    a. व्याकरणिक संरचनाएँ (वाक्य रचना)
    b. समकालीन कार्य प्रयोग
    c. शैली
3. हमारी समझ उपयुक्त
    a. प्रासंगिक समानांतर अवतरणों के बारे में
    b. सिद्धांतों के बीच संबंध (विरोधाभास) के बारे में

हमें अपनी व्याख्याओं के पीछे कारण और तर्क प्रदान करने में सक्षम होने की आवश्यकता है। विश्वास और व्यवहार के लिए बाइबल हमारा एकमात्र स्रोत है। अफसोस की बात है कि मसीही अक्सर उस बात से असहमत हो जाते हैं जो वह सिखाती या पुष्टि करती है। बाइबल के लिए प्रेरणा का दावा करना और फिर विश्वासियों का उस बात से सहमत होने में सक्षम नहीं नहीं हो पाना जो वह सिखाती और चाहती है, आत्म-पराजय है!

चार वाचन चक्रों को निम्नलिखित व्याख्यात्मक अंतर्दृष्टि प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है:

A. पहला वाचन चक्र
    1. एक ही बैठक में पुस्तक पढ़ें। एक अलग अनुवाद में इसे फिर से पढ़ें, आशा है एक अलग अनुवाद सिद्धांत से
        a. शब्दश: (NKJV, NASB, NRSV)
        b. सक्रिय समतुल्य (TEV, JB)
        c. संक्षिप्त व्याख्या (Living Bible, Amplified Bible)
    2. संपूर्ण लेखन के केंद्रीय उद्देश्य को देखें। उसके विषय को पहचानें।
    3. (यदि संभव हो) एक साहित्यिक इकाई, एक अध्याय, एक अनुच्छेद या एक वाक्य को जो स्पष्ट रूप से इस केंद्रीय उद्देश्य या विषय को व्यक्त करता है, अलग करें।

4. प्रमुख साहित्यिक शैली को पहचानें
    a. पुराना नियम
        (1) इब्रानी कथा
        (2) इब्रानी काव्य (ज्ञान साहित्य, भजन)
        (3) इब्रानी भविष्यवाणी (गद्य, काव्य)
        (4) व्यवस्था संहिता
    b. नया नियम
        (1) कथाएँ (सुसमाचार, प्रेरितों के काम)
        (2) दृष्टांत (सुसमाचार)
        (3) पत्र/पत्रियाँ
        (4) सर्वनाश-संबंधी साहित्य

B. दूसरा वाचन चक्र
    1. प्रमुख प्रसंगों या विषयों की पहचान करने के लिए फिर से पूरी पुस्तक पढ़ें।
    2. प्रमुख विषयों की रूपरेखा बनाएँ और एक साधारण कथन में उनकी विषयवस्तु संक्षेप में बताएँ।
    3. अध्ययन साधनों से अपने उद्देश्य कथन और व्यापक रूपरेखा की जाँच करें।

C. तीसरा पठन चक्र
    1. बाइबल की पुस्तक से ही ऐतिहासिक विन्यास और लेखन के विशिष्ट अवसर की पहचान करने के लिए पूरी पुस्तक को फिर से पढ़ें।
    2. उन ऐतिहासिक वस्तुओं की सूची बनाएँ जिनका उल्लेख बाइबल की पुस्तक में किया गया है।
        a. लेखक
        b. दिनाँक
        c. प्राप्तकर्ता
        d. लेखन का विशिष्ट कारण
        e. सांस्कृतिक विन्यास के वे पहलू जो लेखन के उद्देश्य से संबंधित हैं
        f. ऐतिहासिक लोगों और घटनाओं के संदर्भ
    3. आप जिस बाइबल की पुस्तक की व्याख्या कर रहे हैं, उस भाग की अपनी रूपरेखा को अनुच्छेद स्तर तक विस्तारित करें। हमेशा साहित्यिक इकाई को पहचानकर उसकी रूपरेखा तैयार करें। यह कई अध्याय या अनुच्छेद हो सकते हैं। यह आपको मूल लेखक के तर्क और पाठ के प्रारूप को समझने करने में सक्षम बनाता है।
    4. अध्ययन साधनों का उपयोग करके अपने ऐतिहासिक विन्यास की जाँच करें।

D. चौथा वाचन चक्र
    1. कई अनुवादों में फिर से विशिष्ट साहित्यिक इकाई पढ़ें।
        a. शब्दश: (NKJV, NASB, NRSV)
        b. सक्रिय समतुल्य (TEV, JB)
        c. संक्षिप्त व्याख्या (Living Bible, Amplified Bible)
    2. साहित्यिक या व्याकरण संबंधी संरचनाओं की तलाश करें
        a. पुनरावर्ती वाक्यांश, इफिसियों 1:6,12,13
        b. पुनरावर्ती व्याकरण संबंधी संरचनाएँ, रोमियों 8:31
        c. विषम अवधारणाएँ

3. निम्नलिखित वस्तुओं की सूची
    a. महत्त्वपूर्ण शब्द
    b. असामान्य शब्द
    c. महत्त्वपूर्ण व्याकरणिक संरचनाएँ
    d. विशेष रूप से कठिन शब्द, खंड और वाक्य
4. प्रासंगिक समानांतर अवतरणों की खोज करें
    a. इनका उपयोग करके अपने विषय पर स्पष्ट शिक्षण अवतरण की खोज करें
        (1) "सुनियोजित धर्मशास्त्र" पुस्तकें
        (2) संदर्भ बाइबलें
        (3) शब्दानुक्रमणिकाएँ
    b. अपने विषय के भीतर एक संभावित विरोधाभासी जोड़ी की खोज करें। बाइबल के कई सत्य द्वंदात्मक जोड़ों में प्रस्तुत किए जाते हैं; कई संप्रदायों का टकराव बाइबल के तनाव के प्रमाण-पाठ भाग से होता है।संपूर्ण बाइबल प्रेरित हैं, और हमें अपनी व्याख्या के लिए एक पवित्रशास्त्रीय संतुलन प्रदान करने के लिए इसके पूर्ण संदेश की तलाश करनी चाहिए।
    c. उसी पुस्तक, उसी लेखक या उसी शैली के अंतर्गत समानताएँ देखें; बाइबल अपनी स्वयं की सर्वश्रेष्ठ व्याख्याकार है क्योंकि इसका एक लेखक, आत्मा है।
5. ऐतिहासिक विन्यास और अवसर की अपने निरीक्षणों की जाँच करने के लिए अध्ययन साधनों का उपयोग करें
    a. अध्ययन बाइबलें
    b. बाइबल विश्वकोश, हैंडबुक और शब्दकोश
    c. बाइबल प्रस्तावनाएँ
    d. बाइबल टिप्पणियाँ (आपके अध्ययन में इस बिंदु पर, अतीत और वर्तमान के, विश्वास करने वाले समुदाय को आपके व्यक्तिगत अध्ययन की सहायता और उसे सही करने दें)

IV. बाइबल की व्याख्या के अनुप्रयोग

इस स्थान पर हम अनुप्रयोग की ओर चलते हैं। आपने पाठ को उसके मूल विन्यास में समझने के लिए समय बिताया है; अब आप इसे अपने जीवन, अपनी संस्कृति पर लागू करें। मैं बाइबल के अधिकार को “यह समझना कि बाइबल का मूल लेखक अपने दिन में क्या कह रहा था और उस सत्य को हमारे दिन के लिए लागू करना” के रूप में परिभाषित करता हूँ।

अनुप्रयोग में मूल लेखक के अभिप्राय की व्याख्या का समय और तर्क दोनों में पालन जाना चाहिए। हम अपने दिन के लिए एक बाइबल अवतरण को तब तक लागू नहीं कर सकते जब तक हम यह नहीं जान लेते कि वह अपने दिन के लिए क्या कह रहा है ! एक बाइबल अवतरण का वह अर्थ नहीं होना चाहिए जो उसका अर्थ कभी नहीं था!

आपकी विस्तृत रूपरेखा, अनुच्छेद स्तर तक (वाचन चक्र #3), आपकी मार्गदर्शक होगी। अनुप्रयोग अनुच्छेद स्तर पर किया जाना चाहिए, शब्द स्तर पर नहीं। शब्दों के अर्थ केवल संदर्भ में होते हैं; खण्डों का अर्थ केवल संदर्भ में होता है; वाक्यों का अर्थ केवल संदर्भ में होता है। व्याख्यात्मक प्रक्रिया में शामिल एकमात्र प्रेरित व्यक्ति मूल लेखक है। हम केवल पवित्र आत्मा के प्रकाशन द्वारा उसकी अगुवाई में चलते हैं। लेकिन प्रकाशन प्रेरणा नहीं है। यह कहने के लिए कि "प्रभु इस प्रकार कहता है," हमें मूल लेखक के अभिप्राय का पालन करना चाहिए। अनुप्रयोग को विशेष रूप से पूरे लेखन, विशिष्ट साहित्यिक इकाई और अनुच्छेद स्तर के विचार विकास के सामान्य अभिप्राय से संबंधित होना चाहिए।

अपने दिन के मुद्दों को बाइबल की व्याख्या न करने दें; बाइबल को बोलने दें! इसमें हमें पाठ से सिद्धांत तैयार करने की आवश्यकता हो सकती है। यह मान्य है यदि पाठ एक सिद्धांत का समर्थन करता है। दुर्भाग्य से, कई बार हमारे सिद्धांत सिर्फ "हमारे" सिद्धांत होते हैं - पाठ के सिद्धांत नहीं।

बाइबल को लागू करने में, यह याद रखना महत्त्व.पूर्ण है कि (भविष्यवाणी में छोड़कर) एक और केवल एक ही अर्थ किसी विशेष बाइबल पाठ के लिए मान्य है। यह अर्थ मूल लेखक के अभिप्राय से संबंधित है जैसा उसने अपने दिन में किसी संकट या आवश्यकता को संबोधित किया था। कई संभावित अनुप्रयोगों को इस एक अर्थ से प्राप्त किया जा सकता है। अनुप्रयोग प्राप्तकर्ता की आवश्यकताओं पर आधारित होगा, लेकिन मूल लेखक के अर्थ से संबंधित होना चाहिए।

V. व्याख्या का आत्मिक पहलू

अब तक मैंने व्याख्या और अनुप्रयोग में शामिल तर्कसंगत और पाठ्य प्रक्रिया पर चर्चा की है। अब मैं व्याख्या के आत्मिक पहलू पर संक्षिप्त चर्चा करना चाहता हूँ। निम्नलिखित चेकलिस्ट मेरे लिए सहायक रही है:

A. आत्मा की सहायता के लिए प्रार्थना करें (तुलना 1 कुरिन्थियों 1:26-2:16)।
B. ज्ञात पाप से व्यक्तिगत क्षमा और शुद्धिकरण के लिए प्रार्थना करें (तुलना 1 यूहन्ना 1:9)।
C. परमेश्वर को जानने की और अधिक इच्छा के लिए प्रार्थना करें (तुलना भजनसंहिता 19:7-14; 42:1ff; 119:1ff)
D. किसी भी नई अंतर्दृष्टि को तुरंत अपने जीवन में लागू करें।
E. विनम्र और सिखाने के योग्य बने रहें।

तर्कसंगत प्रक्रिया और पवित्र आत्मा के आत्मिक नेतृत्व के बीच संतुलन रखना बहुत कठिन है। निम्नलिखित उद्धरणों ने दोनों में संतुलित बनाने में मुझे सहायता की है:

A. James W. Sire, *Scripture Twisting,* pp. 17-18 से

> "प्रकाशन परमेश्वर के लोगों के मन में आता है - न कि केवल आत्मिक अभिजात वर्ग के। बाइबल की मसीहत में कोई गुरु वर्ग नहीं है, कोई ज्ञानी नहीं, कोई भी ऐसा व्यक्ति नहीं जिसके माध्यम से सभी उचित व्याख्याएँ प्राप्त हों। और इसलिए, जबकि पवित्र आत्मा बुद्धि, ज्ञान और आत्मिक विवेक के विशेष वरदान देता है, वह इन वरदान प्राप्त मसीहियों को उसके वचन का एकमात्र आधिकारिक व्याख्याकार नहीं बनाता है। यह उसके प्रत्येक जन पर निर्भर है कि वह बाइबल के, जो उन लोगों के लिए भी अधिकार के रूप में स्थापित है, जिन्हें परमेश्वर ने विशेष योग्यताएँ दी हैं, संदर्भ से बाइबल को सीखे, जाँचे और पहचाने विचार करे । संक्षेप में, पूरी पुस्तक में जो धारणा मैं बना रहा हूँ, वह यह है कि बाइबल सभी मनुष्यों के लिए परमेश्वर का सच्चा प्रकाशन है, कि यह उन सभी मामलों पर हमारा अंतिम अधिकार है, जिनके बारे में यह बोलती है, कि यह एक संपूर्ण रहस्य नहीं है, लेकिन हर संस्कृति के आम लोगों द्वारा इसे पर्याप्त रूप से समझा जा सकता है।"

B. कीर्केगार्ड पर, Bernard Ramm, *Protestant Biblical Interpretation*, p. 75 में पाया गया:

> कीर्केगार्ड के अनुसार बाइबल का व्याकरणिक, शाब्दिक और ऐतिहासिक अध्ययन आवश्यक था लेकिन बाइबल के सही वाचन के लिए प्रारंभिक था। "बाइबल को परमेश्वर के वचन के रूप में पढ़ने के लिए उसे अपना हृदय अपने मुंह में लेकर, पंजों के बल पर, उत्सुक प्रत्याशा के साथ,परमेश्वर के साथ बातचीत करते हुए पढ़ना चाहिए। बाइबल को बिना सोचे समझे या लापरवाही से या अकादमिक या पेशेवर रूप से पढ़ना बाइबल को परमेश्वर के वचन के रूप में नहीं पढ़ना है। जब कोई इसे ऐसे पढ़ता है जैसे प्रेम पत्र को, तब वह इसे परमेश्वर के वचन के रूप में पढ़ता है।"

C. H. Rowley *The Relevance of the Bible*, p. 19 में:

"बाइबल की कोई भी मात्र बौद्धिक समझ, हालाँकि कितनी भी सम्पूर्ण क्यों न हो, फिर भी उसके सारे खजाने से सम्पन्न नहीं हो सकती हैं। यह इस तरह की समझ का तिरस्कार नहीं है, क्योंकि यह सम्पूर्ण समझ के लिए आवश्यक है। लेकिन यदि इसे सम्पूर्ण होना है तो इसे इस पुस्तक के आत्मिक खजाने की आत्मिक समझ की ओर ले जाना होगा। और उस आत्मिक समझ के लिए बौद्धिक सतर्कता से अधिक कुछ आवश्यक है। आत्मिक बातें आत्मिक रूप से विवेकी हैं, और बाइबल के छात्र को आत्मिक ग्रहणशीलता, परमेश्वर को खोजने की उत्सुकता के दृष्टिकोण की आवश्यकता है कि वह खुद को उसके लिए समर्पित सकता है, अगर वह अपने वैज्ञानिक अध्ययन से परे इस सबसे महान पुस्तक की सबसे अमीर विरासत की ओर जाता है।"

VI. इस टिप्पणी की विधि

Study Guide Commentary को निम्नलिखित तरीकों से आपकी व्याख्यात्मक प्रक्रियाओं की सहायता के लिए तैयार किया गया है:

A. संक्षिप्त ऐतिहासिक रूपरेखा इस पुस्तक का परिचय देती है। "वाचन चक्र #3" करने के बाद आप इस जानकारी को देखें।

B. प्रत्येक अध्याय की शुरुआत में प्रासंगिक अंतर्दृष्टि पाई जाती हैं। यह आपको यह देखने में सहायता करेगी कि साहित्यिक इकाई किस प्रकार संरचित है।

C. प्रत्येक अध्याय या प्रमुख साहित्यिक इकाई की शुरुआत में अनुच्छेद विभाग और उनके वर्णनात्मक शीर्षक कई आधुनिक अनुवादों से प्रदान किए गए हैं:

1. The United Bible Society Greek text, fourth edition revised (UBS^4)
2. The New American Standard Bible, 1995 Update (NASB)
3. The New King James Version (NKJV)
4. The New Revised Standard Version (NRSV)
5. Today's English Version (TEV)
6. The Jerusalem Bible (JB)

अनुच्छेद विभाग प्रेरित नहीं हैं। संदर्भ से उनका पता लगाया जाना चाहिए। विभिन्न अनुवाद के सिद्धांतों और धर्मशास्त्रीय दृष्टिकोणों से कई आधुनिक अनुवादों की तुलना करके, हम मूल लेखक के विचार की कथित संरचना का विश्लेषण करने में सक्षम हो सकते हैं। प्रत्येक अनुच्छेद में एक प्रमुख सत्य है। इसे "विषय वाक्य" या "पाठ का केंद्रीय विचार" कहा जाता है। यह एकजुट विचार उचित ऐतिहासिक, व्याकरणिक व्याख्या की कुंजी है। किसी को एक अनुच्छेद से कम पर व्याख्या, उपदेश या शिक्षा नहीं देनी चाहिए! यह भी याद रखें कि प्रत्येक अनुच्छेद इसके आसपास के अनुच्छेदों से संबंधित है। यही कारण है कि पूरी पुस्तक की एक अनुच्छेद स्तर की रूपरेखा इतनी महत्त्वपूर्ण है। हमें मूल प्रेरित लेखक द्वारा संबोधित किए जा रहे विषय के तर्कसंगत प्रवाह का अनुसरण करने में सक्षम होना चाहिए।

D. बॉब के नोट्स व्याख्या के लिए एक पद-से-पद दृष्टिकोण का पालन करते हैं। यह हमें मूल लेखक के विचार का अनुसरण करने के लिए मजबूर करता है। नोट्स कई क्षेत्रों की जानकारी प्रदान करते हैं:

1. साहित्यिक संदर्भ
2. ऐतिहासिक, सांस्कृतिक अंतर्दृष्टि

3. व्याकरणिक जानकारी
4. शब्द अध्ययन
5. प्रासंगिक समानांतर अवतरण

E. टिप्पणी में कुछ बिंदुओं पर, न्यू अमेरिकन स्टैंडर्ड वर्जन (1995 अद्यतन) के मुद्रित पाठ को कई अन्य के अनुवादों के आधुनिक संस्करणों द्वारा पूरक किया जाएगा:
   1. द न्यू किंग जेम्स वर्जन (NKJV), जो "टेक्स्टस रिसेप्टस" की पाठ पांडुलिपियों का अनुसरण करता है।
   2. न्यू रिवाइज्ड स्टैंडर्ड वर्जन (NRSV), जो द नेशनल काउंसिल ऑफ चर्चेस ऑफ द रिवाइज्ड स्टैण्डर्ड वर्जन का एक शब्दश: संशोधन है।
   3. टुडेस इंग्लिश वर्जन (TEV), जो अमेरिकन बाइबल सोसायटी से एक सक्रिय समकक्ष अनुवाद है।
   4. जेरूसलम बाइबल (JB), जो एक फ्रेंच कैथोलिक सक्रिय समकक्ष अनुवाद पर आधारित एक अंग्रेजी अनुवाद है।

F. उन लोगों के लिए जो यूनानी नहीं पढ़ते हैं, अंग्रेजी अनुवादों की तुलना करने से पाठ में समस्याओं की पहचान करने में मदद मिल सकती है:
   1. पांडुलिपि विविधताएं
   2. वैकल्पिक शब्द अर्थ
   3. व्याकरणिक रूप से कठिन पाठ और संरचना
   4. अस्पष्ट पाठ

   हालाँकि अंग्रेजी अनुवाद इन समस्याओं को हल नहीं कर सकते हैं, वे उन्हें गहन और अधिक विस्तृत अध्ययन के स्थानों के रूप में लक्षित करते हैं।

G. प्रत्येक अध्याय के अंत में प्रासंगिक चर्चा प्रश्न दिए गए हैं जो उस अध्याय के प्रमुख व्याख्यात्मक मुद्दों को लक्षित करने का प्रयास करते हैं।

टीका को प्रभावित करने वाले इब्रानी क्रिया रूपों की संक्षिप्त परिभाषाएँ

I. इब्रानी का संक्षिप्त ऐतिहासिक विकास

इब्रानी दक्षिण-पश्चिम एशियाई भाषा के शेमिटिक (सामी) परिवार का हिस्सा है।यह नाम (आधुनिक विद्वानों द्वारा दिया गया) नूह के बेटे, शेम (तुलना उत्पत्ति 5:32; 6:10) के नाम से आता है। शेम के वंशज उत्पत्ति 10:21-31 में अरब, इब्रानी, सीरियाई, अरामी और अश्शूरी के रूप में सूचीबद्ध हैं। वास्तव में कुछ सामी भाषाओं का उपयोग हाम की वंशावली में सूचीबद्ध देशों द्वारा किया जाता है (तुलना उत्पत्ति 10:6-14), कनान, फीनीके और इथियोपिया।

इब्रानी इन सामी भाषाओं के उत्तर पश्चिमी समूह का हिस्सा है। आधुनिक विद्वानों के पास निम्नलिखित से प्राप्त इस प्राचीन भाषा समूह के नमूने हैं:

A. एमोरी (अक्कादी में 18 वीं शताब्दी ईसा पूर्व के *Mari Tablets*)
B. कनानी (युगैरिटिक में 15 वीं शताब्दी के *Ras Shamra Tablets*)
C. कनानी (कनानी अक्कादी में 14 वीं शताब्दी के *Amarna Letters*)
D. फीनीकी (इब्रानी में फीनीकी वर्णमाला का प्रयोग होता है)
E. मोआबी (मेसा पत्थर, 840 ईसा पूर्व)
F. अरामी (फारसी साम्राज्य की आधिकारिक भाषा उत्पत्ति 31:47 [2 शब्द]; यिर्मयाह 10:11; दानिय्येल 2:4-6; 7:28; एज्रा 4:8-6:18; 7:12-26 में प्रयुक्त और पलस्तीन में पहली सदी में यहूदियों द्वारा बोली जाने वाली भाषा)

इब्रानी भाषा को यशायाह 19:18 में "कनान की भाषा" कहा जाता है। इसे लगभग 180 ई.पू. में इकलेसियस्तिकुस की प्रस्तावना (बेन सीराक के प्रज्ञा ग्रंथ) में "इब्रानी" कहा गया था। (और कुछ अन्य प्रारंभिक स्थानों में, तुलना *Anchor Bible Dictionary*, vol. 4, pp. 205ff)। यह मोआबी और युगैरिट में प्रयुक्त भाषा से सबसे अधिक निकटता से संबंधित है। बाइबल के अलावा पाए जाने वाले प्राचीन इब्रानी के उदाहरण हैं:

1. गेज़ेर कैलेंडर, 925 ई.पू. (एक विद्यार्थी का लेखन)
2. साइलोम शिलालेख, 705 ई.पू. (सुरंग लेखन)
3. सामरी मृद्लेख पट्ट, 770 ई.पू. (टूटे बर्तनों पर कर रिकॉर्ड)
4. लाकीश पत्र, 587 ई.पू. (युद्ध संचार)
5. मक्काबी सिक्के और मुहरें
6. कुछ मृत सागर चीरक ग्रंथ
7. कई शिलालेख (तुलना "भाषाएँ [इब्रानी]," ABD 4:203ff)

यह, सभी सामी भाषाओं की तरह, तीन व्यंजन (त्रि-व्यंजनिक मूल) शब्दों से बना है। यह एक संक्रमित भाषा है। तीन-मूल व्यंजन मूल शब्द का अर्थ रखते हैं, जबकि उपसर्ग, प्रत्यय या आंतरिक जोड़ वाक्यगत क्रिया को दर्शाते हैं (बाद में स्वर, तुलना Sue Green, *Linguistic Analysis of Biblical Hebrew*, pp. 46-49)।

इब्रानी शब्दावली गद्य और पद्य के बीच अंतर को प्रदर्शित करती है। शब्द के अर्थ लोक व्युत्पत्ति से जुड़े हैं (भाषाई उत्पत्ति से नहीं)। शब्द क्रीड़ा और ध्वनि क्रीड़ा बहुत आम हैं (*paronomasia*)।

II. कथन के पहलू

A. क्रियाएँ

सामान्य अपेक्षित शब्द क्रम है क्रिया, सर्वनाम, कर्ता (संशोधक के साथ),कर्म (संशोधक के साथ) बुनियादी गैर-ध्वजांकित लचीली क्रिया है *Qal*, जो पूर्ण, पुर्लिंग, एकवचन रूप है। इस प्रकार इब्रानी और अरामी शब्दावली की व्यवस्था की जाती है। यह दिखाने के लिए क्रियाओँ का शब्द रूप बदला जाता है

1. वचन--एकवचन, बहुवचन, द्विवचन
2. लिंग--पुर्लिंग और स्त्रीलिंग (कोई नपुंसकलिंग नहीं)
3. भाव-संकेतक, संभावनार्थक, आज्ञार्थक (वास्तविकता से क्रिया का संबंध)
4. काल (पहलू)
    a. पूर्ण, जो क्रियाओं की शुरूआत, जारी रहना, और समापन के अर्थ में, पूरे होने को दर्शाता है। आमतौर पर यह रूप भूतकाल की क्रिया के लिए उपयोग किया गया था, यह बात हुई है।

    J. Wash Watts, *A Survey of Syntax in the Hebrew Old Testament*, कहते हैं

    "एक पूर्ण द्वारा वर्णित एक संपूर्ण को भी निश्चित माना जाता है। एक अपूर्ण एक स्थिति को संभव या इच्छित या अपेक्षित के रूप में देख सकता है, लेकिन एक पूर्ण उसे वास्तविक, अकल्पित और निश्चित रूप में देखता है" (पृष्ठ 36)।

    S. R. Driver, *A Treatise on the Use of the Tenses in Hebrew*, इसे इस प्रकार वर्णित करते है:

    "पूर्ण उन क्रियाओँ को इंगित करने के लिए नियुक्त किया जाता है जिनका पूरा होना निश्चित रूप से भविष्य में निहित है, परन्तु इसे अभिप्राय के इस तरह के अपरिवर्तनीय संकल्प पर निर्भर माना जाता है कि इसे वास्तव में घटित हुआ कहा जा सकता है। इस प्रकार एक संकल्प, वादा, या आदेश, विशेष रूप से एक दैवीय, अक्सर पूर्ण काल में घोषित किया जाता है।" (पृष्ठ 17, उदाहरण के लिए, भविष्यसूचक पूर्ण)।

    Robert B. Chisholm, जूनियर *From Exegesis to Exposition*, इस क्रिया के रूप को इस तरह परिभाषित करते है:

    "बाहर से स्थिति को एक संपूर्ण के रूप में देखता है। उसी तरह यह एक साधारण तथ्य व्यक्त करता है, चाहे वह एक क्रिया या स्थिति हो (जिसमें अस्तित्व या मन की स्थिति शामिल है)। जब कार्यों के लिए इस्तेमाल किया जाता है, तो यह अक्सर वक्ता या कथावाचक के आलंगकारिक दृष्टिकोण से कार्य को पूर्ण हुआ देखता है (चाहे यह वास्तविकता में पूर्ण है या नहीं, यह तर्क नहीं है)। पूर्ण भूत, वर्तमान या भविष्य में एक क्रिया/स्थिति से संबंधित हो सकता है। जैसा कि ऊपर वर्णित किया गया है, समय सीमा, जो इस बात को प्रभावित करती है कि कैसे कोई पूर्ण को एक काल आधारित भाषा जैसे अंग्रेजी में अनुवादित करता है, को संदर्भ से निर्धारित किया जाना चाहिए" (पृष्ठ 86)।

    b. अपूर्ण, जो एक कार्य को प्रगतिशील दर्शाता है (अधूरा, पुनरावर्ती, निरंतर, या आकस्मिक), अक्सर एक लक्ष्य की ओर गतिविधि को दर्शाता है। आम तौर पर इस रूप का इस्तेमाल वर्तमान और भविष्य के कार्य के लिए किया गया था।

    J. Wash Watts, *A Survey of Syntax in the Hebrew Old Testament*, कहते हैं,

    "सभी अपूर्ण अधूरी स्थितियों को प्रस्तुत करते हैं वे या तो पुनरावर्ती या विकासशील या आकस्मिक होते हैं। दूसरे शब्दों में, या आंशिक रूप से विकसित, या आंशिक रूप से निश्चित होते हैं। सभी मामलों में वे कुछ अर्थों में आंशिक हैं, अर्थात्, अपूर्ण" (पृष्ठ 55)।

Robert B. Chisholm, Jr. *From Exegesis to Exposition*, कहते हैं

"अपूर्ण के सार को एकमात्र अवधारणा में संकुचित करना मुश्किल है, क्योंकि इसमें पहलू और भाव दोनों शामिल हैं। कभी-कभी अपूर्ण एक निर्देशात्मक तरीके से उपयोग किया जाता है और एक वस्तुनिष्ठ कथन करता है। अन्य समय में यह एक क्रिया को और अधिक व्यक्तिपरक रूप से देखता है, जैसे काल्पनिक, आकस्मिक, संभव, और इसी तरह से" (पृष्ठ 89)।

c. अतिरिक्त *waw*, जो क्रिया को पिछली क्रिया(यों) के कार्य से जोड़ता है।
d. आज्ञार्थक, जो वक्ता की इच्छा और श्रोता की संभावित कार्रवाई पर आधारित है।
e. प्राचीन इब्रानी में केवल बड़े संदर्भ लेखक-इच्छित समय निर्देशन निर्धारित कर सकते हैं।

B. सात मुख्य विभक्त रूप और उनके मूल अर्थ। वास्तविकता में ये रूप एक संदर्भ में एक दूसरे के संयोग से काम करते हैं और इन्हें अलग नहीं करना चाहिए।

1. *Qal (Kal)*, सभी प्रकारों में सबसे आम और मूल। यह सरल कार्य या अस्तित्व को दर्शाता है। वहाँ कोई कार्य-कारण संबंध या विनिर्देश निहित नहीं है।
2. *Niphal*, दूसरा सबसे आम रूप। यह आमतौर पर कर्मप्रधान है, लेकिन यह रूप पारस्परिक और निजवाचक के रूप में भी कार्य करता है। इसमें भी कोई कार्य-कारण संबंध या विनिर्देश निहित नहीं है।
3. *Piel*, यह रूप कर्तृवाचक है और एक क्रिया के किये जाने को, अस्तित्व में लाकर व्यक्त करता है। *Qal* मूलशब्द का मूल अर्थ, होने की स्थिति में विकसित या विस्तृत गया है।
4. *Pual*, यह *Piel* का कर्मप्रधान समतुल्य है। यह अक्सर एक पूर्वकालिक क्रिया द्वारा अभिव्यक्त किया जाता है।
5. *Hithpael*, जो निजवाचक या पारस्परिक मूलशब्द है। यह *Piel* मूलशब्द को पुनरावर्तीय या आवधिक कार्य को व्यक्त करता है। दुर्लभ कर्मप्रधान रूप को *Hothpael* कहा जाता है।
6. *Hiphil, Piel* के विपरीत कारणवाचक मूल का कर्तृवाचक रूप। इसमें एक अनुज्ञात्मक पहलू हो सकता है, लेकिन आम तौर पर एक घटना के कारण को संदर्भित करता है। एर्निस्ट जेनी, एक जर्मन इब्रानी व्याकरणकर्ता, का विश्वास है कि *Piel* कुछ होने की स्थिति में आ रहा है, इसको सूचित करता है जबकि *Hiphil* ने दिखाया कि यह कैसे हुआ।
7. *Hophal, Hiphil* का कर्मप्रधान समतुल्य। ये अंतिम दो मूलें, सातों में से सबसे कम उपयोग की गईं मूलें है।

इनमें से अधिक जानकारी *An Introduction to Biblical Hebrew Syntax*, by Bruce K. Walke and M. O'Connor, pp. 343-452 से आती है।

माध्यम और कारणकार्य संबंधी तालिका। इब्रानी क्रिया प्रणाली को समझने की एक कुंजी यह है कि उसे वाच्य संबंधों के एक नमूने के रूप में देखें। कुछ मूल अन्य मूलों के विपरीत हैं (यानी, *Qal -Niphal; Piel- Hiphal*)।

नीचे दी गयी तालिका क्रिया मूल के मूल कार्य को कारणकार्य संबंध के रूप में देखने की कोशिश करती है।

वाच्य या कर्ता	द्वितीयक माध्यम नहीं	एक कर्तृवाचक द्वितीयक माध्यम	एक कर्मप्रधान द्वितीयक माध्यम
क्रियात्मक	*Qal*	*Hiphil*	*Piel*
मध्यम कर्मप्रधान	*Niphal*	*Hophal*	*Pual*
निजवाचक/पारस्परिक	*Niphal*	*Hiphil*	*Hithpael*

यह तालिका नए अक्कादिनी अनुसंधान की रोशनी में क्रिया विषयक प्रणाली की उत्कृष्ट चर्चा से ली गई है (cf. Bruce K. Waltke, M. O'Conner, *An Introduction to Biblical Hebrew Syntax*, pp. 354-359)।

R. H. Kennett, *A Short Account of the Hebrew Tenses*, ने एक आवश्यक चेतावनी प्रदान की है।

"मैं आमतौर पर अध्यापन में पाया है, कि एक छात्र की प्रमुख कठिनाई इब्रानी क्रियाओं में उस अर्थ को समझने में है जिसे उन्होंने खुद इब्रानियों के मन में प्रकट किया था; इसका मतलब यह है कि हर इब्रानी काल को एक निश्चित संख्या में लैटिन या अंग्रेजी रूपों का समतुल्य रूप देने की प्रवृत्ति होती है, जिसके द्वारा वह विशेष काल सामान्यतः अनुवादित किया जा सकता है। इसका नतीजा है अर्थ की उन बारीकियों को समझने में विफलता, जो पुराने नियम की भाषा को जीवन और शक्ति देती है।

"इब्रानी क्रियाओं के उपयोग में कठिनाई पूरी तरह से दृष्टिकोण में है, हमारे से अलग, जिसे इब्रानियों ने एक कार्य समझा था; *समय*, जो हमारे लिए सबसे पहला विचार है, जिसे शब्द 'काल' दर्शाता है, उनके लिए कम महत्त्व का मामला है। इसलिए, यह आवश्यक है कि एक छात्र को लैटिन या अंग्रेजी रूप को इतना नहीं जिनका इस्तेमाल इब्रानी काल के अनुवाद में किया जा सकता है, बल्कि प्रत्येक क्रिया के पहलू को स्पष्ट रूप से समझना चाहिए, जैसा कि उसने खुदको एक इब्रानी के दिमाग में प्रस्तुत किया गया था।

"इब्रानी क्रिया में लागू किया गया नाम 'काल' गुमराह करने वाला है। तथाकथित इब्रानी 'काल' *समय* को व्यक्त नहीं करता, लेकिन केवल एक क्रिया की *अवस्था* को करता है। दरअसल संज्ञाओं और क्रियाओं दोनों के लिए '*अवस्था*' शब्द के उपयोग के माध्यम से यदि भ्रम उत्पन्न न होता तो, 'काल' की तुलना में 'अवस्थाएँ' कहीं ज्यादा बेहतर नाम होगा। यह हमेशा ध्यान में रखा जाना चाहिए कि एक सीमा का उपयोग किये बिना इब्रानी क्रिया का अंग्रेजी में अनुवाद करना असंभव है। जो इब्रानी में पूरी तरह से अनुपस्थित है। प्राचीन इब्रानियों ने किसी भी कार्य को भूत, वर्तमान या भविष्य के रूप में नहीं सोचा था, परन्तु बस *पूर्ण* के रूप में अर्थात सम्पूर्ण, या *अपूर्ण*, यानी, विकास के क्रम में। जब हम कहते हैं कि एक निश्चित इब्रानी काल अंग्रेजी में एक पूर्ण, पूर्णभूत या भविष्य से मेल खाती है, तो इसका मतलब यह नहीं है कि इब्रानियों ने इसे पूर्ण, पूर्णभूत या भविष्य के रूप में सोचा, लेकिन केवल यह कि अंग्रेजी में इसे ऐसा अनुवादित किया गया होगा। इब्रानियों ने कार्य के *समय* को किसी मौखिक रूप से व्यक्त करने का प्रयास नहीं किया हैं।" (प्रस्तावना और पृष्ठ 1)

दूसरी अच्छी चेतावनी के लिए, Sue Groom, *Linguistic Analysis of Biblical Hebrew*, हमें याद दिलाते हैं,

> "यह जानने का कोई तरीका नहीं है कि आधुनिक विद्वानों के अर्थगत क्षेत्रों का पुनर्निर्माण और एक प्राचीन मृत भाषा में भाव संबंध केवल अपने स्वयं के अंतर्ज्ञान का प्रतिबिंब है, या अपनी खुद की मूल भाषा, या क्या ये क्षेत्र पारंपरिक इब्रानी में मौजूद थे" (पृष्ठ 128)।

C. भाव (रीति)

1. ऐसा हुआ, हो रहा है (निर्देशात्मक), आमतौर पर पूर्ण काल या पूर्वकालिक क्रिया का उपयोग करता है (सभी पूर्वकालिक क्रियाएँ निर्देशात्मक हैं)
2. ऐसा होगा, हो सकता है (संशयार्थक)
   a. एक स्पष्ट अपूर्ण काल का उपयोग करता है।
      (1) उद्बोधक (जोड़ा गया ह), प्रथम पुरुष अपूर्ण रूप, जो आम तौर पर एक इच्छा, एक अनुरोध या आत्म-प्रोत्साहन (यानी, वक्ता द्वारा इच्छित कार्यों) को व्यक्त करते हैं।
      (2) आज्ञार्थक (आंतरिक परिवर्तन), उत्तम पुरुष अपूर्ण (अस्वीकार्य वाक्यों में मध्यम पुरुष हो सकता है) जो आम तौर पर एक अनुरोध, एक अनुमति, चेतावनी या सलाह व्यक्त करता है।
   b. *lu* या *lule* के साथ एक पूर्ण काल का उपयोग करता है
      ये निर्माण कोइनी यूनानी में द्वितीय वर्ग प्रतिबंधी वाक्य के समान हैं। असत्य कथन (हेतुवाक्य) का परिणाम असत्य निष्कर्ष (अंतिम खंड) होता है।
   c. एक अपूर्ण काल और *lu* का उपयोग करता है
      संदर्भ और *lu*, साथ ही साथ एक भावी अभिविन्यास, इस संशयार्थक के उपयोग को चिह्नित करता है। J. Wash Watts, *A Survey of Syntax in the Hebrew Old Testament* से कुछ उदाहरण हैं, उत्पत्ति 13:16; व्यवस्था विवरण 1:12; 1 राजाओं 13:8; भजन संहिता 24:3; यशायाह 1:18 (तुलना पृ. 76-77)।

D. *Waw* – परिवर्तनशील/लगातार/तुलनात्मक इस अनोखी इब्रानी (कनानी) वाक्य रचनात्मक विशेषता ने वर्षों से काफी भ्रम पैदा किया है। यह अक्सर शैली के आधार पर कई तरीकों से प्रयोग किया जाता है। भ्रम का कारण यह है कि प्रारंभिक विद्वान यूरोपीय थे और उन्होंने अपनी मूल भाषा के प्रकाश में व्याख्या करने का प्रयास किया था। जब यह मुश्किल साबित हुआ तो उन्होंने इस समस्या का दोष इब्रानी भाषा के "कल्पित" प्राचीन, पुरातन भाषा होने को दिया। यूरोपीय भाषाएँ काल (समय) आधारित क्रियाएँ हैं। कुछ विविधताएं और व्याकरणिक प्रभाव, अक्षर *waw* को पूर्ण या अपूर्ण क्रिया मूलों में जोड़ कर दर्शाएं गए थे। इसने कार्य को देखने के तरीके को बदल दिया।

1. ऐतिहासिक विवरणों में क्रियाएँ एक मानक रूप के साथ एक श्रृंखला में एक साथ जुडी हुई हैं।
2. *waw* उपसर्ग ने पिछली क्रिया (ओं) के साथ एक विशिष्ट संबंध दिखाया था।
3. बड़ा संदर्भ हमेशा क्रिया श्रृंखला को समझने की कुंजी है। सामी क्रियाओं का विश्लेषण अलग से नहीं किया जा सकता है।

J. Wash Watts, *A Survey of Syntax in the Old Testament*, पूर्ण और अपूर्ण (पृ. 52-53) से पहले *waw* के उपयोग में इब्रानी की विशिष्टता दर्शाती है। जैसा कि पूर्ण का मूल विचार अतीत है, *waw* का जुड़ना अक्सर इसे भविष्य के पहलू के रूप में प्रदर्शित करता है। यह अपूर्ण के लिए भी सत्य है जिसका बुनियादी विचार वर्तमान या भविष्य है; *waw* का जुड़ना इसे अतीत में डालता है। यह वह असामान्य समय परिवर्तन है जो *waw* के जोड़ने को समझाता है, काल के मूल अर्थ में किसी बदलाव को नहीं। *waw* पूर्ण भविष्यवाणी के साथ अच्छी तरह से काम करते हैं, जबकि *waw* अपूर्ण विवरणों के साथ अच्छी तरह से काम करते हैं (पृ. 54, 68)।

वॉट्स अपनी परिभाषा जारी रखते है,

> "*waw* संयोजक और *waw* क्रमागत के बीच एक बुनियादी अंतर के रूप में, निम्नलिखित व्याख्याएं पेश की जाती है:
>
> 1. *Waw* संयोजक हमेशा एक समानांतर को इंगित करने के लिए प्रकट होता है।
> 2. *Waw* क्रमागत हमेशा एक अनुक्रम इंगित करने के लिए प्रकट होता है। यह *waw* का एकमात्र रूप है जो क्रमागत अपूर्ण के साथ इस्तेमाल किया गया है। इसके द्वारा जुड़े अपूर्णो के बीच का संबंध अस्थायी अनुक्रम, तार्किक परिणाम, तार्किक कारण या तार्किक वैषम्य हो सकता है। सभी मामलों में एक अनुक्रम होता है" (पृष्ठ 103)।

E. क्रियार्थक संज्ञा - दो प्रकार की क्रियार्थक संज्ञाएँ होती है।

1. अन्तर्निहित क्रियार्थक संज्ञा, जो "शक्तिशाली, स्वतंत्र, आश्चर्यजनक अभिव्यक्ति है जो नाटकीय प्रभाव के लिए उपयोग की जाती है। एक कर्त्ता के तौर पर , इसमे अक्सर कोई लिखित क्रिया नहीं है, क्रिया "होना" को समझा जा रहा है, निश्चित रूप से, लेकिन शब्द प्रभावशाली तौर पर अकेले खड़ा है," J. Wash Watts, *A Survey of Syntax in the Hebrew Old Testament* (p. 92)
2. अनियत क्रियार्थक संज्ञा, जो पूर्वसर्ग, संबंधवाचक सर्वनाम, और निर्माण संबंधों द्वारा व्याकरण के तौर पर वाक्य से संबंधित है।" (पृष्ठ 91)।

J. Weingreen, *A Practical Grammar for Classical Hebrew*, निर्माण अवस्था का वर्णन करता है:

> "जब दो (या अधिक) शब्द इतने करीबी रूप से जुड़े होते हैं कि एक साथ वे एक मिश्रित विचार का गठन करते हैं, तो निर्भर शब्द (या शब्दों) को निर्माण अवस्था में कहा जाता है" (पृष्ठ 44)।

F. प्रश्नवाचक

1. वे हमेशा वाक्य में पहले आते हैं।
2. व्याख्यात्मक महत्त्व
   a. *ha* - एक प्रतिक्रिया की उम्मीद नहीं करता है
   b. *halo'* - लेखक "हाँ" उत्तर की उम्मीद करता है

G. नकारात्मक

1. वे हमेशा उन शब्दों से पहले दिखाई देते हैं जिन्हें वे अस्वीकार करते हैं।
2. सबसे सामान्य नकार *lo'* है।
3. शब्द *'al* एक आकस्मिक अर्थ है और इसका इस्तेमाल उध्दोधक और आज्ञार्थक के साथ किया जाता है।
4. शब्द *lebhilti*, जिससे कि.....नहीं," क्रियार्थक संज्ञा के साथ प्रयोग किया जाता है।
5. शब्द *'en* पूर्वकालिक क्रिया के साथ प्रयोग किया जाता है।

H. प्रतिबंधात्मक वाक्य

1. चार प्रकार के प्रतिबंधात्मक वाक्य हैं, जो मूल रूप से कोइन यूनानी के समानंतर हैं।
   a. ऐसा मानना कि कुछ ऐसा हो रहा है या ऐसा सोचना कि पूरा हो गया (यूनानी में प्रथम श्रेणी)
   b. तथ्य के विपरीत कुछ, जिनकी पूर्ति असंभव है (द्वितीय श्रेणी)
   c. ऐसा कुछ जो संभव है या होने की संभावना है (तीसरी श्रेणी)
   d. जिसकी होने की संभावना कम है, इसलिए, पूरा होना संदेहास्पद है (चौथी श्रेणी)
2. व्याकरण संबंधी चिह्न
   a. माना जाता है कि सच्ची या वास्तविक परिस्थिति हमेशा एक निर्देशात्मक पूर्ण या पूर्वकालिक क्रिया का उपयोग करती है और आम तौर पर स्थितिसूचक वाक्यांश इनके द्वारा प्रस्तुत किया जाता है
      (1) *'im*
      (2) *ki* (या *'asher*)
      (3) *hin* या *hinneh*
   b. तथ्य के विपरीत परिस्थिति प्रारंभिक पूर्वकालिक क्रिया *lu* या *lule* के साथ हमेशा एक पूर्ण पहलू क्रिया या पूर्वकालिक क्रिया का उपयोग करती है
   c. अधिक संभावित परिस्थिति स्थितिसूचक वाक्यांश में हमेशा अपूर्ण क्रिया या पूर्वकालिक क्रिया का इस्तेमाल करती है, आमतौर पर *'im* या *ki* को प्रारंभिक पूर्वकालिक क्रिया के रूप में उपयोग किया जाता है।
   d. कम संभावित परिस्थिति स्थिति सूचक वाक्यांश में अपूर्ण संशयार्थक का उपयोग करती है और हमेशा एक प्रारंभिक पूर्वकालिक क्रिया के रूप में *'im* का उपयोग करती है।

यूनानी व्याकरणिक रूपों की परिभाषाएँ
जो टीका पर प्रभाव डालती हैं

कोइन (बोलचाल की) यूनानी भाषा, जिन्हें अक्सर हेलेनिस्टिक यूनानी कहा जाता है, सिकन्दर महान (336-323 ई.पू.) की विजय के साथ शुरू होने वाली और लगभग आठ सौ वर्षों (300 ई.पू.- 500 ई.) तक जारी रहने वाली भूमध्य जगत की सामान्य भाषा थी। यह सिर्फ एक सरलीकृत, प्राचीन यूनानी नहीं थी, बल्कि कई मायनों में यूनानी का एक नया रूप थी जो प्राचीन निकट पूर्व और भूमध्य जगत की दूसरी भाषा बन गई।

नये नियम की यूनानी कुछ मायनों में अनूठी थी क्योंकि इसके उपयोगकर्ता, लूका और इब्रानियों के लेखक को छोड़कर, शायद अरामी को अपनी प्राथमिक भाषा के रूप में प्रयोग करते थे। इसलिए, उनका लेखन अरामी के मुहावरों और संरचनात्मक रूपों से प्रभावित था। इसके अलावा, वे सेप्टुआजिंट (पुराने नियम का यूनानी अनुवाद) को पढ़ते और उद्धृत करते थे जो कोइन (बोलचाल की) यूनानी में भी लिखा गया था। लेकिन सेप्टुआजिंट यहूदी विद्वानों द्वारा भी लिखा गया था जिनकी मातृभाषा यूनानी नहीं थी।

यह एक चेतावनी के रूप में कार्य करता है कि हम नए नियम को एक तंग व्याकरणिक संरचना में धकेल नहीं सकते हैं। यह अद्वितीय है और इसकी इनसे बहुत सी समानताएँ हैं (1) सेप्टुआजिंट; (2) यहूदी लेखन जैसे जोसेफस; और (3) मिस्र में पाए जाने वाले पपीरस। फिर हम नए नियम का व्याकरणिक विश्लेषण किस प्रकार करें?

कोइन यूनानी और नए नियम की कोइन यूनानी की व्याकरणिक विशेषताएं तरल हैं। कई मायनों में यह व्याकरण के सरलीकरण का समय था। प्रसंग हमारा प्रमुख मार्गदर्शक होगा। शब्दों का अर्थ केवल एक बड़े संदर्भ में होता है, इसलिए, व्याकरणिक संरचना को केवल इनके प्रकाश में समझा जा सकता है (1) एक विशेष लेखक की शैली; और (2) एक विशेष संदर्भ। यूनानी रूपों और संरचनाओं की कोई निश्चयात्मक परिभाषा संभव नहीं है।

कोइन यूनानी मुख्य रूप से एक मौखिक भाषा थी। अक्सर क्रियाओं का प्रकार और रूप व्याख्या की कुंजी होता है। अधिकतर मुख्य खंडों में क्रिया सबसे पहले आती है, जो इसका उत्कर्ष दर्शाती है। यूनानी क्रिया के विश्लेषण में तीन बातों की जानकारी पर ध्यान दिया जाना चाहिए: (1) काल, वाच्य और भाव (शब्द रूप या शब्द संरचना) का मूल जोर; (2) विशेष क्रिया का मूल अर्थ (कोशरचना); और (3) संदर्भ का प्रवाह (वाक्यविन्यास)।

I. काल

A. काल या अवस्था में क्रियाओं का संबंध पूर्ण क्रिया या अपूर्ण क्रिया से है। इसे अक्सर "पूर्णकालिक" और "अपूर्णकालिक" कहा जाता है।
   1. पूर्णकालिक किसी क्रिया के होने पर केंद्रित होता है। कुछ और जानकारी नहीं दी जाती है, सिवाय इसके कि कुछ हुआ! इसके आरम्भ, निरंतरता या परिणति को नहीं बताया जाता है।

2. अपूर्णकालिक एक क्रिया की सतत प्रक्रिया पर ध्यान केंद्रित करता है। इसे रेखीय कार्य, आवधिक कार्य, प्रगतिशील कार्य आदि शब्दों में वर्णित किया जा सकता है।

B. लेखक किस प्रकार से कार्य को प्रगति करता हुआ देखता है, इस आधार पर काल को वर्गीकृत किया जा सकता है
   1. यह हुआ = अनिर्दिष्टकाल
   2. यह हुआ और परिणाम बना रहता है = पूर्ण
   3. यह भूतकाल में घटित हो रहा था और परिणाम बने हुए थे, लेकिन अब नहीं = पूर्ण भूतकाल
   4. यह हो रहा है = वर्तमान
   5. यह हो रहा था = अपूर्ण
   6. यह होगा = भविष्य

   शब्द "उद्धार" इस बात का एक ठोस उदाहरण होगा कि ये काल व्याख्या में कैसे मदद करते हैं। इसकी प्रक्रिया और परिणति दोनों को दर्शाने के लिए इसका प्रयोग कई अलग-अलग कालों में किया गया था:
   1. अनिर्दिष्टकाल - "उद्धार हुआ है" (तुलना रोमियों 8:24)
   2. पूर्ण - " उद्धार हुआ है और परिणाम जारी है" (तुलना इफिसियों 2:5,8)
   3. वर्तमान - "उद्धार पाते हो" (तुलना। कुरिन्थियों 1:18; 15:2)
   4. भविष्य - " उद्धार पाएँगे" (तुलना रोमियों 5:9,10; 10:9)

C. क्रिया काल पर ध्यान केंद्रित करने के लिए, व्याख्याकार उन कारणों को ढूँढते हैं जिनकी वजह से मूल लेखक ने स्वयं को व्यक्त करने के लिए एक विशेष काल को चुना। मानक "बिना तामझाम" काल था अनिर्दिष्टकाल। यह नियमित "अविशिष्ट," "अचिह्नित," या "अविरत" क्रिया रूप था। इसका प्रयोग विभिन्न तरीकों से किया जा सकता है, जिसे संदर्भ को निर्दिष्ट करना होगा। यह बस कहता था कि कुछ हुआ। बीते समय का पहलू केवल निर्देशात्मक भाव में नियत है। यदि किसी अन्य काल का प्रयोग किया जाता था, तो कुछ अधिक विशिष्ट पर जोर दिया जा रहा था। पर क्या?
   1. पूर्ण काल। यह परिणामों के बने रहने के साथ एक पूर्ण कार्य की बात करता है। कुछ मायनों में यह अनिर्दिष्टकाल और वर्तमान काल का संयोजन था। सामान्यतः बने रहने वाले परिणामों या एक कार्य के पूरा होने पर ध्यान केंद्रित किया जाता है (उदाहरण: इफिसियों 2:5 & 8, "तुम्हारा उद्धार हुआ है और जारी है")।
   2. पूर्णभूत काल। यह एकदम पूर्णकाल जैसा था, सिवाय इसके कि परिणाम रुक गए हैं। उदाहरण: "पतरस बाहर द्वार पर खड़ा रहा" (यूहन्ना 18:16)।
   3. वर्तमान काल। यह अधूरी या अपूर्ण क्रिया की बात करता है। सामान्यतः घटना की निरंतरता पर ध्यान केंद्रित करता है। उदाहरण: "जो उसमें बना रहता है, वह पाप नहीं करता।" "जो परमेश्वर से उत्पन्न हुआ है, वह पाप नहीं करता" (1 यूहन्ना 3:6, 9)।
   4. अपूर्ण काल। इस काल में वर्तमान काल से संबंध पूर्ण और पूर्णभूत के बीच के संबंध के अनुरूप है। अपूर्ण काल अधूरी क्रिया की बात करता है जो हो रही थी लेकिन अब रुक गई है या भूतकाल में एक क्रिया की शुरुआत। उदाहरण: "तब उसके पास यरूशलेम के लोग निकल आए" या "फिर यरूशलेम के लोगों ने उसके पास जाना शुरू कर दिया" (मत्ती 3:5)।

5. भविष्य काल। यह एक क्रिया की बात करता है जिसे सामान्य रूप से भविष्य की समय सीमा में प्रस्तुत किया गया था। यह वास्तविक घटना के बजाय एक घटना की संभावना पर केंद्रित होता है। यह अक्सर घटना की निश्चितता की बात करता है। उदाहरण: "धन्य हैं वे. . .होंगे. . ." (मत्ती 5:4-9)

II. वाच्य

A. वाच्य क्रिया के कार्य और उसके कर्त्ता के बीच के संबंध का वर्णन करता है।

B. कर्तृवाच्य सामान्य, अपेक्षित, बल-रहित तरीका है यह बताने का कि कर्त्ता क्रिया का कार्य कर रहा था।

C. कर्मवाच्य का मतलब है कि कर्त्ता एक बाहरी माध्यम द्वारा उत्पन्न क्रिया का कार्य प्राप्त कर रहा था। कार्य का उत्पन्न करने वाले बाहरी माध्यम को यूनानी नये नियम में निम्नलिखित पूर्वसर्गों और कारकों द्वारा इंगित किया गया था:
   1. अपादान कारक के साथ *hupo* द्वारा एक व्यक्तिगत प्रत्यक्ष माध्यम (तुलना मत्ती 1:22; प्रेरितों के काम 22:30)।
   2. अपादान कारक के साथ *dia* द्वारा एक व्यक्तिगत मध्यवर्ती माध्यम (तुलना मत्ती 1:22)।
   3. साधक कारक के साथ सामान्यतः *en* द्वारा एक अवैयक्तिक माध्यम।
   4. कभी-कभी मात्र साधक कारक के द्वारा या तो एक व्यक्तिगत या अवैयक्तिक माध्यम।

D. मध्यम वाचक का अर्थ है कि कर्त्ता क्रिया के कार्य को उत्पन्न करता है और क्रिया के कार्य में प्रत्यक्ष रूप से शामिल होता है। यह अक्सर उच्च व्यक्तिगत हित का वाचक कहा जाता है। इस संरचना ने किसी तरह से खण्ड या वाक्य के कर्त्ता पर जोर दिया। यह संरचना अंग्रेजी में नहीं मिलती है। इसकी यूनानी में अर्थ और अनुवाद की व्यापक संभावना है। रूप के कुछ उदाहरण हैं:
   1. निजवाचक - स्वयं पर विषय की प्रत्यक्ष कार्रवाई। उदाहरण: "खुद को फांसी लगा ली" (मत्ती 27:5)।
   2. गहन - कर्त्ता अपने लिए कार्य उत्पन्न करता है। उदाहरण: "शैतान भी ज्योतिर्मय स्वर्गदूत का रूप धारण करता है" (1 कुरिन्थियों 11:14)।
   3. पारस्परिक - दो विषयों का परस्पर संबंध। उदाहरण: "उन्होंने आपस में षड्यंत्र रचा" (मत्ती 26:4)।

III. भाव (या "रीति")

A. कोइन यूनानी में चार भाव हैं। वे क्रिया के वास्तविकता से संबंध की ओर संकेत करते हैं, कम से कम लेखक के स्वयं के मन में। भावों को दो व्यापक श्रेणियों में विभाजित किया गया है: जो कि वास्तविकता को इंगित करती है (निर्देशात्मक) और जो कि संभाव्यता को दर्शाती है (संशयर्थक, आज्ञार्थक और इच्छार्थक) ।

B. निर्देशात्मक भाव कम से कम लेखक के मन में होने उस कार्य को जो हो चुका है या हो रहा था, व्यक्त करने के लिए सामान्य भाव थी। यह एकमात्र यूनानी भाव था जिसने एक निश्चित समय व्यक्त करता था, और यहाँ भी यह पहलू माध्यमिक था।

C. संशयार्थ-सूचक भाव भविष्य के संभावित कार्य को व्यक्त करती थी। अभी तक कुछ नहीं हुआ है, लेकिन संभावना थी कि यह होगा। इसमें बहुत कुछ भविष्य के निर्देशात्मक के समान था। अंतर यह था कि संशयार्थ-सूचक कुछ हद तक संदेह व्यक्त करती है। अंग्रेजी में यह अक्सर "could," "would," may" या "might" शब्दों द्वारा व्यक्त किया जाता है।

D. इच्छार्थक भाव एक इच्छा को व्यक्त करता था जो सैद्धांतिक रूप से संभव थी। इसे संशयार्थ-सूचक की तुलना में वास्तविकता से एक कदम आगे माना जाता था। इच्छार्थक कुछ शर्तों के तहत संभावना को व्यक्त करता है। नए नियम में इच्छार्थक दुर्लभ था। इसका सबसे नियमित प्रयोग पौलुस का प्रसिद्ध वाक्यांश है, "ऐसा कदापि न हो" (KJV, "परमेश्वर न करे"), पंद्रह बार (तुलना रोमियों 3:4, 6, 31; 6:2,15; 7:7,13; 9:14; 11:1, 11; 1 कुरिन्थियों 6:15; गलातियों 2:17; 3:21; 6:14)। अन्य उदाहरण लूका 1:38, 20:16, प्रेरितों के काम 8:20 और 1 थिस्सलुनीकियों 3:11 में पाए जाते हैं।

E. आज्ञार्थक भाव एक आज्ञा पर जोर देता था जो संभव थी, लेकिन जोर वक्ता के अभिप्राय पर था। इसने केवल स्वेच्छिक संभाव्यता पर बल दिया और दूसरों की पसंद पर निर्भर थी। प्रार्थना और तीसरे व्यक्ति के अनुरोधों में आज्ञार्थक का विशेष प्रयोग था। ये संकेत नये नियम में केवल वर्तमान और अनिर्दिष्टकाल में पाए गए थे।

F. कुछ व्याकरण कृदंतों को दूसरे प्रकार के भाव के रूप में वर्गीकृत करते हैं। वे यूनानी के नये नियम में बहुत आम हैं, जिन्हें सामान्य रूप से क्रिया के विशेषणों के रूप में परिभाषित किया गया है। उनका अनुवाद मुख्य क्रिया के साथ किया जाता है जिससे वे संबंधित होते हैं। कृदंतों के अनुवाद में एक विस्तृत विविधता संभव थी। कई अंग्रेजी अनुवादों से परामर्श करना सबसे अच्छा है। बेकर द्वारा प्रकाशित *The Bible in Twenty Six Translations* यहाँ बड़ी सहायता करेगी।

G. अनिर्दिष्टकाल कर्तृवाच्य निर्देशात्मक एक घटना को दर्ज करने का सामान्य या "अचिह्नित" तरीका था। किसी भी अन्य काल, वाच्य या भाव का कुछ विशिष्ट व्याख्यात्मक महत्त्व था जो मूल लेखक सूचित करना चाहते थे।

IV. यूनानी शोध साधन (यूनानी से परिचित न होने वाले व्यक्ति के लिए निम्नलिखित अध्ययन साधन आवश्यक जानकारी प्रदान करेंगे)

A. Friberg, Barbara and Timothy. *Analytical Greek New Testament*. Grand Rapids: Baker, 1988.
B. Marshall, Alfred. *Interlinear Greek-English New Testament*. Grand Rapids: Zondervan, 1976.
C. Mounce, William D. *The Analytical Lexicon to the Greek New Testament*. Grand Rapids: Zondervan, 1993.
D. Summers, Ray. *Essentials of New Testament Greek*. Nashville: Broadman, 1950.

E. अकादमिक मान्यता प्राप्त कोइन यूनानी पत्राचार पाठ्यक्रम शिकागो, इलिनोइस में मूडी बाइबल संस्थान के माध्यम से उपलब्ध हैं।

V. संज्ञाएँ

A. वाक्य- रचना की दृष्टि से, संज्ञाओं को कारक के आधार पर वर्गीकृत किया गया है। कारक संज्ञा का वह विभक्त रूप है जो क्रिया और वाक्य के अन्य भागों से अपना संबंध दिखाता है। कोइन यूनानी में कई कारक कार्यों को पूर्वसर्गों द्वारा इंगित किया गया था। चूंकि कारक रूप कई अलग-अलग रिश्तों की पहचान करने में सक्षम था, इसलिए इन संभावित कार्यों को स्पष्ट रूप से अलग करने के लिए पूर्वसर्ग विकसित हुए।

B. यूनानी कारकों को निम्नलिखित आठ तरीकों से वर्गीकृत किया गया है:
   1. कर्त्ता कारक का प्रयोग नामकरण के लिए किया जाता था और यह सामान्य रूप से वाक्य या खंड का कर्त्ता था। इसका प्रयोग जोड़ने वाली क्रियाओं "होना" या "बनना" के साथ विधेय संज्ञा और विशेषण के लिए भी किया जाता था।
   2. संबंध कारक का प्रयोग विवरण के लिए किया जाता था और सामान्य रूप से उस शब्द को एक विशेषता या गुण प्रदान करता था जिससे वह संबंधित था। यह इस प्रश्न का उत्तर देता था, "किस प्रकार का?" इसे अक्सर अंग्रेजी के पूर्वसर्ग "का" के प्रयोग द्वारा व्यक्त किया जाता था।
   3. अपादान कारक ने संबंध कारक के समान ही विभक्त रूप का प्रयोग किया, लेकिन इसका प्रयोग पृथक्करण का वर्णन करने के लिए किया गया था। यह सामान्य रूप से समय, स्थान, स्रोत, उत्पत्ति या स्तर में एक बिंदु से अलग होने को दर्शाता है। इसे अक्सर अंग्रेजी पूर्वसर्ग "से" के प्रयोग द्वारा व्यक्त किया जाता था।
   4. सम्प्रदान कारक का प्रयोग व्यक्तिगत रुचि का वर्णन करने के लिए किया जाता था। यह एक सकारात्मक या नकारात्मक पहलू को दर्शाता है। अक्सर यह गौण कर्म होता था। यह अक्सर अंग्रेजी पूर्वसर्ग "के लिए" द्वारा व्यक्त किया जाता था।
   5. अधिकरण सम्प्रदान कारक के समान ही विभक्त रूप था, लेकिन यह स्थान, समय या तार्किक सीमा में स्थिति या स्थान का वर्णन करता था। यह अक्सर अंग्रेजी के पूर्वसर्गों "में, पर, के बीच, दौरान, पर, और बगल में" द्वारा व्यक्त किया जाता था।
   6. करण कारक समान रूप से विभक्त और स्थानिक मामलों का था। इसका अर्थ है साधन या संगति। यह अक्सर अंग्रेजी प्रस्ताव द्वारा, "द्वारा" या "के साथ" व्यक्त किया गया था।
   7. कर्म कारक का प्रयोग किसी कार्य के निष्कर्ष का वर्णन करने के लिए किया गया था। यह एक सीमा- बंधन व्यक्त करता था। इसका मुख्य प्रयोग प्रत्यक्ष कर्म था। यह इस प्रश्न का उत्तर देता था, "कितनी दूर?" या "किस हद तक?"
   8. संबोधन कारक का प्रयोग सीधे संबोधन के लिए किया जाता था।

VI. सम्मुच्यबोधक और योजक

A. यूनानी बहुत सटीक भाषा है क्योंकि इसमें बहुत सारे संयोजक हैं। वे विचारों (खंड, वाक्य और अनुच्छेद) को जोड़ते हैं। वे इतने सामान्य हैं कि उनकी अनुपस्थिति (asyndeton) अक्सर टीका संबंधी दृष्टि से महत्त्वपूर्ण है। वास्तव में, ये सम्मुच्यबोधक और योजक लेखक के विचार की दिशा दिखाते हैं। वे अक्सर यह निर्धारित करने में महत्त्वपूर्ण होते हैं कि वह वास्तव में क्या कहने की कोशिश कर रहा है।

B. यहाँ कुछ सम्मुच्यबोधकों और योजकों और उनके अर्थों की एक सूची दी गई है (यह अधिकतर जानकारी H. E. Dana and Julius K. Mantey's *A Manual Grammar of the Greek New Testament* से ली गई है)।

1. समय योजक
    a. *epei, epeidē, hopote, hōs, hote, hotan* (संशयार्थ-सूचक) - "जब"
    b. *heōs* - "जबकि"
    c. *hotan, epan* (संशयार्थ-सूचक) - "जब भी"
    d. *heōs, achri, mechri* (संशयार्थ-सूचक) - "जब तक"
    e. *priv* (क्रियार्थक) - "पहले"
    f. *hōs* - "चूंकि," "कब," "जैसा कि"
2. तर्क-संगत योजक
    a. उद्देश्य
        (1) *hina* (संशयार्थ-सूचक), *hopōs* (संशयार्थ-सूचक), *hōs* - "इसलिए कि," "कि"
        (2) *hōste* (संधायक कर्म कारक क्रियार्थक) - "कि"
        (3) *pros* (संधायक कर्म कारक क्रियार्थक) या *eis* (संधायक कर्म कारक क्रियार्थक) - "कि"
    b. परिणाम (उद्देश्य और परिणाम के व्याकरणिक रूपों के बीच घनिष्ठ संबंध है)
        (1) *hōste* (क्रियार्थक, यह सबसे आम है) - "इसलिए कि", "अतः"
        (2) *hiva* (संशयार्थ-सूचक) - "इसलिए कि"
        (3) *ara* - "ताकि"
    c. कारणात्मक या कारण
        (1) *gar* (कारण/प्रभाव या कारण/निष्कर्ष) - "के लिए," "क्योंकि"
        (2) *dioti, hotiy* - "क्योंकि"
        (3) *epei, epeidē, hōs* - "चूंकि"
        (4) *dia* (कर्म कारक के साथ) और (संधायक क्रियार्थक के साथ) - "क्योंकि"
    d. आनुमानिक
        (1) *ara, poinun, hōste* - "इसलिए"
        (2) *dio* (सबसे मजबूत आनुमानिक सम्मुच्यबोधक) - "किस कारण," "कारण," "इसलिए"
        (3) *oun* - "इसलिए," "तो," "फिर," "फलस्वरूप"
        (4) *toinoun* - "तदनुसार"
    e. विरोधात्मक या विपरीत
        (1) *alla* (मजबूत विरोधात्मक) - "लेकिन," "के अलावा"
        (2) *de* - "लेकिन," "हालांकि," "फिर भी," "दूसरी ओर"
        (3) *kai* - "लेकिन"
        (4) *mentoi, oun* - "हालांकि"
        (5) *plēn* - "फिर भी" (अधिकतर लूका में)
        (6) *oun* - "हालांकि"

f. तुलना

(1) *hōs, kathōs* (तुलनात्मक खंडों को समाविष्ट करता है)

(2) *kata* (*katho, kathoti, kathōsper, kathaper* यौगिकों में)

(3) *hosos* (इब्रानी में)

(4) *ē* - "से"

g. निरंतर या श्रृंखला

(1) *de* - "और," "अब"

(2) *kai* - "और"

(3) *tei* - "और"

(4) *hina, oun* - "कि"

(5) *oun* - "तब" (यूहन्ना में)

3. प्रभावी प्रयोग

a. *alla* - "निश्चितता," "हाँ," "वास्तव में"

b. *ara* - "वास्तव में," "निश्चित रूप से," "सचमुच"

c. *gar* - "लेकिन वास्तव में," "निश्चित रूप से," "निःसन्देह"

d. *de* - "निःसन्देह"

e. *ean* - "यहाँ तक की"

f. *kai* - "यहाँ तक की," "निःसन्देह," "सचमुच"

g. *mentoi* - "निःसन्देह"

h. *oun* - "सचमुच," "हर प्रकार से"

VII. प्रतिबंधात्मक वाक्य

A. प्रतिबंधात्मक वाक्य वह है जिसमें एक या अधिक प्रतिबंधात्मक खंड होते हैं। यह व्याकरणिक संरचना व्याख्या में सहायता करती है क्योंकि यह नियम, कारण या वजह बताती है कि मुख्य क्रिया का कार्य क्यों होता है या नहीं होता है। प्रतिबंधात्मक वाक्यों के चार प्रकार थे। वे उससे जो लेखक के दृष्टिकोण से या उसके उद्देश्य के लिए सही माना जाता था उस ओर आगे बढ़ते हैं जो केवल एक इच्छा थी।

B. प्रथम श्रेणी प्रतिबंधात्मक वाक्य उस कार्य को जो लेखक के दृष्टिकोण से या उसके उद्देश्यों के लिए सही माना गया था, भले ही इसे "यदि" के साथ व्यक्त किया गया हो, व्यक्त करता है। कई संदर्भों में इसका अनुवाद "चूंकि" (तुलना मत्ती 4:3; रोमियों 8:31) किया जा सकता है। हालाँकि, इसका अर्थ यह नहीं है कि सभी प्रथम श्रेणी वास्तविक रूप से सही हैं। अक्सर वे एक तर्क में एक बात सिद्ध करने के लिए या एक भ्रांति (तुलना मत्ती 12:27) को उजागर करने के लिए प्रयोग किया जाता था।

C. द्वितीय श्रेणी प्रतिबंधात्मक वाक्य को अक्सर "तथ्य के विपरीत" कहा जाता है। यह एक बात सिद्ध करने के लिए कुछ ऐसा कहता है वास्तविकता से असत्य था। उदाहरण:

1. "यदि यह मनुष्य नबी होता तो जो वह नहीं है, तो जान जाता कि वह स्त्री जो उसे छू रही है, कौन है और कैसी है, लेकिन वह नहीं जानता" (लूका 7:39)
2. "यदि मूसा का विश्वास करते, जो तुम नहीं करते, तो मेरा भी विश्वास करते, जो तुम नहीं करते" (यूहन्ना 5:46) यूहन्ना 4:10; 8:19,39,42; 9:33,41; 11:21,32; 14:2,11,28; 15:19; 19:11 भी देखें।
3. "यदि मैं अब तक मनुष्यों को प्रसन्न करने का प्रयत्न करता रहता, जो मैं नहीं कर रहा, तो मैं मसीह का दास न होता, जो मैं हूँ" (गलातियों 1:10)

D. तृतीय श्रेणी भविष्य के संभावित कार्य की बात करती है। यह अक्सर उस कार्य की संभावना को मान लेता है। सामान्य रूप से इसका तात्पर्य एक आकस्मिकता है। मुख्य क्रिया का कार्य "यदि" खंड में कार्य पर आकस्मिक है। 1 यूहन्ना से उदाहरण: 1:6-10; 2:4,6,9,15,20,21,24,29; 3:21; 4:20; 5:14,16।

E. चतुर्थ श्रेणी संभावना से हटकर सबसे दूर है। यह नये नियम में दुर्लभ है। वास्तव में, कोई पूर्ण चतुर्थ श्रेणी प्रतिबंधात्मक वाक्य नहीं है जिसमें प्रतिबंध के दोनों भाग परिभाषा में उचित बैठते हैं। आंशिक चतुर्थ श्रेणी का एक उदाहरण 1 पतरस 3:14 में शुरुआती खंड है। समापन खंड में आंशिक चतुर्थ श्रेणी का एक उदाहरण प्रेरितों के काम 8:31 है।

VIII. निषेध

A. MĒ सामान्य प्रत्यय के साथ वर्तमान आज्ञार्थक अक्सर (लेकिन विशेष रूप से नहीं) पहले से ही प्रक्रिया में एक कार्य को रोकने पर जोर देता है। कुछ उदाहरण: "अपने लिए पृथ्वी पर धन-संचय मत करो. . ." (मत्ती 6:19); "अपने प्राण के लिए यह चिंता न करना. . ." (मत्ती 6:25); "न अपने शरीर के अंगों को अधर्म के हथियार बनाकर पाप को सौंपो..." (रोमियों 6:13); "परमेश्वर के पवित्र आत्मा को शोकित मत करो. . ." (इफिसियों 4:30); और "दाखरस पीकर मतवाले न बनो. . ." (5:18)।

B. MĒ सामान्य प्रत्यय के साथ अनिर्दिष्टकाल संशयार्थ-सूचक का जोर "किसी कार्य को शुरू या आरम्भ भी नहीं करने" पर है। कुछ उदाहरण: "यह न समझो कि. . ." (मत्ती 5:17); "चिंता न करो. . ." (मत्ती 6:31); "तू न लज्जित हो. . ." (2 तीमुथियुस 1:8)।

C. संशयार्थ-सूचक भाव के साथ दोहरा नकारात्मक एक बहुत ही सशक्त खण्डन है। "नहीं, कभी नहीं" या "किसी भी परिस्थिति में नहीं।" कुछ उदाहरण: "वह कभी नहीं, कभी मृत्यु को न देखेगा" (यूहन्ना 8:51); "मैं फिर कभी नहीं, नहीं, कभी नहीं. . ." (1 कुरिन्थियों 8:13)।

IX. एक शब्द वर्ग

A. कोइन यूनानी में निश्चयवाचक उपपद "the" का अंग्रेजी के समान प्रयोग था। इसका मूल कार्य "एक सूचक" के

समान था, एक शब्द, नाम या वाक्यांश पर ध्यान आकर्षित करने का एक तरीका। नए नियम में इसका प्रयोग भिन्न-भिन्न लेखकों ने भिन्न- भिन्न प्रकार से किया है। निश्चयवाचक उपपद भी इस प्रकार कार्य कर सकता है

1. एक संकेतवाचक सर्वनाम की तरह एक विपरीत रचना;
2. पहले से प्रस्तुत विषय या व्यक्ति को संदर्भित करने के लिए एक संकेत के रूप में;
3. एक संयोजक क्रिया के साथ एक वाक्य में कर्त्ता की पहचान करने के तरीके के रूप में। उदाहरण: "परमेश्वर आत्मा है" यूहन्ना 4:24; "परमेश्वर ज्योति है" 1 यूहन्ना 1:5; "परमेश्वर प्रेम है" 4:8,16।

B. कोइन यूनानी में अंग्रेजी "a" या "an" जैसा अनिश्चयवाचक उपपद नहीं था। निश्चयवाचक उपपद की अनुपस्थिति का अर्थ हो सकता है

1. किसी चीज़ की विशेषताओं या गुणवत्ता पर ध्यान केंद्रित करना
2. किसी चीज़ की श्रेणी पर ध्यान केंद्रित करना

C. नये नियम के लेखक व्यापक रूप से इस बात पर ध्यान केंद्रित करते हैं कि उपपद को किस प्रकार प्रयुक्त किया गया।

X. यूनानी नये नियम में महत्त्व दिखाने के तरीके

A. नये नियम में भिन्न-भिन्न लेखकों में महत्त्व दिखाने की तकनीकों में भिन्नता है। सबसे सुसंगत और औपचारिक लेखक लूका और इब्रानियों के लेखक थे।

B. हमने पहले कहा है कि अनिर्दिष्टकाल कर्तृवाच्य निर्देशात्मक मानक और महत्त्व के लिए अचिह्नित था, लेकिन किसी भी अन्य काल, वाच्य या भाव का व्याख्यात्मक महत्त्व था। इसका अर्थ यह नहीं है कि अनिर्दिष्टकाल कर्तृवाच्य निर्देशात्मक अक्सर एक महत्त्वपूर्ण व्याकरणिक अर्थ में प्रयोग नहीं किया जा रहा था। उदाहरण: रोमियों 6:10 (दो बार)।

C. कोइन यूनानी में शब्द क्रम

1. कोइन यूनानी एक उपेक्षित भाषा थी जो शब्द क्रम पर अंग्रेजी की तरह निर्भर नहीं थी। इसलिए, लेखक सामान्य अपेक्षित क्रम को बदल सकता था यह दर्शाने के लिए
    a. लेखक पाठक के लिए जिस बात पर महत्त्व देना चाहता था
    b. लेखक ने जो सोचा वह पाठक के लिए आश्चर्यजनक होगा
    c. लेखक ने जिस बात को गहराई से महसूस किया
2. यूनानी में सामान्य शब्द क्रम एक अस्थिर मुद्दा है। हालाँकि, कथित सामान्य क्रम है:
    a. संयोजक क्रियाओं के लिए
        (1) क्रिया
        (2) कर्त्ता
        (3) पूरक

b. सकर्मक क्रियाओं के लिए
   (1) क्रिया
   (2) कर्त्ता
   (3) कर्म
   (4) अप्रत्यक्ष कर्म
   (5) पूर्वसर्गिक वाक्यांश
c. संज्ञा वाक्यांशों के लिए
   (1) संज्ञा
   (2) संशोधक
   (3) पूर्वसर्गिक वाक्यांश

3. शब्द क्रम एक अत्यंत महत्त्वपूर्ण टीका संबंधी मुद्दा हो सकता है। उदाहरण:
   a. "उन्होंने मुझे और बरनाबास को संगति का दाहिना हाथ दिया।" वाक्यांश "संगति का दाहिना हाथ" इसके महत्त्व को दर्शाने के लिए विभाजित और अग्रीकृत है (गलातियों 2:9)।
   b. "मसीह के साथ" पहले रखा गया। उसकी मृत्यु महत्त्वपूर्ण थी (गलातियों 2:20)
   c. "बार बार तथा अनेक प्रकार से" (इब्रानियों 1:1) को पहले रखा गया ।परमेश्वर ने स्वयं को कैसे प्रकट किया यह इस बात की विषमता है, प्रकटीकरण के तथ्य की नहीं।

D. सामान्यतः कुछ सीमा तक इनके द्वारा महत्त्व दिखाया गया था
   1. सर्वनाम की पुनरावृत्ति जो क्रिया के विभक्त रूप में पहले से ही मौजूद था। उदाहरण: "मैं, स्वयं, अवश्य तुम्हारे साथ रहूँगा. . ." (मत्ती 28:20)।
   2. शब्दों, वाक्यांशों, खंडों या वाक्यों के बीच अपेक्षित सम्मुच्यबोधक, या अन्य संयोजक रचना की अनुपस्थिति। यह एक संयोजक-लोप अलंकार ("बाध्य नहीं") कहा जाता है। संयोजक रचना अपेक्षित थी, इसलिए इसकी अनुपस्थिति ध्यान आकर्षित करेगी। उदाहरण:
      a. धन्य वचन, मत्ती 5:3ff (सूची पर महत्त्व दिया)
      b. यूहन्ना 14:1 (नया विषय)
      c. रोमियों 9:1 (नया खंड)
      d. 2 कुरिन्थियों 12:20 (सूची पर महत्त्व दिया)
   3. किसी दिए गए संदर्भ में मौजूद शब्दों या वाक्यांशों की पुनरावृत्ति। उदाहरण: "उसकी महिमा की स्तुति" (इफिसियों 1:6, 12 और 14)। इस वाक्यांश का प्रयोग त्रिएकत्व के प्रत्येक व्यक्ति के कार्य को दिखाने के लिए किया गया था।
   4. शब्दों के बीच एक मुहावरे या शब्द (ध्वनि) क्रीड़ा का प्रयोग
      a. व्यंजना - वर्जित विषयों के लिए स्थानापन्न शब्द, जैसे मृत्यु के लिए "नींद" (यूहन्ना 11:11-14) या "पैर" पुरुष जननांग के लिए (रूत 3:7-8; 1 शमूएल 24:3)।
      b. शब्द-बाहुल्य - परमेश्वर के नाम के लिए स्थानापन्न शब्द, जैसे "स्वर्ग का राज्य" (मत्ती 3:2) या "आकाशवाणी" (मत्ती 3:17)।
      c. अलंकार

(1) असंभव अतिशयोक्ति (मत्ती 3:9; 5:29-30; 19:24)

(2) सौम्य अतिशयोक्तिपूर्ण कथन (मत्ती 3:5; प्रेरितों के काम 2:36)

(3) मानवीकरण (1 कुरिन्थियों 15:55)

(4) विडंबना (गलातियों 5:12)

(5) काव्यात्मक अवतरण (फिलिप्पियों 2:6-11)

(6) शब्दों के बीच ध्वनि क्रीड़ाएँ

(a) "कलीसिया"

i. "कलीसिया" (इफिसियों 3:21)

ii. "बुलाहट" (इफिसियों 4:1,4)

iii. "बुलाए गए" (इफिसियों 4:1,4)

(b) "स्वतंत्र"

i. "स्वतंत्र स्त्री" (गलातियों 4:31)

ii. "स्वतंत्रता" (गलातियों 5:1)

iii. "स्वतंत्र" (गलातियों 5:1)

d. मुहावरेदार भाषा - वह भाषा जो सामान्य रूप से सांस्कृतिक और भाषा विशिष्ट है:

(1) "भोजन" का आलंकारिक प्रयोग (यूहन्ना 4:31-34)

(2) "मंदिर" का आलंकारिक प्रयोग (यूहन्ना 2:19; मत्ती 26:61)

(3) दया का इब्रानी मुहावरा, "अप्रिय" (उत्पत्ति 29:31;व्यवस्थाविवरण 21:11; लूका 14:36; यूहन्ना 12:25; रोमियों 9:13)

(4) "सब" बनाम "बहुतों" यशायाह 53:6 ("सब") की तुलना 53:11 और 12 ("बहुतों") के साथ करें। शब्द समानार्थी हैं जैसा रोमियों 5:18 और 19 दर्शाते हैं।

5. एक शब्द के बजाय एक पूर्ण भाषाई वाक्यांश का प्रयोग। उदाहरण: "प्रभु यीशु मसीह।"

6. *autos* का विशेष प्रयोग

a. जब उपपद के साथ (गुणवाचक स्थिति) हो, इसका अनुवाद किया गया "वही"।

b. जब उपपद के बिना (विधेय की स्थिति) हो, अवधारक निजवाचक सर्वनाम के रूप में इसका अनुवाद किया गया- "स्वयं (पुल्लिंग)," "स्वयं (स्त्रीलिंग)," या "स्वयं (नपुसकलिंग)।"

E. गैर-यूनानी पढ़ने वाला बाइबल छात्र कई तरीकों से महत्त्व (जोर) की पहचान कर सकता है:

1. एक विश्लेषणात्मक शब्द-संग्रह और अंतः पंक्तिक यूनानी/अंग्रेजी पाठ्य का प्रयोग।

2. अंग्रेज़ी अनुवादों की तुलना, विशेष रूप से अनुवादों के भिन्न सिद्धांतों से। उदाहरण: "शब्दशः" अनुवाद (KJV, NKJV, ASV, NASB, RSV, NRSV) की तुलना "सक्रिय समतुल्य" (Williams, NIV, NEB, REB, JB, NJB,TEV) के साथ। यहाँ *The Bible in Twenty-Six Translations* published by Baker, एक अच्छी सहायक होगी।

3. *The Emphasized Bible* by Joseph Bryant Rotherham (Kregel, 1994) का प्रयोग।

4. एक बहुत ही शाब्दिक अनुवाद का प्रयोग

a. *The American Standard Version* of 1901

b. *Young's Literal Translation of the Bible* by Robert Young (Guardian Press, 1976).

व्याकरण का अध्ययन थकाऊ है लेकिन उचित व्याख्या के लिए आवश्यक है। ये संक्षिप्त परिभाषाएँ, टिप्पणियाँ और उदाहरण गैर-यूनानी पढ़ने वाले व्यक्तियों को इस खण्ड में उपलब्ध व्याकरणिक टिप्पणियों का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित और सुसज्जित करने के लिए हैं। निश्चित रूप से इन परिभाषाओं को अति सरलीकृत किया जाता है। उन्हें एक हठधर्मी, अनम्य तरीके से नहीं, परन्तु नए नियम के वाक्यविन्यास की अधिक समझ की ओर बढ़ने के लिए एक सोपान के रूप में प्रयोग किया जाना चाहिए। उम्मीद है कि ये परिभाषाएँ नये नियम पर पारिभाषिक टिप्पणियों जैसे अन्य अध्ययन साधनों की टिप्पणियों को समझने के लिए पाठकों को सक्षम बनाएँगी।

हमें बाइबल के पाठों में मिली जानकारी के आधार पर अपनी व्याख्या को सत्यापित करने में सक्षम होना चाहिए। व्याकरण इन बातों में से सबसे अधिक उपयोगी है; अन्य बातों में ऐतिहासिक विन्यास, साहित्यिक संदर्भ, समकालीन शब्द प्रयोग और समानांतर अवतरण होंगे।

रोमियों 1-3 पर नमूना कार्य पत्रक

I. पहला वाचन

A. व्यापक उद्देश्य: मनुष्य परमेश्वर के साथ किस प्रकार से सही है, आरम्भ में और चल रहा है, दोनों?

B. मुख्य विषय: 1:16-17

C. साहित्यिक शैली: पत्र

II. दूसरा वाचन

A. प्रमुख साहित्यिक इकाइयाँ
   1. 1:1-17
   2. 1:18-3:21
   3. 4:1-5:21
   4. 6:1-8:39
   5. 9:1-11:36
   6. 12:1-15:37
   7. 16:1-27

B. प्रमुख साहित्यिक इकाइयों का सारांश
   1. प्रस्तावना और विषय, 1:1-17
   2. सभी मनुष्यों का पाप, 1:18-3:21
   3. धर्मी ठहराया जाना एक वरदान है, 4:1-5:21
   4. धर्मी ठहराया जाना एक जीवन शैली है, 6:1-8:39
   5. धर्मी ठहराए जाने से यहूदियों का संबंध, 9:1-11:36
   6. दैनिक जीवन में धर्मी ठहराए जाने को किस प्रकार जिएं, 12:1-15:37
   7. अंतिम अभिवादन और निर्देश 16:1-27

III. तीसरा वाचन

A. ऐतिहासिक विन्यास के विषय में आंतरिक जानकारी
   1. लेखक
      a. पौलुस, 1:1
      b. मसीह यीशु का दास, 1:1
      c. एक प्रेरित, 1:1, 5
      d. अन्यजातियों को, 1:5, 14
   2. तिथि
      a. पौलुस के परिवर्तन और बुलाहट के बाद 1:1
      b. रोम में कलीसिया की शुरुआत और उसके प्रभाव के बढ़ने के समय के बाद, 1:8
   3. प्राप्तकर्ता
      a. परमेश्वर के प्यारे, 1:7
      b. रोम में, 1:7
   4. अवसर
      a. उनका विश्वास अच्छी तरह से जाना जाता है, 1:8
      b. पौलुस अक्सर उनके लिए प्रार्थना करता है, 1:9-10
      c. पौलुस व्यक्तिगत रूप से उनसे मिलना चाहता है, 1:11

d. पौलुस उन्हें आत्मिक वरदान प्रदान करना चाहता है, 1:11, 15
e. उनकी मुलाकात से दोनों को प्रोत्साहन मिलेगा, 1:12
f. राजधानी में चर्च के लिए लिखा को आने से रोका गया, 1:13

5. ऐतिहासिक विन्यास
   a. रोमी साम्राज्य की राजधानी की कलीसिया के लिए लिखा गया
   b. प्रत्यक्ष रूप से पौलुस वहाँ कभी नहीं गया था, 1:1-13
   c. प्रत्यक्ष रूप से रोमी साम्राज्य, और विशेष रूप सेरोमियों ही, बहुत अनैतिक और मूर्तिपूजक था, 1:11ff.
      (1) मूर्तियाँ, 1:21-23
      (2) समलैंगिकता, 1:26-27
      (3) निक्कमे मन, 1:28-31
   d. प्रत्यक्ष रूप सेरोमियों में यहूदियों की एक बड़ी आबादी थी, 2:17-2:31; 9-11 (संभवतः विश्वासी यहूदियों और विश्वासी अन्यजातियों के बीच तनाव बढ़ रहा था।)

B. विभिन्न अनुच्छेद विभाग

ASV (शाब्दिक)	**Jerusalem Bible** (मुहावरेदार)	**Williams** (मुहावरेदार)
पहली इकाई, 1:1-17	**पहली इकाई, 1:1-17**	**पहली इकाई, 1:1-17**
1:1-7	1:1-2	1:1-7
1:8-15	1:3-7	1:8-15
1:16-17	1:8-15	
	दूसरी इकाई, 1:16-3:31	**दूसरी इकाई**
दूसरी इकाई, 1:18-3:31	1:16-17	1:16-23
1:18-23	1:18-25	
1:24-25		**तीसरी इकाई**
1:26-27	1:26-27	1:24-32
1:28-32	1:28-32	
2:1-16	2:1-11	**चौथी इकाई**
2:17-29	2:12-16	2:1-16
3:1-8	2:17-24	2:1-11
3:9-18	2:25-29	2:12-26
3:19-20	3:1-8	
3:21-30	3:9-18	**पाँचवी इकाई**
3:31	3:19-20	2:17-29
	3:21-26	2:17-24
	3:27-31	2:25-29
		छठी इकाई
		3:1-18
		3:1-8
		3:9-18
		सातवीं इकाई
		3:19-31
		3:19-20
		3:21-26
		3:27-31

C. सारांश के साथ विषयवस्तु रूपरेखा
   1. प्रस्तावना और विषय, 1:1-17
      a. लेखक का परिचय, 1:1-2
      b. प्राप्तकर्ताओं का परिचय, 1:3-7
      c. आरंभिक प्रार्थना, 1:8-15
      d. विषय, 1:16-17
   2. सभी मनुष्यों का पाप, 1:18-3:21
      a. अन्यजाति के कृत्यों में देखे गए उनके पाप, 1:18-32
      b. यहूदियों के कृत्यों में देखे गए उनके पाप, 2:1-11
      c. उनकी राष्ट्रीय आशा, 2:12-3:8
         (1) उनकी व्यवस्था उन्हें उद्धार नहीं देगी, 2:12-24
         (2) उनका खतना उन्हें उद्धार नहीं देगा, 2:25-29
         (3) उनकी विरासत उन्हें उद्धार नहीं देगी, 3:1-8
      d. सभी मनुष्यों का पाप, 3:9-20
      e. सभी मनुष्यों की आशा, 3:21-31

IV. चौथा वाचन (नमूना, 1:1-3:21, केवल केंद्रीय पाठ)

A. विशिष्ट सूची
   1. (हालाँकि यह नमूना 1:1-3:21 तक सीमित है। विशेष सूचियों का एक अच्छा उदाहरण शब्द "अतः", 2:1; 5:1; 8:1; 12:1, में पाया जाता है जिसका प्रयोग पौलुस के विचार के प्रवाह का सार प्रस्तुत करने के तरीके के रूप में किया जाता है।)
   2. "सुसमाचार" का प्रयोग
      a. 1:1, परमेश्वर के सुसमाचार के लिए अलग किया गया
      b. 1:9, उसके पुत्र का सुसमाचार
      c. 1:15, सुसमाचार का प्रचार करने के लिए
      d. 1:16, मैं सुसमाचार से नहीं लजाता
      e. 2:16, मेरे सुसमाचार के अनुसार
      [इस सूची और संदर्भ से सुसमाचार के बारे में बहुत कुछ पता लगाया जा सकता है।]
   3. परमेश्वर के क्रोध और न्याय का संदर्भ
      a. 1:18, परमेश्वर का क्रोध
      b. 1:24, 26, 28, परमेश्वर ने उन्हें छोड़ दिया
      c. 2:1, परमेश्वर का न्याय उन लोगों पर आता है जो ऐसे काम करते हैं
      d. 2:3, परमेश्वर का न्याय
      e. 2:5-6, (दोनों पद)
      f. 2:12, नष्ट हो जाएगा
      g. 2:16, जिस दिन. . .परमेश्वर मनुष्यों की गुप्त बातों का न्याय करेगा
      h. 3:6, परमेश्वर जगत का न्याय करता है

B. मुख्य शब्द या वाक्यांश
   1. 1:1, प्रेरित
   2. 1:1, परमेश्वर का सुसमाचार
   3. 1:4, परमेश्वर का पुत्र
   4. 1:5, अनुग्रह...विश्वास
   5. 1:6, बुलाए गए
   6. 1:7, परमेश्वर के प्यारे
   7. 1:11, आत्मिक वरदान. . .कुछ फल (पद 13)

8. 1:16, उद्धार
9. 1:17, धार्मिकता
10. 1:18, परमेश्वर का क्रोध. . .परमेश्वर का न्याय (2:2)
11. 2:4, मन फिराव
12. 2:7, अमरता, अनन्त जीवन
13. 2:12, व्यवस्था
14. 2:15, विवेक
15. 3:4, धर्मी
16. 3:24, छुटकारा
17. 3:25, प्रायश्चित ठहराया जाना

C. कठिन अवतरण
1. शाब्दिक या अनुवादिक
   - 1:4, "पवित्रता की आत्मा" या "पवित्रता की आत्मा"
2. क्या हबक्कूक 2:4 का उचित अनुवाद रोमियों 1:1-7 में पाया जाता है?
3. ऐतिहासिक
   - 2:21-23, "तू जो सिखाता है. . ." (कब, कैसे और कहाँ यहूदियों ने ये काम किए?)
4. धर्मशास्त्रीय
   a. 1:4, ". . .वह सामर्थ्य के साथ परमेश्वर का पुत्र ठहरा है. . ." (या क्या यीशु का जन्म दिव्य था?)
   b. 2:14-15 (2:27), "फिर जब अन्यजाति लोग जिनके पास व्यवस्था नहीं, स्वभाव ही से व्यवस्था की बातों पर चलते हैं, . . .वे अपने लिए आप ही व्यवस्था हैं" (उन लोगों का क्या जिन्होंने कभी व्यवस्था को नहीं सुना लेकिन इसमें से कुछ का पालन करते हैं?)
   c. 3:1, "यहूदी को क्या लाभ?"

D. महत्त्वपूर्ण समानान्तर
1. वही पुस्तक
   - 1:18-3:21 एक साहित्यिक इकाई है
2. वही लेखक
   - गलातियों की पुस्तक समान सैद्धान्तिक सत्यों को प्रतिपादित करती है।
3. वही अवधि - कोई प्रत्यक्ष समानान्तर नहीं।
4. वही नियम- कोई प्रत्यक्ष समानान्तर नहीं।
5. संपूर्ण बाइबल - पौलुस हबक्कूक 1:4 का प्रयोग करता है। (वह अध्याय 4 में पुराने नियम के चरित्रों पर चर्चा करेगा)

E. धर्मशास्त्रीय विशिष्टता
1. प्राकृतिक प्रकटीकरण
   a. सृष्टि में, 1:18-23
   b. आंतरिक नैतिक चेतना में, 2:14-16
2. समस्त मानव जाति पाप में है

V. अनुप्रयोग (नमूना 1:1-3:21)

विस्तृत विषयवस्तु रूपरेखा	अनुप्रयोग बिंदु
A. प्रस्तावना और विषय (1:1-17) 1. लेखक का परिचय, 1:1-2 2. प्राप्तकर्ताओं का परिचय, 1:3-7 3. आरंभिक प्रार्थना, 1:8-15 4. विषय, 1:16-17	A. परमेश्वर की मसीह के माध्यम से मुफ़्त अनुग्रह वह बुलाहट है, जिसे पौलुस और रोमी लोगों ने माना और ग्रहण किया। यह प्रस्ताव सभी के लिए खुला है।
B. सभी मनुष्यों का पाप, 1:18-3:21 1. अन्यजातियों के कृत्यों में देखे गए उनके पाप, 1:18-31 2. यहूदियों के कृत्यों में देखे गए उनके पाप, 2:1-11 3. उनकी राष्ट्रीय आशा, 2:12-3:8 a. उनकी व्यवस्था उन्हें उद्धार नहीं देगी, 2:12-24 b. उनका खतना उन्हें उद्धार नहीं देगा, 2:25-29 c. उनकी विरासत उन्हें उद्धार नहीं देगी, 3:1-8 4. सभी मनुष्यों का पाप, 3:9-20 5. सभी मनुष्यों की आशा, 3:21-31	B. सभी लोग उनके बाहरी धार्मिक जीवन की, या उसकी कमी की परवाह किए बिना, उनके स्वयं के नहीं, मसीह के समाप्त किए गए कार्य में विश्वास के द्वारा उद्धार प्राप्त करेंगे 1:18-3:31 का मुख्य सारांश अवतरण है 3:21-30

तीतुस पर नमूना कार्य पत्रक (एक सम्पूर्ण पुस्तक)

I. पहला वाचन

A. बाइबल की इस पुस्तक का व्यापक उद्देश्य है:
अपने प्राचीनों के साथ स्थानीय कलीसियाओं की स्थापना की प्रक्रिया के दौरान, रूढ़िवादिता और सदाचार की सतत आवश्यकता पर जोर दिया गया है।

B. प्रमुख विषय
1. स्थानीय कलीसियाओं और प्राचीनों को स्थापित करना, 1:5
2. इनकी आवश्यकता पर ज़ोर देना:
a. रूढ़िवादिता - 1:9-11, 14; 2:1
b. सदाचार - 1:16; 3:8

C. साहित्यिक शैली: पत्र
1. अभिवादन 1:1-4
2. उपसंहार 3:12-15

II. दूसरा वाचन

A. प्रमुख साहित्यिक इकाइयाँ या विषयवस्तु विभाग:
1. 1:14
2. 1:5-9
3. 1:10-16
4. 2:1-10a
5. 2:10b-15
6. 3:1-11
7. 3:12-15

B. प्रमुख साहित्यिक इकाइयों या विषयवस्तु विभागों के विषयों का सारांश।
1. पत्र में पारंपरिक मसीही अभिवादन 1:1-4
2. प्राचीनों के लिए दिशानिर्देश, 1:5-9.
3. झूठी शिक्षाओं का निर्धारण करने के लिए दिशानिर्देश, 1:10-16
4. सामान्य तौर पर विश्वासियों के लिए दिशानिर्देश, 2:1-10a.
5. दिशानिर्देशों के लिए धर्मशास्त्रीय आधार, 2:10b-15
6. जो लोग समस्याएँ पैदा कर सकते हैं उनके लिए दिशानिर्देश, 3:1-11
7. पत्र में पारंपरिक मसीही उपसंहार, 3:12-15

III. तीसरा वाचन

A. पुस्तक के ऐतिहासिक विन्यास के विषय में आंतरिक जानकारी
1. लेखक
a. पौलुस, 1:1
b. परमेश्वर का दास, 1:1
c. यीशु मसीह का प्रेरित, 1:1
2. तिथि
a. तीतुस को लिखा गया, 1:4
(1) उसका उल्लेख प्रेरितों के काम में बिलकुल भी नहीं है
(2) वह स्पष्ट रूप से पौलुस की मिशनरी यात्राओं में से एक में परिवर्तित और नियुक्त हुआ, गलातियों 2:1
(3) वह एक खतनारहित अन्यजाति था, गलातियों 2:3
(4) वह पौलुस का संकट मोचक बन गया, 2 कुरिन्थियों 2:13; 2 तीमुथियुस 4:10; तीतुस 1:4.

b. पौलुस ने उसे क्रेते में छोड़ दिया, 1:5
(1) क्योंकि पादरी-संबंधी पत्रों का यात्रा कार्यक्रम प्रेरितों के काम के कालक्रम में ठीक नहीं बैठता है, यह संभवतः पौलुस की चौथी मिशनरी यात्रा है।
(2) यह माना जाता है कि पौलुस को प्रेरितों के काम की पुस्तक के समाप्त होने के बाद जेल से रिहा किया गया था। हालाँकि, उन्हें नीरो, जिसकी मृत्यु 68 ई. में हुई थी, के तहत फिर से गिरफ्तार किया गया और मार दिया गया।

3. प्राप्तकर्ता: पौलुस का वफादार सहकर्मी, तीतुस, लेकिन स्थानीय मण्डलियों के लिए पढ़े जाने के लिए भी।
4. अवसर: क्रेते द्वीप पर स्थानीय कलीसियाओं की स्थापना की सेवकाई को जारी रखना।
a. प्राचीनों को नियुक्त करना, 1:5
b. झूठे शिक्षकों का खण्डन करना, 1:9-11, 14-16; 3:9-11
c. विश्वासयोग्यों को प्रोहत्साहित करना

B. विभिन्न अनुच्छेद विभाग
1. अनुच्छेद विभाग

<u>शाब्दिक</u> <u>सक्रिय समतुल्य</u>

NASB	**NRSV**	**Jer. Bible***	**NIV***	**Williams***
पहली इकाई	**पहली इकाई**	**पहली इकाई**	**पहली इकाई**	**पहली इकाई**
1:1-4	1:1-3	1:1-4	1:1-4	1:1-4
	1:4		1:5-9	
			1:10-16	
दूसरी इकाई	**दूसरी इकाई**	**दूसरी इकाई**	**दूसरी इकाई**	
1:5-9	1:5-9	1:5-9	1:5-9	
1:10-16	1:10-16		1:10-16	
		तीसरी इकाई		
		1:10-14		
		1:15-16		
तीसरी इकाई	**तीसरी इकाई**	**चौथी इकाई**	**तीसरी इकाई**	**दूसरी इकाई**
2:1-14	2:1-2	2:1-10	2:1-2	2:1-10
2:15	2:3-5		2:3-5	2:11-14
	2:6-8		2:6-8	2:15
	2:9-10	**पाँचवी इकाई**	2:9-10	
	2:11-14	2:11-14	2:11-14	
	2:15	2:15	2:15	
चौथी इकाई	**चौथी इकाई**	**छठी इकाई**	**चौथी इकाई**	**तीसरी इकाई**
3:1-11	3:1-11	3:1-3	3:1-2	3:1-2
		3:4-8a	3:3-8	3:3-7
		सातवीं इकाई	3:9-11	3:8-11
		3:8b-11	**पाँचवी इकाई**	3:12
			3:12-14	3:13-14
		आठवीं इकाई	3:15	3:15
		3:12-14	3:12-14	3:12-14
		3:15	3:15	3:15

2. विभिन्न अनुवाद विषयवस्तु सारांश
   a. Jerusalem Bible
      (1) पहली इकाई यूनिट, "संबोधन", 1:1-4
      (2) दूसरी इकाई, "प्राचीनों की नियुक्ति", 1:5-9
      (3) तीसरी इकाई, "झूठे शिक्षकों का विरोध", 1:10-14, 15, 16
      (4) चौथी इकाई, "कुछ विशिष्ट नैतिक निर्देश", 2:1-10
      (5) पाँचवीं इकाई, "मसीही नैतिक जीवन का आधार", 2:11-14
      (6) छठी इकाई , "विश्वासियों के लिए सामान्य निर्देश", 3:1-3, 4-8a
      (7) सातवीं इकाई, "तीतुस को व्यक्तिगत सलाह", 3:8b -11
      (8) आठवीं इकाई, "व्यावहारिक सुझाव, विदाई और शुभकामनाएँ", 3:12-14, 15
   b. New International Version
      (1) पहली इकाई, अभिवादन, 1:1-4
      (2) दूसरी इकाई, "क्रेते पर तीतुस का कार्य," 1:5-9, 10-16
      (3) तीसरी इकाई, "विभिन्न समूहों को क्या सिखाया जाना चाहिए", 2:1-2, 3-5, 6-8,9-10, 11-14,15
      (4) चौथी इकाई, "जो अच्छा है उसे करना," 3:1-2, 3-8, 9-11
      (5) पाँचवीं इकाई, "अंतिम टिप्पणी," 3:12-14, 15
   c. Williams Translation
      (1) पहली इकाई, "कार्यों द्वारा पहचाने जाने वाले परमेश्वर के लोग," 1:1-4, 5-9, 10-16
      (2) दूसरी इकाई, "धार्मिकता के लिए बुलाए गए परमेश्वर के लोग," 2:1-10, 11-14, 15
      (3) तीसरी इकाई, "विश्वासियों को भले कार्य करने हैं," 3:1-2, 3-7,8-11, 12, 13-14, 15

C. अनुच्छेद विभागों के सारांश
   1. पत्र की पारंपरिक मसीही प्रस्तावना, 1:1-4
      a. किसकी ओर से, 1:1a
         (1) पौलुस
         (2) परमेश्वर का दास
         (3) यीशु मसीह का प्रेरित
      b. क्यों, 1:1b -3
         (1) विश्वास को प्रोत्साहित करने के लिए
         (2) उन्हें पूर्ण ज्ञान की ओर ले जाने के लिए
            (a) अनन्त जीवन की आशा में जिसका परमेश्वर ने वादा किया था
            (b) उचित समय पर परमेश्वर ने समझा दिया
            (c) संदेश के द्वारा जो परमेश्वर की आज्ञा से पौलुस को सौंपा गया
      c. किसे, 1:4a
         (1) तीतुस को
         (2) विश्वास के विचार से मेरा मेरा सच्चा पुत्र
      d. प्रार्थना, 1:4b
         (1) आत्मिक आशीष
         (2) शांति
         (3) की ओर से
            (a) परमेश्वर हमारे पिता
            (b) मसीह यीशु हमारे उद्धारकर्ता
   2. प्राचीनों के लिए मार्गदर्शक, 1:5-9
      a. दोष से परे, 1:6, 7
      b. एक पत्नी
      c. विश्वासी बच्चे

d. लुचपन के दोषी नहीं
e. निरंकुशता के दोषी नहीं
f. न हठी
g. न क्रोधी
h. न पियक्कड़
i. न मारपीट करनेवाला
j. न नीच कमाई का लोभी
k. अतिथि सत्कार करनेवाला
l. भलाई चाहनेवाला
m. समझदार
n. न्यायप्रिय
o. पवित्र जीवन
p. आत्म-संयमी
q. विश्वासयोग्य वचन पर स्थिर रहे
r. खरी शिक्षा से उपदेश देकर दूसरों को प्रोत्साहित करने में सक्षम
s. अपने विरोधियों का मुँह बन्द कर सके (2:15)

3. झूठे शिक्षण का निर्धारण करने के लिए दिशानिर्देश, 1:10-16
   a. निरंकुश
   b. कुछ न कह सकनेवाले बकवादी
   c. अपने मन के धोखेबाज़
   d. यहूदी तत्व
      (1) खतना, 1:10
      (2) यहूदी कल्पित कथाएँ, 1:14
      (3) वंशावलियाँ, 3:9
      (4) व्यवस्था संबंधी झगड़े, 3:9
   e. जो बातें नहीं सिखानी चाहिए उन्हे सिखाकर परिवारों को बिगाड़ते हैं
   f. अनुचित लाभ के लिए
   g. उनके मन और विवेक अशुद्ध हैं।
   h. अपने कामों से उसका इनकार करते हैं।
   i. घृणित
   j. आज्ञा न मानने वाले
   k. किसी भी भले कार्य के योग्य नहीं
4. विश्वासियों के लिए दिशानिर्देश, 2:1-10a, 12
   a. वृद्ध पुरुषों के लिए, 2:2
      (1) सचेत
      (2) गंभीर
      (3) समझदार
      (4) विश्वास में पक्के
      (5) प्रेम में पक्के
      (6) धैर्य में पक्के
   b. वृद्ध स्त्रियों के लिए, 2:3
      (1) चाल-चलन में पवित्र
      (2) न परनिंदक
      (3) न पियक्कड़
      (4) अच्छी बातें सिखानेवाली
      (5) युवा स्त्रियों को प्रोत्साहित करनेवाली

c. युवा स्त्रियों के लिए, 2:4-5
(1) प्रेमी पत्नियाँ बनें
(2) प्रेमी माताएँ बनें
(3) समझदार
(4) पवित्र
(5) सुगृहणी
(6) दयालु
(7) अपने पति के अधीन रहने वाली
d. युवा पुरुषों के लिए, 2:6-8
(1) संयमी
(2) भले कार्य करके स्वयं आदर्श बनें
(3) शुद्ध
(4) सिखाने में गम्भीरता
(5) खरा उपदेश
(6) दोषरहित
e. विश्वासी दास, 2:9-10
(1) अपने स्वामियों के अधीन रहें
(2) उन्हें उलटकर जवाब न दें
(3) उनसे चोरी चालाकी न करें
5. दिशानिर्देशों के लिए धर्मशास्त्रीय आधार, 2:10b -15; 3:4-7
a. सब बातों में हमारे उद्धारकर्ता परमेश्वर के उपदेश की शोभा बढ़ाएँ, 2:10b।
b. परमेश्वर का अनुग्रह सब मनुष्यों के लिए प्रकट हुआ है, 2:11।
c. धन्य आशा की प्रतीक्षा में (दूसरा आगमन), 2:13
d. यीशु ने परमेश्वर को प्रकट करने के लिए लोगों को मोल ले लिया, 2:14
e. परमेश्वर की कृपा और भलाई प्रकट की गई है, 3:4
f. परमेश्वर ने हमें हमारे कामों के आधार पर नहीं बचाया, 3:5
g. परमेश्वर ने हमें उसकी दया के आधार पर बचाया, 3:5
(1) नए जन्म के स्नान के द्वारा
(2) पवित्र आत्मा के नए बनाने के द्वारा
(3) दोनों मसीह के द्वारा दिए गए
(4) हम परमेश्वर के आगे धर्मी ठहराए गए हैं
(5) हम अनन्त जीवन के उत्तराधिकारी हैं
6. उन लोगों के लिए दिशानिर्देश जो समस्याएँ उत्पन्न कर सकते हैं, 3:1-11
a. शासकों तथा अधिकारियों के अधीन रहें, 3:1-2
(1) हर एक भले काम के लिए तत्पर
(2) किसी की बदनामी न करें
(3) शांतिप्रिय बनें
(4) सब के साथ बड़ी नम्रता के साथ रहें
b. सारी मानव जाति के प्रति नम्र रहें क्योंकि, 3:3-8
(1) विश्वासी पहले थे:
(a) निर्बुद्धि
(b) आज्ञा न माननेवाले
(c) भ्रम में पड़े हुए
(d) विभिन्न प्रकार की अभिलाषाओं के दास
(e) अपना जीवन डाह में व्यतीत करनेवाले
(f) अपना जीवन ईर्ष्या में व्यतीत करनेवाले

c. इनसे बचे रहें, 3:9-11
(1) मूर्ख विवादों
(2) वंशावलियों
(3) बखेड़ों
(4) व्यवस्था संबंधी झगड़ों
(5) एक मनुष्य जो कलहप्रिय है
(a) कुटिल
(b) पापी
(c) अपने आप को दोषी ठहराने वाला

7. पत्र के लिए पारंपरिक मसीही उपसंहार, 3:12-15
a. तीतुस का प्रतिस्थापन आ रहा है, 3:12
(1) अरतिमास (या)
(2) तुखिकुस
b. तीतुस मेरे पास निकुपुलिस आकर मिल, 3:12
c. विश्वासियों को मदद करने के लिए प्रोत्साहित करें, 3:13-14
(1) जेनास (और)
(2) अपुल्लोस
d. अंतिम अभिवादन और समापन, 3:15

D. अनुकूल अनुप्रयोग बिंदुओं की सूची तैयार करें: इस विस्तृत रूपरेखा के साथ हर प्रमुख साहित्यिक इकाई और हर अनुच्छेद विभाग के लिए संभावित अनुप्रयोग सत्यों को पृष्ठ(ठों) के बाईं ओर लिखें। एक छोटे घोषणात्मक वाक्य में अनुप्रयोग सत्य बताएँ। यह रूपरेखा आपके धर्मोपदेश के बिंदु बन जाएँगे।

IV. चौथा वाचन

A. महत्त्वपूर्ण समानताएँ (अन्य पादरी संबंधी पत्र)
1. 1 तीमुथियुस (विशेषतः अध्याय 3:1-13)
2. 2 तीमुथियुस

B. विशिष्ट सूचियाँ
1. शीर्षक "उद्धारकर्ता" का प्रयोग
a. हमारे उद्धारकर्ता परमेश्वर, 1:3; 2:10; 3:4
b. हमारा उद्धारकर्ता मसीह, 1:4; 2:13; 3:6
2. हमारी मसीह जैसी जीवनशैली के आधार के रूप में प्रयुक्त सुसमाचार के सिद्धांत सत्य: (तुलना III., c.5.)
a. 2:10b-14
b. 3:4-7
3. प्राचीनों के लिए योग्यता की सूची, 1:7-9 (तुलना III., c.2. 1 तीमुथियुस 3:1ff की तुलना करें)
4. झूठे शिक्षकों की विशेषताओं की सूची: (तुलना IV., c.3.)
a. 1:10-16
b. 3:9-11

C. कठिन अवतरण
1. पाठीय- 1:6b में वाक्यांश प्राचीन या उसके बच्चों को संदर्भित करता है?
a. प्राचीन – NASB और NRSV
b. प्राचीन के बच्चे – NIV और Williams
2. ऐतिहासिक - क्या चौथी मिशनरी यात्रा के लिए कोई बाइबल आधारित या ऐतिहासिक प्रमाण है?

a. बाइबल आधारित
   (1) पौलुस स्पेन जाना चाहता था, रोमियों 15:24, 28
   (2) पादरी संबंधी पत्रों में पौलुस का यात्रा कार्यक्रम प्रेरितों के काम की पुस्तक के उसके यात्रा कार्यक्रम में ठीक नहीं बैठता है।
b. ऐतिहासिक
   (1) यूसेबिउस ने अपनी पुस्तक, *Ecclesiastical History*, 2:22:2-3 में लिखा है कि पौलुस को प्रेरितों के काम के समाप्त होने के बाद जेल से रिहा किया गया था।
   (2) अन्य आरंभिक कलीसिया परंपराएँ कि पौलुस सुसमाचार को भूमध्य सागर के दूर पश्चिम में ले गया
      (a) क्लेमेंट ऑफरोमियों
      (b) म्यूरेटोरियन फ्रैगमेन्ट

3. धर्मशास्त्रीय - बपतिस्मा से नए बनाए जाने का सिद्धांत 3:5 से समर्थित है?
4. वे पद जिनके कारण भ्रम पैदा होता है -प्राचीन पूर्ण मद्यत्यागी नहीं, लेकिन "अधिक मदिरा के आदी न हों," 1:7। यही बात वृद्ध स्त्रियों के लिए भी व्यक्त हुई, 2:3।

इफिसियों 2

आधुनिक अनुवादों के अनुच्छेद विभाग

UBS[4]	NKJV	NRSV	TEV	NJB
मृत्यु से जीवन तक	विश्वास के द्वारा अनुग्रह से	मसीह के लाभ	मृत्यु से जीवन तक	मसीह में उद्धार, एक मुफ्त दान
2:1-10	2:1-10	2:1-10	2:1-3	2:1-6
			2:4-10	
				2:7-10
मसीह में एक	उसके लहू के द्वारा समीप लाए गए		मसीह में एक	यहूदियों और अन्यजातियों का अन्य लोगों और परमेश्वर के साथ मेल
2:11-13	2:11-13	2:11-22	2:11-12	2:11-18
	मसीह हमारा मेल		2:13-18	
2:14-22	2:14-22			
			2:19-22	2:19-22

वाचन चक्र तीन

अनुच्छेद स्तर पर मूल लेखक के अभिप्राय का अनुसरण करना

यह एक अध्ययन मार्गदर्शक टिप्पणी है, जिसका अर्थ है कि आप बाइबल की अपनी स्वयं की व्याख्या के लिए जिम्मेदार हैं। हम में से प्रत्येक को उस प्रकाश में चलना चाहिए जो हमारे पास है।व्याख्या में आप, बाइबल और पवित्र आत्मा प्राथमिकता में हैं। आपको एक टीकाकार पर इसे नहीं छोड़ना चाहिए।

एक बैठक में अध्याय पढ़ें। विषयों को पहचानें। उपरोक्त पाँच अनुवादों के साथ अपने विषय विभाजन की तुलना करें। अनुच्छेद लेखन प्रेरित नहीं है, लेकिन यह मूल लेखक के अभिप्राय, जो व्याख्या का केंद्र है, का पालन करने की कुंजी है। हर अनुच्छेद में एक और केवल एक ही विषय होता है।

1. पहला अनुच्छेद
2. दूसरा अनुच्छेद
3. तीसरा अनुच्छेद
4. आदि

2:1-22 पर प्रासंगिक अन्तर्दृष्टि

A. पौलुस के (1) अध्याय 1 में परमेश्वर के चुनाव; (2) 2:1-10 में परमेश्वर अनुग्रह की शुरुआत; और (3) 2:11-3:13 में युगों से छिपी हुई परमेश्वर की उद्धार की योजना का रहस्य (अर्थात, यहूदी और अन्यजाति अब मसीह में एक हैं)पर जोर के कारण मानव कार्य-आधारित उद्धार पर ज्ञानवादी और यहूदी जोर का मूल्य घट जाता है । पौलुस उन तीन चीजों पर जोर देता है जिनमें मनुष्यों का कोई हिस्सा नहीं है!
उद्धार सम्पूर्ण रूप से परमेश्वर का है (तुलना 1:3-14; 2:4-7), लेकिन व्यक्तियों को व्यक्तिगत रूप से जवाब देना (तुलना 2:8-9) और नई वाचा के प्रकाश में रहना चाहिए (2:10)।

B. पद 2-3 में पतित मानवता के तीन दुश्मन अंकित किए गए हैं (तुलना याकूब 4:1,4,7): (1) पतित विश्व प्रणाली, पद 2; (2) दिव्य प्रतिवादी, शैतान, पद 2; और (3) मानव जाति की पतित स्वभाव (आदम का स्वभाव), पद 3। पद 1-3 परमेश्वर से दूर और परमेश्वर के प्रति विद्रोह में पतित मानव जाति की निराशा और असहायता को दर्शाते हैं। (रोमियों 1:18-2:16)।

C. पद 1-3 मानवता की दयनीय स्थिति का वर्णन करते हैं, इसके विपरीत पद 4-6 पतित मानवजाति के लिए परमेश्वर के प्रेम और कृपा के धन का वर्णन करते हैं। मानव पाप बुरा है, लेकिन परमेश्वर का प्रेम और कृपा अधिक है (तुलना रोमियों 5:20)!जो परमेश्वर ने मसीह के लिए किया (तुलना 1:20), मसीह ने अब विश्वासियों के लिए किया है (तुलना 2:5-6)।

D. परमेश्वर की मुफ्त कृपा और मानवीय प्रयासों के बीच नए नियम में वास्तविक तनाव है। यह तनाव विरोधाभासी जोड़े में व्यक्त किया जा सकता है: निर्देशात्मक (एक कथन) और आज्ञार्थक (एक आदेश); अनुग्रह/विश्वास वस्तुनिष्ठ (सुसमाचार की विषयवस्तु) और व्यक्तिनिष्ठ (सुसमाचार का व्यक्तिगत अनुभव); (मसीह में) दौड़ जीता और (मसीह के लिए) दौड़ दौड़ा। यह तनाव 2:8-9 में स्पष्ट रूप से देखा जाता है, जो अनुग्रह पर जोर देता है, जबकि 2:10 अच्छे कार्यों पर जोर देता है। यह या तो/या नहीं है, लेकिन दोनों/और धर्मशास्त्रीय प्रस्ताव है। हालाँकि, अनुग्रह हमेशा पहले आता है और एक मसीह समान जीवनशैली की नींव है। पद 8-10 मसीही सुसमाचार के विरोधाभास का एक उत्कृष्ट सारांश हैं - मुफ़्त, लेकिन इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ती है! विश्वास और कार्य (तुलना याकूब 2:14-26)!

E. एक नया विषय 2:11-3:13 में प्रस्तुत किया गया है। यह रहस्य है, जो आरम्भ से ही छिपा हुआ है, कि परमेश्वर, मसीहा के स्थानापन्न प्रायश्चित में व्यक्तिगत विश्वास के माध्यम से सारी मानव जाति के उद्धार की इच्छा रखता है, यहूदी (तुलना यहेजकेल 18:23,32) और अन्यजाति (तुलना 1 तीमुथियुस 2:4; 2 पतरस 3:9)। उद्धार के इस सार्वभौमिक प्रस्ताव की भविष्यवाणी उत्पत्ति 3:15 और 12:3 में की गई थी। इस मौलिक रूप से मुफ़्त क्षमा (तुलना रोमियों 5:12-21) ने यहूदियों और सभी धार्मिक अभिजात्य लोगों (ज्ञानवादी झूठे शिक्षक, जुडाइजर्स) और सभी आधुनिक "कार्य-धार्मिकता" समर्थकों को चौंका दिया।

शब्द और वाक्यांश अध्ययन

NASB (अद्यतन) पाठ: 2:1-10

[1]तुम तो उन अपराधों और पापों के कारण मर हुए थे, [2]जिनमें तुम पहिले इस संसार की रीति और आकाश में शासन करने वाले अधिकारी अर्थात उस आत्मा के अनुसार चलते थे जो अब भी आज्ञा न मानने वालों में क्रियाशील है। [3]उन्हीं में हम सब भी पहिले अपने शरीर की लालसाओं में दिन बिताते थे, शारीरिक तथा मानसिक इच्छाओं को पूरा करते थे, और अन्य लोगों के समान स्वभाव ही से क्रोध की संतान थे। [4]परन्तु परमेश्वर ने जो दया का धनी है, अपने उस महान प्रेम के कारण जिस से उसने हमसे प्रेम किया, [5]जबकि हम अपने अपराधों के कारण मरे हुए थे उसने हमें मसीह के साथ जीवित किया—अनुग्रह ही से तुम्हारा उद्धार हुआ है--[6]मसीह यीशु में उसके साथ उठाया और स्वर्गीय स्थानों में बैठाया, [7]जिससे कि आने वाले युगों में वह अपनी कृपा से जो मसीह यीशु में हम पर है अपने अनुग्रह का असीम धन को दिखाए। [8]क्योंकि विश्वास के द्वारा अनुग्रह ही से तुम्हारा उद्धार हुआ है--और यह तुम्हारी ओर से नहीं वरन परमेश्वर का वरदान है, [9]यह कार्यों के कारण नहीं, जिससे कि कोई घमंड करे। [10]क्योंकि हम उसके हाथ की कारीगरी हैं, जो मसीह यीशु में उन भले कामों के लिए सृजे गए हैं, जिन्हें परमेश्वर ने प्रारम्भ ही से तैयार किया कि हम उन्हें करें।

2:1 या तो पद 1-7 या 1-10 यूनानी में एक वाक्य बनाते हैं, जिसमें मुख्य क्रिया पद 5 में है। यह एक निरंतर तर्क है। पौलुस की प्रस्तुति में (1) सारी मानव जाति की निराशा, लाचारी, और आत्मिक रूप से खो जाना, पद 1-3; (2) परमेश्वर की असीम कृपा, पद 4-7; और (3) आवश्यक मानवीय प्रतिक्रिया, विश्वास और जीवन, पद 8-10 शामिल है।

▣ **"तुम"** कुलुस्सियों और इफिसियों में यह बहुवचन सर्वनाम हमेशा विश्वासी अन्यजातियों को संदर्भित करता है (तुलना 1:13; 2:12)।

▣ **"मरे हुए थे"** यह एक वर्तमान कर्तृवाचक कृदंत है जिसका अर्थ है "मरा हुआ होना।" यह आत्मिक मृत्यु को दर्शाता है (तुलना पद 5; रोमियों 5:12-21; कुलुस्सियों 2:13)। बाइबल मृत्यु के तीन चरणों के विषय में बताती है: (1) आत्मिक मृत्यु (तुलना उत्पत्ति 2:17; 3; यशायाह 59:2; रोमियों 7:10-11; याकूब 1:15); (2) शारीरिक मृत्यु (तुलना उत्पत्ति 5); और (3) अनन्त मृत्यु, जिसे "दूसरी मृत्यु" कहा जाता है (तुलना प्रकाशितवाक्य 2:11; 20:6,14; 21:8)।

▣ **"अपराधों"** यह यूनानी शब्द (*paraptoma*) है जिसका अर्थ है "एक तरफ गिरना" (तुलना 1:7)। "पाप" के लिए सभी यूनानी शब्द परमेश्वर की धार्मिकता के मानक से विचलन की इब्रानी अवधारणा से संबंधित हैं। इब्रानी में "सही," "धर्मी" और उनके व्युत्पन्न शब्द माप की ईख के लिए एक रूपक हैं। परमेश्वर मानक है। सभी मनुष्य उस मानक से भटक जाते हैं (तुलना भजनसंहिता 14:1-3; 5:9; 10:7; 36:1; 53:14; 140:3; यशायाह 53:6; 59:7-8; रोमियों 3:9-23; 1 पतरस 2:25)।

▣ **"पापों"** यह यूनानी शब्द (*hamartia*) है जिसका अर्थ है "लक्ष्य से चूकना" (तुलना 4:26)। पद 1 में पाप के लिए दो शब्दों का प्रयोग मानव जाति की गिरी हुई, विरक्त स्थिति को समझने के लिए समानार्थक शब्द के रूप में किया गया है (तुलना रोमियों 3:9,19,23; 11:32; गलातियों 3:22)

2:2 "जिनमें तुम पहिले चलते थे" "चलना" जीवन शैली के लिए बाइबल का एक रूपक है (तुलना 2:1,10; 4:1,17; 5:2,8,15)।

▣

NASB, NKJV	**"इस संसार की रीति के अनुसार"**
NRSV	**"इस संसार की रीति का अनुसरण करते हुए"**
TEV	**"संसार के बुरे तरीके का अनुसरण किया"**
NJB	**"इस संसार के सिद्धांतों के अनुसार जीते हुए"**

यह वर्तमान में पतित विश्व प्रणाली (यानी, युग) का एक दुश्मन के रूप में मानवीकरण, किया गया है (तुलना गलातियों 1:4)। यह परमेश्वर से अलग रहकर सभी जरूरतों को पूरा करने का प्रयास करती मानव जाति है। यूहन्ना के लेखन में इसे "संसार" (तुलना यूहन्ना 2:2,15-17; 3:1,13,17; 4:1-17; 5:4,5,19) या "बेबीलोन" कहा जाता है; तुलना प्रकाशितवाक्य 14:8; 16:19; 17:5; 18:2,10,21)। हमारी आधुनिक शब्दावली में इसे "नास्तिक मानवतावाद" कहा जाता है। विशेष विषय देखें: पौलुस का कुलुस्सियों 1:6 में *Kosmos* का प्रयोग।

▣

NASB, NKJV	**"आकाश में शासन करने वाले अधिकारी के अनुसार"**
NRSV	**"आकाश में शासन करने वाले अधिकारी के नियमों का अनुसरण करते हुए"**
TEV	**"तुमने अंतरिक्ष में आत्मिक शक्तियों के शासन करने वाले अधिकारी का पालन किया"**
NJB	**"उस अधिकारी का पालन किया जो आकाश में शासन करता है"**

"यह पतित मानवजाति का दूसरा शत्रु है, शैतान, जो दोष लगाने वाला है। मानवजाति एक व्यक्तिगत दिव्य बहकाने वाले के वश में है (तुलना उत्पत्ति 3, अय्यूब 1-2, जकर्याह 3)। उसे इस संसार का शासक या परमेश्वर कहा जाता है (तुलना यूहन्ना 12:31; 14:30; 16:11; 2 कुरिन्थियों 4:4; 1 यूहन्ना 5:19)।

नये नियम में आकाश शैतानों का क्षेत्र है। निचला आकाश (*aer*) यूनानियों द्वारा अशुद्ध माना जाता है और इसलिए दुष्ट आत्माओं का अधिकार- क्षेत्र था। कुछ लोग "आकाश" के इस प्रयोग को आत्मिक क्षेत्र की सारहीन प्रकृति के रूप में देखते हैं। "कलीसिया को उठा लिए जाने" की अवधारणा 1 थिस्सलुनीकियों 4:17 के लैटिन अनुवाद से आती है, "उठा लिए जाएँगे" मसीही शैतान के राज्य के बीच,"आकाश" में प्रभु से मिलेंगे, उसका तख्ता पलट दिखाने के लिए! नीचे विशेष विषय देखें।

विशेष विषय: व्यक्तिगत दुष्टता

I. शैतान एक बहुत ही कठिन विषय है:
   A. पुराना नियम अच्छाई (परमेश्वर) के लिए एक कुटिल दुश्मन को प्रकट नहीं करता है, लेकिन YHWH का एक दास जो मानव जाति को एक विकल्प प्रदान करता है और मानव जाति पर अधार्मिकता का आरोप लगाता है (A.B.Davidson, *A Theology of the OT*, pp. 300-306)।
   B. अंतर-बाइबल (गैर-धर्मवैधानिक) साहित्य मे एक व्यक्तिगत कुटिल दुश्मन की अवधारणा फ़ारसी धर्म (*Zoroastrianism*) के प्रभाव में विकसित हुई। यह, बदले में, रब्बियों के यहूदी धर्म (यानी फारस,बेबीलोन में इस्राएल के निर्वासन) को बहुत प्रभावित करता है।
   C. नया नियम आश्चर्यजनक,लेकिन चयनात्मक,श्रेणियों में पुराने नियम के विषयों को विकसित करता है।

अगर कोई दुष्टता का अध्ययन बाइबल के धर्मशास्त्रीय दृष्टिकोण (प्रत्येक पुस्तक या लेखक या शैली का अध्ययन और अलग से रेखांकित किया गया) के माध्यम से करता है फिर दुष्टता के बहुत अलग विचार सामने आते हैं।

यदि, हालांकि, यदि कोई एक गैर-बाइबल या दुनिया या पूर्वी धर्मों के अतिरिक्त-बाइबल दृष्टिकोण के माध्यम से दुष्टता का अध्ययन करता है तो नए नियम का अधिकांश विकास फारसी द्वैतवाद और ग्रीको-रोमन आध्यात्मवाद में पूर्वाभासित होता है।

यदि कोई पूर्वधारणा द्वारा पवित्रशास्त्र के दैवीय अधिकार के लिए प्रतिबद्ध है, तो नए नियम का विकास प्रगतिशील प्रकटीकरण के रूप में देखा जाना चाहिए। मसीहियों को यहूदी लोक विद्या या अंग्रेजी साहित्य (डेंटे, मिल्टन) को अवधारणा को और स्पष्ट करने के लिए अनुमति देने से रोकना चाहिए। निश्चित रूप से प्रकटीकरण के इस क्षेत्र में रहस्य और अस्पष्टता है। परमेश्वर ने दुष्टता के सभी पहलुओं, उसकी उत्पत्ति, उसके उद्देश्य को प्रकट करने को नहीं चुना है, लेकिन उसने उसकी हार को प्रकट किया है

II. पुराने नियम में शैतान

पुराने नियम में शब्द "शैतान" (BDB 966, KB 1317) या "अभियुक्त" तीन अलग-अलग समूहों से संबंधित प्रतीत होता है:

   A. मानव अभियुक्त – (1 शमूएल 29:4; 2 शमूएल 19:22; 1 राजा 5:4; 11:14,23,25; भजनसंहिता 109:6,20,29)
   B. स्वर्गदूतीय अभियुक्त – (गिनती 22:22-23; जकर्याह 3:1)
      1. परमेश्वर का स्वर्गदूत- गिनती 22:22-23
      2. शैतान - 1इतिहास 21:1; अय्यूब 1- 2; जकर्याह 3:1
   C. राक्षसी अभियुक्त (संभवतः शैतान) (1 राजा 22:21; जकर्याह 13:2)

केवल बाद के अंतर-परीक्षण काल मे उत्पत्ति 3 के सर्प को शैतान के रूप में पहचाना जाता है (cf. Book of Wisdom 2:23-24; 2 Enoch 31:3), और बाद में भी यह एक रब्बियों का विकल्प बन जाता है (तुलना *Sot* 9b और *Sanh.* 29a)। उत्पत्ति 6 के "परमेश्वर के पुत्र" 1 हनोक 54:6 में स्वर्गदूत बन गए।वे रब्बियों के धर्मशास्त्र में दुष्टता का मूल स्रोत बन गए। मैं इसका उल्लेख इसकी धार्मिक सटीकता पर जोर देने के लिए नहीं, लेकिन इसके विकास को दिखाने के लिए करता हूँ। नए नियम में इन पुराने नियम की गतिविधियों का जिम्मेदार स्वर्गदूतों की साक्षात दुष्टता(यानी शैतान) को ठहराया जाता है। (तुलना 2 कुरिन्थियों 11:3; प्रकाशितवाक्य 12:9)।

पुराने नियम से साक्षात दुष्टता की उत्पत्ति (आपके दृष्टिकोण के आधार पर) निर्धारित करना कठिन या असंभव है। इसका एक कारण इस्राएल का मजबूत एकेश्वरवाद है (तुलना व्यवस्थाविवरण 6:4 -6; 1 राजा 22:20-22; सभोपदेशक 7:14; यशायाह 45:7; आमोस 3:6)। सभी कारणकार्य-संबंधों को उसकी विशिष्टता और प्रधानता प्रदर्शित करने के लिए YHWH को जिम्मेदार ठहराया गया था।(तुलना यशायाह 43:11; 44:6,8,24; 45:5-6,14,18,21,22)।

संभावित जानकारी का एक मार्ग ध्यान केंद्रित करता है (1) अय्यूब 1-2 जहाँ शैतान "परमेश्वर के पुत्रों" (अर्थात स्वर्गदूत) में से एक है। या (2) यशायाह 14; यहेजकेल 28 जहाँ गर्विष्ठ निकटपूर्वी राजाओं (बाबुल और सोर) का उपयोग शैतान के गर्व का वर्णन करने के लिए किया जाता है (तुलना 1 तीमुथियुस 3:6)।

इस दृष्टिकोण के बारे में मेरी मिश्रित भावनाएँ हैं। यहेजकेल न केवल सोर के राजा के लिए अदन की वाटिका के रूपकों का उपयोग शैतान के रूप में करता है(तुलना यहेजकेल 28:12-16), लेकिन मिस्र के राजा के लिए भी भले और बुरे के ज्ञान के पेड़ के रुप में करता है।(यहेजकेल 31) हालांकि यशायाह 14, विशेष रूप से वचन 12-14, गर्व के माध्यम से एक स्वर्गदूतों के विद्रोह का वर्णन करता हुआ दिखाई देता है। यदि परमेश्वर ने हमें शैतान की विशिष्ट प्रकृति और उत्पत्ति को

प्रकट करना चाहता था तो ऐसा करने के लिए यह एक बहुत ही टेढ़ा तरीका और स्थान है।(विशेष विषय : लुसिफर देखें) हमें विभिन्न नियमों, लेखकों, पुस्तकों और शैलियों के छोटे, अस्पष्ट भागों को लेने और उन्हें एक दिव्य पहेली के टुकड़ों के रूप में संयोजित करने की सुव्यवस्थित धर्मशास्त्रीय प्रवृत्ति के प्रति सावधानी बरतनी चाहिए।

III. नए नियम में शैतान

Alfred Edersheim अपनी *The Life and Times of Jesus the Messiah*, vol.2, appendices XIII(pp.748-763) and XVI (pp.770-776) में कहते है कि रब्बियों का यहूदी धर्म फारसी द्वैतवाद और राक्षसी अटकलों से अत्यधिक प्रभावित है। रब्बी इस क्षेत्र में सच्चाई के लिए एक अच्छा स्रोत नहीं हैं। यीशु मूलतः
इस क्षेत्र में आराधनालय की शिक्षाओं से भिन्नता रखतें हैं। मुझे लगता है कि स्वर्गदूतों की मध्यस्थता (तुलना प्रेरितों के काम 7:53) की रब्बियों की अवधारणा और सीनै पर्वत पर मूसा को कानून देने के विरोध ने YHWH के साथ-साथ मानव जाति के विरोध में एक प्रधान देवदूत की अवधारणा का दरवाजा खोला। ईरानी द्वैतवाद (पारसी धर्म) के दो उच्च देवता हैं

1. *Ahura Mazda*, बाद में *Ohrmazd* कहलाया, जो सृष्टिकर्ता परमेश्वर था, एक अच्छा परमेश्वर
2. *Angra Mainyu*, बाद में *Ahriman* कहलाया, नष्ट करने वाली आत्मा, एक दुष्ट परमेश्वर

पृथ्वी को युद्ध का मैदान बनाये वर्चस्व के लिए जूझ रहे थे। इस संघर्ष से यहूदी धर्म के भीतर YHWH और शैतान के बीच एक द्वैतवाद विकसित हो गया होगा।

नए नियम के पास निश्चित रूप से प्रगतिशील प्रकटीकरण है जैसा कि दुष्टता का व्यक्तीकरण है, लेकिन रब्बियों के जैसा विस्तृत नहीं। इस अंतर का एक अच्छा उदाहरण है "स्वर्ग में युद्ध।" शैतान (राक्षस) का पतन एक तार्किक आवश्यकता है, लेकिन सुनिश्चित वर्णन नहीं दिया गया है।(विशेष विषय: शैतान और उसके स्वर्गदूतों का पतन, देखें) यहाँ तक कि जो दिया गया है, वह भविष्यसूचक शैली में छिपा हुआ है (तुलना प्रकाशितवाक्य 12:4,7,12-13)। हालाँकि शैतान को पराजित किया गया और धरती पर निर्वासित किया गया, फिर भी वह YHWH के एक सेवक के रूप में काम करता है।(तुलना मत्ती 4:1; लूका 22:31-32 1 कुरिन्थियों 5:5; 1 तीमुथियुस 1:20)।

हमें इस क्षेत्र में अपनी जिज्ञासा पर अंकुश लगाना चाहिए। प्रलोभन और दुष्टता का एक व्यक्तिगत बल है, लेकिन वहाँ अभी भी केवल एक ही परमेश्वर है और मानव जाति अभी भी उसके चुनावों के लिए जिम्मेदार है। उद्धार से पहले और बाद, दोनों में एक आध्यात्मिक लड़ाई है, विजय केवल एक त्रिएक परमेश्वर के द्वारा ही आकर रह सकती है। दुष्टता को हरा दिया गया है और हटा दिया जाएगा (तुलना प्रकाशितवाक्य 20:10)!

▣

NASB, NKJV	**"आज्ञा न माननेवालों के पुत्रों में"**
NRSV	**"उन में जो आज्ञा न माननेवाले हैं"**
TEV	**"वे जो परमेश्वर की आज्ञा नहीं मानते हैं"**
NJB	**"विद्रोहियों में"**

यह विद्रोह और तटस्थ चरित्र के लिए एक इब्रानी मुहावरा था (तुलना 5:6)।

2:3 "हम सब भी पहले दिन बिताते थे" इफिसियों में "हम" यहूदी विश्वासियों को संदर्भित करते हैं, इस मामले में, पौलुस और उसकी सेवकाई का दल। अंतिम वाक्यांश "अन्य लोगों के समान," इस बात की संभावना बनाता है कि यह वाक्यांश पुराने नियम के चुने गए सभी लोगों, यहूदियों, को संदर्भित करता है। यह क्रिया एक अनिर्दिष्टकाल कर्मवाच्य निर्देशात्मक है। कर्मवाच्य इस बात पर जोर देगा कि पतित मानवजाति का शैतान या राक्षसी जैसे बाहरी दुष्ट आत्मिक शक्तियों द्वारा धूर्तता से प्रयोग किया जा रहा है, जिसका उल्लेख पद 2 और 3:10; 6:12 में किया गया है।

▣

NASB, NKJV	**"अपने शरीर की लालसाओं में"**
NRSV	**"अपने शरीर की वासना में"**
TEV	**"अपनी प्राकृतिक इच्छाओं के अनुसार"**
NJB	**"कामुक जीवन"**

यह पतित मनुष्य का तीसरा दुश्मन है। यद्यपि यह पद 2 में दो दुश्मनों के साथ एक व्याकरणिक रूप से समानांतर संरचना ("के अनुसार...") में सूचीबद्ध नहीं है, यह एक धर्मशास्त्रीय समानांतर है। मानवजाति का पतित, अहंकारपूर्ण आत्म

(तुलना उत्पत्ति 3) उसका सबसे बड़ा दुश्मन है (तुलना गलातियों 5:19-21)। यह सब कुछ और सभी को अपने स्वयं के हित के लिए तोड़-मरोड़कर धूर्तता से प्रयोग करता है (तुलना रोमियों 7:14-25)।

पौलुस "शरीर" शब्द का दो अलग-अलग तरीकों से प्रयोग करता है। केवल संदर्भ ही भेद को निर्धारित कर सकता है। 2:11,14; 5:29,31; 6:5 और 12 में इसका अर्थ है "मानव व्यक्तित्व," न कि "पाप की पतित प्रकृति"जैसा यहाँ है।

▣

NASB	**"शारीरिक तथा मानसिक इच्छाओं में लिप्त रहते थे"**
NKJV	**"शारीरिक तथा मानसिक इच्छाओं को पूरा करते थे"**
NRSV	**"शरीर तथा मन की इच्छाओं के पीछे चलते थे"**
TEV	**"और वही किया जो हमारे अपने शरीरों और मनों की इच्छाओं के अनुकूल है"**
NJB	**"पूरी तरह से हमारी अपनी भौतिक इच्छाओं और हमारे अपने विचारों द्वारा चलाए गए"**

यह एक वर्तमान कर्तृवाचक कृदंत है जो निरंतर, कार्यरत, अभ्यस्त कार्य पर जोर देता है। मानव शरीर और मन अपने आप में दुष्ट नहीं हैं, लेकिन वे प्रलोभन और पाप की युद्धभूमि हैं (तुलना 4:17-19; रोमियों 6 & 7)।

▣ **"स्वभाव ही से"** यह मानव जाति की पतित, आदम की प्रवृत्तियों को संदर्भित करता है (तुलना उत्पत्ति 3; भजनसंहिता 51:5; अय्यूब 14:4; रोमियों 5:12-21; 7:14-25)। यह आश्चर्य की बात है कि उत्पत्ति 3 में रब्बियों ने सामान्य रूप से मानवता के पतन पर जोर नहीं दिया है। इसके बजाय वे कहते हैं कि मानव जाति के दो इरादे (*yetzers*) हैं, एक अच्छा, एक बुरा। मनुष्यों की पसंद उन पर हावी है। रब्बियों की एक प्रसिद्ध कहावत है: "हर मनुष्य के दिल में एक काला और एक सफेद कुत्ता होता है। वह जिसे सबसे ज्यादा खिलाता है वह सबसे बड़ा बन जाता है। "हालाँकि, नया नियम मानव जाति के पाप के लिए कई धर्मशास्त्रीय कारण प्रस्तुत करता है (1) आदम का पतन, (2) स्वैच्छिक अज्ञानता और (3) पापमय पसंद।

▣ **"क्रोध की संतान"** ". . .की संतान", ". . .के पुत्र", की तरह एक व्यक्ति के चरित्र के लिए एक मुहावरेदार वाक्यांश है। परमेश्वर अपनी सृष्टि में पाप और विद्रोह के विरोध में हैं। परमेश्वर का प्रकोप सामयिक (समय में) और युगांत विषयक (समय के अंत में) दोनों है।

▣

NASB	**"अन्य लोगों के समान"**
NKJV	**"हमें एक साथ बैठाया"**
NRSV, TEV	**"बाकी सभी की तरह"**
NJB	**"बाकी संसार के समान"**

यह सभी मनुष्यों के पाप में खो जाने को दर्शाता है, दोनों यहूदी और अन्यजाति (तुलना रोमियों 1:18-3:21)। पौलुस अक्सर "अन्य लोगों" शब्द का इस्तेमाल खोए हुओं (तुलना 1 थिस्सलुनीकियों 4:13; 5:6) के लिए करता है।

2:4 "परन्तु परमेश्वर ने जो दया का धनी है, अपने उस महान प्रेम के कारण जिस से उसने हमसे प्रेम किया" पद 1-3 की निराशा और बेबसी और पद 4-7 में परमेश्वर की अद्भुत अनुग्रह और दया के बीच एक इतना नाटकीय परिवर्तन है।

कितना महान सत्य है! परमेश्वर की दया और प्रेम उद्धार की कुंजी हैं (तुलना पद 7)। यह उसका दयालु चरित्र है (तुलना 1:7,18; 2:7; 3:8,16), मानव जाति का कार्य नहीं, जो धार्मिकता का मार्ग प्रस्तुत करता है। 1:7 पर "असीम धन" पर टिप्पणी देखें।

यह महत्त्वपूर्ण है कि परमेश्वर की अनुग्रह पर इस पद में एक वर्तमान कृदंत और एक अनिर्दिष्टकाल कर्तृवाचक निर्देशात्मक शामिल है। परमेश्वर ने भूतकाल में हमसे प्रेम किया है और हमसे प्रेम करना जारी है (तुलना 1 यूहन्ना 4:10)!

2:5 "जब हम अपने अपराधों के कारण मरे हुए थे" यह वाक्यांश पद 1a के समानांतर है। पौलुस मानवजाति के खोए हुए होने के बारे में अपने प्रारम्भिक विचार (तुलना पद 1-3) के बाद अपने मूल विचार पर लौटता है। हमारी ज़रूरत के बीच में, परमेश्वर ने अपना प्रेम दर्शाया (तुलना रोमियों 5:6,8)।

▣ **"हमें मसीह के साथ जीवित किया"** यह अंग्रेजी वाक्यांश एक यूनानी शब्द (*suzopoieo*) को दर्शाता है। यह वाक्य की

मुख्य क्रिया है (अनिर्दिष्टकाल कर्तृवाचक निर्देशात्मक) जो पद 1 में शुरू होती है। यह यूनानी पूर्वसर्ग, *syn* के साथ तीन संयुक्त क्रियाओं में से पहली है, जिसका अर्थ था "के साथ संयुक्त भागीदारी।" 1:20 में यीशु मृतकों में से जिलाया गया था और विश्वासियों को उसके माध्यम से आत्मिक जीवन के लिए त्वरित किया गया है (तुलना कुलुस्सियों 2:13)। विश्वासी अब वास्तव में मसीह के साथ जीवित हैं।

▣ **2:5,8 "अनुग्रह ही से तुम्हारा उद्धार हुआ है"** यह एक पूर्ण कर्मवाचक वर्णनात्मक कृदंत है, जोर देने के लिए पद 8 में दोहराया गया है। इसका मतलब यह था कि विश्वासियों को, एक बाहरी माध्यम द्वारा, अतीत में बचाया गया है, बने रहने वाले परिणामों के साथ; "वे परमेश्वर द्वारा बचाए गए हैं और बचाया जाना जारी है।" जोर के लिए यही संरचना पद 8 में भी दोहरायी गई है। इफिसियों 1:7 पर विशेष विषय देखें।

यह बाइबल के उन अवतरणों में से एक है जो विश्वासी की सुरक्षा के सिद्धांत का आधार है (तुलना यूहन्ना 6:37, 39; 10:28; 17:2, 24; 18:9; रोमियों 8:31-39)। बाइबल के सभी सिद्धांतों की तरह, इसे अन्य सच्चाइयों और पाठों के साथ संतुलित (तनाव में रखा गया) करना चाहिए।

2:6 "हमें उसके साथ उठाया" यह *syn* के साथ अनिर्दिष्टकाल संयुक्तों में से दूसरा है। विश्वासियों मसीह के साथ पहले से ही जिलाया गया है। विश्वासियों को बपतिस्मा में उसके साथ दफन किया गया (तुलना कुलुस्सियों 2:12; रोमियों 6:3-11) और पिता, जिसने यीशु को जिलाया, (रोमियों 8:11 में आत्मा के द्वारा जिलाया गया) के द्वारा उसके साथ जिलाया गया (तुलना 2:13; रोमियों 6:4-5)। ये छुटकारे की विशेष उपमाएँ हैं। विश्वासी आत्मिक रूप से यीशु के अनुभव की बड़ी घटनाओं में भाग लेते हैं: क्रूस, मृत्यु, दफन, पुनरुत्थान, और राज्याभिषेक! विश्वासी उसके जीवन और पीड़ा के भागीदार हैं; वे उसकी महिमा के भी भागीदार होंगे (तुलना रोमियों 8:17)!

▣

NASB, NRSV	**"हमें उसके साथ बिठाया"**
NKJV	**"हमें एक साथ बैठाया"**
TEV	**"उसके साथ राज करने के लिए"**
NJB	**"हमें उसके साथ स्थान दिया"**

यह *syn* के साथ अनिर्दिष्टकाल संयुक्तों में से तीसरा है। उसी में हमारी स्थिति वर्तमान, साथ ही साथ भविष्य में भी, विजय की है (तुलना रोमियों 8:37)! उसके साथ बैठने की अवधारणा का अर्थ था उसके साथ राज्य करना। यीशु राजाओं का राजा है जो परमेश्वर के पिता के सिंहासन पर बैठा है और विश्वासी अब भी उसके सह-शासक हैं (तुलना मत्ती 19:28; रोमियों 5:17; कुलुस्सियों 3:1; 2 तीमुथियुस 2:12 ; प्रकाशितवाक्य 22:5)। नीचे विशेष विषय देखें

विशेष विषय: परमेश्वर के राज्य में राज्य करना

मसीह के साथ राज्य करने की अवधारणा "परमेश्वर के राज्य" नामक बड़ी धर्मशास्त्रीय श्रेणी का हिस्सा है। यह इस्राएल के सच्चे राजा के रूप में परमेश्वर की पुराने नियम की अवधारणा को आगे बढ़ाना है (तुलना 1 शमूएल 8:7)। उसने प्रतीकात्मक रूप से (1 शमूएल 8:7; 10:17-19) यहूदा के गोत्र के वंशज (तुलना उत्पत्ति 49:10) और यिशै के परिवार (तुलना 2 शमूएल 7) के द्वारा राज्य किया।

यीशु मसीह मसीहा के विषय में पुराने नियम की भविष्यवाणी की वादा की गई पूर्ति है। उसने बैतलहम में अपने देहधारण के साथ परमेश्वर के राज्य का उद्घाटन किया। परमेश्वर का राज्य यीशु के उपदेश का केंद्रीय स्तंभ बन गया। राज्य पूरी तरह से उसमें आ गया (तुलना मत्ती 10:7; 11:12; 12:28; मरकुस 1:15; लूका 10:9,11; 11:20; 16:16; 17:20-21) ।

हालाँकि, राज्य भविष्य भी था (युगांत विषयक)। वह अस्तित्व में था लेकिन परिपूर्ण नहीं हुआ था (तुलना मत्ती 6:10; 8:11; 16:28; 22:1- 26:29; लूका 9:27; 11:2; 13:29; 14:10-10) 24; 22:16,18)। यीशु पहली बार एक पीड़ित दास के रूप में आया था (तुलना यशायाह 52:13-53:12); नम्र रूप में (तुलना जकर्याह 9:9), लेकिन वह राजाओं के राजा के रूप में वापस आएगा (तुलना मत्ती 2:2; 21:5; 27:11-14)। "राज्य करने" की अवधारणा निश्चित रूप से इस "राज्य" के धर्मशास्त्र का एक हिस्सा है। परमेश्वर ने यीशु के अनुयायियों को राज्य दे दिया है (लूका 12:32 देखें)।

मसीह के साथ राज्य करने की अवधारणा के कई पहलू और प्रश्न हैं।

1. क्या ऐसे अवतरण जो दावा करते हैं कि परमेश्वर ने विश्वासियों को मसीह के द्वारा "राज्य" दे दिया है, "राज्य करने" का उल्लेख करते हैं (तुलना मत्ती 5:3,10; लूका 12:32)?
2. पहली सदी के यहूदी संदर्भ में मूल शिष्यों के लिए यीशु के शब्द क्या सभी विश्वासियों का उल्लेख करते हैं (तुलना मत्ती। 19:28; लूका 22:28-30)?
3. क्या अब इस जीवन में राज्य करने पर पौलुस का जोर उपरोक्त पाठों के विपरीत है या पूरक है (तुलना रोमियों 5:17; 1कुरिन्थियों 4:8)?
4. दुख उठाना और राज्य करना किस प्रकार से संबंधित है (तुलना रोमियों 8:17; 2 तीमुथियुस 2:11-12; 1; 4:13; प्रकाशितवाक्य 1:9)?
5. प्रकाशितवाक्य का आवर्तक विषय है महिमान्वित मसीह के राज्य में सहभागी होना, लेकिन क्या वह राज्य है
   a. पृथ्वी का, प्रकाशितवाक्य 5:10
   b. हज़ार वर्ष का, प्रकाशितवाक्य 20:4-6
   c. सनातनकाल का, प्रकाशितवाक्य 2:26; 3:21; 22:5 और दानिय्येल 7:14,18,27

▣

NASB, NKJV,
NRSV **"स्वर्गीय स्थानों में"**
TEV **"स्वर्गीय संसार में"**
NJB **"स्वर्ग में"**

यह लोकैटिव (आकाश का) नपुंसक बहुवचन विशेषण, "स्वर्गीय स्थानों में", केवल इफिसियों में प्रयोग किया जाता है (तुलना 1:20; 2:6; 3:10; 6:12)। इसके प्रयोगों के सभी संदर्भ से, इसका अर्थ आत्मिक क्षेत्र से होना चाहिए, जिसमें विश्वासी यहाँ और अब रहते हैं, स्वर्ग नहीं ।

2:7 "आने वाले युगों में" यहूदी दो युगों में विश्वास करते थे, वर्तमान दुष्ट युग (गलातियों 1:4) और आने वाले धर्मी युग में (1:21 पर विशेष विषय देखें)। इस नए धर्मी युग का उद्घाटन मसीहा के आत्मा की सामर्थ्य में आने से होगा। 1:20 में "युग" एकवचन है, यहाँ यह बहुवचन है (तुलना 1 कुरिन्थियों 2:7; इब्रानियों 1:2; 11:3)। इसका तात्पर्य यह है कि (1) कम से कम दो युग हैं या (2) बहुवचन का प्रयोग आने वाले युग -रब्बियों का एक मुहावरा, जिसे "वैभव का बहुवचन" कहा जाता है, पर जोर देने और बढ़ाने के लिए किया गया है। एक प्रतीकात्मक अर्थ में बहुवचन का यह प्रयोग उन अवतरणों में देखा जा सकता है जो अतीत के "युगों" का उल्लेख करते हैं (तुलना रोमियों 10:25; 1 कुरिन्थियों 10:11; 2 तीमुथियुस 1:9; तीतुस 1:2)।

कुछ विद्वानों का मानना है कि यह अनन्त के लिए एक रूपक था क्योंकि वाक्यांश आम कोइन यूनानी में और नये नियम में कई स्थानों पर इस प्रकार से प्रयोग किया गया था (तुलना लूका 1:33, 55; यूहन्ना 12:34; रोमियों 9:5; गलातियों 1:5; 1 तीमुथियुस 1:17)।

▣ **"वह दिखाए"** यह एक अनिर्दिष्टकाल मध्यम संशयार्थ-सूचक है। परमेश्वर ने स्पष्ट रूप से अपना चरित्र प्रकट किया (तुलना 1:5-7)। इस शब्द का अर्थ है "सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करना" (तुलना रोमियों 9:17,22)। मसीह में परमेश्वर की दया और उद्देश्य स्पष्ट रूप से पतित मानव जाति के प्रति व्यवहार के द्वारा स्वर्गदूतों पर प्रकट हुए हैं (तुलना 3:10; 1 कुरिन्थियों 4:9; 1 पतरस 1:12)।

▣ **"असीम"** *Huperballo.* विशेष विषय: 1:19 पर पौलुस के *Huper* संयुक्तों का प्रयोग देखें।

2:8 "क्योंकि अनुग्रह ही से" उद्धार परमेश्वर के "अनुग्रह" से है (तुलना इफिसियों 1:3-14)। परमेश्वर का चरित्र उसकी कृपा (तुलना पद 4-6) के माध्यम से प्रकट होता है। विश्वासी उसके प्रेम की ट्रॉफी हैं। अनुग्रह को सर्वश्रेष्ठ रूप में, परमेश्वर के ऐसे प्रेम के रूप में परिभाषित किया जा सकता है जिसके न हम योग्य हैं और न उसे पाने के लायक हैं। यह मसीह के माध्यम से परमेश्वर के स्वभाव से बहता है और किसी प्रियजन के मूल्य या योग्यता पर आधारित नहीं है।

▣ **"तुम्हारा उद्धार हुआ है"** यह एक पूर्ण कर्मवाचक वर्णनात्मक कृदंत है, जो पद 5 के समानांतर है। यह इस बात पर जोर देता है कि परमेश्वर के द्वारा "विश्वासियों को बचाया गया है और बचाया जाना जारी है"

पुराने नियम में "उद्धार" शब्द "शारीरिक छुटकारे" की बात करता है (तुलना याकूब 5:15)। नये नियम में इस अर्थ को आत्मिक पहलू से लिया गया है। परमेश्वर विश्वासियों को पाप के परिणामों से बचाता है और उन्हें अनन्त जीवन प्रदान करता है।

▣ **"विश्वास के द्वारा"** विश्वास मसीह में परमेश्वर का मुफ्त उपहार प्राप्त करता है (तुलना रोमियों 3:22,25; 4:5; 9:30; गलातियों 2:16; 1 पतरस 1:5)। मानवजाति को मसीह में परमेश्वर के अनुग्रह और क्षमा का प्रत्युत्तर देना चाहिए (तुलना यूहन्ना 1:12; 3:16-17,36; 6:40; 11:25-26; रोमियों 10:9-13)।

परमेश्वर एक वाचा के माध्यम से पतित मानवजाति के साथ व्यवहार करता है। वह हमेशा पहल करता है (तुलना यूहन्ना 6:44, 65) और कार्यसूची और सीमाएँ निर्धारित करता है (तुलना मरकुस 1:51; प्रेरितों के काम 3:16,19; 20:21)। वह पतित मानवजाति को उसकी वाचा के प्रस्ताव का प्रत्युत्तर देने के द्वारा अपने स्वयं के उद्धार में भाग लेने देता है। अनिवार्य प्रतिक्रिया प्रारंभिक और निरंतर विश्वास, पश्चाताप, आज्ञाकारिता, सेवा, आराधना और दृढ़ता है।

पुराने नियम में "विश्वास" शब्द एक स्थिर उद्देश्य का एक रूपक विस्तार है। यह निरूपित करने के लिए आया था जो निश्चित, विश्वसनीय, भरोसेमंद और विश्वासयोग्य है। इनमें से कोई भी छुड़ाई गई मानवजाति को वर्णित नहीं करता है। यह मानवजाति की विश्वसनीयता, या विश्वासयोग्यता या निर्भरता नहीं है, बल्कि परमेश्वर की है। हमें उसके विश्वसनीय वादों पर भरोसा है, हमारी विश्वसनीयता पर नहीं! कृतज्ञता से वाचा का पालन होता है! हमेशा उसकी विश्वासयोग्यता केन्द्रबिन्दु रही है, विश्वासियों का विश्वास नहीं! विश्वास किसी को बचा नहीं सकता। केवल अनुग्रह बचाता है, लेकिन यह विश्वास से प्राप्त होता है। ध्यान कभी विश्वास की मात्रा पर नहीं होता (तुलना मत्ती 17:20), लेकिन उसके कर्म (यीशु) पर।

▣ **"और यह"** यह यूनानी संकेतवाचक सर्वनाम (*touto*) है, जो लिंग में नपुंसक है। निकटतम संज्ञाएँ, "अनुग्रह" और "विश्वास," दोनों लिंग में स्त्रीलिंग हैं। इसलिए, यह मसीह के पूर्ण किए गए कार्य में हमारे उद्धार की पूरी प्रक्रिया का उल्लेख होना चाहिए।

फिलिप्पियों 1:28 में एक समान व्याकरणिक संरचना पर आधारित एक और संभावना है। यदि ऐसा है तो यह क्रिया-विशेषण संबंधी वाक्यांश विश्वास से संबंधित है, जो परमेश्वर के अनुग्रह का दान भी है! यहाँ परमेश्वर की संप्रभुता और मानवीय स्वतंत्र इच्छा का रहस्य है।

▣ **"तुम्हारी ओर से नहीं"** यह तीन वाक्यांशों में से पहला है जो स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि उद्धार मानव व्यवहार पर आधारित नहीं है: (1) "तुम्हारी ओर से नहीं," पद 8 (2) "परमेश्वर का दान" पद 8 और (3) "कार्यों के कारण नहीं," पद 9

▣ **"परमेश्वर का दान"** यह अनुग्रह का सार है - बिना किसी बन्धन के साथ प्रेम (रोमियों 3:24; 6:23)। एक मुफ्त दान और एक अनिवार्य वाचा के प्रत्युत्तर के रूप में उद्धार का विरोधाभास समझ में आना मुश्किल है। फिर भी दोनों सत्य हैं! उद्धार वास्तव में मुफ्त है, फिर भी सब कुछ खर्च होता है। अधिकांश बाइबल सिद्धांतों को सत्यता के तनाव से भरे जोड़े (सुरक्षा बनाम दृढ़ता, विश्वास बनाम कार्य, परमेश्वर की संप्रभुता बनाम मानवीय स्वतंत्र इच्छा, पूर्वनियति बनाम मानव प्रतिक्रिया और उत्कृष्टता बनाम स्थिरता) के रूप में प्रस्तुत किया जाता है।

विशेष विषय: किसी के उद्धार के लिए नये नियम के प्रमाण

यह यीशु में नई वाचा (तुलना यिर्मयाह 31:31-34; यहेजकेल 36:22-38) पर आधारित है:

1. पिता का चरित्र (तुलना यूहन्ना 3:16), पुत्र का काम (तुलना 2 कुरिन्थियों 5:21), और आत्मा की सेवकाई (तुलना रोमियों 8:14-16)। मानव प्रदर्शन पर नहीं, आज्ञाकारिता के कारण मजदूरी नहीं, सिर्फ एक पंथ नहीं।
2. यह एक वरदान है (तुलना रोमियों 3:24; 6:23; इफिसियों 2:5,8-9)।
3. यह एक नया जीवन, एक नया विश्वदृष्टि है (तुलना याकूब और 1 यूहन्ना)।
4. यह ज्ञान (सुसमाचार), संगति (यीशु में और यीशु के साथ विश्वास), और एक नई जीवन शैली (आत्मा की अगुवाई में मसीह समान होना) सभी तीनों हैं, न कि अपने आप में सिर्फ कोई।
5. सच्चे उद्धार के परीक्षण 1 यूहन्ना 2:3-27, C पर प्रासंगिक अंतर्दृष्टि में ऑनलाइन देखें।

2:9 "कार्यों के कारण नहीं," उद्धार योग्यता से नहीं मिलता है (तुलना रोमियों 3:20, 27-28; 9:11, 16; गलातियों 2:16; फिलिप्पियों 3:9; 2 तीमुथियुस 1:9; तीतुस 3:5)। यह झूठे शिक्षकों के सीधे विपरीत है।

▣ **"जिससे कि कोई घमंड करे"** उद्धार परमेश्वर के अनुग्रह से है, मानव प्रयास से नहीं, इसलिए मानव गौरव के लिए कोई जगह नहीं है (तुलना रोमियों 3:27; 4:2)। यदि विश्वासी घमंड करें, तो उन्हें मसीह में घमंड करने दो (तुलना 1 कुरिन्थियों 1:31, जो कि यिर्मयाह 9:23-24 का एक उद्धरण है।)।

विशेष विषय: घमण्ड करना

ये यूनानी शब्द, *kauchaomai, kauchēma*, और *kauchēsis*, पौलुस द्वारा पैंतीस बार और केवल दो बार नये नियम के बाकी हिस्सों में (दोनों याकूब में) प्रयोग किए गए हैं। इसका 1 और 2 कुरिन्थियों में प्रधानता से प्रयोग किया गया है।

घमण्ड करने से जुड़े दो मुख्य सत्य जुड़े हैं।

A. कोई प्राणी परमेश्वर के सामने गर्व/घमण्ड न करे (तुलना 1 कुरिन्थियों 1:29; इफिसियों 2:9)।
B. विश्वासियों को प्रभु में गर्व करना चाहिए (तुलना 1कुरिन्थियों 1:31; 2 कुरिन्थियों 10:17, जो यिर्मयाह 9:23-24 की ओर एक संकेत है)।

इसलिए, उचित और अनुचित घमण्ड करना/गर्व करना (यानी, अभिमान) है।

A. उचित
   1. महिमा की आशा में (तुलना रोमियों 4:2)
   2. परमेश्वर में प्रभु यीशु के द्वारा (तुलना रोमियों 5:11)
   3. प्रभु यीशु मसीह के क्रूस में (यानी, पौलुस का मुख्य विषय, तुलना 1 कुरिन्थियों 1:17-18; गलातियों 6:14)।
   4. पौलुस इनमें घमण्ड करता है
      a. बिना प्रतिफल उसकी सेवकाई(तुलना 1 कुरिन्थियों 9:15,16)
      b. मसीह से उसका अधिकार (तुलना 2 कुरिन्थियों 10:8,12)
      c. दूसरे मनुष्यों के परिश्रम पर उसका घमण्ड नहीं करना (जैसा कि कुरिन्थुस में था, तुलना 2 कुरिन्थियों 10:15)
      d. उसकी जातिगत विरासत (जैसा कि दूसरे कुरिन्थुस में कर रहे थे, तुलना 2 कुरिन्थियों 11:17; 12:1,5,6)
      e. उसकी कलीसियाएँ
         (1) कुरिन्थुस (2 कुरिन्थियों 7:4,14; 8:24; 9:2; 11:10)
         (2) थिस्सलुनीकियों (तुलना 2 थिस्सलुनीकियों 1:4)
         (3) परमेश्वर के आराम और उद्धार में उसका विश्वास (तुलना 2 कुरिन्थियों 1:12)

B. अनुचित
   1. यहूदी विरासत के संबंध में (तुलना रोमियों 2:17-23; 3:27; गलातियों 6:13)
   2. कुरिन्थुस की कलीसिया के कुछ लोग घमण्ड कर रहे थे
      a. मनुष्यों में (तुलना 1 कुरिन्थियों 3:21)
      b. बुद्धि में (तुलना 1 कुरिन्थियों 4:7)
      c. स्वतंत्रता में (तुलना 1 कुरिन्थियों 5:6)
   3. झूठे शिक्षकों ने कुरिन्थुस की कलीसिया में घमण्ड करने की कोशिश की (तुलना 2 कुरिन्थियों 11:12)

2:10 "हम उस के हाथ की कारीगरी हैं," अंग्रेजी शब्द "कविता" इस यूनानी शब्द (*poiema*) से आता है। इस शब्द का प्रयोग नये नियम में केवल दो बार किया जाता है, यहाँ और रोमियों 1:20 में। यह अनुग्रह में विश्वासी का स्थान है। वे विरोधाभासी रूप से उसका तैयार उत्पाद है जो अभी भी प्रक्रिया में है!

▣ **"मसीह यीशु में सृजे गए"** यह एक अनिर्दिष्टकाल कर्मवाचक कृदंत है। पिता की इच्छा से मसीह की सेवकाई के माध्यम से आत्मा विश्वासी बनाती है (तुलना 1:3-14)। उत्पत्ति में प्रारंभिक सृजन के लिए प्रयोग किए गए समान शब्दों में एक नये आत्मिक सृजन का यह कार्य वर्णित है (तुलना 3:9; कुलुस्सियों 1:16)।

▣ **"भले कार्यों के लिए"** मसीह के मिलने के बाद विश्वासियों की जीवनशैली उनके उद्धार का एक प्रमाण है। (तुलना याकूब और 1 यूहन्ना)। विश्वास के द्वारा अनुग्रह से ही कार्य करने के लिए उनका उद्धार हुआ है! सेवा करने के लिए उनका उद्धार हुआ है! विश्वास कार्य के बिना मृत है, वैसे ही कार्य विश्वास के बिना मृत है (तुलना मत्ती 7:21-23 और याकूब 2:14-26)। पिता की पसंद का लक्ष्य यह है कि विश्वासी "पवित्र और निर्दोष" हों (तुलना 1:4)।

पौलुस पर अक्सर उसके मौलिक रूप से मुक्त सुसमाचार के लिए हमला किया जाता था क्योंकि यह परमेश्वरविहीन जीवन को प्रोत्साहित करने वाला प्रतीत होता था। नैतिक व्यवहार से असम्बद्ध प्रतीत होने वाला एक सुसमाचार दुरुपयोग को जन्म दे सकता है। पौलुस का सुसमाचार परमेश्वर के अनुग्रह से स्वतंत्र था, लेकिन इसने न केवल प्रारंभिक पश्चाताप में, बल्कि निरंतर पश्चाताप के लिए भी उचित प्रत्युत्तर की माँग की। अधर्म नहीं, पवित्र जीवन एक परिणाम है। अच्छे कार्य उद्धार की क्रियाविधि नहीं परन्तु परिणाम है। पूरी तरह से मुफ़्त उद्धार और एक सब कुछ खर्च होने के प्रत्युत्तर का यह विरोधाभास समझाना मुश्किल है, लेकिन दोनों को खिंचाव से भरे संतुलन में रखना चाहिए।

अमेरिकी व्यक्तिवाद ने सुसमाचार को विकृत कर दिया है। मनुष्यों का उद्धार इसलिए नहीं हुआ है क्योंकि परमेश्वर उन्हें व्यक्तिगत रूप से बहुत प्रेम करता है, लेकिन क्योंकि परमेश्वर मानव जाति से, उसके स्वरूप में बनी मानवजाति से प्रेम करता है। वह और अधिक व्यक्तियों तक पहुँचने के लिए व्यक्तियों को बचाता है और उन्हें बदलता है। प्रेम का सर्वोच्च केंद्रबिंदु मुख्य रूप से सामूहिक है (तुलना यूहन्ना 3:16), लेकिन इसे व्यक्तिगत रूप से प्राप्त किया जाता है (तुलना यूहन्ना 1:12 रोमियों 10:9-13; 1 कुरिन्थियों 15:1)।

▣ **"जिन्हें परमेश्वर ने प्रारम्भ ही से तैयार किया"** यह प्रभावशाली शब्द (*pro + hetoimos*, "पहले से तैयार करना") पूर्वनियति की धर्मशास्त्रीय अवधारणा से संबंधित है (तुलना 1:4-5,11) और इसका प्रयोग केवल यहाँ और रोमियों 9:23 में किया गया है। परमेश्वर ने अपने चरित्र को प्रतिबिंबित करने के लिए लोगों को चुना। मसीह के माध्यम से, पिता ने पतित मानवजाति में अपने स्वरूप को पुनः स्थापित किया है (तुलना उत्पत्ति 1:26-27)।

NASB (अद्यतन) पाठ: 2:11-22

[11]इस कारण स्मरण करो कि तुम जो शारीरिक रीति से अन्यजाति हो—और जो लोग शरीर में हाथ से किए हुए ख़तने से ख़तनावाले कहलाते हैं, वे तुम को ख़तना रहित कहते हैं- [12]स्मरण करो कि तुम लोग उस समय मसीह से अलग और इस्राएल की प्रजा कहलाए जाने से वंचित थे, प्रतिज्ञा की गई वाचाओं के भागीदार न थे, और आशाहीन तथा संसार में परमेश्वर रहित थे। [13]परन्तु तुम जो पहिले मसीह यीशु से दूर थे अब मसीह के लहू के द्वारा उसमें समीप लाए गए हो। [14]क्योंकि वह स्वयं हमारा मेल है, जिसने बैर अर्थात विभाजित करने वाली दीवार को गिराकर दोनों को एक कर दिया, [15]और अपने शरीर में बैर, अर्थात उस व्यवस्था को जिसकी आज्ञाएँ विधियों की रीति पर आधारित थीं, मिटा दिया कि दोनों से अपने में एक नए मनुष्य की सृष्टि करके मेल करा दे, [16]और क्रूस के द्वारा बैर को नाश करके दोनों को एक देह बनाकर परमेश्वर से मेल कराए। [17]उसने आकर तुम्हें जो दूर थे और उन्हें भी जो निकट थे मेल-मिलाप का सुसमाचार सुनाया [18]क्योंकि उसी के द्वारा हम दोनों की, एक ही आत्मा में पिता के पास पहुँच होती है। [19]अतः तुम अब विदेशी और अजनबी न रहे, परन्तु पवित्र लोगों के संगी स्वदेशी और परमेश्वर के कुटुम्ब के बन गए हो। [20]और प्रेरितों और भविष्यद्वक्ताओं की नींव पर,जिसके कोने का पत्थर मसीह यीशु स्वयं है, बनाए गए हो। [21]जिसमें सम्पूर्ण रचना एक साथ मिलकर प्रभु में एक पवित्र मंदिर बनती जाती है, [22]जिसमें तुम भी आत्मा के द्वारा परमेश्वर का निवासस्थान होने के लिए एक साथ बनाए जाते हो।

2:11 "इस कारण" यह (1) पद 1-10, या (2) 1:3-2:10 का संदर्भ हो सकता है। पौलुस अक्सर इस शब्द का प्रयोग पिछली इकाइयों (तुलना 5:1; 8:1, 12:1) की संयुक्त सच्चाइयों पर निर्माण करके एक नई साहित्यिक इकाई शुरू करने के लिए करता है।

यह पौलुस के सिद्धांत का तीसरा प्रमुख सत्य है (अध्याय 1-3)। पहला परमेश्वर के दयालु चरित्र के आधार पर अनंत चुनाव था, दूसरा पतित मानवता, जो मसीह के माध्यम से परमेश्वर के अनुग्रहपूर्ण कार्यों द्वारा बचाई, गई की आशाहीनता थी जिसे विश्वास से प्राप्त किया जाना और जिया जाना चाहिए। अब तीसरा, परमेश्वर की इच्छा हमेशा सभी मनुष्यों का (तुलना उत्पत्ति 3:15), दोनों यहूदी और अन्यजातियों (तुलना 2:11-3:13) उद्धार रही है। कोई मानव बुद्धि (यानी, ज्ञानशास्त्र) इन प्रकट सत्यों को नहीं समझ पाई है।

▣ **"स्मरण करो"** यह एक वर्तमान कर्तृवाचक आज्ञार्थक है। इन अन्यजातियों को आज्ञा दी गई है कि वे परमेश्वर से अपने पिछले अलगाव को याद रखें, पद 11-12।

▣ **"तुम जो शारीरिक रीति से अन्यजाति हो"** यह वस्तुतः "राज्य" (*ethnos*) है। यह उन सभी लोगों को संदर्भित करता है जो याकूब के वंश के नहीं हैं। पुराने नियम में "राज्य" (*goim*) शब्द सभी गैर-यहूदियों के संदर्भित करने का एक अपमानजनक तरीका था।

▣ **"तुम को खतनारहित कहते हैं"** यहाँ तक कि पुराने नियम में भी, यह संस्कार आंतरिक विश्वास का एक बाहरी चिन्ह था (तुलना लैव्यव्यवस्था 26:41-42; व्यवस्था विवरण 10:16; यिर्मयाह 4:4)। गलातियों के "यहूदियों (जुडाइजर्स)" ने दावा किया कि यह अभी भी परमेश्वर की इच्छा थी और उद्धार के लिए अपरिहार्य था (तुलना प्रेरितों 15:1ff; गलातियों 2:11-12)। इस बात से सावधान रहें कि प्रतीक को उस आत्मिक वास्तविकता से भ्रमित न करें जिसे वह दर्शाता है (तुलना प्रेरितों के काम 2:3 एक और उदाहरण के लिए)।

2:12

NASB	**"मसीह से अलग"**
NKJV, NRSV	**"मसीह के बिना"**
TEV	**"मसीह के अलावा"**
NJB	**"तुम्हारे पास मसीह नहीं था"**

यह शाब्दिक रूप से "अलग नींव पर" है। ये अगले कुछ वाक्यांश (जैसे, पद 12), पद 1-3, की तरह, मसीह के बिना अन्यजातियों की असहायता और निराशा को दर्शाते हैं।

▣

NASB, NJB	**"वंचित"**
NKJV, NRSV	**"अजनबी होने के कारण"**
TEV	**"विदेशी"**

यह एक पूर्ण कर्मवाचक कृदंत है "वंचित और वंचित रहना जारी है" पुराने नियम में यह शब्द सीमित अधिकारों के साथ निवासी गैर-नागरिकों (अजनबी) को संदर्भित करता है। अन्यजाति YHWH की वाचा से अलग और विमुख कर दिए गए थे और यह अभी भी जारी है।

▣ **"इस्राएल की प्रजा"** यह शाब्दिक रूप से "नागरिकता" (*politeia*) है। यह शब्द अंग्रेजी में "राजनीति" के रूप में आया। यह अब्राहम के चुने हुए वंशजों को संदर्भित करता है। उनके लाभ रोमियों 9:4-5 में गिनाए गए हैं।

▣ **"प्रतिज्ञा की गई वाचाओं,"** नया नियम पुराने नियम को एक वाचा या कई वाचाओं के रूप में संदर्भित कर सकता है। इस धर्मशास्त्रीय तनाव को विभिन्न आवश्यकताओं में व्यक्त एक विश्वास वाचा के रूप में देखा जा सकता है। परमेश्वर ने अलग-अलग तरीकों से पुराने नियम के लोगों से आमना-सामना किया। आदम के लिए उसका वचन अदन के बगीचे की चीजों के बारे में था, नूह से जहाज के बारे में, इब्राहीम से एक बेटे और रहने के लिए जगह के बारे में, मूसा से लोगों का नेतृत्व करने के बारे में, आदि। लेकिन यह सब के लिए परमेश्वर के वचन का पालन था।! कुछ समूह (व्यवस्थाविज्ञानी) विभिन्नता पर ध्यान केंद्रित करते हैं। अन्य समूह (केल्विनवादी) विश्वास के पहलू को एकीकृत करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। पौलुस ने सभी विश्वास संबंधों के लिए प्रतिमान स्थापित करने के लिए अब्राहम की वाचा (तुलना रोमियों 4) पर ध्यान केंद्रित किया ।

नई वाचा, परमेश्वर के प्रकटीकरण में आज्ञाकारिता और व्यक्तिगत विश्वास की उनकी माँग में पुरानी वाचाओं के समान है। यह विषयवस्तु में भिन्न है (तुलना यिर्मयाह 31:31-34)। मूसा की वाचा मानवीय आज्ञाकारिता और व्यवहार पर केंद्रित थी, जबकि नया नियम मसीह की आज्ञाकारिता और व्यवहार पर केंद्रित है। यह नई वाचा मसीह में विश्वास के द्वारा यहूदियों और अन्यजातियों को एकजुट करने का परमेश्वर का तरीका है (तुलना 2:11-3:13)।

नई वाचा, पुरानी की तरह, बिना शर्त (परमेश्वर का वादा) और सशर्त (मानव प्रत्युत्तर) दोनों है। यह परमेश्वर की संप्रभुता (पूर्वनियति) और मानवजाति के स्वतंत्र विकल्पों (विश्वास, पश्चाताप, आज्ञाकारिता, दृढ़ता) को दर्शाती है।

विशेष विषय: वाचा

पुराने नियम का शब्द *berith* (BDB 136), "वाचा", परिभाषित करना आसान नहीं है। इससे कोई मिलान वाली क्रिया इब्रानी में नहीं है। व्युत्पत्ति अथवा सजातीय परिभाषा को प्राप्त करने के सभी प्रयास अपुष्ट साबित हुए हैं।सम्भवतः सबसे उत्तम अनुमान हो सकता है "काटना" (BDB 144), जो वाचा के साथ संबंधित पशुबलि की ओर संकेत करता है (तुलना उत्त्पति 15:10,17)। हालांकि अवधारणा की स्पष्ट केंद्रीयता ने विद्वानों को इसका कार्यात्मक अर्थ निर्धारित करने का प्रयास करने के लिए शब्द उपयोग की जांच करने के लिए मजबूर कर दिया है।

वाचा वह साधन है जिसके द्वारा एक सच्चा परमेश्वर अपनी मानव रचना के साथ व्यवहार करता है। (विशेष विषय:एकेश्वरवाद देखें) बाइबल के प्रकटीकरण को समझने में वाचा, संधि या समझौते की अवधारणा महत्वपूर्ण है। परमेश्वर की संप्रभुता और मानव मुक्त इच्छा के बीच के तनाव को वाचा की अवधारणा में स्पष्ट रूप से देखा जाता है। कुछ वाचाएँ हैं विशेष रूप से परमेश्वर के चरित्र और कार्यों पर आधारित है

1. स्वयं सृजन (तुलना उत्पत्ति 1-2)
2. नूह को संरक्षण और वादा (तुलना उत्पत्ति 6-9)
3. अब्राम की बुलाहट (तुलना उत्पत्ति 12)
4. अब्राम के साथ वाचा (तुलना उत्पत्ति 15)

हालाँकि, स्वभाव से वाचा एक प्रतिक्रिया की माँग करती है

1. विश्वास से आदम को परमेश्वर का आज्ञापालन करना चाहिए और अदन के बीच के पेड़ से नहीं खाना चाहिए
2. विश्वास से नूह को पानी से दूर एक बड़ी नाव बनानी चाहिए और जानवरों को इकट्ठा करना चाहिए
3. विश्वास के द्वारा अब्राम को अपने परिवार को छोड़ना चाहिए, परमेश्वर का अनुसरण करना चाहिए और भविष्य के वंशजों पर विश्वास करना चाहिए।
4. विश्वास से मूसा इस्राएलियों को मिस्र से निकालकर सीनै पर्वत पर लाया और आशीष और शाप के वादों के साथ धार्मिक और सामाजिक जीवन के लिए विशिष्ट दिशानिर्देश प्राप्त किए (तुलना व्यवस्थाविवरण 27-28)

परमेश्वर के मानवता के साथ संबंध को लेकर इसी तनाव को "नई वाचा" में संबोधित किया गया है। (तुलना यिर्मयाह 31:31-34; इब्रानियों 7:22; 8:6,8,13; 9:15;12:24) यहेजकेल 18:31 की तुलना यहेजकेल 36:27-38 (YHWH की कार्यवाही) से करने में तनाव को स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। क्या यह वाचा परमेश्वर के अनुग्रहपूर्ण कार्यों या जनादेश पर आधारित मानवीय प्रतिक्रिया पर आधारित है? यह पुरानी और नई वाचा का ज्वलंत मुद्दा है। दोनों के लक्ष्य समान हैं:

1. उत्पत्ति 3 में YHWH के साथ खोई हुई संगति की बहाली
2. परमेश्वर के चरित्र को दर्शाने वाले धर्मी लोगों की स्थापना।

यिर्मयाह 31:31-34 की नई वाचा मानव प्रदर्शन को स्वीकृति प्राप्त करने के साधन के समान हटाकर तनाव हल करती है। बाहरी कानून नियमावली के बजाय परमेश्वर का नियम आंतरिक इच्छा बन जाता है। धार्मिक, धर्मी लोगों का लक्ष्य एक ही रहता है, लेकिन कार्यप्रणाली बदल जाती है। पतित मानव जाति ने खुद को परमेश्वर की प्रतिबिंबित छवि होने के लिए अपर्याप्त साबित कर दिया। समस्या परमेश्वर की वाचा नहीं, लेकिन मानवीय पाप और कमजोरी (तुलना रोमियों 7; गलातियों 3)।

पुराने नियम का शर्त रहित और सशर्त वाचाओं के बीच का यही तनाव नए नियम में भी रहता है। यीशु मसीह के द्वारा सम्पूर्ण किए गए कार्य में उद्धार बिल्कुल मुफ्त है, लेकिन इसके लिए पश्चाताप और विश्वास की आवश्यकता है (दोनों शुरू में और लगाता, विशेष विषय: नए नियम में विश्वास) यीशु विश्वासियों के साथ अपने नए संबंध को "एक नई वाचा" कहते हैं (तुलना मत्ती 26:28;मरकुस 14:24; लूका 22:20; 1 कुरिन्थियों 11:25) यह एक कानूनी घोषणा और मसीह के समान होने का आव्हान दोनों है (तुलना मत्ती 5:48; रोमियों 8:29-30; 2 कुरिन्थियों 3:18; 7:1; गलातियों 4:19; इफिसियों 1:4; 4:13; 1 थिस्सलुनीकियों 3:13; 4:3-7; 5:23; 1 पतरस 1:15),एक संकेतार्थक स्वीकृति का बयान(रोमियों 4) और पवित्रता के लिए आज्ञार्थक बुलाहट (मत्ती 5:48)! विश्वासियों को उनके कार्य-संपादन से बचाया नहीं जाता है, लेकिन आज्ञाकारिता से (तुलना इफिसियों 2:8-10; 2 कुरिन्थियों 3:5-6)। ईश्वरीय जीवन उद्धार का प्रमाण बन जाता है, उद्धार का साधन नहीं (यानी याकूब और 1 यूहन्ना)। हालाँकि, अनंत जीवन में अवलोकनीय विशेषताएं हैं! यह तनाव नए नियम की चेतावनियों में स्पष्ट रूप से देखा जाता है। (विशेष विषय: स्वधर्मत्याग देखें)

▣ **"आशाहीन तथा संसार में परमेश्वर-रहित थे"** अगर वास्तव में एक सृष्टिकर्ता परमेश्वर है और इस्राएल उसके चुने हुए लोग हैं, अन्यजातियों को अलग कर दिया गया था, बिना किसी उम्मीद के, मूर्तिपूजा और बुतपरस्ती में खोए हुए (तुलना 1 थिस्सलुनीकियों 4:13 और रोमियों 1:18-2:16)

2:13 "परन्तु अब" अन्यजातियों के आशाहीन अतीत, पद 11-12 और सुसमाचार में उनकी महान आशा, पद 13-22 के बीच एक विषमता है।

▣ **"तुम जो पहिले दूर थे अब समीप लाए गए हो"** यही अवधारणा पद 17 में दोहराई जाती है, जहाँ यशायाह 57:14-19 उद्धृत है। यशायाह में यह पाठ यहूदी निर्वासितों का उल्लेख करता है, लेकिन यहाँ इफिसियों में यह अन्यजातियों को संदर्भित करता है। यह पौलुस का पुराने नियम के अवतरणों के प्रतीकात्मक प्रयोग का एक उदाहरण है। नये नियम के प्रेरितों ने पुराने नियम की आशा को सर्वव्यापी बनाया है। चूँकि निर्वासित यहूदी परमेश्वर से अलग थे, इसी प्रकार अन्यजाति भी परमेश्वर से विमुख थे।

▣ **"मसीह के लहू के द्वारा"** यह मसीह के प्रतिस्थानिक, स्थानापन्न प्रायश्चित को संदर्भित करता है (तुलना 1:7; रोमियों 3:25; 5:6-10; 2 कुरिन्थियों 5:21; कुलुस्सियों 1:20; इब्रानियों 9:14,28; 1 पतरस 1:19; प्रकाशितवाक्य 1:5)। परमेश्वर का परिवार अब राष्ट्रीय नहीं है, लेकिन आत्मिक है (तुलना रोमियों 2:28-29; 4:16-25)।

मसीहा की मृत्यु के लिए मसीह का लहू एक बलिदान रूपक था (तुलना लैव्यव्यवस्था 1-2) (तुलना TEV)। यूहन्ना बपतिस्मा देने वाले ने यीशु के बारे में कहा, "देखो, परमेश्वर का मेमना जो जगत का पाप उठा ले जाता है" (तुलना यूहन्ना 1:29)। यीशु मरने के लिए आया (तुलना उत्पत्ति 3:15; यशायाह 53; मरकुस 15:53; 10:45)।

2:14 इस पद में क्रिया के तीन शब्द हैं। पहला एक वर्तमान निर्देशात्मक है। यीशु का हमारा मेल होना और प्रदान करना जारी है। दूसरा और तीसरा अनिर्दिष्टकाल कर्तृवाचक कृदंत हैं; यहूदियों और अन्यजातियों को एक नई सत्ता (कलीसिया) में एकजुट करने के लिए आवश्यक सारी बातों को पूरा किया गया है।

यहूदी और अन्यजातियों के बीच मेल इस साहित्यिक इकाई 2:11-3:13 का केन्द्रबिन्दु है। यह पिछले युगों में छिपे हुए सुसमाचार का रहस्य था। शब्द "मेल" (1) परमेश्वर और मानवजाति के बीच मेल (तुलना यूहन्ना 14:27; 16:33; रोमियों 5:1-11; फिलिप्पियों 4:7,9) और (2) यहूदी और अन्यजाति के बीच मेल, पद 14, 15, 17 (तुलना गलातियों 3:28; कुलुस्सियों 3:11) को संदर्भित करता है।

▣ **"वह स्वयं हमारा मेल है"** "वह स्वयं" (*autos*) पर बल दिया गया है। "मेल" शब्द का अर्थ है, "जो टूट गया था उसे पुर्नस्थापित करना" (मेलमिलाप)। यीशु मसीहा को शान्ति का राजकुमार कहा जाता है (तुलना यशायाह 9:6 और जकर्याह 6:12-13)। मसीह में परमेश्वर की शान्ति (मेल) के कई पहलू हैं। विशेष विषय: शान्ति और मसीही और शान्ति कुलुस्सियों 1:20 पर देखें

▣

NASB	**"जिसने दोनों समूहों को एक कर दिया"**
NKJV	**"जिसने दोनों को एक बना दिया है"**
NRSV	**"उसने दोनों समूहों को एक कर दिया है"**
TEV	**"यहूदियों और अन्यजातियों को एक प्रजा बनाकर"**
NJB	**"दो को एक बना दिया है"**

विश्वासी अब यहूदी या अन्यजाति नहीं, लेकिन मसीही हैं (तुलना 1:15; 2:15; 4:4; गलातियों. 3:28; कुलुस्सियों 3:11)। यह परमेश्वर का रहस्य था जो कि इफिसियों में प्रकट किया गया है। यह हमेशा से परमेश्वर की योजना रही है (उत्पत्ति 3:15)। परमेश्वर ने लोगों को चुनने के लिए, एक जगत को चुनने के लिए, इब्राहीम को चुना (उत्पत्ति 12:3; निर्गमन 19:5-6)। यह पुरानी और नई वाचाओं (नियमों) का एकीकृत विषय है।

▣

NASB	**"विभाजित करने वाली दीवार की बाधा"**
NKJV	**"विभाजन करने वाली बीच की दीवार"**

NRSV "विभाजित करने वाली दीवार"
TEV "दीवार जो अलग करती थी"
NJB "बाधा जो उन्हें अलग करती थी"

यह शाब्दिक रूप से "विभाजित करने वाली बीच की दीवार" है। यह एक दुर्लभ शब्द था। संदर्भ में यह स्पष्ट रूप से मूसा की व्यवस्था को संदर्भित करता है (तुलना पद 15)। कुछ टिप्पणीकारों ने जोर देकर कहा है कि यह हेरोदेस के मंदिर में अन्यजातियों और स्त्रियों के आँगन के बीच दीवार, जो यहूदी और अन्यजाति उपासकों को अलग करती थी, का एक संकेत था। अवरोधों को हटाने के इसी प्रतीक का प्रयोग यीशु की मृत्यु पर मंदिर के पर्दे के ऊपर से नीचे तक फट जाने में देखा जा सकता है (तुलना मत्ती 27:51)। अब एकता संभव है। एकता अब परमेश्वर की इच्छा है (तुलना इफिसियों 4:1-10)।

ज्ञानवाद में इस शब्द का अर्थ है स्वर्ग और पृथ्वी के बीच का अवरोध, जिसका संकेत इफिसियों 4:8-10 में हो सकता है।

2:15

NASB "मिटाते हुए"
NKJV "मिटा कर"
NRSV "मिटा दिया है"
TEV "मिटा दिया"
NJB "नष्ट करते हुए"

"मिटा दिया" शब्द पौलुस का पसंदीदा है (तुलना रोमियों 3:31; 6:6; कुलुस्सियों 2:14)। इसका शाब्दिक अर्थ है "अमान्य" या "प्रभावहीन कर देना।" यह एक अनिर्दिष्टकाल कर्तृवाचक कृदंत है। यीशु ने पुराने नियम की व्यवस्था की मौत की सज़ा को पूरी तरह से हटा दिया है (तुलना पद 16; कुलुस्सियों 2:14; इब्रानियों 8:13)।

इसका अर्थ यह नहीं है कि पुराना नियम नये नियम के विश्वासियों के लिए प्रेरित और महत्त्वपूर्ण प्रकटीकरण नहीं है (तुलना मत्ती 5:17-19)। इसका अर्थ यह जरूर है कि व्यवस्था उद्धार का माध्यम नहीं है (तुलना प्रेरितों के काम 15; रोमियों 4; गलतियों 3; इब्रानियों)। नई वाचा (यिर्मयाह 31:31-34; यहेजकेल 36:22-36) नए हृदय और एक नई आत्मा पर आधारित है, न कि एक कानूनी संहिता के मानव पालन पर। विश्वासी यहूदियों और विश्वासी अन्यजातियों का अब परमेश्वर के सामने एक ही स्थान है - मसीह की अध्यारोपित धार्मिकता।

विशेष विषय: अमान्य (*katargeō*)

यह (*katargeō*) पौलुस के मनपसंद शब्दों में से एक था। उसने कम से कम पच्चीस बार इसका प्रयोग किया लेकिन इसकी एक बहुत ही विस्तृत शब्दार्थ सीमा है।

A. इसका मूल व्युत्पत्ति मूल *agros* से है जिसका अर्थ है
   1. निष्क्रिय
   2. निरर्थक
   3. अप्रयुक्त
   4. अनुपयोगी
   5. निष्फल
B. *kata* के साथ संयुक्त शब्द का प्रयोग इन्हें व्यक्त करने के लिए किया गया था
   1. निष्क्रियता
   2. अनुपयोगिता
   3. जो रद्द कर दिया गया
   4. जिसे हटा दिया गया
   5. वह जो पूरी तरह से निष्फल था
C. इसका प्रयोग लूका में एक बार एक फलहीन अतः बेकार, पेड़ का वर्णन करने के लिए किया गया है, (तुलना लूका 13:7)
D. पौलुस इसे दो प्राथमिक तरीकों से अलंकारिक अर्थ में प्रयोग करता है

1. परमेश्वर ने ऐसी निष्क्रिय वस्तुएँ बनाई हैं जो मानव जाति के लिए विरोधी हैं
   a. मानव जाति का पाप का स्वभाव - रोमियों 6:6
   b. परमेश्वर के "वारिस" के वादे के संबंध में मूसा की व्यवस्था- रोमियों 4:14; गलातियों 3:17, 5:4,11; इफिसियों। 2:15
   c. आत्मिक शक्तियाँ – 1 कुरिन्थियों। 15:24
   d. "अधर्मी" - 2 थिस्सलुनीकियों 2:8
   e. शारीरिक मृत्यु - 1 कुरिन्थियों 15:26; 2 तीमुथियुस 1:10 (इब्रानियों 2:14)
2. परमेश्वर पुराने को(वाचा,युग) नये से बदलता है
   a. मूसा की व्यवस्था से संबंधित बातें - रोमियों 3:3,31; 4:14; 2 कुरिन्थियों 3:7,11,13,14
   b. व्यवस्था की विवाह से समरूपता - रोमियों 7:2,6
   c. इस युग की चीजें - 1 कुरिन्थियों 13:8,10,11
   d. यह देह - 1 कुरिन्थियों 6:13
   e. इस युग के शासक - 1 कुरिन्थियों 1:28; 2:6

इस शब्द का कई अलग-अलग तरीकों से अनुवाद किया गया है, लेकिन इसका मुख्य अर्थ कुछ बेकार, अकृत और शून्य, निष्फल, शक्तिहीन बनाना है, लेकिन जरूरी नहीं कि अस्तित्वहीन, नष्ट या विलोपित हो।

▣

NASB, NKJV **"अपने शरीर में"**
NRSV (2:14) **"शरीर"**
TEV (2:14) **"अपनी देह में"**
NJB (2:14) **"अपने आप में"**

यह यीशु की मानवता (तुलना कुलुस्सियों 1:22) साथ ही साथ उसकी देहधारण संबंधी सेवकाई (तुलना इफिसियों 4:8-10) पर जोर देता है। झूठे शिक्षकों ने आत्मा, जिसे वे अच्छा मानते थे, और तत्त्व, जिसे वे बुरा मानते थे, के बीच उनके सत्ता मीमांसा संबंधी द्वंद्ववाद के कारण दोनों का खंडन किया होगा, (तुलना गलातियों 4:4; कुलुस्सियों 1:22)।

▣ **"बैर"** संतुलित संरचना "बैर" (तुलना पद 16) को "नियमों में निहित आज्ञाओं की व्यवस्था" के समतुल्य बनाती है। पुराने नियम ने कहा "करो और जीओ", लेकिन पतित मानवजाति मूसा की व्यवस्था का पालन करने में असमर्थ थी। एक बार पालन न करने पर, पुराने नियम की व्यवस्था एक अभिशाप बन गई (तुलना गलातियों 3:10); "जो प्राण पाप करता है वह निश्चित रूप से मर जाएगा" (तुलना यहेजकेल 18:4,20)। नई वाचा ने मनुष्यों को एक नया हृदय और आत्मा देकर बैर को दूर किया (तुलना यिर्मयाह 31:31-34; यहेजकेल 36:26-27)। पालन परिणाम बन जाता है, लक्ष्य नहीं। उद्धार एक वरदान है, काम पूरा करने के लिए एक इनाम नहीं।

▣

NASB **"विधियों की रीति पर आधारित आज्ञाएँ"**
NKJV **"विधियों की रीति पर जारी आज्ञाएँ"**
NRSV **"विधियों और आज्ञाओं के साथ व्यवस्था"**
TEV **"यहूदी व्यवस्था, उसकी आज्ञाओं और नियमों के साथ"**
NJB **"व्यवस्था के नियम और आज्ञाएँ"**

यह उद्धार पाने के तरीके का उल्लेख करता है जिसे ऐसा माना जाता है कि केवल मूसा की व्यवस्था के पालन के द्वारा ही पाया जा सकता था (तुलना रोमियों 9:30-32; गलातियों 2:15-21)।

विशेष विषय: मूसा की व्यवस्था और मसीही

A. व्यवस्था प्रेरित पवित्रशास्त्र है और सनातन है (तुलना मत्ती 5:17-19)।

B. उद्धार के एक तरीके के रूप में व्यवस्था शून्य है और हमेशा से रही है, लेकिन मानव जाति को यह देखना था कि उसके स्वयं के प्रयास व्यर्थ थे (तुलना मत्ती 5:20,48; रोमियों 7:7-12; गलातियों 3:1ff; याकूब 2:10)।
C. मसीह का सुसमाचार परमेश्वर तक पहुँचने का एकमात्र रास्ता है (तुलना यूहन्ना 14:6; रोमियों 3:21; गलातियों 4:15-21; इब्रानियों 8:12)।
D. पुराना नियम अभी भी विश्वासियों के लिए समाज में मनुष्यों के लिए परमेश्वर की इच्छा के रूप में अभी भी सहायक है (विशेषतः "दस आज्ञाएँ"), लेकिन उद्धार के रास्ते के रूप में नहीं (यानी, यह पवित्रीकरण में काम करता है लेकिन धर्मी ठहराने में नहीं)। इस्राएल की धार्मिक संस्कृति (बलिदान व्यवस्था, पवित्र दिन, नागरिक और धार्मिक नियम) समाप्त हो चुकी है लेकिन परमेश्वर अभी भी पुराने नियम के माध्यम से बोलते है। प्रेरितों के काम 15:20 में वर्णित नियम केवल सहभागिता के मुद्दों को संदर्भित करता है, उद्धार को नहीं।
E. पुराने नियम और नये नियम के विश्वासियों के साथ उसके संबंध के बारे में महत्त्वपूर्ण पाठ हैं
   1. प्रेरितों के काम 15 की यरूशलेम की सभा
   2. गलातियों 3 में सुसमाचार संदेश का धर्मशास्त्रीय सारांश
   3. यीशु की नई वाचा (नये नियम) के साथ मूसा की वाचा (पुराने नियम) की तुलना इब्रानियों की पुस्तक है। यह नये नियम की श्रेष्ठता का वर्णन करने के लिए कई श्रेणियों का प्रयोग करती है।
   4. देखें विशेष विषय: मूसा की व्यवस्था के बारे में पौलुस का दृष्टिकोण

▣ **"अपने में सृष्टि करके"** सर्वनाम "अपने में" प्रभावशाली है। उद्धार और सहभागिता में सभी मनुष्यों को एकजुट करने का परमेश्वर का अनन्त उद्देश्य (तुलना उत्पत्ति 3:15) विशेष रूप से मसीहा के व्यक्तित्त्व के पालन के द्वारा पूरा किया गया, न कि मूसा की व्यवस्था के द्वारा।

▣ **"एक नए मनुष्य,"** इस यूनानी शब्द का अर्थ प्रकार में "नया" है, समय में नहीं। परमेश्वर के लोग न यहूदी हैं, न ही अन्यजाति, बल्कि मसीही हैं! कलीसिया, मसीही में और मसीह के द्वारा और मसीह के लिए एक नई इकाई है (तुलना रोमियों 11:36; कुलुस्सियों 1:16; इब्रानियों 2:36)।

▣ **"मेल करा दे"** यह पौलुस के लिए एक पसंदीदा शब्द है। इसका प्रयोग रोमियों में ग्यारह बार और इफिसियों में सात बार किया गया है (तुलना 1:2; 2:14,15,17; 4:3; 6:15,23)। वह इसका तीन तरह से प्रयोग करता है।

1. परमेश्वर और मानव जाति के बीच मेल, कुलुस्सियों 1:20
2. मसीह के माध्यम से परमेश्वर के साथ आत्मनिष्ठ मेल, यूहन्ना 14:27; 16:33; फिलिप्पियों 4:27
3. लोगों के बीच मेल, इफिसियों 2:11-3:13

यह एक वर्तमान कर्मवाचक कृदंत है। मसीह का आदम की उन पतित संतानों के साथ मेल कराना जारी है जो पश्चाताप और विश्वास के साथ प्रत्युत्तर देंगे। मसीह का मेल स्वचालित नहीं है (पद 16 का अनिर्दिष्टकाल संशयार्थ-सूचक), लेकिन यह सभी के लिए उपलब्ध है (तुलना रोमियों 5:12-21)।

2:16 "मेल कराए" यूनानी शब्द का अर्थ है किसी को होने की एक स्थिति से दूसरी में स्थानांतरित करना। इसका तात्पर्य विषम स्थितियों के आदान-प्रदान से है (तुलना रोमियों 5:10-11; कुलुस्सियों 1:20,61; 2 कुरिन्थियों 5:18,21)। एक अर्थ में समाधान उत्पत्ति 3 के अभिशाप को दूर करना है। परमेश्वर और मानवजाति की अंतरंग सहभागिता इस जीवन में भी, इस पतित विश्व व्यवस्था में, पुनर्स्थापित हुई हैं। परमेश्वर के साथ यह समाधान स्वयं को अन्य मनुष्यों के साथ और अंततः प्रकृति के साथ एक नए संबंध में व्यक्त करता है (यशायाह 11:6-9; 65:25; रोमियों 8:18-23; प्रकाशितवाक्य 22:3)। यहूदियों और अन्यजातियों का पुनर्मिलन हमारी दुनिया में परमेश्वर के एकीकरण के काम का एक सुंदर उदाहरण है।

▣ **"एक देह बनाकर"** एकता के इस रूपक का प्रयोग पौलुस के लेखन में कई अलग-अलग तरीकों से किया गया है: (1) मसीह की शारीरिक देह (तुलना कुलुस्सियों 1:22) या मसीह का शरीर, कलीसिया (तुलना कुलुस्सियों 1:23; 4:12; 5:23,30); (2) यहूदी और अन्यजातियों की नई मानवता (तुलना 2:16); या (3) आत्मिक वरदानों की एकता और विविधता का उल्लेख करने का एक तरीका (तुलना 1 कुरिन्थियों 12:12-13,27)। एक अर्थ में वे सभी #1 से संबंधित हैं।

▣ **"क्रूस के द्वारा"** यहूदी अगुवों ने मसीह के क्रूस को शाप समझा (तुलना व्यवस्थाविवरण 21:23)। परमेश्वर ने इसे छुटकारे

के एक माध्यम के रूप में प्रयोग किया (तुलना यशायाह 53)। यीशु हमारे लिए "शाप" बन गया (तुलना गलातियों 3:13)! यह, विश्वासियों को (1) पुराने नियम के शाप; (2) दुष्ट शक्तियों; और (3) यहूदी और अन्यजातियों के बीच के बैर पर विजय दिलाकर उसका विजय रथ बन गया (तुलना कुलुस्सियों 2:14-15)

▣

NASB "बैर को समाप्त करके"
NKJV "जिससे बैर को समाप्त करके"
NRSV "इस प्रकार उससे उस शत्रुता को समाप्त कर डालना"
TEV "मसीह ने बैर का नाश कर दिया"
NJB "अपने आप में उसने शत्रुता को खत्म कर दिया"

अंग्रेजी अनुवाद बताते हैं कि इस वाक्यांश को दो तरीकों से समझा जा सकता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि एकवचन सर्वनाम एक सम्प्रदान-कारक पुल्लिंग (TEV, NJB) या सम्प्रदान-कारक नपुंसकलिंग (NASB, NRSV) हो सकता है। संदर्भ में कोई भी संभव है। बड़ा संदर्भ मसीह के सम्पूर्ण हुए छुटकारे के कार्य पर ज़ोर देता है।

2:17 यह यशायाह 57:19 या संभवतः 52:7 के लिए एक संकेत है। रब्बियों ने, यशायाह 56:6 के आधार पर, इस वाक्यांश का प्रयोग धर्मान्तरित अन्यजातियों के संदर्भ में किया था।

2:18 त्रिएकत्व का काम इस पुस्तक में स्पष्ट रूप से बताया गया है (तुलना 1:3-14,17; 2:18; 4:4-6)। हालाँकि यह शब्द "त्रिएकत्व" बाइबल का एक शब्द नहीं है, लेकिन अवधारणा निश्चित रूप से है (तुलना मत्ती 3:16-17; 28:19; यूहन्ना 14:26; प्रेरितों के काम 2:33-34,38-39; रोमियों 1:4-5; 5:1,5; 8:9-10; 1 कुरिन्थियों 12:4-6; 2 कुरिन्थियों 1:21-22; 13:14; गलातियों 4:4-6; इफिसियों 1:3-14; 2:18; 3:14-17; 4:4-6; 1 थिस्सलुनीकियों 1:2-5; 2 थिस्सलुनीकियों 2:13; तीतुस 3:4-6; 1 पतरस 1:2; यहूदा 20-21)। 1:3 पर विशेष विषय देखें।

▣ **"हम दोनों की पहुँच होती है"** यह एक वर्तमान कर्तृवाचक निर्देशात्मक है जिसका अर्थ है "हमारी पहुँच जारी है।" यह विश्वासियों को व्यक्तिगत रूप से परमेश्वर की उपस्थिति में लाने और उन्हें एक व्यक्तिगत परिचय देने की यीशु की अवधारणा है (तुलना रोमियों 5:2; इसका प्रयोग इब्रानियों 4:16; 10:19,35 में विश्वास के अर्थ में भी किया जाता है।)।

▣ **"एक ही आत्मा में"** इस पर इफिसियों 4:4 में भी जोर दिया गया है। झूठे शिक्षक फूट पैदा कर रहे थे, लेकिन आत्मा एकता लाया (एकरूपता नहीं)!

2:19 जिन अन्यजातियों को अलग कर दिया गया था (पद 11-12) अब वे पूरी तरह से शामिल हैं। यह बाइबल के चार सामान्य रूपकों के प्रयोग द्वारा स्पष्ट रूप से कहा गया है: (1) संगी स्वदेशी (नगर); (2) पवित्र लोग (परमेश्वर के लिए अलग की गई पवित्र प्रजा); (3) परमेश्वर का कुटुम्ब (परिवार के सदस्य); और (4) आत्मिक भवन (मंदिर, 20-22a)।

▣ **"पवित्र लोग"** कुलुस्सियों 1:2 में विशेष विषय देखें।

2:20 "बनाए गए हो" यह एक अनिर्दिष्टकाल कर्मवाचक कृदंत है। हमारे विश्वास की नींव पूरी तरह से, अंत में, और सम्पूर्ण रूप से त्रिएक परमेश्वर के द्वारा रखी गई है। परमेश्वर के सुसमाचार का प्रचार प्रेरितों और भविष्यद्वक्ताओं ने किया था (तुलना 3:5)।

▣ **"प्रेरितों और भविष्यद्वक्ताओं की नींव पर"** यीशु ने सुसमाचार की नींव रखी (तुलना 1 कुरिन्थियों 3:11)। पुराने नियम ने परमेश्वर के आने वाले राज्य, यीशु के आत्मा से प्रेरित जीवन, मृत्यु की भविष्यवाणी की, और पुनरुत्थान ने उसे पूरा किया और प्रेरितों ने इसकी वास्तविकता का प्रचार किया। एकमात्र सवाल यह है कि, "भविष्यद्वक्ता" शब्द किसके लिए है? क्या वे पुराने नियम के भविष्यद्वक्ता या नये नियम के भविष्यद्वक्ता हैं (तुलना 3:5; 4:1)? शब्दों के क्रम का तात्पर्य है नये नियम के भविष्यद्वक्ता (तुलना पद 3:5; 4:11), लेकिन "कोने का पत्थर" के लिए पुराने नियम के मसीहाई संकेत का तात्पर्य है पुराने नियम की भविष्यवाणी।

पुराने नियम और नये नियम के भविष्यद्वक्ताओं के बीच के अंतर का कारण प्रकटीकरण का मुद्दा है। पुराने नियम के

भविष्यद्वक्ताओं ने पवित्र शास्त्र लिखा। वे परमेश्वर के प्रेरित आत्म-प्रकटीकरण के माध्यम थे। हालाँकि, भविष्यवाणी का वरदान नये नियम में भी जारी है (1 कुरिन्थियों 12:28; इफिसियों 4:11)। क्या पवित्र शास्त्र लिखना जारी है? प्रेरणा (प्रेरित और पुराने नियम के भविष्यद्वक्ता) और प्रकाशन और आत्मिक वरदान प्राप्ति (नये नियम के आत्मिक वरदान प्राप्त विश्वासी) के बीच अंतर किया जाना चाहिए।

▣ **"कोने का पत्थर"** यह पुराने नियम का एक मसीहाई रूपक है (तुलना यशायाह 28:16; भजनसंहिता 118:22; 1 पतरस 2:4-8)। पुराने नियम में परमेश्वर की स्थिरता, सामर्थ्य और दृढ़ता की कल्पना अक्सर "चट्टान" शीर्षक के रूप में की जाती है (तुलना व्यवस्थाविवरण 32:4, 15, 18, 30; भजनसंहिता 18:2, 31, 46; 28:1; 33:3; 42:9; 71:3; 78:15)।

एक पत्थर के रूप में यीशु का रूपक

1. एक ठुकराया गया पत्थर - भजनसंहिता 118:22
2. एक भवन का पत्थर - भजनसंहिता 118:22; यशायाह 28:16
3. एक ठोकर का पत्थर -यशायाह 8:14-15
4. एक पराजित करनेवाला और विजय प्राप्त करनेवाला पत्थर (राज्य) - दानिय्येल 2:45
5. यीशु ने इन गद्यांशों का प्रयोग स्वयं का वर्णन करने के लिए किया (तुलना मत्ती 21:40; मरकुस 12:10; लूका 20:17)

वह प्रमुख निर्माण वस्तु था जिसे पुराने नियम के कर्मकांड और विधिपरायणता में अनदेखा किया गया था (तुलना यशायाह 8:14)।

विशेष विषय: "पत्थर" (BDB 6, KB 7) और "कोने का पत्थर" (BDB 819, KB 916)

I. पुराने नियम में प्रयोग
   A. एक कठोर टिकाऊ वस्तु के रूप में एक पत्थर, जो एक अच्छी नींव बनाता है, की अवधारणा का प्रयोग YHWH का वर्णन करने के लिए किया गया था (तुलना अय्यूब 38: 6; भजनसंहिता 18:2 "चट्टान" के लिए दो शब्दों का प्रयोग करते हैं, BDB 700, 849)।
   B. यह तब एक मसीहाई शीर्षक में विकसित हुआ (तुलना उत्पत्ति 49:24; भजन 118:22; यशायाह 28:16)।
   C. शब्द "पत्थर" या "चट्टान" मसीहा द्वारा एक न्याय का प्रतिनिधित्व करने के लिए आया था (तुलना यशायाह 8:16 [BDB 6 कन्स्ट्रक्ट BDB 103]; दानिय्येल 2:34-35,44-45 [BDB 1078])।
   D. यह एक भवन के रूपक में विकसित हुआ (विशेष रूप से यशायाह 28:16) ।
      1. एक नींव का पत्थर, सबसे पहले रखा जाता है, जो सुदृढ़ होता था और भवन के बाकी हिस्सों के लिए कोण निर्धारित करता था, उसे "कोने का पत्थर" कहा जाता था
      2. यह चोटी के पत्थर को भी संदर्भित कर सकता है, जो दीवारों को एक साथ थामे रखता है (तुलना जकर्याह 4:7; इफिसियों 2:20,21), जिसे इब्रानी रौश के अनुसार "आच्छादन शिला" कहा जाता है (यानी, सिर)
      3. यह "मुख्य पत्थर" को संदर्भित कर सकता है, जो चौखट के मेहराब के केंद्र में होता है और पूरी दीवार का वजन सम्भाले रखता है

II. नये नियम में प्रयोग
   A. यीशु ने खुद के संदर्भ में कई बार भजनसंहिता 118 को उद्धृत किया (तुलना मत्ती 21:41-46; मरकुस 12:10-11; लूका 20:17)
   B. पौलुस YHWH के द्वारा विश्वासघाती, विद्रोही इस्राएल की अस्वीकृति के संबंध में भजनसंहिता 118 का प्रयोग करता है। (तुलना रोमियों 9:33)
   C. पौलुस इफिसियों 2:20-22 में मसीह के संदर्भ में "कोने का पत्थर" की अवधारणा का प्रयोग करता है।
   D. पतरस 1 पतरस 2:1-10 में यीशु की इस अवधारणा का प्रयोग करता है। यीशु कोने का पत्थर है और विश्वासी जीवित पत्थर हैं (अर्थात, मंदिरों के रूप में विश्वासी, तुलना 1कुरिन्थियों 6:19), उसी पर बनाए गए (यानी, यीशु नया मंदिर है, तुलना मरकुस 14:58; मत्ती 12:6; यूहन्ना 2:19-20)। यहूदियों ने अपनी आशा के आधार को ही अस्वीकार कर दिया जब उन्होंने यीशु को मसीहा के रूप में अस्वीकार किया।

III. धर्मशास्त्रीय कथन

A. YHWH ने दाऊद/सुलैमान को मंदिर बनाने की अनुमति दी। उसने उनसे कहा कि अगर वे वाचा को बनाये रखेंगे तो वह उन्हें आशीर्वाद देगा और उनके साथ रहेगा (तुलना 2 शमूएल 7), लेकिन अगर वे ऐसा न करें तो मंदिर खंडहर हो जाएगा (तुलना 1 राजाओं 9:1-9)!

B. रब्बियों के यहूदीवाद ने रूप और संस्कार पर ध्यान केंद्रित किया और विश्वास के व्यक्तिगत पहलू की उपेक्षा की (तुलना यिर्मयाह 31:31-34; यहेजकेल 36:22-38)। परमेश्वर उसके स्वरूप में बनाए गए लोगों के साथ एक दैनिक, व्यक्तिगत, ईश्वरीय संबंध चाहता है (तुलना उत्पत्ति 1:26-27)। लूका 20:17-18 में न्याय के भयावह शब्द हैं, मत्ती 5:20 में भी, यहूदीवाद की ओर निर्देशित।

C. यीशु ने अपने भौतिक शरीर का वर्णन करने के लिए एक मंदिर की अवधारणा का प्रयोग किया (तुलना यूहन्ना 2:19-22)। यह जारी है और मसीहा के रूप में यीशु में व्यक्तिगत विश्वास YHWH के साथ एक रिश्ते की कुंजी है इस अवधारणा का विस्तार करता है (यानी, यूहन्ना 14:6; 1 यूहन्ना 5:10-12)।

D. उद्धार मानव में परमेश्वर के क्षतिग्रस्त स्वरूप को बहाल करने के लिए है (उत्पत्ति 1:26-27 और उत्पत्ति 3) ताकि परमेश्वर के साथ संगति संभव हो। मसीहत का लक्ष्य अभी मसीह के समान बनना है। विश्वासियों को जीवित पत्थर बनना है (यानी, मसीह पर/के आदर्श पर बनाए गए छोटे मंदिर)।

E. यीशु हमारे विश्वास की नींव और हमारे विश्वास की आच्छादन शिला है (यानी, अल्फा और ओमेगा)। तथापि, ठोकर का पत्थर और ठेस की चट्टान भी (यशायाह 28:16)। उसे खोना सब कुछ खोना है। यहाँ कोई बीच का तर्क नहीं हो सकता!

2:21-22 परमेश्वर के लोगों के सामूहिक या सामाजिक विचार को पद 19 (दो बार), 21 और 22 में देखा गया, उसे बहुवचन "पवित्र लोग" कहा गया था। उद्धार पाना एक परिवार, एक भवन, एक शरीर, एक मंदिर का हिस्सा होना है।

एक मंदिर के रूप में कलीसिया की अवधारणा 1 कुरिन्थियों 3:16-17 में व्यक्त की गई है। यह कलीसिया की सामाजिक प्रकृति पर जोर है। 1 कुरिन्थियों 6:16 में व्यक्तिगत पहलू व्यक्त किया गया था। दोनों सत्य हैं!

पद 21-22 में सामाजिक केन्द्रबिन्दु भी है। उनमें समास *syn* है, जिसका अर्थ है "के साथ संयुक्त भागीदारी।" वे दोनों वर्तमान कर्मवाचक हैं। परमेश्वर ने अपनी कलीसिया को बनाना/जोड़ना जारी रखा है।

यह एक यूनानी पांडुलिपि समस्या है जो "पूरे भवन" वाक्यांश से जुड़ी है। प्राचीन काल की बृहदक्षर पांडुलिपियों ℵ*, B, D, F और G में कोई शब्द वर्ग नहीं है, जबकि ℵ^{C}, A, C, और P में हैं। सवाल यह है कि क्या पौलुस एक बड़े भवन (NASB, NKJV, NRSV, NIV, TEV, REB) या किसी प्रकार से जुड़े कई छोटे-छोटे भवनों (ASV, NJB, फिलिप्स) का उल्लेख कर रहा था? यूनाइटेड बाइबल सोसाइटी की यूनानी ग्रंथ के चौथे संस्करण ने "अनार्थरोस (एक शब्द वर्ग रहित) संरचना" को "B" दर्ज़ा दिया है, जो इंगित करता है कि वे "लगभग निश्चित" हैं कि यह एक भवन को संदर्भित करता है। यह एक भवन पूरा नहीं हुआ है। यह बढ़ने की प्रक्रिया में है। भवन का रूपक आत्मिक मंदिर (परमेश्वर के लोगों) का संकेत था।

विशेष विषय: उन्नति करना

यह शब्द *oikodomeō* और इसके अन्य रूपों का प्रयोग पौलुस के द्वारा अक्सर किया जाता है। शाब्दिक रूप से इसका अर्थ है "घर बनाना" (तुलना मत्ती 7:24), लेकिन इसका प्रयोग निम्नलिखित के लिए रूपक के रूप में किया जाने लगा:

1. मसीह की देह, कलीसिया, 1 कुरिन्थियों 3:9; इफिसियों 2:21; 4:16
2. निर्माण करना
   a. निर्बल भाई, रोमियों 15:1
   b. पड़ोसी, रोमियों 15:2
   c. एक दूसरे, इफिसियों 4:29; 1 थिस्सलुनीकियों 5:11
   d. सेवकाई करनेवाले संत, इफिसियों 4:11
3. हम इनके द्वारा वृद्धि या उन्नति करते हैं
   a. प्रेम, 1 कुरिन्थियों 8:1; इफिसियों 4:16

b. व्यक्तिगत स्वतंत्रता को सीमित करना, 1 कुरिन्थियों 10:23-24
c. परिकल्पनाओं से बचना, 1 तीमुथियुस 1:4
d. आराधना सभाओं में में वक्ताओं को सीमित करना (गायक, शिक्षक, भविष्यद्वक्ता, अन्य भाषा बोलने वाले और दुभाषिये),1 कुरिन्थियों 14:3-4,12

4. सभी बातों से उन्नति होनी चाहिए
   a. पौलुस का अधिकार, 2 कुरिन्थियों 10:8; 12:19; 13:10
   b. रोमियों 14:19 और 1 कुरिन्थियों 14:26 में सारांश कथन

चर्चागत प्रश्न

यह एक अध्ययन मार्गदर्शक टिप्पणी है, जिसका अर्थ है कि आप बाइबल की अपनी स्वयं की व्याख्या के लिए जिम्मेदार हैं। हम में से प्रत्येक को उस प्रकाश में चलना चाहिए जो हमारे पास है। व्याख्या में आप, बाइबल और पवित्र आत्मा प्राथमिकता में हैं। आपको एक टीकाकार पर इसे नहीं छोड़ना चाहिए।

ये चर्चागत प्रश्न आपको पुस्तक के इस खंड के प्रमुख मुद्दों के माध्यम से सोचने में मदद करने के लिए प्रदान किए जाते हैं। वे विचारोत्तेजक होने चाहिए, निर्णायक नहीं।

1. क्या सभी मनुष्य वास्तव में परमेश्वर से विमुख हैं?
2. क्या मनुष्यों की उनके अपने उद्धार में महत्त्वपूर्ण भूमिका है?
3. यहूदी और अन्यजाति का मेल इतना महत्त्वपूर्ण क्यों है?
4. यीशु ने व्यवस्था को "अमान्य" क्यों बना दिया?
5. क्या परमेश्वर की व्यवस्था अनन्त है? मसीही मूसा की व्यवस्था और पूरे पुराने नियम से कैसे संबंधित हैं?
6. पौलुस पद 19-23 में भवन के रूपक पर ज़ोर क्यों देता है?

रोमियों 5

आधुनिक अनुवादों के अनुच्छेद विभाग				
UBS[4]	**NKJV**	**NRSV**	**TEV**	**JB**
धर्मी ठहराए जाने के परिणाम	क्लेशों में विश्वास विजयी होता है	धर्मी ठहराए जाने के नतीजे	परमेश्वर के साथ मेल	विश्वास उद्धार की गारंटी देता है
5:1-11	5:1-5	5:1-5	5:1-5	5:1-11
	मसीह हमारे स्थान पर			
	5:6-11	5:6-11	5:6-11	
आदम और मसीह	आदम से मृत्यु, मसीह से जीवन	आदम और मसीह : सादृश्य और विरोधाभास	आदम और मसीह	आदम और यीशु मसीह
5:12-14	5:12-21	5:12-14	5:12-14b	5:12-14
			5:14c-17	
5:15-21		5:15-17		5:15-21
		5:18-21	5:18-19	
			5:20-21	

वाचन चक्र तीन

अनुच्छेद स्तर पर मूल लेखक के अभिप्राय का अनुसरण करना

यह एक अध्ययन मार्गदर्शक टिप्पणी है, जिसका अर्थ है कि आप बाइबल की अपनी स्वयं की व्याख्या के लिए जिम्मेदार हैं। हम में से प्रत्येक को उस प्रकाश में चलना चाहिए जो हमारे पास है।व्याख्या में आप, बाइबल और पवित्र आत्मा प्राथमिकता में हैं। आपको एक टीकाकार पर इसे नहीं छोड़ना चाहिए।

एक बैठक में अध्याय पढ़ें। विषयों को पहचानें। उपरोक्त पाँच अनुवादों के साथ अपने विषय विभाजन की तुलना करें। अनुच्छेद लेखन प्रेरित नहीं है, लेकिन यह मूल लेखक के अभिप्राय, जो व्याख्या का केंद्र है, का पालन करने की कुंजी है। हर अनुच्छेद में एक और केवल एक ही विषय होता है।

1. पहला अनुच्छेद
2. दूसरा अनुच्छेद
3. तीसरा अनुच्छेद
4. आदि

प्रासंगिक अन्तर्दृष्टि

A. पद 1-11 यूनानी में एक वाक्य हैं। वे पौलुस के "विश्वास द्वारा धर्मी ठहराए जाने" की केंद्रीय अवधारणा को विकसित करते हैं (तुलना 3:21-4:25)।

B. पद 1-11 की संभावित रूपरेखा:

पद 1-5	पद 6-8	पद 9-11
उद्धार के लाभ	उद्धार के लिए आधार	भविष्य की उद्धार की निश्चितता
धर्मी ठहराए जाने के व्यक्तिनिष्ठ अनुभव	धर्मी ठहराए जाने के वस्तुनिष्ठ तथ्य	भविष्य की धर्मी ठहराए जाने की निश्चितता
धर्मी ठहराया जाना	प्रगतिशील पवित्रीकरण	महिमान्वित करना
मानवशास्त्र	धर्मशास्त्र	युगांत-विषयक शास्त्र

C. पद 12-21 दूसरे आदम के रूप में यीशु की चर्चा है (1 कुरिन्थियों 15:21-22, 45-49; फिलिप्पियों 2:6-8)। यह व्यक्तिगत पाप और सामूहिक अपराध दोनों की धर्मशास्त्रीय अवधारणा पर बल देता है।पौलुस का आदम में मानवजाति (और सृष्टि) के पतन का विकास रब्बियों से बहुत अनोखा था और अलग था, जबकि भौतिकता के बारे में उसका दृष्टिकोण रब्बानी शिक्षण के अनुरूप था। यह गमलिएल के अधीन यरुशलेम में उसके प्रशिक्षण के दौरान सिखाई गई सच्चाइयों को प्रेरणा से प्रयोग करने या पूरक करने की पौलुस की योग्यता को दर्शाता है(तुलना प्रेरितों के काम 22:3)।

उत्पत्ति 3 से मूल पाप के सुधारित धर्म-प्रचार संबंधी सिद्धांत को ऑगस्तीन और केल्विन द्वारा विकसित किया गया था। यह मूल रूप से दावा करता है कि मनुष्य पापीपैदा होते हैं (सम्पूर्ण अनैतिकता)। अक्सर भजनसंहिता 51:5; 58:3; और अय्यूब 15:14; 25:4 का प्रयोग पुराने नियम के पाठ-प्रमाण (प्रूफ-टेक्स्ट) के रूप में किया जाता है। वैकल्पिक धर्मशास्त्रीय स्थिति कि मनुष्य अपने चुनावों और नियति के लिए उत्तरोत्तर नैतिक और आत्मिक रूप से जिम्मेदार होते हैं पैलेगियस और आर्मिनियस द्वारा विकसित की गई थी। व्यवस्थाविवरण 1:39; यशायाह 7:15; और योना 4:11; यूहन्ना 9:41; 15:22,24; रोमियों 17:30; रोमियों 4:15 में उनके दृष्टिकोण के लिए कुछ प्रमाण हैं। इस धर्मशास्त्रीय स्थिति का जोर यह होगा कि नैतिक जिम्मेदारी की आयु तक बच्चे निर्दोष होते हैं (रब्बियों के लिए लड़कों के लिए यह 13 साल और लड़कियों के लिए 12 साल की आयु थी)।

एक मध्यस्थता की स्थिति है जिसमें एक जन्मजात दुष्ट प्रवृत्ति और नैतिक जिम्मेदारी की आयु दोनों सत्य हैं! दुष्टता मात्र सामूहिक ही नहीं है, बल्कि व्यक्तिगत रूप से पाप करने के लिए स्वयं की विकासशील दुष्टता है (जीवन प्रगतिशील रूप से परमेश्वर से अधिकाधिक दूर)। मानवता की दुष्टता मुद्दा नहीं है (तुलना उत्पत्ति 6:5,11-12,13; रोमियों 3:9-18,23), लेकिन मुद्दा है, कब, जन्म के समय या जीवन में बाद में?

D. पद 12 के निहितार्थ के बारे में कई सिद्धांत दिए गए हैं
1. सभी लोग मर जाते हैं क्योंकि सभी लोगों ने पाप को चुना (पैलेगियस)
2. आदम के पाप ने पूरी सृष्टि को प्रभावित किया और इस प्रकार सब मरते हैं (पद 18-19 , ऑगस्तीन)
3. वास्तव में यह मूल पाप और स्वैच्छिक पाप का एक संयोजन है।

E. "जिस प्रकार" पद 12 में शुरू हुई पौलुस की तुलना पद 18 तक पूरा नहीं हुई है। पद 13-17 में एक उपवाक्य बनते हैं जो पौलुस के लेखन की विशेषता है।

F. याद रखें कि सुसमाचार की पौलुस की प्रस्तुति, 1:18-8:39 एक अनवरत तर्क है। भागों की ठीक से व्याख्या करने और सराहना करने के लिए पूरे को देखा जाना चाहिए।

G. मार्टिन लूथर ने अध्याय 5 के बारे में कहा है, "पूरी बाइबल में शायद ही कोई दूसरा अध्याय है जो इस विजयी पाठ की बराबरी कर सकता है।"

शब्द और वाक्यांश अध्ययन

NASB (अद्यतन) पाठ: 5:1-5

[1]इसलिए विश्वास से धर्मी ठहराए जाकर परमेश्वर से हमारा मेल अपने प्रभु यीशु मसीह के द्वारा है। [2]उसी के द्वारा विश्वास से, उस अनुग्रह में जिसमें हम स्थिर हैं, हमने प्रवेश पाया है, और परमेश्वर की महिमा की आशा में हम आनन्दित होते हैं। [3]इतना ही नहीं, परन्तु हम अपने क्लेशों में भी आनन्दित होते हैं, क्योंकि यह जानते हैं कि क्लेश में धैर्य उत्पन्न होता है, [4]तथा धैर्य से खरा चरित्र; और खरे चरित्र से आशा उत्पन्न होती है; [5]आशा से लज्जा नहीं होती, क्योंकि पवित्र आत्मा जो हमें दिया गया है, उसके द्वारा परमेश्वर का प्रेम हमारे हृदयों में उंडेला गया है।

5:1 "इसलिए" यह शब्द अक्सर संकेत देता है (1) इस बिंदु तक धर्मशास्त्रीय तर्क का सारांश; (2) इस धर्मशास्त्रीय प्रस्तुति के आधार पर निष्कर्ष; और (3) नए सत्य की प्रस्तुति का (तुलना 5:1; 8:1; 12:1)।

▣ **"धर्मी ठहराए जाकर"** यह एक अनिर्दिष्टकाल कर्मवाचक कृदंत है; परमेश्वर ने विश्वासियों को धर्मी ठहराया है। यह जोर देने के लिए पहले यूनानी वाक्य (पद 1-2) में पहले लिखा गया है। पद 1-11 में एक समय अनुक्रम प्रतीत होता है: (1) पद 1-5, अनुग्रह का हमारा वर्तमान अनुभव; (2) पद 6-8, हमारे बदले में मसीह के द्वारा पूरा किया गया कार्य; और (3) पद 9-11, हमारी भविष्य की आशा और उद्धार का आश्वासन। प्रासंगिक अंतर्दृष्टि में रूपरेखा B. देखें

"धर्मी ठहराया जाना" (*dikaioo*) शब्द की पुराने नियम की पृष्ठभूमि "सीधा किनारा" या "मापने वाली बेंत" थी। यह स्वयं परमेश्वर के रूपक के रूप में प्रयोग किया जाने लगा। विशेष विषय: धार्मिकता 1:17 पर देखें। परमेश्वर का चरित्र, पवित्रता, न्याय का एकमात्र मानक है (लैव्यव्यवस्था 24:22 का LXX; और मत्ती 5:48 में धर्मशास्त्रीय रूप से)। यीशु के बलिदान, स्थानापन्न मृत्यु के कारण, विश्वासियों का परमेश्वर के सामने एक नियमानुकूल (न्यायिक) अस्तित्व है (5:2 पर ध्यान टिप्पणी देखें)। इसका तात्पर्य विश्वासी की अपराधबोध की कमी नहीं है, बल्कि अपराध-क्षमा जैसा कुछ है। किसी और ने दंड चुकाया है (तुलना 2 कुरिन्थियों 5:21)। विश्वासियों के लिए क्षमादान घोषित कर दिया गया है (तुलना पद 9,10)।

▣ **"विश्वास से"** विश्वास वह हाथ है जो परमेश्वर का दान स्वीकार करता है (तुलना पद 2; रोमियों 4:1ff)। विश्वास विश्वासी के स्तर या प्रतिबद्धता या संकल्प की तीव्रता पर नहीं (तुलना मत्ती 17:20), लेकिन परमेश्वर के चरित्र और वादों पर ध्यान केंद्रित करता है (तुलना इफिसियों 2:8-9)। पुराना नियम का शब्द "विश्वास" मूल रूप से एक स्थिर स्थायी मुद्रा में किसी को संदर्भित करता है। यह किसी ऐसे व्यक्ति के लिए रूपक के रूप में प्रयोग किया जाने लगा जो वफादार, भरोसेमंद और विश्वसनीय हो। विश्वास हमारी नहीं, बल्कि परमेश्वर विश्वासयोग्यता या विश्वसनीयता पर ध्यान केंद्रित करता है। विशेष विषय: विश्वास 4:5 पर देखें

▣ **"हमारा मेल है"** यहाँ एक यूनानी पांडुलिपि पाठभेद है। यह क्रिया या तो एक वर्तमान कर्तृवाचक संशयार्थ-सूचक (*echomen*) या वर्तमान कर्तृवाचक निर्देशात्मक (*echomen*) है। यही व्याकरणिक अस्पष्टता पद 1, 2 & 3 में पाई जाती है। प्राचीन यूनानी पांडुलिपियाँ संशयार्थ-सूचक का समर्थन करती प्रतीत होती हैं (तुलना MSS א*, A, B*, C, D)। यदि यह संशयार्थ-सूचक है तो इसका अनुवाद "हम मेल का आनंद लेते रहें" या "मेल का आनंद लेते रहो" किया जाएगा। यदि यह निर्देशात्मक है, तो इसका अनुवाद "हमारा मेल है।" पद 1-11 का संदर्भ प्रबोधन नहीं है, लेकिन मसीह के माध्यम से विश्वासी जो पहले से ही हैं और जो उनके पास है, उसकी घोषणा है। इसलिए, क्रिया शायद वर्तमान कर्तृवाचक निर्देशात्मक है, "हमारा मेल है।" USB[4] इस विकल्प को "A" दर्ज़ा (निश्चित) देता है।

हमारी कई प्राचीन यूनानी पांडुलिपियों का निर्माण एक व्यक्ति द्वारा एक पाठ पढ़ने और कई अन्य लोगों द्वारा प्रतियाँ बनाने के द्वारा किया गया था। एक जैसे उच्चारण वाले शब्द अक्सर भ्रांति उत्पन्न करते थे। ऐसे स्थानों पर संदर्भ और कभी-कभी लेखक की लेखन शैली और सामान्य शब्दावली अनुवाद के निर्णय को आसान बनाने में मदद करती है।

▣ **"मेल"** नीचे दिए गए विशेष विषय को देखें।

विशेष विषय: मेल (*eirēnē*) [NT]

यह यूनानी शब्द द्वन्द की अनुपस्थिति को संदर्भित करता है, लेकिन LXX में, यह परमेश्वर के साथ और अपने साथी व्यक्ति(यानी, लूका 2:14; 10:6) के साथ एक आंतरिक शान्ति को दर्शाता है। नया नियम, पुराने नियम की तरह, इसका प्रयोग अभिवादन, "तुम्हें शान्ति मिले" (यानी, लूका 10:5; यूहन्ना 20:19,21,26; रोमियों 1:7; गलातियों 1:3) या विदाई, "कुशल से जाओ" के रूप में करता है (तुलना मरकुस 5:34; लूका 2:29; 7:50; 8:48; याकूब 2:16)।

इस यूनानी शब्द का प्रयोग "टूटे हुए संबंधों को एक साथ बाँधने" के लिए किया जाता है (यानी, रोमियों 5:10-11)। नया नियम तीन धर्मशास्त्रीय तरीकों से मेल के विषय में बोलता है:

1. एक वस्तुपरक पहलू, मसीह के द्वारा परमेश्वर के साथ हमारा मेल (तुलना रोमियों 5:1; कुलुस्सियों 1:20)
2. एक व्यक्तिपरक पहलू, परमेश्वर के साथ हमारा सही होना (तुलना यूहन्ना 14:27; 16:33; फिलिप्पियों 4:7)।
3. कि परमेश्वर ने, मसीह के द्वारा, विश्वास करनेवाले यहूदी और अन्यजाति को एक नई देह में एक कर दिया है (तुलना इफिसियों 2:14-17; कुलुस्सियों 3:15)। एक बार जब हम परमेश्वर के साथ मेल करते हैं, तो इससे दूसरों के साथ भी मेल हो जाना चाहिए! ऊर्ध्वाधर को क्षितिज के समानांतर होना चाहिए।

Newman and Nida, *A Translator's Handbook on Paul's Letter to the Romans*, p. 92, "मेल" के बारे में एक अच्छी टिप्पणी है।

> "पुराने नियम और नए नियम दोनों में मेल शब्द का अर्थ व्यापक है। मूल रूप से यह किसी व्यक्ति के जीवन की कुल भलाई का वर्णन करता है; यह अभिवादन के सूत्र (*shalom*) के रूप में यहूदियों में अपनाया गया था। इस शब्द का इतना गहरा अर्थ था कि इसका प्रयोग यहूदियों द्वारा मसीहाई उद्धार के वर्णन के रूप में भी किया जा सकता था। इस तथ्य के कारण, कई बार ऐसा होता है कि इसका प्रयोग लगभग पर्यायवाची शब्द के रूप में 'परमेश्वर के साथ सही संबंध में होना' इस अर्थ को प्रकट करने के लिए भी किया जाता है। यहाँ इस शब्द का प्रयोग परमेश्वर द्वारा मनुष्य को अपने साथ सही संबंध में रखने के आधार पर मनुष्य और परमेश्वर के बीच स्थापित सामंजस्यपूर्ण संबंध के वर्णन के रूप में किया जाता है" (पृष्ठ 92)।

▣ **"परमेश्वर से अपने प्रभु यीशु मसीह के द्वारा"** यीशु वह माध्यम है जो परमेश्वर के साथ मेल कराता है। यीशु परमेश्वर के साथ मेल का एकमात्र तरीका है (तुलना यूहन्ना 10:7-8; 14:6; प्रेरितों के काम 4:12; 1 तीमुथियुस 2:5)। शीर्षक यीशु मसीह में शब्दों के लिए 1:4 पर टिप्पणियाँ देखें।

5:2 "हमने प्रवेश पाया है" यह पूर्ण कर्तृवाचक निर्देशात्मक है; यह एक पिछले कार्य की बात करता है जो पूर्णता तक पहुँच गया है और अब उसका परिणाम है होने की स्थिति। शब्द "प्रवेश" का शाब्दिक अर्थ "पहुँच" या "दाखिला" (prosagoge, तुलना इफिसियों 2:18; 3:12)। यह (1) व्यक्तिगत रूप से राज्याधिकार से परिचय कराने (2) एक शरणस्थान में सुरक्षित रूप से लाए जाने के लिए रूपक के रूप में प्रयोग किया जाने लगा।

इस वाक्यांश में एक यूनानी पांडुलिपि पाठभेद है। कुछ प्राचीन पांडुलिपियों में "विश्वास द्वारा" (तुलना ℵ*, 2, C साथ ही साथ कुछ पुराने लैटिन, वुल्गेट, सिरियाई और कॉप्टिक पाठभेद) जोड़ा गया है। अन्य पांडुलिपियों में "विश्वास द्वारा" में एक संबंध-सूचक अव्यय जोड़ दिया है (तुलना ℵ[1], A और कुछ वल्गेट पाठभेद)। हालाँकि, बृहदक्षर पांडुलिपियाँ B, D, F, और G इसे पूरी तरह से छोड़ देती हैं। ऐसा लगता है कि शास्त्रियों ने केवल 5:1 और 4:16 (दो बार), 19, और 20 की समरूपता की पूर्ति की है। "विश्वास द्वारा" पौलुस का आवर्तक विषय है!

▣ **"उस अनुग्रह में"** इस शब्द (*charis*) का अर्थ था परमेश्वर का वह प्रेम जिसमें कोई शर्त नहीं है, जिसके न हम योग्य हैं और न उपयुक्त है (तुलना इफिसियों 2:4-9)। यह पापी मानवजाति के लिए मसीह की मृत्यु में स्पष्ट रूप से दिखता है (तुलना पद 8)।

▣ **"जिसमें हम स्थिर हैं"** यह एक और पूर्ण कर्तृवाचक निर्देशात्मक है; शाब्दिक रूप से "हम स्थिर हैं और निरंतर स्थिर हैं।" यह मसीह में विश्वासियों की धर्मशास्त्रीय स्थिति और विश्वास में बने रहने की उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जो कि परमेश्वर की संप्रभुता (तुलना 1 कुरिन्थियों 15:1) और मानव की स्वतंत्र इच्छा (तुलना इफिसियों 6:11,13,14) के धर्मशास्त्रीय विरोधाभास को मिलाती है।

विशेष विषय: स्थिर रहना (*histemi*)

यह सामान्य शब्द नये नियम में कई धर्मशास्त्रीय अर्थों में प्रयुक्त हुआ है

1. निम्नलिखित को स्थापित करने के लिए
   a. पुराने नियम की व्यवस्था, रोमियों 3:31
   b. किसी की अपनी धार्मिकता, रोमियों 10:3
   c. नई वाचा, इब्रानियों 10:9
   d. एक निर्देश, 2 कुरिन्थियों 13:1
   e. परमेश्वर का सत्य, 2 तीमुथियुस 2:19
2. आत्मिक रूप से सामना करने के लिए
   a. शैतान, इफिसियों 6:11
   b. न्याय के दिन में, प्रकाशितवाक्य 6:17
3. दृढ़ होकर सामना करने के लिए
   a. सैन्य रूपक, इफिसियों 6:14
   b. मानव समाज संबंधी रूपक, रोमियों 14: 4
4. सच्चाई की स्थिति में, यूहन्ना 8:44
5. अनुग्रह की स्थिति में
   a. रोमियों 5:2
   b. 1 कुरिन्थियों 15:1
   c. 1 पतरस 5:12
6. विश्वास की स्थिति में
   a. रोमियों 11:20
   b. 1 कुरिन्थियों 7:37
   c. 1 कुरिन्थियों 15:1
   d. 2 कुरिन्थियों 1:24
7. अहंकार की स्थिति में, 1 कुरिन्थियों 10:12

यह शब्द एक सार्वभौमिक परमेश्वर की वाचा के अनुग्रह और कृपा दोनों को व्यक्त करता है और यह तथ्य कि विश्वासियों को इसका प्रत्युत्तर देने की आवश्यकता है और विश्वास से इसे पकड़े रहना है! दोनों बाइबल की सच्चाइयाँ हैं। उन्हें एक साथ रखा जाना चाहिए! देखें विशेष विषय: पवित्रशास्त्र में विरोधाभास

▣ **"हम आनन्दित होते हैं"** इस व्याकरणिक रूप को (1) एक वर्तमान मध्यम (प्रतिपादक) निर्देशात्मक, "हम आनन्दित होते हैं" या (2) एक वर्तमान मध्यम (प्रतिपादक) संशयार्थ-सूचक, "हम आनन्द करें" के रूप में समझा जा सकता है। इन विकल्पों पर विद्वानों के मतों में भिन्नता है। यदि कोई पद 1 के "हमारा है" को निर्देशात्मक मानता है तो पद 3 तक एक सा अनुवाद होना चाहिए।

शब्द "आनन्दित" का मूल "घमंड" (NRSV, JB) है। 2:17 पर विशेष विषय देखें। विश्वासी अपने आप में आनन्द नहीं करते हैं (तुलना 3:27), लेकिन उसमें जो प्रभु ने उनके लिए किया है (तुलना यिर्मयाह 9:23-24)। यही यूनानी मूल पद 3 और 11 में दोहराया गया है।

▣ **"की आशा में"** पौलुस ने अक्सर इस शब्द का प्रयोग कई अलग-अलग लेकिन संबंधित अर्थों में किया। 4:18 पर टिप्पणी देखें। यह अक्सर विश्वासी के विश्वास के पूर्णता तक पहुँचने से जुड़ा था। इसे महिमा, अनंत जीवन, परम उद्धार, दूसरे आगमन आदि के रूप में व्यक्त किया जा सकता है। पूर्णता तक पहुँचना निश्चित है, लेकिन समय का अवयव भविष्यकालीन और अज्ञात है। यह अक्सर "विश्वास" और "प्रेम" से जोड़ा जाता था (तुलना 1 कुरिन्थियों 13:13; गलातियों 5:5-6; इफिसियों 4:2-5; 1 थिस्सलुनीकियों 1:3; 5:8)। पौलुस के कुछ प्रयोगों की आंशिक सूची नीचे दी गई है।

1. दूसरा आगमन 5:5; इफिसियों 1:18, तीतुस 2:13
2. यीशु हमारी आशा है, 1 तीमुथियुस 1:13.
3. विश्वासी को परमेश्वर के समक्ष उपस्थित होना है कुलुस्सियों 1:22-23; 1 थिस्सलुनीकियों 2:19

4. स्वर्ग में रखी गई आशा, कुलुस्सियों 1:5
5. सर्वोच्च उद्धार, 1 थिस्सलुनीकियों 4:13
6. परमेश्वर की महिमा, रोमियों 5:2; 2 कुरिन्थियों 3:12, कुलुस्सियों 1:27
7. उद्धार का आश्वासन, 1 थिस्सलुनीकियों 5:8-9
8. अनन्त जीवन, तीतुस 1:2; 3:7
9. मसीही परिपक्वता के परिणाम, रोमियों 5:2-5
10. सारी सृष्टि का छुटकरा, रोमियों 8:20-22
11. परमेश्वर के लिए एक नाम, रोमियों 15:13
12. लेपालकपन का परिपूर्णता, रोमियों 8:23-25
13. पुराना नियम नये नियम के विश्वासियों के लिए मार्गदर्शक के रूप में, रोमियों 15:4

▣ **"परमेश्वर की महिमा"** यह वाक्यांश परमेश्वर की व्यक्तिगत उपस्थिति के लिए एक पुराने नियम का एक मुहावरा है। यह पुनरुत्थान दिवस पर यीशु के द्वारा (तुलना 2 कुरिन्थियों 5:21) प्रदान की गई विश्वास-धार्मिकता में परमेश्वर के सामने विश्वासी के अस्तित्व का उल्लेख करता है। इसे अक्सर धर्मशास्त्रीय शब्द "महिमान्वित करना" से जाना जाता है (तुलना पद 9-10; 8:30)। विश्वासी यीशु की समानता में साझेदार होंगे (तुलना 1 यूहन्ना 3:2; 2 पतरस 1:4)। विशेष विषय: महिमा 3:23 पर देखें

5:3

NASB	**"और इतना ही नहीं, परन्तु"**
NKJV	**"और उतना ही नहीं, परन्तु"**
NRSV	**"और उतना ही नहीं, परन्तु"**
TEV	**-छोड़ दें-**
NJB	**"इतना ही नहीं"**

पौलुस कई बार शब्दों के इस संयोजन का प्रयोग करता है (तुलना 5:3,11; 8:23; 9:10, और 2 कुरिन्थियों 8:19)।

▣

NASB	**"हम अपने क्लेशों में भी आनन्दित होते हैं"**
NKJV	**"हम क्लेशों में भी महिमा पाते हैं"**
NRSV	**"हम अपने कष्टों में भी घमंड करते हैं"**
TEV	**"हम अपनी परेशानियों में भी घमंड करते हैं"**
NJB	**"हम अपनी कठिनाइयों में भी आनन्द करें"**

यदि संसार ने यीशु से नफरत की, तो वह उसके अनुयायियों से भी नफरत करेगा (तुलना मत्ती 10:22; 24:9; यूहन्ना 15:18-21)। यीशु परिपक्व हो गया था, मानवीय रूप से बोला जाए तो उसने जो कुछ भी झेला था, उसके द्वारा (तुलना इब्रानियों 5:8)। क्लेश धार्मिकता उत्पन्न करता है, जो कि प्रत्येक विश्वासी के लिए परमेश्वर की योजना है (तुलना 8:17-19; प्रेरितों के काम 14:22; याकूब 1:2-4; 1 पतरस 4:12-19)।

▣ **"जानते हैं"** यह *oida* का एक पूर्ण कृदंत है। यह रूप में पूर्ण है, लेकिन यह वर्तमानकाल के रूप में कार्य करता है। सुसमाचार की सच्चाइयों की विश्वासियों की समझ, जो क्लेश से संबंध रखती है उन्हें एक ऐसे आनन्द और आत्मविश्वास के साथ जीवन का सामना करने देती है जो परिस्थितियों पर निर्भर नहीं है, यहाँ तक कि सताव के दौरान भी (तुलना फिलिप्पियों 4:4; 1 थिस्सलुनीकियों 5:16,18)।

5:3 "क्लेश" निम्नलिखित विशेष विषय देखें।

विशेष विषय: क्लेश (*thlipsis*)

पौलुस और यूहन्ना के द्वारा इस शब्द (*thlipsis*) के प्रयोग के बीच एक धर्मशास्त्रीय अंतर होना आवश्यक है।

A. पौलुस के द्वारा प्रयोग (जो यीशु के द्वारा प्रयोग को दर्शाता है)
   1. पतित संसार में सम्मिलित समस्याएँ, कष्ट, दुष्टता
      a. मत्ती 13:21
      b. रोमियों 5:3
      c. 1 कुरिन्थियों 7:28
      d. 2 कुरिन्थियों 7:4
      e. इफिसियों 3:13
   2. अविश्वासियों के कारण उत्पन्न समस्याएँ, कष्ट, दुष्टता
      a. रोमियों 5:3; 8:35; 12:12
      b. 2 कुरिन्थियों 1:4,8; 6:4; 7:4; 8:2,13
      c. इफिसियों 3:13
      d. फिलिप्पियों 4:14
      e. 1 थिस्सलुनीकियों 1:6
      f. 2 थिस्सलुनीकियों 1:4
   3. अंत समय की समस्याएँ, कष्ट, दुष्टता
      a. मत्ती 24:21,29
      b. मरकुस 13:19,24
      c. 2 थिस्सलुनीकियों 1:6-9

B. यूहन्ना के द्वारा प्रयोग
   1. यूहन्ना प्रकाशितवाक्य में *thlipsis* और *orgē* या *thumos* (प्रकोप) के बीच एक विशिष्ट अंतर करता है। *Thlipsis* वो है जो अविश्वासी विश्वासियों पर करते हैं और *orgē* और *thumos* वो है जो परमेश्वर अविश्वासियों पर करता है।
      a. *thlipsis* - प्रकाशितवाक्य 1:9; 2:9-10,22; 7:14
      b. *orgē* - प्रकाशितवाक्य 6:16-17; 11:18; 16:19; 19:15
      c. *thumos* - प्रकाशितवाक्य 12:12; 14: 8,10,19; 15:1,7; 16:1; 18:3
   2. यूहन्ना अपने सुसमाचार में भी इस शब्द का प्रयोग करता है उन समस्याओं को प्रतिबिंबित करने के लिए जिनका सामना विश्वासी हर युग में करते हैं - यूहन्ना 16:33।

5:3,4 "धैर्य" इस शब्द का अर्थ था "स्वैच्छिक," "सक्रिय," "दृढ़", "सहनशक्ति"। यह लोगों के साथ-साथ परिस्थितियों के साथ धीरज रखने से संबंधित एक शब्द था। 8:25 पर विशेष विषय देखें।

5:4

NASB	**"खरा चरित्र"**
NKJV, NRSV	**"चरित्र"**
TEV	**"परमेश्वर की स्वीकृति"**
NJB	**"परखा गया चरित्र"**

उत्पत्ति 23:16; 1 राजाओं 10:18; 1 इतिहास 28:18 के LXX में इस शब्द का प्रयोग धातुओं की शुद्धता और खरेपन के परीक्षण के लिए किया जाता था (तुलना 2 कुरिन्थियों 2:9; 8:2; 9:13; 13:3; फिलिप्पियों 2:22; 2 तीमुथियुस 2:15; याकूब 1:12)। परमेश्वर की ताड़ना हमेशा मजबूत बनाने के लिए होती है (तुलना इब्रानियों 12:10-11)!

5:5 "क्योंकि परमेश्वर का प्रेम हमारे हृदयों में उंडेला गया है" यह एक पूर्ण कर्मवाचक निर्देशात्मक है; शाब्दिक रूप से, "परमेश्वर का प्रेम उंडेला गया है और उंडेलना जारी है।" यह क्रिया अक्सर पवित्र आत्मा के लिए प्रयोग की जाती थी (तुलना प्रेरितों के काम 2:17,18,33; 10:45 और तीतुस 3:6), जो योएल 2:28-29 को प्रतिबिंबित कर सकती है।

संबंधकारक वाक्यांश, "परमेश्वर का प्रेम" व्याकरणिक रूप से (1) परमेश्वर के प्रति हमारे प्रेम; या (2) हमारे प्रति परमेश्वर के प्रेम का उल्लेख कर सकता है (तुलना 2 कुरिन्थियों 5:14)। नंबर दो एकमात्र प्रासंगिक विकल्प है।

▣ **"पवित्र आत्मा जो हमें दिया गया है"** यह एक अनिर्दिष्टकाल कर्मवाचक कृदंत है। कर्मवाचक वाच्य अक्सर परमेश्वर के प्रतिनिधित्व को व्यक्त करने के लिए प्रयोग किया जाता है। तात्पर्य यह है कि विश्वासियों को आत्मा की अधिक आवश्यकता नहीं है। उनके पास या तो आत्मा है या वे मसीही नहीं हैं (तुलना 8:9)। आत्मा का दिया जाना नए युग (तुलना योएल 2:28-29), नई वाचा (तुलना यिर्मयाह 31:31-34; यहेजकेल 36:22-32) का चिन्ह था।

▣ त्रिएकत्व के तीन व्यक्तियों की उपस्थिति इस अनुच्छेद में देखें।

1. परमेश्वर, पद 1,2,5,8,10
2. यीशु, पद 1,6,8,9,10
3. आत्मा, पद 5

NASB (अद्यतन) पाठ: 5:6-11
[6]जब हम निर्बल ही थे, तब ठीक समय पर मसीह भक्तिहीनों के लिए मरा। [7]दुर्लभ है कि किसी धर्मी मनुष्य के लिए कोई मरे; पर हो सकता है कि किसी भले मनुष्य के लिए कोई मरने का साहस भी कर ले। [8]परन्तु परमेश्वर अपने प्रेम को हमारे प्रति इस प्रकार प्रदर्शित करता है कि जब हम पापी ही थे मसीह हमारे लिए मरा। [9]अतः इस से बढ़कर उसके लहू के द्वारा धर्मी ठहराए जाकर, हम उसके द्वारा परमेश्वर के प्रकोप से क्यों न बचेंगे? [10]क्योंकि जब हम शत्रु ही थे, हमारा मेल परमेश्वर के साथ उसके पुत्र की मृत्यु के द्वारा हुआ तो उस से बढ़कर, अब मेल हो जाने पर हम उसके जीवन के द्वारा उद्धार पाएंगे। [11]केवल यही नहीं, परन्तु हम परमेश्वर में अपने प्रभु यीशु के द्वारा आनन्दित होते हैं, जिसके द्वारा अब हमारा मेल हुआ है।

5:6

NASB	**"जब हम अभी भी असहाय ही थे"**
NKJV	**"जब हम अभी भी बलहीन ही थे"**
NRSV	**"जब हम अभी भी निर्बल ही थे"**
TEV	**"जब हम अभी भी असहाय ही थे"**
NJB	**"जब हम अभी भी असहाय ही थे"**

एक वर्तमान कृदंत है। यह मानवजाति के पतित आदम के स्वभाव का उल्लेख करता है। मनुष्य पाप के सामने शक्तिहीन है। सर्वनाम "हम" पद 6b में "भक्तिहीनों", पद 8 में "पापी", और पद 10 में "शत्रु" की वर्णनात्मक संज्ञा का वर्णन करता है और उससे समानता दर्शाता है। पद 6 और 8 धर्मशास्त्रीय और संरचनात्मक रूप से समानांतर हैं।

▣

NASB, NRSV	**"ठीक समय पर"**
NKJV	**"नियत समय में"**
TEV	**"उस समय पर जो परमेश्वर ने चुना"**
JB	**"अपने नियत समय पर"**

यह ऐतिहासिक रूप से (1) रोमियों में शान्ति ताकि स्वच्छंद यात्रा हो सके; (2) अंतर-सांस्कृतिक संचार संभव करनेवाली यूनानी भाषा; और (3) यूनानी और रोमी देवताओं का अंत, जिसने एक आशान्वित, आत्मिक रूप से भूखे संसार का निर्माण किया, का उल्लेख हो सकता है (तुलना मरकुस 1:15; गलातियों 4:4; इफिसियों 1:10; तीतुस 1:3)। दधर्मशास्त्रीय रूप से देहधारण एक नियोजित, दिव्य घटना थी (तुलना लूका 22:22; प्रेरितों के काम 2:23; 3:18; 4:28; इफिसियों 1:11)।

5:6,8,10 "भक्तिहीनों के लिए मरा" यह एक अनिर्दिष्टकाल कर्तृवाचक निर्देशात्मक है। इसने यीशु के जीवन और मृत्यु को एक एकीकृत घटना के रूप में देखा। "यीशु ने एक ऋण चुकाया, जो उसे नहीं चुकाना था और हमारे ऊपर एक ऐसा ऋण था जिसे हम चुका नहीं सके" (तुलना गलातियों 3:13; 1 यूहन्ना 4:10)।

मसीह की मृत्यु पौलुस के लेखन में एक आवर्ती विषय थी। उसने यीशु की स्थानापन्न मृत्यु का उल्लेख करने के लिए कई अलग-अलग शब्दों और वाक्यांशों का प्रयोग किया:

1. "लहू" (तुलना 3:39; 5:9; 1 कुरिन्थियों 11:25,27; इफिसियों 1:7; 2:13; कुलुस्सियों 1:20)
2. "अपने आप को दिया" (तुलना इफिसियों 5:2,25)

3. "दे दिया" (तुलना रोमियों 4:25; 8:32)
4. "बलिदान" (तुलना 1 कुरिन्थियों 5:7)
5. "मरा" (तुलना रोमियों 5:6; 8:34; 14:9,15; 1 कुरिन्थियों 8:11; 15:3; 2 कुरिन्थियों 5:15; गलातियों 5:21; 1 थिस्सलुनीकियों 4:14; 5:10)
6. "क्रूस" (तुलना 1 कुरिन्थियों 1:17-18; गलातियों 5:11; 6:12-14; इफिसियों 2:16; फिलिप्पियों 2:8; कुलुस्सियों 1:20; 2:14)
7. "क्रूस पर चढ़ाया जाना" (तुलना1 कुरिन्थियों 1:23; 2:2; 2 कुरिन्थियों 13:4; गलातियों 3:1)

क्या इस संदर्भ में पूर्वसर्ग *huper* का अर्थ है

1. "हमारी ओर से" प्रतिनिधित्व
2. "हमारे स्थान पर" प्रतिस्थापन

सामान्य रूप से संबंधकारक के साथ *huper* का अर्थ है "की ओर से" (लौव और निदा)। यह कुछ लाभ को व्यक्त करता है जो व्यक्तियों को प्राप्त होता है (*The New International dictionary of New Testament Theology*, vol. 3, p.1196)। हालाँकि, *huper* में *anti* की भावना होती है, जो धर्मशास्त्रीय रूप से एक प्रतिनिधिक प्रतिस्थापन प्रायश्चित का उल्लेख करते करते हुए "के स्थान पर" को दर्शाती है, (तुलना मरकुस 10:45; यूहन्ना 11:50; 18:14; 2 कुरिन्थियों 5:14; 1 तीमुथियुस 2:6)। एम. जे. हैरिस (NIDOTTE, vol.3, p.1197) कहते हैं, "लेकिन पौलुस कभी यह क्यों नहीं कहता कि मसीह *anti hemon* मरा (1 तीमुथियुस 2:6 में वह सबसे निकट आता है-*antilutron huper panton*)? शायद इसलिए कि पूर्वसर्ग *huper*, *anti* के विपरीत, एक साथ प्रतिनिधित्व और प्रतिस्थापन व्यक्त कर सकता है।"

M. R. Vincent, *Word Studies*, vol. 2, कहते हैं,

> "यह बहुत विवादित है कि क्या *huper*, की ओर से, कभी *anti,* के बजाय, के समतुल्य है। प्राचीन लेखक ऐसे उदाहरण प्रस्तुत करते हैं जहाँ अर्थ परस्पर बदले हुए लगते हैं. . .हालांकि, इस अवतरण का अर्थ इतना अनिश्चित है कि इसे प्रमाण के रूप. में उद्धृत नहीं किया जा सकता है। पूर्वसर्ग का स्थानीय अर्थ मृतकों के *ऊपर* हो सकता है। इनमें से किसी भी अवतरण को निर्णायक नहीं माना जा सकता है। ज्यादा से ज्यादा यह कहा जा सकता है कि *anti* के अर्थ पर *huper* की सीमा है। *के बजाय* अधिकतर हठधर्मी आधार पर जोर दिया जाता है। अधिकांश अवतरणों में अर्थ स्पष्ट रूप से *के लिए, की ओर से* है। सही स्पष्टीकरण यह प्रतीत होती है कि, मुख्यतः संबंधित प्रश्न में, जो, अर्थात्, मसीह की मृत्यु से संबंधित, जिस प्रकार यहाँ, गलातियों 3:13, रोमियों 14:15; 1 पतरस 3:18, *huper* अधिक अनिश्चित और सामान्य कथन-मसीह की ओर से मरा--की विशेषता है- की ओर से अजीब अर्थ को छोड़ते हुए, और अन्य अवतरणों के द्वारा संभाले जाने के लिए। अर्थ *के बजाय* को इसमें शामिल हो सकता है, लेकिन केवल अनुमानिक रूप से" (पृष्ठ 692)।

5:7 यह पद मानव प्रेम को दिखाता है जबकि पद 8 परमेश्वर के प्रेम को दिखाता है!

▣

NASB, NKJV, TEV	**"किसी धर्मी मनुष्य के लिए"**
NRSV	**"किसी धर्मी व्यक्ति के लिए"**
JB	**"किसी भले मनुष्य के लिए"**

इस शब्द का प्रयोग उसी अर्थ में किया जाता था जैसे नूह और अय्यूब धर्मी या निर्दोष पुरुष थे। उन्होंने अपने दिन की धार्मिक आवश्यकताओं का पालन किया। इसका तात्पर्य पापहीनता नहीं है। 1:17 पर विशेष विषय देखें।

5:8 "परमेश्वर अपने प्रेम को प्रदर्शित करता है" यह एक वर्तमान कर्तृवाचक निर्देशात्मक है (तुलना 3:5)। पिता ने पुत्र को भेजा (तुलना 8:3,32; 2 कुरिन्थियों 5:19)। परमेश्वर का प्रेम भावुकतापूर्ण नहीं, लेकिन कार्य-उन्मुख (तुलना यूहन्ना 3:16; 1 यूहन्ना 4:10) और अटल है।

5:9 "इस से बढ़कर" यह पौलुस की पसंदीदा अभिव्यक्तियों में से एक थी (तुलना पद 10,15,17)। यदि परमेश्वर विश्वासियों से, जब वे अभी पापी ही थे, इतना प्रेम किया तो अब वह उनसे कितना अधिक प्रेम करता है क्योंकि वे अब उसके बच्चे हैं (तुलना 5:10; 8:22)।

▣ **"धर्मी ठहराए जाकर"** यह एक अनिर्दिष्टकाल कर्मवाचक कृदंत है, जिसमें धर्मी ठहराए जाने को परमेश्वर द्वारा सम्पन्न एक कार्य के रूप में जोर दिया गया है। पौलुस पद 1 के सत्य को दोहरा रहा है। "धर्मी ठहराए जाकर" (पद 9) और "मेल हुआ" (पद 10-11) शब्दों के बीच समरूपता पर भी ध्यान दें।

▣ **"उसके लहू के द्वारा"** यह मसीह की बलिदान के रूप में मृत्यु का एक संदर्भ था" (तुलना 3:5; मरकुस 10:45; 2 कुरिन्थियों 5:21)। बलिदान की यह अवधारणा, दोषी जीवन के स्थान पर दिया गया एक निर्दोष जीवन, लैव्यव्यवस्था 1-7 और संभवतः निर्गमन 12 (फसह के मेमने) से आता है, और यशायाह 53:4-6 में धर्मशास्त्रीय रूप से यीशु के लिए प्रयुक्त किया गया था। इसे इब्रानियों की पुस्तक में एक मसीह समान होने के अर्थ में विकसित किया गया है। इब्रानियों में कई स्थानों पर पुराने और नए नियम की तुलना की है।

▣ **"हम बचेंगे"** यह भविष्य कर्मवाचक निर्देशात्मक (तुलना पद 10) है। यह हमारे सर्वोच्च उद्धार को संदर्भित करता है, जिसे "महिमान्वित करना" कहा जाता है (तुलना पद 2; 8:30, 1 यूहन्ना 3:2)।

नया नियम सभी क्रियाकालों में उद्धार का वर्णन करता है:

1. एक सम्पन्न कार्य (अनिर्दिष्टकाल), प्रेरितों के काम 15:11; रोमियों 8:24; 2 तीमुथियुस 1:9; तीतुस 3:5
2. अतीत के कार्य के परिणामस्वरूप वर्तमान स्थिति (पूर्ण), इफिसियों 2:5,8
3. प्रगतिशील प्रक्रिया (वर्तमान), 1 कुरिन्थियों 1:18, 15:2; 2 कुरिन्थियों 2:15, 1थिस्सलुनीकियों 4:14; 1 पतरस 3:21
4. भविष्य में परिपूर्ण होना (भविष्य), रोमियों 5:9,10; 10:9।

10:13 पर विशेष विषय देखें। उद्धार एक प्रारंभिक निर्णय के साथ शुरू होता है लेकिन एक ऐसे संबंध में आगे बढ़ता है जो एक दिन परिपूर्ण हो जाएगा। इस अवधारणा को अक्सर तीन धर्मशास्त्रीय शब्दों द्वारा वर्णित किया जाता है: धर्मी ठहराया जाना, जिसका अर्थ है "पाप के दंड से छुड़ा लिया जाना"; पवित्रीकरण, जिसका अर्थ है "पाप की शक्ति से छुड़ा लिया जाना"; और महिमान्वित करना, जिसका अर्थ है "पाप की उपस्थिति से छुड़ा लिया जाना।"

यह ध्यान देने योग्य है कि धर्मी ठहराया जाना और पवित्रीकरण दोनों परमेश्वर के अनुग्रहपूर्ण कार्य हैं जो मसीह में विश्वास के द्वारा विश्वासी को दिए जाते हैं। हालाँकि नया नियम पवित्रीकरण को मसीह समान होने की एक निरंतर प्रक्रिया के रूप में भी बताता है। इस कारण धर्मशास्त्री "स्थितिगत पवित्रीकरण" और "प्रगतिशील पवित्रीकरण" की बात करते हैं। यह ईश्वरीय जीवन से जुड़े एक मुफ्त उद्धार का रहस्य है!

▣ **"परमेश्वर के प्रकोप से"** यह एक युगांत-विषयक संदर्भ है। बाइबल परमेश्वर के महान, जिसके हम अयोग्य, और अनुपयुक्त हैं, ऐसे प्रेम के बारे में बताती है, लेकिन पाप और विद्रोह के प्रति परमेश्वर के दृढ़ विरोध के बारे में भी स्पष्ट रूप से बताती है। परमेश्वर ने मसीह के माध्यम से उद्धार और क्षमा का मार्ग प्रदान किया है, लेकिन जो लोग उसे अस्वीकार करते हैं वे कोप के भागीदार हैं (तुलना 1:18-3:20)। यह एक मानवरूपी वाक्यांश है, लेकिन यह एक वास्तविकता व्यक्त करता है। क्रोधित परमेश्वर के हाथों में पड़ना एक भयानक बात है (इब्रानियों 10:31)।

5:10 "यदि" यह प्रथम श्रेणी प्रतिबंधात्मक वाक्य है, जो लेखक के दृष्टिकोण से या उसके साहित्यिक उद्देश्यों के लिए सही मान लिया जाता है। मानवता, परमेश्वर की सर्वोच्च रचना, शत्रु बन गए! मनुष्य (तुलना उत्पत्ति 3:5) और शैतान (तुलना यशायाह 14:14; यहेजकेल 28:2,12-17) की एक ही समस्या थी, स्वतंत्रता की इच्छा, नियंत्रण की इच्छा, परमेश्वर होने की इच्छा।

▣ **"हमारा मेल परमेश्वर के साथ. . .मेल हो जाने पर"** यह एक अनिर्दिष्टकाल कर्मवाचक निर्देशात्मक और अनिर्दिष्टकाल कर्मवाचक कृदंत दोनों है। क्रिया "मेल हो जाना" का मूल रूप से अर्थ है, "आदान-प्रदान करना"। परमेश्वर ने यीशु की धर्मिकता से हमारे पाप का आदान-प्रदान किया है (तुलना यशायाह 53:4-6)। मेल पुनःस्थापित हुआ है (तुलना पद 1)!

▣ **"अपने पुत्र की मृत्यु के माध्यम से"** क्षमा का सुसमाचार (1) परमेश्वर के प्यार; (2) मसीह का कार्य; (3) आत्मा द्वारा लुभाए जाने; और (4) किसी व्यक्ति के विश्वास/पश्चाताप की प्रतिक्रिया पर आधारित है। परमेश्वर के साथ सही संबंध में होने का कोई दूसरा तरीका नहीं है (तुलना यूहन्ना 14:6)। उद्धार का आश्वासन त्रिएक परमेश्वर के चरित्र पर आधारित है, न कि मानव कार्य पर! विरोधाभास यह है कि उद्धार के बाद मानव कार्य एक मुफ्त उद्धार का प्रमाण है (तुलना याकूब और 1 यूहन्ना)।

▣ **"उद्धार पाएँगे"** नया नियम भूत, वर्तमान और भविष्य में उद्धार की बात करता है। यहाँ भविष्य दूसरे आगमन पर हमारे सर्वोच्च, पूर्ण उद्धार को संदर्भित करता है। पद 9 पर टिप्पणी और 10:13 पर विशेष विषय देखें।

▣ **"उसके जीवन के द्वारा"** जीवन के लिए यह यूनानी शब्द *zoa* है। यूहन्ना के लेखन में यह शब्द हमेशा पुनरुत्थान जीवन, अनन्त जीवन या राज्य के जीवन का उल्लेख करता है। पौलुस ने इसका प्रयोग इस धर्मशास्त्रीय अर्थ में भी किया। इस संदर्भ का जोर यह है कि चूँकि परमेश्वर ने विश्वासियों की क्षमा के लिए इतनी बड़ी कीमत चुकाई है, वह निश्चित रूप से अपनी प्रभावशीलता जारी रखेगा।

"जीवन" या तो (1) यीशु के पुनरुत्थान (तुलना 8:34; 1 कुरिन्थियों 15) (2) यीशु के मध्यस्थता के कार्य (तुलना 8:34; इब्रानियों 7:25; 1 यूहन्ना 2:1); या (3) हमारे अंदर मसीह को बनानेवाले आत्मा (तुलना रोमियों 8:29; गलातियों 4:19) का उल्लेख हो सकता है। पौलुस ने कहा कि यीशु के सांसारिक जीवन और मृत्यु के साथ-साथ उसका गौरवान्वित जीवन हमारे पुनर्मिलन का आधार है।

5:11 "केवल यही नहीं, परन्तु" पद 3 पर टिप्पणी देखें।

▣ **"हम आनन्दित होते हैं"** 5:2 पर टिप्पणी देखें। इस संदर्भ में "आनन्दित होते" (गर्व) का यह तीसरा प्रयोग है।

1. महिमा की आशा में आनन्दित होते हैं, पद 2
2. क्लेश में आनन्दित होते हैं, पद 3
3. मेल में आनन्दित होते हैं, पद 11

नकारात्मक गर्व 2:17 और 23 में देखा जाता है!

▣ **"अब हमारा मेल हुआ है"** यह एक अनिर्दिष्टकाल कर्तृवाचक निर्देशात्मक है, एक पूर्ण किया गया कार्य। विश्वासियों के मेल की चर्चा पद 10 और 2 कुरिन्थियों 5:18-21; इफिसियों 2:16-22; कुलुस्सियों 1:19-23 में भी की गई है। इस संदर्भ में "मेल" "धर्मी ठहराए जाने" का धर्मशास्त्रीय पर्याय है।

NASB (अद्यतन) पाठ: 5:12-14

[12]अतः, जिस प्रकार एक मनुष्य के द्वारा पाप ने जगत में प्रवेश किया, तथा पाप के द्वारा मृत्यु आई, उसी प्रकार मृत्यु सभी मनुष्यों में फैल गई, क्योंकि सब ने पाप किया- [13]व्यवस्था के दिए जाने तक पाप जगत में तो था, पर जहाँ व्यवस्था नहीं वहाँ पाप की गणना नहीं होती। [14]तथापि मृत्यु ने आदम से लेकर मूसा तक शासन किया, उन पर भी जिन्होंने आदम के अपराध के समान पाप नहीं किया था; आदम उसका प्रतीक था जो आने वाला था।

5:12 "अतः" रोमियों में कई "अतः" युक्तिपूर्वक लिखे गए है (तुलना 5:1; 8:1; 12:1)। व्याख्यात्मक प्रश्न यह है कि वे किससे संबंध रखते हैं। वे पौलुस के सम्पूर्ण तर्क का उल्लेख करने का एक तरीका हो सकते हैं। सुनिश्चित रूप से यह उत्पत्ति से संबंधित है और इसलिए, संभवत: रोमियों 1:18-32 से।

▣ **"जिस प्रकार एक मनुष्य के द्वारा पाप ने जगत में प्रवेश किया"** पद 12 में सभी तीन क्रियाएँ अनिर्दिष्टकालीन है। आदम के पतन से मृत्यु आई (तुलना 1 कुरिन्थियों 15:22)। बाइबल पाप के मूल पर विचार नहीं करती। पाप दैवीय क्षेत्र में भी हुआ (तुलना उत्पत्ति 3 और प्रकाशितवाक्य 12:7-9)। कैसे और कब अनिश्चित हैं (तुलना यशायाह 14:12-27; यहेजकेल 28:12-19; अय्यूब 4:13; मत्ती 25:41; लूका 10:18; यूहन्ना 12:31; प्रकाशितवाक्य 12:7-7;)।

आदम के पाप में दो पहलू शामिल थे (1) एक विशेष आज्ञा का उल्लंघन (तुलना उत्पत्ति 2:16-17), और (2) आत्म-उन्मुख अभिमान (तुलना उत्पत्ति 3:5-6)। यह रोमियों 1:18-32 में शुरू होने वाले उत्पत्ति 3 के उल्लेख को जारी रखता है।।

यह पाप का धर्मशास्त्र है, जो स्पष्ट रूप से पौलुस को रब्बियों विचार से अलग करता है। रब्बियों ने उत्पत्ति 3 पर ध्यान केंद्रित नहीं किया; इसके बजाय उन्होंने दावा किया, कि हर व्यक्ति में दो "अभिप्राय" (*yetzers*) थे। उनकी प्रसिद्ध रब्बियों की कहावत "हर आदमी के हृदय में एक काला और एक सफेद कुत्ता है।" आप जिसे सबसे ज्यादा खिलाते हैं वह सबसे बड़ा हो जाता है।" पौलुस ने पाप को पवित्र परमेश्वर और उसकी सृष्टि के बीच एक बड़ी बाधा के रूप में देखा। पौलुस एक पद्धतिबद्ध धर्मशास्त्री नहीं था (तुलना James Steward's *A Man in Christ*)। उसने पाप के कई मूल बताए (1) आदम का पतन, (2) शैतानी प्रलोभन, और (3) निरंतर मानव विद्रोह।

आदम और यीशु के बीच धर्मशास्त्रीय विरोधाभास और समानान्तरों में दो संभावित निहितार्थ मौजूद हैं।

1. आदम एक वास्तविक ऐतिहासिक व्यक्ति था।
2. यीशु एक वास्तविक मनुष्य था।

ये दोनों सत्य गलत शिक्षा के सामने बाइबल की पुष्टि करते हैं। "एक मनुष्य" या "एक ही" के बार-बार प्रयोग पर ध्यान दें। आदम और यीशु का उल्लेख करने के ये दो तरीके इस संदर्भ में ग्यारह बार प्रयोग किए गए हैं।

▣ **"पाप के द्वारा मृत्यु"** बाइबल मृत्यु के तीन चरणों को प्रकट करती है: (1) आत्मिक मृत्यु (तुलना उत्पत्ति 2:17; 3:1-7; इफिसियों 2:1); (2) शारीरिक मृत्यु (तुलना उत्पत्ति 5); और (3) अनन्त मृत्यु (तुलना प्रकाशितवाक्य 2:11; 20:6,14; 21:8)। इस अवतरण में जिसके विषय में बोला गया है वह आदम की आत्मिक मृत्यु है (तुलना उत्पत्ति 3:14-19) जिसके परिणामस्वरूप मानवजाति की शारीरिक मृत्यु हुई (तुलना उत्पत्ति 5)।

▣ **"मृत्यु सब मनुष्यों में फैल गई"** इस अनुच्छेद का प्रमुख जोर पाप (तुलना पद 16-19; 1 कुरिन्थियों 15:22; गलातियों 1:10) और मृत्यु की सार्वभौमिकता है।

▣ **"क्योंकि सब ने पाप किया"** सभी मनुष्य आदम में सामूहिक रूप से पाप करते हैं (यानी, एक पापी रूप और एक पापी प्रवृत्ति विरासत में प्राप्त की।) इस वजह से प्रत्येक व्यक्ति व्यक्तिगत रूप से और बार-बार पाप करना पसंद करता है। बाइबल जोर देती है कि सभी मनुष्य सामूहिक और व्यक्तिगत दोनों तरह से पापी हैं (तुलना 1 राजाओं 8:46; 2 इतिहास 6:36; भजनसंहिता 14:1-2; 130:3; 143:2 नीतिवचन 20:9; सभोपदेशक 7:20; यशायाह 9:17; 53:6; रोमियों 3:9-18,38; 5:18; 11:32; गलातियों 3:22; 1 यूहन्ना 1:8-10)।

फिर भी यह कहा जाना चाहिए कि प्रासंगिक जोर (तुलना पद 15-19) यह है कि एक कार्य मृत्यु (आदम) का कारण बनता है और एक कार्य जीवन (यीशु) का कारण बनता है। हालाँकि, परमेश्वर ने मानवता के लिए अपने रिश्ते को इस प्रकार संरचित किया है कि मानव प्रत्युत्तर "पाप में होने" और "धर्मी ठहराए जाने" का एक महत्त्वपूर्ण पहलू है। मनुष्य अपने भविष्य की नियति में स्वेच्छा से शामिल हैं! वे पाप को चुनना जारी रखते हैं या वे मसीह को चुनते हैं। वे इन दो विकल्पों को प्रभावित नहीं कर सकते हैं, लेकिन वे स्वेच्छा से दिखाते हैं कि वे किसके हैं!

अनुवाद "क्योंकि" आम है, लेकिन इसका अर्थ अक्सर विवादित होता है। पौलुस ने 2 कुरिन्थियों 5:4; फिलिप्पियों 3:12, और 4:10 में *eph'ho* को "क्योंकि" के अर्थ में प्रयोग किया। इस प्रकार प्रत्येक व्यक्ति व्यक्तिगत रूप से परमेश्वर के विरुद्ध पाप और विद्रोह में भाग पसन्द करता है। कुछ विशेष प्रकटीकरण को अस्वीकार करके, लेकिन सभी प्राकृतिक प्रकटीकरण को अस्वीकार करके (तुलना 1:18-3:20)।

5:13-14 यही सत्य रोमियों 4:15 और प्रेरितों के काम 17:30 में सिखाया जाता है। परमेश्वर निष्पक्ष है। मनुष्य केवल उसी के लिए जिम्मेदार है जो उनके लिए उपलब्ध है। यह पद केवल विशेष प्रकटीकरण (पुराना नियम, यीशु, नया नियम) के विषय में कहता है, न कि प्राकृतिक प्रकटीकरण (भजन 19; रोमियो 1:18-23; 2:11-16) के विषय में।

ध्यान दें कि NKJV पद 12 की तुलना पद 18-21 में उसके उपसंहार में एक लंबे उपवाक्य (तुलना पद 13-17) द्वारा अलग किया हुआ देखता है। ।

5:14

NASB, NKJV,	
JB	**"मृत्यु ने शासन किया"**
NRSV	**"मृत्यु का प्रभुत्व था"**
TEV	**"मृत्यु ने राज्य किया"**

मृत्यु ने एक राजा के समान शासन किया (तुलना पद 17 और 21)। मृत्यु और पाप का निरंकुश शासक के रूप में यह मानवीकरण इस पूरे अध्याय और अध्याय 6 में भी जारी है। मृत्यु का सार्वभौमिक अनुभव मानवजाति के सार्वभौमिक पाप की पुष्टि करता है। पद 17 और 21 में, अनुग्रह का मानवीकरण किया गया है। अनुग्रह शासन करता है! मनुष्यों के पास एक विकल्प है (पुराने नियम के दो तरीके): मृत्यु या जीवन। आपके जीवन में कौन शासन करता है?

▣ **"उन पर भी जिन्होंने आदम के अपराध के समान पाप नहीं किया था"** आदम ने परमेश्वर की एक घोषित आज्ञा का

उल्लंघन किया, यहाँ तक कि हव्वा ने भी इस तरह से पाप नहीं किया। उसने आदम से पेड़ के बारे में सुना, सीधे परमेश्वर से नहीं। आदम के विद्रोह के कारण आदम से लेकर मूसा तक मनुष्य प्रभावित हुए! उन्होंने परमेश्वर से एक विशिष्ट आदेश का उल्लंघन नहीं किया, लेकिन 1:18-32, जो निश्चित रूप से इस धर्मशास्त्रीय संदर्भ का हिस्सा है, इस सत्य को व्यक्त करता है कि उन्होंने उस ज्योति का उल्लंघन किया था जो सृष्टि से उनके पास थी और इसलिए विद्रोह/पाप के लिए परमेश्वर के प्रति जिम्मेदार हैं। आदम की पापी प्रवृत्ति उसकी सभी संतानों में फैल गई।

▣

NASB, NKJV,
NRSV **"जो उसका प्रकार है जो आने वाला था"**
TEV **"आदम उसका प्रतीक था जो आने वाला था"**
JB **"आदम आने वाले का आदिरूप बना"**

यह आदम-मसीह प्रारूपविज्ञान को बहुत ही ठोस तरीके से व्यक्त करता है (तुलना 1 कुरिन्थियों 15:21-22,45-49; फिलिप्पियों 2:6-8)। उनमें से प्रत्येक को एक श्रृंखला में प्रथम के रूप में देखा जाता है, एक जाति की उत्पत्ति (तुलना 2 कुरिन्थियों 15:45-49)। आदम, नये नियम द्वारा विशेष रूप से "प्रकार" कहे जाने वाला पुराने नियम का एकमात्र व्यक्ति है। विशेष विषय: रूप (*Tupos*) 6:17 पर देखें ।

NASB (अद्यतन) पाठ: 5:15-17
[15]परन्तु वरदान अपराध के समान नहीं है। क्योंकि जब एक मनुष्य के अपराध के कारण अनेक मर गए, तब उस से कहीं अधिक परमेश्वर का अनुग्रह, तथा एक मनुष्य के, यीशु मसीह के अनुग्रह का दान बहुतों को प्रचुरता से मिला। [16]यह दान उसके समान नहीं जो एक मनुष्य के पाप करने के द्वारा आया, क्योंकि एक ओर तो एक ही अपराध के कारण न्याय आरम्भ हुआ, जिसका प्रतिफल दण्ड हुआ; परन्तु दूसरी ओर अनेक अपराधों के कारण ऐसा वरदान उत्पन्न हुआ जिसका प्रतिफल धार्मिकता हुआ। [17]जब एक ही मनुष्य के अपराध के कारण, मृत्यु ने उस एक ही के द्वारा शासन किया, इस से बढ़कर वे जो अनुग्रह और धार्मिकता के दान को प्रचुरता से पाते हैं, उस एक ही यीशु मसीह के द्वारा जीवन में राज्य करेंगे।

5:15-19 यह समानांतर वाक्यांशों का प्रयोग करता हुआ एक अनवरत तर्क है। NASB, NRSV और TEV अनुच्छेद को पद 18 पर विभाजित करते हैं। हालाँकि UBS[4], NKJV और JB इसे एक इकाई के रूप में अनुवादित करते हैं। याद रखें कि मूल लेखक के अभिप्राय की व्याख्या करने की कुंजी प्रति अनुच्छेद एक मुख्य सत्य है। ध्यान दें कि पद 15 और 19 में शब्द "अनेक," पद 12 और 18 में "सब" का पर्याय है। यशायाह 53:11-12 और पद 6 में भी यही सच है। इन शब्दों के आधार पर कोई भी धर्मशास्त्रीय भेद (केल्विन का चुनाव बनाम गैर-चुनाव) नहीं किया जाना चाहिए!

5:15 "वरदान" इस संदर्भ में "वरदान" के लिए प्रयोग किए जाने वाले दो अलग-अलग यूनानी शब्द हैं-*charisma*, पद 15,16 (6:23) और *dorea/dorama*, पद 15,16,17 (3:24 पर टिप्पणी देखें) -लेकिन वे समानार्थी हैं। यह वास्तव में उद्धार के बारे में अच्छी खबर है। यह यीशु मसीह के द्वारा परमेश्वर का एक वरदान है (तुलना 3:24; 6:23; इफिसियों 2:8,9) उनके लिए जो मसीह में विश्वास करते हैं।

▣ **"जब"** यह एक प्रथम श्रेणी प्रतिबंधात्मक वाक्य है, जो लेखक के दृष्टिकोण से या उसके साहित्यिक उद्देश्यों के लिए सही माना जाता है। आदम का पाप सभी मनुष्यों के लिए मृत्यु लाया। पद 17 में इसका समानान्तर है।

▣ **"प्रचुरता से"** 15:13 पर विशेष विषय देखें।

5:16 "दण्ड. . .धार्मिकता" ये दोनों न्यायिक, विधिसम्मत शब्द हैं। अक्सर पुराना नियम ने भविष्यद्वक्ताओं के संदेश को अदालत के दृश्य के रूप में प्रस्तुत किया। पौलुस इस रूप का प्रयोग करता है (तुलना रोमियों 8:1,31-34)।

5:17 "जब" यह एक और प्रथम श्रेणी प्रतिबंधात्मक वाक्य है, जो लेखक के दृष्टिकोण से या उसके साहित्यिक उद्देश्यों के लिए सही माना जाता है। आदम के अपराध का परिणाम सब मनुष्यों की मृत्यु हुआ।

▣ **"इस से बढ़कर वे जो पाते हैं"** बनाम 18-19 बिल्कुल वैचारिक रूप से संतुलित नहीं हैं। इस वाक्यांश कोरोमियोंन 1-8 के संदर्भ से हटा दिया जाता है और सार्वभौमिकता के लिए एक प्रमाण-पाठ के रूप में उपयोग किया जाता है (जो कि आखिरकार बचा लिया जा सकता है)। मनुष्य को (पद 17b) मसीह में परमेश्वर का प्रस्ताव प्राप्त करना चाहिए। उद्धार उपलब्ध है, लेकिन व्यक्तिगत रूप से स्वीकार किया जाना चाहिए (तुलना यूहन्ना 1:12; 3:16; रोमियों 10:9-13)।

सभी मनुष्यों के कुल विद्रोह में जारी विद्रोह का एक कृत्य। एक पापी कृत्य अमनमणि है! लेकिन मसीह में एक धर्मी बलिदान को कई व्यक्तिगत पापों को कवर करने के लिए बढ़ाया जाता है, साथ ही साथ पाप के कॉर्पोरेट प्रभाव को भी। मसीह के कृत्य के "बहुत अधिक" पर बल दिया गया है (तुलना पद 9,10,15,17)। अनुग्रह पर पाबंदी!

5:17,18 "धार्मिकता के दान को पाते हैं जीवन में राज्य करेंगे. . .धर्मी ठहराया जाना हुआ" यीशु सारी पतित मानवजाति की आत्मिक आवश्यकताओं के लिए परमेश्वर का वरदान और प्रबंध है। इन समानांतर वाक्यांशों का अर्थ हो सकता है (1) पापी मानवजाति का मसीह के समाप्त किए गए कार्य के द्वारा परमेश्वर के साथ मेल कराया गया है, जिसका परिणाम होता है एक "धर्मी जीवन" या (2) यह वाक्यांश "अनन्त जीवन" का पर्याय है। संदर्भ पहले विकल्प का समर्थन करता है। धार्मिकता के बारे में एक शब्द अध्ययन के लिए 1:17 पर विशेष विषय देखें।

विशेष विषय: परमेश्वर के राज्य में राज्य करना

मसीह के साथ राज्य करने की अवधारणा "परमेश्वर के राज्य" नामक बड़ी धर्मशास्त्रीय श्रेणी का हिस्सा है। यह इस्राएल के सच्चे राजा के रूप में परमेश्वर की पुराने नियम की अवधारणा को आगे बढ़ाना है (तुलना 1 शमूएल 8:7)। उसने प्रतीकात्मक रूप से (1 शमूएल 8:7; 10:17-19) यहूदा के गोत्र के वंशज (तुलना उत्पत्ति 49:10) और यिशै के परिवार (तुलना 2 शमूएल 7) के द्वारा राज्य किया।

यीशु मसीह मसीहा के विषय में पुराने नियम की भविष्यवाणी की वादा की गई पूर्ति है। उसने बैतलहम में अपने देहधारण के साथ परमेश्वर के राज्य का उद्घाटन किया। परमेश्वर का राज्य यीशु के उपदेश का केंद्रीय स्तंभ बन गया। राज्य पूरी तरह से उसमें आ गया (तुलना मत्ती 10:7; 11:12; 12:28; मरकुस 1:15; लूका 10:9,11; 11:20; 16:16; 17:20-21)।

हालाँकि, राज्य भविष्य भी था (युगांत विषयक)। वह अस्तित्व में था लेकिन परिपूर्ण नहीं हुआ था (तुलना मत्ती 6:10; 8:11; 16:28; 22:1- 26:29; लूका 9:27; 11:2; 13:29; 14:10-10) 24; 22:16,18)। यीशु पहली बार एक पीड़ित दास के रूप में आया था (तुलना यशायाह 52:13-53:12); नम्र रूप में (तुलना जकर्याह 9:9), लेकिन वह राजाओं के राजा के रूप में वापस आएगा (तुलना मत्ती 2:2; 21:5; 27:11-14)। "राज्य करने" की अवधारणा निश्चित रूप से इस "राज्य" के धर्मशास्त्र का एक हिस्सा है। परमेश्वर ने यीशु के अनुयायियों को राज्य दे दिया है (लूका 12:32 देखें)।

मसीह के साथ राज्य करने की अवधारणा के कई पहलू और प्रश्न हैं।

1. क्या ऐसे अवतरण जो दावा करते हैं कि परमेश्वर ने विश्वासियों को मसीह के द्वारा "राज्य" दे दिया है, "राज्य करने" का उल्लेख करते हैं (तुलना मत्ती 5:3,10; लूका 12:32)?
2. पहली सदी के यहूदी संदर्भ में मूल शिष्यों के लिए यीशु के शब्द क्या सभी विश्वासियों का उल्लेख करते हैं (तुलना मत्ती। 19:28; लूका 22:28-30)?
3. क्या अब इस जीवन में राज्य करने पर पौलुस का जोर उपरोक्त पाठों के विपरीत है या पूरक है (तुलना रोमियों 5:17; 1 कुरिन्थियों 4:8)?
4. दुख उठाना और राज्य करना किस प्रकार से संबंधित है (तुलना रोमियों 8:17; 2 तीमुथियुस 2:11-12; 1; 4:13; प्रकाशितवाक्य 1:9)?
5. प्रकाशितवाक्य का आवर्तक विषय है महिमान्वित मसीह के राज्य में सहभागी होना, लेकिन क्या वह राज्य है
   a. पृथ्वी का, प्रकाशितवाक्य 5:10
   b. हज़ार वर्ष का, प्रकाशितवाक्य 20:4-6
   c. सनातनकाल का, प्रकाशितवाक्य 2:26; 3:21; 22:5 और दानिय्येल 7:14,18,27

NASB (UPDATED) पाठ: 5:18-21

[18]अतः जिस प्रकार एक ही अपराध का प्रतिफल सब मनुष्यों के लिए दण्ड की आज्ञा हुआ, उसी प्रकार

धार्मिकता के एक ही कार्य का प्रतिफल सब मनुष्यों के लिए धर्मी ठहराया जाना हुआ। [19]जैसे एक एक मनुष्य के आज्ञा-उल्लंघन से अनेक पापी ठहराए गए, वैसे ही एक मनुष्य की आज्ञाकारिता से अनेक मनुष्य धर्मी ठहराए जाएँगे। [20]व्यवस्था ने प्रवेश किया कि अपराध बढ़ जाए, परन्तु जहाँ पाप बढ़ा वहाँ अनुग्रह में और भी अधिक वृद्धि हुई, [21]कि जैसे पाप ने मृत्यु में राज्य किया वैसे ही अनुग्रह भी धार्मिकता से अनन्त जीवन के लिए हमारे प्रभु यीशु मसीह के द्वारा राज्य करे।

5:18

NASB "उसी प्रकार धार्मिकता के एक ही कार्य का प्रतिफल सब मनुष्यों के लिए धर्मी ठहराया जाना हुआ"
NKJV "उसी प्रकार एक मनुष्य के धर्मी कार्य के द्वारा सभी मनुष्यों को वरदान मिला"
NRSV "अतः एक मनुष्य का धार्मिकता का कार्य सभी को धर्मी ठहराए जाने और जीवन की ओर ले जाता है"
TEV "इसी प्रकार एक धर्मी कार्य सभी मनुष्यों को स्वतंत्र करता और उन्हें जीवन देता है"
JB "इसलिए एक मनुष्य का भला कार्य सभी के लिए जीवन में लाता और उन्हें धर्मी ठहराता है"

यह ऐसा नहीं कह रहा है कि सब बच जाएँगे (सार्वभौमिकता)। इस पद की व्याख्या रोमियों की पुस्तक के संदेश और तात्कालिक संदर्भ से हटकर नहीं की जा सकती। यह यीशु के जीवन/मृत्यु/पुनरुत्थान के द्वारा सभी मनुष्यों के संभावित उद्धार का उल्लेख है। मानवजाति को पश्चाताप और विश्वास द्वारा सुसमाचार के प्रस्ताव का प्रत्युत्तर देना चाहिए (तुलना मरकुस 1:15; प्रेरितों के काम 3:16,19; 20:21)। परमेश्वर हमेशा पहल करता है (तुलना यूहन्ना 6:44,65), लेकिन उसने चुना है कि प्रत्येक व्यक्ति को व्यक्तिगत रूप से प्रत्युत्तर देना चाहिए (तुलना मरकुस 1:15; यूहन्ना 1:12; और रोमियों 10:9-13)। उसका प्रस्ताव सार्वभौमिक है (तुलना 1 तीमुथियुस 2:4,6; 2 पतरस 3:9; 1 यूहन्ना 2:2), लेकिन अधर्म का रहस्य यह है कि कई लोग कहते हैं "नहीं।"

"धार्मिकता का कार्य" या तो (1) यीशु का आज्ञाकारिता का सम्पूर्ण जीवन और पिता का प्रकटीकरण या (2) विशेष रूप से पापी मानवजाति के स्थान पर उसकी मृत्यु है। जिस प्रकार एक मनुष्य के जीवन ने सभी को प्रभावित किया (यहूदी सामूहिकता, तुलना यहोशू 7), उसी प्रकार, एक निर्दोष जीवन ने सभी को प्रभावित किया। ये दो कार्य समानांतर हैं, लेकिन समान नहीं हैं। सभी आदम के पाप से प्रभावित हैं, लेकिन सभी यीशु के जीवन से केवल संभावित रूप से प्रभावित हैं - केवल विश्वासी को जो धर्मी ठहराए जाने के वरदान को प्राप्त करते हैं। यीशु का कृत्य सभी मानव पापों को प्रभावित करता है, उन लोगों के लिए जो विश्वास करते हैं और ग्रहण करते हैं, भूत, वर्तमान और भविष्य!

5:18-19 "सब मनुष्यों के लिए दण्ड की आज्ञा. . .सब मनुष्यों के लिए धर्मी ठहराया जाना. . .अनेक पापी ठहराए गए. . .अनेक मनुष्य धर्मी ठहराए जाएँगे" ये समानांतर वाक्यांश हैं जो बताते हैं कि शब्द "अनेक" प्रतिबंधक नहीं है, लेकिन समावेशी है। यही समानान्तरता यशायाह 53:6 "सब" और 53:11,12 "बहुतों" में पाई जाती है। शब्द "बहुतों" सारी मानवजाति के लिए परमेश्वर के उद्धार के प्रस्ताव को सीमित करने के लिए एक प्रतिबंधक अर्थ में प्रयोग नहीं किया जा सकता है (केल्विन का चुनाव बनाम गैर-चुनाव)।

दोनों क्रियाओं के कर्मवाच्य पर ध्यान दें। वे परमेश्वर की गतिविधि का उल्लेख करते हैं। मनुष्य परमेश्वर के चरित्र के संबंध में पाप करते हैं और वे उसके चरित्र के संबंध में धर्मी ठहरते हैं।

5:19 "एक मनुष्य का आज्ञा-उल्लंघन. . .एक ही की आज्ञाकारिता" पौलुस पुराने नियम की भौतिक अस्तित्व की धर्मशास्त्रीय अवधारणा का प्रयोग कर रहा था। एक व्यक्ति के कृत्यों ने पूरे समुदाय को प्रभावित किया (तुलना यहोशू 7 में आकान)। आदम और हव्वा के आज्ञा-उल्लंघन के कारण सारी सृष्टि पर परमेश्वर का न्याय आया (तुलना उत्पत्ति 3)। सारी सृष्टि आदम के विद्रोह के परिणामों से प्रभावित हुई है (तुलना 8:18-25)। संसार वैसा ही नहीं है। मनुष्य वैसे ही नहीं हैं। मृत्यु सारे सांसारिक जीवन का अंत बन गई (तुलना उत्पत्ति 5)। यह वह संसार नहीं है जैसा परमेश्वर ने चाहा था!

इसी सामूहिक अर्थ में यीशु की आज्ञाकारिता का एक कार्य, कलवरी, का परिणाम हुआ (1) एक नया युग, (2) एक नए लोग, और (3) एक नई वाचा। इस प्रतिनिधिक धर्मशास्त्र को "आदम-मसीह प्रारूपविज्ञान" कहा जाता है (तुलना फिलिप्पियों 2:6)। यीशु दूसरा आदम है। वह पतित मानवजाति के लिए नई शुरुआत है।

▣ **"धर्मी ठहराए"** 1:17 पर विशेष विषय देखें।

5:20

NASB **"व्यवस्था ने प्रवेश किया कि पाप बढ़ जाए"**

NKJV **"इसके अलावा व्यवस्था में प्रवेश किया गया कि अपराध में वृद्धि हो"**

NRSV **"लेकिन व्यवस्था आई, परिणामस्वरूप और पाप बढ़ गया"**

TEV **"व्यवस्था को गलत काम बढ़ाने के लिए लाया गया"**

JB **"जब व्यवस्था आई, तो वह पाप में गिरने के अवसरों को बढ़ाने के लिए थी"**

व्यवस्था का उद्देश्य कभी भी मानवजाति को बचाने का नहीं था, लेकिन पतित मानवजाति की आवश्यकता और असहायता दिखाने के लिए (तुलना इफिसियों 2:1-3) और इस तरह उन्हें मसीह में लाना था (तुलना 3:20; 4:15; 7:5; गलातियों 3:19, 23-26)। व्यवस्था अच्छी है, लेकिन मानवजाति पापी है!

▣ **"अनुग्रह में और भी कहीं अधिक वृद्धि हुई"** यह इस खंड में पौलुस का मुख्य जोर था। पाप भयानक और व्यापक है, लेकिन अनुग्रह वृद्धि करता है और उसके घातक प्रभाव से अधिक बढ़ जाता है! यह पहली सदी की अनुभवहीन कलीसिया को प्रोत्साहित करने का एक तरीका था। वे मसीह में विजयवंत थे (तुलना 5:9-11; 8:31-39; 1 यूहन्ना 5:4)। यह अधिक पाप करने का लाइसेंस नहीं है! विशेष विषय: पौलुस का *Huper* समासों का प्रयोग 1:30 पर देखें।

5:21 दोनों "पाप" और "अनुग्रह" राजाओं के रूप में मानवीकृत किए गए हैं। सार्वभौमिक मृत्यु की शक्ति द्वारा पाप ने राज्य किया (पद 14, 17)। अनुग्रह अध्यारोपित धार्मिकता की शक्ति के द्वारा यीशु मसीह के सम्पूर्ण किए गए कार्य के और विश्वासियों के व्यक्तिगत विश्वास और सुसमाचार के प्रति पश्चातापी प्रत्युत्तर के द्वारा शासन करता है।

परमेश्वर के नए लोगों के रूप में, मसीह के शरीर के रूप में, मसीही भी मसीह के साथ राज्य करते हैं (तुलना 5:17; 2 तीमुथियुस 2:12; प्रकाशितवाक्य 22:5)। इसे एक सांसारिक या सहस्राब्दी के शासनकाल के रूप में देखा जा सकता है (तुलना प्रकाशितवाक्य 5:9-10; 20)। बाइबल भी इस बात पर जोर देते हुए की राज्य संतों को दे दिया गया है (तुलना मत्ती 5:3,10; लूका 12:32; इफिसियों 2:5-6)। विशेष विषय: परमेश्वर के राज्य में राज करना 5:17 पर देखें।

चर्चागत प्रश्न

यह एक अध्ययन मार्गदर्शक टिप्पणी है, जिसका अर्थ है कि आप बाइबल की अपनी स्वयं की व्याख्या के लिए जिम्मेदार हैं। हम में से प्रत्येक को उस प्रकाश में चलना चाहिए जो हमारे पास है। व्याख्या में आप, बाइबल और पवित्र आत्मा प्राथमिकता में हैं। आपको एक टीकाकार पर इसे नहीं छोड़ना चाहिए।

ये चर्चागत प्रश्न आपको पुस्तक के इस खंड के प्रमुख मुद्दों के माध्यम से सोचने में मदद करने के लिए प्रदान किए जाते हैं। वे विचारोत्तेजक होने चाहिए, निर्णायक नहीं।

1. परमेश्वर की "धार्मिकता" को परिभाषित कीजिए।
2. "स्थितिगत पवित्रीकरण" और "प्रगतिशील आधिपत्य" के बीच धर्मशास्त्रीय भेद क्या है?
3. हमने अनुग्रह से उद्धार पाया है या विश्वास से (तुलना इफिसियों 2:8-9)?
4. मसीही दुःख क्यों उठाते हैं?
5. क्या हम: बचा लिए गए हैं या बचाए जा रहे हैं या बचाए जाएँगे?
6. क्या हम पापी हैं क्योंकि हम पाप करते हैं, या हम पाप करते हैं क्योंकि हम पापी हैं?
7. इस अध्याय में शब्द "धर्मी ठहराए गए," "उद्धार हुआ" और "मेल" किस प्रकार संबंधित हैं?
8. परमेश्वर ने मुझे किसी और मनुष्य के पाप के लिए क्यों जिम्मेदार ठहराया है जो हजारों साल पहले था (पद 12-21)?
9. आदम और मूसा के बीच के सभी मनुष्यों की मृत्यु क्यों हुई अगर इस अवधि के दौरान पाप की गणना नहीं हुई थी (पद 13-14)?
10. क्या शब्द "सब" और "अनेक" पर्यायवाची हैं (पद 18-19, यशायाह 53:6, 11-12)?

रोमियों 6

आधुनिक अनुवादों के अनुच्छेद विभाग				
UBS[4]	**NKJV**	**NRSV**	**TEV**	**JB**
पाप के लिए मृतक: मसीह में जीवित	पाप के लिए मृतक, परमेश्वर के लिए जीवित	मसीह के साथ मरना और जीवित होना	पाप के लिए मृतक परन्तु मसीह में जीवित	बपतिस्मा
6:1-11	6:1-14	6:1-4	6:1-4	6:1-7
		6:5-11	6:5-11	
				6:8-11
				पवित्रता, पाप स्वामी नहीं
6:12-14		6:12-14	6:12-14	6:12-14
धार्मिकता के दास	पाप के दासों से परमेश्वर के दास	दो दासत्व	धार्मिकता के दास	मसीह को पाप के दासत्व से मुक्त किया गया है
6:15-23	6:15-23	6:15-19	6:15-19	6:15-19
				पाप का पुरस्कार और पवित्रता का पुरस्कार
		6:20-23	6:20-23	6:20-23

वाचन चक्र तीन

अनुच्छेद स्तर पर मूल लेखक के अभिप्राय का अनुसरण करना

यह एक अध्ययन मार्गदर्शक टिप्पणी है, जिसका अर्थ है कि आप बाइबल की अपनी स्वयं की व्याख्या के लिए जिम्मेदार हैं। हम में से प्रत्येक को उस प्रकाश में चलना चाहिए जो हमारे पास है।व्याख्या में आप, बाइबल और पवित्र आत्मा प्राथमिकता में हैं। आपको एक टीकाकार पर इसे नहीं छोड़ना चाहिए।

एक बैठक में अध्याय पढ़ें। विषयों को पहचानें। उपरोक्त पाँच अनुवादों के साथ अपने विषय विभाजन की तुलना करें। अनुच्छेद लेखन प्रेरित नहीं है, लेकिन यह मूल लेखक के अभिप्राय, जो व्याख्या का केंद्र है, का पालन करने की कुंजी है। हर अनुच्छेद में एक और केवल एक ही विषय होता है।

1. पहला अनुच्छेद
2. दूसरा अनुच्छेद
3. तीसरा अनुच्छेद
4. आदि

प्रासंगिक अन्तर्दृष्टि

A. अध्याय 6:1-8:39 विचार की एक इकाई (साहित्यिक इकाई) का निर्माण करते हैं जो कि मसीह के पाप से संबंध से संबंधित है। यह एक बहुत ही महत्त्वपूर्ण मुद्दा है क्योंकि सुसमाचार मसीह के द्वारा परमेश्वर के उस मुफ़्त अनुग्रह पर आधारित है, जिसके हम योग्य नहीं हैं (3:21-5:21) तो, इसलिए, पाप विश्वासी को कैसे प्रभावित करता है? अध्याय 6 दो कथित प्रश्नों पर आधारित है, पद 1 और 15. पद 1 का संबंध 5:20 से है, जबकि पद 15 का संबंध 6:14 से है। पहला जीवनशैली के रूप में पाप से संबंधित है (वर्तमान काल), दूसरा पाप के व्यक्तिगत कार्यों से (अनिर्दिष्टकाल)। यह भी स्पष्ट है कि पद 1-14 विश्वासियों की पाप के प्रभुत्व से स्वतंत्रता से संबंध रखते हैं, जबकि पद 15-23

विश्वासियों के परमेश्वर की सेवा करने की स्वतंत्रता से संबंध रखते हैं जैसी कि उन्होंने पहले पाप की सेवा की थी- पूरी तरह से, सम्पूर्ण रीति से और पूरे दिल से।

B. पवित्रीकरण दोनों है
   1. एक स्थिति (उद्धार के समय धर्मी ठहराए जाने की तरह अध्यारोपित, 3:21-5:21)
   2. एक प्रगतिशील मसीह समान होना
      a. 6:1- 8:39 इस सत्य को धर्मशास्त्रीय रूप से व्यक्त करते हैं
      b. 12:1-15:13 इसे व्यावहारिक रूप से व्यक्त करते हैं (6:4 पर विशेष विषय देखें)।

C. अक्सर टीकाकारों को बाइबल के उनके अर्थों को समझने में मदद करने के लिए धर्मी ठहराए जाने और स्थितिगत पवित्रीकरण के विषय को धर्मशास्त्रीय रूप से विभाजित करना चाहिए। वास्तव में वे एक साथ होने वाले अनुग्रह के कार्य करते हैं (स्थितिगत, 1 कुरिन्थियों 1:30; 6:11)। दोनों के लिए एक ही प्रक्रिया है –यीशु के जीवन और मृत्यु में प्रदर्शित परमेश्वर का अनुग्रह जो विश्वास के द्वारा ग्रहण किया जाता है (तुलना इफिसियों 2:8-9)।

D. यह अध्याय मसीह में परमेश्वर की संतानों की संभावित पूर्ण परिपक्वता (पापहीनता, तुलना 1 यूहन्ना 3:6,9; 5:18) सिखाता है। अध्याय 1 और 1 यूहन्ना 1:8-2:1 विश्वासियों के निरंतर पापी होने की वास्तविकता को दिखाते हैं।

   पौलुस के क्षमा के दृष्टिकोण के बारे में अधिकांश विवाद नैतिकता के मुद्दे से संबंधित थे। यहूदी इस बात की माँग करके कि नए धर्मान्तरित लोग मूसा की व्यवस्था के अनुसार चलें, ईश्वरीय जीवन का आश्वासन चाहते थे। यह माना जाना चाहिए कि कुछ लोगों ने पौलुस के विचारों को पाप करने के लाइसेंस के रूप में प्रयोग किया और करते हैं तुलना पद 1,15; 2 पतरस 3:15-16)। पौलुस का मानना था कि एक बाहरी संहिता नहीं, बल्कि अंदर वास करने वाला आत्मा धर्मी मसीह के समान अनुयायी उत्पन्न करेगा। वास्तव में पुरानी वाचा (तुलना व्यवस्थाविवरण 27-28) और नई वाचा (तुलना यिर्मयाह 31:31-34; यहेजकेल 36:26-27) के बीच यही अंतर है।

E. बपतिस्मा केवल धर्मी ठहराए जाने/पवित्रीकरण की आत्मिक वास्तविकता का एक भौतिक चित्रण है। रोमियों में स्थितीगत पवित्रीकरण (धर्मी ठहराया जाना) और अनुभवात्मक पवित्रीकरण (मसीह समान होना) के जुड़वां सिद्धांतों दोनों पर जोर दिया गया है। उसके साथ गाड़ा जाना (पद 4) "उसके साथ क्रूस पर चढ़ाया जाने" (पद 6) के समानांतर है।

F. मसीह के जीवन में प्रलोभन और पाप पर काबू पाने की कुंजियाँ हैं
   1. जानें कि आप मसीह में कौन हैं। जानें कि उसने आपके लिए क्या किया है। आप पाप से मुक्त हैं! आप पाप के लिए मर चुके हैं!
   2. अपने दैनिक जीवन की परिस्थितियों में मसीह में अपने स्थान का अनुमान लगाएँ/गणना करें।
   3. हम अपने स्वयं के नहीं हैं! हमें अपने स्वामी की सेवा/आज्ञापालन करना चाहिए। हम सेवा/पालन करते हैं उसके प्रति कृतज्ञता और प्रेम के साथ जिसने हमसे प्रेम किया!
   4. मसीह जीवन एक अलौकिक जीवन है। यह, उद्धार की तरह, परमेश्वर की ओर से मसीह में एक वरदान है। वह इसे आरंभ करता है और उसकी शक्ति प्रदान करता है। हमें आरम्भ में और लगातार दोनों ही प्रकार से पश्चाताप और विश्वास के साथ प्रत्युत्तर देना चाहिए।
   5. पाप के साथ खेल मत खेलो। उसे वही कहो जो वह है। उससे मुड़ जाओ; उससे भाग जाओ। अपने आप को प्रलोभन की जगह पर मत रखो।
   6. पाप एक लत है जिसे तोड़ा जा सकता है, लेकिन इसमें समय, प्रयास और इच्छाशक्ति लगती है।

शब्द और पाठ अध्ययन

NASB (अद्यतन) पाठ: 6:1-7

[1]तो हम क्या कहें? क्या हम पाप करते रहें ताकि अनुग्रह अधिक होता जाए? [2]कदापि नहीं! हम जो पाप के लिए मर गए फिर उसमें कैसे जीवन व्यतीत करें? [3]क्या तुम नहीं जानते कि हम सब जो बपतिस्मा के द्वारा मसीह यीशु के साथ एक हुए, बपतिस्मा के द्वारा उसकी मृत्यु में भी सहभागी हुए? [4]इसलिए हम बपतिस्मा द्वारा उसकी मृत्यु में सहभागी होकर उसके साथ गाड़े गए हैं, जिससे कि पिता की महिमा के द्वारा जैसे मसीह जिलाया गया था,

वैसे हम भी जीवन की नई चाल चलें। [5]क्योंकि यदि हम उसके साथ उसकी मृत्यु की समानता में एक हो गए हैं, तो निश्चय ही उसके जी उठने की समानता में भी एक हो जाएँगे, [6]यह जानते हुए, कि हमारा पुराना मनुष्यत्व उसके साथ क्रूस पर चढ़ाया गया, कि हमारा पाप का शरीर निष्क्रिय हो जाए, कि हम आगे को पाप के दास न रहें; [7]क्योंकि जो मर गया, वह पाप से छूट कर निर्दोष ठहरा।

6:1

NASB	**"क्या हम पाप करते रहें ताकि अनुग्रह अधिक होता जाए"**
NKJV	**"क्या हम पाप में बने ताकि अनुग्रह में वृद्धि हो"**
NRSV	**"क्या हमें पाप में बने रहना चाहिए इसलिए कि अनुग्रह में वृद्धि हो"**
TEV	**"कि हमें पाप में जीते रहना चाहिए ताकि परमेश्वर का अनुग्रह अधिक होता जाएगा"**
JB	**"क्या इसका अर्थ यह होता है कि हमें पाप में रहना चाहिए ताकि अनुग्रह की गुंजाइश अधिक हो"**

यह एक वर्तमान कर्तृवाचक संशयार्थ-सूचक है। यह शाब्दिक रूप से सवाल पूछता है, क्या मसीहियों को पाप में "बने रहना चाहिए" या "गले लगाना चाहिए"? यह प्रश्न 5:20 पर मुड़ कर देखता है। पौलुस ने अनुग्रह के संभावित दुरुपयोग से निपटने के लिए एक काल्पनिक आपत्तिकर्ता (अभियोगात्मक भाषण) का प्रयोग किया (तुलना। यूहन्ना 3:6,9; 5:18)। परमेश्वर का अनुग्रह और दया विद्रोही जीवन यापन के लिए लाइसेंस देने के लिए नहीं है।

मसीह के द्वारा परमेश्वर के अनुग्रह के वरदान के रूप में पौलुस के एक मुफ्त उद्धार के सुसमाचार (तुलना 3:24; 5:15,17; 6:23) ने जीवन शैली की धार्मिकता के बारे में कई सवाल उठाए। एक मुफ्त वरदान नैतिकता कैसे उत्पन्न करता है? धर्मी ठहराए जाने और पवित्रीकरण को अलग नहीं किया जाना चाहिए (तुलना मत्ती 7:24-27; लूका 8:21; 11:18; यूहन्ना 13:17; रोमियों 2:13; याकूब 1:22-25; 2:14-26)। ।

इस स्थान पर मुझे F. F. Bruce, *Paul: Apostle of the Heart Set Free* को उद्धरित करने दीजिए, "मसीहियों के बपतिस्मा ने अपने पुराने अपवित्र अस्तित्व और मसीह में अपने नए जीवन के बीच सीमा का गठन किया: यह पुरानी व्यवस्था के प्रति उनकी मृत्यु को चिह्नित करता है, ताकि एक बपतिस्मा लेने वाले मसीह के लिए पाप में बने रहना उतना ही निरर्थक था जितना कि एक स्वतंत्र किए गए दास का अपने पूर्व मालिक के बंधन में बने रहना (रोमियों 6:1-4,15-23) या किसी विधवा के लिए "अपने पति की व्यवस्था के अधीन रहना", pp. 281-82 (तुलना रोमियों 7:1-6)।

James S. Stewart की पुस्तक, *A Man in Christ* में, उन्होंने लिखा है: "प्रेरितों के इस पक्ष सारे विचार के लिए *locus classicus* रोमियों 6 में पाया जाना है। वहाँ पौलुस, शानदार शक्ति और प्रयास के साथ, दिल और अंतरात्मा तक इस पाठ को लाता है कि विश्वासी के यीशु के साथ उसकी मृत्यु में एक होने का अर्थ है कि पाप से पूर्ण और प्रबल अलगाव," pp. 187-88।

6:2 "कदापि नहीं" यह एक दुर्लभ इच्छार्थक रूप है जो एक व्याकरणिक भाव या रीति है जिसका प्रयोग इच्छा या प्रार्थना के लिए किया जाता है। यह एक काल्पनिक आक्षेपकर्त्ता का जवाब देने का पौलुस का शैलीगत तरीका था। इसने अविश्वासी मानवजाति की गलतफहमी और अनुग्रह के दुरुपयोग के बारे में पौलुस के सदमे और अत्यंत घृणा को व्यक्त किया (तुलना 3:4,6)।

▣ **"हम जो पाप के लिए मर गए"** यह एक अनिर्दिष्टकाल कर्तृवाचक निर्देशात्मक है, जिसका अर्थ है "हम मर चुके हैं।" इस अध्याय में एकवचन "पाप" का प्रयोग अक्सर किया जाता है। यह आदम से विरासत में मिली हमारी "पापी प्रकृति" का उल्लेख करता है (तुलना रोमियों 5:12-21; 1 कुरिन्थियों 15:21-22)। यीशु के साथ विश्वासी के नए रिश्ते को दिखाने के लिए पौलुस अक्सर एक रूपक के रूप में मृत्यु की अवधारणा का प्रयोग करता है। वे अब पाप के प्रभुत्व के अधीन नहीं हैं।

▣ **"उस में कैसे जीवन व्यतीत करें"** यह शाब्दिक रूप से "चलना" है। इस रूपक का प्रयोग या तो हमारी जीवनशैली के विश्वास (तुलना इफिसियों 4:1; 5:2,15) या जीवनशैली पाप (तुलना पद 4) पर जोर देने के लिए किया गया था। विश्वासी पाप में खुश नहीं हो सकते!

6:3-4 "बपतिस्मा द्वारा. . .गाड़े गए हैं" ये दोनों अनिर्दिष्टकाल कर्मवाचक निर्देशात्मक हैं। इस व्याकरणिक रूप ने एक बाहरी माध्यम द्वारा पूर्ण किए गए कार्य पर जोर दिया, यहाँ आत्मा है। वे इस संदर्भ में समानांतर हैं।

विशेष विषय: बपतिस्मा

I. यहूदी जीवन में बपतिस्मा

A. पहली और दूसरी शताब्दी के यहूदियों में बपतिस्मा एक आम संस्कार था।
1. मंदिर में आराधना करने की तैयारी (अर्थात शुद्धीकरण संस्कार)
2. धर्मान्तरित व्यक्ति का स्व-बपतिस्मा
यदि एक अन्यजाति पृष्ठभूमि से कोई व्यक्ति पूर्ण रूप से इस्राएल की संतान बन जाता है, तो उसे तीन कार्य पूरे करने होते थे:
a. खतना, यदि पुरुष हो
b. तीन गवाहों की उपस्थिति में, पानी में डूबकर स्व-बपतिस्मा
c. मंदिर में बलिदान
3. शुद्ध होने की क्रिया (तुलना लैव्यव्यवस्था 15)
पहली सदी के पलस्तीन के सांप्रदायिक समूहों में, जैसे कि एसेनेस, बपतिस्मा स्पष्ट रूप से एक सामान्य, दोहराया जाने वाला अनुभव था। हालाँकि, मुख्य यहूदी धर्म के लिए, यूहन्ना का पश्चाताप का बपतिस्मा स्वभाविक रूप से इब्राहीम की एक संतान के लिए अन्यजाति के द्वारा स्वीकारने के अनुष्ठान से गुजरना अपमानजनक होता।

B. औपचारिक रूप से धोए जाने के लिए नये नियम के कुछ उदाहरणों को उद्धृत किया जा सकता है।
1. आत्मिक सफाई के प्रतीक के रूप में (तुलना यशायाह 1:16)
2. याजकों द्वारा किए जाने वाले नियमित अनुष्ठान के रूप में (तुलना निर्गमन 19:10; लैव्यव्यवस्था 16)
यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि पहली शताब्दी के यहूदी संस्कृति के अन्य सभी बपतिस्मे स्वयं दिए जाते थे। बपतिस्मा के लिए केवल यूहन्ना बपतिस्मा देनेवाले की बुलाहट ने उसे पश्चाताप के इस कार्य के एक मूल्यांकनकर्ता (तुलना मत्ती 3:7-12) और प्रबंधक के रूप में शामिल किया (तुलना मत्ती 3:6)।

C. कलीसिया में बपतिस्मा
A. धर्मशास्त्रीय प्रयोजन
1. पाप की क्षमा– प्रेरितों के काम 2:38; 22:16
2. पवित्र आत्मा का पाया जाना - प्रेरितों के काम 2:38 (प्रेरितों के काम 10:44-48)
3. मसीह के साथ मिलन - गलातियों 3:26-27
4. कलीसिया में सदस्यता - 1 कुरिन्थियों 12:13
5. एक आत्मिक मोड़ का प्रतीक - 1 पतरस 3:20-21
6. एक आत्मिक मृत्यु और पुनरुत्थान का प्रतीक - रोमियों 6:1-5

B. बपतिस्मा आरम्भिक कलीसिया का एक व्यक्ति के सार्वजनिक घोषणा (या स्वीकारोक्ति) का अवसर था। यह उद्धार की क्रियाविधि नहीं थी/है, लेकिन विश्वास की मौखिक पुष्टि का अवसर था (यानी, शायद, "यीशु प्रभु है")। याद रखें कि आरम्भिक कलीसिया के पास कोई भवन नहीं थे और उत्पीड़न के कारण घरों में या अक्सर गुप्त स्थानों पर मिलते थे।

C. कई टिप्पणीकारों का कहना है कि 1 पतरस एक बपतिस्मा संबंधी उपदेश है। हालाँकि यह संभव है, यही एकमात्र विकल्प नहीं है। यह सच है कि पतरस अक्सर बपतिस्मा को विश्वास के एक महत्त्वपूर्ण कार्य के रूप में प्रयोग करता है (तुलना प्रेरितों के काम 2:38,41; 10:47)। हालाँकि, यह एक संस्कार-संबंधी घटना नहीं थी/है, लेकिन एक विश्वास की घटना है, जो मृत्यु, दफनाए जाने और पुनरुत्थान का प्रतीक है क्योंकि विश्वासी मसीह के स्वयं के अनुभव के साथ सम्मिलित होता है (तुलना रोमियों 6:7-9; कुलुस्सियों 2:12)। कार्य प्रतीकात्मक है, संस्कार-संबंधी नहीं; कार्य घोषणा का अवसर है, न कि उद्धार की क्रियाविधि।

D. प्रेरितों के काम 2:38 में बपतिस्मा और पश्चाताप

Curtis Vaughan, Acts में p. 28 पर प्रेरितों 2:38 से संबंधित एक दिलचस्प पाद टिप्पणी है।

"'बपतिस्मा पाना' के लिए यूनानी शब्द एक अन्य पुरूष आज्ञार्थक है; 'पश्चाताप' के लिए शब्द, एक मध्यम पुरूष आज्ञार्थक है। अधिक प्रत्यक्ष मध्यम पुरूष की आज्ञा से 'बपतिस्मा' के कम प्रत्यक्ष अन्य पुरूष में इस परिवर्तन का तात्पर्य है कि पतरस की मूलभूत प्राथमिक माँग पश्चाताप के लिए है।"

यह यूहन्ना बपतिस्मा देनेवाले (तुलना मत्ती 3:2) और यीशु (तुलना मत्ती 3:7) के उपदेश के जोर का अनुसरण करता है। पश्चाताप एक आत्मिक कुँजी प्रतीत होता है और बपतिस्मा इस आत्मिक परिवर्तन की एक बाहरी अभिव्यक्ति है। नया नियम में ऐसे विश्वासियों का कोई वर्णन नहीं है जिन्होंने बपतिस्मा न पाया हो! आरम्भिक कलीसिया के लिए बपतिस्मा विश्वास की सार्वजनिक घोषणा था। यह मसीह में विश्वास के सार्वजनिक अंगीकार का अवसर है, उद्धार की क्रियाविधि नहीं! यह याद रखने की आवश्यकता है कि पतरस के दूसरे उपदेश में बपतिस्मा का उल्लेख नहीं किया गया है, हालाँकि पश्चाताप का है (तुलना प्रेरितों के काम 3:19; लूका 24:17)। बपतिस्मा यीशु द्वारा स्थापित एक उदाहरण था (तुलना मत्ती 3:13-18)। बपतिस्मा की आज्ञा यीशु ने दी थी (तुलना मत्ती 28:19)। उद्धार के लिए बपतिस्मा की आवश्यकता का आधुनिक प्रश्न नए नियम में संबोधित नहीं किया गया है; सभी विश्वासियों से यह अपेक्षा है कि वे बपतिस्मा लें। हालाँकि, हमें एक संस्कार-संबंधी यांत्रिकता से सावधान रहना चाहिए! उद्धार एक आस्था का मुद्दा है, न कि सही-जगह, सही-शब्द, सही-संस्कार कार्य का मुद्दा!

▣ **"मसीह यीशु में"** *eis* (में) का प्रयोग मत्ती 28:19 की महान आज्ञा का समानान्तर है, जहाँ नये विश्वासियों को पिता और पुत्र और पवित्र आत्मा के नाम से बपतिस्मा दिया जाता है। पूर्वसर्ग का प्रयोग उन विश्वासियों का वर्णन करने के लिए भी किया गया है जो 1 कुरिन्थियों 12:13 में आत्मा द्वारा में मसीह की देह में बपतिस्मा लेते हैं। इस संदर्भ में *eis* पद 11 के *en* (मसीह में) का पर्यायवाची है, जो पौलुस का विश्वासियों को दर्शाने का पसंदीदा तरीका है। यह क्षेत्र का लोकैटिव है। विश्वासी जीते हैं और चलते हैं और उनका अस्तित्व मसीह में है। ये पूर्वसर्ग इस अंतरंग मिलन, सहभागिता के इस क्षेत्र को, इस दाखलता और डाली के संबंध को व्यक्त करते हैं। विश्वासी मसीह के साथ तादात्म्य स्थापित करते और उसकी मृत्यु (तुलना पद 6; 8:17), उसके पुनरुत्थान में (तुलना पद 5), उसकी परमेश्वर के प्रति आज्ञाकारी सेवा में, और उसके राज्य में जुड़ जाते हैं।

▣ **"उसकी मृत्यु में. . .उसके साथ गाड़े गए हैं"** पानी में डूबकर बपतिस्मा लेना, मृत्यु और दफनाए जाने का चित्रण करता है (तुलना पद 5 और कुलुस्सियों 2:12)। यीशु ने बपतिस्मा का प्रयोग अपनी मृत्यु के लिए एक रूपक के रूप में किया (तुलना मरकुस 10:38-39; लूका 12:50)। यहाँ पर जोर बपतिस्मा का सिद्धांत नहीं है, बल्कि मसीह की मृत्यु और दफन के साथ मसीही का नया अंतरिम संबंध है। विश्वासी मसीह के बपतिस्मा के साथ, उसके चरित्र के साथ, उसके बलिदान के साथ, उसके मिशन के साथ तादात्म्य स्थापित करते हैं। विश्वासियों पर पाप की कोई शक्ति नहीं है!

6:4 "हम बपतिस्मा के द्वारा उसकी मृत्यु में सहभागी होकर उसके साथ गाड़े गए हैं" इस अध्याय में, जैसी कि पौलुस के सारे लेखन की विशेषता है, वह कई *sun* (साथ) समासों का प्रयोग करता है (जैसे इफिसियों 2:5-6)

1. *sun* + *thapto* = सह-दफन, पद 4; कुलुस्सियों 2:12; पद 8 पर ध्यान दें
2. *sun* + *stauroo* = सह-रोपण, पद 5
3. *sun* + *azo* = सह-अस्तित्व, पद 8; 2 तीमुथियुस 2:11 (उसकी सह-मृत्यु हुई और उसने सह-राज्य किया)

▣ **"वैसे हम भी जीवन की नई चाल चलें"** यह एक अनिर्दिष्टकाल कर्तृवाचक संशयार्थ-सूचक है। उद्धार का प्रत्याशित परिणाम पवित्रीकरण है। क्योंकि विश्वासी मसीह के द्वारा परमेश्वर के अनुग्रह को जान पाते हैं, उनके जीवन अलग होने चाहिए। हमारा नया जीवन हमें उद्धार नहीं देता है, लेकिन वह उद्धार का परिणाम है (तुलना पद 16, 19, और इफिसियों 2:8-9,10; याकूब 2:14-26)। यह या तो/या प्रश्न, विश्वास या कार्य नहीं है, लेकिन यहाँ एक अनुक्रम है।

विशेष विषय: पवित्रीकरण

नया नियम यह दावा करता है कि जब पापी पश्चाताप और विश्वास के साथ यीशु की ओर मुड़ते हैं (तुलना मरकुस 1:15; प्रेरितों के काम 3:16,19; 20:21), वे तुरंत धर्मी ठहराए और पवित्र किये जाते हैं। यह मसीह में उनका नया स्थान है। उनकी धार्मिकता उन पर लाद दी गई है (तुलना उत्पत्ति 15:6; रोमियों 4)। उन्हें सही और पवित्र (परमेश्वर का एक न्यायिक कार्य) घोषित किया गया है।

लेकिन नया नियम भी पवित्रता या पवित्रीकरण पर विश्वासियों को आग्रह करता है। यह यीशु मसीह के समाप्त कार्य में एक धर्मशास्त्रीय स्थिति और दैनिक जीवन में दृष्टिकोण और कार्यों में मसीह के समान होने का आह्वान है। जैसा कि उद्धार एक मुफ्त दान है और एक हर कीमत चुकानेवाली जीवन शैली है, वैसे ही, पवित्रीकरण भी है

प्रारंभिक प्रतिक्रिया	उत्तरोत्तर मसीह के समान होना
प्रेरितों के काम 26:18	रोमियों 6:19
रोमियों 15:16	2 कुरिन्थियों 7:1
1 कुरिन्थियों 1:2-3; 6:11	इफिसियों 1:4; 2:10
2 थिस्सलुनीकियों 2:13	1 थिस्सलुनीकियों 3:13, 4:3-4,7; 5:2
इब्रानियों 2:11; 10:10,14; 13:12	1 तीमुथियुस 2:15
2 पतरस 1:2	2 तीमुथियुस 2:21
	1 पतरस 1:15-16
	इब्रानियों 12:14

▣ **"मसीह जिलाया गया"** इस संदर्भ में पिता की पुत्र के शब्दों और कार्यों की स्वीकृति और अनुमोदन दो महान घटनाओं में व्यक्त किया गया है।

1. यीशु का मृतकों में से जी उठना
2. यीशु का स्वर्गारोहण करके पिता के दाहिनी ओर बैठना

▣ **"पिता की महिमा"** "महिमा" के लिए 3:23 पर विशेष विषय देखें। "पिता" के लिए 1:7 पर विशेष विषय देखें।

6:5 "यदि" यह एक प्रथम श्रेणी प्रतिबंधात्मक वाक्य है, जो लेखक के दृष्टिकोण से या उसके साहित्यिक उद्देश्यों के लिए सही माना जाता है। पौलुस ने माना कि उसके पाठक विश्वासी थे।

▣ **"हम उसके साथ एक हो गए हैं"** यह एक पूर्ण कर्तृवाचक निर्देशात्मक है, जिसका अनुवाद किया जा सकता है " एक हो गए हैं और एक हुए रहना जारी है" या "के साथ एक हो गए हैं और एक बने रहना जारी है।" यह सच्चाई यूहन्ना 15 के "बने रहने" का धर्मशास्त्रीय समरूप है। यदि विश्वासियों को यीशु की मृत्यु (तुलना गलातियों 2:19-20; कुलुस्सियों 2:20; 3:3-5) के द्वारा पहचाना गया है, तो धर्मशास्त्रीय रूप से उन्हें उनके पुनरुत्थान जीवन (तुलना पद 10) के द्वारा भी पहचाना जाना चाहिए।

मृत्यु के रूप में बपतिस्मा का यह रूपात्मक पहलू (1) हम पुराने जीवन, पुरानी वाचा के लिए मर गए हैं, (2) हम आत्मा, नई वाचा के लिए जीवित हैं, को दिखाने के लिए था। इसलिए, मसीही बपतिस्मा, यूहन्ना बपतिस्मा देनेवाले, जो पुराने नियम का अंतिम भविष्यद्वक्ता था, के बपतिस्मे के समान नहीं है। बपतिस्मा आरम्भिक कलीसिया का नये विश्वासियों के विश्वास की सार्वजनिक घोषणा का अवसर था। उम्मीदवार द्वारा दोहराया जाने वाला सबसे पहला बपतिस्मा सूत्र था, "मैं विश्वास करता हूँ यीशु प्रभु है" (तुलना रोमियों 10:9-13)। यह सार्वजनिक घोषणा उस बात का एक औपचारिक, अनुष्ठान कार्य था जिसका अनुभव पहले हुआ था। बपतिस्मा क्षमा, उद्धार, या आत्मा के आने की युक्ति नहीं था, बल्कि उनकी सार्वजनिक घोषणा और स्वीकारोक्ति का अवसर था (तुलना प्रेरितों के काम 2:38)। हालाँकि, यह वैकल्पिक भी नहीं था। यीशु ने इसकी आज्ञा दी (तुलना मत्ती 28:19-20) और इसका उदाहरण दिया (तुलना मत्ती 3; मरकुस 1; लूका 3) और यह प्रेरितों के उपदेश और प्रेरितों के काम की प्रक्रियाओं का हिस्सा बन गया।

6:6

NASB **"यह जानते हुए कि हमारा पुराना अहम उसके साथ क्रूस पर चढ़ाया गया"**
NKJV **"यह जानते हुए कि हमारा पुराना मनुष्यत्व उसके साथ क्रूस पर चढ़ाया गया"**
NRSV **"हम जानते हैं कि हमारा पुराना अहम उसके साथ क्रूस पर चढ़ाया गया"**
TEV **"और हम यह जानते हैं: हमारा पुराना अस्तित्व मसीह के साथ उसके क्रूस पर मार दिया गया"**
JB **"हमें यह समझना चाहिए कि हमारे पिछले स्वयं को उसके साथ क्रूस पर चढ़ाया गया है"**

यह एक अनिर्दिष्टकाल कर्मवाचक निर्देशात्मक है जिसका अर्थ है "हमारा पुराना अहम हमेशा के लिए आत्मा द्वारा क्रूस पर चढ़ाया गया है।" यह सच्चाई विजयी मसीही जीवन के लिए महत्त्वपूर्ण है। विश्वासियों को पाप के साथ अपने नए संबंध का एहसास होना चाहिए (तुलना गलातियों 2:20; 6:14)। मानवजाति का पुराना पतित अहम (आदम की प्रकृति) मसीह के साथ मर गया है (तुलना पद 7; इफिसियों 4:22 और कुलुस्सियों 3:9)। विश्वासियों के रूप में अब हमारे पास पाप के बारे में एक विकल्प है जैसा कि आदम के पास था।

▣

NASB, NKJV **"कि हमारा पाप का शरीर द्वर किया जा सके"**
NRSV **"ताकि पाप का शरीर निष्क्रिय हो जाए"**
TEV **"जिससे पापी अहम की सामर्थ्य नष्ट हो जाए"**
JB **"पापी शरीर को नष्ट करने के लिए"**

पौलुस शब्द "शरीर"(*soma*) का प्रयोग कई संबंधकारक वाक्यांशों के साथ करता है।

1. पाप का शरीर, रोमियों 6:6
2. इस मृत्यु का शरीर,रोमियों 7:24
3. शारीरिक देह, कुलुस्सियों 2:11

पौलुस पाप और विद्रोह के इस युग के भौतिक जीवन की बात कर रहा है। यीशु का नया पुनरुत्थान शरीर नए युग की धार्मिकता का शरीर है (तुलना 2 कुरिन्थियों 5:17)। भौतिकता समस्या नहीं है (यूनानी दर्शन), बल्कि पाप और विद्रोह है। शरीर दुष्ट नहीं है। मसीहत अनंत काल में एक भौतिक शरीर में विश्वास की पुष्टि करता है (तुलना 1 कुरिन्थियों 15)। हालाँकि, भौतिक शरीर प्रलोभन, पाप, और अहम का युद्धक्षेत्र है।

यह एक अनिर्दिष्टकाल कर्मवाचक संशयार्थ-सूचक है। वाक्यांश "दूर किया गया" का अर्थ है "निष्क्रिय बनाया गया," "शक्तिहीन बनाया गया," या "अनुत्पादक बनाया गया," न कि "नष्ट किया गया।" यह पौलुस का एक पसंदीदा शब्द था, जिसे पच्चीस से अधिक बार प्रयोग किया गया। 3:3 पर विशेष विषय देखें। हमारा भौतिक शरीर नैतिक रूप से तटस्थ है, लेकिन यह निरंतर आत्मिक संघर्ष के लिए युद्ध का मैदान भी है (तुलना पद 12-13; 5:12-21; 12:1-2)।

6:7 "जो मर गया, वह पाप से निर्दोष ठहरा" यह एक अनिर्दिष्टकाल कर्तृवाचक कृदंत है और एक पूर्ण कर्मवाचक निर्देशात्मक है, जिसका अर्थ है "वह जो मर गया पाप से निर्दोष ठहरा है और पाप से निर्दोष ठहरा रहेगा।" क्योंकि विश्वासी मसीह में नयी सृष्टि हैं और वे आदम के पतन से विरासत में प्राप्त पाप और अहम के दासत्व से निर्दोष ठहरे हैं और निर्दोष ठहरे रहना जारी रहेगा (तुलना 7:1-6)।

जिस यूनानी शब्द का अनुवाद यहाँ "निर्दोष" के रूप में किया गया है, वह शब्द आरम्भिक अध्यायों में "धर्मी" (ASV) के रूप में कहीं और अनुवादित किया गया शब्द है। इस संदर्भ में "निर्दोष" अधिक उचित लगता है (प्रेरितों के काम 13:39 में इसके प्रयोग के समान)। याद रखें, संदर्भ शब्द का अर्थ निर्धारित करता है, शब्दकोश या पूर्व निर्धारित तकनीकी परिभाषा नहीं। शब्दों का केवल वाक्यों में अर्थ होता है और वाक्यों का केवल अनुच्छेदों में अर्थ होता है।

NASB (अद्यतन) पाठ: 6:8-11
[8]अब यदि हम मसीह के साथ मर गए, तो हम विश्वास करते हैं कि उसके साथ जीवित भी रहेंगे, [9]यह जानते हुए कि मसीह मृतकों में से जिलाया जाकर फिर कभी मरने का नहीं, न अब उस पर मृत्यु की प्रभुता है। [10]क्योंकि जब वह मरा, तो पाप के प्रति सदा के लिए मर गया, परन्तु अब जो जीवित है, वह परमेश्वर के लिए जीवित है। [11]इस प्रकार तुम भी अपने आप को पाप के लिए मृतक परन्तु मसीह यीशु में परमेश्वर के लिए जीवित समझो।

6:8 "यदि" यह एक प्रथम श्रेणी प्रतिबंधात्मक वाक्य है, जिसे लेखक के दृष्टिकोण से या उसके साहित्यिक उद्देश्यों के लिए सही माना जाता है। विश्वासियों का बपतिस्मा प्रत्यक्ष रूप से मसीह के साथ किसी की मृत्यु का उदाहरण देता है।

▣ **"हम उसके साथ जीवित भी रहेंगे"** यह संदर्भ "यहाँ और अभी" अभिविन्यास की माँग करता है (तुलना 1 यूहन्ना 1:7), न कि केवल विशेष रूप से एक भविष्य का विन्यास। पद 5 हमारे मसीह की मृत्यु में भागीदार होने की बात करता है, जबकि पद 8 उसके जीवन में हमारे भागीदार होने की बात करता है। यह वही तनाव है जो परमेश्वर के राज्य की बाइबल की अवधारणा में निहित है। यह यहाँ और अभी दोनों है, फिर भी भविष्य है। मुफ़्त अनुग्रह से आत्म-नियंत्रण उत्पन्न होना चाहिए, लाइसेंस नहीं।

6:9 "मृतकों में से जिलाया जाकर" यह एक अनिर्दिष्टकाल कर्मवाचक कृदंत है (देखें 6:4, अनिर्दिष्टकाल कर्मवाचकनिर्देशात्मक)।

नया नियम पुष्टि करता है कि त्रिएकत्व के सभी तीन व्यक्ति यीशु के पुनरुत्थान में सक्रिय थे: (1) आत्मा (तुलना रोमियों 8:11); (2) पुत्र (तुलना यूहन्ना 2:19-22; 10:17-18); और सबसे अधिक (3) पिता (तुलना प्रेरितों 2:24,32; 3:15,26; 4:10; 5:30; 10:40; 13:30,33,34,37; 17:31; रोमियों 6:4,9)। पिता के कार्य यीशु के जीवन, मृत्यु और शिक्षाओं की उसकी स्वीकृति की पुष्टि करते थे। यह प्रेरितों के आरम्भिक प्रचार का एक प्रमुख पहलू था।

▣

NASB	**"मृत्यु अब उस पर मालिक नहीं है"**
NKJV, NRSV	**"अब उस पर मृत्यु की प्रभुता नहीं है"**
TEV	**"मृत्यु अब उस पर राज नहीं करेगी"**
NJB	**"मृत्यु की अब उस पर कोई सामर्थ्य न रही"**

क्रिया *kurieuo, kurios* शब्द से है, जिसका अर्थ है "स्वामी," "मालिक," "पति," या "प्रभु," यीशु अब मृत्यु पर प्रभु है (तुलना प्रकाशितवाक्य 1:18)। यीशु मृत्यु की सामर्थ्य को तोड़ने वाला पहला है (तुलना 1 कुरिन्थियों 15)!

6:10 "क्योंकि जब वह मरा, तो पाप के प्रति मर गया" यीशु एक पापी दुनिया में रहता था और यद्यपि उसने कभी पाप नहीं किया, पापी दुनिया ने उसे क्रूस पर चढ़ाया (तुलना इब्रानियों 10:10)। मानवजाति की ओर से यीशु की स्थानापन्न मृत्यु ने व्यवस्था की आवश्यकताओं और परिणामों को उन पर से रद्द कर दिया (तुलना गलातियों 3:13; कुलुस्सियों 2:13-14)।

▣ **"सदा के लिए"** इस संदर्भ में पौलुस यीशु के क्रूसित किए जाने पर जोर दे रहा है। पाप के लिए उसकी एक बार की मृत्यु ने उसके अनुयायियों की पाप के प्रति मृत्यु को प्रभावित किया है।

इब्रानियों की पुस्तक यीशु की एक बार दी गई बलिदान मृत्यु की सर्वोच्चता पर भी जोर देती है। यह एक बार किया गया उद्धार और क्षमा हमेशा के लिए पूरे हो गए हैं (तुलना "एक बार" [*ephapax*], 7:27; 9:12; 10:10 और "सदा के लिए" [*hapax*], 6:4; 9:7,26,27,28; 10:2; 12:26,27)। यह आवर्तक सम्पन्न बलिदान की पुष्टि है।

▣ **"परन्तु अब जो जीवित है, वह परमेश्वर के लिए जीवित है"** पद10a के दो अनिर्दिष्टकाल पद 10b के दो वर्तमान कर्तृवाचक निर्देशात्मक के विपरीत हैं। विश्वासी मसीह के साथ मरे; विश्वासी मसीह के द्वारा परमेश्वर के लिए जीवित हैं। सुसमाचार का लक्ष्य केवल क्षमा (धर्मी ठहराया जाना) ही नहीं है, बल्कि परमेश्वर की सेवा (पवित्रीकरण) है। विश्वासियों को सेवा करने के लिए बचाया गया है।

6:11 "इसी प्रकार तुम भी अपने आप को पाप के लिए मृतक समझो," यह एक वर्तमान मध्यम (प्रतिपादक) आज्ञार्थक है। यह विश्वासियों के लिए एक निरंतर, नित्य की आज्ञा है। मसीहियों को उनकी ओर से किए गए मसीह के कार्य का ज्ञान दैनिक जीवन के लिए महत्त्वपूर्ण है। शब्द "समझो" (तुलना 4:4,9) एक लेखा लेनेवाला शब्द था जिसका अर्थ था "ध्यान से समझ लो" और फिर उस ज्ञान पर कार्य करो। पद 1-11 मसीह में किसी की स्थिति (स्थितिगत पवित्रीकरण) को स्वीकार करते हैं, जबकि 12-13 उसमें चलने (प्रगतिशील पवित्रीकरण) पर जोर देते हैं। पद 4 पर विशेष विषय देखें।

NASB (अद्यतन) पाठ: 6:12-14

[12]इसलिए पाप को अपने मरणहार शरीर में प्रभुता न करने दो, कि तुम उसकी लालसाओं को पूरा करो,

[13]और न अपने शरीर के अंगों को अधर्म के हथियार बनाकर पाप को सौंपो, परन्तु अपने आप को मृतकों में से जीवित जानकर अपने अंगों को धार्मिकता के हथियार होने के लिए परमेश्वर को सौंप दो। [14]तब पाप तुम पर प्रभुता करने नहीं पाएगा, क्योंकि तुम व्यवस्था के अधीन नहीं, परन्तु अनुग्रह के अधीन हो।

6:12 "इसलिए पाप को अपने मरणहार शरीर में प्रभुता न करने दो" यह नकारात्मक सामान्य प्रत्यय के साथ एक वर्तमान कर्तृवाचक आज्ञार्थक है, जिसका सामान्यतः अर्थ होता है पहले से ही प्रक्रिया में एक कार्य को रोकना। "प्रभुता" शब्द 5:17-21 और 6:23 से संबंधित है। पौलुस कई धर्मशास्त्रीय अवधारणाओं का मानवीकरण करता है: (1) राजा के रूप में मृत्यु ने शासन किया (तुलना 5:14,17; 6:23); (2) अनुग्रह ने राजा के रूप में शासन किया (तुलना 5:21); और (3) पाप ने राजा के रूप में शासन किया (तुलना 6:12,14)। असली सवाल यह है कि आपके जीवन में कौन शासन कर रहा है? विश्वासी को मसीह में चुनने की शक्ति है! व्यक्ति, स्थानीय कलीसिया और परमेश्वर के राज्य के लिए त्रासदी तब होती है जब विश्वासी अहम और पाप का चयन करते हैं, अनुग्रह का दावा करने के बावजूद भी!

6:13 "और न अपने शरीर के अंगों को अधर्म के हथियार बनाकर पाप को सौंपो" यह एक नकारात्मक सामान्य प्रत्यय के साथ एक वर्तमान कर्तृवाचक आज्ञार्थक है जिसका सामान्यतः अर्थ होता है पहले से ही प्रक्रिया में एक कार्य को रोकना। यह विश्वासियों के जीवन में पाप की क्षमता को दर्शाता है (तुलना 7:1ff; 1 यूहन्ना 1:8-2:1)। लेकिन मसीह के साथ विश्वासी के संबंधों में पाप की आवश्यकता को समाप्त कर दिया गया है,पद 1-11

▣ **"हथियार बनाकर"** यह शब्द "एक सैनिक के हथियारों" को संदर्भित करता है। हमारा भौतिक शरीर प्रलोभन के लिए युद्ध का मैदान है (तुलना पद 12-13; 12:1-2; 1 कुरिन्थियों 6:20; फिलिप्पियों 1:20)। हमारा जीवन सार्वजनिक रूप से सुसमाचार को प्रदर्शित करता है।

▣ **"परन्तु अपने आप को परमेश्वर को सौंप दो"** यह एक अनिर्दिष्टकाल कर्तृवाचक आज्ञार्थक है जो एक निर्णायक कार्य के लिए एक बुलाहट थी (तुलना 12:1)। विश्वासी उद्धार के समय इसे विश्वास से करते हैं, लेकिन उन्हें अपने जीवन भर ऐसा करते रहना चाहिए।

इस कविता की समानान्तरता पर ध्यान दें।

1. समान क्रिया और दोनों आज्ञार्थक
2. युद्ध के रूपक
   a. अधर्म के हथियार
   b. धार्मिकता के हथियार
3. विश्वासी अपने शरीर को पाप को सौंप सकते हैं या स्वयं को परमेश्वर को सौंप सकते हैं

याद रखें, यह वचन विश्वासियों का उल्लेख कर रहा है - चुनाव जारी है; युद्ध जारी है!

6:14 "तब पाप तुम पर प्रभुता करने नहीं पाएगा" यह एक आज्ञार्थक "पाप तुम पर प्रभुता करने नहीं करना चाहिए!" के रूप में काम करते हुए एक भविष्यकाल कर्तृवाचक निर्देशात्मक है (तुलना भजनसंहिता 19:13)। विश्वासियों पर पाप की प्रभुता नहीं है क्योंकि मसीह के ऊपर उसकी प्रभुता नहीं है, (तुलना पद 9; यूहन्ना 16:33)।

NASB (अद्यतन) पाठ: 6:15-19

[15]तो क्या हुआ? क्या हम इस कारण पाप करें कि हम व्यवस्था के अधीन नहीं परन्तु अनुग्रह के अधीन हैं? कदापि नहीं! [16]क्या तुम नहीं जानते कि किसी की आज्ञा मानने के लिए तुम अपने आप को दासों के समान सौंप देते हो, तो जिसकी आज्ञा मानते हो उसी के दास बन जाते हो--चाहे पाप के जिसका परिणाम मृत्यु है, चाहे आज्ञाकारिता के जिसका परिणाम धार्मिकता है? [17]परन्तु परमेश्वर का धन्यवाद हो कि तुम जो पाप के दास थे, अब हृदय से उस प्रकार की शिक्षा के आज्ञाकारी हो गए जिसके लिए तुम समर्पित हुए थे, [18]और तुम पाप से छुड़ाए जाकर धार्मिकता के दास हो गए हो। [19]मैं तुम्हारी शारीरिक दुर्बलता के कारण मनुष्य की रीति पर बोल रहा हूँ। जिस प्रकार तुमने अपने अंगों को अशुद्धता और व्यवस्था-उल्लंघन के दास होने के लिए सौंप दिया था परिणामस्वरूप व्यवस्था-उल्लंघन और अधिक बढ़ गया, उसी प्रकार अब अपने अंगों को धार्मिकता के दास होने के लिए समर्पित कर दो कि जिसका परिणाम पवित्रता हो।

6:15 यह दूसरा कल्पित प्रश्न (आक्षेप) बहुत कुछ 6:1 जैसा है। दोनों मसीही के पाप से संबंध के बारे में अलग-अलग सवालों के जवाब देते हैं। पद 1 अनुग्रह के साथ संबंधित है, जिसे पाप के लिए लाइसेंस के रूप में प्रयोग नहीं किया जा रहा है। जबकि पद 15 मसीही के पाप के व्यक्तिगत कृत्यों से लड़ने, या विरोध करने, की आवश्यकता से संबंधित है। इसके अलावा, साथ ही साथ विश्वासी को परमेश्वर की सेवा उसी उत्साह के साथ करनी चाहिए जिसके साथ उसने पहले पाप की सेवा की थी (तुलना 6:14)।

▣

NASB, NKJV,
TEV **"क्या हम पाप करें"**
NRSV **"क्या हम पाप करें"**
JB **"कि हम पाप करने के लिए स्वतंत्र हैं"**

विलियम्स और फिलिप्स दोनों पद 1 के समान इस अनिर्दिष्टकाल कर्तृवाचक संशयार्थ-सूचक का वर्तमान कर्तृवाचक संशयार्थ-सूचक के रूप में अनुवाद करते हैं। यह उचित केन्द्रबिन्दु नहीं। वैकल्पिक अनुवादों पर ध्यान दें (1) KJV, ASV, NIV- "क्या हम पाप करें?" (2) The Centenary Translation- "क्या हम पाप का कार्य करें?" (3) RSV- "क्या हमें पाप करना चाहिए?" यह प्रश्न यूनानी में सुस्पष्ट है और "हाँ" उत्तर की अपेक्षा करता है। यह सत्य को प्रकट करने की पौलुस की कठोर समालोचनात्मक विधि थी। यह पद झूठे धर्मशास्त्र को व्यक्त करता है! पौलुस ने अपनी विशिष्ट तरीके से इसका उत्तर दिया "कदापि नहीं।" परमेश्वर के मूल मुफ़्त अनुग्रह के पौलुस के सुसमाचार को कई झूठे शिक्षकों द्वारा गलत समझा गया और दुरुपयोग किया गया।

6:16 प्रश्न "हाँ" प्रत्युतर की अपेक्षा करता है। मनुष्य किसी वस्तु या व्यक्ति की सेवा करते हैं। आपके जीवन में कौन शासन करता है, पाप या परमेश्वर? मनुष्य जिसकी आज्ञा मानते हैं वह दिखाता है कि वे किसकी सेवा करते हैं (तुलना गलातियों 6:7-8)।

6:17 "परन्तु परमेश्वर का धन्यवाद हो" पौलुस अक्सर परमेश्वर की स्तुति करने लगता है। उसके लेखन उसकी प्रार्थनाओं से और उसकी प्रार्थनाएँ उनके सुसमाचार के ज्ञान से निकलती हैं। विशेष विषय: पौलुस की परमेश्वर को प्रार्थना, स्तुति और धन्यवाद 7:25 पर देखें।

▣ **"तुम थे. . .हो गए हो"** यह क्रिया "होना" का अपूर्ण काल है, जो भूतकाल में उनकी होने की स्थिति (पाप के दास) का वर्णन करता है, उसके बाद अनिर्दिष्टकाल, जो दावा करता है कि उनकी विद्रोह की स्थिति समाप्त हो गई है।

▣ **"अब हृदय से उस प्रकार की शिक्षा के आज्ञाकारी हो गए"** संदर्भ में, यह विश्वास द्वारा उनके धर्मी ठहराए जाने को संदर्भित करता है, जो प्रतिदिन मसीह समान होने की ओर ले जाता है। शब्द "शिक्षा" प्रेरितों के शिक्षण या सुसमाचार को संदर्भित करता है।

▣ **"हृदय"** विशेष विषय: हृदय 1:24 पर देखें ।

▣

NASB **"उस प्रकार की शिक्षा जिसके लिए तुम समर्पित हुए थे"**
NKJV **"उस प्रकार का सिद्धांत जो तुम तक पहुँचाया गया था"**
NRSV, NIV **"उस प्रकार की शिक्षा को जो तुम्हें सौंपी गई थी"**
TEV **"उस शिक्षा में पाया गया सत्य जो तुमने प्राप्त की"**
NJB **"उस शिक्षा के नमूने को जो तुम्हें पेश किया गया था"**

विशेष विषय: रूप (*tupos*)

tupos शब्द का एक विस्तृत शब्दार्थ क्षेत्र है।
1. Moulton and Milligan, *The Vocabulary of the Greek New Testament*, p. 645

a. नमूना
b. योजना
c. लिखने का प्रकार या ढंग
d. विधान या पुनर्लेखन
e. वाक्य या निर्णय
f. मानव शरीर के प्रतिरूपों का चंगाई देनेवाले परमेश्वर को मन्नत के रूप में अर्पण
g. व्यवस्था के उपदेशों को लागू करने के अर्थ में क्रिया का प्रयोग

2. Louw and Nida, *Greek-English Lexicon*, vol. 2, p.249
   a. निशान (तुलना यूहन्ना 20:25)
   b. मूर्तियाँ (तुलना प्रेरितों के काम 7:43)
   c. प्रतिरूप (तुलना इब्रानियों 8: 5)
   d. उदाहरण (तुलना 1 कुरिन्थियों 10: 6; फिलिप्पियों 3:17)
   e. आदिरूप (तुलना रोमियों 5:14)
   f. प्रकार (तुलना प्रेरितों के काम 23:25)
   g. विषय वस्तु (तुलना प्रेरितों के काम 23:25)
3. Harold K. Moulton, *The Analytical Greek Lexicon Revised* p. 411
   a. एक आघात, एक छाप, एक निशान (तुलना यूहन्ना 20:25)
   b. एक रूपरेखा
   c. एक मूर्ति (तुलना प्रेरितों के काम 7:43)
   d. एक सूत्र, योजना (तुलना रोमियों 6:17)
   e. प्रकार, आशय (तुलना प्रेरितों के काम 23:25)
   f. एक नमूना, प्रतिरूप (तुलना 1 कुरिन्थियों 10:6)
   g. एक पूर्वकल्पित रूप, प्रकार (तुलना रोमियों 5:14; 1 कुरिन्थियों 10:11)
   h. एक आदर्श प्रतिरूप (तुलना प्रेरितों के काम 7:44; इब्रानियों 8: 5)
   i. एक नैतिक नमूना (तुलना फिलिप्पियों 3:17; 1 थिस्सलुनीकियों 1:7; 2 थिस्सलुनीकियों 3:1; 1 तीमुथियुस 4:12; 1 पतरस 5:3।

याद रखें, शब्दकोश अर्थ निर्धारित नहीं करते हैं; केवल वाक्यों/अनुच्छेदों में शब्दों के प्रयोग से अर्थ (अर्थात, संदर्भ) निर्धारित होता है। एक शब्द के लिए एक निर्धारित परिभाषा निर्दिष्ट करने और प्रत्येक स्थान पर, जहाँ बाइबल में यह शब्द आता है, इसका प्रयोग करने में सावधान रहें। संदर्भ, संदर्भ, संदर्भ अर्थ निर्धारित करता है!

6:18 "तुम पाप से छुड़ाए जाकर" यह एक अनिर्दिष्टकाल कर्मवाचक कृदंत है। सुसमाचार ने आत्मा के माध्यम से मसीह के कार्य के द्वारा विश्वासियों को मुक्त किया है। विश्वासियों को इन दोनों से मुक्त किया गया है, पाप के दंड (धर्मी ठहराया जाना) और पाप के अत्याचार (पवित्रीकरण, तुलना पद 7 और 22)।

▣ **"धार्मिकता के दास हो गए हो"** यह एक अनिर्दिष्टकाल कर्मवाचक निर्देशात्मक है, "तुम धार्मिकता के दास बन गए" 1:17 पर विशेष विषय देखें। विश्वासियों को परमेश्वर की सेवा करने के लिए पाप से मुक्त किया गया है (तुलना पद 14,19,22; 7:4; 8:2)! मुफ़्त अनुग्रह का उद्देश्य एक ईश्वरीय जीवन है। धर्मी ठहराया जाना निजी धार्मिकता के लिए एक कानूनी घोषणा और एक प्रोत्साहन दोनों है। परमेश्वर हमें बचाना और हमें बदलना चाहते हैं ताकि दूसरों तक पहुँच सकें! अनुग्रह हमारे साथ रुक नहीं जाता है!

6:19 "मैं तुम्हारी शारीरिक दुर्बलता के कारण मनुष्य की रीति पर बोल रहा हूँ" पौलुस रोम के विश्वासियों को संबोधित कर रहा है। क्या वह एक स्थानीय समस्या को संबोधित कर रहा है जिसके बारे में उसने सुना था (यहूदी विश्वासियों और अन्यजाति विश्वासियों के बीच ईर्ष्या) या वह सभी विश्वासियों के बारे में एक सच्चाई बता रहा है? पौलुस ने पहले इस वाक्यांश का प्रयोग रोमियों 3:5 में किया था, जैसा कि वह गलातियों 3:15 में करता है।

पद 19, पद 16 के समानांतर है। पौलुस जोर देने के लिए अपने धर्मशास्त्रीय बिंदुओं को दोहराता है।

कुछ लोग इस वाक्यांश का यह अर्थ करेंगे कि पौलुस एक दास के रूपक का प्रयोग करने के लिए क्षमा माँग रहा था।

हालाँकि, "तुम्हारी शारीरिक दुर्बलता के कारण" इस व्याख्या में उचित नहीं बैठता है। दासत्व को पहली सदी के समाज में एक बुराई के रूप में नहीं देखा जाता था, विशेष रूप से रोम में। यह बस अपने दिन की संस्कृति थी।

▣ **"शरीर"** 1:3 पर विशेष विषय देखें।

▣ **"जिसका परिणाम पवित्रता हो"** यह धर्मी ठहराए जाने का लक्ष्य है (तुलना पद 22)। नये नियम ने इस शब्द का प्रयोग उद्धार से संबंधित दो धर्मशास्त्रीय अर्थों में किया है (1) स्थितिगत पवित्रीकरण, परमेश्वर का वरदान है (वस्तुनिष्ठ पहलू) जो कि उद्धार के समय मसीह में विश्वास के द्वारा धर्मी ठहराए जाने के साथ दिया जाता है (तुलना प्रेरितों के काम 26:18; 1 कुरिन्थियों 1:2; 6:11; इफिसियों 5:26-27; 1 थिस्सलुनीकियों 5:23; 2 थिस्सलुनीकियों 2:13; इब्रानियों 10:10; 13:12; 1 पतरस 1:2) और (2) प्रगतिशील पवित्रीकरण जो पवित्र आत्मा के माध्यम से परमेश्वर का कार्य भी है जिससे विश्वासी का जीवन मसीह की स्वरूप और परिपक्वता में बदल जाता है (व्यक्तिनिष्ठ पहलू, तुलना 2 कुरिन्थियों 7:1; 1 थिस्सलुनीकियों 4:3,7; 1 तीमुथियुस 2:15; 2 तीमुथियुस 2:21; इब्रानियों 12:10,14)। विशेष विषय: पवित्रीकरण 6:4 पर देखें ।

यह एक वरदान और एक आज्ञा दोनों है! यह एक स्थिति (वस्तुनिष्ठ) और एक गतिविधि (व्यक्तिनिष्ठ) है! यह एक निर्देशात्मक (एक कथन) और एक आज्ञार्थक (एक आज्ञा) है! यह आरम्भ में आता है, लेकिन अंत तक परिपक्व नहीं होता है (तुलना फिलिप्पियों 1:6; 2:12-13)।

NASB (अद्यतन) पाठ: 6:20-23
[20]क्योंकि जब तुम पाप के दास थे, तो धार्मिकता की ओर से स्वतंत्र थे। [21]जिन बातों से अब तुम लज्जित होते हो उनसे उस समय पर क्या लाभ प्राप्त करते थे? क्योंकि उनका परिणाम तो मृत्यु है। [22]परन्तु अब पाप से स्वतंत्र होकर और परमेश्वर के दास बनकर तुम्हें यह फल मिला जिसका परिणाम पवित्रता और जिसका अंत अनन्त जीवन है। [23]क्योंकि पाप की मजदूरी तो मृत्यु है, लेकिन परमेश्वर का वरदान हमारे प्रभु मसीह यीशु में अनन्त जीवन है।

6:20-21 यह केवल पद 18 और 19 के विपरीत बात करता है। विश्वासी केवल एक ही स्वामी की सेवा कर सकते हैं (तुलना लूका 16:13)।

6:22-23 ये पद उस मजदूरी की एक तर्क-संगत प्रगति का रूप देते हैं, जो उसके द्वारा दी जाती है जिसकी कोई व्यक्ति सेवा करता है। परमेश्वर का धन्यवाद हो कि पाप और विश्वासी की यह चर्चा अनुग्रह के केंद्रबिंदु पर समाप्त होती है! पहले हमारे सहयोग के द्वारा उद्धार का वरदान है, और फिर मसीही जीवन का वरदान भी, हमारे सहयोग के द्वारा है। दोनों विश्वास और पश्चाताप के द्वारा प्राप्त वरदान हैं।

6:22 "तुम्हें यह फल मिला जिसका परिणाम पवित्रता और जिसका अंत अनन्त जीवन है" शब्द "फल" शाब्दिक अर्थ "फल" का प्रयोग पाप के परिणामों की बात करने के लिए पद 21 में किया गया है, लेकिन पद 22 में यह परमेश्वर की सेवा के परिणामों की बात करता है। तात्कालिक लाभ विश्वासी का मसीह समान होना है। सर्वोत्तम लाभ अनन्त काल के लिए उस के साथ बने रहना और उसके समान होना है (तुलना यूहन्ना 3:2)। यदि कोई तात्कालिक परिणाम नहीं है (परिवर्तित जीवन, तुलना याकूब 2) सर्वोत्तम परिणाम की वैध रूप से पूछताछ की जा सकती है (अनन्त जीवन, तुलना मत्ती 7)। "कोई फल नहीं, कोई जड़ नहीं!"

6:23 यह पूरे अध्याय का सारांश है। पौलुस ने चुनाव को काले और सफेद में चित्रित किया है। चुनाव हमारा है - पाप और मृत्यु या मसीह के द्वारा मुफ़्त अनुग्रह और अनन्त जीवन। यह पुराने नियम के ज्ञान साहित्य के "दो मार्गों" के समान है (भजनसंहिता 1; नीतिवचन 4:10-19; मत्ती 7:13-14)।

▣ **"पाप की मजदूरी"** पाप का मानवीकरण (1) एक दास का मालिक, (2) एक सेना प्रमुख, या (3) एक राजा जो मजदूरी का भुगतान करता है (तुलना 3:9; 5:21; 6:9,14,17) के रूप में किया गया है।

▣ **"परमेश्वर का वरदान अनन्त जीवन है"** यह शब्द, जिसका अनुवाद "वरदान" (*charisma*) है अनुग्रह के लिए मूल से था (*charis*, तुलना 3:24; 5:15,16,17; इफिसियों 2:8-9)। 3:24 पर टिप्पणी देखें।

चर्चागत प्रश्न

यह एक अध्ययन मार्गदर्शक टिप्पणी है, जिसका अर्थ है कि आप बाइबल की अपनी स्वयं की व्याख्या के लिए जिम्मेदार हैं। हम में से प्रत्येक को उस प्रकाश में चलना चाहिए जो हमारे पास है। व्याख्या में आप, बाइबल और पवित्र आत्मा प्राथमिकता में हैं। आपको एक टीकाकार पर इसे नहीं छोड़ना चाहिए।

ये चर्चागत प्रश्न आपको पुस्तक के इस खंड के प्रमुख मुद्दों के माध्यम से सोचने में मदद करने के लिए प्रदान किए जाते हैं। वे विचारोत्तेजक होने चाहिए, निर्णायक नहीं।

1. अच्छे काम उद्धार से कैसे संबंधित हैं (तुलना इफिसियों 2:8-9,10)?
2. विश्वासी के जीवन में निरंतर पाप उद्धार से कैसे संबंधित है (तुलना 1 यूहन्ना 3:6,9)?
3. क्या अध्याय "पाप रहित पूर्णता" सिखाता है?
4. अध्याय 6 अध्याय 5 और 7 से कैसे संबंधित है?
5. बपतिस्मा की चर्चा यहाँ क्यों की गई है?
6. क्या मसीही अपने पुराने स्वभाव को बनाए रखते हैं? क्यों?
7. 1-14 पदों में वर्तमान काल क्रियाओं के हावी होने का और 15-23 में अनिर्दिष्टकाल क्रियाओं का क्या निहितार्थ है?

परिशिष्ट एक
इतिहास के रूप में पुराना नियम

I. मसीहत और यहूदी धर्म ऐतिहासिक विश्वास हैं। वे ऐतिहासिक घटनाओं (अपनी व्याख्याओं के साथ) को अपने विश्वास आधार बनाते हैं। "इतिहास" या "ऐतिहासिक अध्ययन" को परिभाषित करने या वर्णन करने के प्रयास में समस्या आती है। आधुनिक धर्मशास्त्रीय व्याख्या में अधिकांश समस्या आधुनिक साहित्यिक या ऐतिहासिक मान्यताओं पर आधारित है जो प्राचीन निकट पूर्वी बाइबल साहित्य में अनुमानित हैं। न केवल लौकिक और सांस्कृतिक अंतरों, बल्कि साहित्यिक मतभेदों का भी अभिमूल्यन नहीं है। आधुनिक पश्चिमी लोगों के रूप में हम प्राचीन प्राचीन पूर्वी लेखन की शैलियों और साहित्यिक तकनीकों को आसानी से नहीं समझते हैं, इसलिए हमने पश्चिमी शाब्दिक शैलियों के प्रकाश में उनकी व्याख्या की।

बाइबल के अध्ययनों के उन्नीसवीं सदी के दृष्टिकोण ने पुराने नियम की पुस्तकों को ऐतिहासिक और एकीकृत दस्तावेजों के रूप में नगण्य करके उनका अवमूल्यन कर दिया। इस ऐतिहासिक संशयवाद ने पुराने नियम के हेर्मेनेयुटिक्स और ऐतिहासिक विवेचन को प्रभावित किया है। "कैनोनिकल हेर्मेनेयुटिक्स" (ब्रेवार्ड चिल्ड्स) की ओर वर्तमान रुझान ने पुराने नियम के पाठ के वर्तमान स्वरूप पर ध्यान केंद्रित करने में मदद की है। यह मेरी राय में, उन्नीसवीं सदी की जर्मन उच्च आलोचना के रसातल पर एक सहायक पुल है। हमें उस कैनोनिकल पाठ से निपटना चाहिए जो हमें एक अज्ञात ऐतिहासिक प्रक्रिया द्वारा दिया गया है जिसकी प्रेरणा स्वीकार ली गई है। कई विद्वान पुराने नियम की ऐतिहासिकता की कल्पना पर लौट रहे हैं। यह निश्चित रूप से यहूदी संप्रदायों द्वारा पुराने नियम के स्पष्ट संपादन और अद्यतन को अस्वीकार करने के लिए नहीं है, लेकिन यह पुराने नियम की ओर एक वैध इतिहास और सच्ची घटनाओं के प्रलेखन (उनकी धर्मशास्त्रीय व्याख्याओं के साथ) के रूप में एक मूल वापसी है।

The Expositor's Bible Commentary, vol.1 में, लेख, "पुराने नियम की ऐतिहासिक और साहित्यिक समीक्षा" आर. के. हैरिसन का एक उद्धरण सहायक है।

> "तुलनात्मक ऐतिहासिक अध्ययनों से पता चला है कि, हित्तियों के साथ, प्राचीन इब्री निकट पूर्वी इतिहास के सबसे सटीक, निष्पक्ष और जिम्मेदार अभिलेखक थे। । मारी, नुज़ु, और बोगज़्कोइ साइटों से पाई गई विशिष्ट प्रकार की तख्तियों के आधार पर उत्पत्ति और व्यवस्थाविवरण जैसी पुस्तकों के शैली-समालोचनात्मक अध्ययनों से पता चला है कि कैनोनिकल सामग्री में कुछ निकटवर्ती पूर्वी लोगों की संस्कृतियों में कुछ गैर-साहित्यिक समकक्ष हैं।परिणामस्वरूप, इब्रियों की उन आरम्भिक परंपराओं को विश्वास और सम्मान के एक नये स्तर के साथ देखना संभव है, जो प्रकृति में ऐतिहासिक होने का दावा करती हैं" (p. 232)।

मैं आर.के. हैरिसन के काम की विशेष रूप से सराहना कर रहा हूँ क्योंकि समकालीन घटनाओं, संस्कृतियों और शैलियों के प्रकाश में पुराने नियम की व्याख्या करना उनकी प्राथमिकता है।

II. प्रारंभिक यहूदी साहित्य (उत्पत्ति - व्यवस्थाविवरण और यहोशू) पर अपनी कक्षाओं में, मैं अन्य प्राचीन निकट पूर्वी साहित्य और कलाकृतियों के साथ एक विश्वसनीय संपर्क स्थापित करने का प्रयास करता हूँ।

A. प्राचीन निकट पूर्व से उत्पत्ति साहित्यिक समानान्तर

1. उत्पत्ति 1-11 की सांस्कृतिक विन्यास का सबसे पहला ज्ञात साहित्यिक समानांतर उत्तरी सीरिया की 2500 ईसा पूर्व की एब्ला फानाकार तख्तियाँ हैं, जो अक्कादी में लिखी गई हैं।

2. सृष्टि
    a. सृष्टि से संबंधित सबसे निकटतम मेसोपोटामिया का लेखा, *Enuma Elish*, लगभग 1900-1700 ईसा पूर्व से दिनांकित नीनवे में अशुर्बनिपाल के पुस्तकालय में और कई अन्य स्थानों पर पाया गया था। अक्कादी भाषा में लिखी सात फानाकार तख़्तियाँ हैं जो मर्दुक द्वारा सृष्टि का वर्णन करती हैं।
        1) देवता *Apsu* (ताजा पानी - नर) और *Tiamat* (नमकीन पानी - मादा) देवता के अनियंत्रित, कोलाहल मचाने वाले बच्चे थे। इन दोनों देवताओं ने छोटे देवताओं को चुप करने की कोशिश की।
        2) देवता के बच्चों में से एक, *Marduk* ने *Tiamat* को हराने में सहायता की। उसने उसके शरीर से पृथ्वी का गठन किया।
        3) *Marduk* ने मानवता को एक और पराजित देवता, *Kingu*, से बना लिया, जो *Apsu* की मौत के बाद *Tiamat* की पुरुष पत्नी थी। मानवता *Kingu* के खून से आई।
        4) *Marduk* को बेबीलोनियाई देवगण का प्रमुख बनाया गया।
    b. "The creation seal" एक फानाकार तख़्ती है जो एक फलों के पेड़ के पास एक नग्न पुरुष और स्त्री का एक चित्र है जिसमें एक सर्प पेड़ के तने के चारों ओर लिपटा हुआ और महिला के कंधे पर इस प्रकार से बैठा है मानो कि उसके साथ बातें कर रहा हो।
3. सृष्टि और बाढ़ – *The Atrahasis Epic* में न्यूनतर देवताओं के विद्रोह को लेखाबद्ध किया गया है जो अत्यधिक कार्य और इन न्यूनतर देवताओं के कर्तव्यों को पूरा करने के लिए सात मानव जोड़ों की सृष्टि के कारण हुआ। मनुष्य (1) अत्यधिक जनसंख्या और (2) शोर के कारण *Enlil* द्वारा बनाई गई योजना के अनुसार, मानव एक महामारी, दो अकाल और आखिर में बाढ़ के कारण संख्या में कम हो गए। ये प्रमुख घटनाएँ उसी क्रम में उत्पत्ति 1-8 में देखी जाती हैं। यह फानाकार रचना *Enuma Elish* और *Gilgamesh Epic* के समय के समान लगभग 1900-1700 ई.पू. की है। सभी अक्कादी भाषा में हैं।
4. नूह का जलप्रलय
    a. निप्पुर की एक सुमेरी तख़्ती, जिसे *Eridu Genesis* कहा जाता है, जो लगभग 1600 ईसा पूर्व से है, *Zivsudra* और आने वाले एक जलप्रलय के बारे में बताती है।
        1) *Enka*, जल देवता, *Zivsudra* को आने वाले जलप्रलय के बारे में चेतावनी देते हैं।
        2) राजा-याजक *Zivsudra*, को एक नाव में बचाया गया
        3) जलप्रलय सात दिनों तक रहा।
        4) *Zivsudra* ने नाव पर एक खिड़की खोली और कई पक्षियों को यह देखने के लिए छोड़ दिया कि सूखी भूमि दिखाई देने लगी है या नहीं।
        5) जब उसने नाव को छोडा तब उसने एक बैल और भेड़ का बलिदान भी चढ़ाया।
    b. चार सुमेरी कथाओं से मिला बेबीलोनियाई जलप्रलय का संमिश्र विवरण, जो *Gilgamesh Epic* के रूप में जाना जाता है, मूल रूप से लगभग 2500-2400 ईसा पूर्व से है, हालाँकि लिखित संमिश्र रूप फानाकार अक्कादी है, बहुत बाद में आया। यह एक जलप्रलय के उत्तरजीवी, *Utnapishtim* के बारे में बताता है, जो *Uruk* के राजा *Gilgamesh* को बताता है कि कैसे वह महान जलप्रलय से बचा और उसे अनन्त जीवन प्रदान किया गया।
        1) *Ea*, जल देवता, आने वाले जलप्रलय की चेतावनी देता है और *Utnapishtim* (*Zivsudra* का बेबीलोनी रूप) को एक नाव बनाने के लिए कहता है
        2) *Utnapishtim* और उसका परिवार, चयनित उपचारात्मक पौधों के साथ, जलप्रलय से बच गए
        3) जलप्रलय सात दिन तक रहा
        4) उत्तरपूर्व फ़ारस में, निसिर पहाड़ पर जाकर नाव रुकी।

5) उसने तीन अलग-अलग पक्षियों को यह देखने के लिए भेजा कि सूखी ज़मीन अभी तक दिखाई दी या नहीं।

5. मेसोपोटामिया का साहित्य, जो एक प्राचीन जलप्रलय का वर्णन करता है, सभी एक ही स्रोत से ग्रहण करते हैं। नाम अक्सर भिन्न होते हैं, लेकिन कथानक एक ही है। एक उदाहरण यह है कि *Zivsudra*, *Atrahasis* और *Utnapishtim*, सभी एक ही मानव राजा हैं।
6. उत्पत्ति की प्रारंभिक घटनाओं की ऐतिहासिक समानताओं को मानव जाति के पूर्व- प्रसार (उत्पत्ति 1-11) ज्ञान और परमेश्वर के अनुभव के प्रकाश में समझाया जा सकता है। ये सच्ची ऐतिहासिक महत्त्वपूर्ण यादें वर्तमान जलप्रलय विवरणों के रूप में विस्तारित और पौराणिक कथाओं के रूप दुनिया भर में प्रचलित हैं। इसी बात को: सृष्टि (उत्पत्ति 1-2) और मानव और स्वर्गदूतों के मेलजोल (उत्पत्ति 6) के लिए भी कहा जा सकता है।
7. कुलपिता दिवस (मध्य कांस्य)
   a. मारी तख़्तियाँ – अक्कादी भाषा में लिखित फानाकार कानूनी (अम्मोनी संस्कृति) और निजी ग्रंथ लगभग 1700 ईसा पूर्व से
   b. नूज़ी तख़्तियाँ - कुछ परिवारों (हॉरिट या हुररियन संस्कृति) के फानाकार अभिलेख, नीनवे से लगभग 100 मील दक्षिण पूर्व में लगभग 1500-1300 ई.पू. में अक्कादी में लिखे गए। वे परिवार और व्यावसायिक प्रक्रियाओं को लेखाबद्ध करते हैं। और अधिक विशिष्ट उदाहरणों के लिए, देखें Walton, pp. 52-58
   c. अलालक तख़्तियाँ – उत्तरी सीरिया से लगभग 2000 ईसा पूर्व के फानाकार ग्रंथ
   d. उत्पत्ति में पाए गए कुछ नाम मारी तख़्तियों में स्थान के नाम के रूप में दर्ज किए गए हैं: सरूग, पेलग, तेराह और नाहोर। बाइबल के अन्य नाम भी आम थे: इब्राहीम, इसहाक, याकूब, लाबान और यूसुफ।
8. "तुलनात्मक ऐतिहासिक लेखन संबंधी अध्ययनों से पता चला है कि, हित्तियों के साथ, प्राचीन इब्री निकट पूर्वी इतिहास के सबसे सटीक, निष्पक्ष और जिम्मेदार लेखा रखने वाले थे" R. K Harrison, *Biblical Criticism*, p. 5 में.
9. पुरातत्त्व विज्ञान बाइबल की ऐतिहासिकता स्थापित करने में बहुत मददगार साबित हुआ है। हालाँकि, चेतावनी देना आवश्यक है। पुरातत्त्व विज्ञान निम्न कारणों से एक पूरी तरह से विश्वसनीय मार्गदर्शक नहीं है-
   a. शुरुआती खुदाइयों में खराब तकनीकें
   b. खोज की गई कलाकृतियों की विभिन्न, बहुत ही व्यक्तिपरक व्याख्याएँ
   c. प्राचीन निकट पूर्व का कोई स्वीकृत कालानुक्रम नहीं है (हालाँकि पेड़ के छल्लों से एक विकसित किया जा रहा है)

B. मिस्र के सृष्टि विवरण को John H. Walton's, *Ancient Israelite Literature in Its Cultural Context.* Grand Rapids, MI: Zondervan, 1990. pp. 23-24, 32-34. में पाया जा सकता है
   1. मिस्र के साहित्य में, सृष्टि एक असंगठित, अव्यवस्थित आदिकालीन पानी से शुरू हुई। सृष्टि को जलीय अव्यवस्था से बाहर निकलता हुई एक विकासशील संरचना के रूप में देखा गया था।
   2. मेम्फिस से मिले मिस्र के साहित्य में, सृष्टि Ptah के शब्द बोलने से हुई ।

C. प्राचीन निकट पूर्व के यहोशू साहित्यिक समानान्तर
   1. पुरातत्त्व विज्ञान दर्शाता है कि कनान के शहरपनाह वाले अधिकतर बड़े शहर नष्ट कर दिए गए और लगभग 1250 ईसा पूर्व में शीघ्रता से पुनर्निर्मित किए गए।
      a. हासोर
      b. लाकीश
      c. बेतेल
      d. दबीर (जो पूर्वकाल में किर्यत्सेपेर कहलाता था, 15:15)

2. पुरातत्त्व यरीहो के पतन (तुलना यहोशू 6) के बाइबल के विवरण की पुष्टि या उसे अस्वीकार करने में सक्षम नहीं हुआ है। ऐसा इसलिए है क्योंकि साइट अत्यंत खराब स्थिति में है:
    a. मौसम/स्थान
    b. बाद में पुरानी सामग्री का प्रयोग करके पुरानी साइटों पर पुनर्निर्माण।
    c. परतों की तारीखों के विषय में अनिश्चितता
3. पुरातत्त्व ने एबाल पर्वत पर एक वेदी पाई है जो यहोशू 8:30-31 से संबंधित हो सकती है (व्यवस्थाविवरण 27:2-9)। यह बहुत कुछ मिश्ना (तल्मूड) में पाए गए विवरण के समान है।
4. उगारित में पाए जाने वाले रास शामरा ग्रंथ 1400 ईसा पूर्व के कनानी जीवन और धर्म को दर्शाते हैं:
    a. बहुदेववादी प्रकृति पूजा (प्रजनन पंथ)
    b. एल मुख्य देवता थे
    c. एल की पत्नी अशेरा थी (बाद में वह बाल की पत्नी है) जिसे एक नक्काशीदार खूंटी या जीवित पेड़ के रूप में पूजा जाता था, जो "जीवन के पेड़" का प्रतीक था
    d. उसका बेटा बाल (हद्दद), तूफ़ान देव था
    e. बाल, कनानी देव समूह का "उच्च देवता" बन गया। अनत उसकी पत्नी थी
    f. मिस्र के आइसिस और ओसिरिस के समान समारोह
    g. बाल की पूजा स्थानीय "उच्च स्थानों" या पत्थर के मंचों (अनुष्ठान दुष्प्रयोग) पर केंद्रित थी।
    h. बाल को एक उभरे हुए पत्थर के खंभे (लिंगीय चिन्ह) द्वारा प्रतीकित किया गया था।
5. प्राचीन शहरों के नामों की सटीक सूची एक समकालीन लेखक पर उचित बैठती है, न कि बाद के संपादक (कों) पर:
    a. यरूशलेम जो यबूस कहलाता था, 15:8; 18:16,28 (15:28 ने कहा कि यबूसी अभी भी यरूशलेम के हिस्से में हैं)
    b. हेब्रोन जो किर्यतर्बा कहलाता था, 14:15; 15:13,54; 20:7; 21:11
    c. बाला जो किर्यत्यारीम कहलाता है, 15:9,10
    d. सिदोन को फीनीके के प्रमुख शहर के रूप में जाना जाता है, न कि सोर को, 11:8; 13:6; 19:28, जो बाद में मुख्य शहर बन गया

परिशिष्ट दो

पुराने नियम की इतिहास-विद्या
समकालीन निकट पूर्वी संस्कृतियों की तुलना में

I. मेसोपोटामियाई स्रोत
   A. अधिकांश प्राचीन साहित्य की तरह आमतौर पर राजा या कोई राष्ट्रीय नायक विषय है।
   B. प्रायः प्रचार प्रसार के लिए घटनाओं को अलंकृत किया जाता है।
   C. आमतौर पर कुछ भी नकारात्मक दर्ज नहीं किया गया है।
   D. उद्देश्य वर्तमान यथास्थिति संस्थानों का समर्थन करना था या नए शासनों के उदय की व्याख्या करना था।
   E. ऐतिहासिक विकृतियों में शामिल हैं
      1. महान विजयों के अलंकृत दावे
      2. पहले की उपलब्धियों को वर्तमान उपलब्धियों के रूप में प्रस्तुत किया जाना
      3. केवल सकारात्मक पहलुओं का दर्ज किया जाना
   F. साहित्य ने न केवल एक प्रचारात्मक कार्य किया, बल्कि एक उपदेशात्मक कार्य भी किया

II. मिस्र के स्रोत
   A. वे जीवन के एक बहुत ही स्थिर दृष्टिकोण का समर्थन करते हैं, जो समय से प्रभावित नहीं था।
   B. राजा और उसका परिवार अधिकांश साहित्य के विषय हैं।
   C. यह, मेसोपोटामिया के साहित्य की तरह, बहुत प्रचारात्मक है।
      1. कोई नकारात्मक पहलू नहीं
      2. अलंकृत पहलू

III. रब्बियों के स्रोत (बाद में)
   A. मिदराश के द्वारा, जो व्याख्याकार के विश्वास से पाठ की ओर जाता है और न ही लेखक के अभिप्राय पर ध्यान केंद्रित करता है और न ही पाठ के ऐतिहासिक विन्यास पर, पवित्रशास्त्र को प्रासंगिक बनाने का प्रयास
      1. *Halakha* जीवन के लिए सच्चाई या नियमों से संबंधित है
      2. *Haggada* जीवन के लिए अनुप्रयोग और प्रोत्साहन के साथ संबंधित है
   B. पेशेर- मृत सागर चीरकों में देखा गया बाद का विकास। इसने वर्तमान विन्यास में पिछली घटनाओं की भविष्यवाणी को पूरा करने के लिए एक प्रतीकात्मक दृष्टिकोण का प्रयोग किया। वर्तमान विन्यास भविष्यवाणी किए गए युगांत से जुड़ी थी (आने वाला नया युग)।

IV. यह स्पष्ट है कि प्राचीन निकट पूर्वी शैलियाँ और बाद के यहूदी साहित्य पुराने नियम के पवित्रशास्त्र से अलग हैं। कई मायनों में, पुराने नियम की शैलियाँ, हालाँकि वे अक्सर समकालीन साहित्य की विशेषताओं को साझा करती हैं, विशेष रूप से ऐतिहासिक घटनाओं के चित्रण में, अद्वितीय हैं। इब्री इतिहासलेखन के सबसे करीब है हित्ती साहित्य।

यह स्वीकार किया जाना चाहिए कि आधुनिक, पश्चिमी इतिहासलेखन से प्राचीन इतिहासलेखन कितना अलग है। इसमें व्याख्या की समस्या निहित है। आधुनिक इतिहासलेखन वस्तुनिष्ठ होने (गैर-प्रचारात्मक, यदि यह संभव हो) और "वास्तव में जो हुआ था!" उसका कालानुक्रमिक क्रम में प्रलेख करने और दर्ज़ करने का प्रयास करता है। यह ऐतिहासिक घटनाओं के "कारण और प्रभाव" का प्रलेख करने का प्रयास करता है। विवरण इसकी विशेषता है!

सिर्फ इसलिए कि निकट पूर्वी इतिहास आधुनिक इतिहासों की तरह नहीं हैं, यह उन्हें गलत, घटिया या अविश्वसनीय नहीं बनाता है। पश्चिमी आधुनिक इतिहास उनके लेखकों के पूर्वाग्रहों (पूर्वधारणाओं) को दर्शाते हैं। बाइबल का इतिहास अपनी प्रकृति (प्रेरणा) में अलग है। एक ऐसा अर्थ है जिसमें बाइबल का इतिहास प्रेरित लेखक की विश्वास की दृष्टि से और धर्मशास्त्र के उद्देश्यों के लिए देखा जाता है, लेकिन यह अभी भी एक मान्य ऐतिहासिक विवरण है।

पुराने नियम की यह ऐतिहासिकता मेरे लिए दूसरों के प्रति अपने विश्वास की वकालत करने के रूप में महत्त्वपूर्ण है। यदि बाइबल के ऐतिहासिक होने को प्रदर्शित किया जा सकता है, तो उसके विश्वास के दावे अविश्वासियों को अधिक आकर्षित करेंगे। मेरा विश्वास पुरातत्व और नृविज्ञान की ऐतिहासिक पुष्टि पर आधारित नहीं है, लेकिन ये बाइबल के संदेश को पेश करने और उसे एक विश्वसनीयता देने में मदद करते हैं, जो अन्यथा उसे नहीं मिलती।

तब संक्षेप में, ऐतिहासिकता प्रेरणा के क्षेत्र में नहीं, पाशंसक विद्या और सुसमाचार प्रचार के क्षेत्र में कार्य करती है।

परिशिष्ट तीन

इब्रानी ऐतिहासिक कथा

I. आरम्भिक कथन

A. घटनाओं के कालक्रमानुसार अभिलेखन के पुराने नियम के और अन्य तरीकों के बीच संबंध

1. अन्य प्राचीन निकट पूर्वी साहित्य पौराणिक है
    a. बहुदेववादी (आमतौर पर मानवतावादी देवता जो प्रकृति की शक्तियों को दर्शाते थे लेकिन पारस्परिक संघर्ष के अभिप्राय का प्रयोग करते थे)
    b. प्रकृति के चक्रों के आधार पर (मरते हुए और उभरते हुए देवता)
2. यूनानी-रोमी वास्तव में ऐतिहासिक घटनाओं को दर्ज़ करने के बजाय मनोरंजन और प्रोत्साहन के लिए है (होमर कई मायनों में मेसोपोटामियाई अभिप्रायों को दर्शाता है)

B. संभवतः तीन जर्मन शब्दों का प्रयोग इतिहास के प्रकारों या परिभाषाओं में अंतर दिखाता है।

1. "Historie" घटनाओं को दर्ज़ किया जाना (मात्र तथ्य)
2. "Geschichte," मानव जाति के लिए घटनाओं के महत्त्व को दर्शाने वाली उनकी व्याख्या
3. "Heilsgeschichte" विशिष्ट रूप से ऐतिहासिक प्रक्रिया के अंतर्गत परमेश्वर की छुटकारे की योजना और गतिविधि को संदर्भित करता है

C. पुराने नियम और नये नियम की कथाएँ "Geschichte" हैं जिसके फलस्वरूप Heilsgeschichte को समझा जा सकता है। वे धर्मशास्त्रीय रूप से उन्मुख चयनित ऐतिहासिक घटनाएँ हैं

1. केवल चयनित घटनाएँ
2. कालानुक्रम उतना महत्त्वपूर्ण नहीं है जितना धर्मशास्त्र
3. सत्य को प्रकट करने के लिए साझा की गई घटनाएँ

D. पुराने नियम में कथा सबसे आम शैली है। यह अनुमान लगाया गया है कि पुराने नियम का 40% कथा है। इसलिए, यह शैली पतित मानवजाति तक परमेश्वर के संदेश और चरित्र को संप्रेषित करने में आत्मा के लिए उपयोगी है। लेकिन, यह प्रस्ताविक रूप से (नये नियम की पत्री की तरह) नहीं, लेकिन निहितार्थ, संकलन या चयनित संवाद/एकालाप द्वारा किया जाता है। किसी को यह पूछते रहना चाहिए कि यह क्यों दर्ज़ किया गया है। यह किस बात पर जोर देने की कोशिश कर रहा है? इसका धर्मशास्त्रीय उद्देश्य क्या है?

इसका अर्थ किसी भी तरह से इतिहास का अवमूल्यन करने का नहीं है। लेकिन, यह सेवक और प्रकटीकरण के माध्यम के रूप में इतिहास है।

II. बाइबल की कथाएँ

A. परमेश्वर उसके संसार में सक्रिय है। बाइबल के प्रेरित लेखकों ने परमेश्वर को प्रकट करने के लिए कुछ घटनाओं को चुना। परमेश्वर पुराने नियम का प्रमुख चरित्र है।

B. प्रत्येक कथा कई प्रकार से काम करती है:

1. परमेश्वर कौन है और वह उसके संसार में क्या कर रहा है
2. परमेश्वर के व्यक्तियों और राष्ट्रीय सत्ताओं के साथ व्यवहार करने के माध्यम से मानवजाति प्रकट होती है
3. उदाहरण के रूप में विशेष रूप से यहोशू की वाचा के पालन से जुड़ी सैन्य जीत पर ध्यान दें (तुलना 1:7-8; 8:30-35)।

C. अक्सर कथाओं को एक बड़ी साहित्यिक इकाई बनाने के लिए एक साथ जोड़ा जाता है जो एक एकल धर्मशास्त्रीय सत्य को प्रकट करती हैं।

III. पुराने नियम की कथाओं के व्याख्यात्मक सिद्धांत

A. पुराने नियम की कथाओं की व्याख्या करने के बारे में मैंने जो सबसे अच्छी चर्चा देखी है, वह है डगलस स्टुअर्ट द्वारा *How to Read the Bible For All Its Worth,* pp. 83-84

1. पुराने नियम की कथा आमतौर पर सीधे तौर पर एक सिद्धांत नहीं सिखाती है।
2. पुराने नियम की कथा आमतौर पर उस सिद्धांत या सिद्धांतों को उदाहरण देकर स्पष्ट करती है जो प्रस्तावित रूप से कहीं और सिखाया गया है।
3. कथाएँ, जो हुआ है - जरूरी नहीं कि क्या हुआ होगा या हर बार क्या होना चाहिए, को दर्ज़ करती हैं। इसलिए, हर कथा में कहानी की एक अलग पहचानी जा सकने वाली सीख नहीं होती है।
4. लोग कथाओं में क्या करते हैं, यह हमारे लिए एक अच्छा उदाहरण होना आवश्यक नहीं है। कई बार, यह सिर्फ उलटा होता है।
5. पुराने नियम की कथाओं में अधिकांश चरित्र एकदम सही नहीं हैं, और उनके कार्य भी
6. हमें हमेशा एक कथा के अंत में यह नहीं बताया जाता है कि जो हुआ वह अच्छा था या बुरा। हमसे यह उम्मीद की जाती है कि परमेश्वर ने सीधे तौर से और स्पष्ट रूप से पवित्रशास्त्र में कहीं और हमें जो कुछ भी सिखाया है, उसके आधार पर हमें इस बात को तय करने में सक्षम होना चाहिए ।
7. सभी कथाएँ चयनात्मक और अपूर्ण हैं। हमेशा सारे प्रासंगिक विवरण नहीं दिए गए हैं (तुलना यूहन्ना 21:25)। कथा में जो दिखाई देता है वह सब कुछ है जो प्रेरित लेखक ने हमारे लिए जानना महत्त्वपूर्ण समझा।
8. हमारे सभी धर्मशास्त्रीय प्रश्नों का उत्तर देने के लिए कथाएँ नहीं लिखी गई हैं। उनके विशेष, विशिष्ट, सीमित उद्देश्य हैं और कुछ मुद्दों से निपटती हैं, दूसरों को कहीं और, अन्य तरीकों से निपटने के लिए छोड़ देती हैं।
9. कथाएँ या तो स्पष्ट रूप से (साफ-साफ कुछ कहकर) या अंतर्निहित रूप से (इसे वास्तव में बताए बिना, स्पष्ट रूप से किसी बात की ओर संकेत करते हुए) सिखा सकती हैं।
10. अंतिम विश्लेषण में, परमेश्वर बाइबल की सारी कथाओं के नायक हैं।

B. कथाओं की व्याख्या करने पर एक और अच्छी चर्चा Water Kaiser's *Tisare Exegetical Theology* में है:

"पवित्रशास्त्र के कथा भागों का अनूठा पहलू यह है कि लेखक आमतौर पर अपनी कथा के लोगों के शब्दों और कार्यों को उसके संदेश के मुख्य जोर से अवगत कराने की अनुमति देता है। इस प्रकार, हमें सीधे कथनों के माध्यम से संबोधित करने के बजाय, जैसे कि पवित्रशास्त्र के सैद्धान्तिक या शिक्षण भागों में पाए जाते हैं, जहाँ तक प्रत्यक्ष शिक्षण या मूल्यांकनात्मक कथनों का संबंध है लेखक कुछ हद तक पृष्ठभूमि में रहता है।परिणामस्वरूप, बड़े संदर्भ को, जिसमें कथा उचित बैठती है पहचानना और यह पूछना कि लेखक ने घटनाओं के विशिष्ट चयन का प्रयोग सटीक क्रम में क्यों किया जिसमें उसने उन्हें रखा है, गंभीर रूप से महत्त्वपूर्ण हो जाता है।अब अर्थ के जुड़वाँ संकेत होंगे संभावित भाषणों, व्यक्तियों, या प्रकरणों के एक झमेले से प्रकरण की *व्यवस्था* और विवरण का *चयन*। इसके अलावा, इन लोगों और घटनाओं के बारे में दैवीय प्रतिक्रिया और आकलन अक्सर इस आधार पर निर्धारित की जानी चाहिए कि किस तरह से लेखक एक व्यक्ति या लोगों के एक समूह को घटनाओं के चयनित अनुक्रम के चरमोत्कर्ष पर प्रतिक्रिया करने की अनुमति देता है; यानी कि, उसने जो कुछ हुआ था उसे स्वयं का (इस उदाहरण में, परमेश्वर का) अनुमान देने के लिए कथा को बाधित तो नहीं किया है" (पृष्ठ 205)।

C. कथाओं में सत्य पूरी साहित्यिक इकाई में पाया जाता है, न कि विवरणों में। अपने जीवन के लिए मिसाल के तौर पर प्रूफटेक्सिंग या पुराने नियम की कथाओं का प्रयोग करने से बचें।

IV. व्याख्या के दो स्तर
   A. अब्राहम के वंश के लिए YHWH के छुटकारे के, प्रकटीकरण के कार्य
   B. हर विश्वासी के जीवन के लिए YHWH की इच्छा (हर युग में)
   C. पहला "परमेश्वर को जानने" पर केंद्रित है (उद्धार); दूसरा उसकी सेवा करने पर (विश्वास का मसीही जीवन, तुलना रोमियों 15:4; 1 कुरिन्थियों 10:6,11)

परिशिष्ट चार

इब्रानी भविष्यवाणी

I. प्रस्तावना

A. आरम्भिक कथन

1. विश्वास करने वाला समुदाय भविष्यवाणी की व्याख्या करने के तरीके पर सहमत नहीं है। अन्य सत्य सदियों के दौरान एक रूढ़िवादी स्थिति के रूप में स्थापित हुए हैं, लेकिन यह एक नहीं है।
2. पुराने नियम की भविष्यवाणी के कई भली भांति परिभाषित चरण हैं।
   a. राजतंत्र से पूर्व (राजा शाऊल से पहले)
      (1) भविष्यद्वक्ता कहलाने वाले व्यक्ति
         (a) अब्राहम – उत्पत्ति 20:7
         (b) मूसा – गिनती 12:6-8; व्यवस्थाविवरण 18:15; 34:10
         (c) हारून – निर्गमन 7:1 (मूसा का प्रवक्ता)
         (d) मरियम - निर्गमन 15:20
         (e) मेदाद और एलदाद - गिनती 11:24-30
         (f) दबोरा – न्यायियों 4:4
         (g) अनाम - न्यायियों 6:7-10
         (h) शमूएल – 1 शमूएल 3:20
      (2) एक समूह के रूप में भविष्यद्वक्ताओं के संदर्भ - व्यवस्थाविवरण 13:1-5; 18:20-22
      (3) भविष्यवाणी करनेवाले समूह या मंडली- 1 शमूएल 10:5-13; 19:20; 1 राजाओं 20:35,41; 22:6,10-13; 2 राजाओं 2:3,7; 4:1,38; 5:22; 6:1, आदि
      (4) मसीहा जो भविष्यद्वक्ता कहलाया - व्यवस्थाविवरण 18:15-18
   b. लेखन न करनेवाले राजतांत्रिक भविष्यद्वक्ता (वे राजा को संबोधित करते हैं)
      (1) गाद – 2 शमूएल 24:11; 1 इतिहास 29:29
      (2) नातान – 2 शमूएल 7:2; 12:25; 1 राजाओं 1:22
      (3) अहिय्याह – 1 राजाओं 11:29
      (4) येहू -1 राजाओं 16:1,7,12
      (5) अनाम -1 राजाओं 18:4,13; 20:13,22
      (6) एलिय्याह – 1 राजाओं 18; 2 राजाओं 2
      (7) मीकायाह -1 राजाओं 22
      (8) एलीशा - 2 राजाओं 2:8,13
   c. लेखन करनेवाले प्राचीन भविष्यद्वक्ता (वे राष्ट्र के साथ-साथ राजा को भी संबोधित करते हैं): यशायाह-मलाकी (सिवाय दानिय्येल के)

B. बाइबल के शब्द

1. *ro'eh* = दर्शी, 1 शमूएल 9:9। यह संदर्भ *Nabi'* शब्द की ओर परिवर्तन को दर्शाता है, जिसका अर्थ है "भविष्यद्वक्ता" और "बुलाना" मूल से आता है। *Ro'eh* सामान्य इब्रानी शब्द "देखना" से है। इस व्यक्ति परमेश्वर के तरीकों और योजनाओं को समझता था और किसी मामले में परमेश्वर की इच्छा का पता लगाने के लिए उससे सलाह ली जाती थी।

2. *hozeh* = दर्शी, 2 शमूएल 24:11। यह मूल रूप से *ro'eh* का पर्याय है। यह एक दुर्लभ इब्रानी शब्द "दर्शन में देखना" से है। भविष्यद्वक्ताओं को संदर्भित करने के लिए कृदंत रूप का सबसे अधिक प्रयोग किया जाता है।
3. *nabi'*= नबी, अक्कादी क्रिया *nabu* = "बुलाना" और अरबी *naba'a*= "घोषणा करना" का सजातीय। यह भविष्यद्वक्ता को नामित करने के लिए यह पुराने नियम का सबसे आम शब्द है। यह 300 से अधिक बार प्रयोग किया गया है। सटीक व्युत्पत्ति अनिश्चित है, लेकिन वर्तमान में "बुलाना" सबसे उचित विकल्प प्रतीत होता है। संभवतः हारून के माध्यम से फिरौन के साथ मूसा के रिश्ते के YHWH के वर्णन से इसे सबसे अच्छी तरह समझा जा सकता है (तुलना निर्गमन 4:10-16; 7:1; व्यवस्थाविवरण 5:5)। एक भविष्यद्वक्ता वह है जो परमेश्वर की ओर से उसके लोगों से बात करता है (तुलना आमोस 3:8; यिर्मयाह 1:7,17; यहेजकेल 3:4)।
4. 1 इतिहास 29:29 में तीनों शब्दों का प्रयोग भविष्यद्वक्ता के कार्य के लिए किया गया है। शमूएल - *Ro'eh*; नातान *Nabi'*; और गाद - *Hozeh*।
5. वाक्यांश '*ish ha- 'elohim*, "परमेश्वर का जन," भी परमेश्वर के एक वक्ता के लिए एक व्यापक पदनाम है। पुराने नियम में "भविष्यद्वक्ता" के अर्थ में इसका प्रयोग 76 बार किया गया है।
6. शब्द "भविष्यद्वक्ता" मूल में यूनानी है। यह (1) *pro* = "पहले" या "के लिए"; (2) *phemi* = "बोलना" से आता है।

II. भविष्यवाणी की परिभाषा

A. "भविष्यवाणी" शब्द का अंग्रेजी की तुलना में इब्रानी में व्यापक अर्थ क्षेत्र था। यहूदियों ने यहोशू से राजाओं (रूत को छोड़कर) तक की इतिहास की पुस्तकों को "पहले भविष्यद्वक्ता" नाम दिया। अब्राहम (उत्पत्ति 20:7; भजनसंहिता 105:5) और मूसा (व्यवस्थाविवरण 18:18) दोनों को भविष्यद्वक्ताओं के रूप में नामित किया गया है (मरियम, निर्गमन 15:20 को भी)। इसलिए, एक मान्य अंग्रेजी परिभाषा से सावधान रहें!

B. "भविष्यवाद को वैध रूप से इतिहास की उस समझ के रूप में परिभाषित किया जा सकता है जो केवल दिव्य लगाव, दिव्य उद्देश्य, दिव्य भागीदारी के संदर्भ में अर्थ को स्वीकार करता है" (*Interpreter's Dictionary of the Bible*, vol. 3, p. 896)।

C. "भविष्यद्वक्ता न तो एक दार्शनिक है और न ही एक व्यवस्थित धर्मशास्त्री, लेकिन एक वाचाधारी मध्यस्थ है जो परमेश्वर के लोगों के वर्तमान को सुधार कर उनके भविष्य को आकार देने के लिए उन्हें परमेश्वर का वचन सुनाता है" ("Prophets and Prophecy," *Encyclopedia Judaica,* vol 13, p. 1152)।

III. भविष्यवाणी का उद्देश्य

A. भविष्यवाणी परमेश्वर का अपने लोगों से बात करने का एक तरीका है, जो उनके वर्तमान विन्यास में मार्गदर्शन और उनके जीवन और संसार की घटनाओं पर उसके नियंत्रण में आशा प्रदान करता है। उनका संदेश मूल रूप से सामूहिक था। यह फटकारने, प्रोत्साहित करने, विश्वास और पश्चाताप उत्पन्न करने के लिए, और परमेश्वर के लोगों को स्वयं के और उसकी योजनाओं के बारे में सूचित करने के लिए है। अक्सर इसका प्रयोग स्पष्ट रूप से परमेश्वर की एक प्रवक्ता की पसंद को प्रकट करने के लिए किया जाता है (व्यवस्थाविवरण 13:1-3; 18:20-22)। यह, अंत में, मसीहा को संदर्भित करेगा।

B. अक्सर, भविष्यद्वक्ता अपने दिन के ऐतिहासिक या धर्मशास्त्रीय संकट को लेकर उसे एक युगांत-विषयक विन्यास में बदल देता था। इतिहास का यह अंत-समय का दृष्टिकोण (उद्देश्यवादी) इस्राएल और उसके दिव्य चुनाव और वाचा के वादों की भावना के लिए अद्वितीय है।

C. भविष्यद्वक्ता का कार्य परमेश्वर की इच्छा को जानने के तरीके के रूप में महायाजक के कार्य से संतुलन बनाता (यिर्मयाह 18:18) और उसे हटाता हुआ प्रतीत होता है। उरीम और थुम्मिम परमेश्वर के प्रवक्ता से एक मौखिक संदेश से भी बढ़कर हैं। भविष्यद्वक्ता का कार्य भी इस्राएल में मलाकी (या इतिहास के लेखन) के बाद समाप्त हो गया प्रतीत होता है। यह यूहन्ना बपतिस्मा देनेवाले तक 400 साल दिखाई नहीं दिया। यह अनिश्चित है कि नये नियम "भविष्यवाणी" का वरदान पुराने नियम से कैसे संबंधित है। नये नियम के भविष्यद्वक्ता (प्रेरितों के काम 11:27-28; 13:1; 14:29,32,37; 15:32; 1 कुरिन्थियों 12:10,28-29; इफिसियों 4:11) नए प्रकटीकरण के प्रकट करनेवाले नहीं, लेकिन आवर्तक स्थितियों में परमेश्वर की इच्छा को सामने से बताने वाले और पहले से बताने वाले हैं।

D. भविष्यवाणी विशेष रूप से या मुख्य रूप से प्रकृति में पूर्वानुमानित नहीं है। भविष्यवाणी उसके कार्य और उसके संदेश की पुष्टि करने का एक तरीका है, लेकिन यह ध्यान दिया जाना चाहिए ". . .पुराने नियम की 2% से कम भविष्यवाणी मसीहाई है। 5% से कम नई वाचा के युग का विशेष रूप से वर्णन करती है। 1% से कम आगे आने वाली घटनाओं से संबंधित हैं" (Fee & Stuart, *How to Read the Bible For All Its Worth*, p. 166)।

E. भविष्यद्वक्ता लोगों के लिए परमेश्वर का प्रतिनिधित्व करते हैं, जबकि याजक परमेश्वर के लिए लोगों का प्रतिनिधित्व करते हैं। यह एक सामान्य कथन है। हबक्कूक जैसे अपवाद हैं, जो परमेश्वर को प्रश्न संबोधित करता है।

F. एक कारण यह है कि भविष्यद्वक्ताओं को समझना मुश्किल है क्योंकि हम नहीं जानते कि उनकी पुस्तकों की संरचना कैसे की गई थी। वे कालानुक्रमिक नहीं हैं। वे विषयगत प्रतीत होती हैं, लेकिन हमेशा वैसे नहीं जैसे उम्मीद की जाती है। अक्सर भविष्यवाणियों के बीच कोई स्पष्ट ऐतिहासिक विन्यास, समय-सीमा, या स्पष्ट विभाजन नहीं होता है, यह कठिन होता है (1) एक बैठक में पुस्तकों को पढ़ना; (2) विषय के आधार पर उनकी रूपरेखा बनाना; और (3) प्रत्येक भविष्यवाणी में केंद्रीय सच्चाई या लेखक के अभिप्राय का पता लगाना।

IV. भविष्यवाणी की विशेषताएँ

A. पुराने नियम में "भविष्यद्वक्ता" और "भविष्यवाणी" की अवधारणा का विकास प्रतीत होता है। प्रारंभिक इस्राएल में एलिय्याह या एलिशा जैसे एक प्रबल करिश्माई नेता के नेतृत्व में भविष्यवक्ताओं की संगति विकसित हुई। कभी-कभी "भविष्यद्वक्ताओं के चेले" (2 राजाओं 2) वाक्यांश का प्रयोग इस समूह को नामित करने के लिए किया जाता था। कई बार भविष्यद्वक्ताओं का वर्णन परमानंद के रूपों द्वारा किया जाता है (1 शमूएल 10:10-13; 19:18-24)।

B. हालाँकि, यह अवधि व्यक्तिगत भविष्यद्वक्ताओं के समय में तेजी से गुजरी। वे भविष्यद्वक्ता (सच्चे और झूठे) भी थे जो राजा के साथ पहचाने जाते थे, और महल में रहते थे (गाद, नातान) । इसके अलावा, ऐसे लोग भी थे जो स्वतंत्र थे, कभी-कभी पूरी तरह से इस्राएल समाज की वर्तमान स्थिति से असंबद्ध थे (आमोस)। वे पुरुष और स्त्री दोनों हैं (2 राजाओं 22:14)।

C. भविष्यवक्ता अक्सर भविष्य को प्रकट करनेवाला होता था, जो किसी व्यक्ति या लोगों की तत्काल प्रतिक्रिया पर अनुकूलित था। अक्सर भविष्यवक्ता का कार्य परमेश्वर की सार्वभौमिक योजना को उसकी रचना के लिए प्रकट करना था जो मानव प्रतिक्रिया से प्रभावित नहीं होती है। यह सार्वभौमिक युगांत-विषयक योजना प्राचीन निकट पूर्व में इस्राएल के भविष्यवक्ताओं के बीच अद्वितीय है। भविष्यवाणी और वाचा की निष्ठा भविष्यवाणी के संदेशों के जुड़वाँ केंद्रबिंदु हैं (तुलना Fee and Stuart, p.150)। इसका तात्पर्य यह है कि भविष्यद्वक्ताओं का केन्द्रबिन्दु मुख्य रूप से सामाजिक था। वे आम तौर पर, लेकिन विशेष रूप से नहीं, इस्राएल के राष्ट्र को संबोधित करते हैं।

D. अधिकांश प्रचार सामग्री मौखिक रूप से प्रस्तुत की जाती थी। इसे बाद में विषय या कालक्रम, या निकट पूर्वी साहित्य के अन्य नमूनों के आधार पर, जिन्हें हम खो चुके हैं संयोजित किया गया।क्योंकि यह मौखिक था, यह लिखित गद्य की तरह संरचित नहीं है। इससे पुस्तकों को सीधे-सीधे पढ़ना और विशिष्ट ऐतिहासिक विन्यास के बिना समझना मुश्किल हो जाता है।

E. भविष्यवक्ता अपने संदेशों को व्यक्त करने के लिए कई नमूनों का प्रयोग करते हैं।
   1. अदालत का दृश्य – परमेश्वर अपने लोगों को अदालत में ले जाता है; अक्सर यह एक तलाक का मामला होता है जहाँ YHWH अपनी पत्नी (इस्राएल) को उसकी बेवफाई के लिए अस्वीकार कर देता है (होशे 4; मीका 6)।
   2. अंत्येष्टि का शोकगीत- इस प्रकार के संदेश के विशेष छंद और इसका विशेषता-सूचक "संताप" इसे एक विशेष रूप के रूप में अलग करता है (यशायाह 5; हबक्कूक 2)।
   3. वाचा के आशीर्वाद का उच्चारण - वाचा की प्रतिबंधत प्रकृति पर बल दिया जाता है और परिणाम, दोनों सकारात्मक और नकारात्मक रूप से, भविष्य के लिए बोले जाते हैं (व्यवस्थाविवरण 27-29)।

V. एक सच्चे भविष्यवक्ता के सत्यापन के लिए बाइबल-संबंधी योग्यताएँ

A. व्यवस्थाविवरण 13:1-5 (भविष्यवाणियाँ/चिन्ह एकेश्वरवादी पवित्रता से जुड़े हैं)

B. व्यवस्थाविवरण 18:9-22 (झूठे भविष्यद्वक्ता/सच्चे भविष्यद्वक्ता)

C. पुरुष और स्त्रियाँ दोनों को बुलाया और नबी या नबिया के रूप में नामित किया जाता है
   1. मरियम - निर्गमन 15
   2. दबोरा - न्यायियों 4:4-6
   3. हुल्दा – 2 राजाओं 22:14-20; 2 इतिहास 34:22-28

D. आसपास की संस्कृतियों में भविष्यद्वक्ताओं को दैववाणी के माध्यम से सत्यापित किया जाता था। इस्राएल में वे निम्नलिखित द्वारा सत्यापित किए गए थे
   1. एक धर्मशास्त्रीय परीक्षण - YHWH के नाम का प्रयोग
   2. एक ऐतिहासिक परीक्षण - सटीक भविष्यवाणियाँ

VI. भविष्यवाणी की व्याख्या के लिए सहायक दिशानिर्देश

A. प्रत्येक भविष्यवाणी के ऐतिहासिक विन्यास और साहित्यिक संदर्भ को ध्यान में रखते हुए मूल भविष्यद्वक्ता (संपादक) के अभिप्राय की खोज करें। सामान्यतः इसमें इस्राएल का किसी तरह से मूसा की वाचा को तोड़ना शामिल होगा।

B. पूरी भविष्यवाणी को पढ़ें और व्याख्या करें, न कि केवल एक भाग को; विषयवस्तु के आधार पर इसकी रूपरेखा बनाएँ। देखें कि यह आसपास भविष्यवाणियों से कैसे संबंधित है। पूरी पुस्तक (साहित्यिक इकाइयों से और अनुच्छेद स्तर तक) की रूपरेखा बनाने का प्रयास करें।

C. जब तक पाठ में कोई बात आपको आलंकारिक प्रयोग की ओर संकेत न करे, तब तक अवतरण की शाब्दिक व्याख्या मानकर चलें; फिर आलंकारिक भाषा को गद्य में डालने का प्रयास करें।

D. ऐतिहासिक विन्यास और समानांतर अवतरणों के प्रकाश में प्रतीकात्मक कार्य का विश्लेषण करें। यह अवश्य याद रखें कि यह प्राचीन निकट पूर्वी साहित्य है, न कि पश्चिमी या आधुनिक साहित्य।

E. भविष्यवाणियों के साथ ध्यान से व्यवहार करें
   1. क्या वे विशेष रूप से लेखक के दिन के लिए हैं?
   2. क्या वे बाद में इस्राएल के इतिहास में पूरी हुई थीं?
   3. क्या वे अभी भी भविष्य में होनेवाली घटनाएँ हैं?
   4. क्या उनकी पूर्ति समकालीन है और फिर भी एक भविष्य की पूर्ति है?
   5. बाइबल के लेखकों को, न कि आधुनिक लेखकों को अपने प्रश्नों के उत्तरों का मार्गदर्शन करने दें।

F. विशेष चिंताएँ
   1. क्या भविष्यवाणी सशर्त प्रतिक्रिया पर निर्भर करती है?
   2. क्या यह निश्चित है कि भविष्यवाणी किसे सम्बोधित की गई है (और क्यों)?
   3. क्या बाइबल के आधार पर और/या ऐतिहासिक रूप से, दोनों प्रकार से, बहुविध पूर्तियों की संभावना है?
   4. नये नियम के लेखक प्रेरणा के तहत पुराने नियम में कई स्थानों पर मसीहा को देखने में सक्षम थे जो हमारे लिए स्पष्ट नहीं हैं। वे प्रारूपता या शब्द क्रीड़ा का प्रयोग करते हुए प्रतीत होते हैं। चूँकि हम प्रेरित नहीं हैं, बेहतर है कि इस दृष्टिकोण को हम उन पर छोड़ दें।

VII. सहायक पुस्तकें

1. *A Guide to Biblical Prophecy* by Carl E. Armerding and W. Ward Gasque
2. *How to Read the Bible for All Its Worth* by Gordon Fee and Douglas Stuart
3. *My Servants the Prophets* by Edward J. Young
4. *Plowshares and Pruning Hooks: Rethinking the Language of Biblical Prophecy and*
5. *Apocalyptic* by D. Brent Sandy
6. *Cracking the Old Testament Code*, D. Brent Sandy and Ronald L. Giese, Jr.

परिशिष्ट पाँच

नये नियम की भविष्यद्वाणी

I. नये नियम की भविष्यद्वाणी पुराने नियम की भविष्यद्वाणी (BDB 611) के समान नहीं है, जिसमें YHWH से प्रेरित प्रकाशनों का रब्बियों का लक्ष्यार्थ है (तुलना प्रेरितों के काम 3:18,21; रोमियो 16:26)। केवल भविष्यद्वक्ता पवित्रशास्त्र लिख सकते थे।

A. मूसा को भविष्यद्वक्ता कहा जाता था (तुलना व्यवस्था विवरण 18:15-21)।

B. इतिहास की पुस्तकें (यहोशू- राजाओं [रूत को छोड़कर]) को "पहले भविष्यद्वक्ता" कहा जाता था (तुलना प्रेरितों के काम 3:24)।

C. भविष्यद्वक्ता परमेश्वर से जानकारी के स्रोत के रूप में महायाजक के स्थान को हड़प लेता है (तुलना यशायाह.- मलाकी)

D. इब्रानी कैनन का दूसरा विभाग "भविष्यद्वक्ता" है (तुलना मत्ती 5:17; 22:40; लूका 16:16; 24:25,27; रोमियों 3:21)।

II. नये नियम में अवधारणा कई अलग-अलग तरीकों से प्रयोग की जाती है।

A. पुराने नियम के भविष्यद्वक्ताओं और उनके प्रेरित संदेश का उल्लेख करते हुए (तुलना मत्ती 2:23; 5:12; 11:13; 13:14; रोमियों 1:2)

B. एक सामाजिक समूह के बजाय एक व्यक्ति के लिए एक संदेश का उल्लेख करते हुए (अर्थात, पुराने नियम के भविष्यद्वक्ताओं ने मुख्य रूप से इस्राएल से बात की)

C. यूहन्ना बपतिस्मा देनेवाले (तुलना मत्ती 11:9; 14:5; 21:26; लूका 1:76) और यीशु दोनों को परमेश्वर के राज्य की घोषणाकरनेवालों के रूप में संदर्भित किया। (तुलना मत्ती 13:57; 21:11,46; लूका 4:24; 7:16; 13:33; 24:19)। यीशु ने भी भविष्यद्वक्ताओं से बड़ा होने का दावा किया (तुलना मत्ती 11:9; 12:41; लूका 7:26)।

D. नये नियम में अन्य भविष्यद्वक्ता
   1. यीशु का प्रारंभिक जीवन जैसा कि लूका के सुसमाचार में दर्ज किया गया है (यानी, मरियम की यादें)
      a. इलीशिबा (तुलना लूका 1:41-42)
      b. जकरयाह (तुलना लूका 1:67-79)
      c. शमौन (तुलना लूका 2:25-35)
      d. हन्नाह (तुलना लूका 2:36)
   2. पुष्ट भविष्यद्वाणियाँ (तुलना काइफा, यूहन्ना 11:51)

E. उसका उल्लेख करते हुए जो कि सुसमाचार की घोषणा करता है (1 कुरिन्थियों 12:28-29; इफिसियों 4:11 में घोषित वरदानों की सूची)

F. कलीसिया में चल रहे वरदान का उल्लेख करते हुए (तुलना मत्ती 23:34; प्रेरितों के काम 13:1; 15:32; रोम। 12:6; 1 कुरिन्थियों 12:10,28-29; 13:2; इफिसियों 4:11)। कभी-कभी यह स्त्रियों को संदर्भित कर सकता है (तुलना लूका 2:36; प्रेरितों के काम 2:17; 21:9; 1 कुरिन्थियों 11:4-5)।

G. प्रकाशितवाक्य की सर्वनाश-सूचक पुस्तक का उल्लेख करते हुए (तुलना प्रकाशितवाक्य 1:3; 22; 7,10,18,19)

III. नये नियम के भविष्यद्वक्ता

A. वे उसी अर्थ में प्रेरित प्रकटीकरण नहीं देते हैं जैसे पुराने नियम के भविष्यद्वक्ताओं ने दिया था (यानी, पवित्रशास्त्र)। यह कथन प्रेरितों के काम 6:7; 13:8; 14:22; गलातियों 1:23; 3:23; 6:10; फिलिप्पियों 1:27; यहूदा 3,20 में प्रयुक्त वाक्यांश "विश्वास" (अर्थात, एक पूर्ण सुसमाचार की समझ) के प्रयोग के कारण संभव है।

यह अवधारणा यहूदा 3 में प्रयुक्त पूर्ण वाक्यांश से स्पष्ट है, "विश्वास जो पवित्र लोगों को एक ही बार सौंपा गया।" "एक ही बार" का विश्वास सत्यों, सिद्धांतों, अवधारणाओं, मसीह-धर्म की विश्व-दृष्टिकोण की शिक्षाओं को संदर्भित करता है। यह एक बार दिया गया जोर नये नियम के लेखन के लिए धर्मशास्त्रीय रूप से प्रेरणा को सीमित करने और बाद के या अन्य लेखनों को भविष्यसूचक न मानने के लिए बाइबल का आधार है। नये नियम में कई अस्पष्ट, अनिश्चित और धूसर क्षेत्र हैं, लेकिन विश्वासी विश्वास से दावा करते हैं कि विश्वास और पालन के लिए "आवश्यक" सब कुछ नये नियम में पर्याप्त स्पष्टता के साथ शामिल किया गया है। इस अवधारणा को "भविष्यसूचक त्रिकोण" में चित्रित किया गया है।

1. परमेश्वर ने खुद को समय-अंतराल के इतिहास में प्रकट किया है (प्रकटीकरण)
2. उसने कुछ मानव लेखकों को अपने कृत्यों को दर्ज़ करने और समझाने के लिए चुना है (प्रेरणा)
3. इन लेखों को निश्चित रूप से नहीं, बल्कि उद्धार के लिए और एक प्रभावी मसीही जीवन के लिए पर्याप्त रूप से समझने के लिए मनुष्यों के मन और हृदय को खोलने के लिए उसका आत्मा दिया है (प्रकाशन) इसका मुद्दा यह है कि प्रेरणा पवित्रशास्त्र के लेखकों तक सीमित है।

इसके आगे कोई आधिकारिक लेखन, दर्शन या प्रकटीकरण नहीं हैं। कैनन बंद है। हमारे पास सारे सत्य हैं जिनकी हमें परमेश्वर को उचित रूप से प्रतिक्रिया देने के लिए आवश्यकता है। बाइबल के लेखकों की सहमति बनाम सच्चे, धर्मी विश्वासियों की असहमति में इस सत्य को सबसे अच्छी तरह से देखा जाता है। किसी भी आधुनिक लेखक या वक्ता के पास वो दिव्य नेतृत्व का स्तर नहीं है जो कि पवित्रशास्त्र के लेखकों का था।

B. कई प्रकार से नये नियम के भविष्यद्वक्ता पुराने नियम के भविष्यद्वक्ताओं के समान हैं।
1. भविष्य की घटनाओं की भविष्यद्वाणी (तुलना पौलुस, प्रेरितों के काम 27:22; अगबुस, प्रेरितों के काम 11:27-28; 21:10-11; अन्य अनाम भविष्यद्वक्ता, प्रेरितों के काम 20:23)
2. न्याय की घोषणा (तुलना पौलुस, प्रेरितों के काम 13:11; 28:25-28)
3. प्रतीकात्मक कार्य जो एक घटना को स्पष्ट रूप से चित्रित करते हैं (तुलना अगबुस, प्रेरितों के काम 21:11)

C. वे कभी-कभी सुसमाचार की सच्चाइयों की घोषणा भविष्यद्वाणी के रूप में करते हैं (तुलना प्रेरितों के काम 11:27-28; 20:23; 21:10-11), लेकिन यह प्राथमिक केंद्रबिंदु नहीं है। 1 कुरिन्थियों में भविष्यद्वाणी करना मूल रूप से सुसमाचार का संचार करना है (तुलना 14:24,39)।

D. वे आत्मा के प्रत्येक नई स्थिति, संस्कृति या समय अवधि के लिए परमेश्वर के सत्य के समकालीन और व्यावहारिक अनुप्रयोगों को प्रकट करने के समकालीन साधन हैं (तुलना 1 कुरिन्थियों 14:3)।

E. वे पौलुस की आरम्भिक कलीसियाओं में सक्रिय थे (तुलना 1 कुरिन्थियों 11:4-5; 12:28,29; 13:29; 14:1,3,4,5,6, 22,24,29, 31,32,39; इफिसियों 2:20; 3:5; 4:11; 1 थिस्सलुनीकियों 5:20) और *Didache* (पहली शताब्दी के अंत में या दूसरी शताब्दी में, तिथि अनिश्चित) और उत्तरी अफ्रीका में दूसरी और तीसरी शताब्दी के मोंटानावाद में वर्णित हैं।

IV. क्या नये नियम के वरदान रुक गए हैं?

A. इस सवाल का जवाब देना मुश्किल है। यह वरदान के उद्देश्य को परिभाषित करके मुद्दे को स्पष्ट करने में मदद करता है। क्या वे सुसमाचार के शुरुआती प्रचार की पुष्टि करने के लिए हैं या क्या वे कलीसिया के लिए खुद की और एक खोए हुए संसार की सेवा करने के लिए चल रहे तरीके हैं?

B. क्या कोई सवाल का जवाब देने के लिए कलीसिया के इतिहास को या स्वयं नये नियम को देखता है? नये नियम में ऐसा कोई संकेत नहीं है कि आत्मिक वरदान अस्थायी थे। जो लोग इस मुद्दे को संबोधित करने के लिए 1 कुरिन्थियों 13:8-13 का प्रयोग करने की कोशिश करते हैं, अवतरण के आधिकारिक अभिप्राय का दुरुपयोग करते हैं, जो दावा करता है कि प्रेम के अलावा सब कुछ मिट जाएगा।

C. मैं यह कहने के लिए लालायित हूँ कि चूंकि नया नियम, न कि कलीसिया का इतिहास, आधिकारिक है, विश्वासियों को इस बात की पुष्टि करनी चाहिए कि वरदान जारी रहे। हालाँकि, मेरा मानना है कि संस्कृति व्याख्या को प्रभावित करती है। कुछ बहुत स्पष्ट पाठ अब लागू नहीं होते हैं (यानी, पवित्र चुम्बन, स्त्रियों का घूँघट पहनना, घरों में कलीसियाओं का मिलना आदि)। यदि संस्कृति पाठों को प्रभावित करती है, तो कलीसिया इतिहास क्यों नहीं?

D. यह केवल एक सवाल है जिसका निश्चित रूप से उत्तर नहीं दिया जा सकता है। कुछ विश्वासी "बन्द करने" और अन्य "बन्द न करने" की वकालत करेंगे। इस क्षेत्र में, जैसे कई व्याख्यात्मक मुद्दों में, विश्वासी का हृदय महत्त्वपूर्ण है। नया नियम अस्पष्ट और सांस्कृतिक है। कठिनाई यह तय करने में सक्षम होना है कि कौन से पाठ संस्कृति/इतिहास से प्रभावित हैं और कौन से हर समय और सभी संस्कृतियों के लिए हैं (तुलना Fee and Stuart's *How to Read the Bible for All Its Worth*, pp. 14-19 और 69-77)। यही वह जगह है जहाँ स्वतंत्रता और जिम्मेदारी की चर्चा, जो रोमियों 14:1-15:13 और 1 कुरिन्थियों 8-10 में पाई जाती है, महत्त्वपूर्ण हैं। हम सवाल का जवाब कैसे देते हैं, दो प्रकार से महत्त्वपूर्ण है
   1. प्रत्येक विश्वासी को अपने प्रकाश में विश्वास से चलना चाहिए। परमेश्वर हमारे हृदय और उद्देश्यों को देखता है।
   2. प्रत्येक विश्वासी को दूसरे विश्वासियों को अपने विश्वास की समझ में चलने देना चाहिए। बाइबल की सीमा के भीतर सहिष्णुता होनी चाहिए। परमेश्वर चाहता है कि हम एक दूसरे से वैसा ही प्रेम करें जैसा वह करता है।

E. इस मुद्दे के सारांश में, मसीहत विश्वास और प्रेम का जीवन है, न कि एक आदर्श धर्मशास्त्र। उसके साथ एक संबंध जो दूसरों के साथ हमारे संबंध को प्रभावित करता है, निश्चित जानकारी या पंथ-संबंधी पूर्णता से अधिक महत्त्वपूर्ण है।

परिशिष्ट छह

इब्रानी कविता

I. प्रस्तावना

A. इस प्रकार का साहित्य पुराने नियम का 1/3 भाग है। यह इब्रानी कैनन के "भविष्यद्वक्ता" (हाग्गै और मलाकी के अलावा सभी में कविता है) और "लेखन" खंडों में विशेष रूप से आम है।

B. यह अंग्रेजी कविता से बहुत अलग है। अंग्रेजी कविता यूनानी और लातिनी कविता से विकसित हुई है, जो मुख्य रूप से ध्वनि-आधारित है। इब्रानी कविता में बहुत कुछ कनानी कविता के समान है। निकट पूर्व कविता में कोई उच्चारण पंक्तियाँ या तुकबंदी नहीं हैं (लेकिन एक ताल है)।

C. इस्राएल के उत्तर उगारितिक (रास शामरा) में पुरातात्विक खोज ने विद्वानों को पुराने नियम की कविता को समझने में मदद की है। 15 वीं शताब्दी ईसा पूर्व की इस कविता में बाइबल की कविता के साथ स्पष्ट साहित्यिक संबंध हैं।

II. कविता की सामान्य विशेषताएँ

A. यह बहुत सुगठित है।

B. यह कल्पना में सत्य, भावनाओं या अनुभवों को व्यक्त करने की कोशिश करता है।

C. यह मुख्य रूप से लिखित है, मौखिक नहीं। यह अत्यधिक संरचित है। इस संरचना को इसमें व्यक्त किया गया है:
   1. संतुलित पंक्तियाँ (समानान्तरता)
   2. शब्द क्रीड़ा
   3. ध्वनि क्रीड़ा

III. संरचना R. K. Harrison, *Introduction To The Old Testament*, pp. 965-975)

A. बिशप रॉबर्ट लोथ ने अपनी पुस्तक, *Lectures on the Sacred Poetry of the Hebrews* (1753) में बाइबल की कविता को विचार की संतुलित पंक्तियों के रूप में चित्रित किया। अधिकांश आधुनिक अंग्रेजी अनुवाद कविता की पंक्तियों को दर्शाने के लिए तैयार किए गए हैं।
   1. पर्यायवाची - पंक्तियाँ एक ही विचार को विभिन्न शब्दों में व्यक्त करती हैं:
      a. भजनसंहिता 3:1; 49:1; 83:14; 103:13
      b. नीतिवचन 19:5; 20:1
      c. यशायाह 1:3,10
      d. आमोस 5:24; 8:10

2. विरोधात्मक - पंक्तियाँ विरोधी विचारों के माध्यम से या सकारात्मक और नकारात्मक बताते हुए विपरीत विचार व्यक्त करती हैं:
   a. भजनसंहिता 1:6; 90:6
   b. नीतिवचन 1:29; 10:1,12; 15:1; 19:4
3. संयोगात्मक - अगली दो या तीन पंक्तियाँ में विचार को विकसित करती हैं - भजनसंहिता 1:1-2;19:7-9; 29:1-2
4. व्यतिक्रमात्मक - कविता का एक ऐसा स्वरूप जो एक अवरोही और आरोही क्रम में संदेश व्यक्त करता है। मुख्य बिंदु स्वरूप के बीच में पाया जाता है।

B. अपनी पुस्तक, *General Introduction to the Study of Holy Scripture* (1899) में A. Briggs ने इब्रानी कविता के विश्लेषण का अगला चरण विकसित किया:
   1. प्रतीकात्मक - एक खंड शाब्दिक और दूसरा रूपात्मक, भजनसंहिता 42:1; 103:3
   2. क्लाइमैटिक या सीढ़ी की तरह - खंड एक आरोही तरीके से सच्चाई को उजागर करता है, भजनसंहिता 19:7-14; 29:1-2; 103:20-22.
   3. अंतर्मुखी - खंडों की एक श्रृंखला, आमतौर पर कम से कम चार पंक्ति की आंतरिक संरचना से संबंधित होती है 1, 4 से और 2, 3 से - भजनसंहिता 30:8-10a

C. G.B. Gray ने अपनी पुस्तक, *The Forms of Hebrew Poetry* (1915) में संतुलित खंडों की अवधारणा को और अधिक विकसित किया:
   1. पूर्ण संतुलन - जहाँ पंक्ति एक के प्रत्येक शब्द को पंक्ति दो में एक शब्द द्वारा दोहराया या संतुलित किया जाता है। भजनसंहिता 83:14 और यशायाह 1:3
   2. अपूर्ण संतुलन जहाँ खंड समान लम्बाई के नहीं हैं – भजनसंहिता 59:16; 75:6

D. आज इब्रानी में साहित्यिक संरचनात्मक स्वरूप की एक बढ़ती हुई मान्यता है जिसे व्यतिक्रम कहा जाता है, जो एक विषम संख्या की समानांतर पंक्तियों को एक समय सूचक (ऑवर ग्लास) के आकार का बनाता है, जिससे मध्य पंक्ति पर जोर दिया जाता है।

E. सामान्य रूप से कविता में पाए जाने वाले ध्वनि स्वरूप, लेकिन जो प्रायः पूर्वी कविता में नहीं पाए जाते।
   1. वर्णमाला पर क्रीड़ा (अक्षरबद्ध, तुलना भजनसंहिता 9,34,37,119; नीतिवचन 31:10ff; विलापगीत 1-4)
   2. व्यंजनों पर क्रीड़ा (अनुप्रास, तुलना भजनसंहिता 6:8; 27:7; 122:6; यशायाह 1:18-26)
   3. स्वरों पर क्रीड़ा (स्वर-साम्य, तुलना उत्पत्ति 49:17; निर्गमन 14:14; यहेजकेल 27:27)
   4. विभिन्न अर्थों के साथ समान उच्चारण वाले शब्दों की पुनरावृत्ति पर क्रीड़ा (शब्दालंकार)
   5. ऐसे शब्दों पर क्रीड़ा, जिनका जब उच्चारण किया जाता है, वे उसी नाम की चीज की तरह सुनाई देते हैं (अर्थानुरणन)
   6. विशिष्ट आरम्भ और अंत (समावेशी)

F. पुराने नियम में कई प्रकार की कविताएँ हैं । कुछ विषय से संबंधित हैं और कुछ शैली से संबंधित हैं।
   1. अर्पण गीत गिनती 21:17-18
   2. श्रम गीत - (न्यायियों 9:27 की ओर संकेत करते हुए, लेकिन उसमें दर्ज़ नहीं किए गए) यशायाह 16:10; यिर्मयाह 25:30; 48:33
   3. गाथा गीत – गिनती 21:27-30; यशायाह 23:16

4. मद्यपान के गीत - नकारात्मक, यशायाह 5:11-13; आमोस 6:4-7 और सकारात्मक, यशायाह 22:13
5. प्रेम कविताएँ -श्रेष्ठगीत, विवाह की पहेली - न्यायियों 14:10-18, विवाह गीत – भजनसंहिता 45
6. विलापगीत/शोकगीत- (2 शमूएल 1:17 और 2 इतिहास 35:25 की ओर संकेत करते हुए परंतु उसमें दर्ज नहीं किया गया है) 2 शमूएल 3:33; भजनसंहिता 27,28, यिर्मयाह 9:17-22; विलापगीत; यहेजकेल 19:1-14; 26: 17-18; नहूम 3:15-19
7. युद्धगीत – उत्पत्ति 4:23-24; निर्गमन 15:1-18,20; गिनती 10:35-36; 21: 14-15; यहोशू 10:13; न्यायियों 5:1-31; 11:34; 1 शमूएल 18:6; 2 शमूएल 1:18; यशायाह 47:1-15; 37:21
8. विशेष आशीर्वचन या अगुवे का आशीर्वाद - उत्पत्ति 49; गिनती 6:24-26; व्यवस्थाविवरण 32;2 शमूएल 23:1-7
9. जादुई पाठ- बालाम, गिनती 24:3-9
10. पवित्र कविताएँ - भजनसंहिता
11. अक्षरबद्ध कविताएँ - भजनसंहिता 9,34,37,119; नीतिवचन 31:10ff और विलापगीत 1-4
12. शाप - गिनती 21:22-30
13. उपहास कविताएँ - यशायाह 14:1-22; 47:1-15; यहेजकेल 28:1-23
14. युद्ध कविताओं की एक पुस्तक (याशार) - गिनती 21:14-15; यहोशू 10:12-13; 2 शमूएल 1:18

IV. इब्रानी कविता की व्याख्या करने के लिए दिशानिर्देश

A. पद्य या छंद (यह गद्य में एक अनुच्छेद की तरह है) के केंद्रीय सत्य को खोजें। RSV छंद के आधार पर कविता की पहचान करने वाला पहला आधुनिक अनुवाद था। सहायक अंतर्दृष्टि के लिए आधुनिक अनुवादों से तुलना करें।

B. आलंकारिक भाषा को पहचानें और इसे गद्य में व्यक्त करें। याद रखें कि इस प्रकार का साहित्य बहुत सुगठित है, पाठक के द्वारा पूर्ति करने के लिए बहुत कुछ छोड़ दिया जाता है।

C. विवाद उन्मुख लंबी कविताओं को उनके साहित्यिक संदर्भ (अक्सर पूरी पुस्तक) और ऐतिहासिक विन्यास से अवश्य संबंधित करें।

D. न्यायियों 4 और 5 यह देखने में बहुत सहायक हैं कि कविता इतिहास को कैसे व्यक्त करती है। न्यायियों 4 गद्य है और न्यायियों 5 उसी घटना की कविता है (निर्गमन 14 और 15 की तुलना भी करें)।

E. पहचानने का प्रयास करें कि किस प्रकार की समानान्तरता शामिल है, पर्यायवाची, विरोधात्मक या संयोगात्मक। यह बहुत महत्त्वपूर्ण है।

परिशिष्ट सात

इब्रानी बुद्धि साहित्य

I. शैली

A. प्राचीन निकट पूर्व ®.J. Williams में सामान्य साहित्य प्रकार, "Wisdom in the Ancient Near East," *Interpreter Dictionary of the Bible*, परिशिष्ट)

1. मेसोपोटामिया (1 राजाओं 4:30-31; यशायाह 47:10; दानिय्येल 1:20; 2:2)।
   a. सुमेरिया में कहावती और महाकाव्य (निप्पुर के ग्रंथ) दोनों की एक विकसित बुद्धि परंपरा थी।
   b. बेबीलोन की कहावती बुद्धि याजक/जादूगर से जुड़ा थी। यह नैतिक रूप से केंद्रित नहीं था (W. G. Lambert, *Babylonian Wisdom Literature*)। यह एक विकसित शैली नहीं थी जैसी इस्राएल में।
   c. अश्शूर की भी एक बुद्धि परंपरा थी; एक उदाहरण हो सकता है, अहीकर की शिक्षाएँ। वह सन्हेरीब (704-681 ई.पू.) का सलाहकार था।
2. मिस्र (1 राजाओं 4:30; उत्पत्ति 41:8; यशायाह 19:11-12)
   a. 2450 ई.पू. के करीब लिखित "The Teaching for Visiter Ptah-hotep"। उसकी शिक्षाएँ अनुच्छेद के रूप में थीं, कहावती नहीं। उनकी संरचना एक पिता के रूप में अपने पुत्र के लिए की गई थी, इसी प्रकार, 2200 ई.पू. की "The Teachings for King Meri-ka-re" भी, (LaSor, Hubbard, Bush, *Old Testament Survey*, p.533)।
   b. 1200 ई.पू. के बारे में लिखी गई The Wisdom of Amen-em-opet, नीतिवचन 22:17-24:12 के समान है।
3. फीनीके (यहेजकेल 27:8-9; 28:3-5)
   a. उगारित की खोजों ने फीनीके और इब्रानी बुद्धि, विशेष रूप से छन्द के बीच घनिष्ठ संबंध दर्शाया है। बाइबल के बुद्धि साहित्य में कई असामान्य रूपों और दुर्लभ शब्दों को अब रास शामरा (उगारित) की पुरातात्विक खोजों से समझा जा सकता है।
   b. श्रेष्ठगीत बहुत कुछ 600 ई.पू. में लिखे गए फीनीके के विवाह गीतों, जो *wasps* कहलाते हैं, के समान है।
4. कनान (यानी, एदोम, तुलना यिर्मयाह 49:7; ओबद्याह 8) - अलब्राइट ने इब्रानी और कनानी बुद्धि साहित्य के बीच समानता का खुलासा किया है, विशेष रूप से, 15वीं शताब्दी ई.पू. के करीब लिखित उगारित रास शामरा ग्रंथों में।
   a. अक्सर वही शब्द जोड़े के रूप में दिखाई देते हैं
   b. पदबंध विपर्यय की उपस्थिति
   c. उपरिलेख होते हैं
   d. संगीतिक सुर होते हैं
5. बाइबल के बुद्धि साहित्य में कई गैर-इस्राएलियों के लेखन शामिल हैं:
   a. एदोम से अय्यूब
   b. मस्सा से आगूर (सऊदी अरब में एक इस्राएल का राज्य) (तुलना उत्पत्ति 25:14 और 1 इतिहास 1:30)
   c. मस्सा से लमूएल

6. दो ऐसी यहूदी पुस्तकें जो कैनन की नहीं हैं, इस शैली को साझा करती हैं।
    a. इक्लेसियस्तिकुस (बेन सीराक की प्रज्ञा)
    b. सुलैमान का प्रज्ञा ग्रंथ(ज्ञान)

B. साहित्यिक विशेषताएँ
1. मुख्य रूप से दो अलग-अलग प्रकार
    a. एक सुखी, सफल जीवन के लिए कहावती दिशा-निर्देश (मूल रूप से मौखिक, तुलना नीतिवचन 1:8;4:1)
        (1) छोटा
        (2) सांस्कृतिक रूप से आसानी से समझा जा सकनेवाला (सामान्य अनुभव)
        (3) विचार-उत्तेजक – हैरत में डालनेवाले सत्य के कथन
        (4) आम तौर पर विरोधभासी का प्रयोग करता है
        (5) सामान्यतः सच है लेकिन हमेशा विशेष रूप से लागू नहीं होता
    b. लंबा विकसित विशेष विषय, साहित्यिक कार्य (आमतौर पर लिखित) जैसे अय्यूब, सभोपदेशक और योना...
        (1) एकालाप
        (2) संवाद
        (3) निबंध
        (4) ये जीवन के प्रमुख सवालों और रहस्यों से निपटते हैं।
        (5) ज्ञानी धर्मशास्त्रीय यथास्थिति को चुनौती देने के इच्छुक थे!
    c. बुद्धि का मानवीकरण (हमेशा स्त्री)। बुद्धि शब्द स्त्रीलिंग था।
        (1) नीतिवचन में बुद्धि को अक्सर एक स्त्री के रूप में वर्णित किया गया है (तुलना 1:8-9:18)
            (a) सकारात्मक रूप में
                i. 1:20-33
                ii. 4:6-9
                iii. 8:1-36
                iv. 9:1-6
            (b) नकारात्मक रूप में
                i. 7:1-27
                ii. 9:13-18
        (2) नीतिवचन 8:22-31 में बुद्धि को सृष्टि के पहलौठे के रूप में व्यक्त किया गया है जिसके द्वारा परमेश्वर ने अन्य सभी को सृजा (3:19-20; भजनसंहिता 104:24; यिर्मयाह 10:12)। यह यूहन्ना के यीशु मसीह का उल्लेख करने के लिए यूहन्ना 1:1 में *logos* के प्रयोग की पृष्ठभूमि हो सकती है।
        (3) इसे सभोपदेशक 24 में भी देखा जा सकता है।
2. यह साहित्य व्यवस्था और भविष्यद्वक्ताओं से इस प्रकार से अनूठा है (तुलना यिर्मयाह 18:18) कि यह राष्ट्र को नहीं व्यक्ति को संबोधित करता है। कोई ऐतिहासिक या सांस्कृतिक संकेत नहीं हैं। यह मुख्य रूप से दैनिक, सफल, आनन्दपूर्ण, नैतिक जीवन पर केंद्रित है।
3. बाइबल का बुद्धि साहित्य इसकी संरचना में इसके आसपास के साहित्यों के समान है, लेकिन विषयवस्तु में नहीं। एक सच्चा परमेश्वर ही वह बुनियाद है जिस पर बाइबल का सारा ज्ञान आधारित हैं (जैसे, उत्पत्ति 41:38-39;

अय्यूब 12:13; 28:28; नीतिवचन 1:7; 9:10; भजनसंहिता 111:10)। बेबीलोन में यह अप्सू, ईए या मर्दुक था। मिस्र में यह थोथ था।

4. इब्रानी बुद्धि बहुत व्यावहारिक थी। यह अनुभव पर आधारित थी, विशेष प्रकटीकरण पर नहीं। यह एक व्यक्ति के जीवन (समस्त जीवन: धार्मिक और सांसारिक) में सफल होने पर केंद्रित थी। यह दिव्य "सहज बुद्धि" है।
5. क्योंकि बुद्धि साहित्य ने मानव विवेक, अनुभव और अवलोकन का प्रयोग किया, यह अंतर्राष्ट्रीय, संस्कृतियों के परे था। यह एकेश्वरवादी धार्मिक विश्व दृष्टिकोण था, जो अक्सर कहा नहीं जाता है, जिसने इस्राएल की बुद्धि को प्रकट करनेवाली बनाया।

II. संभावित स्त्रोत

A. बुद्धि साहित्य इस्राएल में प्रकटीकरण के अन्य रूपों के विकल्प या संतुलन के रूप में विकसित हुआ। (यिर्मयाह 18:18; यहेजकेल 7:26)
   1. याजक - व्यवस्था- रूप (सामूहिक)
   2. भविष्यद्वक्ता- भविष्यद्वाणी - प्रेरणा (सामूहिक)
   3. ज्ञानी- बुद्धि- व्यावहारिक, सफल दैनिक जीवन (व्यक्तिगत)
   4. जिस प्रकार इस्राएल में स्त्री भविष्यद्वक्ता थीं (मरियम, हुल्दा), उसी प्रकार, स्त्री ज्ञानी भी थीं (तुलना 2 शमूएल 14:1-21; 20:14-22)।

B. इस प्रकार का साहित्य इस तरह से विकसित हुआ लगता है:
   1. अलाव के आसपास की लोक कथाओं के रूप में
   2. नर बच्चों को दी गई पारिवारिक परंपराओं के रूप में
   3. शाही महल द्वारा लिखित और समर्थित
      a. दाऊद भजनसंहिता से जुड़ा हुआ है
      b. सुलैमान नीतिवचन से जुड़ा हुआ है (1 राजाओं 4:29-34; भजनसंहिता 72 और 127; नीतिवचन 1:1; 10:1; 25:1)
      c. हिजकिय्याह बुद्धि साहित्य के संपादन से जुड़ा हुआ है (नीतिवचन 25:1)

III. उद्देश्य

A. यह मूल रूप से है "कैसे" खुशी और सफलता पर ध्यान केंद्रित करें। मुख्य रूप से इसका केन्द्रबिन्दु व्यक्तिगत है। यह आधारित है
   1. पिछली पीढ़ियों के अनुभव पर
   2. जीवन में रिश्तों के कारण और प्रभाव पर
   3. परमेश्वर पर भरोसा करने के पुरस्कार हैं (तुलना व्यवस्थाविवरण 27-29)

B. यह समाज का सत्य को आगे बढ़ाने और अगुवों और नागरिकों की अगली पीढ़ी को प्रशिक्षित करने का तरीका था।

C. पुराने नियम की बुद्धि, हालाँकि हमेशा इसे व्यक्त नहीं करती है, समस्त जीवन के पीछे वाचा के परमेश्वर को देखती है। इब्रानी में धार्मिक और सांसारिक के बीच कोई तीव्र विभाजन नहीं था। समस्त जीवन धार्मिक था।

D. यह पारंपरिक धर्मशास्त्र को चुनौती देने और संतुलित करने का एक तरीका था। ज्ञानी स्वतंत्र विचारक थे जो पाठ्यपुस्तक की सच्चाइयों से बंधे नहीं थे। उन्होंने पूछने की हिम्मत की, "क्यों," "कैसे," "क्या यदि?"

IV. व्याख्या करने के लिए मुख्य बातें

A. लघु कहावती कथन
   1. सत्य को व्यक्त करने के लिए प्रयोग किए जाने वाले जीवन के सामान्य तत्वों की खोज करें।
   2. केंद्रीय सत्य को एक साधारण घोषणात्मक वाक्य में व्यक्त करें।
   3. चूँकि संदर्भ एक ही विषय पर समानान्तर अवतरण की तलाश में मदद नहीं करेगा।

B. लंबे साहित्यिक अंश
   1. सम्पूर्ण अंश के केंद्रीय सत्य को व्यक्त करना सुनिश्चित करें।
   2. संदर्भ से बाहर पदों को न लें।
   3. लेखन के ऐतिहासिक अवसर या कारण की जाँच करें।

C. कुछ सामान्य गलत व्याख्याएँ (Fee and Stuart, *How to Read the Bible for All Its Worth*, p.207)
   1. लोग सम्पूर्ण बुद्धि साहित्य (जैसे कि अय्यूब और सभोपदेशक)को नहीं पढ़ते हैं और इसके केंद्रीय भागों की तलाश करते हैं लेकिन पुस्तक के भागों को उसके संदर्भ से बाहर निकालकर आधुनिक जीवन में शाब्दिक रूप से लागू करते हैं।
   2. लोग साहित्यिक शैली की विशिष्टता को नहीं समझते हैं। यह प्राचीन निकट पूर्वी साहित्य का एक अत्यंत सुगठित और आलंकारिक है।
   3. नीतिवचन सामान्य सत्य के कथन हैं। वे कलम के व्यापक घुमाव हैं विशेष रूप से हर मामले में, हर बार, सत्य के कथन नहीं हैं।

V. बाइबल के उदाहरण

A. पुराना नियम
   1. अय्यूब
   2. भजनसंहिता 1, 19, 32, 34, 37 (अक्षरबद्ध), 49, 78, 104, 107, 110, 112-119 (अक्षरबद्ध), 127-128, 133 147, 148
   3. नीतिवचन
   4. सभोपदेशक
   5. श्रेष्ठगीत
   6. विलापगीत (अक्षरबद्ध)
   7. योना

B. कैनन के अतिरिक्त
   1. तोबित
   2. बेन सीराक की प्रज्ञा (इक्लेसियस्तिकुस)
   3. सुलैमान की प्रज्ञा (प्रज्ञा ग्रंथ)
   4. IV मक्काबी

C. नया नियम
   1. नीतिवचन और यीशु के दृष्टांत
   2. याकूब की पुस्तक

परिशिष्ट आठ

भविष्यसूचक

(यह विशेष विषय प्रकाशितवाक्य पर मेरी टिप्पणी से लिया गया है।)

I. प्रकाशितवाक्य एक विशिष्ट यहूदी साहित्यिक शैली, भविष्यसूचक है। यह अक्सर तनाव से भरे समय में इस विश्वास को व्यक्त करने के लिए प्रयोग की जाती थी कि इतिहास परमेश्वर के नियंत्रण में थे और वह उसके लोगों को उद्धार दिलाएगा। इस प्रकार के साहित्य की विशेषता है
   A. परमेश्वर की सार्वभौमिक संप्रभुता की एक प्रबल भावना (एकेश्वरवाद और निश्चयवाद)
   B. भले और दुष्ट, इस युग और आने वाले युग के बीच एक संघर्ष (द्वैतवाद)
   C. गुप्त कोड शब्दों का प्रयोग (सामान्य तौर पर पुराने नियम या अंतर वैधानिक यहूदी भविष्यसूचक साहित्य से)
   D. रंगों, संख्याओं, प्राणियों का प्रयोग, कभी-कभी प्राणियों/मनुष्यों का
   E. दर्शन और स्वप्नों के माध्यम से दैवीय मध्यस्थता का प्रयोग, लेकिन सामान्य तौर पर दैवीय मध्यस्थता के माध्यम से
   F. मुख्य रूप से युगांत पर ध्यान केंद्रित करता है- (नया युग)
   G. युगांत संदेश को संप्रेषित करने के लिए वास्तविकता नहीं, प्रतीकों के एक निश्चित संग्रह का प्रयोग
   H. इस प्रकार की शैली के कुछ उदाहरण हैं:
      1. पुराना नियम
         a. यशायाह 24-27, 56-66
         b. यहेजकेल 37-48
         c. दानिय्येल 7-12
         d. योएल 2:28-3:21
         e. जकर्याह 1-6,12-14
      2. नया नियम
         a. मत्ती 24, मरकुस 13, लूका 21, और 1 कुरिन्थियों 15 (कुछ मायनों में)
         b. 2 थिस्सलुनीकियों 2 (ज्यादातर मायनों में)
         c. प्रकाशितवाक्य (अध्याय 4-22)
      3. कैनन के अतिरिक्त (D. S. Russell, *The Method and Message of Jewish Apocalyptic, pp.*37-38)
         a. I हनोक, II हनोक (हनोक के रहस्य)
         b. जुबली की पुस्तक
         c. सिबिलीन ओरेकल्स III, IV, V
         d. बारह कुलपिताओं का नियम
         e. सुलैमान की भजनसंहिता
         f. मूसा की मान्यता
         g. यशायाह की प्राणाहुति
         h. मूसा की भविष्यद्वाणी (आदम और हव्वा का जीवन)
         i. अब्राहम का भविष्यद्वाणी
         j. अब्राहम का नियम
         k. II एस्द्रास (IV एस्द्रास)
         l. बारूक II, III

I. इस शैली में द्वंद्व की भावना है। यह वास्तविकता को द्वैतवादों, विरोधाभासों या तनावों (यूहन्ना के लेखन में इतना आम) की श्रृंखला के रूप में देखता है:
   1. स्वर्ग - पृथ्वी
   2. दुष्ट युग (दुष्ट मनुष्य और दुष्ट स्वर्गदूत) - धार्मिकता का नया युग (धर्मी मनुष्य और धर्मी स्वर्गदूत)
   3. वर्तमान में अस्तित्व - भविष्य में अस्तित्व

J. ये सभी परमेश्वर द्वारा लाई गई एक परिपूर्णता की ओर बढ़ रहे हैं। यह संसार वैसा नहीं है जैसा परमेश्वर ने चाहा था, लेकिन वह अदन की वाटिका में आरम्भ हुई अंतरंग सहभागिता की बहाली के लिए चलना, काम करना और अपनी इच्छा को प्रकट करना जारी रखे हुए है। मसीह घटना परमेश्वर की योजना का आमूल परिवर्तन काल है, लेकिन दो आगमनों ने वर्तमान द्वैतवादों को जन्म दिया है।

परिशिष्ट नौ

दृष्टान्त

I. दृष्टान्त

A. यीशु के जीवन के कई साल बाद सुसमाचार लिखे गए थे। सुसमाचार के लेखक (आत्मा की सहायता से) सांस्कृतिक रूप से मौखिक परंपरा के आदी थे। रब्बी मौखिक प्रस्तुति द्वारा पढ़ाते थे। यीशु ने उपदेश देने के लिए इस मौखिक दृष्टिकोण की नकल की। जहाँ तक हमें ज्ञात है, उसने अपनी शिक्षाओं या उपदेशों को कभी लिखा नहीं। स्मृति में सहायता के लिए, शिक्षण प्रस्तुतियों को दोहराया, सारांशित और सचित्र किया जाता था। सुसमाचार लेखकों ने इन स्मृति सहायकों को जारी रखा। दृष्टान्त इन तकनीकों में से एक हैं। दृष्टान्तों को परिभाषित करना कठिन है:

> "दृष्टान्तों को सर्वोत्तम रूप से अर्थों के दो स्तरों वाली कहानियों के रूप में परिभाषित किया जाता है; कहानी का स्तर एक दर्पण प्रदान करता है जिसके द्वारा वास्तविकता को अनुभव किया और समझा जा सकता है।" *Dictionary of Jesus and the Gospels,* p.594 से लिया गया।
>
> "एक दृष्टान्त एक कहावत या कहानी है जो एक ऐसे मुद्दे तक पहुँचाती है जिस पर वक्ता आम जीवन की एक परिचित स्थिति से चित्रित करके जोर देना चाहता है।" *The Zondervan Pictorial Bible Encyclopedia ,* p.590

B. यह परिभाषित करना कठिन है कि यीशु के दिन में "दृष्टान्त" शब्द से क्या समझा जाता था।
   1. कुछ लोग कहते हैं कि यह इब्रानी शब्द *mashal* को दर्शाता है जो किसी भी प्रकार की पहेली (मरकुस 3:23), चतुर कहावत (नीतिवचन, लूका 4:23), लघु कहावत (मरकुस 7:15) या रहस्यमयी कहावत ("गुप्त कहावत")।
   2. अन्य लोग अधिक सीमित एक लघुकथा की परिभाषा को मानते हैं।

C. इस बात के आधार पर कि कोई शब्द को किस प्रकार परिभाषित करता है, यीशु के दर्ज़ किए गए उपदेशों में से एक तिहाई नैतिक कथा के रूप में हैं। यह नये नियम की एक प्रमुख साहित्यिक शैली थी। दृष्टान्त निश्चित रूप से यीशु द्वारा कही गईं प्रामाणिक बातें हैं। यदि कोई दूसरी परिभाषा को स्वीकार करता है, तो अभी भी कई अलग-अलग प्रकार की लघुकथाएँ हैं।
   1. सरल कथाएँ (लूका 13:6-9)
   2. जटिल कथाएँ (लूका 15:11-32)
   3. विषम कथाएँ (लूका 16:1-8; 18:1-8)
   4. प्रतीकात्मक/अन्योक्ति-संबंधी (मत्ती 13:24-30, 47-50; लूका 8:4-8,11-15; 10:25-37; 14:16-24; 20:9-19; यूहन्ना 10; 15:1-8)

D. इस विभिन्न प्रकार की नैतिक कथा के साहित्य से निपटने में व्यक्ति को कई स्तरों पर इन बातों की व्याख्या करनी चाहिए। पहला स्तर बाइबल की सभी शैलियों पर लागू होने वाले सामान्य हेर्मेनेयुटिक्स के सिद्धांत होंगे। कुछ दिशा-निर्देश हैं
   1. संपूर्ण पुस्तक के या कम से कम बड़ी साहित्यिक इकाई के उद्देश्य की पहचान करना
   2. मूल श्रोताओं की पहचान करना। यह सूचक है कि अक्सर एक ही दृष्टान्त अलग-अलग समूहों को दिया गया है, उदाहरण:
      a. लूका 15 में खोई भेड़ पापियों की ओर इंगित करती है
      b. मत्ती 18 में खोई भेड़ शिष्यों की ओर इंगित करती है

3. दृष्टान्त के तत्काल संदर्भ को नोट करना सुनिश्चित करें। अक्सर यीशु या सुसमाचार लेखक मुख्य बिंदु (आमतौर पर दृष्टान्त के अंत में या उसके तुरंत बाद) को बताता है।
4. एक घोषणात्मक वाक्य में दृष्टान्त के केंद्रीय अभिप्राय(ओं) को व्यक्त करें। दृष्टान्तों में प्रायः दो या तीन मुख्य पात्र होते हैं। आमतौर पर प्रत्येक पात्र के लिए एक निहित सत्य, उद्देश्य या मुद्दा (कथानक) होता है।
5. अन्य सुसमाचारों, फिर नये नियम और पुराने नियम की अन्य पुस्तकों में समानांतर अवतरणों की जाँच करें।

E. व्याख्यात्मक सिद्धांतों का दूसरा स्तर वे हैं जो विशेष रूप से नैतिक कथा के साहित्य से संबंधित हैं।
1. दृष्टान्त को बार-बार पढ़ें (संभव हो तो सुनें)। ये मौखिक प्रभाव के लिए दिए गए थे, लिखित विश्लेषण के लिए नहीं।
2. अधिकांश दृष्टान्तों में केवल एक केंद्रीय सत्य है जो यीशु और/या सुसमाचार प्रचारक दोनों के ऐतिहासिक और साहित्यिक संदर्भों से संबंधित होता है।
3. विवरणों की व्याख्या करने से सावधान रहें। अक्सर वे कहानी के विन्यास का हिस्सा मात्र होते हैं।
4. याद रखें कि दृष्टान्त वास्तविकता नहीं हैं। वे जीवन की तरह उपमाएँ हैं, लेकिन अक्सर अतिश्योक्तियाँ हैं, एक मुद्दे (सत्य) तक पहुँचने के लिए।
5. कहानी के उन मुख्य मुद्दों को पहचानें जो पहली शताब्दी के यहूदी श्रोता ने समझे होंगे। फिर मोड़ या आश्चर्य की तलाश करें। आमतौर पर यह कहानी के अंत की ओर आता है (तुलना A. Berkeley Mickelsen, *Interpreting the Bible*, pp. 221-224)।
6. सभी दृष्टान्त एक प्रत्युत्तर प्राप्त करने के लिए दिए गए थे। यह प्रत्युत्तर आमतौर पर "परमेश्वर के राज्य" की अवधारणा से संबंधित है। यीशु नए मसीहाई राज्य का उद्घाटनकर्ता था (मत्ती 21:31; लूका 17:21)। जिन लोगों ने उसे सुना, उन्हें अब उसका प्रत्युत्तर देना चाहिए!

   राज्य भविष्य भी था (मत्ती 25)। एक व्यक्ति का भविष्य इस बात पर निर्भर था कि उसने उस समय यीशु को क्या प्रत्युत्तर दिया। राज्य के दृष्टान्तों ने उस नए राज्य का वर्णन किया जो यीशु में आया है। उन्होंने शिष्यत्व के लिए अपनी नैतिक और कट्टरपंथी माँगों का वर्णन किया। कुछ भी जैसा था वैसा नहीं रह सकता। सब मौलिक रूप से नया है और यीशु पर केंद्रित है!
7. दृष्टांत अक्सर मुद्दे या केंद्रीय सत्य को व्यक्त नहीं करते हैं। व्याख्याकार को सन्दर्भ की उन महत्त्वपूर्ण बातों की तलाश करनी चाहिए जो उन केन्द्रीय सत्यों को प्रगट करती है जो मूल रूप से सांस्कृतिक रूप से स्पष्ट हैं लेकिन अब हमारे लिए अस्पष्ट हैं।

F. एक तीसरा स्तर जो अक्सर विवादास्पद होता है, वह है नैतिक कथा के रूप में वर्णित सत्य का छिपा होना। यीशु ने अक्सर दृष्टान्तों में गुप्त बात होने की बात कही (मत्ती 13:9-15; मरकुस 4:9-13; लूका 8:8-10; यूहन्ना 10:6; 16:25)। यह यशायाह 6:9-10 की भविष्यद्वाणी से संबंधित था। सुनने वाले का हृदय समझ के स्तर को निर्धारित करता है (मत्ती 11:15; 13:9,15,16,43; मरकुस 4:9,23,33-34; 7:16; 8:18; लूका 8:8; 9:44; 14:35)।

हालाँकि, यह भी कहा जाना चाहिए कि अक्सर भीड़ (मत्ती 15:10; मरकुस 7:14) और फरीसियों (मत्ती 21:45; मरकुस 12:12; लूका 20:19) ने ठीक से समझ लिया कि यीशु क्या कह रहा था लेकिन विश्वास और पश्चाताप द्वारा उचित रूप से इसका प्रत्युत्तर देने से इनकार कर दिया। एक अर्थ में यह बीज बोनेवाले के दृष्टान्त का सत्य है (मत्ती 13; मरकुस 4; लूका 8)।

दृष्टान्त सत्य को छिपाने या प्रकट करने का एक साधन थे (मत्ती 13:16-17; 16:12; 17:13; लूका 8:10; 10:23-24)।

Grant Osborne, अपने *Hermeneutical Spiral* p. 239 में, इस बात को लिखता है कि

> "दृष्टान्त एक 'आमने-सामने की प्रक्रिया' हैं और दर्शकों के आधार पर अलग-अलग रूप से कार्य करती है. . .प्रत्येक समूह (अगुवे, भीड़, शिष्य) का अलग-अलग प्रकार से दृष्टान्तों से सामना होता है।" अक्सर शिष्यों को भी न तो उसके दृष्टान्त और न ही उसकी शिक्षाएँ समझ में आती थीं (तुलना मत्ती 15:16; मरकुस 6:52; 8:17-18,21; 9:32; लूका 9:45; 18:34; यूहन्ना 12:16)।"

G. एक चौथा स्तर भी विवादास्पद है। यह दृष्टान्तों के केंद्रीय सत्य से संबंधित है। अधिकांश आधुनिक व्याख्याकारों ने दृष्टान्तों की अन्योक्ति-संबंधी व्याख्या पर (उचित रूप से) प्रतिक्रिया व्यक्त की है। अन्योक्ति ने विवरण को सत्य की विस्तृत प्रणालियों में बदल दिया। व्याख्या का यह तरीका ऐतिहासिक विन्यास, साहित्यिक विन्यास या लेखक के अभिप्राय पर ध्यान केंद्रित नहीं करता था, लेकिन व्याख्याकार के विचार को प्रस्तुत करता था, पाठ को नहीं।

हालाँकि, यह स्वीकार किया जाना चाहिए कि यीशु ने जिन दृष्टान्तों की व्याख्या की है, वे बहुत कुछ अन्योक्ति-संबंधी या कम से कम प्रतीकात्मक हैं। यीशु ने सत्य को संप्रेषित करने के लिए विवरणों का प्रयोग किया (बीज बोनेवाला, मत्ती 13; मरकुस 4; लूका 8 और दुष्ट किसान, मत्ती 21; मरकुस 12, लूका 20)।

कुछ अन्य दृष्टान्तों में कई मुख्य सत्य भी हैं। एक अच्छा उदाहरण उड़ाऊ पुत्र का दृष्टान्त है (लूका 15:11-32)। यह न केवल पिता का प्रेम और छोटे पुत्र की स्वच्छंदता है बल्कि बड़े पुत्र का रवैया है जो दृष्टान्त के पूर्ण अर्थ के लिए महत्त्वपूर्ण है।

Linguistics and Biblical Interpretation by Peter Cotterell and Max Turner, से एक उपयोगी उद्धरण,

> "यह किसी भी अन्य की तुलना में एडल्फ़ जूलिचर था जिसने नए नियम के पाण्डित्य को यीशु के शिक्षण में दृष्टान्त की भूमिका को समझने के लिए एक निर्णायक प्रयास के लिए निर्देशित किया था। दृष्टान्तों का आरम्भिक अन्योक्ति बनाना छोड़ दिया गया और एक कुंजी की तलाश शुरू हुई जो हमें उनके वास्तविक अर्थ को भेदने में सक्षम करेगी। लेकिन जैसा कि जेरेमियास ने स्पष्ट किया, 'दृष्टान्तों को हर विस्तृत विवरण की शानदार और मनमानी व्याख्याओं से मुक्त करने के उनके प्रयासों से उन्हें एक घातक त्रुटि हुई।' त्रुटि इस बात पर जोर देने में थी कि न केवल एक दृष्टान्त को एक विचार को व्यक्त करने के रूप में समझा जाना चाहिए, बल्कि यह विचार भी जितना हो सके उतना सामान्य होना चाहिए" (पृष्ठ 308)।

The Hermeneutical Spiral by Grant Osborne का एक अन्य उपयोगी उद्धरण,

> "फिर भी मैंने कई संकेतों पर ध्यान दिया है कि दृष्टान्त वास्तव में अन्योक्तियाँ हैं यद्यपि ये लेखक के अभिप्राय से नियंत्रित हैं। ब्लॉमबर्ग (1990) वास्तव में तर्क करते हैं कि दृष्टान्तों में जितने पात्र हैं उतने ही मुद्दे हैं और वे वास्तव में अन्योक्ति हैं। हालाँकि यह कुछ हद तक बढ़ा चढ़ा कर कहा गया है, यह 'एक मुद्दा' दृष्टिकोण की तुलना में सत्य के करीब है" (पृष्ठ 240)।

H. दृष्टान्तों का प्रयोग सिद्धांतवादी सत्यों को पढ़ाने के लिए किया जाना चाहिए या सिद्धांतवादी सत्यों को प्रकाशित करने के लिए किया जाना चाहिए? अधिकांश व्याख्याकार दृष्टांतों की व्याख्या करने की अन्योक्ति-संबंधी पद्धति के दुरुपयोग से प्रभावित हुए हैं, जिसने उन्हें उन सिद्धांतों को स्थापित करने के लिए प्रयोग करने दिया जिनका यीशु के मूल अभिप्राय से और न ही सुसमाचार लेखक से कोई संबंध था। अर्थ को लेखकीय अभिप्राय से जोड़ा जाना चाहिए। यीशु और सुसमाचार लेखक प्रेरणा के अधीन थे, लेकिन व्याख्याकार नहीं हैं।

हालाँकि कितनी भी बुरी तरह से दृष्टान्तों का दुरुपयोग किया गया है वे अभी भी सत्य, सिद्धांत सत्य के शिक्षण वाहनों के रूप में कार्य करते हैं। इस बात पर बर्नार्ड राम को सुनें।

> "दृष्टान्त अवश्य सिद्धांत सिखाते हैं और यह दावा कि वे सिद्धांत लेखन में बिल्कुल भी उपयोग नहीं किए जा सकते हैं उचित नहीं है. . .हमें अपने प्रभु के सुगम, स्पष्ट शिक्षण और बाकी नए नियम के साथ अपने परिणामों को जाँचना चाहिए। उचित सावधानियों के साथ दृष्टांतों का प्रयोग सिद्धांत को चित्रित करने, मसीही अनुभव को प्रकाशित करने और व्यावहारिक पाठ सिखाने के लिए किया जा सकता है।" *Protestant Biblical Interpretation*" (p. 285)।

II. अंत में मैं तीन उद्धरण देना चाहता हूँ जो दृष्टान्तों की हमारी व्याख्या में चेतावनी को दर्शाते हैं।

A. *How to Read the Bible For All Its Worth* by Gorden Fee and Doug Stuart, से लिया गया:

> "प्रकाशितवाक्य के बाद दृष्टान्तों को कलीसिया में गलत व्याख्या सामना करना पड़ा है" (p. 135)।

B. *Understanding and Applying the Bible* by J. Robertson McQuilkin से लिया गया,

> "दृष्टान्त परमेश्वर के लोगों को आत्मिक सत्य से संबंधित ज्ञान देने में अनकहे आशीर्वाद का स्रोत रहे हैं। इसके साथ ही, दृष्टान्त सिद्धांत और कलीसिया में पालन दोनों में अनकहे भ्रम का स्रोत रहे हैं" (p. 164)।

C. *The Hermeneutical Spiral* by Grant Osborne से लिया गया,

> "दृष्टान्त पवित्रशास्त्र के सबसे अधिक लिखे गए फिर भी ऐसे भाग हैं जिनका व्याख्यात्मक रूप से सबसे अधिक दुष्प्रयोग हुआ है. . .सबसे सक्रिय फिर भी बाइबल की शैलियों में समझ पाने में सबसे मुश्किल है। संचार के लिए दृष्टांत की क्षमता बहुत अधिक है, क्योंकि यह प्रतिदिन के अनुभवों के आधार पर तुलना या कहानी बनाता है। हालाँकि, वह कहानी अपने आप ही कई अर्थ बताने में सक्षम है, और आधुनिक पाठक को इसकी व्याख्या करने में उतनी ही कठिनाई होती है, जितनी प्राचीन श्रोताओं को हुई थी" (p. 235)।

परिशिष्ट दस
एतिहासिक, पाठीय, और शाब्दिक अध्ययनों में अधिकतर प्रयुक्त शब्दों की शब्दावली

अभिग्रहणवाद। यह यीशु के देवता के साथ संबंध के आरम्भिक विचारों में से एक था। यह मूलतः यह दावा करता है कि यीशु हर तरह से एक सामान्य मनुष्य था और उसके बपतिस्मे पर (तुलना मत्ती 3:17; मरकुस 1:11) या उसके पुनरुत्थान पर परमेश्वर द्वारा विशेष अर्थ में अपनाया गया था (रोमियों 1:4)। यीशु ने ऐसा अनुकरणीय जीवन जिया कि परमेश्वर ने किसी समय, (बपतिस्मा, पुनरुत्थान) उसे अपने "पुत्र" के रूप में अपना लिया (तुलना रोमियों 1:4; फिलिप्पियों 2:9)। यह एक प्रारंभिक कलीसिया और आठवीं शताब्दी का अल्पसंख्यक दृष्टिकोण था। परमेश्वर के एक मनुष्य बनने के बजाय (देहधारण) यह उलटा हो जाता है और अब मनुष्य परमेश्वर बन जाता है!

यह शब्दों में अभिव्यक्त करना मुश्किल है कि यीशु, परमेश्वर पुत्र, पूर्व-विद्यमान देवता को एक अनुकरणीय जीवन के लिए किस प्रकार पुरस्कृत या गुणानुवादित किया गया। यदि वह पहले से ही परमेश्वर था, तो उसे कैसे पुरस्कृत किया जा सकता है? यदि उसके पास पूर्व-विद्यमान दिव्य महिमा थी, तो उसे और अधिक आदर कैसे दिया जा सकता है? हालाँकि यह समझ पाना हमारे लिए कठिन है, पिता ने किसी तरह यीशु को पिता की इच्छा को पूर्ण रूप से पूरा करने के लिए एक विशेष अर्थ में आदर दिया।

अलेक्जेंड्रियाई शिक्षा। बाइबल की व्याख्या का यह तरीका दूसरी शताब्दी ई. में मिस्र के अलेक्जेंड्रिया में विकसित किया गया था। यह फिलो के मूल व्याख्यात्मक सिद्धांतों का प्रयोग करता है, जो प्लेटो का एक अनुयायी था। इसे अक्सर अन्योक्तिपरक विधि कहा जाता है। सुधार के समय तक कलीसिया में इसका प्रभुत्व था। इसके सबसे समर्थ प्रस्तावक ओरिजन और अगस्तीन थे। Moises Silva, *Has The Church Misread The Bible?* (Academic, 1987) देखें

अलेक्जेंड्रिनस। अलेक्जेंड्रिया, मिस्र की इस पाँचवीं शताब्दी की यूनानी पांडुलिपि में पुराना नियम, अपोक्रिफा, और अधिकांश नया नियम शामिल है। यह पूरे यूनानी नये नियम (मत्ती, यूहन्ना और 1 कुरिन्थियों के कुछ हिस्सों को छोड़कर) के हमारे प्रमुख गवाहों में से एक है। जब यह पांडुलिपि, जिसे "A" नामित किया गया है और पांडुलिपि जिसे "B" नामित किया गया है (वेटिकनस) एक पठन पर सहमत होते हैं, तो इसे अधिकांश मामलों में अधिकांश विद्वानों द्वारा मूल माना जाता है।

अन्योक्ति। यह बाइबल की व्याख्या का एक प्रकार है, जो मूलतः अलेक्जेंड्रियाई यहूदी धर्म के अंतर्गत विकसित हुआ। इसे अलेक्जेंड्रिया के फिलो ने लोकप्रिय बनाया था। इसका मूल जोर बाइबल के ऐतिहासिक विन्यास और/या साहित्यिक संदर्भ को अनदेखा करके पवित्रशास्त्र को किसी की संस्कृति या दार्शनिक प्रणाली के लिए प्रासंगिक बनाने की एक इच्छा है। यह पवित्रशास्त्र के प्रत्येक पाठ के पीछे एक छिपा हुआ या आत्मिक अर्थ ढूँढ़ताहै। यह स्वीकारा जाना चाहिए कि यीशु ने मत्ती 13 में, और पौलुस ने, गलातियों 4 में, सत्य को व्यक्त करने के लिए अन्योक्ति का प्रयोग किया। यह, हालाँकि, प्ररूपविज्ञान के रूप में था, पूरी तरह से एक अन्योक्ति नहीं।

विश्लेषणात्मक शब्द-संग्रह। यह एक प्रकार का अनुसंधान साधन है, जो नए नियम में प्रत्येक यूनानी रूप की पहचान करने में किसी को सहायक होता है। यह यूनानी वर्णमाला क्रम में, रूपों और बुनियादी परिभाषाओं का संकलन है। एक अंतः पंक्तिक अनुवाद के संयोजन में, यह गैर-यूनानी पाठक विश्वासियों को व्याकरणिक और वाक्यविन्यास रूपों का विश्लेषण करने के लिए सहायता करता है।

पवित्रशास्त्र की समरूपता। यह वह वाक्यांश है जिसका प्रयोग इस दृष्टिकोण का वर्णन करने के लिए किया जाता है कि सम्पूर्ण बाइबल परमेश्वर से प्रेरित है और इसलिए विरोधाभासी नहीं बल्कि पूरक है। यह पूर्व-कल्पित प्रतिज्ञान बाइबल के पाठ की व्याख्या करने में समानांतर अवतरणों का प्रयोग करने के लिए एक आधार है।

अस्पष्टता। यह उस अनिश्चितता को संदर्भित करता है जो एक लिखित दस्तावेज़ में आती है जब दो या अधिक संभावित अर्थ होते हैं या जब दो या अधिक बातों का एक ही समय में उल्लेख किया जा रहा हो। यह संभव है कि यूहन्ना उद्देश्यपूर्ण अस्पष्टता (दोहरे अर्थवाले) का प्रयोग करता है।

मानवरूपी। अर्थ "मानव के साथ जुड़ी हुई विशेषताओं वाला", इस शब्द का प्रयोग परमेश्वर के बारे में हमारी धार्मिक भाषा का वर्णन करने के लिए किया जाता है। यह मानव जाति के लिए प्रयुक्त यूनानी शब्द से आया है। इसका अर्थ है कि

हम परमेश्वर के बारे में ऐसे बोलते हैं जैसे कि वह एक मनुष्य था। परमेश्वर का वर्णन शारीरिक, समाजशास्त्रीय और मनोवैज्ञानिक शब्दों में किया गया है जो मानव से संबंधित हैं (तुलना उत्पत्ति 3:8; 1 राजाओं 22:19-23)। यह, ज़ाहिर है, केवल एक समरूपता है। हालाँकि, हमारे पास प्रयोग करने के लिए मानवीय शब्दों के अलावा कोई श्रेणी या शब्द नहीं हैं। इसलिए, परमेश्वर का हमारा ज्ञान, यद्यपि सत्य है, सीमित है।

अन्ताकियाई शिक्षा। बाइबल की व्याख्या की इस पद्धति का विकास अन्ताकिया, सीरिया में अलेक्जेंड्रिया, मिस्र की अन्योक्तिपरक विधि की प्रतिक्रिया के रूप में तीसरी शताब्दी ई. में हुआ था। इसका मूल जोर बाइबल के ऐतिहासिक अर्थ पर ध्यान केंद्रित करना था। इसने बाइबल को सामान्य, मानवीय साहित्य के रूप में व्याख्यायित किया। यह पद्धति इस विवाद में शामिल हो गई कि क्या मसीह की दो प्रकृतियाँ (नेस्टोरियनवाद) थी या एक प्रकृति (सम्पूर्ण परमेश्वर और सम्पूर्ण मनुष्य)। इसे रोमन कैथोलिक कलीसिया द्वारा कुपन्थी कहा गया और फारस में स्थानांतरित कर दिया गया था लेकिन शिक्षा का महत्त्व बहुत कम था। इसके बुनियादी व्याख्या संबंधी सिद्धांत बाद में प्राचीन प्रोटेस्टेंट सुधारकों (लूथर और केल्विन) के व्याख्यात्मक सिद्धांत बन गए।

विरोधात्मक। यह तीन वर्णनात्मक शब्दों में से एक है जिसका प्रयोग इब्रानी काव्य की पंक्तियों के बीच संबंध को दर्शाने के लिए किया जाता है। यह कविता की उन पंक्तियों से संबंधित है जो अर्थ में विपरीत हैं (तुलना नीतिवचन 10:1, 15:1)।

भविष्यसूचक साहित्य। यह मुख्य रूप से, संभवतः विशिष्ट रूप से, एक यहूदी शैली थी। यह विदेशी जगत की शक्तियों द्वारा यहूदियों पर आक्रमण और कब्जे के समय में प्रयोग किया जाने वाला एक गूढ़ प्रकार का लेखन था। यह मानता है कि एक व्यक्तिगत,छुटकारा देनेवाले परमेश्वर ने संसार की घटनाओं को बनाया और नियंत्रित करता है, और यह कि इस्राएल में उसकी विशेष रुचि और ध्यान है। यह साहित्य परमेश्वर के विशेष प्रयास के माध्यम से अंतिम विजय का वादा करता है।

यह कई गूढ़ शब्दों के साथ अत्यधिक प्रतीकात्मक और काल्पनिक है। इसने अक्सर रंगों, संख्याओं, दर्शनों, स्वप्नों, दैवीय मध्यस्थता, गुप्त कोड शब्दों और अक्सर अच्छे और बुरे के बीच एक स्पष्ट द्वैतवाद में सत्य को व्यक्त किया।

इस शैली के कुछ उदाहरण हैं (1) पुराने नियम में, यहेजकेल (अध्याय 36-48), दानिय्येल (अध्याय 7-12), जकर्याह; और (2) नये नियम में, मत्ती 24; मरकुस 13; 2 थिस्सलुनीकियों 2 और प्रकाशितवाक्य।

पक्ष समर्थक (पाशंसक विद्या)। यह "न्यायिक बचाव" के लिए यूनानी मूल से है। यह धर्मशास्त्र में एक विशिष्ट अध्ययन का विषय है जो मसीही विश्वास के लिए प्रमाण और उचित तर्क देने का प्रयास करता है।

A priori. मूल रूप से यह "पूर्वधारणा" शब्द का पर्याय है। इसमें पहले से स्वीकार की गई परिभाषाओं, सिद्धांतों या पदों पर जिन्हें सच माना गया है, तर्क-वितर्क निहित है । यह वह है जिसे निरीक्षण या विश्लेषण के बिना स्वीकार किया जाता है।

एरियनवाद। अरियस तीसरी और शुरुआती चौथी शताब्दी में अलेक्जेंड्रिया मिस्र में कलीसिया में एक प्रेस्बिटेर थे। उन्होंने पुष्टि की कि यीशु पूर्व विद्यमान था, लेकिन दिव्य नहीं (पिता के समान सार का नहीं), संभवतः नीतिवचन 8:22-31 का अनुसरण करते हुए। अलेक्जेंड्रिया के बिशप द्वारा उन्हें चुनौती दी गई, जिन्होंने एक विवाद शुरू किया (318 ई.) जो कई वर्षों तक चला। एरियनवाद पूर्वी कलीसिया का आधिकारिक पंथ बन गया। 325 ई. में निकैया की परिषद ने अरियस की निंदा की और पुत्र की पूर्ण समानता और देवत्व का दावा किया।

अरस्तू। वह प्राचीन यूनान के दार्शनिकों में से एक, प्लेटो के शिष्य और सिकंदर महान के शिक्षक थे। उनका प्रभाव, आज भी, आधुनिक अध्ययन के कई क्षेत्रों तक है। ऐसा इसलिए है क्योंकि उन्होंने अवलोकन और वर्गीकरण के माध्यम से ज्ञान पर जोर दिया। यह वैज्ञानिक पद्धति के सिद्धांतों में से एक है।

स्वहस्त-लेख। यह बाइबल के मूल लेखनों को दिया गया नाम है। ये मूल, हस्तलिखित पांडुलिपियाँ खोई जा चुकीं हैं। केवल प्रतिलिपियों की प्रतिलिपियाँ ही बची है। यह इब्रानी और यूनानी पांडुलिपियों और प्राचीन संस्करणों में कई पाठ्य भेदों का स्रोत है।

बीज़ेई। यह छठी शताब्दी ई. की एक यूनानी और लातीनी पांडुलिपि है। यह "D" द्वारा नामित है इसमें सुसमाचार और प्रेरितों के काम और कुछ सामान्य पत्रियाँ शामिल हैं। कई शास्त्रीय परिवर्धन इसकी विशेषता है। यह "टेक्स्टस रिसेप्टस" के लिए आधार बनाता है, जो किंग जेम्स वर्जन के पीछे प्रमुख यूनानी पांडुलिपि परंपरा है।

पूर्वाग्रह। यह एक वस्तु या दृष्टिकोण की ओर एक मजबूत पूर्ववृत्ति का वर्णन करने के लिए प्रयोग किया जाने वाला शब्द है। यह वह मानसिकता है जिसमें किसी विशेष वस्तु या दृष्टिकोण के बारे में निष्पक्षता असंभव है। यह एक पूर्वग्रहित स्थिति है।

बाइबल की सत्ता। इस शब्द का प्रयोग एक विशेष अर्थ में किया जाता है। इसकी परिभाषा यह है कि इस बात को समझना कि मूल लेखक ने अपने दिन में क्या कहा था और इस सत्य को हमारे दिन पर लागू करना। बाइबल की सत्ता को सामान्यतः स्वयं बाइबल को हमारे एकमात्र आधिकारिक मार्गदर्शक के रूप में देखने के रूप में परिभाषित किया गया है। हालाँकि, वर्तमान, अनुचित व्याख्याओं के प्रकाश में, मैंने बाइबल की इस अवधारणा को सीमित कर दिया है, कि इसकी ऐतिहासिक व्याकरणिक पद्धति के सिद्धांतों द्वारा व्याख्या की गई है।

कैनन (धर्म विधान)। यह एक ऐसा शब्द है जिसका प्रयोग उन लेखनों का वर्णन करने के लिए किया जाता है, जिन्हें विशिष्ट रूप से प्रेरित माना जाता है। इसका प्रयोग पुराने और नये नियम दोनों पवित्रशास्त्र के लिए किया जाता है।

मसीह केंद्रित। यह एक शब्द है जिसका प्रयोग यीशु की केन्द्रीयता का वर्णन करने के लिए किया जाता है। मैं इसे इस अवधारणा के संबंध में प्रयोग करता हूँ कि यीशु बाइबल के परमेश्वर हैं। पुराना नियम उसकी ओर संकेत करता है और वह इसकी पूर्ति और लक्ष्य है (तुलना मत्ती 5:17-48)।

टिप्पणी। यह एक विशेष प्रकार की शोध पुस्तक है। यह बाइबल की एक पुस्तक की सामान्य पृष्ठभूमि देता है। फिर यह पुस्तक के प्रत्येक विभाग का अर्थ समझाने की कोशिश करता है। कुछ लोग उपयोग पर ध्यान केंद्रित करते हैं, जबकि अन्य लोग पाठ से अधिक पारिभाषिक तरीके से व्यवहार करते हैं। ये पुस्तकें सहायक हैं, लेकिन किसी को भी एक प्रारंभिक अध्ययन करने के बाद इसका प्रयोग किया जाना चाहिए। टीकाकार की व्याख्याओं को कभी भी समालोचना के बिना स्वीकार नहीं करना चाहिए। विभिन्न धर्मशास्त्रीय दृष्टिकोणों से कई टिप्पणियों की तुलना करना सामान्य रूप से सहायक है।

शब्दानुक्रमणिका। यह बाइबल अध्ययन के लिए एक प्रकार का शोध साधन है। यह पुराने और नए नियम के हर शब्द की हर घटना को सूचीबद्ध करता है। यह कई तरीकों से मदद करता है: (1) इब्रानी या यूनानी शब्द का निर्धारण जो किसी विशेष अंग्रेजी शब्द के पीछे निहित है; (2) उन अवतरणों की तुलना करना जहाँ एक ही इब्रानी या यूनानी शब्द का प्रयोग किया गया हो; (3) यह दिखाना कि कहाँ दो अलग-अलग इब्रानी या यूनानी शब्दों को एक ही अंग्रेजी शब्द द्वारा अनुवादित किया गया है; (4) कुछ पुस्तकों या लेखकों में कुछ विशेष शब्दों के प्रयोग की आवृत्ति दिखाना; (5) बाइबल में एक अवतरण खोजने में किसी की सहायता करना (तुलना Walter Clark's *How to Use New Testament Greek Study Aids,* pp. 54-55)

मृत सागर चीरक। यह इब्रानी और अरामी में लिखे गए प्राचीन ग्रंथों की एक श्रृंखला को संदर्भित करता है जो 1947 में मृत सागर के पास पाए गए थे। वे पहली शताब्दी के संप्रदायवादी यहूदी धर्म के धार्मिक पुस्तकालय थे। रोमी आक्रमण के दबाव और 60 के दशक के कट्टरपंथी युद्धों के कारण उन्हें इन चीरकों को भली भांति बंद मिट्टी के बर्तनों में छुपा दिया गया। उन्होंने हमें पहली सदी के पलस्तीन की ऐतिहासिक विन्यास को समझने में मदद की है और इस बात की पुष्टि की है कि मैसोरेटिक पाठ बहुत सटीक है, कम से कम आरम्भिक ईसा पूर्व काल में। उन्हें संक्षिप्त नाम "DSS" दिया गया है।

निगमनात्मक। तर्क या विचार की यह विधि सामान्य सिद्धांतों से हटकर तर्क शक्ति के माध्यम से विशिष्ट अनुप्रयोगों में प्रयुक्त होती है। यह आगमनात्मक तर्क, जो कि अवलोकन की गईं विशिष्टताओं से हटकर सामान्य निष्कर्षों (सिद्धांतों) के द्वारा वैज्ञानिक पद्धति को प्रतिबिंबित करता है, के विपरीत है।

द्वंद्वात्मक। यह तर्क करने का वह तरीका है जिसमें जो परस्पर विरोधी या विरोधाभासी प्रतीत होता है, उसे एक कसाव में एक साथ रखा जाता है, एक ऐसे एकीकृत उत्तर की खोज में जिसमें विरोधाभास के दोनों पक्ष शामिल हों। कई बाइबल सिद्धांतों में द्वंद्वात्मक जोड़े हैं, पूर्वनिर्धारण-स्वतंत्र इच्छा; सुरक्षा-दृढ़ता; आस्था-काम; निर्णय-शिष्यत्व; मसीही स्वतंत्रता-मसीही जिम्मेदारी।

प्रवासी। यह पारिभाषिक यूनानी शब्द है जिसका प्रयोग पलस्तीनी यहूदियों ने अन्य यहूदियों का वर्णन करने के लिए किया है जो प्रतिज्ञा के देश की भौगोलिक सीमाओं से बाहर रहते हैं।

सक्रिय समतुल्य। यह बाइबल अनुवाद का एक सिद्धांत है। बाइबल अनुवाद को "शब्द से शब्द" अनुरूपता से एक अबाध क्रम के रूप में देखा जा सकता है, जहाँ "संक्षिप्त व्याख्या", जिसमें मूल शब्दों या वाक्यांशों के प्रयोग पर अधिक ध्यान न देते हुए केवल एक विचार का अनुवाद किया जाता है, हर इब्रानी या यूनानी शब्द के लिए एक अंग्रेजी शब्द दिया जाना चाहिए। इन दो सिद्धांतों के बीच में "सक्रिय समतुल्य" है जो मूल पाठ को गंभीरता से लेने का प्रयास करता है, लेकिन आधुनिक व्याकरणिक रूपों और मुहावरों में इसका अनुवाद करता है। अनुवाद के इन विभिन्न सिद्धांतों की एक अच्छी अच्छी चर्चा Fee and Stuart's *How to Read the Bible For All Its Worth*, p. 35 और Robert Bratcher's Introduction to the TEV में पाई जाती है।

चयनशील। इस शब्द का प्रयोग पाठ्य समीक्षा के संबंध में किया जाता है। यह एक ऐसे पाठ तक पहुँचने के लिए जो मूल स्वहस्त-लेखों के करीब माना जाता है, विभिन्न यूनानी पांडुलिपियों से पठन चुनने के चलन को संदर्भित करता है । यह इस दृष्टिकोण को अस्वीकार करता है कि यूनानी पांडुलिपियों का कोई एक वर्ग मूलरूप को समझ पाता है।

स्वैर भाष्य। यह टीका के विपरीत है। यदि टीका मूल लेखक के अभिप्राय से "बाहर ले जाना" है, तो इस शब्द का तात्पर्य एक भिन्न विचार या मत को "अन्दर लेकर आना" होता है।

व्युत्पत्ति। यह शब्द अध्ययन का एक पहलू है जो किसी शब्द के मूल अर्थ का पता लगाने की कोशिश करता है। इस मूल अर्थ से, विशेष प्रयोग अधिक आसानी से पहचाने जाते हैं। व्याख्या में, व्युत्पत्ति मुख्य केंद्रबिंदु नहीं है, बल्कि एक शब्द का समकालीन अर्थ और प्रयोग है।

टीका। यह एक विशिष्ट अवतरण की व्याख्या करने के चलन के लिए पारिभाषिक शब्द है। इसका अर्थ है "बाहर ले जाना" (पाठ से) जिसका तात्पर्य है कि हमारा उद्देश्य ऐतिहासिक विन्यास, साहित्यिक संदर्भ, वाक्यविन्यास और समकालीन शब्दार्थ के प्रकाश में मूल लेखक के अभिप्राय को समझना है।

शैली। यह एक फ्रांसीसी शब्द है जो विभिन्न प्रकार के साहित्य को दर्शाता है। शब्द का जोर है साहित्यिक रूपों को उन श्रेणियों में विभाजित करना जो सामान्य विशेषताओं को साझा करते हैं: ऐतिहासिक कथा, काव्य, कहावत, भविष्य सूचक और विधान।

ज्ञानवाद। इस कुपन्थ के बारे में हमारा अधिकांश ज्ञान दूसरी शताब्दी के ज्ञानवादी लेखन से आता है। हालाँकि, आरंम्भिक विचार पहली सदी (और उससे पहले) से मौजूद थे।

दूसरी शताब्दी के वैलेंशियन और सेरिन्थियन ज्ञानवाद के कुछ कथित सिद्धांत हैं: (1) तत्व और आत्मा सह-शाश्वत (एक सत्तामूलक द्वंद्ववाद) थे। तत्व दुष्ट है, आत्मा भला है। परमेश्वर, जो आत्मा है, सीधे तौर पर गढ़ने वाले दुष्ट तत्व के साथ शामिल नहीं हो सकता; (2) परमेश्वर और तत्व के बीच निर्गम (*eons* या दैवीय स्तर) हैं। अन्तिम या सबसे निम्न पुराने नियम का YHWH था, जिसने ब्रह्मांड (*kosmos*) का गठन किया था; (3) यीशु YHWH की तरह एक निर्गम था लेकिन ऊँचे स्तर पर, सच्चे परमेश्वर के करीब। कुछ लोगों ने उसे सर्वोच्च माना, लेकिन परमेश्वर से कम और निश्चित रूप से देहधारी देवता नहीं (तुलना यूहन्ना 1:14)। चूँकि तत्व दुष्ट है, यीशु एक मानव देह में होकर दिव्य नहीं हो सकता है। वह एक आत्मिक आभास था (तुलना 1 यूहन्ना 1:1-3; 4:1-6); और (4) उद्धार यीशु में विश्वास और विशेष ज्ञान के माध्यम से प्राप्त किया जाता था, जो केवल विशेष व्यक्तियों द्वारा जाना गया है। स्वर्गीय क्षेत्रों से गुजरने के लिए ज्ञान (संकेत-शब्दों) की आवश्यकता थी। परमेश्वर तक पहुँचने के लिए यहूदी विधिपरायणता की भी आवश्यकता थी।

ज्ञानवादी झूठे शिक्षकों ने दो विपरीत नैतिक प्रणालियों का समर्थन किया: (1) कुछ लोगों के लिए, जीवनशैली उद्धार से संबंधित नहीं थी। उनके लिए, उद्धार और आत्मिकता को दैवीय स्तरों (*eons*) के माध्यम से गुप्त ज्ञान (संकेत-शब्दों) में समझाया गया था; या (2) दूसरों के लिए, जीवनशैली उद्धार के लिए महत्त्वपूर्ण थी। उन्होंने सच्ची आत्मिकता के प्रमाण के रूप में एक आत्म संयमी जीवन शैली पर जोर दिया।

हेर्मेनेयुटिक्स। यह उन सिद्धांतों के लिए शब्द है जो टीका का मार्गदर्शन करतें हैं। यह विशिष्ट दिशानिर्देशों और कला/दान दोनों का एक समूह है। बाइबल का, या पवित्र, हेर्मेनेयुटिक्स सामान्यतः दो श्रेणियों में विभाजित हैं: सामान्य सिद्धांत और

विशेष सिद्धांत। ये बाइबल में पाए जाने वाले विभिन्न प्रकार के साहित्य से संबंधित हैं। प्रत्येक अलग प्रकार (शैली) के अपने विशिष्ट दिशानिर्देश हैं, लेकिन कुछ सामान्य मान्यताओं और व्याख्या की प्रक्रियाओं को भी साझा करती है।

उच्च समीक्षा। यह बाइबल की व्याख्या की एक प्रक्रिया है जो बाइबल की एक विशेष पुस्तक के ऐतिहासिक विन्यास और साहित्यिक संरचना पर केंद्रित है।

मुहावरा। इस शब्द का प्रयोग विभिन्न संस्कृतियों में पाए जाने वाले वाक्यांशों के लिए किया जाता है, जिनका विशेष अर्थ होता है, जो व्यक्तिगत शब्दों के सामान्य अर्थ से जुड़ा नहीं होता है। कुछ आधुनिक उदाहरण हैं: "जो बहुत अच्छा था," या "तुमने मुझे बस मार डाला।" बाइबल में इस प्रकार के वाक्यांश भी हैं।

प्रकाशन। यह उस अवधारणा को दिया गया नाम है कि परमेश्वर ने मानवजाति से बातचीत की है। पूर्ण अवधारणा सामान्य रूप से तीन शब्दों द्वारा व्यक्त की जाती है: (1) प्रकटीकरण- परमेश्वर ने मानव इतिहास में कार्य किया है; (2) प्रेरणा- उसने कुछ चुने हुए पुरुषों को मानव जाति के लिए दर्ज़ करने के लिए उसके कार्यों और उनके अर्थ की उचित व्याख्या दी है; और (3) प्रकाशन -उसने मानवजाति को उसके आत्म-प्रकटीकरण को समझने में मदद करने के लिए अपनी आत्मा दी है।

आगमनात्मक। यह तर्क या विचार का वह तरीका है जो विशेष से सम्पूर्ण की ओर जाता है। यह आधुनिक विज्ञान की अनुभवजन्य पद्धति है। यह मूलतः अरस्तू का दृष्टिकोण है।

अंतः पंक्तिक। यह एक प्रकार का अनुसंधान साधन है, जो उन लोगों को जो एक बाइबल की भाषा नहीं पढ़ते हैं, इसके अर्थ और संरचना का विश्लेषण करने में सक्षम करता है। यह मूल बाइबल की भाषा के नीचे शब्द के लिए एक शब्द स्तर पर अंग्रेजी अनुवाद को रखता है। यह साधन, "विश्लेषणात्मक शब्द संग्रह" के साथ संयुक्त होने पर, इब्रानी और यूनानी के रूपों और मूल परिभाषाओं को बताता है।

प्रेरणा। यह वह अवधारणा है कि परमेश्वर ने बाइबल के लेखकों को सही ढंग से और स्पष्ट रूप से उसके प्रकटीकरण को दर्ज करने के लिए मार्गदर्शन करने के द्वारा मानवजाति से बात की है। पूर्ण अवधारणा सामान्य रूप से तीन शब्दों द्वारा व्यक्त की जाती है: (1) प्रकटीकरण- परमेश्वर ने मानव इतिहास में कार्य किया है; (2) प्रेरणा- उसने कुछ चुने हुए पुरुषों को मानव जाति के लिए दर्ज़ करने के लिए उसके कार्यों और उनके अर्थ की उचित व्याख्या दी है; और (3) प्रकाशन - उसने मानवजाति को उसके आत्म-प्रकटीकरण को समझने में मदद करने के लिए अपनी आत्मा दी है।

विवरण की भाषा। इसका प्रयोग उन मुहावरों के संबंध में किया जाता है जिनमें पुराना नियम लिखा गया है। जिस प्रकार पाँचों इंद्रियों को प्रतीत होता है, यह उसी प्रकार से हमारे संसार की बात करती है। यह वैज्ञानिक विवरण नहीं है, और न ही इसका उद्देश्य यह था।

विधिपरायणता नियमों या संस्कारों पर अत्याधिक जोर देना इस प्रवृति की विशेषता है। यह परमेश्वर द्वारा स्वीकृति के साधन के रूप में मानव द्वारा नियमों के व्यवहार पर भरोसा करने के लिए प्रवृत्त होता है। यह संबंध को तुच्छ समझता है और व्यवहार को बढ़ावा देता है, दोनों एक पवित्र परमेश्वर और पापी मानवता के बीच वाचा के संबंध के महत्त्वपूर्ण पहलू हैं।

शाब्दिक। यह अन्तकिया के पाठय-केंद्रित और ऐतिहासिक पद्धति के हेर्मेनेयुटिक्स के लिए एक और नाम है। इसका अर्थ है कि व्याख्या में मानव भाषा का सामान्य और स्पष्ट अर्थ शामिल है, हालाँकि फिर भी यह आलंकारिक भाषा के प्रयोग को मान्यता देता है।

साहित्यिक शैली। यह उन विशिष्ट रूपों को संदर्भित करता है जो मानव संचार हो सकता है, जैसे कि काव्य या ऐतिहासिक कथा। प्रत्येक प्रकार के साहित्य में सारे लिखित साहित्य के लिए सामान्य सिद्धांतों के अतिरिक्त अपनी स्वयं की विशेष व्याख्या से संबंधित प्रक्रियाएँ होती हैं।

साहित्यिक इकाई। यह बाइबल की एक पुस्तक के प्रमुख विचार विभागों को संदर्भित करती है। यह कुछ पदों, अनुच्छेदों या अध्यायों से बना हो सकती है। यह एक केंद्रीय विषय के साथ एक स्व-निहित इकाई है।

लघु समीक्षा। "पाठ्य समीक्षा देखें।"

पांडुलिपि। यह शब्द यूनानी नये नियम की विभिन्न प्रतियों से संबंधित है। सामान्य तौर पर उन्हें इनके द्वारा विभिन्न प्रकारों में विभाजित किया जाता है (1) वह वस्तु जिस पर उन्हें लिखा जाता है (पपीरस, चमड़ा), या (2) लेखन का रूप (सभी बृहदक्षर या छोटे अक्षर की लिपि)। "MS" (एकवचन) या "MSS" (बहुवचन) इनका संक्षिप्त रूप है।

मैसोरेटिक पाठ। यह नौवीं शताब्दी ई. के यहूदी विद्वानों की पीढ़ियों द्वारा प्रस्तुत पुराने नियम की इब्रानी पांडुलिपियों को संदर्भित करता है, जिसमें स्वरांकन बिंदु और अन्य पाठ्य टिप्पणियाँ शामिल हैं। यह हमारे अंग्रेजी पुराने नियम के लिए मूल पाठ बनाता है। इसके पाठ की ऐतिहासिक रूप से इब्रानी MSS द्वारा, विशिष्ट रूप से यशायाह, जिसे मृत सागर चीरकों से जाना जाता है, पुष्टि की गई है। "MT" इसका संक्षिप्त रूप है।

लक्षणालंकार। यह वह अलंकार है जिसमें किसी वस्तु का नाम उसके साथ जुड़ी किसी और बात का प्रतिनिधित्व करने के लिए प्रयोग किया जाता है। उदाहरण के रूप में, "केतली उबल रही है" का वास्तविक अर्थ है "केतली के भीतर का पानी उबल रहा है।"

मुराटोरियन फ्रेगमेंट्स। यह नये नियम की धर्मवैधानिक पुस्तकों की एक सूची है। इसे 200 ई. से पहले रोम में लिखा गया था। इसमें भी प्रोटेस्टेंट नये नियम के समान ही सत्ताईस पुस्तकें हैं। यह स्पष्ट रूप से दिखाता है कि रोमी साम्राज्य के विभिन्न हिस्सों में स्थानीय कलीसियाओं ने चौथी सदी की प्रमुख कलीसिया काउंसिल से पहले "व्यावहारिक रूप से" धर्मविधान (कैनन) को निर्धारित कर दिया था।

प्राकृतिक प्रकटीकरण। यह मनुष्य के लिए परमेश्वर के आत्म-प्रकटीकरण की एक श्रेणी है। इसमें प्राकृतिक व्यवस्था (रोमियों 1:19-20) और नैतिक चेतना शामिल है (रोमियों 2:14-15)।भजनसंहिता 19:1-6 और रोमियों 1-2 इसका वर्णन करता है। यह विशेष प्रकटीकरण से अलग है, जो बाइबल में परमेश्वर का और सर्वोच्च रूप से नासरत के यीशु का विशिष्ट आत्म-प्रकटीकरण है।

मसीही वैज्ञानिकों (जैसे ह्यूग रॉस के लेखन) के बीच "पुरानी पृथ्वी" आंदोलन द्वारा इस धर्मशास्त्रीय श्रेणी पर फिर से जोर दिया जा रहा है। वे इस श्रेणी का प्रयोग यह बताने के लिए करते हैं कि सम्पूर्ण सत्य परमेश्वर का सत्य है। प्रकृति परमेश्वर के बारे में ज्ञान का एक खुला द्वार है; यह विशेष प्रकटीकरण (बाइबल) से अलग है। यह आधुनिक विज्ञान को प्राकृतिक व्यवस्था पर शोध करने की स्वतंत्रता प्रदान करता है। मेरी राय में यह आधुनिक वैज्ञानिक पश्चिमी दुनिया का साक्षी बनने का एक शानदार अवसर है।

नेस्टोरियनवाद। नेस्टोरियस पाँचवीं शताब्दी में कॉन्स्टेंटिनोपल के कुलपति थे। उन्होने सीरिया के अन्ताकिया में प्रशिक्षिण लिया था और यह दावा किया कि यीशु के दो स्वभाव थे, एक सम्पूर्ण मानव और दूसरा एक सम्पूर्ण दिव्य। यह दृष्टिकोण अलेक्जेंड्रिया के रूढ़िवादी एक स्वभाव दृष्टिकोण से हट कर था। नेस्टोरियस की मुख्य चिंता थी मरियम को दिया गया "परमेश्वर की माँ" नाम। नेस्टोरियस का विरोध अलेक्जेंड्रिया के सिरिल और निहितार्थ से, उनके अपने अन्ताकियाई प्रशिक्षण द्वारा किया गया। अन्ताकिया बाइबल की व्याख्या के लिए ऐतिहासिक-व्याकरणिक-शाब्दिक दृष्टिकोण का मुख्यालय था, जबकि अलेक्जेंड्रिया के व्याख्या के चार-गुना (अन्योक्ति संबंधी) शिक्षा का मुख्यालय था। नेस्टोरियस को अंततः पद से हटा दिया गया और निर्वासित कर दिया गया।

मूल लेखक। यह पवित्रशास्त्र के वास्तविक साहित्यकारों/लेखकों को संदर्भित करता है।

पपीरस। यह मिस्र से एक प्रकार की लेखन सामग्री है। इसे सरकंडों से बनाया जाता है। यह वह सामग्री है जिस पर यूनानी नये नियम की हमारी सबसे पुरानी प्रतियाँ लिखी गई हैं।

समानांतर अवतरण। वे इस अवधारणा का हिस्सा हैं कि सम्पूर्ण बाइबल ईश्वर-प्रदत्त है और इसलिए, यह स्वयं की सर्वश्रेष्ठ व्याख्याकार और मिथ्याभासी सत्यों की संतुलक है। यह तब भी सहायक होता है जब कोई अनिश्चित या अस्पष्ट अवतरण की व्याख्या करने का प्रयास करता है। वे किसी दिए गए विषय पर सबसे स्पष्ट अवतरण और किसी दिए गए विषय के अन्य पवित्रशास्त्रीय पहलुओं को खोजने में भी मदद करते हैं।

संक्षिप्त व्याख्या। यह बाइबल अनुवाद का एक सिद्धांत है। बाइबल अनुवाद को "शब्द से शब्द" अनुरूपता से एक अबाध क्रम के रूप में देखा जा सकता है, जहाँ "संक्षिप्त व्याख्या", जिसमें मूल शब्दों या वाक्यांशों के प्रयोग पर अधिक ध्यान न देते हुए केवल एक विचार का अनुवाद किया जाता है, हर इब्रानी या यूनानी शब्द के लिए एक अंग्रेजी शब्द दिया जाना चाहिए। इन दो सिद्धांतों के बीच में "सक्रिय समतुल्य" है जो मूल पाठ को गंभीरता से लेने का प्रयास करता है, लेकिन आधुनिक व्याकरणिक रूपों और मुहावरों में इसका अनुवाद करता है। अनुवाद के इन विभिन्न सिद्धांतों की एक अच्छी अच्छी चर्चा Fee and Stuart's *How to Read the Bible For All Its Worth*, p. 35 में पाई जाती है।

अनुच्छेद। यह गद्य में मूल व्याख्यात्मक साहित्यिक इकाई है। इसमें एक केंद्रीय विचार और उसका विकास शामिल है। यदि हम इसके प्रमुख जोर (केंद्रीय विचार) पर लक्ष्य रखते हैं तो हम सूक्ष्म बातों को प्रमुखता नहीं देगें या मूल लेखक के अभिप्राय को नहीं चूकेंगे।

संकीर्णता। यह उन पूर्वाग्रहों से संबंधित है जो एक स्थानीय धर्मशास्त्रीय/सांस्कृतिक विन्यास में सीमित हैं। यह बाइबल के सत्य या उसके अनुप्रयोग की अन्तरसांस्कृतिक प्रकृति को नहीं पहचानता है।

मिथ्याभास। यह उन सत्यों को संदर्भित करता है जो विरोधाभासी प्रतीत होते हैं, फिर भी दोनों सत्य हैं, हालाँकि आपस में तनाव है। वे मानो विपरीत दिशाओं से प्रस्तुत करते हुए सत्य का गठन करते हैं। बहुत से बाइबल के सत्य को मिथ्याभासी (या द्वंद्वात्मक) जोड़ियों में प्रस्तुत किया गया है। बाइबल की सच्चाइयाँ अलग-थलग तारे नहीं हैं, बल्कि वे नक्षत्र हैं जो तारों के नमूनों से बने हैं।

प्लेटो। वह प्राचीन यूनान के दार्शनिकों में से एक थे। उनके दर्शन ने आरम्भिक कलीसिया को अलेक्जेंड्रिया, मिस्र के विद्वानों और बाद में, ऑगस्तीन के माध्यम से प्रभावित किया। उनका मानना था कि पृथ्वी पर सब कुछ भ्रमित करनेवाला और एक आत्मिक मूलरूप आदर्श की प्रति मात्र था। धर्मशास्त्रियों ने बाद में प्लेटो के "रूपों/विचारों" को आत्मिक क्षेत्र के समान माना।

पूर्वधारणा। यह किसी विषय की हमारी पूर्वकल्पित समझ को दर्शाता है। अक्सर हम स्वयं पवित्रशास्त्र में जाने से पहले मुद्दों के बारे में राय या निर्णय लेते हैं। इस मनोवृत्ति को पूर्वाग्रह, एक *priori* स्थिति, एक कल्पना या एक पूर्वज्ञान के रूप में भी जाना जाता है।

प्रूफ़-टेक्स्टिंग। यह अपनी साहित्यिक इकाई में निकटतम संदर्भ या विस्तृत संदर्भ की परवाह किए बिना एक पद को उद्धृत करके शास्त्र की व्याख्या करने का नित्य प्रयोग है। यह मूल लेखक के अभिप्राय में से पदों को हटा देता है और बाइबल की सत्ता का दावा करते हुए सामान्यतः एक व्यक्तिगत राय को साबित करने का प्रयास इसमें शामिल है।

रब्बियों का यहूदी धर्म। यहूदी लोगों के जीवन का यह चरण बेबीलोन के निर्वासन (586-538 ई.पू.) में शुरू हुआ। जैसे ही याजकों और मंदिर के प्रभाव को हटाया गया, स्थानीय आराधनालय यहूदी जीवन का केंद्रबिंदु बन गए। यहूदी संस्कृति सहभागिता, आराधना और बाइबल अध्ययन के ये स्थानीय केंद्र, राष्ट्रीय धार्मिक जीवन का केंद्रबिंदु बन गए। यीशु के दिनों में इस "शास्त्रियों का धर्म" याजकों के धर्म के समानांतर था। 70 ई. में यरूशलेम के पतन के समय, फरीसियों के वर्चस्व वाले शास्त्रीय रूप ने यहूदी धार्मिक जीवन की दिशा को नियंत्रित किया। तोराह की एक व्यावहारिक, कानूनी व्याख्या इसकी विशेषता है, जैसा कि मौखिक परंपरा (तल्मूद) में बताया गया है।

प्रकटीकरण। यह उस अवधारणा को दिया गया नाम है कि परमेश्वर ने मानवजाति से बातचीत की है। पूर्ण अवधारणा सामान्य रूप से तीन शब्दों द्वारा व्यक्त की जाती है: (1) प्रकटीकरण- परमेश्वर ने मानव इतिहास में कार्य किया है; (2) प्रेरणा-उसने कुछ चुने हुए पुरुषों को मानव जाति के लिए दर्ज़ करने के लिए उसके कार्यों और उनके अर्थ की उचित व्याख्या दी है; और (3) प्रकाशन -उसने मानवजाति को उसके आत्म-प्रकटीकरण को समझने में मदद करने के लिए अपनी आत्मा दी है।

शब्दार्थ क्षेत्र। यह एक शब्द के साथ जुड़े अर्थों के विभिन्न प्रकारों को संदर्भित करता है। ये एक शब्द के विभिन्न संदर्भों में अलग-अलग लक्ष्यार्थ हैं।

सेप्टुआजिंट। यह इब्रानी पुराने नियम के यूनानी अनुवाद को दिया गया नाम है। परंपरा कहती है कि मिस्र के अलेक्जेंड्रिया के पुस्तकालय के लिए सत्तर यहूदी विद्वानों द्वारा सत्तर दिनों में लिखा गया था। पारंपरिक तिथि लगभग 250 ई.पू. (वास्तव में संभवतः इसे पूरा होने में एक सौ साल लग गए)। यह अनुवाद महत्त्वपूर्ण है क्योंकि (1) यह हमें मैसोरेटिक इब्रानी पाठ से तुलना करने के लिए एक प्राचीन पाठ देता है; (2) यह हमें तीसरी और दूसरी शताब्दी ई. पू. में यहूदी व्याख्या की स्थिति दिखाता है; (3) यह हमें यीशु की अस्वीकृति से पहले यहूदी मसीहाई समझ देता है। इसका संक्षिप्त नाम "LXX" है।

सिनैटिकस। यह चौथी शताब्दी ई. की एक यूनानी पांडुलिपि है। इसे जर्मनी के विद्वान, टिस्चेनडोर्फ ने सीनै पर्वत के पारंपरिक स्थल जेबेल मूसा पर सेंट कैथरीन मठ में पाया था। इस पांडुलिपि को इब्रानी वर्णमाला के पहले अक्षर *"aleph"* [א] द्वारा नामित किया गया है। इसमें पुराना और पूरा नया नियम दोनों शामिल हैं। यह हमारे सबसे प्राचीन बृहदक्षर MSS में से एक है।

आत्मिक बनाना। यह शब्द अन्योक्ति में वर्णन करने का इस अर्थ में पर्याय है कि यह एक अवतरण के ऐतिहासिक और साहित्यिक संदर्भ को हटा देता है और अन्य मानदंडों के आधार पर उसकी व्याख्या करता है।

पर्यायवाची। यह सटीक या बहुत समान अर्थ वाले शब्दों को संदर्भित करता है (हालाँकि वास्तव में कोई दो शब्दों का एक पूर्ण शब्दार्थ अतिव्यापन नहीं है)। वे इतने करीब से संबंधित हैं कि वे अर्थ को खोए बिना वाक्य में एक दूसरे की जगह ले सकते हैं। इसका प्रयोग इब्रानी काव्यात्मक समानतावाद के तीन रूपों में से एक को नामित करने के लिए भी किया जाता है। इस अर्थ में यह काव्य की उन दो पंक्तियों को संदर्भित करता है जो एक ही सत्य को व्यक्त करती हैं (तुलना भजनसंहिता 103:3)।

वाक्य-विन्यास। यह एक यूनानी शब्द है जो एक वाक्य की संरचना को संदर्भित करता है। यह इस बात से संबंधित है कि एक वाक्य के भागों को किस प्रकार एक पूर्ण विचार बनाने के लिए एक साथ रखा गया है।

कृत्रिम। यह तीन शब्दों में से एक है जो इब्रानी काव्य के प्रकारों से संबंधित है। यह शब्द काव्य की उन पंक्तियों के बारे में बात करता है जो एक दूसरे में एक बढ़ने वाले अर्थ में निर्मित होती हैं, जिसे कभी-कभी "मौसमी" कहा जाता है (तुलना भजनसंहिता 19:7-9)।

सुनियोजित धर्मशास्त्र। यह व्याख्या का एक चरण है जो बाइबल की सच्चाइयों को एकीकृत और तर्कसंगत तरीके से वर्णन करने की कोशिश करता है। यह मसीही धर्मशास्त्र की श्रेणियों (परमेश्वर, मनुष्य, पाप, उद्धार, आदि) के आधार पर मात्र एक ऐतिहासिक प्रस्तुति के बजाय एक तार्किक प्रस्तुति है।

तल्मूद। यह यहूदी मौखिक परंपरा के संहिताकरण का शीर्षक है। यहूदियों का मानना है कि यह सीनै पहाड़ पर परमेश्वर द्वारा मूसा को मौखिक रूप से दिया गया था। वास्तव में यह वर्षों से यहूदी शिक्षकों का कुल ज्ञान प्रतीत होता है। तल्मूद के दो अलग-अलग लिखित संस्करण हैं: बेबीलोनियाई और छोटा, अधूरा पलस्तीनी।

पाठ्य समीक्षा। यह बाइबल की पांडुलिपियों का अध्ययन है। पाठ्य समीक्षा आवश्यक है क्योंकि कोई भी मूलरूप मौजूद नहीं है और प्रतियाँ एक दूसरे से भिन्न होती हैं। यह विभिन्नताओं को समझाने और पुराने और नये नियम के स्व-हस्त लेखों के मूल शब्दांकन के (यथासंभव निकट) आने का प्रयास करता है। इसे अक्सर "लघु समीक्षा" कहा जाता है।

टेक्स्टस रिसेप्टस। यह पदनाम 1633 ई. में यूनानी नये नियम के एलेज़वीर के संस्करण में विकसित हुआ था। मूल रूप से यह यूनानी नये नियम का एक रूप है जिसे इरास्मस (1510-1535), स्टीफेनस (1546-1559) और एलेज़वीर (1624-1678) कुछ बाद की यूनानी पांडुलिपियों और लातिनी संस्करणों से बनाया गया था। *An Introduction to the Textual Criticism of the New Testament*, p. 27 में, ए. टी. रॉबर्टसन कहते हैं "बीजान्टिन पाठ व्यावहारिक रूप से टेक्स्टस रिसेप्टस है।" बीजान्टिन पाठ प्रारंभिक यूनानी पांडुलिपियों के तीन वर्गों (पश्चिमी, अलेक्जेंड्रियन और बीजान्टिन) का सबसे कम मूल्यवान है। इसमें हाथ से नकल किए गए ग्रंथों की सदियों की संचयित त्रुटियाँ हैं। हालाँकि, ए. टी. रॉबर्टसन यह भी कहते हैं, "टेक्स्टस रिसेप्टस ने हमारे लिए काफी हद तक एक सटीक पाठ संरक्षित किया है" (p. 21)। यह यूनानी पांडुलिपि परंपरा (विशेष रूप से इरास्मस का 1522 का तीसरा संस्करण) 1611 ई. किंग जेम्स वर्जन का आधार है।

तोराह। यह "शिक्षण" के लिए इब्रानी शब्द है। यह मूसा के लेखन के लिए आधिकारिक शीर्षक बन गया (उत्पत्ति से व्यवस्थाविवरण तक)। यह यहूदियों के लिए, इब्रानी कैनन (धर्मविधान) का सबसे आधिकारिक विभाग है।

प्रतीकात्मक। यह एक विशेष प्रकार की व्याख्या है। सामान्यतः इसमें एक अनुरूप प्रतीक के माध्यम से पुराने नियम के अवतरणों में पाया गया नये नियम का सत्य शामिल है। हेर्मेनेयुटिक्स की यह श्रेणी अलेक्जेंड्रियन विधि का एक प्रमुख तत्व थी। इस प्रकार की व्याख्या के दुरुपयोग के कारण, इसका प्रयोग नए नियम में दर्ज विशिष्ट उदाहरणों तक सीमित रखना चाहिए।

वेटिकनस। यह चौथी शताब्दी ई. की यूनानी पांडुलिपि है। यह वेटिकन के पुस्तकालय में पाया गया था। मूल रूप से इसमें पुराना नियम, एपॉक्रिफा और नया नियम शामिल है। हालाँकि, कुछ हिस्से खो गए थे (उत्पत्ति, भजन, इब्रानियों, पादरी-संबंधी, फिलेमोन और प्रकाशितवाक्य)। यह स्वहस्त लेखों के मूल शब्द निर्धारण में एक बहुत ही उपयोगी पांडुलिपि है। यह एक बड़े अक्षर "B" द्वारा नामित है

वुल्गेट। यह बाइबल के जेरोम के लातिनी अनुवाद का नाम है। यह रोमन कैथोलिक कलीसिया के लिए मूल या "सामान्य" अनुवाद बन गया। यह 380 ई. में किया गया था।

बुद्धि साहित्य। यह प्राचीन निकट पूर्व (और आधुनिक संसार) के साहित्य की एक सामान्य शैली थी। यह मूलतः नई पीढ़ी को काव्य, कहावत या निबंध के माध्यम से सफल जीवनयापन के लिए दिशानिर्देशों का निर्देश देने का एक प्रयास था। इसे सामूहिक समाज की बजाय व्यक्ति को अधिक संबोधित करता था। इसने इतिहास के संकेतों का प्रयोग नहीं किया बल्कि जीवन के अनुभवों और अवलोकन पर आधारित था। बाइबल में, अय्यूब से लेकर श्रेष्ठगीत तक YHWH की उपस्थिति और आराधना को ग्रहण किया, लेकिन यह धार्मिक विश्वदृष्टिकोण हर बार हर मानव अनुभव में स्पष्ट नहीं है।

एक शैली के रूप में यह सामान्य सत्य बताता है। हालाँकि, इस शैली का प्रयोग हर विशिष्ट परिस्थिति में नहीं किया जा सकता है। ये सामान्य कथन हैं जो हमेशा हर व्यक्तिगत परिस्थिति पर लागू नहीं होते हैं।

इन संतों ने जीवन के कठिन प्रश्न पूछने का साहस किया। अक्सर वे पारंपरिक धार्मिक विचारों (अय्यूब और सभोपदेशक) को चुनौती देते थे। वे जीवन की त्रासदियों के बारे में आसान जवाबों के लिए एक संतुलन और तनाव बनाते हैं।

विश्वचित्र और विश्वदृष्टिकोण। ये साथी शब्द हैं। ये दोनों सृष्टि से संबंधित दार्शनिक अवधारणाएँ हैं। "विश्वचित्र" शब्द सृजन के "कैसे" का उल्लेख है, जबकि "विश्वदृष्टि" का संबंध "कौन" से है। ये शब्द उस व्याख्या के लिए प्रासंगिक हैं जिससे उत्पत्ति 1-2 मुख्य रूप से संबंधित है, सृजन का कौन, न कि कैसे।

YHWH. यह पुराने नियम में परमेश्वर के लिए वाचा का नाम है। इसे निर्गमन 3:14 में परिभाषित किया गया है। यह इब्रानी शब्द "होना" का प्रेरणार्थक रूप है। यहूदी नाम का उच्चारण करने से डरते थे, ऐसा न हो कि वे इसे व्यर्थ में ले लें; इसलिए, उन्होंने इब्रानी शब्द *Adonai,* "प्रभु" से इसे बदल दिया। इस वाचा के नाम का इस तरह अंग्रेजी में अनुवाद किया गया है।

परिशिष्ट ग्यारह

उद्धृत और प्रस्तावित पुस्तकों की ग्रंथसूची

Barr, James. *The Semantics of Biblical Language.* Oxford: Oxford University Press, 1961

Barton, John. *Holy Writings – Sacred Text: The Canon in Early Christianity*. Richmond: John Knox Press, 1997

Berkhof, Louis. *Systematic Theology*. Grand Rapids: Eerdmans, 1939

_____. *Principles of Biblical Interpretation*. Grand Rapids: Baker 1950

Black, David A., ed. *Rethinking New Testament Textual Criticism*. Grand Rapids: Baker Academic, 2002

Braga, James. *How to Study the Bible*. Portland: Multnomah, 1982

Bruce, F. F. *The Books and the Parchments*. Old Tappan, N. J.: Revell, 1963

_____. *New Testament History*. Garden City: Doubleday, 1969

_____. *The English Bible: A History of Translations From the Earliest Versions to the New English Bible*. Oxford: Oxford University Press, 1970

_____. *Answers to Questions*. Grand Rapids: Zondervan, 1972

_____, ed. *The New International Commentary on the New Testament*. Grand Rapids: Eerdmans, 1955

Carson, D. A. *The King James Version Debate: A Plea for Realism*, 1979

_____. *Biblical Interpretation and the Church*. Nashville: Thomas Nelson, 1984

_____. *Exegetical Fallacies*. Grand Rapids: Baker, 1984

Cole, Alan. *The Epistle of Paul to the Galatians*. Grand Rapids: Eerdmans, 1964

Cotterell, Peter and Max Turner. *Linguistics and Bible Interpretation*, 1989

Dana, Harvey Eugene. *Searching the Scriptures*. Kansas City: Central Seminary, 1946

Danker, Frederick W. *Multipurpose Tools for Bible Study*. Concordia, 1970

Dembski, William A., ed. *Mere Creation*. Downers Grove: InterVarsity Press, 1998

Ehrman, Bart D. *The Orthodox Corruption of Scripture*. Oxford: Oxford University Press, 1993

Falk, Darrell R. *Coming to Peace With Science*. Downers Grove: InterVarsity Press, 2004

Fee, Gordon D. *Gospel and Spirit: Issues in New Testament Hermeneutics*. Peabody: Hendrickson, 1991

Fee, Gordon D. and Douglas Stuart. *How to Read the Bible for All Its Worth*. Grand Rapids: Zondervan, 1982

_____. *To What End Exegesis?* Grand Rapids: Eerdmans, 2001

Ferguson, Duncan S. *Biblical Hermeneutics*. Atlanta: John Knox Press, 1937

Froehlich, Karlfried. *Biblical Interpretation in the Early Church*. Philadelphia: Fortress, 1984

Gilbert, George Holley. *Interpretation of the Bible, a Short History*. New York: MacMillan, 1908

Grant, Robert M. and David Tracy. *A Short History of the Interpretation of the Bible*. Philadelphia: Fortress, 1984

Greenlee, J. Harold. *Introduction to New Testament Textual Criticism.* Grand Rapids: Eerdmans, 1972

Hayes, John H. and Carl R. Holladay. *Biblical Exegesis*. Atlanta: John Knox Press, 1934

Hendricks, Howard G. *Living By the Book*, 1991

Henricksen, Walter A. *A Layman's Guide to Interpreting the Bible*. Grand Rapids: Zondervan, 1973

Hirsch, E. D. *Validity In Interpretation*. New Haven: Yale University, 1967

_____. *Aims of Interpretation*. New Haven: Yale University, 1978

Hooykaas, R. *Religion and the Rise of Modern Science*. Grand Rapids: Eerdmans, 1972

Jansen, John Fredrick. *Exercises in Interpreting Scripture*. Philadelphia: Geneva Press, 1968

Jeeves, Malcolm A. *The Scientific Enterprise and the Christian Faith*. Downers Grove: InterVarsity, 1969

Jensen, Irving L. *Independent Bible Study: Using the Analytical Chart and the Inductive Method*. Chicago: Moody, 1963

Johnson, Elliott E. *Expository Hermeneutics*. Grand Rapids: Zondervan, 1990

Johnson, Phillip E. *Darwinism on Trial*. Downers Grove: InterVarsity Press, 1993

Kaiser, Otto and Werner G. Kummel. *Exegetical Method.* New York: Seabury, 1981

Kaiser, Walter C., Jr. *Towards An Exegetical Theology*. Grand Rapids: Baker, 1981

Kaiser, Walter C. Jr., Peter H. Davis, F. F. Bruce, and Manfred T. Baruch. *Hard Sayings of the Bible*. Downers Grove: InterVarsity Press, 1996

Kitchen, K. A. *Ancient Orient and the Old Testament*. Downers Grove: InterVarsity, 1966

Kubo, Sakae and Walter Specht. *So Many Versions*. Grand Rapids: Zondervan, 1983

Kuhatschek, Jack. *Apply the Bible*. Downers Grove: InterVarsity Press, 1990

Ladd, George Eldon. *A Theology of the New Testament*. Grand Rapids: Eerdmans, 1974

Liefeld, Walter L. *New Testament Exposition*. Grand Rapids: Zondervan, 1984

_____. *Biblical Exegesis in the Apostolic Period*. Grand Rapids: Eerdmans, 1999

Longman, Tremper III. *Literary Approaches to Biblical Interpretation*, vol. 3, 1987

Marle, Rene S. J. *Introduction to Hermeneutics*. New York: Herder and Herder, 1967

Marshall, I. Howard, ed. *New Testament Interpretation*. Grand Rapids: Eerdmans, 1977

Mayhue, Richard. *How to Interpret the Bible For Yourself*. Chicago: Moody, 1986

McQuilkin, J. Robertson. *Understanding and Applying the Bible*. Chicago: Moody, 1983

Metzger, Bruce M. *The New Testament: Its Transmission, Corruption and Restoration*. Oxford: Oxford University Press, 1964

_____. *The New Testament: Its Background, Growth and Content*. New York: Abingdon, 1965

_____. *A Textual Commentary on the Greek New Testament*. New York: United Bible Societies, 1971

_____. *The Early Versions of the New Testament*, 1977

_____. *The Canon of the New Testament*. Oxford: Clarendon Press, 1997

Mickelsen, A. Berkeley. *Interpreting the Bible*. Grand Rapids: Eerdmans, 1963

Newport, John P. and William Cannon. *Why Christians Fight Over the Bible*. Nashville: Thomas Nelson, 1974

Nida, Eugene. *God's Word in Man's Language*. London: William Carey, 1952

_____. *The Hermeneutical Spiral*. Downers Grove: InterVarsity Press, 1991

Osborn, Grant R. and Stephen B. Woodward. *Handbook For Bible Study*. Grand Rapids: Baker, 1979

Patte, Daniel. *Early Jewish Hermeneutics in Palestine.* Missoula, MT: Society of Biblical Literature and Scholars Press, 1975

Poe, Harry L. and Jimmy H. Davis. *Science and Faith*. Nashville: Broadman, 2000

Poythress, Vern S. *Science and Hermeneutics.* Grand Rapids: Academie, 1988

Ramm, Bernard. *The Christian View of Science and Scripture*. Grand Rapids: Eerdmans, 1954

_____. *Protestant Biblical Interpretation*. Grand Rapids: Baker, 1970

Ratzsch, Del. *The Battle of Beginnings*. Downers Grove: InterVarsity Press, 1996

Rowley, H. H. *The Relevance of the Bible*, 1940

Sandy, D. Brent and Ronald L. Giese, Jr. *Cracking Old Testament Codes*. Nashville: Broadman, 1995

_____. *Plowshares and Pruning Hooks: Rethinking the Language of Biblical Prophecy and Apocalyptic*. Downers Grove: InterVarsity Press, 2002

Scholer, D. W. *A Basic Bibliographic Guide for New Testament Exegesis*. Grand Rapids: Eerdmans, 1973

Schultz, Samuel J. and Morris A. Inch, eds. *Interpreting the Word of God*. Chicago: Moody, 1976

Silva, Moises. *Biblical Words and Their Meaning*. Grand Rapids: Zondervan, 1983

_____. *Has the Church Misread the Bible?* Grand Rapids: Zondervan, 1987

Silva, Moises, ed. *Foundations of Contemporary Interpretation*. Grand Rapids: Zondervan, 1996

Sire, James W. *Scripture Twisting*. Downers Grove: InterVarsity Press, 1980

Stagg, Frank. *New Testament Theology*. Nashville: Broadman, 1962

Stein, Robert H. *A Basic Guide to Interpreting the Bible: Playing by the Rules*. Grand Rapids: Baker, 2000

Sterrett, J. Norton. *How To Understand Your Bible*. Downers Grove: InterVarsity, 1973

Stewart, Douglas. *Old Testament Exegesis*. Philadelphia: Westminster, 1980

Stewart, James S. *A Man In Christ*. New York: Harper and Row, 1935

Stibbs, Alan Marshal. *Understanding God's Word*. London: InterVarsity, 1950

Stuart, Douglas. *Old Testament Exegesis*. Philadelphia: Westminster, 1980

Tenney, Merrill C. *Galatians: The Charter of Christian Liberty*. Grand Rapids: Eerdmans, 1950

Terry, Milton. *Biblical Hermeneutics*. Grand Rapids: Zondervan, 1974

Thiselton, Anthony C. *The Two Horizons*. Grand Rapids: Eerdmans, 1980

Traina, Robert A. *Methodical Bible Study*. Grand Rapids: Zondervan, 1985

Vanhoozer, Kevin J. *Is There a Meaning in This Text*. Grand Rapids: Zondervan, 1998

Vaughn, Curtis, ed. *Twenty-Six Translations of the Bible*. Chattanooga: AMG, 1985

Vine, W. E. *Vine's Expository Dictionary of New Testament Words*. Westwood, N. J.: Revell, 1966

Virkler, Henry A. *Hermeneutics*. Grand Rapids: Baker, 1981

Walke, B. K., D. Guthrie, G. D. Fee and R. K. Harrison. *Biblical Criticism: Historical, Literary and Textual*, 1997

परिशिष्ट बारह

मत-संबंधी कथन

मैं विशेष रूप से विश्वास या पंथ के कथनों की परवाह नहीं करता। मैं खुद बाइबल की पुष्टि करना पसंद करता हूँ। हालांकि, मैंने महसूस किया कि विश्वास का एक कथन उन लोगों को जो मुझ से अपरिचित हैं, मेरे मत-संबंधी दृष्टिकोण का मूल्यांकन करने का एक मार्ग प्रदान करेगा। हमारे इतने धर्मशास्त्रीय त्रुटि और धोखे के दिन में, मेरे धर्मशास्त्र का संक्षिप्त सारांश प्रस्तुत किया गया है।

1. बाइबल, पुराने और नए नियम दोनों, परमेश्वर का प्रेरित, अचूक, आधिकारिक, अनंत वचन है। यह अलौकिक नेतृत्व के तहत मनुष्यों द्वारा दर्ज परमेश्वर का स्व-प्रकटीकरण है। यह हमारा परमेश्वर और उनके उद्देश्यों के बारे में स्पष्ट सच्चाई का एकमात्र स्रोत है। यह उसकी कलीसिया के लिए विश्वास और व्यवहार का एकमात्र स्रोत भी है।

2. केवल एक ही अनंत, सृष्टिकर्ता, उद्धारक परमेश्वर है। वह दृश्य और अदृश्य सभी चीजों का निर्माता है। उसने खुद को प्यार और देखभाल करने वाले के रूप में प्रकट किया है, हालांकि वह निष्पक्ष और न्यायी भी है। उसने स्वयं को तीन विशिष्ट व्यक्तियों में प्रकट किया है: पिता, पुत्र और आत्मा, वास्तव में अलग फिर भी मूलतत्व में समान।

3. परमेश्वर अपनी दुनिया के नियंत्रण में सक्रिय है। उसकी रचना के लिए एक अनंत योजना है जो अटल है और व्यक्तिगत रूप से केंद्रित है जो मनुष्य को स्वतंत्र इच्छा की अनुमति देता है। परमेश्वर के ज्ञान और अनुमति के बिना कुछ भी नहीं होता है, फिर भी वह स्वर्गदूतों और मनुष्यों दोनों के बीच व्यक्तिगत पसंद की अनुमति देता है। यीशु पिता का चयनित मनुष्य है और सभी संभावित रूप से उसी में चुने जाते हैं। घटनाओं के बारे में परमेश्वर का पूर्वज्ञान मनुष्यों को एक निर्धारित पूर्व लिखित आलेख के अधीन नहीं करता है। हम सभी अपने विचारों और कर्मों के लिए जिम्मेदार हैं।

4. मानव जाति ने परमेश्वर की छवि में रचित और पाप से मुक्त होकर भी, परमेश्वर के खिलाफ विद्रोह करना चुना। हालांकि एक अलौकिक कर्ता के द्वारा ललचाए गए, आदम और हव्वा अपनी इच्छानुसार आत्म-केन्द्रित होने के लिए जिम्मेदार थे। उनके विद्रोह ने मानवता और सृजन को प्रभावित किया है। हम सभी को आदम में अपनी सामाजिक स्थिति और हमारे व्यक्तिगत स्वेच्छिक विद्रोह के लिए परमेश्वर की दया और कृपा दोनों की आवश्यकता है विद्रोह।

5. परमेश्वर ने पतित मानवता के लिए क्षमा और उद्धार का एक साधन प्रदान किया है। यीशु मसीह, परमेश्वर का अनोखा बेटा, एक मनुष्य बना, एक पाप रहित जीवन जिया और अपनी प्रतिस्थापन मृत्यु के माध्यम से, मानव जाति के लिए पाप के दंड का भुगतान किया। वह परमेश्वर के साथ उद्धार और संगति का एकमात्र तरीका है। उसके द्वारा किए गए कार्य में विश्वास के माध्यम के सिवाय मुक्ति का और कोई साधन नहीं है।

6. हममें से प्रत्येक को व्यक्तिगत रूप से यीशु में क्षमा और उद्धार के परमेश्वर के प्रस्ताव को स्वीकारना चाहिए। ये है यीशु के माध्यम से परमेश्वर के वादों में स्वेच्छिक विश्वास और ज्ञात पाप से अपनी मर्जी से मुड़ जाने के माध्यम से पूरा किया।

7. हम सभी मसीह में अपने विश्वास और पाप से पश्चाताप के आधार पर पूरी तरह से क्षमा और बहाल हुए हैं। हालाँकि, इस नए रिश्ते के प्रमाण एक परिवर्तित और परिवर्तनशील जीवन में देखे गए हैं। मानवता के लिए परमेश्वर का लक्ष्य किसी दिन केवल स्वर्ग नहीं है, बल्कि अभी मसीह के समान बनना है।जो सही मायनों में छुड़ाए गए हैं, कभी-कभार पाप करने के बावजूद, जीवन भर विश्वास और पश्चाताप में बने रहेंगें।

8. पवित्र आत्मा "दूसरा यीशु है।" वह खोए हुओं को मसीह की ओर ले जाने के लिए और बचाए हुओं में मसीह की समानता विकसित करने के लिए दुनिया में मौजूद है। आत्मा के वरदान उद्धार में दिए जाते हैं। वे यीशु का जीवन और सेवकाई हैं जो उसके शरीर, कलीसिया के बीच बाँट दिए गए हैं। वरदान जो मूल रूप से यीशु के मनोभाव और उद्देश्य हैं, आत्मा के फल से प्रेरित होने चाहिए। आत्मा हमारे दिन में सक्रिय है जैसा वह बाइबल के समय में था।

9. पिता ने पुनर्जीवित यीशु मसीह को सभी चीजों का न्यायाधीश बना दिया है। वह सारी मानव जाति का न्याय करने के लिए धरती पर लौटेगा। जिन लोगों ने यीशु पर विश्वास किया है और जिनके नाम मेमने के जीवन की पुस्तक में लिखे गए हैं उन्हें उसकी वापसी पर उनके अनंत गौरवान्वित शरीर प्राप्त होगें। वे हमेशा उसके साथ रहेंगे। हालांकि, जिन्होंने परमेश्वर की सच्चाई का प्रत्युत्तर देने से मना कर दिया है, वे त्रिगुणात्मक परमेश्वर के साथ संगति की खुशियों से सदा के लिए अलग हो जाएंगे। वे शैतान और उसके स्वर्गदूतों के साथ दोषित ठहराए जाएंगे।

यह निश्चित रूप से पूर्ण या विस्तृत नहीं है, लेकिन मुझे आशा है कि यह आपको मेरे दिल का धर्मशास्त्रीय स्वाद देगा। मुझे कथन पसंद है:

"अनिवार्यताओं में - एकता, बाह्य-उपकरणों में - स्वतंत्रता, सभी चीजों में - प्रेम।"

एक कविता

इसका अर्थ वह नहीं हो सकता जो इसका अर्थ नहीं था
मैंने अपने दिमाग पर वह खोद लिया है।
और जब मैं पवित्रशास्त्र का अध्ययन करता हूँ
मैं उस परहेज को प्रतिध्वनित करता हूँ।
मैंने हेर्मेनेयुटिक्स और टीका का भी अध्ययन किया है,
तो, इसके परिणामस्वरूप
मैंने कुछ हद तक अपना विचार बदल दिया है।
मैंने कुछ नामकरण सीखा है
परिभाषित करने के लिए बहुत लंबा है
सांस्कृतिक सापेक्षता और पाठ्य प्रारूप के समान।
बहुत कुछ है जो मैं जानना चाहता हूँ,
सत्य को कैसे खोजें।
मुझे आशा है कि किसी दिन मैं बन जाऊँगा
बाइबल-पढ़ने वाला गुप्तचर।
एक नया सम्मान मैं देता हूँ, परमेश्वर के खुद के पवित्र वचन को
जो सच जानने के लिए मुझे प्रेरित करता, सुनने के लिए जैसा सुना गया था।
लेकिन मुझे पता है मुझे याद रखना चाहिए,
मैंने एक खुले दरवाजे से कदम रखा,
और जहाँ मैं पहले था वहाँ फिर कभी नहीं लौट सकता।

पॅट बर्जरोन
11/27/91